स्व० पं० हरगोविन्ददास त्रिकमचंद सेठ कृत

पाइअ-सद्द-महण्णवो

की

किञ्चित् परिवर्तित आवृत्ति

प्राकृत-हिन्दी कोश

सम्पादक

डॉ० के० आर० चन्द्र, एम० ए०, पीएच० डी०

अध्यक्ष

प्राकृत-पालि विभाग

भाषा-साहित्य भवन

गुजरात युनिवर्सिटी

अहमदाबाद–९

प्रकाशक

प्राकृत जैन विद्या विकास फण्ड

७७/३७५, सरस्वती नगर, आजाद सोसाइटी, अहमदाबाद-१५

सह प्रकाशक

पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान

आई० टी० आई० रोड, वाराणसी–५

प्रकाशक

डॉ० के० आर० चन्द्र

मानद मंत्री

प्राकृत जैन विद्या विकास फण्ड

७७/२७५, सरस्वती नगर

आजाद सोसाइटी

अहमदाबाद-३८००१५

प्रथम संस्करण : ई० सन् १९८७

प्रति : ११००

मूल्य : रु० १२०-००

प्राप्ति स्थान

(१) पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान
आई० टी० आई० रोड, बनारस हिन्दू युनिवर्सिटी,
वाराणसी-२२१००५;

(२) श्रीपार्श्व प्रकाशन
निशा पोल, जवेरीवाड,
रीलीफ रोड,
अहमदाबाद-३८०००१;

(३) मोतीलाल बनारसीदास
चौक, वाराणसी-२२१००१

मुद्रक :
रत्ना प्रिंटिंग वर्क्स
बी० २१/४२ ए कमच्छा
वाराणसी

आभार

प्रस्तुत कोश के प्रकाशन-व्यय का वहन

श्रेष्ठी श्रीकस्तूरभाई लालभाई स्मारक निधि

बी. ११, न्यू क्लॉथ मार्केट, अहमदाबाद—१

ने

किया है

एतदर्थ

हम उक्त ट्रस्ट एवं उसके उदारमना ट्रस्टियों—

श्री अरविन्दभाई नरोत्तमभाई

श्री आत्मारामभाई भोगीलाल सुतरिया

श्री रसिकलाल मोहनलाल शाह

श्री कल्याणभाई पुरुषोत्तमदास फडिया

श्री रमेशभाई पुरुषोत्तमभाई शाह

के प्रति

हार्दिक आभार प्रकट करते है।

—प्रकाशक

सेठ श्री कस्तूरभाई लालभाई

जन्म–ई० सन् १८९४ स्वर्गवास–ई० सन् १९८०

अहमदाबाद

सेठ श्री कस्तूरभाई लालभाई

(१८९४-१९८०)

सेठ श्री कस्तूरभाई लालभाई के जीवन काल का विस्तार उन्नीसवी शती के अतिम दशक से लेकर बीसवी शती के आठ दशको तक रहा। गुजरात के श्रेष्ठी-वर्ग की परम्परा के अतिम स्तम्भ के रूप मे उन्होंने न्याय-नीति एवं प्रामाणिकता के साथ अपने व्यावसायिक आदर्शो का निर्वाह किया था। औद्योगिक क्षेत्र मे वे आधुनिकीकरण की प्राण-प्रतिष्ठा करने वाले एवं युगप्रवर्तक माने जाते है। कला एव शिक्षा के क्षेत्र मे भी उनकी दृष्टि प्रगतिशील रही। व्यवसाय के क्षेत्र मे भी निजी लाभ की अपेक्षा राष्ट्र-हित की भावना ही उनमे प्रमुख रही। भारत के गिने-चुने उद्योगपतियो मे उन्होने प्रशंसनीय स्थान प्राप्त किया था। विदेशी कम्पनियों के सहयोग से उन्होने भारत मे रासायनिक रंगो का उत्पादन प्रारम्भ किया और अपनी अनोखी सूझ-बूझ से वे भारतीय अर्थनीति के आधार-स्तंभ बने। अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र मे अनेक विकट आर्थिक और व्यावसायिक समस्याओ को सुलझाने मे उनकी विवेक बुद्धि को अद्भुत सफलता मिली। विश्व के वस्त्र उद्योग के इतिहास मे उनका नाम स्वर्णाक्षरो मे लिखा जाने योग्य है। अपने उद्योग-सकुल के किसी भी व्यक्ति के सुख-दुःख के प्रत्येक प्रसग मे उसकी पूरी मदद करते थे। यह उनके व्यक्तित्व की उदारता और मानवीय गुणो की विशेषता थी।

उनका जन्म १९ दिसम्बर १८९४ को अहमदाबाद मे सेठ श्री लालभाई दलपत-भाई के घर हुआ जो सुशिक्षित, सस्कार-सम्पन्न और समाज सेवा की भावना से ओतप्रोत थे। एक बार लार्ड कर्जन ने माउंट आबू के देलवाडा के मन्दिरो के शिल्प-स्थापत्य से प्रभावित होकर उन्हे शासकीय पुरातत्त्व विभाग के द्वारा अधिगृहीत करने का प्रस्ताव रखा तब सेठ लालभाई ने सेठ आनंदजी कल्याणजी की पेढी के अध्यक्ष की हैसियत से उसका विरोध किया और आठ-दस वर्षा तक अनेक कारीगरों को काम मे लगाकर यह सिद्ध कर दिया कि पेढ़ी की तरफ से मन्दिरो के संरक्षण में कितनी सुव्यवस्था है। अनेक विद्यालयो, पुस्तकालयो एवं सस्थाओं के निर्माता के रूप मे उनकी उदारता की सुवास सम्पूर्ण गुजरात मे फैली हुई है। उन्होने १९०८ मे सम्मेतशिखर पर व्यक्तिगत बंगला बनाने के शासकीय आदेश को निरस्त करवाया था। वे जैन श्वेताम्बर कॉन्फरेन्स के महामन्त्री भी थे। ब्रिटिश शासन ने उनकी सेवाओ की सराहना की थी और उन्हे सरदार का खिताब प्रदान किया था।

सेठ लालभाई के सात संतान थी। तीन पुत्र और चार पुत्रियाँ। श्री कस्तूरभाई उनकी चौथी सतान थी। पिता के अनुशासन और माता के वात्सल्य के बीच इन सातो सतानों का लालन-पालन हुआ।

श्री कस्तूरभाई ने प्राथमिक शिक्षा नगरपालिका द्वारा संचालित एक शाला मे प्राप्त की और वे १९११ मे आर० सी० हाईस्कूल से मेट्रिक्युलेशन की परीक्षा मेंउत्तीर्ण हुए। जिस समय वे चौथी कथा मे थे उस समय चल रहे स्वदेशी आन्दोलत का उनके चित्त पर गहरा प्रभाव पड़ा। मेट्रिक के पश्चात् उन्होने गुजरात कालेज मे प्रवेश प्राप्त किया किन्तु कालेज जीवन के प्रथम छः महीने मे ही सन् १९१२ मे पिताजी का देहान्त हो जाने से मिल की व्यवस्था मे अपने भाई की सहायता करने के लिए उन्हे अपना अध्ययन छोड़ देना पड़ा। उन्होने अपने चाचा के मार्गदर्शन मे अपने हिस्से मे आयी रायपुर मिल मे टाइमकीपर, स्टोरकीपर आदि से कार्य प्रारम्भ किया और बाद मे मिल के सचालन विषयक सभी कार्यो मे योग्यता अर्जित करके अपनी तेजस्वी बुद्धि एवं कार्य कुशलता से उसे भारत की प्रसिद्ध एव अग्रगण्य कपड़ा मिलो की श्रेणी मे लाकर रख दिया। उसके बाद अशोक-मिल, अरुण-मिल, अरविंद-मिल, नूतन-मिल, अनिल-स्टार्च और अतुल सकुल आदि अनेक उद्योग-गृहो की सन् १९२१ से १९५० के बीच स्थापना करके लालभाई-ग्रुप को देश के अग्रगण्य उद्योगगृहो मे प्रतिष्ठित कर दिया।

व्यावसायिक कार्यो के साथ-साथ कस्तूरभाई ने अपने पूज्य पिताजी की तरह लोक कल्याण के कार्यो मे भी बड़े उत्साह से भाग लिया। सन् १९२१ मे अहमदाबाद नगरपालिका के अध्यक्ष के निर्देश से उन्होने और उनके अन्य भाइयों ने नगरपालिका की प्राथमिक शाला को ५० हजार का दान दिया था। सन् १९२१ के दिसम्बर माह मे जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन अहमदाबाद मे हुआ तब पडित मोती लाल नेहरू के साथ उनका मैत्री सम्बन्ध हुआ। १९२२ में सरदार वल्लभभाई पटेल की सलाह से वे भारतीय संसद मे मिल मालिको के प्रतिनिधि के रूप मे चुने गये। १९२३ मे जब स्वराज पक्ष की स्थापना हुई तब अहमदाबाद तथा बम्बई के मिल-मालिको की ओर से उसे पाँच लाख का दान दिलवाया था। ससद मे वस्त्र पर चुगी समाप्त करने का प्रस्ताव कस्तूरभाई ने रखा था और शासन की अनेक विघ्न-बाधाओ के बावजूद भी उसे स्वीकार करवा लिया। स्वराज पक्ष के सदस्य नही होने पर भी कस्तूरभाई को पं० मोतीलाल जी ने स्वराज-श्रेष्ठ की उपाधि प्रदान की थी। लम्बे समय से चल रहे मिल-मजदूरो के बोनस एव वेतन सम्बन्धी वाद-विवाद को निपटाने के लिए सन् १९३६ मे गाँधी जी और कस्तूरभाई का एक आयोग बनाया गया। प्रारम्भ मे दोनो के बीच मतभेद उत्पन्न हो गया परन्तु अन्त मे दोनों किसी एक विकल्प पर सहमत हो गये। इन सब कार्यो मे कस्तूरभाई की निर्भीकता, साहस और योग्यता के दर्शन होते है।

सन् १९२९ मे उन्होने जिनेवा की मजदूर परिषद मे मजदूरों के प्रतिनिधि के रूप मे और सन् १९३४ मे उद्योगपतियों के प्रतिनिधि के रूप मे भाग लिया था। स्वतन्त्रता की प्राप्ति के बाद भी इसी प्रकार के अनेक प्रतिनिधि मण्डलों मे उन्होंने भाग लिया था। इन सब प्रसंगों पर देश के हित को ही सर्वोपरि मानकर वे विदेशियो के साथ की चर्चाओं मे विलक्षण बुद्धि और कुशलता का परिचय देते थे।

शिक्षा एवं संस्कृति के क्षेत्र मे उनका योगदान अत्यन्त महत्वपूर्ण रहा है। अहमदाबाद की एजुकेशन सोसायटी के आयोजक वे ही थे जिसकी स्थापना सन् १९३४ मे हुई थी। नगर के भावी शैक्षणिक विकास को लक्ष्य में रखकर उन्होने ७० लाख रुपये व्यय करके छ सौ एकड़ जमीन संपादित करवाई थी जिसके परिणामस्वरूप गुजरात विश्वविद्यालय का भव्य और विशाल संकुल अस्तित्व में आया। उनके परिवार की ओर से एल० डी० आर्टस् कॉलेज, एल० डी० इन्जिनियरिंग कॉलेज तथा एल० डी० प्राच्य विद्या मन्दिर को लाखों रुपये दान मे दिये गये। विगत तीस-पैंतीस वर्षो मे लालभाई दलपतभाई परिवार, ट्रस्ट की ओर से दो करोड़ पचहत्तर लाख का और अपने ही उद्योग गृहों की ओर से चार करोड़ का दान दिया गया। कस्तूरभाई को शिक्षा के प्रति कितनी रुचि थी इसका अनुमान उनके इन सब कार्यो से लगाया जा सकता है। यदि ऐसा न होता तो अटीरा, पी० आर० एल०, ला० द० भारतीय संस्कृति विद्यामन्दिर, इन्डियन इन्स्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर, नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ डिजाइन और विक्रम साराभाई कम्युनिटी सेन्टर जैसी ख्याति प्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएँ अहमदाबाद मे कैसे निर्मित हो सकती ? यह उद्योगपति कस्तूरभाई और युवा वैज्ञानिक डॉ० विक्रम साराभाई के संयुक्त स्वप्न की ही सिद्धि है।

भारतीय संस्कृति के प्रति उनके प्रेम का परिचायक है विश्वविद्यालय-संकुल में स्थित जहाज के रमणीय आकार में निर्मित ला० द० भारतीय संस्कृति विद्यामन्दिर जो सन् १९५५ में बनकर तैयार हुआ था और उसका उद्घाटन प्रधान मन्त्री श्री जवाहर लाल नेहरू ने किया था। मुनि श्री पुण्य विजय जी ने उस संस्था को १०,००० हस्तप्रतों एवं ७००० पुस्तकों का अत्यन्त मूल्यवान भेंट अर्पित की थी। आज इस संस्था के पास ३०,००० के प्राय: प्रकाशित ग्रन्थों का एवं ७०,००० के प्राय: पाण्डुलिपियों का संग्रह है। उसमें से दस हजार पाण्डुलिपियों की सूची केन्द्रीय सरकार की सहायता से एवं ७००० पाण्डुलिपियों की सूची गुजरात सरकार की सहायता से प्रकाशित हो चुकी है। अद्यावधि इस संस्था की ओर से १०० से अधिक ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके है। ४८०० पाण्डुलिपियों की ट्रान्सपेरेन्सी एवं दो हजार मूल्यवान हस्तप्रतों की माईक्रोफिल्म भी कर ली गयी है साथ ही साथ १००० से अधिक पुराने सामायिको के अंक भी संग्रहीत है। इस संस्था का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक संग्रहालय है। कस्तूरभाई एवं उनके परिवार के लोगों की ओर से भेंट मे दी गयी बहुत सी पुरातात्त्विक वस्तुओ को इस संग्रहालय में संग्रहीत किया गया है। सुन्दर चित्र, कलाकृतियाँ, प्राचीन वस्त्र-आभूषण, सजावट की वस्तुएँ, हस्तप्रत एवं बारहवी शती की चित्र युक्त हस्तप्रत आदि प्राय: चार सौ से अधिक वस्तुएँ इस संग्रहालय मे प्रदर्शित है जो प्राचीन भारतीय जीवन और संस्कृति की मोहक झलक प्रस्तुत करती है। पुराने प्रेमाभाई हॉल का स्थापत्य कस्तूर-भाई को कला की दृष्टि से खटक रहा था। उन्होने लगभग छप्पन लाख रुपये खर्च करके उसका नव संस्करण करवाया जिसमे बत्तीस लाख का दान कस्तूरभाई परिवार एवं लालभाई ग्रुप के उद्योग समूह ने दिया।

विख्यात इन्जीनियर लूई साहब ने कस्तूरभाई को कुदरती सूझ वाले इन्जीनियर कहा था। उन्होंने अपनी स्वयं की निगरानी मे राणकपुर, देलवाड़ा, शत्रुजय और तारंगातीर्थ के मन्दिरों के शिल्प स्थापत्य का जो जीर्णोद्धार करवाया है उसे देखते हुए लूई का कथन सही मालूम पड़ता है। सेठ आनन्दजी कल्याणजी की पेढ़ी के अध्यक्ष के रूप मे उन्होंने अनेक जीर्ण तीर्थस्थलों का कलात्मक दृष्टि से जीर्णोद्धार करवाया। उन्होंने उपेक्षित राणकपुर तीर्थ का पुनरुद्धार करके उसे रमणीय वना दिया। उन्होंने बहुत ही परिश्रम उठाकर पुरानी शिल्प कला को पुनर्जीवित किया। देलवाड़ा के मन्दिर के निर्माण में जिस जाति के संगमरमर का उपयोग हुआ है उसी जाति का संगमरमर दाँता के पर्वत से प्राप्त करने में वहुत ही अवरोध आये थे। कारीगरों ने जीर्णोद्धार का व्यय पचास रुपये घनफुट वताया था, किन्तु उसका खर्च बढते बढते पचास की जगह दो सौ रुपये प्रतिघनफुट आया फिर भी प्रतिकृति इतनी सुन्दर बनी कि कस्तूरभाई की कलाप्रेमी आत्मा प्रसन्न हो गयी और अधिक व्यय की उन्होने तनिक भी चिन्ता नही की। शत्रुंजयतीर्थं मे उन्होने पुराने प्रवेश द्वार के स्थान पर नया द्वार वनवाया और मुख्य मन्दिर की भव्यता मे अवरोध करने वाले छोटे-छोटे मन्दिर और उनकी मूर्तियों को वीच मे से हटवा दिया।

जिस प्रकार धर्मदृष्टि उद्घाटित होते ही जीवन दर्शन के क्षितिजों का विस्तार होता है उसी प्रकार जीर्णोद्धार के बाद इन धर्मस्थानों के क्षितिज भी विस्तृत हो गए।

एक अमेरिकन यात्री ने एक बार कस्तूरभाई से पूछा ! यदि कल ही आपकी मृत्यु हो जाय तो ···· !

कस्तूरभाई ने सस्मित कहा : मुझे आनन्द होगा।

किन्तु बाद में क्या ?

बाद मे क्या होगा इसकी मुझे चिन्ता नही है।

आपका क्या होगा उसका विचार नही आता है क्या !

मै पुनर्जन्म मे आस्था रखता हूँ।

उसका तात्पर्य ?

जैन तत्त्वज्ञान के अनुसार ईश्वर जैसा कोई व्यक्ति विशेष नही है। प्रत्येक प्राणी और मै स्वय भी ईश्वर की स्थिति को पहुँच सकता हूँ अर्थात् मुझे मेरे चरित्र को उतना ऊँचा ले जाना चाहिये और यह विश्वास उत्पन्न करना चाहिए कि मै क्रमशः उस पद के लिए योग्य बन रहा हूँ। इस विचारधारा मे मुझे आस्था और गौरव है। उस स्थिति तक कैसे पहुँचा जा सकता है ? उसके उपाय भी हमारे दर्शन मे बताये है :—सत्य वोलना चाहिए, धन के प्रति ममत्व नही रखना चाहिए, हिंसा नही करनी चाहिए, आदि। इतने उच्च आदर्श शायद ही दूसरी जगह पर देखने को मिले।

जैन धर्म क्या है ?

सत्य तो यह है कि जैन धर्म एक धर्म नही अपितु जीवन जीने की कला है जिसका आचरण करने से मानव इसी जन्म में उच्च आध्यात्मिक स्थिति को प्राप्त कर सकता है।

क्या जैन धर्म मे धन संचय न करने को कहा गया है ?

नही, उसमे कहा गया है कि निश्चित मर्यादा से अधिक धन-सम्पत्ति नही रखनी चाहिए।

क्या आपने उसका व्रत लिया है ?

नही, किन्तु स्वयं प्राप्त धन का कुछ हिस्सा सार्वजनिक कल्याण के लिए खर्च करने का मेरा नियम है।

दिनांक ८ जनवरी १९८० को कस्तूरभाई बम्वई मे बीमार पड़े, डाक्टर ने उनके स्वास्थ्य को देखकर पन्द्रह दिन बिस्तर मे ही आराम करने की सलाह दी। किन्तु कस्तूरभाई ने कहा मुझे अहमदाबाद ले चलो मै वही आराम करूँगा। डाक्टर ने प्रवास नही करने की सलाह दी किन्तु कस्तूरभाई के मन मे अहमदाबाद के प्रति ऐसी आत्मीयता थी कि उन्होने अपने अंतिम दिन अहमदाबाद मे ही बिताने की तीव्र इच्छा व्यक्त की। उनको बेचैन देखकर डाक्टर ने अंत मे अहमदावाद जाने की सम्मति दी। वेदना होने पर भी कस्तूरभाई के मुख पर आनन्द छा गया एम्ब्यूलेन्स-वान द्वारा स्टेशन लाए गये। दूसरे दिन सुवह जब अहमदावाद पहुँचे तब मन प्रसन्न हो गया, मानो सारी पीड़ा समाप्त हो गयी हो, परन्तु १९ जनवरी को दिव्यधाम के आमंत्रण को शान्ति पूर्वक स्वीकार कर उन्होंने उसके लिए प्रस्थान कर दिया।

कस्तूरभाई मानते थे कि व्यक्ति की मृत्यु से देश का उत्पादन रुकना नही चाहिए। उनके अनुसार व्यक्ति को सही श्रद्धाँजलि तो उसकी भावनानुसार काम करके ही दी जानी चाहिए। उन्होने स्पष्ट निर्देश दिया था कि मेरे अवसान के शोक में एक भी मिल वन्द नही रहनी चाहिए। उनके पुत्रो ने उनकी यह इच्छा लालभाई ग्रुप की नौ मिलो के सभी कर्मचारी-गणों को सूचित कर दी। 'कार्य करो' इसे सेठ का अतिम आदेश मानकर काम पर लग गये। सारा अहमदावाद शहर जिनके शोक मे वन्द रहा वही उन्ही की मिले उस दिन कार्यरत रही यह एक अपूर्व घटना थी।

प्रस्तुत संस्करण के विषय में

स्व० पं० हरगोविन्ददास त्रिकमचन्द सेठ कृत पाइय-सद्द-महण्णवो का द्वितीय संस्करण आज से २३ वर्ष पूर्व ई० सं० १९६३ में छपा था और अनेक वर्षो से यह कोश उपलब्ध नही हो रहा था। इससे प्राकृत भाषा के विद्यार्थियों को कठिनाई अनुभव हो रही थी। इस कमी की पूर्ति के लिए हमारे सामने तीन विकल्प थे—

१. अद्यावधि प्रकाशित सभी नये प्राकृत ग्रन्थों की शब्दावली का समावेश करके एक संवर्धित संस्करण प्रकाशित करना।

२ पाइय-सद्द-महण्णवो का ही पुनः मुद्रण करना।

३ मूल पाइय-सद्द-महण्णवो को ही संक्षिप्त और लघुकाय बनाना।

प्रथम विकल्प अत्यन्त खर्चीला और दीर्घकालीन था एवं अनेक विद्वानों के सहयोग के बिना यह शीघ्र कार्यान्वित भी नही हो सकता था। द्वितीय विकल्प भी खर्चीला था और उसमें कोई नवीनता नही थी। तत्काल इन दोनो में से एक भी विकल्प की पूर्ति करने में हमारी संस्था असमर्थ ही थी। अतः हमारे लिए संभव यही था कि तृतीय विकल्प चुना जाय। तदनुसार प्राकृत और जैन विद्या के सुविख्यात और माननीय विद्वान् पं० श्री दलसुखभाई मालवणिया और डॉ० श्री ह० चू० भायाणी के साथ इस बारे में विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने फिलहाल इस योजना को ही उचित समझा और अपनी तरफ से पूर्ण सहयोग देने की उदारता दर्शायी। उनके इस प्रोत्साहन के फल-स्वरूप ही यह कोश अपने परिवर्तित एवं संक्षिप्त रूप में पाठकों के समक्ष प्रस्तुत हो सका है।

यहाँ इस किञ्चित् परिवर्तित आवृत्ति की आवश्यकता और महत्व पर कुछ प्रकाश डालना जरूरी है। पाइय-सद्द-महण्णवो मे प्रत्येक शब्द के साथ प्राकृत ग्रन्थों से संदर्भ दिये गये है और अनेक स्थलों पर मूल ग्रन्थो से उद्धरण भी दिये गये है। उनकी अपनी उपयोगिता है परन्तु सबके लिए इनका महत्व एक समान नही होता है। विद्यार्थियो के लिए ऐसे संदर्भो और उद्धरणों की उपयोगिता कम ही होती है। अनेक जगह ग्रन्थों की हस्तप्रतों से उद्धरण दिये गये है और उन हस्तप्रतों को प्राप्त करना भी दुष्कर ही होता है। ई स. १८४२ और उसके पश्चात् अधिकतर ई. स. १९२४ तक प्रकाशित संस्करणो मे से दिये गये उद्धरणों की बहुलता है और ये सस्करण आज सब जगह उपलब्ध भी शायद ही हों, अतः उनकी उपादेयता अल्प रह गयी है। मूल पाइय-सद्द-महण्णवो को पुनः प्रकाशित करने के लिए यह आवश्यक था कि उसमे दिये गये उद्धरणो के साथ नये संस्करणों के संदर्भ जोडे जाय परन्तु ऐसा शीघ्र सभव नही होने के कारण यह किञ्चित् परिवर्तित आवृत्ति तैयार की गयी। इसमे पा.स म. का एक भी मूल शब्द या अर्थ छोडा नही गया है, मात्र उद्धरण निकाल दिये गये है। अर्थो की

पुनरावृत्ति करने वाले शब्द, अर्थो के साथ लगे संख्यावाची अंक और अनावश्यक वर्णनात्मक विस्तार निकाल दिये गये है। तत्सम शब्दों के सामने कोष्ठक में दिये गये संस्कृत शब्द भी निकाल दिये गये हैं। अन्य जो भी परिवर्तन किये गये हैं उनके विषय मे आगे नियम प्रस्तुत किये गये है उन्हे देख लेना पाठकों के लिए उपयोगी होगा। इस आयोजन से कोश का महत्व भी नही घटा और मूल कोश जो भारी और दीर्घ-काय था वह हल्का, लघुकाय और संक्षिप्त बन गया तथा स्थानान्तरण के लिए वह सुवाह्य और सुविधाजनक हो गया। अर्थ लाभ की दृष्टि से प्रकाशित नही किये जाने के कारण इसका मूल्य बाज़ार-भाव से कम ही रखा गया है, ताकि यह सर्वजन सुलभ हो सके। लगभग तीन-चार वर्ष पूर्व जब इस आवृत्ति की योजना बनायी गयी उस समय हमारी नवोदित इस संस्था के पास इस कार्य को प्रारम्भ करने के लिए भी पर्याप्त रकम नही थी अतः इस दिशा मे प्रयत्न किये गये। पू. आचार्य श्री भुवनशेखरसूरिजी, अहमदाबाद पू. आ. श्री विजयसुशील सूरिजी, सिरोही, पू. मुनि श्री कन्हैयालाल जी 'कमल', आबू पर्वत, पू. गणिवर्य श्री प्रद्युम्नविजयजी, अहमदाबाद और पू. मुनि श्री धरणेन्द्र सागरजी, अहमदाबाद की प्रेरणा से हम कुछ संस्थाओं और सद्गृहस्थो से आवश्यक रकम दान के रूप मे प्राप्त कर सके और उससे इस सस्करण का सम्पादन हो सका। पुनः इस संस्था के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए कितने ही नये सदस्य भी बनाये गये। इस कार्य मे मुख्यतः मद्रास से श्री सी० आर० जैन ने प्रशसनीय परिश्रम किया और वहां से इस सस्था के लिए अनेक सदस्य बनाये। एतदर्थ हम उन सबका हृदय से आभार मानते है।

इस कोश का सम्पादन-कार्य हो जाने के बाद कठिन कार्य तो उसे प्रकाशित करने का था जिसके लिए एक बड़ी रकम की आवश्यकता थी। यह संस्था इतनी समृद्ध नहीं थी कि प्रकाशन का खर्च उठा सके। योगानुयोग साहित्यिक कार्य की यह बात मैने आदरणीय एवं सौजन्यशील श्री आत्मारामभाई भोगीलाल सुतरिया के ध्यान मे लायी तब उन्होने ज्ञान-प्रचार के कार्य में अपनी रुचि बतलायी और हमारी इस योजना की पुष्टि की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस कोश के प्रकाशन का पूरा खर्च उनकी सस्था 'श्रेष्ठी श्री कस्तूरभाई लालभाई स्मारक निधि' वहन करेगी। दीर्घ काल से प्रतीक्षित आर्थिक सहायता के वचन पाकर मुझे अत्यत हर्ष हुआ और इस कोश के प्रकाशन का कार्य आगे बढ़ाया। एतदर्थ इस 'स्मारक निधि', उसके ट्रस्टियो एवं श्री आत्माराम भाई का हम सहृदय आभार मानते है।

इस कोश के सम्पादन के कार्य मे प. दलसुखभाई मालवणिया और डॉ० ह० चू० भायाणी का जो मार्गदर्शन मिला है उसके लिए मै उनका अन्तःकरण पूर्वक आभार मानता हू। इस कोश की मुद्रण के योग्य प्रति तैयार करने मे मेरे विद्यार्थियों डॉ० कु० गीता पी० मेहता, श्रीमती संगीता पी० देसाई, एम० ए० और श्री दीना नाथ शर्मा एम० ए० ने जो कार्य एव सहायता की है उसके लिए मैं उनका आभारी हूँ। श्री धीरू भाई ठाकर ने सेठ कस्तूरभाई का जीवन-परिचय गुजराती में लिखा और उसका हिन्दी अनुवाद श्री जितेन्द्र शाह ने किया एतदर्थ हम उनके आभारी है।

ग्रन्थ के प्रकाशन की इस वेला मे सहयोगी सस्था पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान, वाराणसी और उसके निदेशक डॉ० सागर मल जैन का हम आभार मानते है, जिन्होने प्रस्तुत ग्रन्थ के मुद्रण सम्बन्धी सम्पूर्ण व्यवस्था की। मात्र यही नही इस ग्रन्थ के रख-रखाव और विक्रय का दायित्व भी स्वीकार कर उन्होने हमे व्यवस्था सम्बन्धी सभी चिन्ताओ से मुक्त रखा।

रत्ना प्रिंटिंग वर्क्स, वाराणसी ने इस कोश को अल्प समय मे सुन्दर ढंग से मुद्रित किया है इसके लिए उसका एवं उसके व्यवस्थापक श्री विनयशकर जी का भी हम आभार मानते है। प्रूफ संशोधन का बड़ा ही दुरूह कार्य सुचारु रूप से करने के लिए डॉ० श्री रविशंकर मिश्र, सह-शोधाधिकारी, पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान का भी आभार मानते है। श्री महावीर बुक बाइंडिंग वर्क्स, वाराणसी के श्री मोहनलाल जी के द्वारा सुन्दर पुस्तकावरण बाँधने के लिए हम उनके भी आभारी है।

प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, अहमदावाद एवं श्री यशोविजय ग्रन्थमाला, भावनगर द्वारा प्रकाशित पाइय-सद्द-महण्णवो का उपयोग करने के लिए उनका एवं उनके ट्रस्टियो का भी आभार मानना हम अपना कर्तव्य समझते है।

कातिक पूर्णिमा
वि. सं. २०४३

के० आर० चन्द्र
मानद मंत्री
प्रा जै. वि. वि. फंड अहमदावाद

प्राकृत-हिन्दी कोश का सम्पादन

'पाइय सद्द महण्णवो' की इस किञ्चित् परिवर्तित आवृत्ति मे अपनाये गये नियम।

यदि मूल शब्दो के वर्णो अथवा अर्थ मे किसी प्रकार का भेद, परिवर्तन या विशेपता नही हो तो निम्न प्रकार के शब्द एवं उनके रूप निकाल दिये गये है।

१. प्राकृत ग्रन्थों मे से उद्धृत अवतरण
२ अर्थो के साथ दिये गये संख्यावाची अक
३. भेद न रखने वाले एक से अधिक अर्थ, जैसे :—
मस्तक, सिर; हस्त, हाथ; हस्ति, हाथी
४. अनावश्यक वर्णनात्मक विस्तार
५. सादृश्यता बतलाते हुए आधुनिक भापा के शब्द
६. प्राकृत शब्द के सामने कोष्ठक मे दिया गया संस्कृत शब्द यदि वह तत्सम, है, जैसे—उत्ताल, काम, ताल, वायस, समूह
७. 'आ' या 'ई' प्रत्यय लगाकर बनाया गया स्त्रीलिंगी शब्द यदि उसका अन्य लिंगी शब्द आ गया हो, जैसे—पुत्त (पुत्ती), अणुमासण (अणुमासणा) अमर (अमरी)
८. कभी-कभी आवश्यकतानुसार ऐसे शब्द जिनमे 'न' या 'न्न' हो जबकि 'ण' या 'ण्ण' वाला वही शब्द आ गया हो, जैसे—मणुस्स (मनुस्स), पुण्ण (पुन्न)
९ शब्द मे तृतीया या पचमी विभक्ति लगाकर बनाये गये अव्यय, जैसे—अइर (अइरेण), अग्ग (अग्गओ)
१०. मूल शब्द आ जाने पर उसमे स्वार्थ 'अ', 'य' अथवा 'ग' लगे हुए शब्द, जैसे—अगुरु (अगुरुअ), अर (अरग), अंगुलीय (अंगुलीयय), भद्द (भद्दअ)
११. इ (इन्) प्रत्यय लगाकर बनाये गये शब्द जो धारण करने, प्रवृत्ति करने या स्वामित्व के अर्थ वाले हो, जैसे—अणुभव (अणुभाव) अक्खा (अक्खाइ), संसय (संसइ)
१२. 'इर' प्रत्यय लगाकर बनाये गये शीलवाची शब्द, जैसे—अणुगम (अणुगमिर) मुअ (मुइर), भी (भीइर)
१३. 'इल्ल, इल्लग, इल्लय, उल्ल, एल्ल, एल्लग' प्रत्यय लगाकर बनाये गये स्वार्थे शब्द, जैसे—पुत्त (पुत्तिल्ल, पुत्तुल्ल), वाहिर (वाहिरिल्ल), सच्च (सच्चिलय), भंड (भंडुल्ल), अंध (अंधिल्लग, अंधेल्लग) हिअअ (हअउल्ल)
१४. मूल धातु के साथ दिये गये उसके अनेक कालवाची एवं कृदन्त रूप
१५. अलग-अलग स्थलों पर आने वाले कृदन्त रूप जिनका मूल धातु आ गया हो।

१६. मूल धातु के आ जाने पर लिंग-सूचक प्रत्यय लगाकर नाम के रूप में अलग से दिया गया वही शब्द, जैसे—आढा (आढा) हक्क (हक्का), अभिक्कम (अभिक्कम) समीह (समीहा), सलाह (सलाहा)

१७. 'धातु या नाम शब्द मे मात्र इअ, इय (इत) प्रत्यय लगाकर बनाये गये कर्मणिभूत कृदन्त या विशेषण, जैसे—भज्ज (भज्जिय), पाव (पाविय) अंकुर (अंकुरिय) विसेस (विसेसिय), भी (भीइय), कंडू (कंडूइय), मा (माइअ), पुज (पुजिअ), संकेअ (सकेइअ), सजोअ (संजोइअ), अधयार (अंधयारिय), अंध (अंधिय)

१८. धातु मे 'ण' 'णा', या 'णया' जोड़कर बनाये गये नाम शब्द, जैसे—पुच्छ (पुच्छण, पुच्छणया), समप्प (समप्पण), सिणा (सिणाण), विसोह (विसोहणया) संथव (संथवणा), अभिवद (अभिवंदणा)

१९. शब्द के प्रारम्भ मे उपसर्ग 'अ' जोडकर बनाये गये मात्र निषेधवाची शब्द, जैसे—कप्प (अकप्प), जयणा (अजयणा), खज्ज (अखज्ज)

२०. शब्द के प्रारंभ मे 'सु' उपसर्ग जोड़कर निम्नार्थबोधक शब्द,
(१) सुन्दर, अच्छा, भला (२) अच्छी तरह, सुखसे, (३) शुभ प्रशस्त, उत्तम (४) अति, अत्यन्त, अतिशय, बहुत (५) दृढ और (६) बिलकुल, जैसे—(१) सुकुसुम, सुतर्वास्स, सुपहाय (२) सुचरिय, सुलभ (३) सुपह, सुजाड, सुगुरु (४) सुगरिट्ठ, सुपसन्न, सुदुक्कर, सुदिप्प (५) सुनिच्छय और (६) सुणिस्संक, सुविणट्ठ।

२१. मध्यवर्ती अ, आ, इ और उ के स्थान पर य, या, यि और यु परस्पर क्रमशः समझ लेने चाहिए।

●

संकेत–सूची

अ = अव्यय ।
अक = अकर्मक धातु ।
(अप) = अपभ्रंश भापा ।
(अशो) = अशोक शिलालेख ।
उभ = सकर्मक तथा अकर्मक धातु
कर्म = कर्मणि-वाच्य ।
कवकृ = कर्मणि-वर्तमान-कृदन्त ।
कृ = कृत्य-प्रत्ययान्त ।
क्रि = क्रियापद ।
क्रिवि = क्रिया-विशेषण ।
(चूपै) = चूलिकापैशाची भापा ।
त्रि = त्रिलिङ्ग ।
[दे] = देश्य-शब्द ।
न = नपुंसकलिङ्ग ।
पु = पुलिङ्ग ।
पुन = पुलिङ्ग तथा नपुसकलिङ्ग
पुस्त्री = पुलिङ्ग तथा स्त्रीलिङ्ग ।
(पै) = पैशाची भाषा ।
प्रयो = प्रेरणार्थक णिजन्त ।
ब = बहुवचन ।
भकृ = भविष्यत्कृदन्त ।
भवि = भविष्यत्काल
भूका = भूतकाल ।
भूकृ = भूत-कृदन्त ।
(मा) = मागधी भाषा ।
वकृ = वर्तमान कृदन्त ।
वि = विशेषण ।
(शौ) = शौरसेनी भाषा ।
स = सर्वनाम ।
संकृ = संबन्धक कृदन्त ।
सक = सकर्मक धातु ।
स्त्री = स्त्रीलिङ्ग ।
स्त्रीन = स्त्रीलिंग तथा नपुंसकलिंग
हेकृ = हेत्वर्थ कृदन्त ।

——

संक्षिप्त प्राकृत-हिन्दी कोष

अ

अ पु प्राकृत—वर्ण-माला का प्रथम अक्षर । विष्णु, कृष्ण ।

अ देखो च अ ।

अ [दे] देखो इव ।

°अ अ इन अर्थो का सूचक अव्यय—निषेध । विरोध, उल्टापन । अयोग्यता, अनुचितपन । अल्पता । अभाव । भेद । सादृश्य । बुरापन । लघुपन ।

°अ पु [क] सूर्य । अग्नि । मोर । न पानी । शिखर, टोच । मस्तक ।

°अ वि [°ज] उत्पन्न ।

अअंख वि [दे] स्नेह-रहित, सूखा ।

अअर देखो अवर ।

अअर देखो आयर ।

अइ अ [अयि] सभावना और आमन्त्रण अर्थ का सूचक अव्यय ।

अइ अ [अति] इन अर्थो का सूचक उपसर्ग । अतिशय । उत्कर्ष, महत्त्व । पूजा, प्रशसा । अतिक्रमण । ऊपर, ऊँचा । निन्दा ।

अइ अ [अति] सामर्थ्य-सूचक अव्यय ।

अइ सक [आ + इ] आगमन करना, आ गिरना ।

अइइ स्त्री [अदिति] पुनर्वसु नक्षत्र का अधिष्ठाता देव ।

अइइ सक [अति + इ] उल्लघन करना । गमन करना । प्रवेश करना ।

अइउट्ट वि [अतिवृत्त] अतिगत, प्राप्त ।

अइंच सक [अति + अञ्च्] अभिषेक करना, स्थानापन्न करना । उल्लंघन करना । आकर्षित करना । अक. दूर जाना ।

अइंछ देखो अइंच ।

अइंत वि [अनायत्] नही आता हुआ । जो जाना न जाता हो ।

अइंदिय वि [अतीन्द्रिय] इद्रियो से जिसका ज्ञान न हो सके वह ।

अइंमुत्त देखो अइमुत्त ।

अइकम अक [अतिक्रम्] गुजरना, बीतना । देखो अइक्कम = अति + क्रम् ।

अइकाय पु [अतिकाय] महोरग—जातीय देवो का एक इन्द्र । रावण का एक पुत्र । वि. बड़ा शरीरवाला ।

अइक्कंत वि [अतिक्रान्त] अतीत । तीर्ण । जिसने त्याग किया हो वह ।

अइक्कम सक [अति + क्रम्] उल्लघन करना । व्रत-नियम का आशिक रूप से खण्डन करना ।

अइक्ख वि [अतीक्ष्ण] तीक्ष्णतारहित ।

अइक्ख वि [अनीक्ष्य] अदृश्य ।

अइगच्छ, अइगम अक [अति + गम्] गुजरना, बीतना । सक. पहुँचना । प्रवेश करना । उल्लंघन करना । गमन करना ।

अइगमण न [अतिगमन] प्रवेश-मार्ग । उत्तरायण ।

अइगय वि [दे] आया हुआ । जिसने प्रवेश किया हो वह । न. मार्ग का पिछला भाग ।

अइगय वि [अतिगत] अतिक्रान्त, गुजरा हुआ ।

अइगय वि [अतिगत] प्राप्त ।

अइचिरं अ [अतिचिरम्] बहुत काल तक ।

अइच्च अइइ = अति + इ का सक्ृ ।

अइच्छ सक [गम्] जाना, गमन करना ।

अइच्छ सक [अति + क्रम्] उल्लघन करना ।

अइच्छा स्त्री [अदित्सा] देने की अनिच्छा। प्रत्याख्यान विशेष।

अइजाय पु [अतिजात] पिता से अधिक संपत्ति को प्राप्त करनेवाला पुत्र।

अइट्ठ वि [अदृष्ट] जो न देखा गया हो वह। न. कर्म, दैव, भाग्य। °उव्व, °पुव्व वि [°पूर्व] जो पहले कभी न देखा गया हो वह।

अइट्ठ वि [अनिष्ट] अप्रिय। खराब, दुष्ट।

अइट्ठा सक [अति + स्था] उल्लंघन करना।

अइट्ठिय वि [अतिष्ठित] अतिक्रान्त, उल्लंघित।

अइण न [दे] गिरि-तट, तराई।

अइण न [अजिन] चर्म।

अइणिय वि [दे. अतिनीत] लाया हुआ।

अइणिय, अइणीय } वि [अतिनीत] फेंका हुआ। जो दूर ले जाया गया हो।

अइणीअ वि [अतिगत] गया हुआ।

अइणीय वि [दे. अतिनीत] लाया हुआ।

अइणु वि [अतिनु] जिसने नौका का उल्लंघन किया हो वह, जहाज से उतरा हुआ।

अइतह वि [अवितथ] सत्य, सच्चा।

अइतेया स्त्री [अतितेजा] पक्ष की चौदहवीं रात।

अइदंपज्ज न [ऐदंपर्य] तात्पर्य, रहस्य।

अइदुसमा, अइदुस्समा, अइदूसमा } स्त्री [अतिदुष्षमा] देखो दुस्समदुस्समा।

अइदंपज्ज देखो अइदंपज्ज।

अइधाडिय वि [अतिध्राटित] फिराया हुआ, घुमाया हुआ।

अइनिट्ठुहावण वि [अतिविष्टम्भन] स्तब्ध करनेवाला, रोकनेवाला।

अइन्न न [अजीर्ण] बदहजमी। वि. जो हजम न हुआ हो वह। जो पुराना न हुआ हो, नूतन।

अइन्न वि [अदत्त] नहीं दिया हुआ। °ायाण न [°ादान] चोरी।

अइपंडुकंबलसिला स्त्री [अतिपाण्डुकम्बल-शिला] मेरु पर्वत पर स्थित दक्षिण दिशा की एक शिला।

अइपडाग पुं [अतिपताक] मत्स्य की एक जाति। स्त्री. पताका के ऊपर की पताका।

अइपरिणाम वि [अतिपरिणाम] आवश्यकता न रहने पर भी अपवाद-मार्ग का ही आश्रय लेनेवाला, शास्त्रोक्त अपवादों की मर्यादा का उल्लंघन करने वाला।

अइपाइअ वि [अतिपातिक] हिंसाकरनेवाला।

अइपास पु [अतिपार्श्व] भगवान् अरनाथ के समकालिक ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकरदेव।

अइपास सक [अति + दृश्] खूब देखना।

अइप्पगे अ [अतिप्रगे] पूर्व-प्रभात, बड़ी सवेर।

अइप्पमाण वि [अतिप्रमाण] तृप्त न होता हुआ भोजन करनेवाला। न. तीन बार से अधिक भोजन।

अइप्पसंग पु [अतिप्रसङ्ग] अतिपरिचय। तर्क-शास्त्र में प्रसिद्ध अतिव्याप्ति-नामक दोष।

अइप्पहाय न [अतिप्रभात] बड़ी सवेर।

अइबल वि [अतिबल] शक्ति-शाली। न. अतिशय बल। बड़ा सैन्य। पु एक राजा, जो भगवान् ऋषभदेव के पूर्वीय चतुर्थ भव में पिता या पितामह था। भरत चक्रवर्ती का एक पौत्र। भरत क्षेत्र में आगामी चौबीसी में होने वाला पाँचवाँ वासुदेव। रावण का एक योद्धा।

अइभद्दा स्त्री [अतिभद्रा] भगवान् महावीर के प्रभास नामक ग्यारहवें गणधर की माता।

अइभूइ पु [अतिभूति] एक जैन मुनि, जो पंचम वासुदेव के पूर्व जन्म में गुरु थे।

अइभूमि स्त्री [अतिभूमि] परम प्रकर्ष। बहुत जमीन। गृहस्थों के घर का वह भाग, जहाँ साधुओं को प्रवेश करने की अनुज्ञा न हो।

अइमट्टिया स्त्री [अतिमृत्तिका] कीचवाली मिट्टी।

अइमत्त, अइमाय } वि [अतिमात्र] बहुत, परिमाण से अधिक।

अइमुक | अइमुत | अइमुत्त पु [अतिमुक्त] स्वनाम ख्यात एक अन्तकृद् (उसी जन्म मे मुक्ति पानेवाला) जैन मुनि, जो पोलासपुर के राजा विजय का पुत्र था और जिसने बहुत छोटी ही उम्र मे भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी। कंस का एक छोटा भाई। वृक्षविशेष। माधवी लता। न अन्तगड़दसा नामक अंग-ग्रन्थ का एक अध्ययन।

अइय वि [अतिग] अतिक्रान्त, करनेवाला, प्राप्त।

°अइय वि [दयित] प्रिय, प्रीतिपात्र। दया करने योग्य।

अइयच्च देखो अइगच्छ

अइयण न [अत्यदन] अधिक भोजन करना।

अइयय वि [अतिगत] गया हुआ।

अइयर सक [अति + चर्] उल्लंघन करना। व्रत को दूषित करना।

अइया सक [अति + या] जाना, गुजरना।

अइया स्त्री [अजिका] बकरी।

°अइया स्त्री [दयिता] स्त्री, पत्नी।

अइयाण न [अतियान] गमन, गुजरना। राजा वगैरह का नगर आदि मे धूम-धाम से प्रवेश करना।

अइयाय वि [अतियात] गया हुआ, गुजरा हुआ।

अइयार पु [अतिचार] उल्लंघन, अतिक्रमण। गृहीत व्रत या नियम मे दूषण लगाना।

अइर अ [अचिर] शीघ्र।

अइर न [अजिर] आगन, चौक।

अइर पु [दे] आयुक्त, गाव का राजनियुक्त मुखिया।

अइर न [दे. अतर] देखो अयर = अतर।

अइर वि [दे] अतिरोहित।

अइरजुवइ स्त्री (दे) दुलहिन।

अइरत्त पु [अतिरात्र] अधिक तिथि।

अइरत्त वि [अतिरक्त] गाढा लाल। विशेष रागी। °कंवलसिला, °कंबला स्त्री [°कम्बलशिला, कम्बला] मेरु पर्वत के पांडुक वन मे स्थित एक शिला, जिसपर जिनदेवो का जन्माभिषेक किया जाता है।

अइरा | अइराणी स्त्री [अचिरा] पाँचवें चक्रवर्ती और सोलहवें तीर्थंकर-देव की माता।

अइराणी स्त्री [दे] इन्द्राणी। सौभाग्य के लिए इन्द्राणी-व्रत करनेवाली स्त्री।

अइरावण पु [ऐरावण] इन्द्र का हाथी।

अइरावय पु [ऐरावत] इन्द्र का हाथी।

अइराहा स्त्री [अचिराभा] विजली।

अइरि न [अतिरि] धन या सुवर्ण का अतिक्रमण करनेवाला, धनाढ्य।

अइरिप पु [दे] कथाबन्ध, बातचीत, कहानी।

अइरित्त वि [अतिरिक्त] अवशिष्ट। अधिक। °सिज्जासणिय वि[शय्यासनिक] लम्बीचौड़ी शय्या और आसन रखने वाला(साधु)।

अवरूव वि [अतिरूप] सुरूप, सुडौल। पु. भूत-जातीय देवविशेष।

अइरेइय वि [अतिरेकित] अतिरेक-युक्त, अतिप्रभूत।

अइरेग पु [अतिरेक] आधिक्य, अतिशय।

अइरेय देखो अइरेग।

अइव अ [अतीव] अतिशय।

अइवट्टण न [अतिवर्त्तन] उल्लंघन।

अइवत्त सक [अति + वृत्] अतिक्रमण करना।

अइवत्तिय वि [अतिव्रतिक] जिसका उल्लघन किया गया हो वह। प्रधान। उल्लंघन करनेवाला।

अइवय सक [अति+वृत्] उल्लघन करना।

अइवय सक [अति + व्रज्] उल्लघन करना। संमुख जाना। प्रवेश करना।

अइवय सक [अति + पत्] उल्लंघन करना।

सम्बन्ध करना। प्रवेश करना। अक. मरना। गिर जाना।

अइवह सक [अति+वह्] वहन करने मे समर्थ होना।

अइवाइ वि [अतिपातिन्] हिंसक। विनश्वर।

अइवाइत्तु वि [अतिपातयितृ] मारनेवाला।

अइवाइय वि [अतिपातिक] ऊपर देखो।

अइवाएत्तु देखो अइवाइत्तु।

अइवाय पु [अतिपात] हिंसा आदि दोष। विनाश।

अइवाय पुं [अतिवात] उल्लंघन। भयंकर पवन, तूफान।

अइवाह सक [अति+वाहय्] विताना, गुजारना।

अइविरिय वि [अतिवीर्य] वलिष्ठ, महा-पराक्रमी। पु. इक्ष्वाकु वंश का एक राजा। नन्दावर्त नगर का एक राजा।

अइविसाल वि [अतिविशाल] वहुत वडा, विस्तीर्ण। स्त्री. यमप्रभ नामक पर्वत के दक्षिण तरफ की एक नगरी।

अइस [अप] वि [ईदृश्] ऐसा, इस तरह का।

अइसइ वि [अतिशयिन्] अतिशय वाला, विशिष्ट, आश्चर्य-कारक।

अइसंधण देखो अइसंधाण।

अइसधाण [अतिसंधान] ठगाई।

अइसक्कणा स्त्री [अतिष्वष्कणा] उत्तेजना, प्रेरणा, वढावा।

अइसय सक [अति+शी] मात करना।

अइसय पु [अतिशय] श्रेष्ठता। महिमा, प्रभाव। अत्यन्त। चमत्कार। वैशिष्ट्य। °भरिय वि [°भृत] पूर्ण।

अइसरिय न [ऐश्वर्य] संपत्ति, गौरव।

अइसाइ वि [अतिशायिन्] श्रेष्ठ। दूसरे को मात करनेवाला। स्त्री. °णी।

अइसायण न [अतिशायन] उत्कृष्टता, उत्कर्ष।

अइसार पु [अतिसार] सग्रहणी रोग।

अइसेस पु [अतिशेष] महिमा, प्रभाव, आध्यात्मिक सामर्थ्य। वचा हुआ। अतिशय वाला।

अइसेसि वि [अतिशेषिन्] महिमान्वित। समृद्ध, ज्ञान आदि के अतिशय मे सम्पन्न।

अइसेसिय वि [अतिशेषित] ज्ञात, जाना हुआ।

अइहर पुं [अतिभर] हद, अवधि।

अइहारा स्त्री [दे] विजली।

अइहि पु [अतिथि] जिसके आने की तिथि नियत न हो वह, पाहुन, यात्री, भिक्षुक, साधु। °संविभाग पु साधु को भोजन आदि का निर्दोष दान।

अई सक [गम्] जाना।

अईअ पु [अतीत] भूतकाल। वि जो वीत चुका हो। अतिक्रान्त। जो दूर हो गया हो।

अईअ } अ [अतीव] वहुत, विशेष,
अईव } अत्यन्त।

अईसंत वि [अ+दृश्यमान] जो दिखता न हो।

अईसय देखो अइसय।

अईसार पु [अतीसार] संग्रहणी रोग। इस नाम का एक राजा।

अउ देखो आउ = स्त्री।

अउअ न [अयुत] दस हजार की संख्या। 'अउअंग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह।

अउअंग न [अयुताङ्ग] 'अच्छणिउर' को चौरासी लाख से गुणने पर जो सख्या लब्ध हो वह।

अउंठ वि [अकुण्ठ] निपुण।

अउचित्त न [औचित्य] उचितपन।

अउज्झ वि [अयोध्य] युद्ध मे जिसका सामना न किया जा सके वह। जिस पर रिपु-सैन्य आक्रमण न कर सके ऐसा किला, नगर आदि।

अउज्झा स्त्री [अयोध्या] नगरी-विशेष।

अउण वि [एकोन] जिसमे एक कम हो वह। °ट्ठि स्त्री [°षष्टि] उनसाठ, ५९। °त्तरि स्त्री [°सप्तति] उनसत्तर, ६९। °त्तीस स्त्रीन [°त्रिंशत्] उनतीस, २९। °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] उनसाठ, ५९। °पन्न, °वन्न स्त्रीन [पञ्चाशत्] उनपचास, ४९। देखो एगूण।

अउणतीसइ स्त्री देखो अउण-त्तीस।

अउणप्पन्न देखो अउणापन्न।

अउणासट्ठि देखो अउण-सट्ठि।

अउणोणिउत्ति स्त्री [अपुनर्निवृत्ति] अन्तिम निवृत्ति, मोक्ष।

अउण्ण न [अपुण्य] पाप। वि अपवित्र। पापी।

अउम देखो ओम।

अउमर वि [अद्मर] खानेवाला, भक्षक।

अउल वि [अतुल] असाधारण, अद्वितीय।

अउलीन वि [अकुलीन] कुल-हीन, कुजाति, संकर।

अउव्व वि [अपूर्व] अनोखा, अद्वितीय।

अउस पु [दे] उपासक, पुजारी।

अए अ [अये] आमन्त्रण-सूचक अव्यय।

अओ अ [अतस्] यहाँ से लेकर। इसलिए।

अओ° [अयस्°] लोह। °घण पु [घन] लोहे का हथौडा। °मय वि लोहे की बनी हुई चीज। °मुह पु [°मुख] इस नाम का अन्तर्द्वीप और उसके निवासी। वि. लोहे की माफिक मजबूत मुह वाला। °मुही स्त्री [°मुखी] एक नगरी।

अओग्ग वि [अयोग्य] नालायक।

अओज्झा देखो अउज्झा।

अं अ [दे] स्मरण-द्योतक अव्यय।

अंक पु [अङ्क] उत्सग। रत्न की एक जाति। नौ की एक मख्या। सख्या-दर्शक चिह्न, १, २, ३। नाटक का एक अंश। सफेद मणि की एक जाति। चिह्न। मनुष्य के बत्तीस प्रशस्त लक्षणो मे से एक। आसन-विशेष। पुन. एक देव-विमान। °कण्ड पुंन. [काण्ड] रत्नप्रभा पृथ्वी के खर-काण्ड का एक हिस्सा, जो अंक रत्नो का है। °अरेल्लुग, °करेल्लुअ पु [°करेल्लुक] पानी मे होनेवाली एक जाति की वनस्पति। °ट्ठिइ स्त्री [°स्थिति] अंक रेखाओ की विचित्र स्थापना, ६४ कलाओ मे से एक कला। °धर पु चन्द्रमा। °धाई स्त्री [°धात्री] पाँच प्रकार की धाई-माताओ मे से एक, जिसका काम बालक को उत्सग मे ले उसका जी बहलाना है। °लिवि स्त्री [°लिपि] अठारह लिपियो मे की एक लिपि, वर्णमाला-विशेष। °वणिय पुं [°वणिक्] अक-रत्नों का व्यापारी। °वालि,°वाली स्त्री [°पालि, °पाली] आलिंगन। °हर देखो °धर।

अक [दे अङ्क] समीप।

अंककरेलुअ देखो अक-करेल्लुअ।

अंकण न [अङ्कन] चिह्नित करना। बैल आदि पशुओ को लोहे की गरम सलाई आदि से दागना। वि. अकित करनेवाला, गिनती मे लानेवाला।

अंकदास पुं [अङ्कदास] बालक को उत्सग मे लेकर उसका जी बहलानेवाला नौकर।

अंकवाणिय देखो अंक-वणिय।

अंकार पुं [दे] सहायता।

अंकावई स्त्री [अङ्कावती] महाविदेह क्षेत्र के रम्य नामक विजय की राजधानी। मेरु की पश्चिम दिशा मे बहती हुई शीतोदा महानदी की दक्षिण दिशा मे वर्तमान एक वक्षस्कार पर्वत।

अंकिअ न [दे] आलिंगन।

अंकिअ वि [अङ्कित] चिह्नित।

अंकिइल्ल पु [दे] नट, नर्तक।

अंकुडग पुं [अङ्कुटक] नागदन्तक, खूंटी,

ताख।

अंकुर पु [अङ्कुर] प्ररोह, फुनगी।

अंकुस पु [अङ्कुश] आकडी, लोहे का एक हथियार, जिससे हाथी चलाये जाते हैं। ग्रह-विशेष। सीता का एक पुत्र, कुश। नियन्त्रण करनेवाला। अङ्कुशाकार खूँटी। पुन एक देव-विमान। पुन. गुरु-वन्दन का एक दोष।

अंकुसइय न [दे अंकुशित] अंकुश के आकारवाली चीज।

अंकुसय पु [अङ्कुशक] देखो अंकुस। सन्यासी का एक उपकरण, जिससे वह देवपूजा के वास्ते वृक्ष के पल्लवों को काटता है।

अंकुसा स्त्री [अङ्कुशा] चौदहवें तीर्थंकर श्री अनन्तनाथ भगवान् की शासन-देवी।

अंकुसिअ वि [अङ्कुशित] अंकुश की तरह मुडा हुआ।

अंकुसी स्त्री [अङ्कुशी] देखो अंकुसा।

अंकूर देखो अंकुर।

अंकेल्लण न [दे] घोडा आदि को मारने का चाबुक, कोडा, सौंगी।

अंकेल्लि पु [दे] अशोक-वृक्ष।

अंकोल्ल पु [अङ्कोठ] वृक्ष-विशेष।

अंग व पुं [अङ्ग] इस नाम का एक देश, जिसको आजकल विहार कहते हैं। राम का एक सुभट। न आचाराग सूत्र आदि बारह जैन आगम-ग्रंथ। वेद के शिक्षादि छः अंग। कारण। आत्मा, जीव। पुन. शरीर। शरीर के मस्तक आदि अवयव। अ. मित्रता का आमन्त्रण, सम्बोधन। वाक्यालकार में प्रयुक्त किया जाता अव्यय। °इ पुं [°जित्] इस नाम का एक गृहस्थ, जिसने भगवान् पार्श्वनाथ के पास दीक्षा ली थी। °इसि पु [°र्षि] चंपा नगरी का एक ऋषि। [°चूलिया] स्त्री [°चूलिका] अंग-ग्रन्थो का परिशिष्ट। °च्छहिय वि [°छिन्नाङ्ग] जिसका अंग काटा गया हो वह। °जाय वि [°जात] लड़का। °द देखो °य = °द। °पविट्ठ न [°प्रविष्ट] बारह जैन अंग-ग्रन्थो में से कोई भी एक। अंग-ग्रन्थो का ज्ञान। °बाहिर न [°बाह्य] अंग-ग्रन्थो के अतिरिक्त जैन आगम। अंग-ग्रन्थो से भिन्न जैन आगमो का ज्ञान। °मंग न [°ाङ्ग] अंग-प्रत्यङ्ग। हर एक अवयव। °मंदिर न [°मन्दिर] चम्पा नगरी का एक देव-गृह। °मद्द, °मद्दय पुं [°मर्द, °मर्दक] शरीर की चम्पी करनेवाला नौकर। वि. शरीर को मलनेवाला। °य पुं [°द] वाली नामक विद्याधरराज का पुत्र। न बाजूबंद, केहुटा। °य वि [°ज] शरीर से उत्पन्न। पु. पुत्र। °या स्त्री [°जा] पुत्री। °रक्ख, °रक्खग वि [°रक्ष, °रक्षक] शरीर की रक्षा करनेवाला। °राग, °राय पुं शरीर में चन्दनादि का विलेपन। °राय पुं [°राज] अंगदेश का राजा। अंग देश का राजा कर्ण। °रिसि देखो °इसि। °रुह वि देखो °य = °ज। °रुहा स्त्री पुत्री। °विज्जा स्त्री [°विद्या] शरीर के स्फुरण का शुभाशुभ फल बतलानेवाली विद्या। उस नाम का एक जैन ग्रन्थ। °वियार पु [°विचार] देखो पूर्वोक्त अर्थ। °सभूय [°संभूत] संतान। °हारय पुं [°हारक] शरीर के अवयवो के विक्षेप, हाव-भाव। °दाण न [°ादान] पुरुषेन्द्रिय।

अंग पु [अङ्ग] भगवान् आदिनाथ के एक पुत्र का नाम। न लगातार बारह दिनो का उपवास। °ज देखो °य। °हर वि. [°धर] अङ्ग-ग्रन्थो का जानकार।

अंग वि [आङ्ग] शरीर का विकार। शरीर-सम्बन्धी। न. शरीर के स्फुरण आदि विकारो के शुभाशुभ फल को बतलाने-वाला शास्त्र, निमित्त-शास्त्र।

°अंग वि [चङ्ग] सुन्दर।

अंगइया स्त्री [अङ्गदिका] एक नगरी, तीर्थ-विशेष।
अंगंगीभाव पु [अङ्गाङ्गीभाव] अभेद भाव। अभिन्नता।
अंगण न [अङ्गण] आगन।
अंगणा स्त्री [अङ्गना] औरत।
अंगदिआ देखो अङ्गइया।
अंगवड्ढण न [दे] बीमारी।
अंगवलिज्ज न [दे] शरीर को मोडना।
अंगार पु [अङ्गार] जलता हुआ कोयला। जैन साधुओ के लिए भिक्षा का एक दोष। °मद्दग पु [°मर्दक] एक अभव्य जैन-आचार्य। °वई स्त्री [°वती] सुसुमार नगर के राजा धुन्धुमार की एक कन्या का नाम।
अंगारग, अंगारय पु [अङ्गारक] ऊपर देखो। मंगल-ग्रह। पहला महाग्रह। राक्षस-वंश का एक राजा।
अंगारिय वि [अङ्गारित] कोयले की तरह जला हुआ, विवर्ण।
अंगाल देखो अंगार।
अंगालग देखो अंगारग।
अगालिय न [दे] ईख का टुकडा।
अंगालिय देखो अंगारिय।
अंगि पु [अङ्गिन्] प्राणी, जीव। वि शरीरवाला। अंग-ग्रन्थो का ज्ञाता।
अंगिरस न [अङ्गिरस] एक गोत्र, जो गोतम-गोत्र की शाखा है।
अंगिरस वि [आङ्गिरस] अगिरस-गोत्र मे उत्पन्न। पुं एक तापस।
अंगीकड, अंगीकय वि [अङ्गीकृत] स्वीकृत।
अंगीकर, अंगीकुण सक [अङ्गी + कृ] स्वीकार करना।
अंगुअ पु [इङ्गुद] वृक्ष-विशेप। न. इगुद वृक्ष का फल।
अंगुट्ठ पु [अङ्गुष्ठ] अंगूठा। °पसिण पु [°प्रश्न] एक विद्या। 'प्रश्न-व्याकरण' सूत्र का एक लुप्त अध्ययन।
अंगुट्ठी स्त्री [दे] घूंघट।
अंगुत्थल न [दे] अगुठी, अगुलीय।
अंगुब्भव वि [अङ्गोद्भव] संतान।
अंगुम सक [पूरय्] पूर्ति करना।
अंगुरि, °री स्त्री [अङ्गुलि,°ली] उगली।
अंगुल न [अङ्गुल] यव के आठ मध्यभाग के बराबर का एक नाप, मान-विशेष। °पोहत्तिय वि [°पृथक्त्वक] दो से लेकर नव अगुल तक का परिमाण वाला।
अंगुलि स्त्री [अङ्गुलि] उंगली। °कोस पु [°कोश] अगुलि-त्राण, दास्ताना। °प्फोडण न [°स्फोटन] उगली फोडना, कड़ाका करना।
अंगुलिअ, अंगुलिज्जक, अंगुलिज्जग न [अङ्गुलीयक] अगुठी।
अगुलिणी स्त्री [दे] प्रियंगु, वृक्ष-विशेप।
अंगुली स्त्री [अङ्गुली] देखो अंगुलि।
अंगुलीय, अंगुलेज्जक, अंगुलेयय पुन [अङ्गुलीयक] अगुठी।
अंगुलेयग देखो अगुलेयय।
अंगुवग, अंगोवग न [अङ्गोपाङ्ग] शरीर के अवयव। नख वगैरह शरीर के छोटे-छोटे अवयव। °णाम न [°नामन्] शरीर के अवयवो के निर्माण मे कारण-भूत कर्म-विशेप।
अंगोहलि स्त्री [दे] शिर को छोडकर बाकी शरीर का स्नान।
अंघो अ [अङ्ग] भय-सूचक अव्यय।
अंच सक [कृष्] खीचना। जोतना, चास करना। रेखा करना। उठाना।
अंच सक [अञ्च्] पूजा करना।

अंच सक [अञ्च्] जाना ।

अंचल पुं [अञ्चल] कपडे का शेष भाग ।

अचि पुं [अञ्चि] गमन, गति ।

अंचि पुं [आञ्चि] आगमन ।

अचिय वि [अञ्चित]युक्त। पूजित । प्रशस्त । न. एक प्रकार का नृत्य । एक बार का गमन । °यंचि पु [°ाञ्चि] गमनागमन । ऊँचा-नीचा होना ।

अंचियरिभिय न [अञ्चितरिभित] एक तरह का नाट्य ।

अंचिया स्त्री [अञ्चिका] आकर्पण ।

अछ सक [कृप्] खीचना । अक. लम्बा होना ।

अंछिय वि [दे] आकृष्ट । खीचा हुआ ।

अंज सक [अञ्ज्] आजना ।

अंजण पुं [अञ्जन] कृष्ण पुद्गल-विशेष । देव-विशेष । पर्वत-विशेष । एक लोकपाल देव । पर्वत-विशेष का एक शिखर, जो दिग्हस्ती कहा जाता है। वृक्ष-विशेष । न. एक जाति का रत्न। देवविमान-विशेष । काजल । जिसका सुरमा वनता है ऐसा एक पार्थिव द्रव्य । आख को आजना । तैल आदि से शरीर की मालिश करना । रत्नप्रभा पृथिवी के खरकाण्ड का दशवाँ अंश-विशेष । °केसिया स्त्री [°केशिका] वनस्पति-विशेष । °जोग पु [°योग] कला-विशेष । °दीव पु [°द्वीप] द्वीप-विशेष । °पुलय पु [°पुलक] एक जाति का रत्न । पर्वत-विशेष का एक शिखर । °प्पहा स्त्री [°प्रभा] चौथी नरकपृथिवी । °रिठ्ठ पु [°रिष्ट] इन्द्र-विशेष । °सलागा स्त्री [°शलाका] जैन-मूर्ति की प्रतिष्ठा । अंजन लगाने की सलाई । °सिद्ध वि आख में अंजन-विशेष लगाकर अदृश्य होने की शक्तिवाला । °सुन्दरी स्त्री एक सती स्त्री, हनूमान् की माता ।

अजणइसिआ स्त्री [दे] श्याम तमाल का पेड़ ।

अंजणई स्त्री [दे] वल्ली-विशेष ।

अंजणईस न [दे] देखो अंजणइसिआ ।

अंजणा स्त्री [अंजना] हनूमान् की माता । स्वनाम-ख्यात चौथी नरक-पृथिवी । एक पुष्करिणी । °तणय पु [°तनय] हनूमान् । °सुन्दरी स्त्री हनूमान् की माता ।

अंजणाभा [अञ्जनाभा] चौथी नरक पृथिवी ।

अंजणिआ स्त्री [दे] देखो अंजणइसिआ ।

अंजणी स्त्री [अञ्जनी] कज्जल का आधार-पात्र ।

अंजलि, °ली स्त्री [अञ्जलि] हाथ का संपुट । एक या दोनो सकुचित हाथों को ललाट पर रखना । कर-संपुट, नमस्कार रूप विनय, प्रणाम °उड पुं [°पुट] हाथ का संपुट । °करण न विनय-विशेष, नमन । °पग्गह पुं [°प्रग्रह] नमन, हाथ जोड़ना । सभोग-विशेष ।

अजस वि (दे) ऋजु ।

अंजु वि [ऋजु] सरल, अकुटिल, सयम में तत्पर, संयमी । स्पष्ट व्यक्त ।

अंजुआ स्त्री [अञ्जुका] भगवान् अनन्तनाथ की प्रथम शिष्या ।

अजू स्त्री [अञ्जू] एक सार्थवाह की कन्या । 'विपाकश्रुत' का एक अध्ययन । एक इन्द्राणी 'ज्ञाताधर्मकथा' सूत्र का एक अध्ययन ।

अंठि पुंन [अस्थि] हड्डी, हाड़ ।

अंड, अंडअ, अडग न [अण्ड] अंडा । अंडकोश । 'ज्ञाताधर्मकथा' सूत्र का तृतीय अध्ययन । °कड वि [°कृत] जो अण्डे से वनाया गया हो । °वंधु पु [°वन्ध] मन्दिर के शिखर पर रखा जाता अण्डाकार गोला । °वाणियय पुं [°वाणिजक] अण्डो का व्यापारी ।

अंडग, अडय वि [अण्डज] अण्डे से पैदा होने वाले जंतु; पक्षी, साँप, मछली

वगैरह। रेशम का धागा। रेशमी वस्त्र। शण का वस्त्र।

अंडाउय वि [अण्डज] अण्डे से पैदा होनेवाला।

अंत पु [अन्त] स्वरूप, स्वभाव। प्रान्त भाग। हद। नजदीक। भग, विनाश। निश्चय। प्रदेश, स्थान। राग और द्वेष। रोग। वि. इन्द्रियों को प्रतिकूल लगनेवाली चीज, असुन्दर, नीरस वस्तु। सुन्दर। नीच, क्षुद्र, तुच्छ। °कर वि उसी जन्म में मुक्ति पानेवाला। °करण वि नाशक। °काल पु मृत्यु काल। प्रलय काल। °किरिया स्त्री [°क्रिया] मुक्ति, संसार का अन्त करना। °कुल न क्षुद्र कुल। °गड वि [°कृत्] उसी जन्म में मुक्ति पानेवाला। °गडदसा स्त्री [°कृद्दशा] जैन अंग-ग्रंथों में आठवाँ अंग-ग्रंथ। °चर वि भिक्षा में नीरस पदार्थों की ही खोज करनेवाला।

अंत वि [अन्त्य] अन्तिम। °क्खरिया स्त्री [°ाक्षरिका] ब्राह्मी लिपि का एक भेद। कला-विशेष।

अंत न [अन्त्र] आंत।

अंत अ [अन्तर्] मध्य में। °उर न [°पुर] देखो अंतेउर। °करण, °क्करण [°करण] मन, हृदय। °गय वि [°गत] मध्यवर्ती। °द्धा स्त्री [°धा] तिरोधान नाश (आचू)। °द्धाण न [°धान] अदृश्य होना, तिरोहित होना। °द्धाणी स्त्री [°र्धानी] जिससे अदृश्य हो सके ऐसी विद्या। °द्धाभूअ वि [°धाभूत] नष्ट। °प्पाअ पु [°पात] अन्तर्भाव। °भाव पु समावेश। °मुहुत्त न [°मूहूर्त] न्यून मुहूर्त। °रद्धा स्त्री [°धा] तिरोधान। नाश। °रद्धा स्त्री [°अद्धा] मध्य-काल। °रप्प पु [°आत्मन्] आत्मा, जीव। °रहिय, °रिहिद (शौ) वि [°हित] व्यवहित। गुप्त, अदृश्य। °ावेइ पुं [°वेदि] गंगा और यमुना के बीच का देश। °अंत वि [°कान्त] मनोहर।

अंतअ वि [आयात्] आता हुआ।

अंतअ वि [अन्तग] पार-गामी।

अंतअ वि [अन्तद] शाश्वत। जिसकी सीमा न हो वह।

अंतअ, अंतग वि [अन्तक] सुन्दर। अन्तर्गत, समाविष्ट। पर्यन्त, प्रान्त भाग। यम, मृत्यु।

अंतग वि [अन्तग] पार-गामी। जो कठिनाई से छोडा जा सके।

°अंतगय देखो अंत-गय।

°अंतण न [यन्त्रण] बन्धन, नियन्त्रण।

अंतद्धाण वि [अन्तर्धान] तिरोधान-कर्त्ता।

अंतब्भाव देखो अंत-भाव।

अंतर न [अन्तर] मध्य, भीतर। भेद, विशेष। अवसर। समय। व्यवधान, अवकाश, अन्तराल। छिद्र। रजोहरण। पात्र। पुं. आचार, कल्प। सूत के कपड़े पहनने का आचार, सौत्र कल्प। °कप्प पु [°कल्प] जैन साधु का एक आत्मिक प्रशस्त आचरण। °कंद पु कन्द की एक जाति, वनस्पति-विशेष। °करण न आत्मा का शुभ अध्यवसाय-विशेष। °गिह न [°गृह] घर का भीतरी भाग। दो घरों के बीच का अन्तर। °णई स्त्री [°नदी] छोटी नदी। °दीव पु [°द्वीप] द्वीप-विशेष। लवण समुद्र के बीच का द्वीप। °सत्तु पु [°शत्रु] भीतरी शत्रु, काम-क्रोधादि।

अंतर सक [अन्तरय्] व्यवधान करना।

अंतर वि [आन्तर] अभ्यन्तर, भीतरी, मानसिक।

अंतरंग वि [अन्तरङ्ग] भीतरी।

अंतरंजी स्त्री [आन्तरञ्जी] नगरी-विशेष।

अंतरपल्ली स्त्री [अन्तरपल्ली] मूल स्थान से ढाई गव्यूत की दूरी पर स्थित गांव।

अंतरमुहुत्त देखो अंत-मुहुत्त।

अंतरा अ [अन्तरा] बीच में। पहले, पूर्व में।

अंतराइय न [आन्तरायिक] कर्म-विशेष, जो

दान आदि करने मे विघ्न करता है। विघ्न।

अंतराईय न [अन्तरायीय] ऊपर देखो।

अंतरापह पु [अन्तरापथ] रास्ता का बीचला भाग।

अंतराय पुन. [अन्तराय] देखो अंतराइय।

अंतराल पु [अन्तराल] अंतर, बीच का भाग।

अंतरावण पुन [अन्तरापण] दूकान।

अंतरावास पु [अन्तरवर्ष, अन्तरावास] वर्षा-काल।

अंतरिक्ख पुन [अन्तरिक्ष]अन्तराल, आकाश। °जाय वि [°जात] जमीन के ऊपर रही हुई प्रासाद, मंच आदि वस्तु। °पासणाह पु [°पार्श्वनाथ] खानदेश मे अकोला के पास का एक जैन-तीर्थ और वहाँ की भगवान् श्रीपार्श्वनाथ की मूर्ति।

अंतरिक्ख वि [आन्तरिक्ष] आकाश-सम्बन्धी, आकाश का। ग्रहों के परस्पर युद्ध और भेद का फल बतलानेवाला शास्त्र।

अंतरिज्ज न [अन्तरीय] वस्त्र। शय्या का नीचला वस्त्र।

अंतरिज्ज न [दे] करधनी, कटिसूत्र।

अंतरिज्जिया स्त्री [अन्तरीया] जैनीय वेश-वाटिक गच्छ की एक शाखा।

अंतरित, अंतरिय } वि [अन्तरित] व्यवहित, अंतर-वाला।

अंतरिया स्त्री [दे] समाप्ति।

अंतरिया स्त्री [अन्तरिका] छोटा अन्तर, थोड़ा व्यवधान।

अंतरीय न [अन्तरीप] द्वीप।

अंतरेण अ [अन्तरेण] विना, सिवाय।

अंतरेण अ [अन्तरेण] बीच में, मध्य मे।

अंतलिक्ख देखो अंतरिक्ख।

°अंति देखो पंति।

अंतिम वि [अन्तिम] चरम, शेष, अन्त्य।

अंतिय न [अन्तिक] समीप। अंत। चरम।

अंतीहरी स्त्री [दे] दूती।

अंतेआरि वि [अन्तश्चारिन्] बीच मे जाने-वाला।

अंतेउर न [अन्तःपुर] राजस्त्रियों का निवास-गृह। रानी।

अंतेउरिगा, अंतेउरिया, अंतेउरी } स्त्री [आन्तःपुरिकी, °री] अन्तःपुर में रहनेवाली स्त्री, रानी। रोगी का नाममात्र लेने से उसको नीरोग बनाने वाली एक विद्या।

अंतेल्ली स्त्री [दे] मध्य। उदर। तरंग।

अंतेवासि वि [अन्तेवासिन्] शिष्य।

अंतेवुर देखो अंतेउर।

अंतो अ [अन्तर्] बीच, भीतर। °खरिया स्त्री [°खरिका] नगर मे रहनेवाली वेश्या। °गइया स्त्री [°गतिका] स्वागत के लिए सामने जाना। °गय वि [°गत] मध्यवर्ती, समाविष्ट। °णिअंसणी स्त्री [°निवसनी] जैन साध्वियो को पहनने का एक वस्त्र। °दहण न [°दहन] हृदय-दाह। °मज्झाव-साणिय पुन [°मध्यावसानिक] अभिनय का एक भेद। °मुहुत्त न [°मुहूर्त्त] कम मुहूर्त्त, ४८ मिनिट मे कम समय। °वाहिणी स्त्री [°वाहिनी] क्षुद्र नदी। °वीसंभ पु [°विश्रम्भ] हार्दिक विश्वास। °सल्ल न [°शल्य] भीतरी शल्य, घाव। कपट, माया। °साला स्त्री [°शाला] घरका भीतरी भाग। °हुत्त वि [°मुख] भीतर।

अंतोहुत्त वि [दे] अधोमुख।

अंत्रडी (अप) स्त्री [अन्त्र] आंत, आतो।

°अंद पु [चन्द्र] चन्द्रमा। कपूर। °राअ पुं [°राग] चन्द्रकान्त मणि।

°अंदरा स्त्री [°कन्दरा] गुफा।

°अंदल पु [कन्दल] वृक्ष-विशेष।

°अंदावेदि (शौ) देखो अंतावेइ।

अंदु, अंदुया } स्त्री [अन्दु] शृंखला, जंजीर।

अंदेउर (शौ) देखो अंतेउर।
अंदोल अक [अन्दोल्] झूलना। कंपना, हिलना। संदिग्ध होना।
अंदोल सक [अन्दोलय्] कंपाना, हिलाना।
अंदोलग पु [आन्दोलक] हिंडोला।
अंदोलण न [आन्दोलन] हिचकना, झूलना। हिंडोला। मार्ग-विशेष।
अंदोलय देखो अंदोलग।
अंदोलि वि [आन्दोलिन्] हिलानेवाला, कंपानेवाला।
अंदोलिर वि [आन्दोलितृ] झूलनेवाला।
अंदोल्लण देखो अंदोलण।
अंध वि [अन्ध] अन्धा। अज्ञान, ज्ञानरहित। °कटइज्ज न [°कण्टकीय] अंध पुरुष के कंटक पर चलने के माफिक अविचारित गमन करना। °तम न [°तमस] निबिड अन्धकार। °पुर न नगरविशेष।
अंध पु [अन्ध] पाचवाँ नरक का चौथा नरकेन्द्रक, एक नरक-स्थान।
अंध पु ब. [अन्ध्र] इस नाम का एक देश।
अंध वि [आन्ध्र] आन्ध्र देश का रहनेवाला।
अंधधु पु [दे] कुँआ।
अंधकार देखो अंधयार।
अंधग पु [दे] वृक्ष। °वण्हि पुं [°वह्नि] स्थूल अग्नि।
अंधग देखो अंध। °वण्हि पुं [°वह्नि] सूक्ष्म अग्नि। °वण्हि पुं [°वृष्णि] यदुवंश का एक राजा, जो समुद्रविजयादि का पिता था।
अंधय पु [अन्धक] अंधा। वानरवंश का एक राजकुमार।
अंधयार पुन [अन्धकार] अंधेरा। °पक्ख पु [°पक्ष] कृष्णपक्ष।
अंधरअ, अंधल } वि [अन्ध] अन्धा।
अंधलरिल्ली स्त्री [अन्धयित्री] अंध बनानेवाली एक विद्या।
अंधार पु [अंधकार] अंधेरा।
अंधार सक [अन्धकारय्] अन्धकार-युक्त करना।
अंधाव सक [अन्धय्] अंधा करना।
अंधिआ स्त्री [अन्धिका] द्यूत-विशेष।
अंधिआ स्त्री [अन्धिका] चतुरिन्द्रिय जंतु की एक जाति।
अंधीकिद (शौ) वि [अन्धीकृत] अंध किया हुआ।
अंधु पु [अन्धु] कूप।
°अंप पु [कम्प] कंपन।
अंब पु [अम्ब] एक जात के परमाधार्मिक देव, जो नरक के जीवो को दुःख देते हैं।
अंब पु [आम्र] आम का पेड। न आम्र-फल। °गट्ठिया स्त्री [दे] आम की आँठी, गुठली। °चोयग न [दे] आम का रुंछा। आम की छाल। °डगल न [दे] आम का टुकडा। °डालग न [दे] आम का छोटा टुकड़ा। °पेसिया स्त्री [°पेशिका] आम का लम्बा टुकडा। °भित्त न [दे] आम का टुकडा। °सालग न [दे] आम की छाल। °सालवण न [°शालवन] चैत्य-विशेष।
अंब न [अम्ल] तक्र, मट्ठा। खट्टा रस। खट्टी चीज। वि. निष्ठुर वचन बोलनेवाला।
अंब वि [आम्ल] खट्टी वस्तु। मट्ठे से संस्कृत चीज।
अंब वि [ताम्र] लाल, रक्तवर्णवाला।
अंबग देखो अंब = आम्र °ट्ठिया स्त्री [°अस्थि] आम की गुठली।
अंबट्ठ पुं [अम्बष्ठ] देश-विशेष। जिसका पिता ब्राह्मण और माता वैश्य हो वह।
अंबड पुं [अम्बड] एक परिव्राजक, जो महाविदेह क्षेत्र मे जन्म लेकर मोक्ष जायगा। भगवान् महावीर का एक श्रावक, जो आगामी चौबीसी मे २२ वाँ तीर्थंकर होगा।

अंबड वि [दे] कठिन ।
अंबधाई स्त्री [अम्बाधात्री] धाई माता ।
अंबमसी स्त्री [दे] कठिन और वासी कनिक।
अंबर पुंन [अम्बर] एक देव-विमान ।
अंबर न [अम्बर] आकाश। वस्त्र । °तिलय पु [°तिलक] पर्वत-विशेष। °वत्थ न [°वस्त्र] स्वच्छ वस्त्र ।
अंबरस पुन [अम्बरस] आकाश ।
अंबरिस पुन [अम्बरीष] भट्ठी । कोष्ठक । पु नारक-जीवों का दुःख देनेवाले एक प्रकार के परमाधार्मिक देव ।
अंबरिसि पु [अम्बऋषि] ऊपर का तीसरा अर्थ देखो। उज्जयिनी नगरी का निवासी एक ब्राह्मण ।
अंबरीस देखो अंबरिस ।
अंबरीसि देखो अंबरिसि ।
अंबसमिआ } देखो अंबमसी
अंबसमी
अंबहुंडी स्त्री [अम्बहुण्डी] एक देवी ।
अंबा स्त्री [अम्बा] माता । भगवान् नेमिनाथ की शासनदेवी । वल्ली-विशेष ।
अंबाड सक [खरण्ट्] लेप करना ।
अंबाड सक [तिरस्+कृ] उपालम्भ देना, तिरस्कार करना ।
अंबाडग } पुं [आम्रातक] आमला का। न.
अंबाडय } आमला का फल ।
अंबिआ स्त्री [अम्बिका] भगवान् नेमिनाथ की शासनदेवी । पाँचवें वासुदेव की माता । °समय पुं गिरनार पर्वत का एक तीर्थ स्थान।
अंबिर न [आम्र] आम का फल ।
अंबिल पु [आम्ल] खट्टा रस । वि. खटाई वाली चीज । नामकर्म-विशेष ।
अंबिलिया स्त्री [अम्लिका] इमली का पेड़ । इमली का फल ।
अंबु न [अम्बु] पानी । °अ, °ज न [°ज] कमल । [°णाह] पुं [°नाथ] समुद्र । °रुह न कमल । °वह पुं मेघ । °वाह पुं वारिम ।
अंबुपिसाअ पु [दे] राहु ।
अंबुसु पु [दे] श्वापद जन्तु विशेष, हिंसक पशु-विशेष, शरभ ।
अंबेट्टिआ } स्त्री [दे] मुष्टि-द्यूत ।
अंबेट्टी }
अंबेसि पु [दे] दरवाजे का तख्ता ।
अंबोच्ची स्त्री [दे] फूलों को विननेवाली स्त्री ।
अंभ पुं [अम्भस्] पानी ।
अंभ (अप) पुं [अश्मन्] पत्थर ।
अंभो पु [अम्भस्] पानी । अ° न [°ज] कमल । °इणी स्त्री [°जिनी] कमलिनी । °निहि पु [°निधि] समुद्र । °रुह न पद्म ।
अंभोहि पु [अम्भोधि] समुद्र ।
अंस पुं [अंश] भाग, अवयव। भेद, विकल्प । पर्याय, धर्म, गुण ।
अंस पुं [अंश] विद्यमान कर्म । °हर वि [°धर] भागीदार ।
अंस } पुं [अंस] कान्ध, कंधा ।
अंसलग }
अंसि स्त्री [अश्रि] कोण, कोना । धार ।
अंसिया स्त्री [अंशिका] भाग, हिस्सा ।
अंसिया स्त्री [अर्शिका] बवासीर का रोग। नासिका का एक रोग । फुनसी, फोड़ा ।
अंसु पुं [अंशु] किरण। °मालि पुं [°मालिन्] सूर्य ।
अंसु देखो अंसुय = अंशुक ।
अंसु पुं [अंशु] किरण । °मंत, °वंत वि [°मत्] किरणवाला । पुं. सूर्य ।
अंसु न [अश्रु] आंसू ।°मंत, °वंत वि [°मत्] अश्रुवाला ।
अंसुय न [अंशुक] वस्त्र । बारीक वस्त्र । पोशाक ।
अंसोत्थ देखो अस्सोत्थ ।
अंह पुन [अंहस्] मल ।

अंहि पुं [अंह्रि] पाँव ।

अकइ वि [अकति] असंख्यात, अनन्त ।

अकंड देखो अयंड ।

अकंडतलिम वि [दे] स्नेह रहित । जिसने शादी न की हो वह ।

अकंपण वि [अकम्पन] कप रहित । पु रावण का एक पुत्र ।

अकंपिय वि [अकम्पित] कम्प रहित । पु भगवान् महावीर का आठवाँ गणधर ।

अकज्ज देखो अकय = अकृत्य ।

अकण्ण वि [अकर्ण] कर्ण रहित । पु. स्वनामख्यात एक अंतर्द्वीप और उसमे रहनेवाला ।

अकप्प पुं [अकल्प] अयोग्य आचार, शास्त्रोक्त विधि-मर्यादा से वाहर का आचरण ।

अकप्प वि [अकल्प्य] अनाचरणीय, शास्त्र-निषिद्ध आहार-वस्त्र आदि अग्राह्य वस्तु ।

अकप्पिय पु [अकल्पिक] जिसको शास्त्र का पूरा-पूरा ज्ञान न हो ऐसा जैन साधु ।

अकप्पिय देखो अकप्प = अकल्प्य ।

अकम वि [अक्रम] क्रम रहित । एक साथ ।

अकम्म न [अकर्मन्, °क] कर्म का अभाव । पु मुक्त, सिद्ध जीव । कृषि आदि कर्म रहित (देश, भूमि वगैरह) । °भूमग, °भूमय वि [°भूमक] अकर्म-भूमि मे उत्पन्न होने वाला । °भूमि, °भूमी स्त्री जिस भूमि मे कल्प वृक्षो से ही आवश्यक वस्तुओ की प्राप्ति होने से कृषि वगैरह कर्म करने की आवश्यकता नही है वह, भोग-भूमि । °भूमिय वि [°भूमिज] अकर्म-भूमि मे उत्पन्न ।

अकम्हा अ [अकस्मात्] अचानक, निष्कारण ।

°अकय वि [अकृत] नही किया हुआ । °मुह वि [°मुख] अपठित, अशिक्षित । °त्थ वि [°अर्थ] असफल ।

अकय वि [अकृत्य] करने के अयोग्य या अशक्य । न. अनुचित काम । °कारि वि [°कारिन्] अकृत्य को करनेवाला ।

अकय्य (मा) ऊपर देखो ।

अकरण न नही करना । मैथुन ।

अकाइय वि [अकायिक] शारीरिक चेष्टा से रहित । पु. मुक्तात्मा ।

अकाम पु अनिच्छा । वि. निष्काम । °णिज्जरा स्त्री [°निर्जरा] कर्म-नाश की अनिच्छा से बुभुक्षा आदि कष्टो को सहन करना ।

अकामग, अकामय [अकामक] ऊपर देखो । अवाछनीय, इच्छा करने के अयोग्य ।

अकामिय वि [अकामिक] निराश ।

अकाय वि शरीररहित । पु मुक्तात्मा ।

अकार पु 'अ' अक्षर, प्रथम स्वर वर्ण ।

अकारग पु [अकारक] अरुचि, भोजन की अनिच्छा रूप रोग । वि. अकर्ता । °वाइ वि [°वादिन्] आत्मा को निष्क्रिय माननेवाला ।

अकासि अ [दे] निषेध-सूचक अव्यय, अलम् ।

अकिंचण वि [अकिञ्चन] साधु, मुनि, भिक्षुक । निर्धन ।

अकिरिय वि [अक्रिय] आलसी, निरुद्यम । अशुभ व्यापार से रहित । परलोक-विषयक क्रिया को नही माननेवाला, नास्तिक । °प्प वि [°आत्मन्] आत्मा को निष्क्रिय माननेवाला, सांख्य ।

अकीरिय देखो अकिरिय ।

अकुइया स्त्री [अकुचिका] देखो अकुय ।

अकुओभय वि [अकुतोभय] जिसको किसी तरफ से भय न हो वह, निर्भय ।

अकुय वि [अकुच] निश्चल ।

अकोप्प वि [अकोप्य] सुन्दर ।

अकोप्प पुं [दे] अपराध ।

अकोस देखो अक्कोस = अक्रोश ।

अक्क पुं [अर्क] सूर्य। आक का पेड। रावण का एक सुभट। °तूल न आक की रूई। °तेअ पु [°तेजस्] विद्याधर वंश का एक राजा। °वोंदीया स्त्री [°वोन्दिका] वल्ली-विशेष।

अक्क पुं [दे] दूत।

°अक्क देखो चक्क।

अक्कअ वि [अकृत] नही किया गया।

अक्कंड देखो अकंड।

अक्कंत वि [आक्रान्त] बलवान् के द्वारा दवाया हुआ। घेरा हुआ, ग्रस्त। परास्त। एक जाति का निर्जीव वायु। न. आक्रमण, उल्लंघन। °दुक्ख वि [°दुःख] दु.ख से दबा हुआ।

अक्कंत वि [दे] वढा हुआ, प्रवृद्ध।

अक्कंत वि [अकान्त] अनभिलपित, अनभिमत।

अक्कंद अक [आ + क्रन्द्] रोना, चिल्लाना। विलाप करना।

अक्कंद (अप) देखो अक्कम = आ + क्रम्।

अक्कंद पुं [आक्रन्द] रोदन, विलाप, चिल्ला-कर रोना।

अक्कंद वि [दे] रक्षक।

अक्कंदावणय वि [आक्रन्दक] रुलानेवाला।

अक्कम सक [आ+क्रम्] आक्रमण करना, दवाना। परास्त करना। पु चढाई करना।

अक्कमण न [आक्रमण] पराक्रम। वि. आक्रमण करनेवाला।

अक्कसाला स्त्री [दे] जवरदस्ती। उन्मत्त-सी स्त्री।

अक्का स्त्री [दे] वहिन।

अक्का स्त्री कुट्टनी, दूती।

अक्कासी स्त्री व्यन्तर-जातीय एक देवी।

अक्किज्ज वि [अक्रेय] खरीदने के अयोग्य।

अक्किट्ठ वि [अक्लिष्ट] क्लेग-वर्जित। वाधा-रहित।

अक्किट्ठ वि [अकृष्ट] अविलिखित।

अक्किय वि [अक्रिय] क्रियारहित।

अक्कुट्ट वि [दे] अध्यासित, अधिष्ठित।

अक्कुस सक [गम्] जाना।

अक्कुहय वि [अकुहक] निष्कपट।

अक्कूर पु [अक्रूर] श्रीकृष्ण के चाचा का नाम। वि. क्रूरतारहित, दयालु।

अक्केज्ज देखो अक्किज्ज।

अक्केल्लय वि [एकाकिन्] अकेला, एकाकी।

अक्कोड पुं [दे] वकरा।

अक्कोडण न [आक्रोडन] इकट्ठा करना, संग्रह करना।

अक्कोस न [अक्रोश] जिस ग्राम के अति नजदीक मे अटवी, श्वापद या पर्वतीय नदी आदि का उपद्रव हो वह।

अक्कोस सक [आ + क्रुश्] आक्रोश करना।

अक्कोस पु [आक्रोश] कटु वचन, शाप, भर्त्सना।

अक्कोसग वि [आक्रोशक] आक्रोश करने-वाला।

अक्कोह वि [अक्रोध] अल्प-क्रोधी। क्रोधरहित।

अक्ख पुं [अक्ष] जीव, आत्मा। रावण का एक पुत्र। चन्दनक, समुद्र मे होनेवाला एक द्वीन्द्रिय जन्तु जिसके निर्जीव शरीर को जैन साधु लोग स्थापनाचार्य मे रखते है। पहिया की धुरी, कील। चौसर का पासा। विभी-तक। चार हाथ या ९६ अगुलो का एक मान। रुद्राक्ष। न. इन्द्रिय। जूआ। °चम्म न [°चर्मन्] पखाल, मसक। °पाडय न [°पादक] कील का टुकडा। °माला स्त्री जपमाला। °लया स्त्री [°लता] रुद्राक्ष की माला। °वत्त न [°पात्र] पूजा का पात्र। °वलय न रुद्राक्ष की माला। °वाअ पु [°पाद] नैयायिक मत के प्रवर्तक गौतम ऋषि। °वाडग पु [°वाटक] अखाडा। °सुत्तमाला स्त्री [°सूत्रमाला] जपमाला।

अक्ख देखो अक्खा = आ + ख्या ।

अक्खइय वि [आख्यात] उक्त, कथित (सण) ।

अक्खउहिणी देखो अक्खोहिणी ।

अक्खंड वि [अखण्ड] सपूर्ण । अखण्डित । निरन्तर, अविच्छिन्न ।

अक्खंडल पु [आखण्डल] इन्द्र ।

अक्खड सक [आ + स्कन्द्] आक्रमण करना ।

अक्खणवेल न [दे] संभोग । सध्या काल ।

अक्खणिआ स्त्री [दे] विपरीत मैथुन ।

अक्खम वि [अक्षम] असमर्थ । अनुचित ।

अक्खय वि [अक्षत] घावरहित । संपूर्ण । पु. व. अखण्ड चावल ।

°यार वि [°चार] निर्दोप आचरणवाला ।

अक्खय वि [अक्षय] क्षय का अभाव । जिसका कभी नाश न हो वह ।

°निहि पुन [°निधि] एक प्रकार की तपश्चर्या । °तइया स्त्री [°तृतीया] वैशाख शुक्ल तृतीया ।

अक्खर पुन [अक्षर] अक्षर, वर्ण । ज्ञान चेतना । वि. नित्य । °त्थ पुं [°ार्थ] शब्दार्थ । °पुट्ठिया स्त्री [°पुष्ठिका] लिपिविशेप । समास पुं अक्षरो का समूह । श्रुत-ज्ञान का एक भेद ।

अक्खल पुं [दे] अखरोट वृक्ष । न. अखरोट वृक्ष का फल ।

अक्खलिय वि [दे] प्रतिध्वनित । व्याकुल ।

अक्खलिय वि [अस्खलित] अबाधित, निरुपद्रव । अपतित ।

अक्खवाया स्त्री [दे] दिशा ।

अक्खा सक [आ + ख्या] कहना, बोलना । उपदेश देना । प्रतिपादित करना ।

अक्खा स्त्री [आख्या] नाम ।

अक्खाय न [आख्यातिक] क्रियापद, क्रिया वाचक शब्द ।

अक्खाइय वि [अक्षितिक] स्थायी, शाश्वत ।

अक्खाइया स्त्री [आख्यायिका] उपन्यास, वार्ता, कहानी ।

अक्खाउ वि [आख्यातृ] कहनेवाला ।

अक्खाग पु [आख्याक] म्लेच्छों की एक जाति ।

अक्खाडग } पु [अक्षवाटक] जूआ खेलने
अक्खाडय } का अड्डा । अखाडा, व्यायाम-स्थान । प्रेक्षको को बैठने का आसन ।

अक्खाण न [आख्यान] कथन, निवेदन । वार्ता, उपकथा ।

अक्खाय वि [आख्यात] प्रतिपादित, कथित । न क्रियापद ।

अक्खाय न [अखात] हाथी को पकडने के लिए किया जाता गढा, खड्डा ।

अक्खाया स्त्री [आख्याता] एक प्रकार की जैन दीक्षा ।

अक्खि त्रि [अक्षि] आख ।

अक्खिअ वि [आक्षिक] पामा से जूआ खेलनेवाला, जुआडी ।

अक्खिअ वि [आख्यात] प्रतिपादित, कथित ।

अक्खितर न [अक्ष्यन्तर] आख का कोटर ।

अक्खित्त वि [आक्षिप्त] सब तरह से प्रेरित । व्याकुल । जिस पर टीका की गई हो वह । आकृष्ट । सामर्थ्य से लिया हुआ ।

अक्खित्त न [अक्षेत्र] मर्यादित क्षेत्र के बाहर का प्रदेश ।

अक्खिव सक [आ + क्षिप्] आक्षेप करना, टीका करना, दोपारोप करना । रोकना । गँवाना । व्याकुल करना । स्वीकार करना । घबराना ।

अक्खिव सक [आ + क्षिप्] आक्रोश करना ।

अक्खीण वि [अक्षीण] क्षयरहित, अखूट । परिपूर्ण । °महाणसिय वि [°महानसिक] जिसको निम्नोक्त अक्षीण महानसी शक्ति प्राप्त हुई हो वह ।°महाणसी स्त्री [°महानसी] वह अद्भुत आत्मिक शक्ति जिससे थोड़ा भी

टुकड़ा ।

अगंडिगेह वि [दे] यौवनोन्मत्त ।

अगंडूयग वि [अकण्डूयक] नहीं खुजलाने-वाला ।

अगंथ वि [अग्रन्थ] धनरहित । पु स्त्री निर्ग्रन्थ, जैन साधु ।

अगंधण पु [अगन्धन] इस नाम की सर्पों की एक जाति ।

अगड पुं [दे. अवट] कूप, इनारा । °तड त्रि [°तट] इनारा का किनारा । °दत्त पुं इस नाम का एक राजकुमार । दद्दुर पुं [°दर्दुर] कुंए का मेढक, अल्पज्ञ, वह मनुष्य जो अपना घर छोड बाहर न गया हो ।

अगड पु [अवट] कूप के पास पशुओ के जल पीने के लिए जो गर्त बनाया जाता है वह ।

अगड वि [अकृत] नही किया हुआ ।

अगणि पुं [अग्नि] आग । °काय पुं अग्नि के जीव । °मुह पुं [°मुख] देव, देवता ।

अगणिअ वि [अगणित] अवगणित, अपमा-नित ।

अगत्थि, अगत्थिय पुं [अगस्ति, °क] इस नाम का एक ऋषि । वृक्ष-विशेष । एक तारा, अठासी महाग्रहो मे ५४ वाँ महाग्रह ।

अगन्न वि [अकर्ण्य] नही सुनने लायक ।

अगम पु वृक्ष । वि. स्थावर । न आकाश ।

अगमिय वि [अगमिक] वह शास्त्र, जिसमे एक सदृश पाठ न हो, या जिसमे गाथा वगैरह पद्य हो ।

अगम्म वि [अगम्य] जाने के अयोग्य । स्त्री. भोगने के अयोग्य, भगिनी, पर-स्त्री आदि । °गामि वि [°गामिन्] पर-स्त्री को भोगने-वाला, पारदारिक ।

अगय न [अगद] औषध ।

अगय पुं [दे] दानव ।

अगर पुंन [अगरु] सुगन्धि काष्ठ-विशेष ।

अगरल वि [अगरल] सुविभक्त, स्पष्ट ।

अगरु देखो अगर ।

अगरुलहु वि [अगुरुलघु] जो भारी भी न हो और हलका भी न हो वह । °णाम न [°नामन्] कर्म-विशेष, जिससे जीवो का शरीर न भारी न हलका होता है ।

अगलदत्त पुं [अगडदत्त] एक रथिक-पुत्र ।

अगलय देखो अगर ।

अगहण पुं [दे] कापालिक, एक ऐसे संप्रदाय के लोग, जो माथे की खोपडी मे ही खाने-पीने का काम करते है ।

अगहिल्ल वि [अग्रहिल] जो भूतादि मे आविष्ट न हो, अपागल । °राय पुं [°राज] एक राजा, जो वास्तव मे पागल न होने पर भी पागल-प्रजा के आक्रमण से बनावटी पागल बना था ।

अगाढ वि [अगाध] अथाह, बहुत गहरा ।

अगामिय वि [अग्रामिक] ग्रामरहित ।

अगार पु [अकार] 'अ' अक्षर ।

अगार न गृह । पुं. गृहस्थ, गृही, संसारी । °त्थ वि [°स्थ] गृही । °धम्म पुं [°धर्म] गृहि-धर्म, श्रावक-धर्म ।

अगारग वि [अकारक] अकर्ता ।

अगारि वि [अगारिन्] गृहस्थ, गृही ।

अगारी स्त्री [अगारिणी] गृहस्थ स्त्री ।

अगाल देखो अयाल ।

अगाह वि [अगाध] गहरा, गंभीर ।

अगिणि देखो अग्गि ।

अगिला स्त्री [अग्लानि] अखिन्नता, उत्साह ।

अगिला स्त्री [दे] अवज्ञा, तिरस्कार ।

अगुण देखो अउण ।

अगुण वि [अगुण] गुणरहित, निर्गुण । पु. दोष, दूपण ।

अगुणासी देखो एगूणासी ।

अगुरु वि छोटा । पुन. सुगन्धि काष्ठविशेष ।

अगुरुलहु देखो अगुरुलहु ।

अगुलु देखो अगुरु ।

अग्ग न [अग्रव] प्रकर्ष ।

अग्ग पुन [दे] परिहास । वर्णन ।

अग्ग न [अग्र] आगे का भाग, ऊपर का भाग । पूर्वभाग । परिमाण । वि. प्रधान, श्रेष्ठ । अग्रवर्ती । प्रथम । °क्खंध पुं [°स्कन्ध] सैन्य का अग्र भाग । °गामिग वि [°गामिक] अग्रगामी । °ज देखो °य । °जम्म [जन्मन्] देखो °य । °जाय [°जात] देखो °य । °जीहा स्त्री [जिह्वा] जीभ का अग्र-भाग । °णिय, °णी वि [°णी] नायक । °तावस पुं [°तापस] ऋषि-विशेष का नाम । °द्ध न [°ार्ध] पूर्वार्द्ध । °पिंड पुं [°पिण्ड] एक प्रकार का भिक्षान्न । °प्पहारि वि [°प्रहारिन्] पहले प्रहार करनेवाला । °बीय वि [°बीज] जिसमेंबीजपहले ही उत्पन्न हो जाता है या जिसकी उत्पत्ति में उसका अग्रभाग ही कारण होता है; जैसे आम, कोरंटक आदि वनस्पति । °मणि पुं [°मणि] मुख्य, श्रेष्ठ, शिरोमणि । °महिसी स्त्री [°महिषी] पटरानी । °य वि [°ज] आगे उत्पन्न होने वाला । पुं ब्राह्मण । बडा भाई । स्त्री. बड़ी बहन । °लोग पुं [°लोक] मुक्तिस्थान । °हत्थ पु [°हस्त] हाथ का अग्र-भाग । हाथ का अवलम्बन । अंगुली ।

अग्ग न [अग्र] प्रभूत, बहु । उपकार । °भाव न धनिष्ठा-नक्षत्र का गोत्र । °माहिसी देखो °महिसी ।

अग्ग वि [अग्र्य] श्रेष्ठ । प्रधान ।

अग्गंथ वि [अग्रन्थ] धनरहित । पु जैन साधु ।

अग्गक्खंध पुं [दे] रणभूमि का अग्रभाग ।

अग्गल न [अर्गल] किवाड बन्द करने की लकडी । पुं. एक महाग्रह । °पासय पु [°पाशक] जिसमे आगल दिया जाता है वह स्थान । °पासाय पुं [°प्रासाद] जहाँ आगल दिया जाता है वह घर ।

अग्गल वि [दे] अधिक ।

अग्गवेअ पुं [दे] नदी का पूर ।

अग्गह पुं [आग्रह] हठ, अभिनिवेश ।

अग्गहण न [अग्रहण] अज्ञान । नहीं लेना ।

अग्गहण न [दे. अग्रहण] अनादर ।

अग्गहणिया स्त्री [दे] गर्भाधान के बाद किया जाता एक संस्कार और उसके उपलक्ष्य में मनाया जाता उत्सव ।

अग्गहिअ वि [दे] निर्मित । स्वीकृत ।

अग्गाणी वि [अग्रणी] मुख्य ।

अग्गारण न [उद्गारण] वमन ।

अग्गाह वि [अगाध] अगाध ।

अग्गाहार पु [अग्राधार] ग्राम-विशेष का नाम ।

अग्गाहार पुं [दे. अग्राहार] उच्च जीविका ।

अग्गि पु [अग्नि] एक नरक-स्थान । °हुत्त देखो °होत्त । अग्गि पुं स्त्री [अग्नि] आग । कृत्तिका नक्षत्र का अधिष्ठायक देव । लोकान्तिक देव-विशेष । °आरिआ स्त्री [°कारिका] होम । °उत्त पुं [°पुत्र] ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकर का नाम । °कुमार पुं भवनपति देवो की एक अवान्तर जाति । °कोण पुं पूर्व और दक्षिण के बीच की दिशा । °जस पुं [°यशस] देव-विशेष । °ज्जोय पुं [°द्योत] भगवान् महावीर का पूर्वीय बीसवें ब्राह्मण-जन्म का नाम । °ट्ठ वि [°स्थ] आग में रहा हुआ । °ट्टोम पुं [°ष्टोम] यज्ञ-विशेष । °थंभणी स्त्री [°स्तम्भनी] आग की शक्ति को रोकनेवाली एक विद्या । °दत्त पुं भगवान् पार्श्वनाथ के समकालीन ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकर देव । भद्रबाहु स्वामी का एक शिष्य । °दाण पु [°दान]सातवें वासुदेव के पिता का नाम । °देव पु देवविशेष ।°भूइ पुं [°भूति] भगवान् महावीर का द्वितीय गणधर । भगवान् महावीर

का पूर्वीय अठारहवें ब्राह्मणजन्म का नाम। °माणव पुं अग्निकुमार देवों का उत्तर-दिशा का इन्द्र। °माली स्त्री एक इन्द्राणी। °वेस पु [°वेश] इस नाम का एक प्रसिद्ध ऋषि। न एक गोत्र। °वेस पुं [°वेश्मन्] चतुर्दशी तिथि। दिवस का बाईसवाँ मुहूर्त। °वेसायण पुं [°वैश्यायन] अग्निवेश ऋषि का पौत्र। अग्निवेश गोत्र मे उत्पन्न। गोशालक का एक दिक्चर। दिन का बाईसवाँ मुहूर्त। °सक्कार पु [°संस्कार] विधि-पूर्वक दाह देना। °सप्पभा स्त्री [°सप्रभा] भगवान् वासुपूज्य की दीक्षा समय की पालकी का नाम। °सम्म पु [°शर्मन्] एक प्रसिद्ध तपस्वी ब्राह्मण। °सिह पु [°शिख] सातवे वासुदेव का पिता। अग्निकुमार देवों का दक्षिण दिशा का इन्द्र। °सिह पुं [°सिंह] एक जैन मुनि। °सिहाचारण पु [°शिखाचारण] अग्नि-शिखा मे निर्बाधतया गमन करने की शक्ति वाला साधु। °सीह पु [°सिंह] सातवे वासुदेव के पिता का नाम। °सेण पु [°षेण] ऐरवत क्षेत्र के तीसरे और बाईसवे तीर्थंकर। °होत्त न [°होत्र] अग्न्याधान, होम। पुं ब्राह्मण। °होत्तवाइ वि [°होत्रवादिन्] होम से ही स्वर्ग की प्राप्ति माननेवाला। °होत्तिय वि [°होत्रिक] होम करनेवाला।

अग्गिअ पु [अग्निक] यमदग्नि नामक एक तापस। भस्मक रोग।

अग्गिअ पु [दे] इन्द्रगोप, एक जाति का क्षुद्र कीट। वि. मन्द।

अग्गिआय पु [दे] इन्द्रगोप।

अग्गिच्च वि [आग्नेय] अग्नि-सम्बन्धी। पुं लोकान्तिक देवों की एक जाति। न. गोतम गोत्र की शाखा।

अग्गिच्चाभ न [आग्नेयाभ] देव-विमान विशेष।

अग्गिज्झ वि [अग्राह्य] लेने के अयोग्य।

अग्गिम वि [अग्रिम] प्रथम। श्रेष्ठ, प्रधान।

अग्गियय पुं [आग्नेयक] इस नाम का एक राजपुत्र।

अग्गिल देखो अग्गिल्ल अग्निल।

अग्गिलिय देखो अग्गिम।

अग्गिल्ल पुं [अग्निल] एक महाग्रह।

अग्गिल्ल वि [अग्रिम] अग्रवर्ती।

अग्गीय देखो अगीय।

अग्गीवय न [दे] घर का एक भाग।

अग्गुच्छ वि [दे] प्रमित, निश्चित।

अग्गे अ [अग्रे] आगे, पहले। °यण वि [तन] आगे का, पहले का। °सर वि नायक।

अग्गेई स्त्री [आग्नेयी] अग्निकोण।

अग्गेणिय न [अग्रायणीय] दूसरा पूर्व, बारहवें जैनागम का दूसरा महान् भाग।

अग्गेणी देखो अग्गेई।

अग्गेणीय देखो अग्गेणिय।

अग्गेय वि [आग्नेय] अग्नि (कोण)सम्बन्धी। अग्नि-सम्बन्धी। न. शस्त्र-विशेष। वत्स गोत्र की शाखा। अग्नि-कोण, दक्षिण-पूर्व दिशा।

अग्गोदय न [अग्रोदक] समुद्रीय वेला की वृद्धि और हानि।

अग्घ अक [राज्] शोभना, चमकना।

अग्घ सक [आ-घ्रा] सूंघना।

अग्घ शक [अर्ह्] योग्य होना।

अग्घ सक [अर्घ्] अच्छी कीमत से बेचना। आदर करना।

अग्घ पुं [अर्घ] एक देव-विमान। पूजा मछली की एक जाति। पूजा-सामग्री। पूजा मे जलादि देना। मूल्य। °वत्त न [°पात्र] पूजा का पात्र।

अग्घ वि [अर्घ्य] पूजा मे दिया जाता जलादि द्रव्य। कीमती।

अग्घव सक [पूर्] पूर्ति करना।

अग्घविय वि [अर्घित] पूजित, सत्कृत।

अग्घा सक [आ + घ्रा] सूंघना ।
अग्घाड सक [पूर्] पूरा करना ।
अग्घाड पुं [दे] वृक्ष-विशेष, अपामार्ग, चिचडा, लटजीरा ।
अग्घाण वि [दे] तृप्त ।
अग्घाय वि [आघ्रात] सूंघा हुआ ।
अग्घिय वि [अर्घित] बहुमूल्य, कीमती । पूजित ।
अग्घोदय न [अर्घोदक] पूजा का जल ।
अघ न पाप । वि. शोचनीय, शोक का हेतु ।
अघो देखो अहो ।
अचक्खु पु न [अचक्षुस्] आँख के सिवाय बाकी इन्द्रियाँ और मन । वि. अंधा । °दंसण न [दर्शन] आँख को छोड बाकी इन्द्रियाँ और मन से होने वाला सामान्य ज्ञान । °दंसणावरण न [°दर्शनावरण] अचक्षुर्दर्शन को रोकने-वाला कर्म । °फास पुं [°स्पर्श] अंधकार ।
अचक्खुस वि [अचाक्षुष] जो आँख से देखा न जा सके ।
अचक्खुस्स वि [अचक्षुष्य] जिसको देखने का मन न चाहता हो ।
अचर वि पृथिव्यादि स्थिर पदार्थ ।
अचल वि निश्चल । पु यदुवंश के राजा अन्धकवृष्णि के एक पुत्र का नाम । एक बल-देव का नाम । पर्वत । एक राजा, जिसने रामचन्द्र के छोटे भाई के साथ जैन दीक्षा ली थी । °पुर न ब्रह्म-द्वीप के पास का एक नगर । °प्प न [°ात्मन्] हस्तप्रहेलिका को ८४ लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह, अन्तिम संख्या । °भाय पु [°भ्रातृ] भगवान् महावीर का नववाँ गणधर ।
अचल पु छठवाँ रुद्र पुरुष ।
अचल न [दे] घर । घर का पिछला भाग । वि कहा हुआ । निर्दय । नीरस, सूखा ।
अचला स्त्री पृथिवी । एक इन्द्राणी ।
अचिंत वि [अचिन्त] निश्चिन्त ।
अचिंत वि [अचिन्त्य] अनिर्वचनीय, अद्भुत ।
अचिंतिय वि [अचिन्तित] आकस्मिक, अस-भावित ।
अचित्त वि जीव-रहित, अचेतन ।
अचियत्त } वि [दे] अनिष्ट । न. अप्रीति ।
अचियत्त }
अचिरजुवइ देखो अइरजुवइ ।
अचिरा देखो अइरा ।
अचिराभा स्त्री बिजली ।
अचेल न वस्त्रों का अभाव । अल्प-मूल्यक वस्त्र । थोड़ा वस्त्र । वि. वस्त्र-रहित । जीर्ण वस्त्र वाला । अल्प वस्त्र वाला । मैला । °परिसह, °परीसह पु [°परिषह, °परीषह] वस्त्र के अभाव में अथवा जीर्ण, अल्प या कुत्सित वस्त्र होने से उसे अदीन भाव से सहन करना ।
अचेलग } वि [अचेलक] नग्न । फटा-टूटा
अचेलय } वस्त्र वाला । मलिन वस्त्र वाला । अल्प वस्त्र वाला । निर्दोष वस्त्र वाला । अनियत रूप से वस्त्र का उपभोग करनेवाला ।
अच्च सक [अर्च्] पूजना ।
अच्च पु [अर्च्य] लव (काल मान) का एक भेद । वि. पूजनीय ।
अच्चंग न [अत्यङ्ग] भोग के मुख्य साधन ।
अच्चंत वि [अत्यन्त] हद से ज्यादा । °थावर वि [°स्थावर] अनादि-काल से स्थावर-जाति में रहा हुआ । °दूसमा स्त्री [°दुष्षमा] देखो दुस्समदुस्समा ।
अच्चंतिअ वि [आत्यन्तिक] अत्यन्त शाश्वत ।
अच्चग वि [अर्चक] पूजक ।
अच्चग्गल वि [अत्यर्गल] निरंकुश ।
अच्चणिया स्त्री [अर्चनिका] अर्चन ।
अच्चत्त वि [अत्यक्त] नहीं छोडा हुआ ।
अच्चत्थ वि [अत्यर्थ] बहुत । गंभीर अर्थ वाला । अत्यंत ।
अच्चब्भुय वि [अत्यद्भुत] बडा आश्चर्य-

जनक।

अच्चय पु [अत्यय] विपरीत आचरण। विनाश, मरण।

अच्चय वि [अर्चक] पूजक।

अच्चर, अच्चरिअ, अच्चरीअ न [आश्चर्य] विस्मय, चमत्कार।

अच्चहम वि [अत्यधम] अति नीच।

अच्चा स्त्री [अर्चा] शरीर। पूजा। सत्कार। लेश्या, चित्त-वृत्ति। ऐश्वर्य।

अच्चासण पु [अत्यशन] द्वादशी तिथि।

अच्चासणया स्त्री [अत्यासनता] खूब बैठना, देर तक या बारबार बैठना।

अच्चासणया स्त्री [अत्यशनता] खूब खाना।

अच्चासण्ण न [अत्यासन्न] अति समीप।

अच्चासाइय, अच्चासादिय वि [अत्याशातित] अपमानित, हैरान किया गया।

अच्चासाय सक [अत्या + शातय्] अपमान करना, हैरान करना।

अच्चाहिअ, अच्चाहिद वि [अत्याहित] महा-भीति। झूठा। ऐसा जखमी कार्य, जिसमे प्राणहानि की सम्भावना हो।

अच्चि स्त्री [अर्चिस्] कान्ति। अग्नि की ज्वाला। किरण। दीप की शिखा। न. लोकान्तिक देवो का एक विमान। °मालि पुं [°मालिन्]सूर्य। वि. किरणो से शोभित। न लोकान्तिक देवो का एक विमान। °माली स्त्री चन्द्र और सूर्य की तृतीय अग्रमहिषी का नाम। 'ज्ञातासूत्र' के द्वितीय श्रुतस्कन्ध के एक अध्ययन का नाम। शक्रेन्द्र की तृतीय अग्रमहिषी की राजधानी का नाम। °मालिणी स्त्री [°मालिनी] चन्द्र और सूर्य की एक अग्रमहिषी का नाम।

अच्चिअ वि [अर्चित] पूजित, सत्कृत। न. विमान-विशेष।

अच्चित्त देखो अचित्त।

अच्चीकर सक [अर्ची + कृ] प्रशंसा करना। खुशामद करना।

अच्चुअ पु [अच्युत] विष्णु। बारहवाँ देवलोक। ग्यारहवाँ और बारहवाँ देवलोक का इन्द्र। अच्युत-देवलोकवासी देव। °नाह पुं [°नाथ] बारहवाँ देवलोक का इन्द्र। °वइ पु [°पति] इन्द्र-विशेष। °वडिंसग न [°ावतंसक] विमान-विशेष का नाम। °सग्ग पु [°स्वर्ग] बारहवाँ देवलोक पु न एक देव-विमान।

अच्चुआ स्त्री [अच्युता] छठवे और सतरहवे तीर्थंकर की शासनदेवी।

अच्चुइंद पु [अच्युतेन्द्र] ग्यारहवाँ और बारहवाँ देवलोक का स्वामी।

अच्चुक्कड वि [अत्युत्कट] अत्यन्त उग्र।

अच्चुग्ग वि [अत्युग्र] ऊपर देखो।

अच्चुच्च वि [अत्युच्च] खूब ऊँचा।

अच्चुट्ठिय वि [अत्युत्थित] अकार्य करने को तैय्यार।

अच्चुण्ह वि [अत्युष्ण] खूब गरम।

अच्चुत्तम वि [अत्युत्तम] अति श्रेष्ठ।

अच्चुदय न [अत्युदक] बड़ी वर्षा। प्रभूत पानी।

अच्चुदार वि [अत्युदार] अत्यन्त उदार।

अच्चुन्नय वि [अत्युन्नत] बहुत ऊँचा।

अच्चुब्भड वि [अत्युद्भट] अति-प्रबल।

अच्चुवयार पुं [अत्युपकार] महान् उपकार।

अच्चुवयार पु [अत्युपचार] विशेष सेवा-शुश्रूषा।

अच्चुव्वाय वि [अत्युद्वात] अत्यन्त थका हुआ।

अच्चुसिण वि [अत्युष्ण] अधिक गरम।

अच्चे अक [अति + इ] अतिक्रान्त होना, गुजरना। सक उल्लघन करना।

अच्चे सक [अत्या + इ] त्याग करवाना।

अच्चेअर न [आश्चर्य] आश्चर्य ।
अच्छ अक [आस्] बैठना ।
अच्छ सक [आ + छिद्] काटना । खीचना ।
अच्छ वि स्वच्छ । पुं. स्फटिक रत्न । पुं. ब. आर्य देश-विशेष ।
अच्छ पुं [ऋक्ष] रीछ ।
अच्छ वि [आच्छ] अच्छे देश मे उत्पन्न ।
अच्छ पु मेरु पर्वत । न. तीन बार औटा हुआ स्वच्छ पानी ।
अच्छ न [दे] अत्यन्त । शीघ्र ।
°अच्छ वि [अक्षि] आँख ।
°अच्छ पुं [कच्छ] अधिक पानीवाला प्रदेश । लताओ का समूह । तृण ।
°अच्छ पु [वृक्ष] वृक्ष ।
अच्छअ पुं [अक्षक] बहेडा का वृक्ष । न. स्वच्छ जल ।
अच्छअर न [आश्चर्य] विस्मय, चमत्कार ।
अच्छंद वि [अच्छन्द] पराधीन ।
अच्छक्क देखो अत्थक्क ।
अच्छण न [आसन] बैठना । पालकी वगैरह सुखासन । °घर न [°गृह] विश्राम-स्थान ।
अच्छण न [दे] सेवा । देखना । अहिंसा, दया ।
अच्छणिउर न [अच्छनिकुर] अच्छनिकुराग को चौरासी लाख से गुणने पर जो सख्या लब्ध हो वह ।
अच्छणिउरंग न [अच्छनिकुराङ्ग] नलिन को चौरसी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ।
अच्छण्ण वि [अच्छन्न] प्रकट ।
अच्छभल्ल पु [ऋक्षभल्ल] रीछ ।
अच्छभल्ल पु [दे] यक्ष, देव-विशेष ।
अच्छरआ देखो अच्छरा ।
अच्छरय पु [आस्तरक] शय्या पर बिछाने का वस्त्र-विशेष ।
अच्छरसा, अच्छरा } स्त्री [अप्सरस्] इन्द्र की पटरानी । 'ज्ञाताधर्मकथा' का एक अध्ययन । देवी । रूपवती स्त्री ।
अच्छरा स्त्री [दे. अप्सरा] चुटकी । चुटकी की आवाज ।
अच्छराणिवाय पुं [दे] चुटकी । चुटकी बजाने मे जितना समय लगता है वह, अत्यल्प समय ।
अच्छरिअ, अच्छरिज्ज, अच्छरीअ } न [आश्चर्य] विस्मय, चमत्कार ।
अच्छल न निर्दोपता, अनपराध ।
अच्छवि वि जैन-दर्शन मे जिसको स्नातक कहते है वह, जीवनमुक्त योगी ।
अच्छविकर पु [अक्षपिकर] एक प्रकार का मानसिक विनय ।
अच्छहल्ल पुं [ऋक्षभल्ल] रीछ ।
अच्छा स्त्री वरुण देश की राजधानी ।
°अच्छा स्त्री [कक्षा] गर्व ।
अच्छाइ वि [आच्छादिन्] ढकनेवाला ।
अच्छायण न [आच्छादन] ढकना । वस्त्र ।
अच्छायत वि [अच्छातान्त] तीक्ष्ण ।
अच्छि त्रि [अक्षि] आँख । °चमढण न [°मलन] आँख का मलना । °णिमीलिय न [निमीलित] आँख को मूँदना, मीचना । आँख मिचने मे जो समय लगे वह । °पत्त न [°पत्र] आँख का पक्ष्म । °वेहग पु [°वेधक] एक चतुरिन्द्रिय जन्तु । °रोडय पुं [°रोडक] एक चतुरिन्द्रिय जन्तु । °ल्ल वि [°मत्] आँख वाला प्राणी । चतुरिन्द्रिय जन्तु । °मल पु आँख का मैल ।
अच्छिंद सक[आ + छिद्] थोडा छेद करना । एक वार छेद करना । बलात्कार से छीन लेना । थोड़ा काटना ।
अच्छिंद पु [अक्षीन्द्र] गोशालक के एक दिक्-चर (शिष्य) का नाम ।
अच्छिक्क वि [दे] अस्पृष्ट ।
अच्छिघरुल्ल वि [दे] अप्रीतिकर । पुं

पोशाक ।

अच्छिज्ज वि [आच्छेद्य] जबरदस्ती जो दूसरे से छीन लिया जाय । पुं जैन साधु के लिए भिक्षा का एक दोष ।

अच्छिज्ज वि [अच्छेद्य] जो तोडा न जा सके ।

अच्छित्ति स्त्री नित्यता । वि. नाश-रहित । °णय पुं [°नय] वस्तु को नित्य माननेवाला पक्ष ।

अच्छिद्द वि [अच्छिद्र] छिद्र-रहित, निविड । निर्दोष ।

अच्छिण्ण वि [आच्छिन्न] बलात्कार से छीना हुआ । छेदा हुआ, तोडा हुआ ।

अच्छिण्ण वि [अच्छिन्न] नही तोडा हुआ । अन्तर-रहित ।

अच्छिप्प वि [अस्पृश्य] छूने के अयोग्य ।

अच्छिवडण न [दे] आँख का मूँदना ।

अच्छिविअच्छि स्त्री [दे] परस्पर-आकर्षण ।

अच्छिहरिल्ल, अच्छिहरुल्ल } देखो अच्छिघरुल्ल ।

अच्छी देखो अच्छि

अच्छुक्क न [दे] आँख का कोटर ।

अच्छुत्ता स्त्री [अच्छुप्ता] एक विद्याधिष्ठात्री देवी । भगवान् मुनिसुव्रत स्वामी की शासन-देवी ।

अच्छुद्धसिरी स्त्री [दे] असंभावित लाभ ।

अच्छुल्लूढ वि [दे] निष्कासित, स्थान-भ्रष्ट किया हुआ ।

अच्छेज्ज देखो अच्छिज्ज ।

अच्छेर न [आश्चर्य] विस्मय, चमत्कार । पुन. अपूर्व घटना । °कर वि विस्मय-जनक, चमत्कार उपजानेवाला ।

अच्छोड सक[आ+छोटय्] पटकना । सिंचना ।

अच्छोड पु [आच्छोट] सिंचन । आस्फालन करना, पटकना ।

अच्छोडण न [आच्छोटन] सिंचन । आस्फालन, वेणी । मृगया ।

अच्छोडाविय वि [दे आच्छोटित] बंधित ।

आच्छोडिअ वि [दे] आकृष्ट ।

अछिप्प वि [अस्पृश्य] स्पर्श करने के अयोग्य ।

अज देखो अय = अज ।

अजगर देखो अयगर ।

अजड पुं [दे] जार ।

अजड वि पक्व, विकसित । निपुण ।

अजम वि [दे] सरल । जमाईन ।

अजय वि [अयत] पाप-कर्म से अविरत, नियम-रहित । अनुद्योगी । उपयोग-शून्य, बेख्याल ।

अजय पु षट्पद छंद का एक भेद ।

अजर वि वृद्धावस्था-रहित । पुं देव । मुक्त आत्मा ।

अजराउर वि [दे] गरम ।

अजरामर वि बुढापा और मृत्यु से रहित । न. मुक्ति । स्त्री. °रा विद्या-विशेष ।

अजस पु [अयशस्] अपयश । °ोकित्तिणाम न [°कीर्तिनामन्] अपकीर्त्ति का कारण-भूत एक कर्म ।

अजस्स क्रिवि [अजस्र] निरन्तर, हमेशा ।

अजा देखो अया ।

अजाय वि [अजात] अनुत्पन्न । °कप्प पुं [°कल्प] शास्त्रो को पूरा-पूरा नही जानने-वाला जैन साधु, अगीतार्थ । °कप्पिय पुं [°कल्पिक] अगीतार्थ जैन साधु ।

अजिअ वि [अजित] अपराजित । पुं दूसरे तीर्थंकर का नाम । नववें तीर्थंकर का अधिष्ठाता देव । एक भावी बलदेव । °बला स्त्री भगवान् अजितनाथ की शासनदेवी । °सेण पु [°सेन] एक प्रसिद्ध राजा । चौथा कुलकर । एक विख्यात जैन मुनि । पुं भगवान् मल्लिनाथ का प्रथम श्रावक ।

°नाह पुं [नाथ] नववाँ रुद्र पुरुष ।

अजिअ वि [अजीव] जीव-रहित ।

अजिअ वि [अजय्य] जो जीता न जा सके ।

अजिया स्त्री [अजिता] भगवान् अजितनाथ की शासन देवी । चतुर्थ तीर्थंकर की एक मुख्य शिष्या ।

अजिण न [अजिन] हरिण आदि पशुओ का चमड़ा । वि. जिसने राग-द्वेष का सर्वथा नाश नही किया है वह । जिन भगवान् के तुल्य सत्योपदेशक जैन साधु ।

अजियधर पु [अजितधर] ग्यारह रुद्रो मे आठवाँ रुद्र पुरुष ।

अजिर न आँगन ।

अजीर देखो अइन्न = अजीर्ण ।

अजीव पु अचेतन, निर्जीव, जड पदार्थ । °काय पु धर्मास्तिकाय आदि अजीव पदार्थ ।

अजुअ पु [दे] वृक्ष-विशेष, सप्तच्छद, सतौना ।

अजुअ न [अयुत] दश हजार ।

अजुअलवण्ण पु [अयुगलपर्ण] सतौना ।

अजुअलवण्णा स्त्री [दे] इमली का पेड ।

अजुत्त वि [अयुक्त] अयोग्य । °कारि वि [°कारिन्] अयोग्य कार्य करनेवाला ।

अजुत्तीय वि [अयुक्तिक] अन्याय्य ।

अजुय देखा अउअ ।

अजेअ वि [अजय] जो जीता न जा सके ।

अजोग पुं [अयोग] मन, वचन और काया के सब व्यापारो का जिसमे अभाव होता है वह सर्वोत्कृष्ट योग, शैलेशी-करण ।

अजोग वि [अयोग्य] अयोग्य ।

अजोगि पु [अयोगिन्] सर्वोत्कृष्ट योग को प्राप्त योगी । मुक्त आत्मा ।

अज्ज सक [अर्ज्] पैदा करना, उपार्जन करना, कमाना ।

अज्ज वि [अर्य] वैश्य । स्वामी ।

अज्ज वि [आर्य] निर्दोष । आर्य-गोत्र मे उत्पन्न । शिष्ट-जनोचित । °खउड पु [°खपुट] एक जैन आचार्य । उत्तम । मुनि । सत्यकार्य करनेवाला । पूज्य । पु मातामह । पितामह । एक ऋषि का नाम । न. गोत्र-विशेष । जैन साधु, साध्वी और उनकी शाखाओ के पूर्व मे यह शब्द प्रायः लगता है, जैसे अज्जवइर, अज्जचंदणा, अज्जपोमिला । °उत्त पु [°पुत्र] पति । मालिक का पुत्र । °घोस पुं [°घोष] भगवान् पार्श्वनाथ का एक गणधर । °मंगु पु [°मङ्गु] एक प्राचीन जैनाचार्य । °मिस्स वि[°मिश्र]पूज्य, मान्य । °समुद्द पुं [°समुद्र] एक प्रसिद्ध जैनाचार्य ।

अज्ज अ [अद्य] आज । °त्त वि [°तन] आजकल का । °त्ता स्त्री [°ता] आज कल । °प्पभिइ अ [°प्रभृति] आज से ले कर ।

अज्ज पु [दे] जिनेन्द्र देव । बुद्ध देव ।

अज्ज न [आज्य] घी ।

अज्ज° देखो रि = ऋ ।

अज्जं अ [अद्य] आज ।

अज्जंत वि [आयत्] आगामी । °काल पु भविष्य काल ।

अज्जहिज्जो अ [अद्यह्यः] आजकल ।

अज्जकालिअ वि [अद्यकालिक] आजकल का ।

अज्जग देखो अज्जय = अर्जक ।

अज्जण } [अर्जन] उपार्जन । पैदा करना ।
अज्जणण }

अज्जम पु [अर्यमन्] सूर्य । देव-विशेष । उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र का अधिष्ठायक देव । न. उत्तरा-फाल्गुनी नक्षत्र ।

अज्जय पु [आर्यक] मातामह । पितामह ।

अज्जय वि [अर्जक] उपार्जन करनेवाला । पु वृक्षविशेष ।

अज्जय पुं [दे] सुरस नामक तृण । गुरेटक नामक तृण । तृण ।

अज्जल पु [आर्यल] म्लेच्छो की एक जाति ।

अज्जव न [आर्जव] सरलता, निष्कपटता ।

अज्जव (अप) देखो अज्ज = आर्य । °खंड पु [खण्ड] आर्य देश ।

अज्जवया स्त्री [आर्जव] ऋजुता ।
अज्जविय न [आर्जव] सरलता ।
अज्जा स्त्री [आर्या] साध्वी । पार्वती । आर्या छन्द । भगवान् मल्लिनाथ की प्रथम शिष्या । पूज्या स्त्री । एक कला ।
अज्जा स्त्री [आज्ञा] आदेश ।
अज्जाय वि [अजात] अनुत्पन्न ।
अज्जाव सक [आ + ज्ञापय्] आज्ञा करना ।
अज्जिआ स्त्री [आर्यिका] पूज्या स्त्री । संन्यासिनी । माता की माता । पिता की माता ।
अज्जिड्डोअ वि [दे] दिया हुआ ।
अज्जिणण देखो अज्जणण ।
अज्जीव देखो अजीव ।
अज्जु (अप) अ [अद्य] आज ।
अज्जुअ (शौ) देखो अज्ज = आर्य ।
अज्जुआ (शौ) देखो अज्जा = आर्या ।
अज्जुण पुं [अर्जुन] तीसरा पाण्डव । वृक्ष-विशेष । गोशालक के एक दिक्चर (शिष्य) का नाम । न. श्वेत सुवर्ण । तृण-विशेष । अर्जुन वृक्ष का पुष्प ।
अज्जुणग, अज्जुणय [अर्जुनक] एक माली का नाम ।
अज्जू स्त्री [आर्या] मास ।
अज्जोग देखो अजोग = अयोग ।
अज्जोरुह न [दे] वनस्पति-विशेष ।
अज्झक्ख वि [अध्यक्ष] अधिष्ठाता ।
अज्झ पु [दे] यह (पुरुष, मनुष्य) ।
अज्झत्त देखो अज्झप्प ।
अज्झत्थ वि [दे] आगत ।
अज्झत्थ, अज्झप्प न [अध्यात्म] आत्मा मे, आत्म-विषयक । मन मे, मन-सबंधी । मन, चित्त । शुभ ध्यान । पुं आत्मा । °जोग पु [°योग] योग-विशेष, चित्त की एकाग्रता । °दोस पु [°दोष] आध्यात्मिक दोष—क्रोध, मान, माया और लोभ । °वत्तिय वि [°प्रत्ययिक] मन मे ही उत्पन्न होनेवाला शोक, चिन्ता आदि । °विसोहि स्त्री [°विशुद्धि] आत्म-शुद्धि । °संवुड वि [°संवृत] मनो-निग्रही । °सुइ स्त्री [°श्रुति] अध्यात्मशास्त्र, आत्म-विद्या, योग-शास्त्र । °सुद्धि स्त्री [°शुद्धि] मन की शुद्धि । °सोहि स्त्री [°शुद्धि] मन -शुद्धि ।
अज्झत्थिय वि [आध्यात्मिक] आत्मा या मन से संबंध रखनेवाला ।
अज्झथीअ देखो अज्झत्थिय ।
अज्झप्पिअ वि [आध्यात्मिक] अध्यात्म का जानकार । अध्यात्म-सम्बन्धी ।
अज्झय वि [दे] पड़ोसी ।
अज्झयण पुन [अध्ययन] शब्द, नाम । पढना, अभ्यास । ग्रन्थ का एक अंश ।
अज्झयाव सक [अधि + आप] पढाना ।
अज्झवस सक [अध्यव + सो] विचार करना। निश्चय करना । चिन्तन करना ।
अज्झवसण, अज्झवसाण न [अध्यवसान] चिन्तन, विचार, आत्म-परिणाम ।
अज्झवसाय पुं [अध्यवसाय] विचार, आत्म-परिणाम, मानसिक संकल्प ।
अज्झवसिय न [दे] मुड़ा हुआ मुंह ।
अज्झसिय वि [दे] दृष्ट ।
अज्झस्स सक [आ + क्रुश] आक्रोश करना, अभिशाप देना ।
अज्झस्स, अज्झस्सिय वि [आक्रुष्ट] जिस पर आक्रोश किया गया हो वह ।
अज्झहिय वि [अत्यधिक] अत्यंत ।
अज्झा स्त्री [दे] कुल्टा । प्रशस्त स्त्री । नवोढा । युवती स्त्री । यह (स्त्री) ।
अज्झा, अज्झाअ सक [अधि + इ] अध्ययन करना ।
अज्झाअ सक [अध्यापय्] पढ़ाना ।
अज्झाइअव्व वि [अध्येतव्य] पढने योग्य ।
अज्झाय पुं [अध्याय] पठन । ग्रन्थ का एक अंश ।

अज्झारुह पुं [अध्यारुह] वृक्ष-विशेष । वृक्षों के ऊपर बढनेवाली वल्ली या शाखा वगैरह ।

अज्झारोव पु [अध्यारोप] आरोप, उपचार ।

अज्झारोवण न [अध्यारोपण] आरोपण, ऊपर चढाना । प्रश्न करना ।

अज्झारोह पुं [अध्यारोह] देखो अज्झारुह ।

अज्झाव देखो अज्झाअ = अध्यापय् ।

अज्झावग देखो अज्झावय ।

अज्झावय वि [अध्यापक] शिक्षक, गुरु ।

अज्झावस अक [अध्या + वस्] वास करना ।

अज्झास पु [अध्यास] ऊपर बैठना । निवास-स्थान ।

अज्झासणा स्त्री [अध्यासना] सहन करना ।

अज्झासिअ वि [अध्यासित] आश्रित, अधिष्ठित । स्थापित ।

अज्झाहय वि [अध्याहत] उत्तेजित ।

अज्झीण वि [अक्षीण] अखूट । न. अध्ययन ।

अज्झुववज्ज देखो अज्झोववज्ज ।

अज्झुववण्ण देखो अज्झोववण्ण ।

अज्झुववाय देखो अज्झोववाय ।

अज्झुसिअ वि [अध्युषित] आश्रित ।

अज्झुसिर वि [अशुषिर] छिद्र-रहित ।

अज्झेउ वि [अध्येतृ] पढनेवाला ।

अज्झेल्ली स्त्री [दे] दोहने पर भी जिसका दोहन हो सके ऐसी गैया ।

अज्झेसणा स्त्री [अध्येषणा] विशेष याचना ।

अज्झोयरग } अज्झोयरय } पु [अध्यवपूरक] साधु के लिए अधिक रसोई करना । साधु के लिए बढाकर की हुई रसोई ।

अज्झोल्लिआ स्त्री [दे] वक्ष:-स्थल के आभूषण मे की जाती मोतियो की रचना ।

अज्झोवगमिय वि [आभ्युपगमिक] स्वेच्छा से स्वीकृत ।

अज्झोववज्ज अक [अध्युप + पद्] अत्यासक्त होना, आसक्ति करना ।

अज्झोववण्ण वि [अध्युपपन्न] अत्यंत आसक्त ।

अज्झोववाय पु [अध्युपपाद] अत्यन्त आसक्ति, तल्लीनता ।

अट } अट्ट } सक [अट्] भ्रमण करना ।

अट्ट सक [कथ्] क्वाथ करना ।

अट्ट अक [शुष्] सूखना ।

अट्ट वि [आर्त] पीडित । ध्यान-विशेष—इष्ट-वियोग, अनिष्ट, वियोग, रोग-निवृत्ति और भविष्य के लिए चिन्ता करना । °ण्ण वि [°ज्ञ] पीडित की पीडा को जाननेवाला ।

अट्ट वि [ऋत] गत, प्राप्त ।

अट्ट पुन दूकान । महल के ऊपर का घर, अटारी । आकाश ।

अट्ट वि [दे] दुर्बल । बडा, महान् । बेगरम । आलसी । पुं शुक । आवाज । न. सुख । असत्योक्ति ।

अट्टट्ट वि [दे] गत ।

अट्टट्टहास पुं देखो अट्टहास ।

अट्टण न [अट्टन] व्यायाम, कसरत । पु. इस नाम का एक प्रसिद्ध मल्ल । °साला स्त्री [°शाला] व्यायाम-शाला ।

अट्टणा स्त्री [आवर्तना] आवृत्ति ।

अट्टमट्ट वि [दे] व्यर्थ । पु आलवाल, कियारी । अशुभ सकल्प-विकल्प, पाप-संबद्ध अव्यवस्थित विचार ।

अट्टय पु [अट्टक] हाट । पात्र के छिद्र को बन्द करने मे उपयुक्त द्रव्य-विशेष ।

अट्टयक्कली स्त्री [दे] कमर पर हाथ रखकर खडा रहना ।

अट्टहास पुं खिलखिला कर हँसना ।

अट्टालग } अट्टालय } पुन [अट्टालक] महल का उपरिभाग, अटारी ।

अट्टि स्त्री [आर्ति] पीडा ।

अट्टिय वि [अर्दित] व्याकुल, व्यग्र ।

अट्ठ पुं [अर्थ] सयम। पुन वस्तु, पदार्थ। विषय। शब्द का अभिधेय, वाच्य। तात्पर्य। परमार्थ। हेतु। इच्छा। उद्देश्य। धन। फल, लाभ। मोक्ष। °कर पु मत्री। निमित्त शास्त्र का विद्वान्। °जाय वि [°जातार्थ] जिसकी आवश्यकता हो, जिसका प्रयोजन हो वह। °जाय वि [°याच] धनार्थी। °सइय वि [°शतिक] जिसका सौ अर्थ हो सके ऐसा (वचन आदि)। °सेण पुं [°सेन] देखो अट्ठिसेण, देखो अत्थ = अर्थ।

अट्ठ [अष्टन्] आठ। °चत्ताल वि [°चत्वारिंश] अठतालीसवाँ। °चत्तालीस त्रि [°चत्वारिंशत्] अठतालीस। °ट्ठमिया स्त्री [°ाष्टमिका] जैन साधुओं का ६४ दिन का एक व्रत, प्रतिमा-विशेष। °तालीस वि [°चत्वारिंशत्] अठतालीस। °तीस त्रि [°त्रिंशत्] अठतीस। °तीसइम वि [°ात्रिंश] अठतीसवाँ। °त्तरि स्त्री [°सप्तति] अठत्तर। °त्तीस त्रि [°ात्रिंशत्] अठतीस। °दस त्रि [°ादशन्] अठारह। °दसुत्तरसय वि [°ादशोत्तरशत] एक सौ अठारहवाँ। °दह त्रि [°ादशन्] अठारह। °पएसिय वि [°प्रदेशिक] आठ अवयव वाला। °पया स्त्री [°पदा] छन्द-विशेष। °पाहरिअ वि [प्राहरिक] आठ प्रहर सबधी। °भाइया स्त्री [°भागिका] तरल वस्तु नापने का बत्तीस पलो का एक परिमाण। °म न तेला, लगातार तीन दिनो का उपवास। °मंगल पुन स्वस्तिक आदि आठ मागलिक वस्तु। °मभत्त पुन [°मभक्त] तेला, लगातार तीन दिनो का उपवास। °मभत्तिय वि [°मभक्तिक] तेला करनेवाला। °मी स्त्री अष्टमी। °मुत्ति पु [°मूर्ति] महादेव। °याल त्रि [°चत्वारिशत्] अठतालीस। °वन्न त्रि [°पञ्चाशत्] अट्ठावन। °वरिस, °वारिस वि [°वार्षिक] आठ वर्ष की उम्र का। °विह वि [°विध] आठ प्रकार का। °वीस स्त्रीन [°ाविंशति] अट्ठाईस। °सट्ठि स्त्री [षष्टि] अठसठ। °समइय वि [°सामयिक] जिसकी अवधि आठ 'समय' की हो वह। °सय न [°शत] एक सो आठ। °सहस्स न [सहस्र] एक हजार और आठ। °सामइय देखो °समइय। °सिर वि [°शिरस्, °सिर] अष्ट-कोण। °सेण पुं [°सेन] देखो अट्ठिसेण। °हत्तर वि [°सप्ततितम] अठत्तरवाँ। °हत्तरि स्त्री [°सप्तति] अठत्तर की संख्या। °हा अ [°धा] आठ प्रकार का।

°अट्ठ न [काष्ठ] काष्ठ, लकडी।

अट्ठंग वि [अष्टाङ्ग] जिसके आठ अग हों वह। °णिमित्त न [°निमित्त] वह शास्त्र जिसमे भूमि, स्वप्न, शरीर, स्वर, आदि आठ विषयो के फलाफल का प्रतिपादन हो। °महाणिमित्त न [°महानिमित्त] देखो अनन्तर-उक्त अर्थ।

अट्ठंस वि [अष्टास्र] अष्ट-कोण।

अट्ठदिट्ठि स्त्री [अष्टदृष्टि] योग की आठ दृष्टियाँ, वे ये है :—मित्रा, तारा, बला, दीप्रा, स्थिरा, कान्ता, प्रभा ओर परा।

अट्ठय न [अष्टक] आठ का समूह।

अट्ठा स्त्री [अष्टा] मुष्टि। मुट्ठीभर चीज।

अट्ठा स्त्री [आस्था] श्रद्धा।

अट्ठा स्त्री [अर्थ] वास्ते। °दंड पुं कार्य के लिए की गई हिंसा।

अट्ठाइस वि [अष्टाविंश] अठाईसवाँ।

अट्ठाइस, अट्ठाईस } स्त्रीन [अष्टाविंशति] अठाईस।

अट्ठाण न [अस्थान] अयोग्य स्थान। कुत्सित स्थान। अयोग्य।

अट्ठाण न [आस्थान] सभा, सभा-गृह।

अट्ठाणउइ स्त्री [अष्टानवति] अठानबे।

अट्ठाणउय वि [अष्टानवत] अठानबेवाँ।

अट्ठाणवइ देखो अट्ठाणउइ।

अट्ठाणिय वि [अस्थानिक] अपात्र, अनाश्रय ।

अट्ठायमाण वकृ [अतिष्ठत्] नहीं बैठता हुआ ।

अट्ठार } त्रि. ब. [अष्टादशन्] अठारह ।
अट्ठारस } °विह वि [°विध] अठारह प्रकार का ।

अट्ठारसग न [अष्टादशक] अठारह का समूह । वि. जिसका मूल्य अठारह मुद्रा हो वह ।

अट्ठारसम वि [अष्टादश] अठारहवाँ । न. लगातार आठ दिनों का उपवास ।

अट्ठारह } देखो अट्ठार ।
अट्ठाराह }

अट्ठावण्ण स्त्रीन [अष्टापञ्चाशत्] अठावन ।

अट्ठावय पु [अष्टापद] स्वनाम-ख्यात पर्वत-विशेष, कैलास । न. एक जाति का जुआ । द्यूत-फलक, जिस पर जुआ खेला जाता है वह । सुवर्ण । °सेल पु [°शैल] मेरु-पर्वत । स्वनाम-ख्यात पर्वत-विशेष, जहाँ भगवान् ऋषभदेव निर्वाण पाये थे ।

अट्ठावय न [अर्थपद] गृहस्थ । अर्थ-शास्त्र, संपत्ति-शास्त्र ।

अट्ठावीस स्त्रीन [अष्टाविंशति] अठाईस ।

अट्ठावीसइ स्त्री [अष्टाविंशति] अठाईस । °विह वि [°विध] अठाईस प्रकार का ।

अट्ठावीसइम वि [अष्टाविंश] अठाईसवाँ । न तेरह दिनों के लगातार उपवास ।

अट्ठासट्ठि स्त्री [अष्टाषष्टि] अठसठ ।

अट्ठासि } स्त्री [अष्टाशीति] अठासी ।
अट्ठासीइ }

अट्ठासीय वि [अष्टाशीत] अठासीवाँ ।

अट्ठाह न [अष्टाह] आठ दिन ।

अट्ठाहिया स्त्री [अष्टाहिका] आठ दिनों का एक उत्सव । उत्सव ।

अट्ठि वि [अर्थिन्] प्रार्थी, गरजवाला, अभिलाषी ।

अट्ठि पु [अस्थि] हड्डी । फल की गुट्ठी ।

अट्ठि स्त्रीन [अस्थि] हाड़ । जिसमें बीज उत्पन्न न हुए हों ऐसा अपरिपक्व फल । पु कापालिक । °मिंजा स्त्री [°मज्जा] हड्डी के भीतर का रस । °सरक्ख पु [°सरजस्क] कापालिक । °सेण न [°षेण] वत्सगोत्र की शाखारूप एक गोत्र । पु. इस गोत्र का प्रवर्तक पुरुष और उसकी सन्तान ।

अट्ठिय वि [अर्थिक] गरजू, याचक । अर्थ का कारण, अर्थ-सम्बन्धी । मोक्ष का हेतु ।

अट्ठिय वि [आर्थिक] अर्थ का कारण, अर्थ-सम्बन्धी । मोक्ष का कारण ।

अट्ठिय वि [अर्थित] अभिलषित, प्रार्थित ।

अट्ठिय वि [अस्थित] अव्यवस्थित, अनियमित । चंचल ।

अट्ठिय वि [आस्थिक] हड्डी-सम्बन्धी ।

अट्ठिय वि [आस्थित] स्थित रहा हुआ ।

अट्ठिय पु [अस्थिक] वृक्ष-विशेष । न. अस्थिक वृक्ष का फल ।

अट्ठिल्लय पु [अस्थि] फल की गुट्ठी ।

अट्ठुत्तर वि [अष्टोत्तर] आठ से अधिक । सय न [°शत] एक सौ और आठ । °सय वि [°शततम] एक सौ आठवाँ ।

अठ } देखो अट्ठ = अष्टन् ।
अड }

अड सक [अट्] भ्रमण करना ।

अड पु [अवट] कूप, इनारा । कूप के पास पशुओं के पानी पीने के लिए जो गर्त किया जाता है वह ।

°अड देखो तड = तट ।

अडइ } स्त्री [अटवि, °वी] भयानक जंगल, वन ।
अडई }

अडडज्झिय न [दे] विपरीत मैथुन ।

अडखम्म सक [दे] सँभालना, रक्षण करना ।

अडड न [अटट] 'अटटांग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ।

अडडंग न [अटटाङ्ग] संख्या-विशेष, 'तुडिय' या 'महातुडिय' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह।

अडणी स्त्री [दे] रास्ता।

अडपल्लण न [दे] वाहन-विशेप।

अडयणा, अडया } स्त्री [दे] कुलटा।

अडयाल न [दे] प्रशंसा।

अडयाल, अडयालीस } स्त्री [अष्टचत्वारिंशत्] ४८ की संख्या। °सय न [°शत] १४८।

अडवडण न [दे] स्खलना, रुक-रुक चलना।

अडवि, अडवी } स्त्री [अटवि, °वी] भयंकर जंगल, गहरा वन।

अडसट्ठि स्त्री [अष्टषष्टि] अठसठ। °म वि [°तम] अठसठवाँ।

अडाड पु [दे] जबरदस्ती।

अडिल्ल पु [अटिल] एक जाति का पक्षी।

अडिल्ला स्त्री [अडिल्ला] छन्द-विशेप।

अडोलिया स्त्री [अटोलिका] एक राजपुत्री, जो युवराज की पुत्री और गर्दभराज की बहिन थी। चूही।

अडोविय वि [अटोपित] भरा हुआ।

अड्ड वि [दे] जो आडे आता हो, बीच मे बाधक होता हो वह।

अड्डक्ख सक [क्षिप्] फेंकना, गिराना।

अड्डण न [अड्डन] चर्म। ढाल, फलक।

अड्डिअ वि [दे] आरोपित।

अड्डिया स्त्री [अड्डिका] मल्लो की क्रिया-विशेष।

अड्ढ देखो अद्ध = अर्ध।

अड्ढ वि [आढ्य] सम्पन्न। सहित। परिपूर्ण।

अड्ढअक्कली स्त्री [दे] देखो अट्टयक्कली।

अड्ढत्त वि [आरब्ध] शुरू किया हुआ, प्रारब्ध।

अड्ढाइज्ज, अड्ढाइय } वि [अर्धतृतीय] ढाई।

°अड्ढिय वि [कृष्ट] खींचा हुआ।

अड्ढुट्ठ वि [अर्धचतुर्थ] साढे तीन।

अड्ढेज्ज न [आढ्यत्व] श्रीमंताई।

अड्ढेज्जा स्त्री [आढ्येज्या] श्रीमंत से किया हुआ सत्कार।

अड्ढोरुग पुं [अर्धोरुक] जैन साध्वियों के पहनने का एक वस्त्र।

अढ (अप) देखो अट्ठ = अष्टन्।

अढाइस (अप) स्त्रीन [अष्टाविंशति] अठाईस।

अढारसग देखो अट्ठारसग।

अढारसम देखो अट्ठारसम।

अण अ [°अ, अन्°] देखो अ°।

अण सक [अण्] आवाज करना। जाना। जानना। समझाना।

अण पुं शब्द, आवाज। गमन। कषाय। आक्रोश, अभिशाप। न पाप। कर्म। वि. कुत्सित।

अण पु [अन] देखो अणंताणुबंधि।

अण पु [अनस्] गाड़ी।

अण देखो अण्ण = अन्य।

अण न [ऋण] करजा। °धारग वि [°धारक] करजदार। °वल वि लेनदार। °भंजग वि [°भञ्जक] देउलिया।

°अण देखो गण।

°अण देखो जण।

°अण देखो तण।

°अणअरद देखो अणवरय।

अणइवर वि [अनतिवर] सर्वोत्तम।

अणइवुट्ठि स्त्री [अनतिवृष्टि] वर्षा का अभाव।

अणईइ वि [अनीति] ईति-रहित, शलभादि-कृत उपद्रव से रहित।

अणंग पु [अनङ्ग] काम। कामदेव। एक राजकुमार, जो आनन्दपुर के राजा जीतारि का पुत्र था। न. विषय-सेवन के मुख्य अंगो के अतिरिक्त स्तन, कुक्षि, मुख आदि अंग।

वनावटी लिंग आदि। वारह अंग-ग्रन्थो से भिन्न जैन शास्त्र। वि शरीर-रहित। °घरिणी स्त्री [°गृहिणी] रति। °पडिसेविणी स्त्री [प्रतिपेविणी] अमर्यादित रीति से विषय-सेवन करनेवाली स्त्री। °पविट्ठ न [°प्रविष्ट] वारह अग-ग्रन्थो से भिन्न जैन ग्रन्थ। °वाण पु काम के वाण। °लवण पु [°लवन] रामचन्द्रजी का एक पुत्र। °सर पु [°शर] काम के वाण। °सेणा स्त्री [°सेना] द्वारका की एक विख्यात गणिका।

अणंत पु [अनन्त] चालू अवसर्पिणी काल के चौदहवे तीर्थकर-देव। विष्णु, कृष्ण। शेष नाग। जिसमे अनन्त जीव हो ऐसी वनस्पति, कन्द-मूल वगैरह। न केवल-ज्ञान। आकाश। वि. शाश्वत। नि सीम, अपरिमित। वहुत, विशेष। °काइय वि [°कायिक] अनन्त जीववाली वनस्पति, कन्द-मूल आदि। °काय पु कन्द-मूल आदि अनन्त जीववाली वनस्पति। °खुत्तो अ [°कृत्वस्] अनन्त वार। °जीव पु देखो °काइय। °जीविय वि [°जीविक] देखो °काइय। °णाण न [°ज्ञान] केवल-ज्ञान। °णाणि वि [°ज्ञानिन्] केवल-ज्ञानी, सर्वज्ञ। °दसि वि [°दर्शिन्] सर्वज्ञ। °पासि वि [°दर्शिन्] ऐरवत क्षेत्र के वीसवे जिन-देव। °मिस्सिया स्त्री [°मिश्रिका] सत्यमिश्र भाषा का एक भेद, जैसे अनन्तकाय से भिन्न प्रत्येक वनस्पति से मिली हुई अनन्तकाय को भी अनन्तकाय कहना। °मीसय न [°मिश्रक] देखो °मिस्सिया। °रह पुं [°रथ] विख्यात राजा दशरथ के वडे भाई का नाम। °विजय पु भरतक्षेत्र के २४वे और ऐरवत क्षेत्र के बीसवे भावी तीर्थकर का नाम। °वीरिय वि [°वीर्य] अनन्त बलवाला। पु एक केवलज्ञानी मुनि का नाम। एक ऋषि, जो कार्तवीर्य के पिता थे। भरतक्षेत्र के एक भावी तीर्थकर का नाम। °संसारिय वि [°ससारिक] अनन्त काल तक संसार मे जन्म-मरण पानेवाला। °सेण पु [°सेन] चौथा कुलकर। एक अन्तकृद् मुनि।

अणंतइ पुं [अनन्तजित्] चालू काल के चौदहवे जिन-देव।

अणंतग } देखो अणंत। न वस्त्र-विशेष।
अणंतय } पुं ऐरवत क्षेत्र के एक जिनदेव।

अणतर वि [अनन्तर] व्यवधान-रहित। पुं, वर्तमान समय।

अणतरहिय वि [अनन्तर्हित] अव्यवहित। सजीव, सचित्त, चेतन।

अणंताणुवधि पु [अनन्तानुबन्धिन्] अनन्त काल तक आतमा को ससार मे भ्रमण करानेवाले कषायो की चार चौकडियो मे प्रथम चौकडी, अतिप्रचड क्रोध, मान, माया और लोभ।

अणंस वि [अनंश] अखण्ड।

अणक्क पुं [दे] एक म्लेच्छ देश। एक म्लेच्छ जाति।

अणक्ख पु [दे] क्रोध। लज्जा।

अणक्खर न [अनक्षर] श्रुत-ज्ञान का एक भेद—वर्ण के विना सपर्क के, छीकना, चुटकी बजाना, सिर हिलाना आदि सकेतो से दूसरे का अभिप्राय जानना।

अणगार वि [अनगार] जिसने घर-बार त्याग किया हो वह, साधु, यति, मुनि। घर-रहित, भिक्षुक। पु. भरतक्षेत्र के भावी पाचवे तीर्थंकर का एक पूर्वभवीय नाम।
°सुय न [°श्रुत] 'सूत्रकृताग' सूत्र का एक अध्ययन।

अणगार वि [ऋणकार] करजा करनेवाला। दुष्ट शिष्य, अपात्र।

अणगार वि [अनाकार] आकाररहित।

अणगारिय वि [आनगारिक] साधु-सम्बन्धी, मुनि का।

अणगाल पु [अकाल] दुर्भिक्ष ।

अणगिण वि [अनग्न] जो नगा न हो, वस्त्रों से आच्छादित । पु. कल्पवृक्ष की एक जाति, जो वस्त्र देता है ।

अणग्घ देखो अनघ ।

अणग्घ वि [ऋणघ्न] ऋण-नाशक, कर्म-नाशक ।

अणग्घ, अणग्घेय वि [अनर्घ्य] अमूल्य । महान्, गुरु । उत्तम ।

अणघ वि [अनघ] शुद्ध ।

अणच्छ देखो करिस = कृप् ।

अणच्छिआर वि [दे] अच्छिन्न ।

अणज्ज वि [अन्याय्य] अयोग्य, जो न्याययुक्त नही ।

अणज्ज वि [अनार्य] आर्य-भिन्न । खराब । पापी ।

अणज्जव (अप) ऊपर देखो । °खंड पुं [°खण्ड] अनार्य देश ।

अणज्झवसाय पुं [अनध्यवसाय] अव्यक्त ज्ञान, अति सामान्य ज्ञान ।

अणज्झाय पुं [अनध्याय] अध्ययन का अभाव । जिसमे अध्ययन निषिद्ध है वह काल ।

अणट्ट वि [अनार्त] आर्त-ध्यान से रहित ।

अणट्ठ पु [अनर्थ] नुकसान । प्रयोजन का अभाव । वि. निष्कारण, वृथा । °दंड पुं [°दण्ड] निष्कारण हिंसा ।

अणड पुं [दे] जार, उपपति ।

अणड्ढ वि [अनर्ध] अखण्ड ।

अणण्ण वि [अनन्य] अभिन्न । मोक्ष-मार्ग । अद्वितीय । °तुल्ल वि [°तुल्य] अनुपम । °दंसि वि [°दर्शिन्] पदार्थ को सत्य-सत्य देखने वाला । °परम वि संयम, इन्द्रिय-निग्रह । °मण, °मणस वि [°मनस्क] एकाग्र चित्तवाला, तल्लीन । °समाण वि [°समान] अद्वितीय ।

अणत्त वि [अनात्त] अगृहीत ।

अणत्त [अनार्त्त] अपीडित ।

अणत्त वि [ऋणार्त्त] ऋण से पीड़ित ।

अणत्त वि [अनात्र] दुःखकर, सुख-नाशक ।

अणत्त न [दे] निर्माल्य, देवोच्छिष्ट द्रव्य ।

अणत्थ देखो अणट्ठ ।

अणथंत वकृ [अतिष्ठत्] नही रहता हुआ । अस्त होता हुआ ।

अणपन्निय देखो अणवण्णिय ।

अणप्प वि [अनर्प्य] अर्पण करने के अयोग्य या अशक्य ।

अणप्प वि [अनल्प] अधिक ।

अणप्प पु [अनात्मन्] आत्मा से परे । °ज्ज वि [°ज्ञ] मूर्ख । पागल, भूताविष्ट, पराधीन । °वसग वि [°वश] पराधीन ।

अणप्प पुं [दे] तलवार ।

अणप्पिय वि [अनर्पित] नही दिया हुआ । सामान्य । °णय पुं [°नय] सामान्य-ग्राही पक्ष ।

अणब्भंतर वि [अनभ्यन्तर] भीतरी तत्त्व को नही जाननेवाला ।

अणभिग्गह न [अनभिग्रह] 'सर्वे देवा वन्द्या' इत्यादि रूप मिथ्यात्व का एक भेद ।

अणभिग्गहिय वि [अनभिगृहीत] कदाग्रह-शून्य । अस्वीकृत ।

अणभिण्ण वि [अनभिज्ञ] अजान, निर्बोध ।

अणभिलप्प वि [अनभिलाप्य] अनिर्वचनीय ।

अणमिस वि [अनिमिष] विकसित, खिला हुआ । निमेष-रहित ।

अणयार देखो अणगार ।

अणरण्ण पुं [अनरण्य] साकेतपुर का एक राजा, जो पीछे से ऋषि हुआ था ।

अणरह वि [अनर्ह] अयोग्य, नालायक ।

अणरहू स्त्री [दे] नवोढ़ा ।

अणरामय पुं [दे] अरति, बेचैनी।
अणराय वि [अराजक] राज-शून्य, जिसमे राजा न हो वह।
अणराह पु [दे] सिर मे पहनी जाती रंग-बिरंगी पट्टी।
अणरिक्क वि [दे] अवकाश-रहित, फुरसत-रहित। दधि, क्षीर आदि गोरस भोज्य।
अणरिह } अणरुह } वि [अनर्ह] अयोग्य, नालायक।
अणल अ [अनलम्] असमर्थ।
अणल पुं [अनल] अग्नि। वि. असमर्थ। अयोग्य।
अणव वि [ऋणवत्] करजदार। पुं. दिवस का छब्बीसवाँ मुहूर्त।
अणवकय वि [अनपकृत] जिसका अपकार न किया गया हो वह।
अणवगल्ल वि [अनवग्लान] ग्लानि-रहित, निरोग।
अणवच्च वि [अनपत्य] सन्तान-रहित।
अणवज्ज न [अनवद्य] पाप का अभाव, कर्म का अभाव। वि. निर्दोष निष्पाप।
अणवज्ज वि [अणवर्ज्य] ऊपर देखो।
अणवट्ठप्प वि [अनवस्थाप्य] जिसको फिरसे दीक्षा न दी जा सके ऐसा गुरु अपराध करने वाला। न. गुरुप्रायश्चित्त का एक भेद।
अणवट्ठिय वि [अनवस्थित] अव्यवस्थित, अनियमित। अस्थिर। पल्य-विशेष।
अणवण्णिय पु [अणपन्निक, अणपर्णिक] वानव्यतर देवो की एक जाति।
अणवत्थ वि [अनवस्थ] अव्यवस्थित, अनियमित, असमंजस।
अणवत्था स्त्री [अनवस्था] अवस्था का अभाव। एक तर्क-दोष। अव्यवस्था।
अणवदग्ग वि [दे] अनन्त। अविनाशी।
अणवद्द वि [अनवद्य] निर्दोष।
अणवयग्ग देखो अणवदग्ग।
अणवयमाण वकृ [अनपवदत्] अपवाद नही करता हुआ। सत्यवादी।
अणवरय वि [अनवरत] निरन्तर, अविच्छिन्न। न. हमेशा।
अणवराइस (अप) वि [अनन्यादृश] असाधारण।
अणवसर वि [अनवसर] आकस्मिक।
अणवाह वि [अबाध] बाधा-रहित।
अणवेक्खिय वि [अनपेक्षित] उपेक्षित, जिसकी परवाह न हो।
अणवेक्खिय वि [अनवेक्षित] नही देखा हुआ। नही सोचा हुआ। °कारि वि [°कारिन्] साहसिक। °कारिया स्त्री [°कारिता] साहस कर्म।
अणसण न [अनशन] आहार का त्याग, उपवास।
अणसिय वि [अनशित] उपोषित, उपवासी।
अणह वि [अनघ] निर्दोष, पवित्र।
अणह वि [दे] अक्षत, व्रणशून्य।
अहण न [अनभस्] पृथिवी।
अणहप्पणय वि [दे] विद्यमान।
अणहवणय वि [दे] तिरस्कृत।
अणहा स्त्री [अधुना] इस समय।
अणहारय पुं [दे] खल्ल, खला, जिसका मध्य-नीचा हो वह जमीन।
अणहिअअ वि [अहृदय] निष्ठुर।
अणहिगय वि [अनधिगत] नही जाना हुआ। पु. वह साधु, जिसको शास्त्रो का ज्ञान न हो।
अणहिण्ण देखो अअणभिण्ण।
अणहियास वि [अनध्यास] असहिष्णु।
अणहिल } अणहिल्ल } न [अणहिल्ल] गुजरात देश की प्राचीन राजधानी। °वाडय न [पाटक] देखो अणहिल।
अणहीण वि [अनधीन] स्वतन्त्र, अनायत्त।
अणहुल्लिय वि [दे] जिसका फल प्राप्त न हुआ

हो वह ।

अणाइ वि [अनादि] आदि-रहित । °णिहण, वि [°निधन] शाश्वत । °मंत, °वंत वि [मत्] अनादि काल से प्रवृत्त ।

अणाइज्ज वि [अनादेय] अनुपादेय । नाम-कर्म का एक भेद, जिसके उदय से जीव का वचन युक्त होने पर भी ग्राह्य नही समझा जाता है ।

अणाइय वि [अनादिक] आदि रहित ।

अणाइय वि [अज्ञातिक] स्वजन-रहित, अकेला ।

अणाइय वि [अणातीत] पापिष्ठ ।

अणाइय पु [ऋणातीत] संसार ।

अणाइय वि [अनादृत] जिसका आदर न किया हो वह ।

अणाइल वि [अनाविल] अकलुषित, निर्मल ।

अणाईअ देखो अणाइय ।

अणाउ पु [अनायुष्क] जिन-देव । मुक्तात्मा, सिद्ध ।

अणाउल वि [अनाकुल] धीर ।

अणाउत्त वि [अनायुक्त]वेख्याल, असावधान ।

अणाएज्ज देखो अणाइज्ज ।

अणागय पुं [अनागत] भविष्य काल । वि. भविष्य में होनेवाला । °द्धा स्त्री [°ाद्धा] भविष्य काल ।

अणागलिय वि [अनर्गलित] नही रोका हुआ ।

अणागलिय वि [अनाकलित्]नही जाना हुआ, अलक्षित । अपरिमित ।

अणागार वि [अनाकार] आकार-रहित । विशेषता-रहित । न. दर्शन, सामान्य ज्ञान ।

अणाजीव वि [अनाजीव] आजीविका-रहित । आजीविका की इच्छा नही रखने वाला । निःस्पृह, निरीह ।

अणाड पु [दे] जार, उपपति ।

अणाढिय वि [अनादृत] तिरस्कृत । पु. जम्बू-द्वीप का अधिष्ठायक एक देव । स्त्री. जम्बूद्वीप के अधिष्ठायक देव की राजधानी ।

अणाणुगामिय वि [अनानुगामिक] पीछे नही जानेवाला । न. अवधि-ज्ञान का एक भेद ।

अणादि देखो अणाइ ।

अणादिय, अणादीय } देखो अणाइय ।

अणादेज्ज देखो अणाइज्ज ।

अणाभिग्गह न [अनाभिग्रह] मिथ्यात्व का एक भेद ।

अणाभोग पु [अनाभोग] अनुपयोग । न. मिथ्यात्वविशेष ।

अणामिय वि [अनामिक] नाम-रहित । पु. असाध्य रोग । स्त्री. कनिष्ठागुली के ऊपर की अंगुली ।

अणाय पु [अनाक] मर्त्यलोक, मनुष्य-लोक ।

अणाय पुं [अनात्मन्] आत्मा से परे ।

अणायग वि [अज्ञातक] स्वजन-रहित, अकेला ।

अणायग वि [अज्ञायक] अजान, निर्बोध ।

अणायतण, अणाययण } न [अनायतन] वेश्या आदि नीच लोगों का घर । जहाँ सज्जन पुरुषो का संसर्ग न होता हो वह स्थान । पतित साधुओं का स्थान । पशु, नपुंसक वगैरह के संसर्गवाला स्थान ।

अणायत्त वि [अनायत्त] पराधीन ।

अणायर पु [अनादर] अ-वहुमान, अपमान ।

अणायरण न [अनाचरण] अनाचार, खराब आचरण ।

अणायरिय देखो अणज्ज = अनार्य ।

अणायार देखो अणागार = अनाकार ।

अणायार पु [अनाचार] शास्त्र-निषिद्ध आचरण । गृहीत नियमो का जान-बूझ कर उल्लंघन करना, व्रत-भङ्ग ।

अणारिय देखो अणज्ज = अनार्य ।
अणारिस वि [अनार्ष] जो ऋषि-प्रणीत न हो वह ।
अणारिस वि [अन्यादृश] दूसरे के जैसा ।
अणालत्त वि [अनालपित] अनुक्त, नहीं बुलाया हुआ ।
अणालवय पु [अनालपक] मौन ।
अणाव सक [आ + नायय्] मगवाना ।
अणावरण वि [अनावरण] आवरण-रहित । न. केवल-ज्ञान ।
अणाविट्ठि } स्त्री [अनावृष्टि] वर्षा का
अणावुट्ठि } अभाव ।
अणाविल वि [अनाविल] स्वच्छ ।
अणासंसि वि [अनाशंसिन्] अनिच्छु, निस्पृह ।
अणासण देखो अणसण ।
अणासय पु [अनाश, °क] अनशन, भोजनाभाव ।
अणासव वि [अनाश्रव] आश्रव-रहित । पु. आश्रव का अभाव, संवर । अहिंसा, दया ।
अणासिय वि [अनशित] भूखा ।
अणाह वि [अनाथ] शरण-रहित । स्वामि-रहित । गरीब, बेचारा । पु. एक जैन मुनि ।
अणाहार पु [अनाहार] एक दिन का उपवास ।
अणाहि वि [अनाधि] मानसिक पीड़ा से रहित ।
अणाहिट्ठि पु [अनावृष्टि] एक अन्तकृद् मुनि ।
अणिइण देखो अणगिण ।
अणिइय वि [अनियत] अनियमित, अव्यवस्थित । पु. संसार ।
अणिउंचिय वि [अनिकुञ्चित] टेढ़ा नहीं किया हुआ, सरल ।
अणिउँत }
अणिउँतय } देखो अइमुत्त ।
अणिउँत्तय }
अणिंदिय वि [अनिन्दित] जिसकी निन्दा न की गई हो वह, उत्तम । पुं. किन्नर देव की एक जाति ।
अणिंदिय वि [अनिन्द्रिय] इंद्रिय-रहित । पु. मुक्त जीव । केवलज्ञानी । वि. अतीन्द्रिय ।
अणिंदिया स्त्री [अनिन्दिता] ऊर्ध्व लोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी ।
अणिक्क वि [अनेक] एक से ज्यादा । °वाइ वि [°वादिन्] अक्रियावादी ।
अणिक्किणी स्त्री [अनीकिनी] ऐसी सेना जिसमें २१८७ हाथी, २१८७ रथ, ६५६१ घोड़े और १०९३५ प्यादे हों ।
अणिगण } देखो अणगिण ।
अणिगिण }
अणिग्गह वि [अनिग्रह] स्वच्छन्द, असंयत ।
अणिच्च वि [अनित्य] नश्वर, अस्थायी । °भावणा स्त्री [°भावना] सांसारिक पदार्थों की अनित्यता का चिन्तन । °णुप्पेहा स्त्री [°नुप्रेक्षा] देखो पूर्वोक्त अर्थ ।
अणिट्ठ वि [अनिष्ट] अप्रीतिकर, द्वेष्य ।
अणिण देखो अणिरिण ।
अणिदा स्त्री [दे.अनिदा] बिना ख्याल किये की गई हिंसा । चित्त की विकलता । ज्ञान का अभाव ।
अणिमा पुंस्त्री [अणिमन्] आठ सिद्धियों में एक सिद्धि, अत्यन्त छोटा बन जाने की शक्ति ।
अणिमिस न [अनिमिष] फल-विशेष ।
अणिमिस } वि [अनिमिष, °मेष] निमेष
अणिमेस } शून्य । पु मछली । देवता । °नयण पुं [नयन] देव ।
अणिय न [अनीक] सैन्य ।
अणिय न [अनृत] असत्य ।
अणिय न [दे] अग्र-भाग ।
अणिय वि [अनित्य] अस्थिर ।
अणियट्ट पु [अनिवर्त] मोक्ष । एक महाग्रह ।
अणियट्टि वि [अनिवर्तिन्] निवृत्त नहीं होने-

वाला। न. शुक्ल-ध्यान का एक भेद। पु. एक महाग्रह। आगामी उत्सर्पिणी काल मे होने-वाले एक तीर्थंकर देव का नाम।

अणियट्टि वि [अनिवृत्ति] निवृत्ति-रहित, व्यावृत्ति-वर्जित। नववाँ गुणस्थानक। °करण न आत्मा का विशुद्ध परिणाम-विशेष। °बादर न नववा गुण-स्थानक। नववे गुणस्थान मे प्रवृत्त जीव।

अणियण देखो अणगिण।

अणियय वि [अनियत] अव्यवस्थित, अनियमित, कल्पवृक्ष की एक जाति, जो वस्त्र देती है।

अणिया देखो अणिदा।

अणिया स्त्री [दे] धार, अग्र-भाग।

अणिरिक्क वि [दे] परतन्त्र।

अणिरिण वि [अनृण] ऋण-वर्जित।

अणिरुद्ध वि [अनिरुद्ध] अप्रतिहत। एक अन्तकृद् मुनि।

अणिल पु [अनिल] पवन। एक अतीत तीर्थंकर का नाम। राक्षस-वंशीय एक राजा।

अणिला स्त्री [अनिला] बाईसवे तीर्थंकर की एक शिष्या।

अणिल्ल न [दे] प्रभात।

अणिस न [अनिश] हमेशा।

अणिसट्ठ, अणिसिट्ठ वि [अनिसृष्ट] अनिक्षिप्त, असंमत। ऐसी भिक्षा, जिसके मालिक अनेक हो और जो सबकी अनुमति से ली न गई हो। साधु की भिक्षा का एक दोष।

अणिसीह वि [अनिशीथ] शास्त्र-विशेष, जो प्रकाश मे पढा या पढाया जाय।

अणिस्सकड वि [अनिश्रीकृत] जिस पर किसी खास व्यक्ति का अधिकार न हो, सर्वसाधारण।

अणिस्सिय वि [अनिश्रित] आसक्तिरहित, रुकावटरहित, अनाश्रित, किसी के साहाय्य की इच्छा न रखनेवाला। न. ज्ञान-विशेष, अवग्रहज्ञान का एक भेद, जो लिंग या पुस्तक के बिना ही होता है।

अणिह वि [अनीह] धीर, निष्कपट, निर्मम, निःस्पृह।

अणिह वि [अस्निह] स्नेहरहित।

अणिह वि [दे] सदृश, न. मुख।

अणिहय वि [अनिहत] अहत। °रिउ पु [°रिपु] एक अन्तकृद् मुनि।

अणीइस वि [अनीदृश] इस माफिक नही, विलक्षण।

अणीय न [अनीक] सेना।

अणीयस पु [अनीयस] एक अन्तकृद् मुनि का नाम।

अणीस वि [अनीश] असमर्थ।

अणीसकड देखो अणिस्सकड।

अणीहारिम वि [अनिर्हारिम] गुफा आदि मे होनेवाला मरण-विशेष।

अणु अ [अनु] इन अर्थो का सूचक उपसर्ग-नजदीक, छोटा, परिपाटी, भीतर, लक्ष्य करना, योग्य, वीप्सा, बीच का भाग, अनुकूल, हितकर, प्रतिनिधि, पीछे, बहुत, मदद करना। निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है।

अणु वि अल्प, छोटा, पु. परमाणु। °मय वि [°मत] उत्तम कुल। °विरइ स्त्री [°विरति] देखो देसविरइ।

अणु पु [दे] धान-विशेष, चावल की एक जाति।

°अणु स्त्री [तनु] शरीर।

अणुअ वि [अज्ञ] मूर्ख।

अणुअ पु [दे] आकृति, आकार। पुस्त्री. धान्य-विशेष।

अणुअ वि [अनुग] अनुसरण करनेवाला।

अणुअ वि [अनुज] पीछे से उत्पन्न। पु. छोटा भाई। स्त्री. छोटी बहिन।

अणुअंच सक [अनु + कृष्] पीछे खीचना।

अणुअंप सक [अनु + कम्प्] दया करना।

अणुअंपा स्त्री [अनुकम्पा] दया, करुणा।

अणुअत्तय वि [अनुवर्त्तक] अनुकूल आचरण करनेवाला, अनुसरण करनेवाला।
अणुअत्ति देखो अणुवत्ति।
अणुअर वि [अनुचर] सहायताकारी, सहचर, नौकर। अनुसरण-कर्ता।
अणुअल्ल न [दे] सुबह।
अणुआ स्त्री [दे] लाठी।
अणुआर पु [अनुकार] अनुकरण।
अणुआस पु [अनुकास] प्रसार, विकास।
अणुइअ पु [दे] चना।
अणुइअ देखो अणुदिय।
अणुइण्ण वि [अनुकीर्ण] व्याप्त, भरा हुआ, नही गिरा हुआ।
अणुइण्ण वि [अनुद्गीर्ण] बाहर नही निकला हुआ।
अणुइण्ण देखो अणुचिण्ण।
अणुइण्ण देखो अणुदिण्ण।
अणुऊल वि [अनुकूल] अप्रतिकूल, प्रसन्न।
अणुऊल सक [अनुकूलय्] अनुकूल करना। प्रसन्न करना।
अणुओअ पु [अनुयोग] व्याख्या, टीका, सूत्र का विस्तार से अर्थ-प्रतिपादन। पृच्छा।
अणुओइय वि [अनुयोजित] प्रवर्तित, प्रवृत्त कराया हुआ।
अणुओग देखो अणुओअ।
अणुओग पु [अनुयोग] सम्बन्ध।
अणुओगिअ वि [अनुयोगिक] दीक्षित मुनि-शिष्य।
अणुओयण न [अनुयोजन] सम्बन्धन, जोड़ना।
अणुकंप सक [अनु + कम्प्] दया करना। भक्ति करना। हित करना।
अणुकंप वि [अनुकम्प्य] अनुकम्पा के योग्य।
अणुकंप } वि [अनुकम्प] दयालु, करुण।
अणुकंपय } भक्त।
अणुकंपा स्त्री [अनुकम्पा] ऊपर देखो। °दाण न [°दान] करुणा से गरीबों को अन्न आदि देना।
अणुकड्ढ सक [अनु + कृष्] खींचना। अनु-मरण करना।
अणुकड्ढि स्त्री [अनुकृष्टि] अनुवर्तन, अनु-मरण।
अणुकप्प पु [अनुकल्प] बड़े पुरुषों के मार्ग का अनुकरण। वि. महापुरुषों का अनुकरण करनेवाला।
अणुकम पुं [अनुक्रम] परिपाटी।
अणुकर सक [अनु + कृ] अनुकरण करना।
अणुकह सक [अनु + कथय्] अनुवाद करना, पीछे बोलना।
अणुकार पु [अनुकार] अनुकरण, नकल।
अणुकिइ स्त्री [अनुकृति] अनुकरण, नकल।
अणुकिण्ण वि [अनुकीर्ण] व्याप्त, भरा हुआ।
अणुकित्तण न [अनुकीर्तन] वर्णन, प्रशंसा।
अणुकित्ति देखो अणुकिइ।
अणुकुइय वि [अनुकुचित] पीछे फेंका हुआ। ऊँचा किया हुआ।
अणुकुण सक [अनु + कृ] अनुकरण करना।
अणुकूल देखो अणुऊल।
अणुक्कंत वि [अन्वाक्रान्त] आचरित, अनुष्ठित।
अणुक्कंत वि [अनुक्रान्त] आचरित, विहित, अनुष्ठित।
अणुक्कम सक [अनु + क्रम्] क्रम से कहना। अतिक्रमण करना।
अणुक्कम देखो अणुकम।
अणुक्कमण न [अनुक्रमण] गमन, गति।
अणुक्कुइअ वि [अनुकुचित] थोड़ा सकुचित।
अणुक्कोस पु [अनुक्रोश] दया।
अणुक्कोस पु [अनुत्कर्ष] उत्कर्ष का अभाव। वि. उत्कर्षरहित।
अणुक्खित्त वि [अनुत्क्षिप्त] ऊँचा न किया

हुआ।

अणुग वि [अनुग] नौकर, अनुसरण-कर्त्ता।

अणुगंतव्व अणुगम = अनु + गम्। का कृ.

अणुगंपा स्त्री [अनुकम्पा] करुणा।

अणुगच्छ देखो अणुगम = अनु + गम्।

अणुगज्ज अक [अनु + गर्ज्] प्रतिध्वनि करना।

अणुगम सक [अनु + गम्] अनुसरण करना, जानना, समझना। व्याख्या करना, सूत्र के अर्थो का स्पष्टीकरण करना।

अणुगम पु [अनुगम] निश्चय करना। सूत्र की व्याख्या। अन्वय, एक की सत्ता मे दूसरे की विद्यमानता। व्याख्या।

अणुगय वि [अनुगत] अनुसृत, ज्ञात। अनुवृत्त, जो पूर्व से बराबर चला आया हो। अतिक्रान्त।

अणुगर देखो अणुकर।

अणुगवेस सक [अनु + गवेष्] तलाश करना।

अणुगह देखो अणुग्गह = अनु + ग्रह्।

अणुगाम पुं [अणुग्राम] छोटा गाँव। उपपुर, शहर के पास का गाँव। विवक्षित गाँव से दूसरा गाँव।

अणुगामि, अणुगामिय } वि [अनुगामिन्, °मिक] अनुसरण करनेवाला। शुद्ध कारण। अवधिज्ञान का एक भेद। अनुचर।

अणुगारि वि [अनुकारिन्] अनुकरण करनेवाला।

अणुगिइ स्त्री [अनुकृति] अनुकरण, नकल।

अणुगिण्ह देखो अणुग्गह = अनु + ग्रह।

अणुगिद्ध वि [अनुगृद्ध] अत्यन्त आसक्त, लोलुप।

अणुगिद्धि स्त्री [अनुगृद्धि] अत्यासक्ति।

अणुगिल सक [अनु + गृ] भक्षण करना।

अणुगिहीअ वि [अनुगृहीत] जिस पर मेहरबानी की गई हो वह।

अणुगीय वि [अनुगीत] पीछे कहा हुआ, अनूदित। पूर्व ग्रन्थकार के भाव के अनुकूल किया हुआ ग्रन्थ, व्याख्यान आदि। कीर्तित, वर्णित। गीत।

अणुगुण वि [अनुगुण] अनुकूल, उचित, तुल्य, सदृश गुणवाला।

अणुगुरु वि [अनुगुरु] गुरु-परम्परा के अनुसार जिस विषय का व्यवहार होता हो वह।

अणुगूल वि [अनुकूल] अनुकूल।

अणुगेज्झ वि [अनुग्राह्य] कृपा-पात्र।

अणुगेण्ह देखो अणुग्गह = अनु + ग्रह्।

अणुग्गह सक [अनु + ग्रह्] कृपा करना।

अवसेण देखो अवसं ।
अवसेस पुं [अवशेष] अवशिष्ट । वि. सर्व ।

अवसेसिय वि [अवशेषित] समाप्त किया हुआ, पार पहुँचाया हुआ। अवशिष्ट।
अवसेह सक [गम्] जाना।
अवसेह अक [नश्] पलायन करना।
अवसोइया स्त्री [अवस्वापिका] निद्रा।
अवसोग वि [अपशोक] शोक-रहित। देव-विशेष।
अवसोण वि [अपशोण] थोड़ा लाल।
अवसोवणी स्त्री [अवस्वापनी] निद्रा।
अवस्स वि [अवश्य] जरूरी, नियत। °कम्म न [°कर्मन्] आवश्यक क्रिया। °करणिज्ज वि [°करणीय] अवश्य करने लायक कर्म, सामयिक आदि। °किरिया स्त्री [°क्रिया] आवश्यक अनुष्ठान। °किच्च वि [°कृत्य] आवश्यक कार्य।
अवस्सं अ [अवश्यम्] जरूर, निश्चय।
अवस्सप्पिणी देखो अवसप्पिणी।
अवस्साअ देखो अवसाय।
अवस्सिय वि [अवाश्रित] आश्रित, अवलग्न।
अवह सक [रच्] निर्माण करना।
अवह स [उभय] दोनो, युगल।
अवह वि न वहता हुआ, जो चालू नही है।
अवहइ स्त्री [अपहृति] विनाश।
अवहट्ट वि [दे] अभिमानी।
अवहट्टु अवहर = अप + हृ का संकृ.।
अवहड वि [अपहृत] ले लिया गया, छीना हुआ।
अवहड वि [अवहृत] ऊपर देखो।
अवहड न [दे] मुसल।
अवहण्ण पु [दे] उदूखल।
अपहत्थ पुं [अपहस्त] मारने के लिए या निकाल बाहर करने के लिए ऊँचा किया हुआ हाथ।
अवहत्थ सक [अपहस्तय्] हाथ को ऊँचा करना। त्याग करना, छोड देना। दूर करना।
अवहत्थरा स्त्री [दे] लात मारना।
अवहय वि [अपहत] नष्ट।
अवहय वि [अघातक] अहिंसक।
अवहर सक [गम्] जाना।
अवहर अक [नश्] भाग जाना।
अवहर सक [अप + हृ] छीन लेना, अपहरण करना। भागाकार करना, भाग देना। परित्याग करना।
अवहर वि [अपहर] अपहारक, छीन लेनेवाला।
अवहस सक [अव, अप + हस्] तुच्छ करना, तिरस्कार करना, उपहास करना।
अवहाउ सक [दे] आक्रोश करना।
अवहाडिअ वि [दे] उत्कृष्ट, जिस पर आक्रोश किया गया हो वह।
अवहाण न [अवधान]ख्याल, उपयोग। ज्ञान, जानना।
अवहाय पुं [दे] विरह, वियोग।
अवहाय अ [अपहाय] छोड़ कर, त्याग कर।
अवहार सक [अव + धारय्] निर्णय करना, निश्चय करना।
अवहार (अप) देखो अवहर = अप + हृ।
अवहार पु [अपहार] अपहरण। दूर करना, परित्याग। चोरी। बाहर करना, निकालना। भागाकार। विनाश।
अवहार पुं [अवधार] निश्चय, निर्णय। °व वि [वत्] निश्चय वाला।
अवहार पुं [अवधार्य] ध्रुवराशि, गणित-प्रसिद्ध राशिविशेष।
अवहारय वि [अपहारक] छीननेवाला, अपहरण करनेवाला।
अवहाव सक [कृप्] दया करना, कृपा करना।
अवहाविअ वि [अवधावित] गमन के लिए प्रेरित।
अवहास पुं [अवभास] प्रकाश।

अवहासिणी स्त्री [अवहासिनी] नासारज्जु ।
अवहि देखो ओहि ।
अवहिट्ठ वि [दे] अभिमानी ।
अवहिट्ठ न [दे] मैथुन ।
अवहिय वि [अपहृत] छीन लिया हुआ ।
अवहिय वि [अपहित] अहित ।
अवहिय वि[अवधृत]नियमित । न. अवधारण ।
अवहिय वि [अवहित] सावधान । °मण वि [°मनस्] तल्लीन, एकाग्र-चित्त ।
अवहिय वि [रचित] निर्मित ।
अवहीण वि [अवहीन] हीन, उतरता, कम दरजा वाला ।
अवहीय वि [अपधीक] दुर्बुद्धि ।
अवहीर सक [अव + धीरय्] अवज्ञा करना, तिरस्कार करना । अवहेलना करना ।
अवहील देखो अवहीर ।
अवहीला स्त्री [अवहेला] अनादर ।
अवहूय वि [अवधूत] मार भगाया हुआ ।
अवहेअ वि [दे] कृपा-पात्र ।
अवहेड सक [मुच्] छोड़ना, त्याग करना ।
अवहेडग, अवहेडय पुन [अवहेटक] आधे सिर का दर्द, आधा सीसी रोग ।
अवहेडिय वि [दे] नीचे की तरफ मोडा हुआ ।
अवहेरि, अवहेरी स्त्री [अवहेला] अवगणना, तिरस्कार ।
अवहेलअ वि [अवहेलक] तिरस्कारक ।
अवहेलण वि [अवहेलन] उपेक्षा करने वाला ।
अवहोअ पु [दे] विरह, वियोग ।
अवहोडय देखो अवओडग ।
अवहोमुह वि [उभयमुख] दोनो तरफ मुँह वाला ।
अवहोल अक [अव + होलय्] झूलना । संदेह करना ।
अवाइ वि [अपायिन्] दुःखी । दोषी, अपराधी ।
अवाईण वि [अवाचीन] अधोमुख ।
अवाईण वि [अवातीन] वायु से अनुपहत ।
अवाउड वि [अ-व्यापृत] किसी कार्य में न लगा हुआ ।
अवाउड वि [अप्रावृत] अनाच्छादित, नग्न, दिगम्बर ।
अवाडिअ वि [दे] वञ्चित, प्रतारित ।
अवाण देखो अपाण ।
अवाय पुं [अपाय] पानी का आगमन ।
अवाय वि [अपाय] भाग्यरहित ।
अवाय वि [अपाग] वृक्षरहित ।
अवाय वि [अपाक] पापरहित ।
अवाय पु [अवाय] प्राप्ति ।
अवाय पु [अपाय] अनर्थ, अनिष्ट । दोष, दूषण । उदाहरण-विशेष । विनाश । वियोग, पार्थक्य । संशय-रहित निश्चयात्मक ज्ञान-विशेष । °दंसि वि [°दर्शिन्] भावी अनर्थों को जाननेवाला । °विजय न [°विचय, °विजय] ध्यान-विशेष ।
अवाय पु. संशय-रहित निश्चयात्मक ज्ञान विशेष, मति ज्ञान का एक भेद । प्राप्ति ।
अवाय वि [अम्लान] म्लानरहित, ताजा ।
अवायाण न [अपादान] कारक-विशेष, स्थानान्तरीकरण ।
अवार वि [अपार] अनन्त ।
अवार पु [दे] दूकान ।
अवारी स्त्री [दे] ऊपर देखो ।
अवालुआ स्त्री [दे] होठ का प्रान्त भाग ।
अवाव पु [अवाप] रसोई । °कहा स्त्री [°कथा] रसोई-सम्बन्धी कथा ।
अवास, अवासे (अप) देखो अवसें ।
अवाह पु. देश-विशेष ।
अवाहा देखो अवाहा ।
अवि अ [अपि] इन अर्थों का सूचक अव्यय— अवधारण । समुच्चय । संभावना । विलाप । वाक्य के उपन्यास और पादपूर्ति में भी इसका प्रयोग होता है ।
अवि पुं. अज । मेष ।

अविअ वि [दे] उक्त।
अविअ वि [अवित] रक्षित।
अविअ अ [अपिच] विशेषण-सूचक अव्यय। समुच्चय-द्योतक अव्यय।
अविअ पुं [अविक] मेष, भेड।
अविउ वि [अवित्] अज्ञ, मूर्ख।
अविउक्कंतिय वि [अव्युत्क्रान्तिक] उत्पत्ति-रहित।
अविउसरण न [अव्युत्सर्जन] अपरित्याग, पास मे रखना।
अविकंप वि [अविकम्प] निश्चल।
अविकरण न. गृहीत वस्तुओं को यथास्थान न रखना।
अविक्ख देखो अवेक्ख।
अविक्खग वि [अपेक्षक] अपेक्षा करने वाला।
अविक्खण न [अवेक्षण] अवलोकन, निरीक्षण।
अविक्खण न [अपेक्षण] अपेक्षा, परवाह।
अविक्खा देखो अवेक्खा।
अविगइय वि [अविकृतिक] घृत आदि विकार-जनक वस्तुओं का त्यागी।
अविगडिय वि [अविकटित] अनालोचित।
अविगप्पग वि [अविकल्पक] विकल्परहित। न. कल्पनारहित प्रत्यक्ष ज्ञान।
अविगल वि [अविकल] अखण्ड, पूर्ण।
अविगिच्छ वि [अविचिकित्स्य] जिसका इलाज न हो सके ऐसा, असाध्य व्याधि।
अविगीय पुं [अविगीत] अगीतार्थ, शास्त्रों के रहस्य का अनभिज्ञ साधु।
अविग्गह वि [अविग्रह] शरीर-रहित। युद्ध-रहित, कलह-वर्जित। सरल, सीधा। °ग्गइ स्त्री [°गति] अकुटिल गति।
अविच्छ वि [अवीप्स्य] वीप्सारहित, व्याप्ति-रहित।
अविज्ज वि [अबीज] बीजशक्ति से रहित।
अविणयवइ } पुं [दे] जार, उपपति।
अविणयवर }
अविणयवई स्त्री [दे] कुलटा।
अविणिद्द वि [अविनिद्र] निद्रा-विच्छेदरहित।
अविण्णा स्त्री [अविज्ञा] अनुपयोग, ख्याल का अभाव।
अविद } अ. विषाद-सूचक अव्यय।
अविदा }
अविन्नाण वि [अविज्ञान] अजान। अज्ञात, अपरिचित।
अवियत्त न [अप्रीतिक] प्रीति का अभाव। वि. अप्रीतिकारक।
अविरइ स्त्री [अविरति] विराम का अभाव, अनिवृत्ति। पाप कर्म से अनिवृत्ति। हिंसा। मैथुन। विरति-परिणाम का अभाव। वि. विरतिरहित। °वाय पुं [°वाद] अविरति की चर्चा। मैथुन-चर्चा।
अविरइय वि [अविरतिक] विरति से रहित, पापनिवृत्ति से वर्जित, पाप कर्म मे प्रवृत्त।
अविरय वि [अविरत] विरामरहित, अवि-च्छिन्न। पाप निवृत्ति से रहित। चतुर्थ गुण-स्थानक वाला जीव। °सम्मदिट्ठि स्त्री [°सम्यग्दृष्टि] चतुर्थ गुणस्थानक।
अविराम वि [अविराम] विरामरहित। वि. निरन्तर, हमेशा।
अविराय वि [अविलीन] अभ्रष्ट।
अविराहिय वि [अविराधित] अखण्डित, आराधित।
अविल पुं [दे] पशु। वि. कठिन।
अविला स्त्री. मेषी।
अविसंधि वि. पूर्वापर विरोध मे रहित, संगत, संबद्ध।
अविसंवाइ वि [अविसंवादिन्] विसंवादरहित, प्रमाणभूत, सत्य।
अविसेस वि [अविशेष] समान।
अविस्स न [अविश्र] मास और रुधिर।
अविस्साम वि [अविश्राम] विश्रामरहित। क्रिवि. निरन्तर, सदा।

अविहड पुं [दे] बालक ।
अविहव वि [अविभव] दरिद्र ।
अविहा देखो अविदा ।
अविहाविअ वि [दे] गरीब । न. मौन ।
अविहिंअ वि [दे] मत्त, उन्मत्त ।
अविहिंत वकृ [अविघ्नत्] नहीं मारता हुआ, हिंसा न करता हुआ ।
अविहीर वि [अप्रतीक्ष] प्रतीक्षा नहीं करने वाला ।
अविहेडय वि [अविहेटक] आदर करनेवाला ।
अवी देखो अवि ।
अवीइय अ [अविविच्य] अलग न होकर ।
अवीय वि [अद्वितीय] असाधारण, अनुपम । एकाकी, असहाय ।
अवुक्क सक [वि + ज्ञपय्] विज्ञप्ति करना, प्रार्थना करना ।
अवुग्गह देखो अविग्गह ।
अवूह देखो अवोह ।
अवे सक [अव + इ] जानना ।
अवे अक [अप + इ] दूर होना, हटना ।
अवेक्ख सक [अव + ईक्ष्] अपेक्षा करना । परवाह करना ।
अवेक्ख सक [अव + ईक्ष्] अवलोकन करना ।
अवेय वि [अपेत] रहित, वर्जित । °रुइ वि [°रुचि] रुचि-रहित, निरीह ।
अवेय वि [अवेद] पुरुष-वेदादि वेद से रहित । मुक्त, मोक्ष-प्राप्त ।
अवेसि देखो अंवेसि ।
अवेह देखो अवेक्ख = अव + ईक्ष् ।
अवोअड वि [अव्याकृत] अव्यक्त, अस्पष्ट ।
अवोह सक [अप + ऊह्] विचार करना । निर्णय करना ।
अवोह पुं [अपोह] विकल्पज्ञान, तर्कविशेष । त्याग । निर्णय ।
अव्वईभाव पुं [अव्ययीभाव] व्याकरण-प्रसिद्ध एक समास ।
अव्वंग वि [अव्यङ्ग] अखण्ड, अक्षत । सुन्दर । न. पूर्ण अंग, पूरा शरीर ।
अव्वक्खित्त वि [अव्याक्षिप्त] अविक्षिप्त । तल्लीन, एकाग्र ।
अव्वग्ग वि [अव्यग्र] अनाकुल ।
अव्वत्त / अव्वत्तय वि [अव्यक्त] अस्पष्ट, अस्फुट । छोटी उमर का बालक । अगीतार्थ, शास्त्र-रहस्यानभिज्ञ (साधु) । पुं. अव्यक्त मत का प्रवर्तक एक जैनाभास मुनि । सांख्य मत में प्रसिद्ध प्रकृति । °मय न [°मत] एक जैनाभास मत ।
अव्वत्तव्व वि [अवक्तव्य] अकथनीय । पुं. कर्मबन्ध विशेष, जब जीव सर्वथा कर्मबन्ध-रहित होकर फिर जो कर्मबन्ध करे वह ।
अव्वत्तिय देखो अवत्तिय ।
अव्वभिचारि वि [अव्यभिचारिन्] ऐकान्तिक ।
अव्वय न [अव्यय] 'च' आदि निपात ।
अव्वय न [अव्रत] व्रत का अभाव । वि. व्रत-रहित ।
अव्वय वि [अव्यय] अक्षय । शाश्वत ।
अव्ववसिय वि [अव्यवसित] अनिश्चित, संदिग्ध । अपराक्रमी ।
अव्वसण वि [अव्यसन] व्यसन-रहित । पुं. लोकोत्तर रीति से १२वाँ दिन ।
अव्वह वि [अव्यथ] व्यथारहित । न. निश्चल ध्यान ।
अव्वा स्त्री [अर्वाक्] पर से भिन्न ।
अव्वा स्त्री [दे. अम्बा] माता ।
अव्वाइद्ध वि [अव्याविद्ध] अविपरीत । न. सूत्र का एक गुण, अक्षरों की उलट-पुलट का अभाव ।
अव्वागड वि [अव्याकृत] अव्यक्त ।
अव्वाण वि [आव्यान] थोड़ा स्निग्ध ।
अव्वाबाह वि [अव्याबाध] हरज-रहित । न. रोग का अभाव । सुख । मोक्ष-स्थान,

मुक्ति। पुं. लोकान्तिक देव-विशेष। पुंन. एक देवविमान।
अव्वावड वि [अव्यापृत] जो व्यवहार मे न लाया गया हो, व्यापार-रहित। एक प्रकार का वास्तु।
अव्वावन्न वि [अव्यापन्न] अविनष्ट।
अव्वावार वि [अव्यापार] व्यापार-वर्जित।
अव्वाहय वि [अव्याहत] रुकावट-वर्जित। आघातरहित। °पुव्वावरत्त न [°पूर्वापरत्व] जिसमें पूर्वापर का विरोध या असंगति न हो ऐसा (वचन)।
अव्वाहार पुं [अव्याहार] मौन।
अव्वाहिय वि [अव्याहृत] न बुलाया हुआ।
अव्विरय वि [अविरत] विरति-रहित।
अव्वो अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—सूचना। दुःख। संभाषण। अपराध। विस्मय। आनन्द। आदर। भय। खेद। विषाद। पश्चात्ताप।
अव्वोगड वि [अव्याकृत] अविशेषित। फैलाव-रहित। नही बाटा हुआ। अस्फुट, अस्पष्ट। न. एक प्रकार का वास्तु।
अव्वोच्छिण्ण वि[अव्युच्छिन्न, अव्यवच्छिन्न] सतत। नित्य। अव्याहत।
अव्वोच्छित्ति स्त्री [अव्युच्छित्ति, अव्यवच्छित्ति] सातत्य, प्रवाह, परंपरा से बराबर चला आना।°नय पुं. वस्तु को किसी न किसी रूप से स्थायी माननेवाला पक्ष, द्रव्यार्थिक नय।
अव्वोयड देखो अव्वोगड।
अस सक [अश्] व्याप्त करना। खाना।
अस अक [अस्] होना।
अस वक्र [असत्] अविद्यमान।
असइ स्त्री [असृति] उलटा रखा हुआ हस्ततल। धान्य मापने का एक परिमाण। उससे मापा हुआ धान्य।
असइ स्त्री [दे. असत्त्व] अभाव, अविद्यमानता।

असइ
असइं } अ [असकृत्] बारंबार।
असईं
असई स्त्री [असती] कुलटा। दासी। °पोस पुं [°पोष] धन के लिए दासी, नपुंसक या पशुओं का पालन।
असउण पुंन [अशकुन] अपशकुन।
असंक वि [अशङ्क] असंदिग्ध। निर्भय।
असंकल वि [अशृङ्खल] शृङ्खला-रहित, अनियन्त्रित।
असंकिलिट्ठ वि [असंक्लिष्ट] संक्लेश-रहित। विशुद्ध, निर्दोष।
असंख वि [असंख्य] सख्या-रहित, परिमाण-रहित।
असंख [असंख्य] साख्य मत से भिन्न दर्शन।
असंखड स्त्रीन [दे] कलह।
असंखड न [दे] कलह, झगडा।
असंखडिय वि [दे] कलह करने वाला, झगड़ाखोर।
असंखय देखो असंख = असंख्य।
असंखय वि [असंस्कृत] संस्कार-हीन। संधान करने के अशक्य।
असंखिज्ज वि [असंख्येय] गिनती या परिमाण करने के अशक्य।
असंखेज्ज देखो असंखिज्ज।
असंखेज्जइ° वि [असंख्येय] असंख्यातवां। °भाग पुं. असंख्यातवा हिस्सा।
असंखेज्जय पुंन [असंख्येयक] गणना-विशेष।
असंग वि [असङ्ग] अनासक्त। पु. आत्मा। मुक्त जीव। न. मोक्ष।
असंगय न [दे] वस्त्र।
असंगहिय वि [असंगृहीत] जिसका संग्रह न किया गया हो वह। अनाश्रित।
असंगहिय वि [असंग्रहिक] संग्रह न करने वाला। पुं. नैगम नय का एक भेद।
असंगिअ पु [दे] घोड़ा। वि. अनवस्थित,

चञ्चल।
असंघयण वि [असंहनन] संहनन से रहित। वज्र, ऋषभ, नाराच आदि प्राथमिक तीन संघयणो से रहित।
असंजण न [असञ्जन] अनासक्ति।
असंजम वि [असंयम] हिंसा, झूठ आदि सावद्य अनुष्ठान। हिंसा आदि पाप कार्यों से अनिवृत्ति। अज्ञान। असमाधि।
असंजय वि [असंयत] हिंसा आदि पाप कार्यों से अनिवृत्त। हिंसा आदि करने वाला। पु. साधु-भिन्न, गृहस्थ।
असंजल पुं [असंज्वल] ऐरवत वर्ष के एक जिनदेव का नाम।
असंजोगि वि [असंयोगिन्] संयोग-रहित। पुं मुक्त जीव।
असंत वकृ. [असत्] अविद्यमान। असत्य। असुन्दर।
असंत वि [असत्त्व] सत्त्व-रहित, बल-शून्य।
असंथरंत वकृ. [दे. असंस्तरत्] समर्थ न होता हुआ। खोज न करता हुआ। तृप्त न होता हुआ।
असंथरण न [दे. असंस्तरण] निर्वाह का अभाव। पर्याप्त लाभ का अभाव। असमर्थता, अशक्त अवस्था।
असंथरमाण वकृ [दे. असंस्तरमाण] देखो असंथरंत।
असंधिम वि. संधान-रहित, अखण्ड।
असंभंत पुं [असंभ्रान्त] प्रथम नरक का छठवाँ नरकेन्द्रक—नरक-स्थान विशेष।
असभव्व वि [असंभाव्य] जिसकी संभावना न हो सके ऐसा।
असंभावणीय वि [असंभावनीय] ऊपर देखो।
असंलप्प वि [असंलप्य] अनिर्वचनीय।
असंलोय पुं [असंलोक] अप्रकाश। भीड रहित स्थान।
असंवर पुं आश्रव, संवर का अभाव।
असंवरीय वि [असंवृत] अनाच्छादित। नहीं रुका हुआ।
असंसट्ठ वि [असंसृष्ट] दूसरे से न मिला हुआ। लेप-रहित। स्त्री. पिण्डैषणा का एक भेद।
असंसि वि [असंसिन्] अविनश्वर।
असक्क वि [अशक्य] जिसको न कर सके वह।
असक्कय वि [असत्कृत] सत्कार-रहित।
असक्कणिज्ज वि [अशकनीय] अशक्य।
असगाह, असग्गह, असग्गाह पुं [असद्ग्रह] कदाग्रह। विशेष आग्रह।
असच्च न [असत्य] झूठ वचन। वि. झूठा। °मोस न [°मृष] झूठ से मिला हुआ सत्य। °वाइ वि [°वादिन्] झूठ बोलने वाला। °ामोस न [°ामृष] न सत्य और न झूठ ऐसा वचन। °ामोसा स्त्री [°ामृषा] देखो अनन्तरोक्त अर्थ। °संध वि असत्य-प्रतिज्ञ। असत्य अभिप्राय वाला।
असज्ज, असज्जमाण वकृ [असजत्] संग न करता हुआ।
असज्झाइय पुं [अस्वाध्यायिक] पठन-पाठन का प्रतिबन्धक कारण।
असज्झाय वि [अस्वाध्याय] अनध्याय, वह काल जिसमें पठन-पाठन का निषेध किया गया है।
असढ वि [अशठ] सरल, निष्कपट। °करण वि [°करण] निष्कपट भाव से अनुष्ठान करने वाला।
असण न [अशन] भोजन। खाद्य पदार्थ।
असण पुं [असन] बीजक नामक वृक्ष। न. फेंकना।
असणि पुंस्त्री [अशनि] एक प्रकार की बिजली। पु. एक नरक-स्थान।
असणि पुंस्त्री [अशनि] वज्र। आकाश से गिरता अग्नि-कण। वज्र की अग्नि। अग्नि। अस्त्रविशेष। °प्पह पुं [°प्रभ] रावण के मामा का नाम। °मेह पुं [°मेघ] वह वर्षा

जिसमे ओले गिरते हैं। अति भयंकर वर्षा, प्रलय-मेघ। °वेग पुं. विद्याधरो का एक राजा।

असणी स्त्री [अशनी] एक इन्द्राणी। जीभ, जिह्वा।

असण्ण वि [असंज्ञ] अचेतन।

असण्णि वि [असंज्ञिन्] संज्ञि-भिन्न, मनोज्ञान से रहित (जीव)। सम्यग्दृष्टि भिन्न, जैनेतर। °सुय न [°श्रुत] जैनेतर शास्त्र।

असत्थ वि [अस्वस्थ] अतंदुरुस्त, बीमार।

असत्थ न [अशस्त्र] शस्त्र-भिन्न। सयम, निर्दोष अनुष्ठान।

असद्द पु [अशब्द] अपयश। वि. शब्दरहित।

असबल वि. [अशबल] अमिश्रित। निर्दोप, पवित्र।

असब्भाव पुं [असद्भाव] यथार्थता का अभाव, झूठ। वि. असत्य।

असब्भूय वि [असद्भूत] असत्य।

असम वि. असमान, असाधारण। एक, तीन, पाँच आदि इकाई सख्या वाला, विषम। °सर पुं [°शर] कामदेव।

असमवाइ न [असमवायिन्] नैयायिक और वैशेषिक मत प्रसिद्ध कारण-विशेष।

असमंजस वि [असमञ्जस] अन्यवस्थित, गैरव्याजबी।

असमिक्खिय वि [असमीक्षित] अनालोचित, अविचारित। °कारि वि [°कारिन्] साहसिक। °कारिया स्त्री [°कारिता] साहस कर्म।

असरासय वि [दे] निर्दय।

असलील वि [अश्लील] असभ्य भाषा।

असव पुं [असु] प्राण।

असवण्ण वि [असवर्ण] असमान, असाधारण।

असवार पु [अश्ववार] घुडसवार।

असह वि. असहिष्णु। असमर्थ। खेद करने वाला।

असहण वि [असहन] असहिष्णु, क्रोधी।

असहाय वि. सहायरहित। एकाकी।

असहिज्ज वि [असाहाय्य] सहायतारहित। सहायता का अनिच्छुक।

असहु वि [असह] असहिष्णु। असमर्थ, अशक्त। बीमार। सुकुमार।

असहेज्ज देखो असहिज्ज।

असागारिय वि [असागारिक] गृहस्थो के आवागमन से रहित स्थान।

असाढभूइ पुं [अषाढभूति] एक जैन मुनि।

असाढय न [असाढक] तृण-विशेष।

असाय न [असात] दुःख। °वेयणिज्ज न [°वेदनीय] दु-ख का कारण-भूत कर्म।

असारा स्त्री [दे] कदली-वृक्ष।

असालिय पुस्त्री [दे] सर्प की एक जाति।

असाहण न [असाधन] असिद्धि।

असाहारण वि [असाधारण] अतुल्य, अनुपम।

असि पुं. तलवार। इस नाम की नरकपाल देवों की एक जाति। स्त्री. बनारस की एक नदी का नाम। °कुण्ड न [°कुण्ड] मथुरा का एक तीर्थ-स्थान। °घाय पुं [°घात] तलवार का घाव। °चम्मपाय न [°चर्मपात्र] तलवार की म्यान, कोश। °धारा स्त्री °धेणु, °धेणुआ स्त्री [°धेनु, °धेनुका] छुरी। °पत्त न [°पत्र] तलवार। तलवार के जैसा तीक्ष्ण पत्र। तलवार की पतरी। पुं. नरकपाल देवो की एक जाति। °पुत्तगा स्त्री [°पुत्रिका] छुरी। °मुट्ठि स्त्री [°मुष्टि] तलवार की मूठ। °रयण न [°रत्न] चक्रवर्ती राजा की एक उत्तम तलवार। °लट्ठि स्त्री [°यष्टि] खड्ग-लता, तलवार। °वण न [°वन] खड्गाकार पत्ते वाले वृक्षो का जंगल। °वत्त देखो [°पत्त]। °हर वि [°धर] तलवार-धारक, योद्धा। °हारा देखो °धारा।

असिइ (अप) देखो असीइ।

असिण न [अशन] भोजन ।

असित्थ न [असिक्थ] आटा लगे हुए हाथ या वर्तन का कपडे से छना हुआ धोवन ।

असिद्ध वि. अनिष्पन्न । तर्कशास्त्र प्रसिद्ध दुष्ट हेतु ।

असिय वि [अशित] खादित ।

असिय वि [असित] कृष्ण, श्वेतरहित । अशुभ । अवद्ध, अयन्त्रित । °क्ख पुं [°ाक्ष] यक्ष-विशेष ।

असिय न [दे] दात्र, दाँती ।

असिलेसा स्त्री [अश्लेषा] नक्षत्र-विशेष ।

असिव न [अशिव] विनाश । असुख । देव-तादि कृत उपद्रव । मारी रोग ।

असिविण पु [अस्वप्न] देव, देवता ।

असिव्व देखो असिव ।

असिसुई स्त्री [अशिश्वी] शिशुरहित स्त्री ।

असिह वि [अशिख] शिखारहित ।

असीइ स्त्री [अशीति] संख्या-विशेष, अस्सी, ८० । °म वि [°तम] अस्सीवाँ, ८०वाँ ।

असीइग वि [अशीतिक] अस्सी वर्ष की उम्र वाला ।

असीम वि [असीमन्] निस्सीम ।

असील वि [अशील] असदाचारी । न. अस-दाचार, अब्रह्मचर्य । °मंत वि [°वत्] अब्रह्मचारी । असंयत ।

असु पु. व. प्राण । न. चित्त । ताप ।

असु देखो अंसु ।

असुइ वि [अशुचि] अपवित्र, अस्वच्छ । न अमेध्य, विष्ठा ।

असुइ वि [अश्रुति] शास्त्रश्रवण-रहित ।

असुईकय वि [अशुचीकृत] अपवित्र किया हुआ ।

असुग पुं [असुक] देखो असु = असु ।

असुणि वि [अश्रोतृ] न सुननेवाला ।

असुद्ध वि [अशुद्ध] मलिन । न. मैला । °विसोहय पुं [°विशोधक] भंगी ।

असुय वि [अश्रुत] न सुना हुआ । °णिस्सिय न [°निश्रित] शास्त्र-श्रवण के विना ही होनेवाली वुद्धि—ज्ञान । °पुव्व वि [°पूर्व] पहले कभी नही सुना हुआ ।

असुर पुं. दैत्य, दानव । देवजाति-विशेष, भवनपति और व्यन्तर देवों की जाति । दास-स्थानीय देव । °कुमार पु. भवनपति देवो की एक अवान्तर जाति । °राय पुं [°राज] असुरो का इन्द्र । °वंदि पुं [°वन्दिन्] राक्षस ।

असुरिंद पु [असुरेन्द्र] असुरो का राजा, इन्द्र-विशेष ।

असुह न [अशुभ] अमंगल, अनिष्ट । पाप-कर्म । वि. खराव, असुन्दर । °णाम न [°नामन्] अशुभ फल देनेवाला कर्म-विशेष ।

असूअ सक [असूय्] असूया करना ।

असूया स्त्री [असूचा] सूचना का अभाव। दूसरे के दोषो को न कह कर अपना ही दोष कहना ।

असूया स्त्री. असूया, असहिष्णुता ।

असूरिय वि [असूर्य] सूर्यरहित, अन्धकारमय स्थान । पुं. नरक-स्थान ।

असेव्व देखो असिव ।

असेस वि [अशेष] निःशेष, सर्व ।

असोअ, असोग } पु [अशोक] देव-विशेष । पुन. एक देवविमान । शक्र आदि इन्द्रों का एक आभाव्य विमान । °वडिंसय पुंन [°ावतंसक] सौधर्म देवलोक का एक विमान ।

असोग पुं[अशोक] सुप्रसिद्ध वृक्ष-विशेष। महा-ग्रह विशेष ।हरा रंग । भगवान् मल्लिनाथ का चैत्यवृक्ष । देव-विशेष । न. तीर्थ-विशेष । यक्ष-विशेष । वि. शोक रहित । °चंद पुं [°चन्द्र] राजा श्रेणिक का पुत्र, राजा कोणिक । एक प्रसिद्ध जैनाचार्य । °ललिय पु [°ललित] चतुर्थ वलदेव का पूर्व-जन्मीय नाम । °वण न

[°वन] अशोक वृक्षों वाला वन। °वणिया स्त्री [°वनिका] अशोक वृक्ष वाला बगीचा। °सिरि पु [°श्री] इस नाम का एक प्रख्यात राजा, सम्राट् अशोक।

असोगा स्त्री [अशोका] इस नाम की एक इन्द्राणी। भगवान् श्री शीतलनाथ की शासन-देवी। एक नगरी का नाम।

असोय देखो असोग।

असोय पु [अश्वयुक्] आश्विन मास।

असोय वि [अशौच] शौचरहित। न. शौच का अभाव। °वाइ नि [°वादिन्] अशौच को ही माननेवाला।

असोयणया स्त्री [अशोचनता] शोक का अभाव।

असोया देखो असोगा।

असोल्लिय वि [अपक्व] कच्चा।

असोहि स्त्री [अशोधि] अशुद्धि। विराधना। °ठाण न [°स्थान] पाप-कर्म। अशुद्धि स्थान। दुर्जन का संसर्ग। अनायतन।

अस्स न [आस्य] मुख।

अस्स वि [अस्व] निर्धन। निर्ग्रन्थ, साधु, मुनि।

अस्स पु [अश्व] घोड़ा। अश्विनी नक्षत्र का अधिष्ठायक देव। ऋषि-विशेष। °कण्ण पु [°कर्ण] एक अन्तर्द्वीप। इन अन्तर्द्वीप का निवासी। °कण्णी स्त्री [°कर्णी] वनस्पति-विशेष। करण न. जहाँ घोड़ा रखने मे आता हो वह स्थान, अस्तबल। °ग्गीव पु [°ग्रीव] पहले प्रतिवासुदेव का नाम। °तर पुंस्त्री. खच्चड़। °मुह पु [°मुख] इस नाम का एक अन्तर्द्वीप और उसके निवासी। °मेह पु [°मेघ] यज्ञ-विशेष, जिसमे अश्व मारा जाता है। °सेण पु [°सेन] एक प्रसिद्ध राजा, भगवान् पार्श्वनाथ का पिता। एक महाग्रह का नाम। °ायर पु [°ादर] विद्याधर वंश के एक राजा का नाम।

अस्स न [अस्र] आँसू। रुधिर।

अस्संख वि [असंख्य] संख्या-रहित।

अस्संगिअ वि [दे] आसक्त।

अस्संघयणि वि [असंहननिन्] संहनन-रहित, किसी प्रकार के शारीरिक बन्ध से रहित।

अस्संजम देखो असंजम।

अस्संजय वि [अस्वयत] गुरु की आज्ञानुसार चलनेवाला, अस्वच्छंदी।

अस्संजय देखो असंजय।

अस्संदम पुं [अश्वन्दम] अश्व-पालक।

अस्सच्च देखो असच्च।

अस्सण्णि देखो असण्णि।

अस्सत्थ पुं [अश्वत्थ] वृक्ष-विशेष, पीपल।

अस्सत्थ वि [अस्वस्थ] रोगी, बीमार।

अस्सन्नि देखो असण्णि।

अस्सम पुं [आश्रम] स्थान, जगह। ऋषियो का स्थान।

अस्समिअ वि [अश्रमित] श्रमरहित, अनभ्यासी।

अस्सवार देखो असवार।

अस्सस अक [आ + श्वस्] आश्वासन लेना।

अस्साइय वि [आस्वादित] जिसका आस्वादन किया गया हो वह।

अस्साद सक [आ + सादय्] प्राप्त करना।

अस्साद सक [आ + स्वादय्] आस्वादन करना।

अस्सादण देखो अस्सायण।

अस्साय देखो अस्साद = आ + सादय्।

अस्साय देखो अस्साद = आ + स्वादय्।

अस्साय देखो असाय।

अस्सायण पु [आश्वायन] अश्व ऋषि की संतान। अश्विनी नक्षत्र का गोत्र।

अस्सावि वि [आस्राविन्] झरता हुआ, टपकता हुआ, सच्छिद्र।

अस्सास सक [आ + श्वासय्] आश्वासन देना, दिलासा देना।

अस्सासण पु [आश्वासन] एक महाग्रह।

अस्सि स्त्री [अश्रि] कोण, घर आदि का कोना। तलवार आदि का अग्रभाग—धार।
अस्सि पु [अश्विन्] अश्विनी नक्षत्र का अधिष्ठायक देव।
अस्सिणी स्त्री [अश्विनी] इस नाम का एक नक्षत्र।
अस्सिय वि [आश्रित] आश्रय-प्राप्त।
अस्सु पुंन [अश्रु] आँसू।
अस्सु (शौ) न [अश्रु] आँसू।
अस्सुक वि [अशुल्क] जिसकी चुगी या फीस माफ की गई हो वह।
अस्सुद (शौ) देखो असुय = अश्रुत।
अस्सुय वि [अस्मृत] याद नही किया हुआ।
अस्सेसा देखो असिलेसा।
अस्सोई स्त्री [आश्वयुजी] आश्विन मास की पूर्णिमा।
अस्सोई स्त्री [आश्वयुजी] आश्विन मास की अमावस देखो आसोया।
अस्सोकंता स्त्री [अश्वोत्क्रान्ता] सगीत-शास्त्र प्रसिद्ध मध्यम ग्राम की पाँचवी मूर्च्छना।
अस्सोत्थ देखो अस्सत्थ।
अस्सोयव्व वि [अश्रोतव्य] सुनने के अयोग्य।
अह अ [अथ] इन अर्थो का सूचक अव्यय—अत्र, बाद। अथवा, और। मंगल। प्रश्न। समुच्चय। प्रतिवचन, उत्तर विशेष।यथार्थता, वास्तविकता। पूर्वपक्ष। वाक्य की शोभा बढाने के लिए और पादपूर्ति मे भी इसका प्रयोग होता है।
अह न [अहन्] दिवस।
अह अ [अधस्] नीचे। °लोग पु [°लोक] पाताल-लोक। °त्थ वि [°स्थ] निम्न-स्थित।
अह स [अदस्] यह, वह।
अह न [दे] दु ख।
अह न [अघ] पाप।
अह° देखो अहा। °क्कम, °क्कमसो अ[°क्रम] अनुक्रम से। °क्खाय, °खाय न [°ख्यात] निर्दोष चारित्र, परिपूर्ण संयम।°क्खायसंजय वि [°ख्यातसंयत] परिपूर्ण सयम वाला। °च्छंद देखो अहाछंद। °त्थ वि [°स्थ] ठीक-ठीक रहा हुआ, यथास्थित। °त्थ वि [°र्थ] वास्तविक। °प्पहाण अ [°प्रधान] प्रधान के हिसाब से।
अहइं अ [अथकिम्] स्वीकार-सूचक अव्यय—हाँ, अच्छा।
अहंकार पुं. अभिमान।
अहणिस न [अहर्निश] रात-दिन, सर्वदा।
अहकम्म देखो अहेकम्म।
अहण वि [अधन] निधन।
अहण्णिस न [अहर्निश] रात-दिन, निरन्तर।
अहत्ता अ [अधस्तात्] नीचे।
अहण्ण वि [अधन्य] अप्रशस्य, हतभाग्य।
अहम वि [अधम] अधम, नीच।
अहमंति वि [अहमन्तिन्] अभिमानी।
अहमहमिआ, अहमहमिगया, अहमहमिगा स्त्री [अहमहमिका] मैं इससे पहले हो जाऊँ ऐसी चेष्टा, अत्युत्कण्ठा।
अहमिंद पुं [अहमिन्द्र] उत्तम-श्रेणीय पूर्ण स्वाधीन देवजाति विशेष, ग्रैवेयक और अनुत्तर विमान के निवासी देव। अपने को इन्द्र समझने वाला, गर्विष्ठ।
अहम्म देखो अधम्म।
अहम्म वि [अधर्म्य] धर्मरहित, गैरव्याजबी। पाप।
अहम्माणि वि [अहम्मानिन्] अभिमानी।
अहम्मि वि [अधर्मिन्] धर्म-रहित, पापी।
अहम्मिट्ठ देखो अधम्मिट्ठ।
अहम्मिय वि [अधार्मिक] अधर्मी, पापी।
अहय वि [अहत] अनुबद्ध, अव्यवच्छिन्न। अखण्डित। जो दूसरी तरफ लिया गया हो नूतन।
अहर वि [दे] अशक्त।

अहर पुं [अधर] होठ। वि. नीचला। अधम। दूसरा, अन्य। °गइ स्त्री [°गति] अधोगति, दुर्गति, नीच गति।
अहरिय वि [अधरित] तिरस्कृत।
अहरी स्त्री [अधरी] पेषण-शिला, जिस पर मसाला वगैरह पीसा जाता है वह पत्थर, सिलवट। °लोट्ट पुं [°लोष्ट] जिससे पीसा जाता है वह पत्थर, लोढा।
अहरीकय वि [अधरीकृत] तिरस्कृत, अवगणित।
अहरीभूय वि [अधरीभूत] तिरस्कृत।
अहरुट्ठ पुंन [अधरोष्ठ] नीचे का होठ।
अहरेम देखो अहिरेम।
अहरेमिअ वि [पूरित] पूरा किया हुआ।
अहल वि [अफल] निष्फल, निरर्थक।
अहलंद न [यथालन्द] पाँच रात का समय।
अहलंदि देखो अहालंदि।
अहव देखो अहवा।
अहवइ (अप) देखो अहवा।
अहवण } अ [अथवा] वाक्यालंकार में
अहवा } प्रयुक्त किया जाता अव्यय। या, अथवा।
अहव्व देखो अभव्व।
अहव्वण पुं [अथर्वन्] चौथा वेद-शास्त्र।
अहव्वा स्त्री [दे] असती, कुलटा स्त्री।
अहह अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय— आमन्त्रण। खेद। आश्चर्य। दुःख। आधिक्य, प्रकर्ष।
अहा° अ [यथा] जैसे, माफिक, अनुसार। °छंद वि [°च्छन्द] स्वच्छन्दी। न. मरजी के अनुसार। °जाय वि[°जात] प्रावरण-रहित। न. जन्म के अनुसार। जैन साधुओं में दीक्षा काल के परिमाण के अनुसार किया जाता वन्दन—नमस्कार। °णुपुव्वी स्त्री [°नुपूर्वी] यथाक्रम, अनुक्रम। °तच्च न [°तत्त्व] तत्त्व के अनुसार। °तच्च न [तथ्य] सत्य-सत्य। °पडिरूव वि [°प्रतिरूप] उचित, योग्य। °पवत्त वि [°प्रवृत्त] पूर्व की तरह ही प्रवृत्त, अपरिवर्त्तित। न. आत्मा का परिणाम-विशेष। °पवित्तिकरण न [°प्रवृत्तिकरण] आत्मा का परिणाम-विशेष। °बायर वि [°बादर] निस्सार। °भूय वि [°भूत] तात्त्विक, वास्तविक। °राइणिय, °रायणिय न [°रात्निक] यथाज्येष्ठ, बडे के क्रम से। °रिय न [ऋजु] सरलता के अनुसार। °रिह न [°र्ह] यथोचित। वि. योग्य। °रीय न [°रीत] रीति के अनुसार। स्वभाव के माफिक। °लंद पुं [°लन्द] काल का एक परिमाण, पानी से भीजा हुआ हाथ जितने समय में सूख जाय उतना समय। °वगास न [°वकाश] अवकाश के अनुसार। °वच्च वि [°पत्य] पुत्र-स्थानीय। °संथड वि [°संस्तृत] शयन के योग्य। °संविभाग पुं. साधु को दान देना। °सच्च न [°सत्य] वास्तविकता, सचाई। °सत्ति न [°शक्ति] शक्ति के अनुसार। °सुत्त न[°सूत्र] आगम के अनुसार। °सुह न[°सुख] इच्छानुसार। °सुहुम वि [सूक्ष्म] सारभूत। देखो °अह।
अहालंद वि [यथालन्द] यथानुज्ञात (काल), इच्छानुसार (समय)।
अहालंदि पुं [यथालन्दिन्] 'यथालन्द' अनुष्ठान करने वाला मुनि।
अहासंखड वि [दे] निष्कम्प।
अहासल वि [अहास्य] हास्य-रहित।
अहाह अ [अहाह] देखो अहह।
अहि देखो अभि।
अहि अ [अधि] इन अर्थों का सूचक अव्यय— आधिक्य, विशेषता। अधिकार, सत्ता। ऐश्वर्य, ऊँचा, ऊपर।
अहि पुं. साँप। शेषनाग। °च्छत्ता स्त्री [°च्छत्रा] नगरी-विशेष। °मड पुंन [°मृतक] साँप का मुर्दा। °वइ पुं [°पति] शेषनाग। °विंछिअ पुं [°वृश्चिक] सर्प के मूत्र से उत्पन्न

होने वाली वृश्चिक जाति ।
अहिअल न [दे] गुस्सा ।
अहिआअ न [अभिजात] कुलीनता ।
°अहिआइ स्त्री [अभिजाति] कुलीनता ।
अहिआर पुं [दे] लोक-यात्रा, जीवन-निर्वाह ।
अहिउत्त वि [दे] व्याप्त, खचित ।
अहिउत्त वि [अभियुक्त] विद्वान् । उद्यत, उद्योगी । शत्रु से घिरा हुआ ।
अहिऊर सक [अभि+पूरय्] पूर्ण करना, व्याप्त करना ।
अहिऊल सक [दह्] जलाना ।
अहिओय पुं[अभियोग] सम्बन्ध । दोषारोपण । देखो अभिओअ ।
अहिंद पुं [अहीन्द्र] सर्पों का राजा, शेषनाग । श्रेष्ठ सर्प । °वुर न [°पुर] वासुकि-नगर °वुरणाह पु [पुरनाथ] विष्णु, अच्युत ।
अहिंसा स्त्री. दूसरे को किसी प्रकार से दुःख न देना ।
अहिंसिय वि [अहिंसित] अमारित, अपीडित ।
अहिकंख देखो अभिकंख ।
अहिकंखि देखो अहिकंखिर ।
अहिकय वि [अधिकृत] प्रस्तुत ।
अहिकरण देखो अहिगरण ।
अहिकरणी देखो अहिगरणी ।
अहिकार देखो अहिगार ।
अहिकारि देखो अहिगारि ।
अहिकिच्च अ [अधिकृत्य] अधिकार कर, उद्देश्य कर ।
अहिक्खण न [दे] उपालभ, उलहना ।
अहिक्खित्त वि [अधिक्षिप्त] तिरस्कृत । निन्दित । स्थापित । परित्यक्त । क्षिप्त ।
अहिक्खिव सक [अधि+क्षिप्] तिरस्कार करना । फेंकना । निन्दना । स्थापित करना । छोड देना ।
अहिक्खेव पु [अधिक्षेप] तिरस्कार । स्थापन । प्रेरणा ।
अहिखिव देखो अहिक्खिव ।
अहिग देखो अहिय = अधिक ।
अहिखीर सक [दे] पकडना । आघात करना ।
अहिगंध वि [अधिगन्ध] अधिक गन्धवाला ।
अहिगम सक [अधि+गम्] जानना । निर्णय करना । प्राप्त करना ।
अहिगम सक [अभि+गम्] सामने जाना । आदर करना ।
अहिगम पु [अधिगम] ज्ञान । प्राप्ति । गुरु आदि का उपदेश । सेवा भक्ति । न. गुरु आदि के उपदेश से होने वाली सद्धर्म-प्राप्ति—सम्यक्त्व । °रुइ स्त्री [°रुचि] सम्यक्त्व का एक भेद । सम्यक्त्व वाला ।
अहिगम देखो अभिगम ।
अहिगमय वि [अधिगमक] जाननेवाला ।
अहिगम्म देखो अहिगम = अधि+गम् ।
अहिगम्म देखो अहिगम = अभि+गम् ।
अहिगय वि [अधिकृत] प्रस्तुत । न. प्रस्ताव, प्रसंग ।
अहिगय वि [अधिगत] उपलब्ध । ज्ञात । पुं. गीतार्थ मुनि, शास्त्राभिज्ञ साधु ।
अहिगर पु [दे] अजगर ।
अहिगरण पुंन [अधिकरण] युद्ध । असंयम, पाप-कर्म से अनिवृत्ति । आत्म-भिन्न वाह्य वस्तु । पाप जनक क्रिया । आधार । उपहार । कलह, विवाद । हिंसा का उपकरण । कड़, °कर वि [°कर] कलहकारक । °किरिया स्त्री [°क्रिया] पाप-जनक कृति, दुर्गति में ले जानेवाली क्रिया । °सिद्धंत पु [°सिद्धान्त] आनुषंगिक सिद्धि करनेवाला सिद्धान्त ।
अहिगरणी स्त्री [अधिकरणी] लोहार का एक उपकरण । °खोडि स्त्री [°खोटि] जिसपर अधिकरणी रखी जाती है वह काष्ठ ।
अहिगरणिया } स्त्री [आधिकरणिकी]
अहिगरणीया } देखो अहिगरण-किरिया ।
अहिगार पुं [अधिकार] वैभव । हक । प्रस्ताव । ग्रन्थविभाग । योग्यता ।

अहिगारि, अहिगारिय वि [अधिकारिन्] अमलदार, राजनियुक्त सत्ताधीश।
अहिगिच्च अ [अधिकृत्य] अधिकार करके।
अहिघाय पुं [अभिघात] आस्फालन, आघात।
अहिछत्ता स्त्री [अहिच्छत्रा] नगरी-विशेष, कुरुजंगल देश की प्राचीन राजधानी।
अहिजाइ स्त्री [अभिजाति] कुलीनता।
अहिजाण सक [अभि + ज्ञा] पहिचानना।
अहिजाय वि [अभिघात] कुलीन।
अहिजुज देखो अभिजुंज।
अहिजुत्त देखो [अभिजुत्त]।
अहिज्ज सक [अधि + इ] पढना, अभ्यास करना।
अहिज्ज वि [अधिज्य] धनुष की डोरी पर चढाया हुआ (वाण)।
अहिज्ज, अहिज्जग वि [अभिज्ञ] जानकार, निपुण।
अहिज्जण न [अध्ययन] पठन, अभ्यास।
अहिज्जाण (शौ) देखो अहिण्णाण।
अहिज्जाविय वि [अध्यापित] पढाया हुआ।
अहिज्जिय वि [अधीत] पठित।
अहिज्झिय वि [अभिध्यित] लोभ-रहित।
अहिट्ठ सक [अधि + ष्ठा] करना।
अहिट्ठग वि [अधिष्ठक] अधिष्ठाता, विधायक, कारक।
अहिट्ठुण देखो अहिट्ठाण।
अहिट्ठा सक [अधि + स्था] ऊपर चलना। आश्रय लेना। रहना, निवास करना। शासन करना। हराना। आक्रमण करना। ऊपर चढ बैठना। वश करना।
अहिट्ठाण न [अधिष्ठान] बैठना। आश्रयण। मालिक बनना। स्थान, आश्रय।
अहिट्ठायग वि [अधिष्ठायक] अध्यक्ष, अधिपति।
अहिट्ठावण न [अधिष्ठापन] ऊपर रखना।
अहिट्ठिय वि [अधिष्ठित] अध्यासित। अधीन किया हुआ। आक्रान्त, आविष्ट।
अहिठाण न [अधिष्ठान] अपान-प्रदेश।
अहिड्डुय वि [दे. अभिद्रुत] पीडित।
अहिणंद देखो अभिणंद।
अहिणय देखो अभिणय।
अहिणव पु [अभिनव] सेतुबन्ध काव्य का कर्ता राजा प्रवरसेन। वि. नूतन।
अहिणवेमाण देखो अहिणी।
अहिणवेमाण देखो अहिणु।
अहिणाण देखो अहिण्णाण।
अहिणिबोह पुं [अभिनिबोध] ज्ञान-विशेष, मतिज्ञान।
अहिणिवस सक [अभिनि + वस्] रहना।
अहिणिविट्ठ वि [अभिनिविष्ट] आग्रह-ग्रस्त।
अहिणिवेस पु [अभिनिवेश] आग्रह, हठ।
अहिणी स्त्री [अहि] नागिन।
अहिणी देखो अभिणी।
अहिणील वि [अभिनील] हरा, हरा रंग वाला।
अहिणु सक [अभि + नु] स्तुति करना, प्रशंसना।
अहिण्ण वि [अभिन्न] भेदरहित, अपृथग्भूत।
अहिण्णाण न [अभिज्ञान] चिह्न, निशानी।
अहिण्णु वि [अभिज्ञ] निपुण, ज्ञाता।
अहितत्त वि [अभितप्त] तापित, संतापित।
अहित्ता देखो अहिज्ज = अधि + इ।
अहिदायग वि [अभिदायक] दाता।
अहिदेवया स्त्री [अधिदेवता] अधिष्ठाता देव।
अहिद्दव सक [अभि + द्रु] हैरान करना।
अहिद्दुय वि [अभिद्रुत] हैरान किया हुआ।
अहिधाव सक [अभि + धाव्] दौडना, सामने दौड़कर जाना।
अहिपच्चुअ सक [ग्रह्] ग्रहण करना।
अहिपच्चुअ सक [आ + गम्] आना।
अहिपच्चुइअ न [दे] अनुगमन, अनुसरण।
अहिपड सक [अभि + पत्] सामने आना।

अहिपास सक [अधि + दृश्] अधिक देखना। समान रूप से देखना।
अहिप्पाय देखो अभिप्पाय।
अहिप्पेय देखो अभिप्पेय।
अहिभव देखो अभिभव।
अहिमंजु पु [अभिमन्यु] अर्जुन के एक पुत्र का नाम।
अहिमंतण वि [अभिमन्त्रण] मन्त्रित करना, मन्त्र से संस्कारना।
अहिमंतिअ वि [अभिमन्त्रित] मन्त्र से संस्कृत।
अहिमज्जु, अहिमण्णु } देखो अहिमंजु।
अहिमय वि [अभिमत] सम्मत, इष्ट।
अहिमयर पुं [अहिमकर] सूर्य।
अहिमर पु [अभिमर] धनादि के लोभ से दूसरे को मारने का साहस करने वाला। गजादिघातक।
अहिमाण पु [अभिमान] अहंकार।
अहिमार पु [अभिमार] वृक्ष-विशेष।
अहिमास पु [अधिमास] अधिक मास।
अहिमुह वि [अभिमुख] संमुख।
अहिमुहिहूअ, अहिमुहीहूअ } वि [अभिमुखीभूत] सामने आया हुआ।
अहिय वि [अधिक] ज्यादा, विशेष।
अहिय वि [अहित] अहितकर, शत्रु।
अहिय वि [अधीत] पठित, अभ्यस्त।
अहिया स्त्री [अधिका] भगवान् श्रीनमिनाथ की प्रथम शिष्या।
अहियाइ देखो अहिजाइ।
अहियाय देखो अहिजाय।
अहियार पु [अभिचार] शत्रु के वध के लिए किया जाता मन्त्रादि-प्रयोग।
अहियार देखो अहिगार।
अहियास सक [अधि + आस्, अधि+सह्] सहन करना, कष्टों को शान्ति से झेलना।
अहियास वि [अध्यास, अधिसह] सहिष्णु।
अहियासण न [अधिकाशन] अधिक भोजन, अजीर्ण।
अहिर पु [आभीर] अहीर।
अहिरम अक [अभि + रम्] क्रीड़ा करना, संभोग करना।
अहिरम्म वि [अभिरम्य] सुन्दर।
अहिराम वि [अभिराम] मनोहर।
अहिरामिण वि [अभिरामिन्] आनन्द देने वाला।
अहिराय पु [अधिराज] राजा। स्वामी, पति।
अहिराय न [अधिराज्य] राज्य, प्रभुत्व।
अहिरिअ देखो अहिरीअ।
अहिरीअ वि [अह्रीक] निर्लज्ज।
अहिरीअ वि [दे] निस्तेज।
अहिरीमाण वि [दे. अहारिन्, अह्रीमनस्] अमनोहर, मन को प्रतिकूल। अलज्जाकारक।
अहिरूव वि [अभिरूप] सुन्दर। अनुरूप, योग्य।
अहिरेम सक [पृ] पूर्त्ति करना।
अहिरेइअ वि [दे] पूर्ण।
अहिरोहण न [अधिरोहण] ऊपर चढना, आरोहण।
अहिरोहि वि [अधिरोहिन्] ऊपर चढने वाला।
अहिरोहिणी स्त्री [अधिरोहिणी] निःश्रेणी, सीढी।
अहिल वि [अखिल] सकल।
अहिलंख, अहिलंघ, अहिलक्ख } सक [काङ्क्ष्] चाहना, अभिलाष करना।
अहिलक्ख वि [अभिलक्ष्य] अनुमान से जानने योग्य।
अहिलव सक [अभि + लप्] संभाषण करना, कहना।

अहिलस सक [अभि + लष्] अभिलाप करना, चाहना।
अहिलाण न [अभिलान] मुख का वन्धन विशेष।
अहिलाव पु [अभिलाप] शब्द, आवाज।
अहिलास पुं [अभिलाष] इच्छा।
अहिलिअ न [दे] पराभव। गुस्सा।
अहिलिह सक [अभि + लिख्] चिन्ता करना। लिखना।
अहिलोयण न [अभिलोकन] ऊँचा स्थान।
अहिलोल वि [अभिलोल] चञ्चल।
अहिलोहिआ स्त्री [अभिलोभिका] लोलुपता, तृष्णा।
अहिल्ल वि [दे] धनवान्।
अहिल्लिया स्त्री [अहिल्या] एक सती स्त्री।
अहिव [अधिप] ऊपरी, मुखिया। मालिक, स्वामी। राजा।
अहिवइ वि [अधिपति] ऊपर देखो।
अहिवंजु देखो अहिमंजु।
अहिवंदिय वि [अभिवन्दित] नमस्कृत।
अहिवज्जु देखो अहिमंजु।
अहिवड अक [अधि + पत्] क्षीण होना।
अहिवड सक [अधि + पत्] आना।
अहिवड्ढ देखो अभिवड्ढ।
अहिवड्ढि, अहिवद्धि स्त्री [अभिवृद्धि] उत्तर प्रोष्ठपदा नक्षत्र का अधिष्ठाता देवता।
अहिवण्ण वि [दे] पीला और लाल रंग वाला।
अहिवण्णु देखो अहिमंजु।
अहिवल्ली स्त्री नाग-वल्ली।
अहिवस सक [अधि + वस्] निवास करना, रहना।
अहिवाइय वि [अभिवादित] अभिनन्दित।
अहिवायण देखो अभिवायण।
अहिवाल वि [अधिपाल] पालक, रक्षक।
अहिवास पु [अधिवास] वासना (गन्ध), संस्कार।
अहिवासण न [अधिवासन] संस्काराधान।
अहिवासि वि [अधिवासिन्] निवासी।
अहिवासिअ वि [अधिवासित] सजाया हुआ।
अहिविण्णा स्त्री [दे] कृत-सापत्न्या स्त्री, उपपत्नी।
अहिसंका स्त्री [अभिशङ्का] भ्रम, संदेह। भय, डर।
अहिसंजमण न [अभिसंयमन] नियन्त्रण।
अहिसंधारण न [अभिसंधारण] अभिप्राय।
अहिसंधि पुस्त्री [अभिसंधि] अभिप्राय, आशय।
अहिसंधि पुं [दे] वारम्वार।
अहिसक्कण पुंन [अभिष्वष्कण] सम्मुख-गमन।
अहिसर सक [अभि + सृ] प्रवेश करना। अपने दयित—प्रिय के पास जाना।
अहिसहण न [अधिसहन] सहन करना।
अहिसाअ देखो अक्कम = आ + क्रम्।
अहिसाम वि [अभिशाम] काला, कृष्णवर्ण वाला।
अहिसाय वि [दे] पूर्ण, पूरा।
अहिसारण न [अभिसारण] आनयन। पति के लिए संकेत स्थान पर जाना।
अहिसारिअ वि [अभिसारित] आनीत।
अहिसारिआ स्त्री [अभिसारिका] नायक को मिलने के लिए संकेत स्थान पर जानेवाली स्त्री।
अहिसिअ न [दे] अनिष्ट ग्रह की आशंका से खेद करना—रोना। वि अनिष्ट ग्रह से भयभीत।
अहिसिंच देखो अभिसिंच।
अहिसित्त देखो अभिसित्त।
अहिसेअ देखो अभिसेअ।
अहिसोढ वि [अधिसोढ] सहन किया हुआ।
अहिस्संग पु [अभिष्वङ्ग] आसक्ति।
अहिहय वि [अभिहत] आघात-प्राप्त। मारित,

व्यापादित ।

अहिहर सक [अभि + हृ] लेना । उठाना । अक. शोभना । प्रतिभास होना, लगना ।

अहिहर न [दे] देवकुल, पुराना देवमन्दिर । वल्मीक ।

अहिहव सक [अभि + भू] पराभव करना ।

अहिहाण न [दे. अभिधान] वर्णन, प्रशंसा ।

अहिहाण देखो अभिहाण ।

अहिहू देखो अहिहव ।

अहिहूअ वि [अभिभूत] पराभूत ।

अही सक [अधि + इ] पढ़ना ।

अही स्त्री. नागिन ।

अहीकरण न [अधिकरण] कलह, झगड़ा ।

अहीगार देखो अहिगार ।

अहीण वि [अधीन] आयत्त ।

अहीण वि [अहीन] अन्यून, पूर्ण ।

अहीय देखो अहिय = अधिक ।

अहीय वि [अधीत] पठित ।

अहीरग वि [अहीरक] तन्तुरहित (फलादि) ।

अहीरु वि [अभीरु] निडर ।

अहीलास देखो अहिलास ।

अहीसर पु [अधीश्वर] परमेश्वर ।

अहुआसेय वि [अहुताशेय] अग्नि के अयोग्य ।

अहुणा अ [अधुना] अभी, इस समय, आजकल ।

अहुणि (पं) देखो अहुणा ।

अहुलण वि [अमार्जक] अनाशक ।

अहुल्ल वि [अफुल्ल] अविकसित ।

अहुवंत वकृ [अभवत्] न होता हुआ ।

अहूण देखो अहीण = अहीन ।

अहूव वि [अभूत] जो न हुआ हो । °पुव्व वि [°पूर्व] जो पहले कभी न हुआ हो ।

अहे अ [अधस्] नीचे । °कम्म न [कर्मन्] आधाकर्म, भिक्षा का एक दोष । °काय पुं. शरीर का निचला हिस्सा । °चर वि. बिल आदि में रहने वाले सर्प वगैरह जन्तु । °तारग पुं [°तारक] पिशाच-विशेष । °दिसा स्त्री [°दिक्] नीचे की दिशा । °लोग पुं [°लोक] पाताल-लोक । °वाय पु [°वात] नीचे बहनेवाला वायु । अपानवायु, पवन । °वियड वि [°विकट] निम्नादिगत स्थान, गुप्त स्थान । °सत्तमा स्त्री [°सप्तमी] सातवीं या अन्तिम नरकभूमि । देखो अहो = अधस् ।

अहे देखो अह = अथ ।

अहेउ पुं [अहेतु] सत्य हेतु का विरोधी, हेत्वाभास । वि. कारणरहित, नित्य । °वाय पु [°वाद] आगमवाद, जिसमें तर्क—हेतु को छोड़कर केवल शास्त्र ही प्रमाण माना जाता हो ऐसा वाद ।

अहेकम्म पुंन [अधःकर्मन्] अधोगति में ले जाने वाला कर्म । भिक्षा का आधाकर्म दोष ।

अहेसणिज्ज वि [यथैषणीय] सत्काररहित, फाग ।

अहेसर पु [अहरीश्वर] सूर्य ।

अहो देखो अह = अधस् । °करण न कलह । °गइ स्त्री [°गति] नरक या तिर्यग्योनि । अवनति । °गामि वि [°गामिन्] दुर्गति में जानेवाला । °तरण न. झगड़ा । °मुह वि [°मुख] अधोमुख, अवनत मुख, लज्जित । °लोइय वि[°लौकिक]पाताल लोक से सम्बन्ध रखने वाला । °हि वि [°अवधि] नीचे दर्जा का अवधिज्ञान वाला । पुस्त्री. नीचे दर्जा का अवधिज्ञान, अवधिज्ञान का एक भेद ।

अहो अ [अहनि] दिवस में ।

अहो अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—आश्चर्य । शोक । आमन्त्रण, सबोधन । वितर्क । प्रशंसा । असूया, द्वेष । दीनता । °दाण न [°दान] आश्चर्य-कारक दान । °पुरिसिगा, °पुरिसिया स्त्री [°पुरुषिका] अभिमान । °विहार पुं. संयम का आश्चर्यजनक अनुष्ठान ।

अहो° पुंन [अहन्] दिवस । °णिस, निस,

निसि न [°निश] रात और दिन, दिन-रात। °रत्त पुं [°रात्र] दिन और रात्रि परिमित काल, आठ प्रहर। चार-प्रहर का समय। °राइया स्त्री [°रात्रिकी] ध्यान-प्रधान अनुष्ठान-विशेष। °राइंदिय न [°रात्रिन्दिव] दिनरात।

अहोरण न [दे] उत्तरीय वस्त्र, चादर।

आ

आ पुं [आ] प्राकृत वर्णमाला का द्वितीय स्वर-वर्ण। इन अर्थों का सूचक अव्यय--अ. मर्यादा, सीमा। अभिविधि, व्याप्ति। थोड़ा-पन, चारों ओर। अधिकता, विशेषता। स्मरण। आश्चर्य। क्रियाशब्द के योग में अर्थविस्तृति और विपर्यय। वाक्य की शोभा के लिए भी इसका प्रयोग होता है। पादपूर्ति में प्रयुक्त किया जाता अव्यय।

आ अ. नीचे।

आ अ. [आस्] इन अर्थों का सूचक अव्यय—खेद। दुःख। गुस्सा।

आ सक [या] जाना।

आअ वि [दे] वहुत। लम्बा। विषम, कठिन। न. लोहा। मुसल।

आअ वि [आगत] आया हुआ।

आअअ वि [आगत] आया हुआ।

आअअ वि [आयत] लम्बा, विस्तीर्ण।

आअंछ सक [कृष्] खीचना। जोतना, चास करना। रेखा करना।

आअंतुअ देखो आगतुय।

आअंब वि [आताम्र] थोड़ा लाल।

°आअंब पुं [कादम्ब] हंस।

आअक्ख सक [आ + चक्ष्] कहना, वोलना, उपदेश करना।

आअच्छ देखो आगच्छ।

आअड्ड अक [दे] परवश होकर चलना।

आअड्ड अक [व्या + पृ] काम में लगना।

आअड्डिअ वि [दे] दूसरे की प्रेरणा से चला हुआ।

आअत्ति देखो आयइ।

आअद देखो आगय।

आअम देखो आगम।

आअर सक [आ + दृ] आदर करना, सत्कार करना।

आअर न [दे] ऊखल। कूर्च।

आअल्ल पुं [दे] रोग। वि. चंचल। देखो आयल्लया।

आअल्लि } स्त्री [दे] झाड़ी, लताओ से
आअल्ली } निविड प्रदेश।

आअव्व अक [वेप्] कांपना।

आआमि देखो आगामि।

आआस देखो आयंस।

आइ सक [अ + दा] ग्रहण करना, लेना।

आइ पुं [आदि] प्रथम। प्रभृति। समीप। प्रकार, भेद। अवयव, अंश। प्रधान, मुख्य। उत्पत्ति। ससार। °गर वि [°कर] आदि प्रवर्त्तक। पुं. भगवान् ऋषभदेव। °गुण पुं. सहभावी गुण। °णाह पुं [°नाथ] भगवान् ऋषभदेव। °तित्थियर पु [°तीर्थंकर] भगवान् ऋषभदेव। °देव पु भगवान् ऋषभ-देव। °म पुं. प्रथम। °मूल न. मुख्य कारण। °मोक्ख पु [°मोक्ष] ससार से छुटकारा, मोक्ष। शीघ्र ही मुक्त होने वाली आत्मा। °राय पु [°राज] भगवान् ऋषभदेव। °वराह पुं. कृष्ण, नारायण।

आइ वि [आदिन्] खानेवाला।

आइ स्त्री [आजि] सग्राम।

आइअंतिय देखो अच्चंतिय।

आइं अ [दे] वाक्य की शोभा के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला अव्यय।

आइंखणा, आइंखणिया, आइंखिणिया } स्त्री [दे] देवता-विशेष, कर्ण पिशाचिका देवी। डोमिनी, चाडाली।

आइंग न [दे] वाद्य-विशेष।

आइंच देखो आयंच।

आइंच देखो अक्कम = आ + क्रम्।

आइंचवार पुं [आदित्यवार] रविवार।

आइंचिय वि [आदित्यिक]आदित्य-सम्बन्धी।

आइंछ देखो आअंछ।

आइक्ख सक [आ + चक्ष्] कहना, उपदेश देना।

आइक्खग वि [आख्यायक] कहनेवाला, वक्ता।

आइक्खण न [आख्यान] कथन, उपदेश।

आइक्खिया स्त्री [आख्यायिका] वार्ता, कहानी। एक प्रकार की मैली विद्या, जिससे चाण्डालिनी भूत-काल आदि की परोक्ष वार्ते कहती है।

आइग्ग वि [आविग्न] उद्विग्न, खिन्न।

आइग्घ सक [आ + घ्रा] सूंघना।

आइच्च अ [दे] कोईवार।

आइच्च पुं [आदित्य] सूर्य। लोकान्तिक देव-विशेष। न. देवविमान-विशेष। पुं. तन्निवासी देव। वि. आद्य। सूर्य-सम्बन्धी। °गइ पुं [°गति] राक्षस वंश के एक राजा का नाम। °जस पुं [°यशस्] भरत चक्रवर्ती का एक पुत्र, जिससे इक्ष्वाकु वंश की शाखारूप सूर्य-वंश की उत्पत्ति हुई थी। °पभ न [°प्रभ] इस नाम का एक नगर। °पीढ न [°पीठ] भगवान् ऋषभदेव का एक स्मृतिचिह्न—पाद-पीठ। °रक्ख पुं [°रक्ष] इस नाम का लङ्का का एक राजपुत्र। °रय पु [°रजस्] वानर वंश का एक विद्याधर राजा।

आइज्ज देखो आएज्ज।

आइज्जमाण वकृ [आर्द्रीक्रियमाण] भीजाया जाता।

आइट्ठ वि [आदिष्ट] उक्त, उपदिष्ट। विव-क्षित।

आइट्ठ वि [आविष्ट] अधिष्ठित, आश्रित।

आइट्ठि स्त्री [आदिष्टि] धारणा।

आइड्ढि स्त्री [आत्मर्द्धि] आत्मा की शक्ति।

आइड्ढिय वि [आत्मर्द्धिक] आत्मीय शक्ति-सम्पन्न।

आइड्ढिय वि [आकृष्ट] खींचा हुआ।

आइण्ण देखो आइन्न।

आइत्त वि [आदीप्त] थोड़ा प्रकाशित—ज्वलित।

आइत्त वि [आयत्त] अधीन, वशीभूत।

आइत्तु वि [आदातृ] ग्रहण करने वाला।

आइत्थ न [आतिथ्य] अतिथि-सत्कार।

आइदि स्त्री [आकृति] आकार।

आइद्ध वि [आविद्ध] प्रेरित। छूआ हुआ। पहना हुआ।

आइद्ध वि [आदिग्ध] व्याप्त।

आइन्न वि [आकीर्ण] व्याप्त, भरा हुआ। पुं. वस्त्रदायक कल्पवृक्ष।

आइन्न वि [आचीर्ण] आचरित, विहित।

आइन्न वि [आदीर्ण] उद्विग्न, खिन्न।

आइन्न पुं [दे] कुलीन घोड़ा।

आइप्पण न [दे] आटा। घर की शोभा के लिए जो चूना आदि की सफेदी दी जाती है वह। चावल के आटा का दूध। घर का मण्डन—भूपण।

आइय (अप) वि [आयात] आया हुआ।

आइय वि [आचित] एकत्रीकृत। व्याप्त। ग्रथित, गुम्फित।

आइय वि [आदृत] आदरप्राप्त।

आइयण न [आदान] ग्रहण।

आइयणया स्त्री [आदान] उपादान।

आइरिय देखो आयरिय = आचार्य।

आइल वि [आविल] कलुष, अस्वच्छ।

आइल्ल } वि [आदिम] प्रथम।
आइल्लिय }

आइवाहिअ पु [आतिवाहिक] देव-विशेष, जो मृत जीव को दूसरे जन्म में ले जाने के लिए नियुक्त है।

आइवाहिग पुं [आतिवाहिक] मार्गदर्शक।

आइस सक [आ + दिश्] आदेश करना, हुकुम करना।

आइसण वि [दे] परित्यक्त।

आईण वि [आदीन] बहुत गरीब। न. दूषित भिक्षा।

आईण पुं [दे] जातिमान् अश्व।

आईण न [आजिन] चमडे का बना हुआ वस्त्र। पुं. द्वीप-विशेष। समुद्र-विशेष। °भद्द पुं [°भद्र] आजिन-द्वीप का अधिष्ठाता देव। °महाभद्द पुं [°महाभद्र] देखो पूर्वोक्त अर्थ। °महावर पुं आजिन और आजिनवर नामक समुद्र का अधिष्ठाता देव। °वर पुं. द्वीप-विशेष। समुद्र-विशेष। आजिन और आजिनवर समुद्र का अधिष्ठाता देव। °वरभद्द पुं [°वरभद्र] आजिनवरद्वीप का अधिष्ठाता देव। °वरमहाभद्द पुं [°वरमहाभद्र] देखो अनन्तर उक्त अर्थ। °वरोभास पुं [°वराव-भास] द्वीप-विशेष। समुद्र-विशेष। °वरो-भासभद्द पु [°वरावभासभद्र] उक्त द्वीप का अधिष्ठायक देव। °वरोभासमहाभद्द पुं [°वरावभासमहाभद्र] देखो पूर्वोक्त अर्थ। °वरोभासमहावर पु [°वरावभासमहावर] अजिनवराभास नामक समुद्र का अधिष्ठाता देव। °वरोभासवर [°वरावभासवर] देखो अनन्तरोक्त अर्थ।

आईनीइ स्त्री [आदिनीति] सामरूप पहली राजनीति।

आईय देखो आइ = आदि।

आईय वि [आतीत] विशेष-ज्ञात। संसार मे घूमनेवाला।

आईल पुन [आचील] पान का थूकना।

आईव अक [आ + दीप्] चमकना।

आईसर पुं [आदीश्वर] भगवान् ऋषभदेव।

आउ स्त्री [दे] पानी। इस नाम का एक नक्षत्र-देव। °काय, °क्काय पु [°काय] जल का जीव। °काइय, °क्काइय पुं [°कायिक] जल का जीव। °जीव पुं. जल का जीव। °बहुल वि. जल-प्रचुर। रत्नप्रभा पृथिवी का तृतीय काण्ड।

आउ अ [दे] अथवा।

आउ } न [आयुष्] आयु, जीवनकाल।
आउअ } वय। आयु के कारणभूत कर्म-पुद्गल। °क्काल पुं [°काल] मृत्यु। °क्खय पु [°क्षय] मरण। °क्खेम न [°क्षेम] आयु-पालन, जीवन। °विज्जा स्त्री [°विद्या] चिकित्साशास्त्र। °व्वेय पुं [°वेद] चिकित्सा-शास्त्र।

आउंच सक [आ + कुञ्चय्] संकुचित करना, समेटना।

आउंचिअ वि [आकुञ्चित] संकुचित। उठा-कर धारण किया हुआ।

आउंजि वि [आकुञ्चिन्] सकुचनेवाला। निश्चल।

आउंट देखो आउट्ट = आ-वर्त्तय्।

आउंट अक [आ + कुञ्च्] संकोचना।

आउंटण न [आकुण्टन] आवर्जन।

आउंवालिय वि [दे] आप्लावित, डुबाया हुआ, पानी आदि द्रवपदार्थ से व्याप्त।

आउक्क } देखो आउ = आयुष्।
आउग }

आउच्छ सक [आ + प्रच्छ्] आज्ञा लेना। अनुज्ञा लेना।

आउच्छणा स्त्री [आप्रच्छना] प्रश्न।

आउच्छिय वि [आपृष्ट] जिसकी आज्ञा ली गई हो वह।

आउज्ज देखो आओज्ज = आतोद्य ।

आउज्ज पुं [आवर्ज] सम्मुख करना । शुभ क्रिया ।

आउज्ज वि [आवर्ज्य] सम्मुख करने योग्य ।

आउज्ज वि [आयोज्य] सम्बन्ध करने योग्य ।

आउज्जिय वि [आतोद्यिक] वाद्य बजानेवाला ।

आउज्जिय वि [आयोगिक] उपयोगवाला, सावधान ।

आउज्जिया स्त्री [आवर्जिका] क्रिया, व्यापार । °करण न शुभ व्यापार-विशेष ।

आउज्जीकरण न [आवर्जीकरण] शुभ व्यापार-विशेष ।

आउट्ट सक [आ + वृत्] करना । भूलाना । व्यवस्था करना । अक. सम्मुख होना, तत्पर होना । निवत्त होना । घूमना ।

आउट्ट सक [आ + कुट्ट्] छेदन करना, हिंसा करना ।

आउट्ट वि [आवृत्त] निवृत्त, पीछे फिरा हुआ । भ्रामित, भुलाया हुआ । ठीक-ठीक व्यवस्थित । कृत, विहित ।

आउट्ट, आउट्टिअ } वि [आदृत] आदर-युक्त ।

आउट्टण न [आवर्त्तन] आराधन, सेवा, भक्ति । अभिमुख होना, तत्पर होना । इच्छा । घूमाना, भ्रमण । निवृत्ति । करना, क्रिया, कृति ।

आउट्टणया स्त्री [आवर्त्तनता] अपायज्ञान ।

आउट्टावण न [आवर्त्तन] अभिमुख करना, तत्पर करना ।

आउट्टि स्त्री [आकुट्टि] हिंसा, मारना । निर्दयता ।

आउट्टि स्त्री [आवृत्ति] देखो आउट्टण = आवर्तन । बार-बार करना, पुन -पुनः क्रिया ।

आउट्टि वि [आकुट्टिन्] मारनेवाला, हिंसक । अकार्य-कारक ।

आउट्टि वि [दे] साढे तीन ।

आउट्टिम वि [आकुट्ट्य] कूटकर बैठाने योग्य (जैसे सिक्के मे अक्षर) ।

आउट्टिय देखो आउट्ट = आवृत्त ।

आउट्टिय पुं [आकुट्टिक] दण्ड-विशेष ।

आउट्टिय वि [आकुट्टित] छिन्न, विदारित ।

आउट्टिया स्त्री [आकुट्टिका] पास में आकर करना ।

आउट्ठ वि [आतुष्ट] संतुष्ट ।

आउड सक [आ + जोडय्] सम्बन्ध करना, जोडना ।

आउड सक [आ + कुट्] कूटना, पीटना । ताडन करना, आघात करना ।

आउड सक [लिख्] लिखना ।

आउड्ड अक [मस्ज्] मज्जन करना, डूबना । तल्लीन होना ।

आउण्ण वि [आपूर्ण] पूर्ण, भरपूर, व्याप्त ।

आउत्त वि [आयुक्त] उपयोग वाला, सावधान । न पुरीषोत्सर्ग । पु. गाँव का नियुक्त किया हुआ मुखिया ।

आउत्त वि [आगुप्त] संक्षिप्त । संयत ।

आउत्थ वि [आत्मोत्थ] आत्म-कृत ।

आउर वि [आतुर] रोगी । उत्कण्ठित । पीडित ।

आउर न [दे] युद्ध । वि. बहुत । गरम ।

आउल सक [आकुलय्] व्याप्त करना । व्यग्र करना । दुःखी करना । संकीर्ण करना । प्रचुर करना ।

आउलि स्त्री [आतुलि] वृक्ष-विशेष ।

आउलीकर सक [आकुली + कृ] देखो आउल = आकुलय् ।

आउलीभूअ वि [आकुलीभूत] घबडाया हुआ ।

आउल्लय न [दे] जहाज चलाने का काष्ठमय उपकरण ।

आउस अक [आ + वस्] रहना, वास करना ।

आउस सक [आ+क्रुश्] आक्रोश करना, शाप देना, निष्ठुर वचन बोलना।
आउस सक [आ+मृश्] छूना।
आउस सक [आ+जुष्] सेवा करना।
आउस न [दे] कूर्च। क्षुरकर्म।
आउस देखो आउ=आयुष्।
आउस, आउसंत } वि [आयुष्मत्] दीर्घायु।
आउस्स देखो आउस=आ+क्रुश्।
आउस्स पुं [आक्रोश] दुर्वचन, असभ्य वचन।
आउस्सिय वि [आवश्यक] जरूरी। °करण न. मन, वचन और काया का शुभ व्यापार। मोक्ष के लिए प्रवृत्ति।
आउह न [आयुध] शस्त्र। विद्याधर वंश के एक राजा का नाम। °घर न [°गृह] शस्त्र-शाला। °घरसाला स्त्री [°गृहशाला] देखो अनन्तर-उक्त अर्थ। °घरिय वि [°गृहिक] आयुधशाला का अध्यक्ष—प्रधान कर्मचारी। °गार न. शस्त्रगृह।
आउहि वि [आयुधिन्] योद्धा, शस्त्रधारक।
आऊड अक [दे] जुए मे पण करना।
आऊडिय न [दे] द्यूत-पण, जुए में की जाती प्रतिज्ञा।
आऊर सक [आ+पूरय्] भरना, पूर्ति करना, भरपूर करना।
आऊरिय वि [आपूरित] भरा हुआ, व्याप्त।
आऊसिय वि [आयूषित] प्रविष्ट। संकुचित।
आएज्ज वि [आदेय] ग्रहण करने के योग्य उपादेय। °णाम न [°नामन्] कर्म-विशेष, जिसके उदय से किसी का कोई भी वचन ग्राह्य माना जाता है।
आएस वि [ऐष्यत्] आगामी, भविष्य मे होने वाला।
आएस पुं [आदेश] अपेक्षा। प्रकार, रीति। वि. नीचे देखो।
आएस, आएसम } पुं [आदेश] उपदेश, शिक्षा। आज्ञा, हुकुम। विवक्षा, सम्मति। अतिथि। निर्देश। प्रमाण। इच्छा। दृष्टान्त। सूत्र, ग्रन्थ, शास्त्र। उपचार, आरोप। शिष्ट-सम्मत।
आएस देखो आवेस।
आएसण न [आदेशन, आवेशन] लोहा वगैरह का कारखाना, शिल्पशाला।
आएसिय वि [आदेशिक] आदेश सम्बन्धी। विवाह आदि के जिमन में बचे हुए वे खाद्य-पदार्थ जिनको श्रमणों में बाँट देने का संकल्प किया गया हो।
आओ अ [दे] अथवा।
आओग पुं [आयोग] लाभ। अत्यधिक सूद के लिए करजा देना। परिकर, सरंजाम। अर्थो-पार्जन का साधन।
आओग्ग पुं [आयोग्य] परिकर, सरंजाम।
आओज्ज पुंन [आयोग्य] वाजा।
आओज्ज वि [आयोज्य] सम्बन्ध-योग्य।
आओड सक [आ+खोटय्] प्रवेश कराना, घुसेडना।
आओडण न [आकोलन] मजबूत करना।
आओडिअ वि [दे] ताडित।
आओध अक [आ+युध्] लडना।
आओस सक [आ+क्रुश्, क्रोशय्] आक्रोश करना, शाप देना।
आओस पु [दे] प्रदोष-समय, सन्ध्या-काल।
आओसणा स्त्री [आक्रोशना] निर्भर्त्सना, तिरस्कार।
आओहण न [आयोधन] युद्ध।
आंत वि [अन्त्य] अन्त का।
आकंख सक [आ+काङ्क्ष्] इच्छना।
आकंद अक [आ+क्रन्द्] रोना, चिल्लाना।
आकंप अक [आ+कम्प्] थोडा काँपना। तत्पर होना। आराधन करना। आवर्जन करना। थोड़ा चलना, प्रसन्न करना।
आकड्ढ पुं [आकर्ष] खिंचाव। °विकड्ढि स्त्री [°विकृष्टि] खींच-तान।
आकड्ढिय वि [दे] बाहर निकाला हुआ।

आकण्णण न [आकर्णन] श्रवण ।

आकदि देखो आकिदि ।

आकम्हिय वि [आकस्मिक] अकस्मात् होनेवाला, विना ही कारण होनेवाला ।

आकर पुं खान । समूह ।

आकस देखो आगस ।

आकार देखो आगार ।

आकास देखो आगास ।

आकासिय वि [दे] पर्याप्त, काफी ।

आकिइ स्त्री [आकृति] स्वरूप, आकार ।

आकिंचण न [आकिञ्चन्य] निस्पृहता, निष्परिग्रहता ।

आकिंचणिय } देखो आकिंचण ।
आकिंचण्ण }

आकिट्ठि स्त्री [आकृष्टि] आकर्षण ।

आकिदि देखो आकिइ ।

आकुंच सक [आ + कुञ्चय्] संकोच करना ।

आकुट्ठ न [आक्रुष्ट] आक्रोश । वि. जिस पर आक्रोश किया गया हो वह ।

आकुल देखो आउल ।

आकूय न [आकूत] इङ्गित, इशारा । अभिप्राय ।

आकेवलिय वि [आकेवलिक] असम्पूर्ण ।

आकोडण न [आकोटन] कूट कर घुसेड़ना ।

आकोस देखो अक्कोस = आक्रोश ।

आकोसाय अक [आकोशाय्] विकसित होना ।

आक्कंद (मा) देखो आकंद ।

आखंच (अप) सक [आ + कृष्] पीछे खींचना ।

आखंडल पु [आखण्डल] इन्द्र । °धणुह न [°धनुष्] इन्द्रधनुष । °भूइ पुं [°भूति] भगवान् महावीर के मुख्य शिष्य गौतम-स्वामी ।

आगइ स्त्री [आगति] आगमन ।

आगइ देखो आकिइ ।

आगंतगार } न [आगन्त्रगार] धर्मशाला,
आगंतार } मुसाफिरखाना ।

आगंतु वि [आगन्तृ] आनेवाला ।

आगंतुग } वि. [आगन्तुक] आनेवाला ।
आगंतुय } अतिथि । कृत्रिम, अस्वाभाविक ।

आगंप सक [आ + कम्पय्] कँपाना, हिलाना ।

आगच्छ सक [आ + गम्] आना, आगमन करना ।

आगत देखो आगय ।

आगत्ती स्त्री [दे] कूप-तुला ।

आगम सक [आ + गम्] आना, आगमन करना । जानना ।

आगम पुं समागम । ज्ञान, जानकारी । आगमन । शास्त्र, सिद्धान्त । °कुसल वि [°कुशल] सिद्धान्तों का जानकार । °ज्ञ वि [°ज्ञ] शास्त्रों का जानकार । °णीइ स्त्री [°नीति] आगमोक्त विधि । °ण्णु वि [°ज्ञ] शास्त्रों का जानकार । °परतंत वि [°परतन्त्र] सिद्धान्त के अधीन । °वलिय वि [°वलिक] सिद्धान्तों का अच्छा जानकार । °ववहार पुं [°व्यवहार] सिद्धान्तानुमोदित व्यवहार ।

आगम सक [आ + गम्] प्राप्त करना ।

आगमिय वि [आगमिक] शास्त्र-सम्बन्धी, शास्त्र-प्रतिपादित । शास्त्रोक्त वस्तु को ही माननेवाला ।

आगमिस्स वि [आगमिष्यत्] आगामी, होनेवाला । आनेवाला ।

आगमिस्सा स्त्री [आगमिष्यन्ती] भविष्यकाल ।

आगमेस } देखो आगमिस्स ।
आगमेसि }

आगय वि [आगत] आया हुआ । उत्पन्न ।

आगर देखो आकर = आकर ।

आगरि वि [आकरिन्] खान का मालिक, खान का काम करनेवाला ।

आगरिस पुं [आकर्ष] ग्रहण, उपादान । खिंचाव । ग्रहण कर छोड़ देना । प्राप्ति ।

आगरिस सक [आ + कृष्] खींचना ।

आगरिसग वि [आकर्षक] खींचनेवाला । पुं. लोह-चुम्बक ।

आगरिसणी स्त्री [आकर्पणी] विद्या-विशेष ।

आगल सक [आ + कलय्] जानना । लगाना। पहुँचाना । संभावना करना ।

आगल्ल वि [आग्लान] ग्लान, बीमार ।

आगस सक [आ + कृष्] खीचना ।

आगह् देखो आगाह् ।

आगहिअ वि [आगृहीत] संगृहीत ।

आगाढ वि प्रवल, दु:साध्य । अपवाद, खास कारण । अत्यन्त गाढ । °जोग पुं [°योग] योग-विशेष, गणि-योग । °पण्ण न [°प्रज्ञ] शास्त्र, आगम । °सुय न [°श्रुत] आगम-विशेप ।

आगामि वि [आगामिन्] आनेवाला ।

आगार सक [आ + कराय्] वुलाना, आह्वान करना । त्याग करना ।

आगार न. गृह । वि. गृहस्थ । °त्थ वि [°स्थ] गृही ।

आगार पु [आकार] अपवाद । इगित, चेष्टा-विशेप । आकृति, रूप ।

आगारिय वि [आगारिक] गृहस्थ-सम्वन्धी ।

आगाल पु. समान प्रदेश मे रहना । सम भाव से रहना । उदीरणा-विशेप ।

आगास पुन [आकाश] आकाश, अन्तराल । °गमा स्त्री. विद्या-विशेप, जिसके वल से आकाश मे गमन कर सकता है । °गामि वि [°गामिन्] आकाश मे गमन करने वाला, पक्षि-प्रभृति । °जोइणी स्त्री [°योगिनी] पक्षिविशेप । °त्थिकाय पुं [°ास्तिकाय] आकाश-प्रदेशो का समूह, अखण्ड आकाश-द्रव्य । °थिग्गलन [दे] मेघरहित आकाश का भाग । °फलिह, °फालिय पुं [°स्फटिक] निर्मल स्फटिक-रत्न । °फालिया स्त्री [फालिका] एक मीठा द्रव्य । °इवाइ वि [°ातिपातिन्] विद्या आदि के वल से आकाश मे गमन करनेवाला ।

आगासिय वि [आकाशित] आकाश को प्राप्त ।

आगासिय वि [आकर्षित] खीचा हुआ ।

आगासिया स्त्री [आकाशिकी] आकाश मे गमन करने की लब्धि-शक्ति ।

आगाह् सक [अव + गाह्] अवगाहन करना, स्नान करना ।

आगिइ स्त्री [आकृति] आकार, रूप, मूर्ति ।

आगिट्ठि स्त्री [आकृष्टि] आकर्षण ।

आगी देखो आगिइ ।

आगु पुं [आकु] इच्छा ।

आघं देखो आघव । 'सूत्रकृताग' सूत्र के प्रथम श्रुतस्कन्ध का दसवाँ अध्ययन ।

आघंस सक [आ + घृप्] घर्षण करना ।

आघंस सक [आ + घृष्] थोड़ा घिसना ।

आघंस वि [आघर्ष] जल के साथ घिसकर जो पिया जा सके वह ।

आघयण न [दे] वध-स्थान ।

आघव सक [आ + ख्या] कहना, उपदेश देना । ग्रहण करना ।

आघवइत्तु वि [आख्यायक] वक्ता, उप-देशक ।

आघविय वि [दे] गृहीत, स्वीकृत ।

आघवेत्तग वि [आख्यापयितृक] उपदेष्टा, वक्ता ।

आघस सक [आ + घ्रस्] थोड़ा घिसना ।

आघा सक [आ + ख्या] कहना ।

आघा सक [आ + घ्रा] सूघना ।

आघाय वि [आख्यात] कथित । न. उक्ति, कथन ।

आघाय पुं [आघात] एक नरक-स्थान । विनाश ।

आघाय पुं [आघात] वध । चोट, प्रहार ।

आघाव देखो आघव ।

आघुट्ठ वि [आघुष्ट] घोषित, जाहिर किया हुआ ।

आघुम्म अक [आ + घूर्ण्] डोलना, हिलना,

काँपना, चलना ।

आघोस सक [आ+घोषय्] घोषणा करना, ढिंढोरा पिटवाना ।

आचक्ख सक [आ+चक्ष्] कहना ।

आचरिय वि [आचरित] अनुष्ठित, विहित । न. आचरण ।

आचाम सक [आ+चामय्] चाटना, खाना, पीना ।

आचार देखो आयार = आचार ।

आचारिअ देखो आयरिय = आचार्य ।

आचिक्ख सक [आ+चक्ष्] कहना ।

आचुण्णिअ वि [आचूर्णित] चूर-चूर किया हुआ ।

आचेलक्क न [आचेलक्य] वस्त्र का अभाव । वि. आचार-विशेष ।

आच्छेदण न [आच्छेदन] नाश । वि. नाशक ।

आजाइ देखो आयाइ ।

आजि देखा आइ = आजि ।

आजीरण पु [आजीरण] स्वनामख्यात एक जैन मुनि ।

आजीव, आजीवग पु. आजीविका । जैन साधु के लिए भिक्षा का एक दोष—गृहस्थ को अपनी जाति, कुल आदि की समानता वतलाकर उससे भिक्षा ग्रहण करना । गोशालक मत का अनुयायी साधु । धन का समूह ।

आजीवग पुं [आजीवक] धन का गर्व । सकल जीव । देखो आजीवय ।

आजीवण न [आजीवन] जीवन-निर्वाह का उपाय । जैन साधु के लिए भिक्षा का एक दोष ।

आजीवय देखो आजीवग ।

आजीविय वि [आजीविक] गोशालक के मत का अनुयायी ।

आजीविया स्त्री [आजीविका] निर्वाह । जैन साधु के लिए भिक्षा का एक दोष ।

आजुत्त वि [आयुक्त] अप्रमादी ।

आजुज्झ अक [आ+युध्] लड़ना ।

आजुह न [आयुध] हथियार ।

आजोज्ज देखो आओज्ज ।

आडंबर पुं. आटोप, ऊपरी दिखाव । वाद्य की आवाज । यक्ष-विशेष । न. यक्ष का मन्दिर ।

आडंवर पु [आडम्बर] पटह ।

आडंवरिल्ल वि [आडम्बरवत्] आडम्वरी ।

आडविय वि [दे] चूर्णित, चूर-चूर किया हुआ ।

आडविय वि [आटविक] जंगल में रहनेवाला, जंगली ।

आडह सक [आ+दह्] चारो ओर से जलाना ।

आडह सक [आ+धा] स्थापन करना, नियुक्त करना ।

आडाडा स्त्री [दे] वलात्कार । जवरदस्ती ।

आडासेतीय पु [आडासेतीक] पक्षि-विशेष ।

आडि स्त्री [आटि] पक्षि-विशेष । मत्स्य विशेष ।

आडियत्तिय पुं [दे] शिविका-वाहक पुरुष ।

आडुआल सक [दे] मिश्र करना, मिलाना ।

आडुआलि पु [दे] मिश्रता, मिलावट ।

आडोय देखो आडोव = आटोप ।

आडोलिय वि [दे] रुद्ध, रोका हुआ ।

इक्खु पुं [°इक्षु] ईख। धान्य-विशेष, 'वरट्टिका' नाम का धान्य। °गंडिया स्त्री [°गण्डिका] ईख का टुकडा। °घर न [°गृह] उद्यान-विशेप। °चोयग न [दे] ईख का कुच्चा। °डालग न [दे] ईख की शाखा का एक भाग। ईख का छेद। °पेसिया स्त्री [°पेशिका] गण्डेरी। °भित्ति स्त्री [दे] ईख का टुकडा। °मेरग न [°मेरक] गण्डेरी। °लट्ठि स्त्री [°यष्टि] इक्षु-दण्ड। °वाड पुं [°वाट] ईख का खेत। °सालग न [दे] ईख की लम्बी शाखा। ईख की बाहर की छाल। देखो उच्छु।

इग देखो एक्क।

इगयाल स्त्रीन [एकचत्वारिंशत्] ४१—एक-चालीस।

इगवीसइम वि [एकविंश] एक्कीसवाँ।

इगुचाल वि [एकचत्वारिंशत्] चालिस और एक।

इगुणवीस वि [एकोनविंश] उन्नीसवाँ।

इगुणीस } स्त्री [एकोनविंशति] उन्नीस।
इगुवीस }

इगुसट्ठि स्त्री [एकोनषष्टि] उनसठ।

इग्ग वि [दे] डरा हुआ।

इग्ग देखो एक्क।

इग्गिअ वि [दे] तिरस्कृत।

इच्चाइ पुन [इत्यादि] प्रभृति।

इच्चेवं अ [इत्येवम्] इस प्रकार।

इच्छ सक [इष्] इच्छा करना।

इच्छ सक [आप् + स् = ईप्स्] प्राप्त करने को

चाहना ।

इच्छकार देखो इच्छा-कार ।

इच्छक्कार पु [इच्छाकार] 'इच्छा' शब्द ।

इच्छा स्त्री. पक्ष की ग्यारहवी रात्रि । अभिलापा, चाह ।°कार पुं. स्वकीय-इच्छा ।°छंद वि [°च्छन्द] इच्छा के अनुकूल । °णुलोम वि [°नुलोम] इच्छा के अनुकूल । °णुलोमिय वि [°नुलोमिक] इच्छा के अनुकूल । °पणिय वि [°प्रणीत] इच्छानुसार किया हुआ । °परिमाण न. परिग्राह्य वस्तुओ के विपय की इच्छा का परिमाण करना, श्रावक का पाँचवाँ व्रत । °मुच्छा स्त्री [°मूर्च्छा] अत्यासक्ति, प्रवल इच्छा । °लोभ पु. प्रवल लोभ । °लोभिय वि [°लोभिक] महालोभी । °लोल पु. महान् लोभ । वि. महालोभी ।

°इच्छा स्त्री [दित्सा] देने की इच्छा ।

इच्छु देखो इक्खु ।

इच्छु वि [इच्छु] अभिलापी ।

इज्ज सक [आ + इ] आना, आगमन करना ।

इज्ज पुन [इज्या] यज्ञ ।

इज्जा स्त्री [इज्या] याग । ब्राह्मणो का सन्ध्यार्चन ।

इज्जा स्त्री [दे] जननी ।

इज्जिसिय वि [इज्यैषिक] पूजा का अभिलाषी ।

इज्झा अक [इन्ध्] चमकना ।

इट्टग [दे] सेवई ।

इट्टगा स्त्री [दे] खाद्य-विशेष, सेव ।

इट्टगा स्त्री [इष्टका] नीचे देखो इट्टा ।

इट्टवाय देखो इट्टा-वाय ।

इट्टा स्त्री [इष्टका] ईट । °पाय, °वाय पु [°पाक] ईटो का पकना । जहाँ पर ईटे पकाई जाती है वह स्थान ।

इट्टाल न. ईट का टुकड़ा ।

इट्ठ वि [इष्ट] अभिलपित, अभिप्रेत, पूजित, सत्कृत । आगमोक्त, सिद्धान्त से अविरुद्ध । न. स्व-सिद्धान्त । न. निर्विकृति-तप । याग-क्रिया ।

इट्ठि स्त्री [इष्टि] इच्छा । याग-विशेष ।

°इट्ठि स्त्री [कृष्टि] खिचाव, खींचना ।

इडा स्त्री. शरीर के वाएँ भाग मे स्थित नाड़ी ।

इड्डर न [दे] गाड़ी ।

इड्डरग, इड्डरय न [दे] रसोई ढकने का वड़ा पात्र ।

इड्डुरिया स्त्री [दे] मिष्टान्न-विशेष ।

इड्ढ वि [ऋद्ध] ऋद्धि-सम्पन्न ।

इड्ढि स्त्री [ऋद्धि] ऐश्वर्य । लब्धि, शक्ति, सामर्थ्य । पदवी । °गारव न [°गौरव] सम्पत्ति या पदवी आदि प्राप्त होने पर अभिमान और प्राप्त न होने पर उसकी लालसा । °पत्त वि [°प्राप्त] ऋद्धिशाली । °म, °मंत वि [°मत्] ऋद्धिवाला ।

इड्ढिसिय वि [दे] माँगन की एक जाति ।

इणं, इणमो अ [एतत्] यह ।

°इण्ण देखो दिण्ण ।

°इण्ण देखो किण्ण ।

इण्ह न [चिह्न] निशान ।

°इण्हा स्त्री [तृष्णा] प्यास, स्पृहा ।

इण्हि अ [इदानीम्] इस समय ।

इतरेतरासय पुं [इतरेतराश्रय] तर्कशास्त्र-प्रसिद्ध एक दोष, परस्पर एक दूसरे की अपेक्षा ।

इति देखो इइ । °हास पु. पूर्ववृत्तान्त, पुरावृत्त । पुराणशास्त्र ।

इत्तर वि [इत्वर] थोडा । अल्प-कालिक । °परिग्गहा स्त्री [°परिग्रहा] थोडे समय के के लिए रखी हुई वेश्या आदि । °परिग्गहिया स्त्री [°परिगृहीता] देखो °परिग्गहा ।

इत्तरिय वि [इत्वरिक] ऊपर देखो ।

इत्तरिय देखो इयर ।

इत्तरी स्त्री [इत्वरी] थोड़े काल के लिए रखी हुई वेश्या आदि।
इत्तहे (अप) अ [अत्र] यहाँ पर।
इत्ताहे अ [इदानीम्] अधुना।
इत्ति देखो इइ।
इत्तिय वि [इयत्, एतावत्] इतना।
इत्तिरिय वि [इत्वरिक] अल्पकालिक।
इत्तिल देखो इत्तिय।
इत्तो देखो इओ।
इत्तोअ देखो इओअ।
इत्तोप्पं [दे] इत प्रभृति।
इत्थ अ [अत्र] यहाँ, इसमे।
इत्थ अ [इत्थम्] इस प्रकार। °त्थ वि [°स्थ] नियत आकारवाला, नियमित।
इत्थंथ वि [इत्थंस्थ] इस तरह रहा हुआ।
इत्थत्थ पु [इत्यर्थ] वह अर्थ।
इत्थत्थ पु [स्त्र्यर्थ] स्त्री-विषय।
इत्थय देखो इत्थ।
इत्थि स्त्रीन [स्त्री] महिला।
इत्थि, इत्थी } स्त्री [स्त्री] औरत। °कला स्त्री. स्त्री के गुण, स्त्री को सीखने योग्य कला। °कहा स्त्री [°कथा] स्त्री-विषयक वार्त्तालाप। °णपुंसग पुन [°नपुंसक] एक प्रकार का नपुंसक। °णाम न [°नामन्] कर्म-विशेष, जिसके उदय से स्त्रीत्व की प्राप्ति होती है। °परिसह पु [परिषह] ब्रह्मचर्य। °विप्पजह वि [°विप्रजह] स्त्री का परित्याग करनेवाला। पु. मुनि। °वेद, °वेय पुं [°वेद] स्त्री को पुरुष-संग की इच्छा। कर्म-विशेष, जिसके उदय से स्त्री को पुरुष के साथ भोग करने की इच्छा होती है।
इत्थेण त्रि [स्त्रैण] स्त्रियों का समूह।
इदाणि देखो इयाणि।
इदाणि (शौ) देखो इयाणि।
इदाणी, इदाणी } देखो इदाणि।
इदिवित्त (शौ) न [इतिवृत्त] इतिहास।
इदुर न [दे] धान्य रखने का एक तरह का पात्र।
इद्दंड पुं [दे] भौरा।
इद्धग्गिधूम न [दे] हिम।
इद्धि देखो इड्ढि।
इध (शौ) देखो इह।
इब्भ पु [इभ्य] धनी।
इब्भ पुं [दे] व्यापारी।
इभ पुं हाथी।
इभपाल पु. महावत।
इम स [इदम्] यह।
इमेरिस वि [एतादृश] ऐसा।
इय देखो इम।
इय देखो इइ।
इय न [दे] प्रवेश।
इय वि [इत] गत। प्राप्त। ज्ञात।
इयण्हिं अ [इदानीम्] हाल मे।
इयर वि [इतर] अन्य, दूसरा। हीन।
इयरहा अ [इतरथा] अन्यथा, नही तो।
इयरेयर वि [इतरेतर] अन्योन्य।
इयाणि, इयाणि } अ [इदानीम्] इस समय।
इर देखो किल।
इरमंदिर पु [दे] ऊँट।
इराव पुं [दे] हाथी।
इरावदी (शौ) स्त्री [इरावती] नदी-विशेष।
°इरि देखो गिरि।
इरिण न [ऋण] करजा।
इरिण न [दे] सुवर्ण।
इरिय सक [ईर्] गति करना।
इरिया स्त्री [दे] कुटिया।
इरिया स्त्री [ईर्या] गमन। °वह पुं [°पथ] मार्ग मे जाना। रास्ता। केवल शरीर से होनेवाली क्रिया। °वहिय न [°पथिक] केवल शरीर की चेष्टा से होनेवाला कर्म-

बन्ध, कर्म-विशेष। °वहिया स्त्री [°पथिकी] कपाय-रहित केवल कायिक क्रिया। °समिइ स्त्री [°समिति] दूसरे जीव को किसी प्रकार की हानि न हो ऐसा उपयोग-पूर्वक चलना। °समिय वि [°समित] विवेक-पूर्वक चलनेवाला।

इल पुं. वाराणसी का वास्तव्य स्वनाम-ख्यात एक गृहपति— गृहस्थ। न. इलादेवी के सिंहासन का नाम। °सिरी स्त्री [°श्री] इल नामक गृहस्थ की स्त्री।

°इलंतअ देखो किलंत।

इला स्त्री. पृथिवी, भूमि। धरणेन्द्र की एक अग्र-महिषी। इल नामक गृहस्थ की पुत्री। रुचक पर्वत पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी। राजा जनक की माता। इलावर्धन नगर में स्थित एक देवता। °कूड न [°कूट] इलादेवी के निवास-भूत एक शिखर। °पुत्त पुं [°पुत्र] इलादेवी के प्रसाद से उत्पन्न एक श्रेष्ठि-पुत्र। °वइ पुं [°पति] एलापत्य गोत्र का आदि पुरुष। °वडंसय न [°ावतंसक] इलादेवी का प्रासाद।

इलाइपुत्त देखो इला-पुत्त।

इलिया स्त्री [इलिका] चीनी और चावल मे उत्पन्न होनेवाला कीटविशेष।

इली स्त्री. एक जाति की तलवार की तरह का हथियार।

इल्ल पु [दे] चपरासी। दाँती। वि. दरिद्र। कोमल। काला।

इल्लपुलिंद पुं [दे] व्याघ्र, शेर।

इल्लि पुं [दे] शार्दूल। सिंह। छाता।

इल्लिय वि [दे] आसिक्त।

इल्लिया स्त्री [इल्लिका] अन्न में उत्पन्न होनेवाला कीट-विशेष।

इल्लीर न [दे] आसन-विशेष। छाता। दरवाजा, गृह-द्वार।

इव अ. इन अर्थों का द्योतक अव्यय— उपमा। सादृश्य। उत्प्रेक्षा।

इसअ वि [दे] विस्तीर्ण।

इसणा देखो एसणा।

इसाणी स्त्री [ऐशानी] ईशानकोण।

इसि पुं [ऋषि] मुनि, साधु, ज्ञानी, महात्मा। ऋषिवादि-निकाय का दक्षिण दिशा का इन्द्र। °गुत्त पुं [°गुप्त] स्वनाम-ख्यात एक जैन मुनि। न जैन मुनियो का एक कुल। °गुत्तिय न [°गुप्तीय] जैन मुनियो का एक कुल। °दास पुं. इस नाम का एक सेठ, जिसने जैन दीक्षा ली थी। 'अनुत्तरोववाइदसा' सूत्र का एक अध्ययन। °दत्त, °दिण्ण पु [°दत्त] एक जैन मुनि। °पालिय पुं [°पालित] ऐरवत क्षेत्र के पाँचवें तीर्थंकर का नाम। °पालिया स्त्री [°पालिता] जैन मुनियो की एक शाखा। °भद्दपुत्त पुं [°भद्रपुत्र] एक जैन श्रावक। °भासिय न [°भाषित] अंगग्रन्थों के अतिरिक्त जैन आचार्यों के बनाये हुए उत्तराध्ययन आदि शास्त्र। 'प्रश्नव्याकरण' सूत्र का तृतीय अध्ययन। °वाइ, °वाइय, °वादिय पुं [°वादिन्] व्यन्तरो की एक जाति। °वाल पुं [°पाल] ऋषिवादिव्यन्तरो का उत्तर दिशा का इन्द्र। पाँचवे वासुदेव का पूर्वभवीय नाम। °वालिय पुं [°पालित] ऋषिवादिव्यन्तरो के एक इन्द्र का नाम।

इसिण पु [इसिन] अनार्य देश-विशेष।

इसिणय वि [इसिनक] इसिन-नामक अनार्य देश मे उत्पन्न।

इसिया स्त्री [इषिका] शलाका।

इसु पु [इषु] बाण।

इस्स वि [एष्यत्] भविष्यकाल। होनेवाला।

इस्सर देखो ईसर।

इस्सरिय देखो ईसरिय।

इस्सा स्त्री [ईर्ष्या] द्रोह, असूया।

इस्सास पु [इष्वास] धनुष। तीरदाज।

इह पु [इभ] हाथी।

इह अ [इदानीम्] इस समय, अधुना।

इह अ. यहाँ, इस जगह। °पारलोइय वि [ऐहिकपारलौकिक] इस और परलोक से सम्बन्ध रखनेवाला। °भविय वि [ऐह-भविक] इस जन्म-सम्बन्धी। °लोअ, °लोग पु [°लोक] वर्तमान जन्म, मनुष्य-लोक। °लोय, °लोइय वि[ऐहलौकिक] इस जन्म-सम्बन्धी, वर्तमान-जन्म-सम्बन्धी।

इहअ, इहइं } ऊपर देखो।

इहइं अ [इदानीम्] सम्प्रति, इस समय।

इहं, इहयं } देखो इह = इह।

इहरहा, इहरा } देखो इयर-हा।

इहरा देखो इहइं = इदानीम्।

इहामिय देखो ईहामिय।

इहिं अ [इह] यहाँ।

ई

ई पु प्राकृत वर्णमाला का चतुर्थ वर्ण, स्वर-विशेष।

ईअ स [एतत्, इदम्] यह।

ईअ अ [इति] इस तरह।

ईइ पुस्त्री [ईति] धान्य वगैरह को नुकसान पहुँचानेवाला चूहा आदि प्राणि-गण।

ईइस वि [ईदृश] ऐसा, इसके समान।

ईजिह अक [घ्रा] तृप्त होना।

°ईड देखो कीड = कीट।

ईडा स्त्री. स्तुति।

ईण वि [ईन] प्रार्थी, अभिलाषी।

°ईण देखो दीण।

ईति देखो ईइ।

ईदिस देखो ईइस।

ईर सक प्रेरणा करना। कहना। गमन करना। फेंकना।

ईरिया देखो इरिया।

ईरिस देखो ईइस।

ईस न [दे] खूँटा, खीला।

ईस सक [ईर्ष्] द्वेष करना।

ईस पु [ईश] देखो ईसर = ईश्वर। न. ऐश्वर्य, प्रभुता।

ईस देखो ईसि।

ईसअ पु [दे] रोझ, हरिण की एक जाति।

ईसत्थ न [इष्वस्त्रशास्त्र] धनुर्वेद, बाणविद्या।

ईसर पु [दे] कामदेव।

ईसर पु [ईश्वर] प्रभु। महादेव। पति। मुखिया। वेलंधर-देवो का आवास-विशेष। एक पाताल-कलश। आढ्य। ऐश्वर्य-शाली। युवराज। माण्डलिक, सामन्त-राजा। मन्त्री। भूतवादि-निकाय का इन्द्र। पाताल-विशेष। एक राजा का नाम। एक जैन मुनि। यक्ष-विशेष।

ईसर पु [ईश्वर] अणिमा आदि आठ प्रकार के ऐश्वर्य से सम्पन्न।

ईसरिय न [ऐश्वर्य] वैभव, ईश्वरपन।

ईसा स्त्री [ईषा] लोकपालों की अग्रमहिषियो की एक पार्षदा। पिशाचेन्द्र की एक परिषद्। हल का एक काष्ठ।

ईसा स्त्री [ईर्षा] ईर्ष्या, द्रोह। °रोस पु [°रोष] क्रोध।

ईसाण पु [ईशान] दूसरा देवलोक। दूसरे देवलोक का इन्द्र। ईशान-कोण। मुहूर्त-विशेष। दूसरे देवलोक के निवासी देव। प्रभु, स्वामी। °वडिंसग न [°ावतंसक] विमान-विशेष का नाम।

ईसाण पुं [ईशान] अहोरात्र का ग्यारहवाँ मुहूर्त।

ईसाणा स्त्री [ऐशानी] ईशान-कोण।

ईसाणी स्त्री [ऐशानी] ईशान-कोण। विद्या-विशेष।

ईसालु वि [ईर्ष्यालु] असहिष्णु, द्वेषी।

ईसास देखो इस्सास ।

ईसि अ [ईषत्] अल्प । पृथिवी-विशेष, सिद्धि-क्षेत्र, मुक्तभूमि । °पब्भार वि [°प्राग्भार] थोड़ा अवनत । °पब्भारा स्त्री [°प्राग्भारा] पृथिवी-विशेष, सिद्धि-क्षेत्र ।

ईसिअ न [ईर्ष्यित] ईर्ष्या, द्वेष । वि. जिसपर ईर्ष्या की गई हो वह ।

ईसिअ न [दे] भील के सिर पर का पत्रपुट या पगडी । वि. वशीकृत ।

ईसि } देखो ईसि ।
ईसी }

ईह सक [ईक्ष्, ईह्] देखना । विचारना । चेष्टा करना ।

ईहा स्त्री. विचार, ऊहापोह, विमर्श । चेष्टा, प्रयत्न । मति-ज्ञान का एक भेद । °मिग, °मिय पु [°मृग] वृक, भेडिया । नाटक का एक भेद ।

ईहा स्त्री [ईक्षा] अवलोकन, विलोकन ।

उ

उ पु, प्राकृत वर्णमाला का पञ्चम अक्षर, स्वर-विशेष । उपयोग रखना, ख्याल करना । गति-क्रिया ।

उ अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—सम्बोधन, आमन्त्रण । कोप-वचन । अनुकम्पा । नियोग, हुकुम । आश्चर्य । स्वीकार । पृच्छा ।

उ अ [तु] इन अर्थों का सूचक अव्यय—विशेषण । कारण । समुच्चय, और । निश्चय । किन्तु । आज्ञा । प्रशंसा । विनिग्रह । शंका की निवृत्ति । पादपूर्त्ति के लिए भी इसका प्रयोग होता है ।

उ देखो उव ।

उ° अ [उत्] इन अर्थों का सूचक अव्यय—ऊर्ध्व । विपरीत । अभाव । ज्यादा, विशेष ।

उअ अ [दे] विलोकन करो, देखो ।

उअ अ [उत] इन अर्थों का सूचक अव्यय—विकल्प । वितर्क, विमर्श । प्रश्न । समुच्चय । अतिशय ।

उअ अ [दे] ऋजु ।

उअ देखो उव ।

उअ न [उद] पानी । °सिंधु पु [°सिन्धु] समुद्र ।

उअ वि [उदञ्च्] उत्तर, उत्तर दिशा मे स्थित । °महिहर पु [°महिधर] हिमाचलपर्वत ।

उअअ न [उदक] पानी ।

उअअ देखो उदय ।

उअअ न [उदर] पेट ।

उअअ वि [दे] सरल, सीधा ।

उअअद (शौ) देखो उवगय ।

उअआरअ वि [उपकारक] उपकार करनेवाला ।

उअआरि वि [उपकारिन्] ऊपर देखो ।

उअइव्व वि [उपजीव्य] आश्रय करने योग्य, सेवा करने योग्य ।

उअऊह सक [उप + गूह्] आलिंगन करना ।

उअएस देखो उवएस ।

उअंचण न [उदञ्चन] ऊँचा फेकना या उठाना, ढकने का पात्र ।

उअंचिद (शौ) वि [उदञ्चित] ऊँचा उठाया हुआ, ऊँचा फेका हुआ ।

उअंत पु [उदन्त] हकीकत, वृत्तान्त ।

उअकिद (शौ) वि [उपकृत] जिसपर उपकार किया गया हो वह ।

उअक्किअ वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ ।

उअगअ देखो उवगय ।

उअचित्त वि [दे] अपगत, निवृत्त ।

उअजीवि वि [उपजीविन्] आश्रित ।

उअज्झाअ देखो उवज्झाय ।

उअट्टी स्त्री [दे] नीवी, स्त्री के कटि-वस्त्र की

नाडी ।
उअट्ठिअ देखो उवट्ठिय ।
उअणिअ } देखो उवणीय ।
उअणीअ }
उअण्णास देखो उवण्णास ।
उअत्तंत देखो उव्वट्ट = उद् + वृत् ।
उअत्थाण देखो उवट्ठाण ।
उअत्थिअ देखो उवट्ठिय ।
उअदिट्ठ देखो उवइट्ठ ।
उअभुत्त देखो उवभुत्त ।
उअभोग देखो उवभोग ।
उअमिज्जत वकृ [उपमीयमान] जिसकी तुलना की जाती हो वह ।
उअर न [उदर] पेट ।
उअरिं } देखो उवरि ।
उअरि }
उअरी स्त्री [दे] शाकिनी देवी ।
उअरुज्झ देखो उवरुज्झ ।
उअरोअ } देखो उवरोह ।
उअरोह }
उअलद्ध देखो उवलद्ध ।
उअविट्ठअ न [औपविष्टक] आसन ।
उअविय वि [दे] उच्छिष्ट ।
उअसप्प देखो उवसप्प ।
उअसम } देखो उवसम = उप + शम् ।
उअसम्म }
उअह अ [दे] देखिए ।
उअहस देखो उवहस ।
उअहार देखो उवहार ।
उअहारी स्त्री [दे] दोहनेवाली स्त्री ।
उअहि पु [उदधि] सागर । स्वनाम-ख्यात एक विद्याधर राजकुमार । काल परिमाण, सागरोपम । स्वनामख्यात एक जैन मुनि । देखो उदहि ।
उअहि देखो उवहि = उपधि ।
उवहुज देखो उवभुज ।
उअहोअ देखो उवभोग ।
उआअ देखो उवाय ।
उआअण देखो उवायण ।
उआर देखो उराल ।
उआर देखो उवयार ।
उआलंभ देखो उवालंभ = उपा + लभ् ।
उआलंभ देखो उवालंभ = उपालम्भ ।
उआलभ देखो उआलंभ = उपा + लभ् ।
उआलि स्त्री [दे] शिरोभूषण ।
उआस वि [उदास] नीचे देखो ।
उआस देखो उवास = उपा + आस् ।
उआसीण वि [उदासीन] उदासी, दिलगीर । मध्यस्थ ।
उआहरण देखो उदाहरण ।
उइ सक [उप + इ] समीप जाना ।
उइ अक [उद् + इ] उदित होना ।
उइ देखो उउ । °राय पुं [°राज] वसन्त ऋतु ।
उइअ वि [उदित] उदय-प्राप्त, उद्गत । कथित । °परक्कम पुं [°पराक्रम] इक्ष्वाकुवंश के एक राजा का नाम ।
उइअ वि [उचित] योग्य ।
उइंतण न [दे] उत्तरीय वस्त्र, चादर ।
उइंद पु [उपेन्द्र] इन्द्र का छोटा भाई, विष्णु का वामन अवतार, जो अदिति के गर्भ से हुआ था ।
उइट्ठ वि [अपकृष्ट] हीन, संकुचित ।
उइण्ण देखो उदिण्ण ।
उइण्ण वि [उदीच्य] उत्तर दिशा-सम्बन्धी, उत्तर दिशा में उत्पन्न ।
उइन्न देखो ओइण्ण ।
उईण देखो उदीण ।
उईर देखो उदीर ।
उईरण देखो उदीरण ।
उईरणया } देखो उदीरणा ।
उईरणा }
उईरिय देखो उदीरिय ।

उउ त्रि [ऋतु] ऋतु, दो मास का काल-विशेष, वसन्त आदि छः प्रकार का काल। स्त्री-कुसुम, रजो दर्शन, स्त्री-धर्म। °बद्ध पु. शीत और उष्णकाल। °मास पु. श्रावण मास। तीस दिनवाला मास। °य वि [°ज] ऋतु मे उत्पन्न, समय पर उत्पन्न होनेवाला। °सधि पुंस्त्री. ऋतु का सन्धि-काल, ऋतु का अन्त समय। °संवच्छर पु [°संवत्सर] वर्ष-विशेष। देखो उइ = उउ।

उउंबर देखो उंबर = उदुम्बर।

उउवहिय न [ऋतुबद्ध] मास-कल्प, एक मास तक एक स्थान मे साधु का निवासानुष्ठान।

उऊखल, उऊहल पुन [उदूखल] उलूखल, गूगल।

उएट्ट पु [दे] शिल्प-विशेष।

उओग्गिअ वि [दे] सम्बद्ध, सयुक्त।

उं अ [दे] इन अर्थों का सूचक अव्यय—क्षेप, निन्दा। विस्मय। खेद। वितर्क। सूचन।

उंघ अक [नि + द्रा] नीद लेना।

उंचहिआ स्त्री [दे] चक्रधारा।

उंछ पुन [उञ्छ] भिक्षा। पु. माधुकरी।

उंछअ पु [दे] वस्त्र छापने का काम करनेवाला शिल्पी।

उंज सक [सिच्] छिडकना।

उंज सक [युज्] प्रयोग करना, जोड़ना।

उंजायण न [उञ्जायन] गोत्र-विशेष, जो वशिष्ठ-गोत्र की एक शाखा है।

उंड, उंडग, उंडय वि [दे] गभीर, गहरा। पु. पिण्ड। चलते समय पाँव में पिण्ड रूप से लग जाय उतना गहरा कीचड, कर्दम। शरीर का एक भाग, मास-पिण्ड।

उंडग, उंडुअ न [दे] स्थण्डिल, स्थान, जगह।

उंडल न [दे] मञ्च, मचान, उच्चासन। समूह।

उंडिया स्त्री [दे] मुद्रा-विशेष।

उंडी स्त्री [दे] पिण्ड, गोलाकार वस्तु।

उंदर, उंदुर पुंस्त्री [उन्दुर] चूहा।

उंदु न [दे] मुख। °रुक्क न [दे] मुह से वृषभ आदि की तरह आवाज करना।

उंदुरअ पुं [दे] लम्बा दिवस।

उंदुरु पुस्त्री [उन्दुरु] मूषक।

उंब पु [उम्ब] वृक्ष-विशेष।

उंबर पु [उदुम्बर] गूलर का पेड। न. गूलर का फल। देहली, द्वार के नीचे की लकडी। °दत्त पु. यक्ष-विशेष। एकसार्थवाह का पुत्र। °पंचग, °पणग न [°पञ्चक] वड, पीपल, गूलर, प्लक्ष और काकोदुम्बरी इन पाँच वृक्षो के फल। °पुप्फ न [°पुष्प] गूलर का फूल।

उंबर वि [दे] प्रचुर।

उंबरउप्फ न [दे] नवीन अभ्युदय, अपूर्व उन्नति।

उंबरय पुं [दे] कुष्ठ रोग का एक भेद।

उंबा स्त्री [दे] बन्धन।

उंबी स्त्री [दे] पका हुआ गेहूँ।

उंबेभरिया स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष।

उंभ सक [दे] पूर्ति करना, पूरा करना।

उकिट्ठ देखो उक्किट्ठ।

उकुरुडिया [दे] देखो उक्कुरुडिया।

उक्क वि [उत्क] उत्सुक, उत्कण्ठित। एक विद्याधर राजा का नाम।

उक्क वि [उक्त] कथित।

उक्क न [दे] पाद-पतन, पाव पर गिर कर नमस्कार करना।

उक्कअ वि [दे] प्रसृत, फैला हुआ।

उक्कंचण, उक्कंचणया न [दे] खुशामद। उठाना। झाडू निकालना। रिश्वत। मूर्ख पुरुष को ठगनेवाले धूर्त्त का, समीपस्थ विचक्षण पुरुष के भय से थोडी देर के लिए निश्चेष्ट रहना। °दीव पुं [°दीप] ऊँचा दंडवाला प्रदीप।

उक्कंछण न [दे] देखो उक्कंचण।

उवकंठ अक [उत् + कण्ठ्] उत्कण्ठा करना, उत्सुक होना।
उवकंठुलय वि [उत्कण्ठित] उत्सुक।
उवकंड वि [उत्कण्डित] खूब छटा हुआ।
उवकंडय सक [उत्कण्टय्] पुलकित करना।
उवकंडय वि [उत्कण्टक] रोमाञ्चित।
उवकंडा स्त्री [दे] रिश्वत।
उवकडिअ वि [दे] आरोपित। खण्डित।
उवकत वि [उत्क्रान्त] ऊँचा गया हुआ।
उवकति } उवकंती } स्त्री [दे] देखो उवकंदि।
उवकद वि [दे] विप्रलब्ध, ठगा हुआ।
उवकंदल वि [उत्कन्दल] अकुरित।
उवकंदि } उवकंदी } स्त्री [दे] कूपतुला।
उवकंप अक [उत् + कम्प्] काँपना, हिलना। चञ्चल होना।
उवकंपिय वि [दे] धवलित।
उवकंबण न [दे. अवकम्बन] काठ पर काठ के हाते से घर की छत बाँधना, घर का संस्कार-विशेष।
उवकंबिय वि [दे. अवकम्बित] काठ से बाँधा हुआ।
उवकच्छ वि [उत्कच्छ] स्फुट, स्पष्ट।
उवकच्छा स्त्री [उत्कच्छा] छन्द-विशेष।
उवकच्छिआ स्त्री [औपकक्षिकी] जैन साध्वियो को पहनने का वस्त्र-विशेष।
उवकज्ज वि [दे] अनवस्थित, चञ्चल।
उवकट्टि स्त्री [अपकृष्टि] अपकर्ष, हानि।
उक्कट्ठि स्त्री [उत्कृष्टि] उत्कर्ष। देखो उक्किट्ठि।
उक्कड वि [उत्कट] तीव्र, प्रचण्ड। विशाल। प्रबल। °उक्कड देखो दुक्कड।
उक्कडिय वि [दे] तोडा हुआ, छिन्न।
उक्कडिय देखो उक्कुडुय।
उक्कड्ढ सक [उत् + कर्षय्] उत्कृष्ट करना, बढाना।
उक्कड्ढग पुं [अपकर्षक] चोर की एक-जाति—जो घर से धन आदि ले जाते हैं। जो चोरो को बुलाकर चोरी कराते हैं। चोर के सहायक।
उक्कड्ढिय वि [उत्कर्षित] उत्पाटित, उठाया हुआ। एक स्थान से उठाकर अन्यत्र स्थापित।
उक्कण्ण वि [उत्कर्ण] सुनने के लिए उत्सुक।
उक्कत्त सक [उत् + कृत्] काटना, कतरना।
उक्कत्त वि [उत्कृत्त] कटा हुआ, छिन्न।
उक्कत्थण न [उत्कत्थन] उखाड़ना।
उक्कप्प पुं [उत्कल्प] शास्त्र-निषिद्ध आचरण।
उक्कनाह पुं [दे] उत्तम अश्व की एक जाति।
उक्कम सक [उत् + क्रम्] ऊँचा जाना। उलटे क्रम से रखना।
उक्कम पुं [उत्क्रम] उल्टा क्रम, विपरीत क्रम।
उक्कमण न [उत्क्रमण] ऊर्ध्वगमन। बाहर जाना।
उक्कमित वि [उपक्रान्त] प्रारब्ध। क्षीण।
उक्कर सक [उत् + कृ] खोदना।
उक्कर पुं [उत्कर] समूह, संघात। कर-रहित, राज-देय शुल्क से रहित।
उक्करड देखो उक्कर = उत्कर।
उक्करड पुं [दे] अशुचि-राशि। जहाँ मैला इकट्ठा किया जाता है वह स्थान।
उक्करिअ वि [दे] विस्तीर्ण, आयत। आरोपित। खण्डित।
उक्करिद (शौ) वि [उत्कृत] ऊँचा किया हुआ।
उक्करिया स्त्री [उत्करिका] जैसे एरण्ड के बीज से उसका छिलका अलग होता है उस तरह अलग होना, भेद-विशेष।
उक्करिस सक [उत् + कृष्] खींचना। गर्व करना, बडाई करना। उन्मूलन करना।
उक्करिस देखो उक्कस्स = उत्कर्ष।
उक्करिसण न [उत्कर्षण] उत्कर्ष, बडाई,

महत्त्व। स्थापन, आधान।

उक्कल देखो उक्कड।

उक्कल अक [उत्+कल्] उत्कट रूप से बरतना।

उक्कल वि [उत्कल] धर्म-रहित। न. चोरी। पुं. देश-विशेष।

उक्कलंब सक [उत्+लम्बय्] फाँसी लटकाना।

उक्कला देखो उक्कलिया।

उक्कलिय वि [दे] उबला हुआ।

उक्कलिया स्त्री [उत्कलिका] लूता, मकडी। नीचे की तरफ बहनेवाला वायु। छोटा समुदाय, समूह-विशेष। लहरी, तरंग। ठहर-ठहर कर तरंग की तरह चलनेवाला वायु।

उक्कस सक [गम्] जाना, गमन करना।

उक्कस देखो ओकस।

उक्कस देखो उक्कुस।

उक्कस देखो उक्कस्स = उत्कर्ष।

उक्कसण न [उत्कर्षण] अभिमान करना। ऊँचा जाना। निवर्तन, निवृत्ति। प्रेरणा।

उक्कसाइ वि [उत्कशायिन्] सत्कारादि के लिए उत्कण्ठित।

उक्कसाइ वि [उत्कषायिन्] प्रबल कषायवाला।

उक्कस्स अक [अप+कृष्] ह्रास प्राप्त होना। फिसलना, गिरना।

उक्कस्स पु [उत्कर्ष] गर्व। अतिशय।

उक्कस्स वि [उत्कर्षवत्] उत्कृष्ट, ज्यादा से ज्यादा। अभिमानी।

उक्का स्त्री [उल्का] लूका, आकाश से जो एक प्रकार का अंगार सा गिरता है। छिन्न-मूल दिग्दाह। अग्नि-पिण्ड। °मुह पुं [°मुख] अन्तर्द्वीप-विशेष। उसके निवासी लोक। °वाय पु [°पात] तारा का गिरना, लूका गिरना।

उक्का स्त्री [दे] कूप-तुला।

उक्काम सक [उत्+क्रामय्] दूर करना, पीछे हटाना।

उक्कारिया देखो उक्करिया।

उक्कालिय वि [उत्कालिक] वह शास्त्र, जिसका अमुक समय मे ही पढ़ने का विधान न हो।

उक्कास देखो उक्कस्स = उत्कर्ष।

उक्कास वि [दे] उत्कृष्ट, ज्यादा से ज्यादा।

उक्कासिअ वि [दे] उत्थित, उठा हुआ।

उक्किट्ठ वि [उत्कृष्ट] ज्यादा। पुंन. इमली आदि के पत्तों का समूह। लगातार दो दिन का उपवास।

उक्किट्ठ वि [उत्कृष्ट] उत्तम। फल का शस्त्र द्वारा किया हुआ टुकडा।

उक्किट्ठि स्त्री [उत्कृष्टि] हर्षध्वनि। देखो उक्कट्ठि।

उक्किण्ण वि [उत्कीर्ण] खोदा हुआ। नष्ट। चर्चित, उपलिप्त।

उक्कित्त वि [उत्कृत्त] कटा हुआ।

उक्कित्तण न [उत्कीर्त्तन] कथन। प्रशंसा।

उक्कित्तिय वि [उत्कीर्त्तित] कथित, कहा हुआ।

उक्किर सक [उत्+कॄ] खोदना, पत्थर आदि पर अक्षर वगैरह का शस्त्र से लिखना।

उक्किरणग न [उत्करणक] अक्षत आदि से वढाना, वधावा, वर्धापन।

उक्कीर देखो उक्किर।

उक्कीलिय न [उत्क्रीडित] उत्तम क्रीडा।

उक्कीलिय वि [उत्कीलित] कीलक से नियंत्रित।

उक्कुंचण न [उत्कुञ्चन] ऊँचे चढ़ाना।

उक्कुड वि [दे] मत्त, उन्मत्त।

उक्कुक्कुर अक [उत्+स्था] उठना, खडा होना।

उक्कुज्ज अक [उत्+कुब्ज्] ऊँचा होकर नीचा होना।

उक्कुज्जिय न [उत्कूजित] अव्यक्त शब्द।

उक्कुट्ठ न [उत्कुष्ट] वनस्पति का कूटा हुआ चूर्ण।

उक्कुट्ठ वि [उत्क्रुष्ट] ऊँचे स्वर से आक्रुष्ट।

उक्कुडुग } वि [उत्कुटुक] आसन-विशेष,
उक्कुडुय } निषद्या-विशेष । °ासणिय वि [°ासनिक] उत्कुटुक-आसन से स्थित ।

उक्कुद्द अक [उत् + कुर्द्] कूदना, उछलना ।

उक्कुरुआ देखो उक्कुरुडिया ।

उक्कुरुड पु देखो उक्कुरुडी ।

उक्कुरुड पुं [दे] राशि, ढेर ।

उक्कुरुडिगा } स्त्री [दे] घूरा, कूडा डालने
उक्कुरुडिया } की जगह ।
उक्कुरुडी }

उक्कुस सक [गम्] जाना, गमन करना ।

उक्कुस वि [उत्कृष्ट] उत्तम, श्रेष्ठ ।

उक्कूइय न [उत्कूजित] अव्यक्त महा-ध्वनि ।

उक्कूल वि [उत्कूल] सन्मार्ग से भ्रष्ट करने वाला । किनारे से बाहर का । न. चोरी ।

उक्कूव अक [उत् + कूज्] चिल्लाना ।

उक्केर पुं [उत्कर] राशि, ढेर । करण-विशेष, कर्मों की स्थित्यादि को बढाना । भिन्न, एरण्ड के बीज की तरह जो अलग किया गया हो वह ।

उक्केर पुं [दे] उपहार ।

उक्केल्लाविय वि [दे] उकेलाया हुआ, खुलवाया हुआ ।

उक्कोट्टिय वि [दे] अवरोध-रहित किया हुआ, घेरा उठाया हुआ ।

उक्कोड न [दे] राजा आदि को दिया जाता उपहार ।

उक्कोडा स्त्री [दे] रिश्वत ।

उक्कोडिय वि [दे] घूसखोर ।

उक्कोडी स्त्री [दे] प्रतिध्वनि ।

उक्कोय वि [उत्कोप] प्रखर, उत्कट ।

उक्कोयण देखो उक्कोवण ।

उक्कोया स्त्री [उत्कोचा] रिश्वत । मूर्ख को ठगने मे प्रवृत्त धूर्त पुरुष का, समीपस्थ विचक्षण पुरुष के भय से थोड़ी देर के लिए अपने कार्य को स्थगित करना ।

उक्कोल पुं [दे] धूप, गरमी ।

उक्कोवण न [उक्कोपन] उद्दीपन, उत्तेजन ।

उक्कोविअ वि [उत्कोपित] अत्यन्त क्रुद्ध किया हुआ ।

उक्कोस सक [उत् + क्रुश्] रोना, चिल्लाना । तिरस्कार करना ।

उक्कोस वि [उत्कर्ष] उत्कृष्ट, मुख्य ।

उक्कोस पुं [उत्कर्ष] प्रकर्ष, अतिशय । गर्व ।

उक्कोस वि [उत्कृष्ट] उत्कृष्ट, अधिक से अधिक ।

उक्कोस पु [उत्क्रोश] कुरर । वि. जोर से चिल्लानेवाला ।

उक्कोसण न [उत्क्रोशन] क्रन्दन । निर्भर्त्सन, तिरस्कार ।

उक्कोसा स्त्री [उत्कोशा] कोशानामक एक प्रसिद्ध वेश्या ।

उक्कोसिअ पुं [उत्कौशिक] गोत्र-विशेष का प्रवर्तक एक ऋषि । न. गोत्र-विशेष ।

उक्कोसिअ वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ ।

उक्कोसिया स्त्री [उत्कृष्टि] उत्कर्ष, आधिक्य ।

उक्कोस्स देखो उक्कोस = उत्कृष्ट ।

उक्ख सक [उक्ष्] सीचना ।

उक्ख [उक्ष] सम्बन्ध । जैन साध्वियो के पहनने के वस्त्र-विशेष का एक अंश ।

उक्ख देखो उच्छ = उक्षन् ।

उक्खइअ वि [उत्खचित] व्याप्त, भरा हुआ ।

उक्खड सक [उत् + खण्डय्] तोडना, टुकडा करना ।

उक्खंड पुं [दे] सङ्घात, समूह । स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश ।

उक्खंडण न [उत्खण्डन] उत्कर्त्तन, विच्छेदन ।

उक्खडिअ वि [दे] आक्रान्त, दबाया हुआ ।

उक्खद पु [अवस्कन्द] घेरा डालना । छल से शत्रु-सैन्य को मारना ।

उक्खंभ पुं [उत्तम्भ] अवलम्ब, सहारा ।

उक्खभिय देखो उत्थभिय ।

उवखंभिय न [औत्तम्भिक] अवलम्ब, सहारा ।
उवखडमड्डा अ [दे] पुन:-पुनः ।
उवखण सक [उत् + खन्] उखाडना, उच्छेदन करना, काटना ।
उवखण सक [दे] खाँडना, मुसल वगैरह से व्रीहि आदि का छिलका दूर करना ।
उवखण वि [दे] अवकीर्ण, चूर्णित ।
उवखत्त देखो उवखय ।
उवखम्म° देखो उवखण = उत् + खन् ।
उवखय वि[उत्खात]उखाडा हुआ, उन्मूलित । खुला हुआ, उद्घाटित ।
उवखल देखो उऊखल ।
उवखलिय वि [दे. उत्खण्डित] उन्मूलित, उत्पाटित ।
उवखलिया, उवखली स्त्री [दे] थाली ।
उक्खा स्त्री [ऊखा] स्थाली ।
उवखाइद (शौ) वि [उत्खातित] उद्धृत ।
उवखाय देखो उवखय ।
उवखाल सक [उत् + खन्, खालय्] उखाडना, उन्मूलन करना ।
उक्खिण देखो उक्खण = उत् + खन् ।
उक्खिण्ण वि [दे] अवकीर्ण, ध्वस्त, चूर्णित । आच्छन्न, गुप्त । एक तरफ से ढीला ।
उक्खित्त, उक्खित्तय वि [उत्क्षिप्त] फेका हुआ । ऊँचा उडाया हुआ । ऊँचा किया हुआ । उन्मूलित, उत्पाटित । वाहर निकाला हुआ । उत्थित । न. गेय-विशेष । °चरय वि [°चरक] पाक पात्र से वाहर निकाले हुए भोजन को ही ग्रहण करने का नियमवाला (साधु) ।
उक्खिप्प देखो उक्खिव = उत् + क्षिप् ।
उक्खिय वि [उक्षित] सींचा हुआ ।
उक्खिल्ल सक [दे] उखाड़ना ।
उक्खिव सक [उप + क्षिप्] स्थापन करना ।
उक्खिव सक [उत् + क्षिप्] फेंकना । ऊँचा फेंकना । उडाना । वाहर करना । काटना । उठाना ।
उक्खुड पु [दे] उल्मुक, अलात, मशाल । समूह । अञ्चल ।
उक्खुड सक [तुड्] तोडना, टुकडा करना ।
उक्खुडिअ वि [तुडित] खण्डित, छिन्न, भिन्न । व्यय किया हुआ ।
उक्खुत्त वि [दे. उत्कृत्त] काटा हुआ ।
उक्खुब्भ अक [उत् + क्षुभ्] क्षुब्ध होना ।
उक्खुरुहुंचिअ वि [दे] उत्क्षिप्त ।
उक्खुलंप सक [दे] खुजवाना ।
उक्खुहिअ वि [उत्क्षुब्ध] क्षोभ-प्राप्त ।
उक्खेव पु [उत्क्षेप] उत्पाटन, उन्मूलन । ऊँचा करना । फेंकना । जो उठाया जाय वह ।
उक्खेव पुं [उपक्षेप] उपोद्घात, भूमिका ।
उक्खेवग वि [उत्क्षेपक] ऊँचा फेकनेवाला । पु. एक जाति का पंखा ।
उक्खेविअ अ [उत्क्षेपित] जलाया हुआ (धूप)।
उक्खोडिअ वि [उत्खोटित] उत्क्षिप्त, उड़ाया हुआ । छिन्न, उखाडा हुआ ।
उग अक [उत् + गम्] उदित होना ।
उग (अप) वि [उद्गत] उदित ।
उगाहिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ ।
उगुणपण्ण स्त्रीन[एकोनपञ्चाशत्] ऊनपचास ।
उगुणवीसा स्त्री [एकोनविंशति] उन्नीस ।
उगुणुत्तर न [एकोनसप्तति] उनहत्तर ।
उगुणउइ स्त्री [एकोननवति] नवासी ।
उगुसीइ स्त्री [एकोनाशीति] उनासी ।
उग्ग अक [उद् + गम्] उदित होना ।
उग्ग सक [उद् + घाटय्] खोलना ।
उग्ग वि [उग्र] तेज, तीव्र, प्रवल । पुं. क्षत्रिय की एक जाति, जिसको भगवान् आदिदेव ने आरक्षक-पद पर नियुक्त किया था । °वई स्त्री [°वती] ज्योतिः-शास्त्र-प्रसिद्ध नन्दा-तिथि की रात । °सिरि पुं [°श्रीक] राक्षस वंश का एक राजा, स्वनाम-ख्यात एक लंकेश ।

उच्चर सक [उत्+चर्] पार जाना, उत्तीर्ण होना। बोलना। अक. समर्थ होना, पहुँच सकना। बाहर निकलना।

उच्चलण न [उच्चलन] उन्मर्दन, उत्पीडन।

उच्चलिय वि [उच्चलित] चलित, गत।

उच्चल्ल वि [दे] अध्यासित, आरूढ। विदारित।

उच्चल्ल सक [उत्+चल्] चलना, जाना। समीप में आना।

उच्चा अ [उच्चैस्] ऊँचा। उत्तम, श्रेष्ठ। °गोत्त, °गोय न [°गोत्र] उत्तम गोत्र, श्रेष्ठ-वंश। कर्म-विशेष, जिसके प्रभाव से जीव उत्तम माने-जाते कुल में उत्पन्न होता है। °वय न [°व्रत] महाव्रत। वि. महाव्रतधारी।

उच्चाअ वि [दे] श्रान्त। पुं. आलिङ्गन।

उच्चाइय वि [दे उत्त्याजित] उत्थापित, उठाया हुआ।

उच्चाग पु हिमाचल पर्वत। °य वि [°ज] हिमाचल में उत्पन्न।

उच्चाड वि [दे] विपुल, विशाल।

उच्चाड सक [दे] रोकना। अक. अफसोस करना।

उच्चाडण न [उच्चाटन] एक स्थान से दूसरे स्थान में उठा ले आना, स्व-स्थान से भ्रष्ट करना। मन्त्र-विशेष, जिसके प्रभाव से वस्तु अपने स्थान से उडायी जा सकती है।

उच्चाडणी स्त्री [उच्चाटनी] विद्या विशेष जिसके द्वारा वस्तु अपने स्थान से उडायी जा सकती है।

उच्चार सक [उत्+चारय्] बोलना। मलोत्सर्ग करना।

उच्चार वि [दे] स्वच्छ।

उच्चारण न. कथन।

उच्चारिअ वि [दे] गृहीत, उपात्त।

उच्चाल सक [उत्+चालय्] ऊँचा फेंकना। दूर करना।

उच्चालइय वि [उच्चालयितृ] दूर करनेवाला, त्यागनेवाला।

उच्चाव सक [उच्चय्] ऊँचा करना, उठाना।

उच्चावय वि [उच्चावच] ऊँचा और नीचा। उत्तम और अधम। अनुकूल और प्रतिकूल। असमञ्जस, अव्यवस्थित। नानाविध। विशेष उत्तम।

उच्चिट्ठ अक [उत्+स्था] खड़ा होना।

उच्चिडिम वि [दे] मर्यादा-रहित, निर्लज्ज।

उच्चिण सक [उत्+चि] फूल वगैरह को तोड कर एकत्रित करना, इकट्ठा करना।

उच्चिय देखो उचिय।

उच्चिवलय न [दे] कलुषित जल।

उच्चुंच वि [दे] दृप्त, अभिमानी।

उच्चुग वि [दे] अनवस्थित।

उच्चुड अक [उत्+चुड्] अपसरण करना।

उच्चुप्प सक [चट्] आरूढ होना।

उच्चुरण [दे] उच्छिष्ट।

उच्चुलउलिअ न [दे] कुतूहल से शीघ्र-शीघ्र जाना।

उच्चुल्ल वि [दे] उद्विग्न। अधिरूढ। भीत।

उच्चूड पुं निशान का नीचे लटकता हुआ शृंगारित वस्त्रांश।

उच्चूर वि [दे] बहुविध।

उच्चूल पुं [अवचूल] निशान का नीचे लटकता हुआ शृङ्गारित वस्त्रांश। औंधा-सिर—पैर ऊपर और सिर नीचे कर—खडा किया हुआ।

उच्चे देखो उच्चिण।

उच्चेय वि [उच्चेतस्] चिन्तातुर मनवाला।

उच्चेल्लर न [दे] ऊसर भूमि। जघनस्थानीय केश।

उच्चेव वि [दे] प्रकट, व्यक्त।

उच्चोड पुं. [दे] शोषण ।
उच्चोदय पुं. चक्रवर्ती का एक देवकृत प्रासाद ।
उच्चोल पुं [दे] खेद, उद्वेग । नीवी, स्त्री के कटि-वस्त्र की नाड़ी ।
उच्छ पुं [उक्षन्] वृषभ ।
उच्छ पु [दे] आँत का आवरण । वि. न्यून, हीन ।
उच्छअ पु [उत्सव] क्षण, उत्सव ।
°उच्छअ वि [पृच्छक] प्रश्न-कर्ता ।
उच्छइअ वि [उच्छदित] आच्छादित ।
उच्छंखल वि [उच्छृङ्खल] शृङ्खला-रहित, अवरोध-वर्जित, बन्धन-शून्य । उद्धत ।
उच्छंग पु [उत्सङ्ग] मध्य भाग । गोद । पृष्ठ देश ।
उच्छंगिअ वि [उत्सङ्गित] कोरा, कोली या गोद मे लिया हुआ ।
उच्छंगिअ वि [दे] आगे किया हुआ, आगे रखा हुआ ।
उच्छंघ देखो उत्थंघ ।
उच्छट पुं [दे] झडप से की हुई चोरी ।
उच्छट्ट पुं [दे] चोर, डाकू ।
उच्छडिअ वि [दे] चोरी का माल ।
°उच्छण न [प्रच्छन] प्रश्न, पूछना ।
उच्छण्ण वि [उत्सन्न] छिन्न, खण्डित, नष्ट ।
उच्छत न [अपच्छत्र] अपने दोष को ढकने का व्यर्थ प्रयत्न । मृषावाद ।
उच्छप्प सक [उत् + सर्पय्] उन्नत करना, प्रभावित करना ।
उच्छल अक [उत् + शल्] उछलना, ऊँचा जाना । कूदना । पसरना, फैलना ।
उच्छल्ल देखो उच्छल ।
उच्छल्ल वि [उच्छल] उछलनेवाला ।
उच्छल्लणा स्त्री [दे] अपवर्त्तना, अपप्रेरणा ।
उच्छल्लिअ वि [दे] जिसकी छाल काटी गई हो वह ।
उच्छव देखो उच्छअ । उत्सेक ।

उच्छविअ न [दे] शय्या, बिछौना ।
उच्छह सक [उत् + सह्] उद्यम करना । अक. उत्साहित होना ।
उच्छाइअ वि [अवच्छादित] आच्छादित, ढका हुआ ।
उच्छाडिअ (अप) वि [अवच्छादित] ढका हुआ ।
उच्छाण देखो उच्छ = उक्षन् ।
उच्छाय पुं [उच्छ्राय] उत्सेध, ऊँचाई ।
उच्छाय सक [अव + छादय्] ढकना ।
उच्छायण वि [उच्छादन] नाशक ।
उच्छायणया } स्त्री [उच्छादना] उच्छेद,
उच्छायणा } विनाश । व्यवच्छेद, व्यावृत्ति ।
उच्छार देखो उत्थार = आ + क्रम् ।
उच्छाल सक [उत् + शालय्] उछालना, ऊँचा फेंकना ।
उच्छास देखो ऊसास ।
उच्छाह सक [उत् + साहय्] उत्साह दिखाना, उत्तेजित करना ।
उच्छाह पु [उत्साह] उत्साह । दृढ उद्यम, स्थिर प्रयत्न । उत्कण्ठा, उत्सुकता । पराक्रम । शक्ति ।
उच्छाह पुं [दे] सूत का डोरा ।
उच्छिद सक [उत् + छिद्] उन्मूलन करना, उखाड़ना ।
उच्छिदण न [दे] उधार लेना ।
उच्छिंपग वि [अवच्छिम्पक] चोरो को खान-पान वगैरह की सहायता देनेवाला ।
उच्छिंपण न [उत्क्षेपण] ऊपर फेंकना । बाहर निकालना ।
उच्छिट्ठ वि [उच्छिष्ट] जूठा । अशिष्ट, असभ्य ।
उच्छिण्ण वि [उच्छिन्न] उच्छिन्न, उन्मूलित ।
उच्छित्त वि [दे] विक्षिप्त । पागल ।
उच्छित्त वि [उत्क्षिप्त] फेका हुआ ।
उच्छित्त देखो उट्ठिय ।

उच्छित्त वि [उत्सिक्त] सींचा हुआ।
उच्छिप्प देखो उक्खिव।
उच्छिय वि [उच्छ्रित] उन्नत, ऊँचा।
उच्छिरण वि [दे] उच्छिष्ट, जूठा।
उच्छिल्ल न [दे] विवर। वि. अवजीर्ण।
उच्छु देखो इक्खु। °जंत न [°यंत्र] ईख पेरने का साँचा।
उच्छु पुं [दे] वायु।
उच्छुअ वि [उत्सुक] उत्कण्ठित।
उच्छुअ न [दे] डरते-डरते की हुई चोरी।
उच्छुअरण न [दे] ईख का खेत।
उच्छुआर वि [दे] संछन्न, ढका हुआ।
उच्छुंडिअ वि [दे] बाण वगैरह से आहत। छीना हुआ।
उच्छुच्छु वि [दे] अभिमानी।
उच्छुण्ण वि [उत्क्षुण्ण] खण्डित, तोड़ा हुआ। आक्रान्त।
उच्छुद्ध वि [दे] विक्षिप्त। पतित।
उच्छुभ सक [अप + क्षिप्] आक्रोश करना, गाली देना।
उच्छुभण न [उत्क्षेपण] ऊँचा फेंकना।
उच्छुर वि [दे] अविनश्वर, स्थायी।
उच्छुरण न [दे] ईख का खेत। ईख।
उच्छुल्ल पुं [दे] अनुवाद। खेद, उद्वेग।
उच्छूढ वि [दे] आरूढ, ऊपर बैठा हुआ।
उच्छूढ वि [उत्क्षिप्त] उज्झित। चुराया हुआ। निष्कासित।
उच्छूढ वि [उत्क्षुब्ध] त्यक्त।
उच्छूर देखो उल्लूर = तुड।
उच्छूल देखो उच्चूल।
उच्छेअ पु [उच्छेद] नाश, उन्मूलन।
उच्छेर अक [उत् + श्रि] ऊँचा होना, उन्नत होना। अधिक होना, अतिरिक्त होना।
उच्छेव पुं [उत्क्षेप] ऊँचा करना, उठाना। फेंकना।
उच्छेव पुं [उत्क्षेप] प्रक्षेप।
उच्छेवण न [दे] घी।
उच्छेह पुं [उत्सेध] ऊँचाई।
उच्छोडिय वि [उच्छोटित] मुक्त किया हुआ।
उच्छोभ वि शोभा-रहित। न. चुगली।
उच्छोल सक [उत् + मूलय्] उखाड़ना।
उच्छोल सक [उत् + क्षालय्] प्रक्षालन करना।
उच्छोला स्त्री [दे] प्रभूत जल।
उच्छोलित्तु वि [उत्क्षालयितृ] धोनेवाला।
उजु देखो उज्जु।
उज्ज देखो ओय = ओजस्।
उज्ज न [ऊर्ज] तेज, प्रताप। बल।
उज्जअणी, उज्जइणी स्त्री [उज्जयनी, °यिनि] नगरी-विशेष।
उज्जंगल न [दे] बलात्कार, जबरदस्ती। वि. दीर्घ, लम्बा।
उज्जगरय पु [उज्जागरक] जागरण।
उज्जग्गिर न [उज्जागर] निद्रा का अभाव।
उज्जग्गुज्ज वि [दे] निर्मल।
उज्जड वि [दे] उजाड, वसति-रहित।
उज्जणिअ वि [दे] वक्र, टेढा।
उज्जम अक [उद् + यम्] उद्यम करना, प्रयत्न करना।
उज्जमण (अप) न [उद्यापन] उद्यापन, व्रत-समाप्ति कार्य।
उज्जमिय (अप) वि [उद्यापित] समापित (व्रत)।
उज्जम्ह अक [उत् + जृम्भ्] जोर से जँभाई लेना।
उज्जय हि [उद्यत] उद्योगी, प्रयत्नशील। °मरण न. मरण-विशेष।
उज्जयंत पुं [उज्जयन्त] गिरनार पर्वत।
उज्जर वि [दे] मध्य-गत, भीतर का। पुं. निर्जरण, क्षय।
उज्जल अक [उद् + ज्वल्] जलना। प्रकाशित होना।
उज्जल वि [उज्ज्वल] निर्मल। चमकीला।

उज्जल वि [दे] देखो उज्जल्ल ।

उज्जलिय पुं [उज्ज्वलित] तीसरी नरक-भूमि का सातवाँ नरकेन्द्रक ।

उज्जलिअ वि [उज्ज्वलित]उद्दीप्त, प्रकाशित । ऊँची ज्वालाओं से युक्त । न. उद्दीपन ।

उज्जल्ल वि [दे] पसीनावाला, मलिन, बलवान ।

उज्जल्ल न [औज्ज्वल्य] उज्ज्वलता ।

उज्जल्ला स्त्री [दे] बलात्कार, जबरदस्ती ।

उज्जव अक [उद् + यत्] प्रयत्न करना ।

उज्जवण देखो उज्जावण ।

उज्जह सक [उद् + हा] प्रेरणा करना ।

उज्जाअर, उज्जागर पुं [उज्जागर] जागरण, निद्रा का अभाव ।

उज्जाडिअ वि [दे] उजाड किया हुआ ।

उज्जाण न [उद्यान] उपवन । °जत्ता स्त्री [°यात्रा] गोष्ठी । °पालअ, °वाल वि [°पालक, °पाल] माली ।

उज्जाणिअ वि [औद्यानिक]उद्यान-सम्बन्धी, बगीचा का ।

उज्जाणिअ वि [दे] निम्नीकृत ।

उज्जाणिआ, उज्जाणिगा स्त्री [औद्यानिका] गोष्ठी, गोठ ।

उज्जाणी स्त्री [औद्यानी] गोष्ठी ।

उज्जायण न [उद्यायन] गोत्र-विशेष ।

उज्जाल सक [उत् + ज्वालय्] उज्ज्वल करना, विशेष निर्मल करना ।

उज्जाल सक [उद् + ज्वालय्]उजाला करना । जलाना ।

उज्जालय वि[उज्ज्वालक]आग सुलगानेवाला ।

उज्जावण न [उद्यापन] व्रत का समाप्तिकार्य ।

उज्जाविय वि [दे] विकासित ।

हुआ ।

उज्जु वि [ऋ
[°कृत] f
माया-रहि
[°जड] स
समझनेवा
ज्ञान का
के मनोभ
ज्ञानवाला
नदी-विशे
को केवल-
[°सूत्र] व
नय-विशेष
अर्थ । 'ह

उज्जु पु [ऋ

उज्जुआइअ
हुआ ।

उज्जुत्त वि

उज्जुरिअ f

उज्जूढ वि

उज्जेणग पु
उपासक व

उज्जेणी दे

उज्जोअ स
उद्योत क

उज्जोअ पु

उज्जोअ पु
वि [°कर
भूत कर्म
विशेष ।

उज्जोअग

उज्जोअण

उज्जोमिआ स्त्री [दे] रश्मि, रस्सी ।

उज्जोव देखो उज्जोअ = उद् + द्योतय् ।

उज्झ सक [उज्झ्] त्याग करना, छोड देना ।

उज्झ पु [उज्झ, उद्ध्य] उपाध्याय, पाठक ।

उज्झअ, उज्झग } वि [उज्झक] त्याग करनेवाला, छोडनेवाला ।

उज्झणिअ वि [दे] विक्रीत, निम्नीकृत ।

उज्झमण न [दे] पलायन, भागना ।

उज्झमाण वि [दे] पलायित, भागा हुआ ।

उज्झर पु [निर्झर]पहाड का झरना । °वण्णी स्त्री [°पर्णी] जल-प्रपात ।

उज्झरिअ वि [दे] टेढी नजर से देखा हुआ । विक्षिप्त । फेका हुआ । परित्यक्त ।

उज्झल वि [दे] प्रवल, वलिष्ठ ।

उज्झलिअ वि [दे] प्रक्षिप्त । विक्षिप्त ।

उज्झस पु [दे] उद्यम, उद्योग, प्रयत्न ।

उज्झसिअ वि [दे] उत्कृष्ट, उत्तम ।

°उज्झा देखो अउज्झा ।

उज्झाय पु [उपाध्याय] विद्या-दाता गुरु, शिक्षक ।

उज्झासि वि [उद्भासिन्] देदीप्यमान ।

उज्झिखिअ न [दे] लोकापवाद । वि. निन्दनीय । कथनीय ।

उज्झिय वि [उज्झित] विमुक्त । भिन्न । न. परित्याग । °य पुं [°क] एक सार्थवाह का पुत्र ।

उज्झिय वि [दे] शुष्क । निम्नीकृत ।

उज्झिया स्त्री [उज्झिता] एक सार्थवाह-पत्नी ।

उट्ट पुंस्त्री [उष्ट्र] ऊँट ।

उट्टार पु [अवतार] तीर्थ, जलाशय का तट ।

उट्टिगा देखो उट्टिया ।

उट्टिय, उट्टियय } वि [औष्ट्रिक] ऊँट-सम्बन्धी । ऊँट के रोओ का वना हुआ । पुं. भृत्य । घड़ा ।

उट्टिया स्त्री [उष्ट्रिका] घड़ा, कुम्भ । °समण पुं [°श्रमण] आजीविक-मत का साधु, जो वडे घड़े मे वैठ कर तपस्या करता है ।

उट्ठ अक [उत् + स्था] उठना, खड़ा होना ।

उट्ठ वि [उत्थ] उठा हुआ । °वइस अप [°पवेश] उठ-वैठ ।

उट्ठ पुं [ओष्ठ] ओठ ।

उट्ठ पुं [उष्ट्र] जलचर जन्तु-विशेप ।

उट्ठण देखो उट्ठाण ।

उट्ठंभ सक [अव + स्तभ्] सहारा देना । आक्रमण करना ।

उट्ठवण न [उत्थापन] ऊँचा करना, उठाना ।

उट्ठा देखो उट्ठ = उत् + स्था ।

उट्ठा स्त्री [उत्था] उत्थान, उठान ।

उट्ठाइअ वि [उत्थित] जो तैयार हुआ हो, प्रगुण । उत्पन्न, उत्थित ।

उट्ठाण न [उत्थान] उठान, ऊँचा होना । उद्भव, उत्पत्ति । आरम्भ । उद्वसन, वाहर निकलना ।°सुय न [°श्रुत] शास्त्र-विशेष ।

उट्ठाय देखो उट्ठ = उत् + स्था ।

उट्ठाव सक [उत् + स्थापय्] उठाना ।

उट्ठावण देखो उट्ठवण ।

उट्ठावण देखो उवट्ठावणा ।

उट्ठावणा देखो उवट्ठावणा ।

उट्ठाविअ वि [उत्थापित] उठाया हुआ, खडा किया हुआ । उत्पातित ।

उट्ठिय वि [उत्थित] खडा हुआ । उत्पन्न, उद्भूत । उदित । उद्यत, उद्युक्त । उद्वसित, वाहर निकला हुआ ।

उट्ठिसिय वि [उद्घुषित] पुलकित ।

उट्ठीअ (अप) देखो उट्ठिय ।

उट्ठुभ, उट्ठुह } अक [अव + ष्ठीव्] थूकना ।

उठिअ (अप) देखो उट्ठिय ।

°उड पुंन [कुट] कुम्भ ।

°उड पु [कूट] समूह, राशि ।

°उड देखो पुड ।

उडंक पुं [उटङ्क] तापस-विशेष ।

उडंव वि [दे] लिपा हुआ।

उडज } पुं [उटज] ऋषि-आश्रम, पर्ण-शाला।
उडय }
उडव }

उडाहिअ वि [दे] फेंका हुआ।

उडिअ वि [दे] खोजा हुआ।

उडिउ पुं [दे] उरद, धान्य-विशेष।

उडु पुं. एक देव-विमान। °प्पभ पुंन [°प्रभ] उडु नामक विमान के पूर्व तरफ स्थित एक देव-विमान। °मज्झ पुन [°मध्य] उडु-विमान के दक्षिण तरफ का एक देव-विमान। °यावत्त पुन [°कावर्त] उडुविमान के पश्चिम तरफ का एक देव-विमान। °सिट्ठ पुंन [°सृष्ट] उडुविमान के उत्तर तरफ का एक देव-विमान।

उडु न. नक्षत्र। विमान-विशेष। °प, °व पुं [°प] चन्द्रमा। जहाज, नौका। एक की संख्या। °वइ पुं [°पति] चन्द्र। °वर पुं. सूर्य।

उडु देखो उउ।

उडुवरिज्जिया स्त्री [उदुम्बरीया] जैन मुनियो की एक शाखा।

उडुहिअ न [दे] विवाहिता स्त्री का कोप। वि. जूठा।

उडूहल पुंन [उडूखल] उलूखल।

उड्ड पुं [उड्र] उत्कल, ओड़, ओड्र नामों से प्रसिद्ध देश, जिसको आजकल उड़ीसा कहते हैं। इस देश का निवासी, उड़िया।

उड्ड वि [दे] कुँआ आदि को खोदनेवाला, खनक।

उड्डण पुं [दे] बैल, साँड। वि. लम्बा।

उड्डंस देखो उद्दंस।

उड्डस पु [दे] खटमल, खटकीरा, उडिस।

उड्डहण पुं [दे] चोर, डाकू।

उड्डाअ पुं [दे] उद्गम, उद्भव।

उड्डाण न [उड्डयन] उड़ान, उड़ना।

उड्डाण पुं [दे] प्रतिशब्द, कुरर। पक्षि-विशेष। विष्ठा। मनोरथ। वि. गर्विष्ठ।

उड्डामर वि. उद्भट, प्रबल। भीति। आडम्बर-वाला, टीपटापवाला।

उड्डाव सक [उद्+डायय्] उड़ाना।

उड्डाव वि [उड्डायक] उड़ानेवाला।

उड्डावण न [उड्डायन] उड़ाना। आकर्षण।

उड्डास पुं [दे] सन्ताप, परिताप।

उड्डाह पुं [उद्दाह] भयङ्कर दाह, जला देना। मालिन्य, निन्दा, उपघात।

उड्डिअ वि [औड्र] उडीसा देश का निवासी।

उड्डिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ।

उड्डिआहरण न [दे] छुरी पर रक्खे हुए फूल को पाँव की दो उँगलियों से लेते हुए चल जाना।

उड्डिय वि [उड्डीन] उड़ा हुआ।

उड्डिहिअ वि [दे] ऊपर फेंका हुआ।

उड्डी अक [उद्+डी] उड़ना।

उड्डी स्त्री [औड्री] उत्कल देश की लिपि।

उड्डीण वि [उड्डीन] उड़ा हुआ।

उड्डुअ पुं [दे] डकार, उद्गार।

उड्डुइय } पुं [दे] देखो। उड्डुअ।
उड्डोअ }

उड्डुवाडिय पुं [उड्डुवाटिक] भगवान् महावीर के एक गण का नाम।

उड्डुहिअ देखो उडुहिअ।

उड्डोय देखो उड्डुअ।

उड्ढ न [ऊर्ध्व] ऊपर, ऊँचा। वमन। वि. उत्तम, मुख्य। खड़ा, दण्डायमान। उपरितन। °कंडूयग पु [°कण्डूयक] तापसो का एक सम्प्रदाय जो नाभि के ऊपर भाग में ही खुज-लाते है। °काय पुं. शरीर का उपरितन भाग। °काय पुं [°काक] काक। °गम वि ऊपर जानेवाला। °चर वि. ऊपर चलनेवाला, आकाश मे उड़नेवाला(गृध्रादि)। °दिसा स्त्री [°दिश्] ऊर्ध्व दिशा। °रेणु पु. परिमाण-

विशेष, आठ। °लोग, °लोय पुं [°लोक] स्वर्ग, देव-लोक। °वाय पुं [°वात] ऊँचा गया हुआ वायु।

उड्ढं ऊपर देखो।

उड्ढंक न [दे] मार्ग का उन्नत भू-भाग।

उड्ढल } पु [दे] उल्लास, विकास।
उड्ढल्ल }

उड्ढविय वि [ऊर्ध्वित] ऊँचा किया हुआ।

उडढा स्त्री [ऊर्ध्वा] ऊर्ध्व-दिशा।

उड्ढि [दे] देखो उद्धि।

उड्ढि देखो वुड्ढि।

उड्ढि देखो इड्ढि।

उड्ढिय देखो उद्धरिअ = उद्धृत।

उड्ढिया स्त्री [दे] पात्र-विशेष। कम्बल वगैरह ओढने का वस्त्र।

उणं देखो पुण = पुनर्।

उण न [ऋण] करजा।

उण }
उणा } देखो पुण।
उणाइ }

उणपन्न स्त्रीन [एकोनपञ्चाशत्] उनचास।

उणाइ पुं [उणादि] व्याकरण का एक प्रकरण।

उणाइ पुं [दे] प्रिय, पति, नायक।

उणो देखो पुण।

उण्ण न [ऊर्ण]भेड़ या बकरी के रोम, रोआँ। °कप्पास पुं [°कापास] ऊन। °णाभ पुं [°नाभ] मकडी।

°उण्ण देखो पुण्ण = पूर्ण।

उण्णअ सक [उद् + नद्] पुकारना, आह्वान करना।

उण्णइ स्त्री [उन्नति] अभ्युदय।

उण्णम अक [उत् + नम्] ऊँचा होना, उन्नत होना।

उण्णम वि [दे] समुन्नत, ऊँचा।

उण्णय वि [उन्नत] ऊँचा। गुणवान। अभिमानी। गर्व।

उण्णय पुं [उन्नय] नीति का अभाव।

उण्णा स्त्री [ऊर्णा] ऊन, भेड के रोम। °पिपीलिया स्त्री [°पिपीलिका] चीटी।

उण्णाअक वि [उन्नायक] उन्नति-कारक। पुंन. छन्दःशास्त्र प्रसिद्ध मध्य-गुरु चतुष्कल की संज्ञा।

उण्णाग पुं [उन्नाक] ग्राम-विशेष।

उण्णाम पुं [उन्नाम] उन्नति, ऊँचाई। अभिमान। गर्व का कारण-भूत कर्म।

उण्णाम सक [उद् + नमय्] ऊँचा करना।

उण्णाल सक [उद् + नमय्] ऊँचा करना।

उण्णालिय वि [दे] कृश। उन्नमित।

उण्णिअ वि [उन्नीत] वितर्कित, विचारित।

उण्णिअ वि [औणिक] ऊन का बना हुआ।

उण्णिद्द वि [उन्निद्र] विकसित, उल्लसित। निद्रा-रहित।

उण्णी सक [उद् + नी] ऊँचा ले जाना। कहना।

उण्णुइअ पु [दे] हुँकार। आकाश की तरफ मुँह किए हुए कुत्ते की आवाज। वि. गर्वित।

उण्ह पुं [उष्ण] गरमी। वि. तप्त।

उण्हवण न [उष्णन] गरम करना।

उण्हिआ स्त्री [दे] कृसर, खिचडी।

उण्हीस पुंन [उष्णीष] पगडी, मुकुट।

उण्होदयभंड पुं [दे] भमरा।

उण्होला स्त्री [दे] कीट-विशेष।

उताहो अ [उताहो] अथवा।

उत्त वि [उक्त] कथित।

उत्त वि [उप्त] बोया हुआ। निष्पादित, उत्पादित।

उत्त पु [दे] वनस्पति-विशेष।

°उत्त वि [गुप्त] रक्षित।

उत्त देखो पुत्त।

उत्तइय }
उत्तड्य } वि [उत्तेजित]।

उत्तंघ देखो उत्थंघ = रुध् ।
उत्तंघ देखो उत्तंभ ।
उत्तंत देखो वुत्तंत ।
उत्तंपिअ वि [दे] खिन्न, उद्विग्न ।
उत्तंभ सक [उत् + स्तम्भ्] रोकना । सहारा देना ।
उत्तंभय वि [उत्तम्भक] रोकनेवाला । अव-लम्बन देनेवाला, सहायक ।
उत्तंस पुं [अवतंस] शिरो-भूषण ।
उत्तंस पुं [उत्तंस] कर्णपूरक, कर्णभूषण ।
उत्तइय वि [दे] उत्तेजित अधिक दीपित ।
उत्तण वि [दे] गर्वित । देखो उत्तुण ।
उत्तण वि [उत्तृण] तृणवाली जमीन ।
उत्तणुअ वि [उत्तनुक] अभिमानी ।
उत्तत्त वि [उत्तप्त] बहुत गरम ।
उत्तत्त वि [दे] अध्यासित, आरूढ़ ।
उत्तत्थ वि [उत्त्रस्त] भय-भीत, त्रास-प्राप्त ।
उत्तद्ध देखो उत्तरद्ध ।
उत्तप्प वि [दे] अभिमानी । अधिक गुणवाला ।
उत्तप्प वि [उत्तप्त] देदीप्यमान ।
उत्तम पुं. एक दिन का उपवास । वि. श्रेष्ठ, सुन्दर । मुख्य । परम, उत्कृष्ट । अन्तिम । पुं. मेरुपर्वत । संयम, त्याग । राक्षस वंश का एक राजा, स्वनाम-ख्यात एक लङ्केश । °ट्ठ पुं. [°ार्थ] श्रेष्ठ वस्तु । मोक्ष । मोक्षमार्ग । अनशन, मरण । °ण्ण वि [°र्ण] लेनदार ।
उत्तम वि [उत्तमस्] अज्ञान-रहित ।
उत्तमंग न [उत्तमाङ्ग] मस्तक ।
उत्तमा स्त्री 'णायाधम्मकहा' का एक अध्ययन । इन्द्राणी । पक्ष की प्रथम रात्रि ।
उत्तम्म अक [उत् + तम्] खिन्न होना, उद्विग्न होना । दिलगीर होना ।
उत्तर अक [उत् + तॄ] उतरना, नीचे आना । बाहर निकलना । सक. पार करना ।
उत्तर अक [अव + तॄ] उतरना, नीचे आना ।
उत्तर वि. श्रेष्ठ, प्रशस्त । प्रधान । उत्तर-दिशा में रहा हुआ । उपरि-वर्त्ती । अधिक, अति-रिक्त । अवान्तर, भेद, शाखा । ऊन का बना हुआ वस्त्र, कम्बल वगैरह । न. प्रत्युत्तर । वृद्धि । पुं. ऐरवत क्षेत्र के बाईसवें भावी जिनदेव का नाम । वर्षा-कल्प । आर्य-महागिरि के प्रथम शिष्य । °कंचुय पुं [°कञ्चुक] वख्तर-विशेष । °करण न. उपस्कार, संस्कार, विशेष-गुणाधान । °कुरा स्त्री [°कुरु] स्वनाम-ख्यात क्षेत्र-विशेष । °कुरु पुं. वर्ष-विशेष । देव-विशेष । °कुरुकूड न [°कुरुकूट] माल्यवन्त पर्वत का एक शिखर । देव-विशेष । °कोडि स्त्री [°कोटि] सङ्गीतशास्त्रप्रसिद्ध गान्धार-ग्राम की एक मूर्च्छना । °गंधारा स्त्री [°गान्धारा] देखो पूर्वोक्त अर्थ । °गुण पुं शाखा गुण, अवान्तर गुण । °चावाला स्त्री. नगरी-विशेष । °चूल [°चूड] गुरु वन्दन का एक दोष, गुरु को वन्दन कर बड़े आवाज से 'मत्थएण वंदामि' कहना । °चूलिया स्त्री [°चूलिका] देखो अनन्तर-उक्त अर्थ । °ड्ढ न [°ार्ध] पिछला आधा भाग, उत्तरार्ध । °दिसा स्त्री [°दिश्] उत्तर-दिशा । °द्ध न [°ार्ध] पिछला आधा भाग । °पगइ, °पयडि स्त्री [°प्रकृति] कर्मों के अवान्तर भेद । °पच्चत्थिमिल्ल पुं [°पाश्चात्य] वायव्य कोण । °पट्ट पुं. बिछौना के ऊपर का वस्त्र । °पारणग न [°पारणक] उपवासादि व्रत की समाप्ति, पारण । °पुरच्छिम, °पुरत्थिम पुं [°पौरस्त्य] ईशान कोण । °पोट्ठवया स्त्री [°प्रौष्ठपदा] उत्तरा भाद्रपदा नक्षत्र । °फग्गुणी स्त्री [°फाल्गुनी] उत्तर-फाल्गुनी नक्षत्र । °बलिस्सह पुं. एक प्रसिद्ध जैन साधु । उत्तर बलिस्सह-नामक स्थविर से निकाला हुआ एक गण, भगवान् महावीर का द्वितीय गण—साधु-सम्प्रदाय । °भद्दवया स्त्री [भाद्रपदा] नक्षत्र-विशेष । °मंदा स्त्री. मध्यम ग्राम की एक मूर्च्छना । °महुरा स्त्री [°मथुरा] नगरी-विशेष । °वाय पुं [°वाद] उत्तरवाद ।

°विक्रिय, °वेउव्विय वि [°वैक्रिय] स्वाभाविक-भिन्न वैक्रिय, बनावटी वैक्रिय। °साला स्त्री [°शाला] क्रीडा-गृह। पीछे से बनाया हुआ घर। वाहन-गृह, हाथी-घोड़ा आदि बाँधने का स्थान, तबेला। °साहग, °साहय वि [°साधक] विद्या, मन्त्र वगैरह का साधन करनेवाले का सहायक। देखो उत्तरा°।

उत्तरंग न [उत्तरङ्ग] दरवाजे का ऊपर का काष्ठ। वि. चञ्चल।

उत्तरकुरु पुं.ब. देव-भूमि, स्वर्ग। स्त्री. भगवान् नेमिनाथ की दीक्षाशिविका।

उत्तरणवरंडिया स्त्री [दे] उडुप, जहाज।

उत्तरविउव्विय वि [उत्तरवैक्रियिक] उत्तर-वैक्रिय नामक लब्धि से सम्पन्न।

उत्तरसंग देखो उत्तरा-संग।

उत्तरा स्त्री. उत्तर-दिशा। मध्यम ग्राम की की एक मूर्च्छना। एक दिशा-कुमारी देवी। दिगम्बर-मत प्रवर्तक आचार्य शिवभूति की स्वनामख्यात भगिनी। अहिच्छत्रा नगरी की एक वापी का नाम। °णंदा स्त्री [°नन्दा] एक दिक्कुमारी देवी। °पह पुं [°पथ] उत्तरदिशा-स्थित देश। °फग्गुणी देखो उत्तरफग्गुणी। °भद्दवया देखो उत्तर-भद्दवया। °यण न सूर्य का उत्तर दिशा में गमन, माघ से लेकर छः महीना। °यया स्त्री [°यता] गान्धार ग्राम की एक मूर्च्छना। °वह देखो °पह। °संग पुं. उत्तरीय वस्त्र का शरीर में न्यास-विशेष, उत्तरासण। °समा स्त्री. मध्यम ग्राम की एक मूर्च्छना। °साढा स्त्री [°षाढा] नक्षत्र-विशेष। °हुत्त न [°भिमुख] उत्तर की तरफ। वि. उत्तर दिशा की तरफ मुँह किया हुआ।

उत्तरिज्ज, उत्तरिय न [उत्तरीय] चादर, दुपट्टा।

उत्तरिय वि [औत्तरिक, औत्तराह] देखो उत्तर।

उत्तरिल्ल वि [औत्तराह] उत्तर-दिशा या काल में उत्पन्न या स्थित, उत्तर-सम्बन्धी, उत्तरीय।

उत्तरीअ देखो उत्तरिय = उत्तरीय।

उत्तरीकरण न. उत्कृष्ट बनाना, विशेष शुद्ध करना।

उत्तरोट्ठ पुं [उत्तरोष्ठ] ऊपर का ओठ। मूँछ।

उत्तलहअ पुं [दे] विटप, अङ्कुर।

उत्तव वि [उक्तवत्] जिसने कहा हो वह।

उत्तम्म अक [उत् + तम्] त्रास पाना, पीड़ित होना। भयभीत होना।

उत्ताड सक [उत् + ताडय्] ताडन करना। वाद्य बजाना।

उत्ताण वि [उत्तान] उन्मुख, ऊर्ध्वमुख। चित्त। विस्फारित। अनिपुण। °साइय वि [°शायिन्] चित्त सोनेवाला।

उत्ताणपत्तय वि [दे] एरण्ड-सम्बन्धी (पत्ती वगैरह)।

उत्ताणिअ वि [उत्तानित] चित्त किया हुआ। चित्त सोनेवाला।

उत्तार सक [अव + तारय्] नीचे उतारना।

उत्तार सक [उत् + तारय्] पार पहुँचाना। बाहर निकालना। दूर करना।

उत्तार पुं [उत्तार] उतरना, पार करना। परित्याग। उतारनेवाला, पार करानेवाला।

उत्तार पुं [दे] आवास-स्थान।

उत्तारय वि [उत्तारक] पार उतारनेवाला।

उत्ताल वि [उत्ताल] महान्, बड़ा। उतावला। उद्धत। बेताल, ताल-विरुद्ध गान का एक दोष।

उत्ताल न [दे] लगातार रुदन।

उत्ताल देखो उत्ताड।

उत्तावल न [दे] उतावल, शीघ्रता। वि. शीघ्रकारी, आकुल।

उत्तास सक [उत् + त्रासय्] भयभीत करना।

पीडना।

उत्तासइत्तु वि [उत्त्रासयितृ] भय-भीत करनेवाला। हैरान करनेवाला।

उत्तासणअ, उत्तासणग वि [उत्त्रासनक] भयकर, उद्वेगजनक। हैरान करनेवाला।

उत्ताहिय वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ।

उत्ति स्त्री [उक्ति] वचन, वाणी।

उत्तिग पु [उत्तिङ्ग] गर्दभाकार कीट-विशेष। चीटियो का बिल। चीटियो की सन्तान। तृण के अग्रभाग पर स्थित जल-बिन्दु। वनस्पति-विशेष, सर्पच्छत्रा। न. छिद्र। °लोण न [°लयन] कीट-विशेष का गृह—बिल।

उत्तिगपणग पुंन [उत्तिङ्गपनक] कीटिका-नगर, चीटियो का बिल।

उत्तिट्ठ अक [उत् + स्था] उठाना। उदित होना।

उत्तिण वि [उत्तृण] तृण-शून्य।

उत्तिण्ण वि [उत्तीर्ण] बाहर निकला हुआ। पार पहुँचा हुआ। जो कम हुआ हो। रहित। निपटा हुआ, जिसने कार्य समाप्त किया हो वह। उल्लंघित, अतिक्रान्त।

उत्तिण्ण वि [अवतीर्ण] नीचे उतरा हुआ।

उत्तित्थ पुंन [उत्तीर्थ] अपमार्ग।

उत्तिम देखो उत्तम।

उत्तिमंग देखो उत्तमंग।

उत्तिरिविडि, उत्तिवडा स्त्री [दे] भाजन वगैरह का ऊँचा ढेर।

उत्तुग वि [उत्तुङ्ग] ऊँचा, उन्नत।

उत्तुड वि [उत्तुण्ड] उन्मुख, ऊर्ध्व-मुख।

उत्तुण वि [दे] अभिमानी।

उत्तुप्पिय वि [दे] स्निग्ध, चिकना।

उत्तुय सक [उत् + तुद्] पीडा करना, हैरान करना।

उत्तुरिद्धि स्त्री [दे] गर्व। वि. अभिमानी।

उत्तुर्व वि [दे] दृप्त।

उत्तुहिअ वि [दे] उत्खाटित, छिन्न, नष्ट।

उत्तूह पुं [दे] तटशून्य कूप।

उत्तेअ वि [उत्तेजस्] तेजस्वी, प्रखर। पुं. मात्रावृत्त का एक भेद।

उत्तेअण न [उत्तेजन] उत्तेजन।

उत्तेइअ, उत्तेजिअ वि [उत्तेजित] उद्दीपित, प्रोत्साहित, प्रेरित।

उत्तेड पुं [दे] बिन्दु।

उत्थ न [उक्थ] स्तोत्र-विशेष। योगविशेष।

उत्थ वि. उत्पन्न, उत्थित।

उत्थ (शौ) देखो उट्ठ = उत् + स्था।

उत्थइय वि [अवस्तृत] व्याप्त। प्रसारित। आच्छादित।

उत्थंगिअ देखो उत्थंघिअ = उत्तम्भित।

उत्थंघ सक [उद् + नमय्] ऊँचा करना, उन्नत करना।

उत्थंघ सक [उत्+स्तम्भ्] उठाना। अवलम्बन देना। रोकना।

उत्थंघ सक [उत् + क्षिप्] ऊँचा फेंकना।

उत्थंघ सक [रुध्] रोकना।

उत्थंघ पु [उत्तम्भ] ऊर्ध्व-प्रसरण, ऊँचा फैलाना।

उत्थंघिअ वि [उत्तम्भित] उत्थापित, उठाया हुआ।

उत्थंभि वि [उत्तम्भिन्] आघात-प्राप्त, अवलम्बन करनेवाला।

उत्थंभिअ वि [उत्तम्भित] अवलम्बित। रुका हुआ। बन्धन-मुक्त किया हुआ।

उत्थग्घ पु [दे] सम्मर्द, उपमर्द।

उत्थप्पण देखो उट्ठपण।

उत्थय देखो उत्थइय।

उत्थर सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना। दबाना।

उत्थर सक [अव + स्तृ] आच्छादन करना। पराभव करना।

उत्थर, उत्थल्ल सक [उत् + स्तृ] आच्छादन करना (?)।

उत्थरिय वि [दे] निस्सृत, निर्गत। उठा हुआ।
उत्थल न [उत्स्थल] ऊँची धूल-राशि। उन्मार्ग, कुपथ।
उत्थलिअ न [दे] घर। वि. उन्मुख-गत।
उत्थल्ल अक [उत्+शल्] उछलना, कूदना।
उत्थल्लपत्थल्ला स्त्री [दे] दोनों पार्श्वों से परिवर्तन, उथल-पुथल।
उत्थल्ला स्त्री [दे] परिवर्त्तन। उद्वर्त्तन।
उत्थाइ वि [उत्थायिन्] उठनेवाला।
उत्थाइय वि [उत्थापित] उठाया हुआ।
उत्थाण न [उत्थान] वीर्य, वल, पराक्रम। उत्पत्ति।
उत्थामिय (अप) वि [उत्थापित] उठाया हुआ।
उत्थार सक [आ+क्रम्] आक्रमण करना, दवाना।
उत्थार देखो उच्छाह = उत्साह।
उत्थिय देखो उत्थइअ।
°उत्थिय वि [°तीर्थिक] मतानुयायी, दर्शनानुयायी।
°उत्थिय वि [°यूथिक] यूथ-प्रविष्ट।
उत्थुभण न [अवस्तोभन] अनिष्ट की शान्ति के लिए किया जाता एक प्रकार का कौतुक, थू-थू आवाज करना।
उद न. जल। °उल्ल, °ओल्ल वि [°ार्द्र] पानी से गीला। °गत्ताभ न [°गर्त्तभि] गोत्र-विशेष।
उदइय देखो ओदइय।
उदइल्ल वि [उदयिन्] उदयवान्, उन्नतिशील।
उदंक पु. जल का पात्र-विशेष, जिससे जल ऊँचा छिडका जाता है।
उदंच सक [उद+अञ्च्] ऊँचा जाना।
उदंचण पु. ऊ[illegible]कना। वि. ऊँचा फेंकनेवाला।
उदंत पु. हकीकत, वृत्तान्त।
उदंप पुं [उद्दृप्त] कृष्णराज पुत्र उदय।
उदग पुंन [उदक] पानी। वनस्पति-विशेष। जलाशय। पु. स्वनाम-ख्यात एक जैन साधु। सातवें भावी जिनदेव। °गब्भ पुं [°गर्भ] बादल। °दोणि स्त्री [°द्रोणि] जल रखने का पात्र-विशेष, ठण्डा करने के लिए गरम लोहा जिसमें डाला जाता है वह। जो अरघट्ट में लगाया जाता है वह छोटा घड़ा। °पोग्गल न [°पौद्गल] मेघ। °मच्छ पुं [°मत्स्य] इन्द्र-धनुष का खण्ड, उत्पात-विशेष। °माल पुंस्त्री. जल का ऊपर चढता तरङ्ग, उदकशिखा, वेला। °वत्थि स्त्री [°वस्ति] पानी भरने का मशक। °सिहा स्त्री [°शिखा] वेला। °सीम पुं [°सीमन्] पर्वत-विशेष।
उदग्ग वि [उदग्र] सुन्दर। उत्कट, प्रखर। मुख्य।
उदड्ढ पुं [उद्दग्ध] एक नरक-स्थान।
उदत्त वि [उदात्त] उदार।
उदत्त वि [उदात्त] जो उच्च स्वर से बोला जाय वह स्वर।
उदन्ना स्त्री [उदन्या] तृषा।
उदय देखो उदग।
उदय पुं. लाभ। उन्नति। उत्पत्ति। कर्म-परिणाम। प्रादुर्भाव। भरतक्षेत्र के भावी सातवें जिनदेव। भरतक्षेत्र में होनेवाले तीसरे जिनदेव का पूर्व-भवीय नाम। स्वनाम-ख्यात एक राजकुमार। °ायल पुं [°ाचल] पर्वत-विशेष, जहाँ सूर्य उदित होता है।
उदयण पुं [उदयन] राजा सिद्धराज का प्रसिद्ध मन्त्री। कोशाम्वी नगरी के राजा शतानीक का पुत्र। एक विख्यात जैन राजा। न. उन्नति। वि. उन्नत होनेवाला, प्रवर्धमान।
उदर न. पेट। पेटकी बीमारी।
उदरंभरि वि. स्वार्थी, अकेलपेटू।
उदरि वि [उदरिन्] पेट की बीमारीवाला।
उदरिय वि [उदरिक] ऊपर देखो।

उदवाह वि. जल-वाहक। पुं छोटा प्रवाह ।
उदसी [दे. उदश्वित् ?] तक।
उदहि पुं [उदधि] समुद्र । भवनपति देवो की एक जाति, उदधिकुमार । °कुमारपु. देवों की एक जाति । देखो उअहि ।
उदाइ पु [उदायिन्] एक जैन राजा, महाराजा कोणिक का पुत्र, जिसको एक दुष्ट ने जैन साधु वनकर धर्मच्छल से मारा था और जो भविष्य मे तीसरा जिनदेव होगा । पु राजा कूणिक का पट्टहस्ती ।
उदाइण देखो उदायण ।
उदात्त देखो उदत्त ।
उदायण पु [उदायन] सिन्धु-देश का एक राजा, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी ।
उदार देखो उराल ।
उदासि वि [उदासिन्] उदास, उदासीन । °व न [°त्व] औदासीन्य ।
उदासीण वि [उदासीन] मध्यस्थ । उपेक्षा करनेवाला ।
उदाहड वि [उदाहृत] कथित, दृष्टान्तित ।
उदाहर सक [उदा + हृ] कहना । प्रतिपादन करना ।
उदाहिय वि [उदाहृत] कथित, प्रतिपादित । दृष्टान्तित ।
उदाहिय वि [दे] उत्क्षिप्त, फेका गया ।
उदाहु देखो उदाहर ।
उदाहु अ [उताहो] अथवा ।
उदाहू देखो उदाहर ।
उदाहो देखो उदाहु = उताहो ।
उदि अक [उद् + इ] उन्नत होना । उत्पन्न होना ।
उदिक्खिअ वि [उदीक्षित] अवलोकित ।
उदिण्ण वि [उदीच्य] उत्तर-दिशा मे उत्पन्न ।
उदिण्ण वि [उदीर्ण] उदित । फलोन्मुख (कर्म) । उत्पन्न । उत्कट, प्रवल ।
उदिय वि [उदित] उद्गत । उन्नत । उक्त।
उदीण वि [उदीचीन] उत्तर दिशा से सम्बन्ध रखनेवाला, उत्तर दिशा में उत्पन्न । °पाईणा स्त्री [°प्राचीना] ईशान-कोण ।
उदीणा स्त्री [उदीचीना] उत्तर-दिशा ।
उदीर सक [उद् + ईरय्] प्रेरणा करना । कहना, प्रतिपादन करना । जो कर्म उदय-प्राप्त न हो उसको प्रयत्न-विशेष से फलोन्मुख करना ।
उदीरग देखो उदीरय ।
उदीरय न [उदीरण] कथन, प्रतिपादन । प्रेरणा । काल-प्राप्त न होने पर भी प्रयत्न-विशेष से किया जाता कर्म-फल का अनुभव ।
उदीरय वि [उदीरक] कथक, प्रतिपादक । प्रेरक, प्रवर्तक । उदीरणा करनेवाला, काल-प्राप्त न होने पर भी प्रयत्न-विशेष से कर्मफल का अनुभव करनेवाला ।
उदीरिद, उदीरिय } वि [उदीरित] प्रेरित, कथित, प्रतिपादित । जनित, कृत । समय-प्राप्त न होने पर भी प्रयत्न-विशेष से खीच कर जिसके फल का अनुभव किया जाय वह ।
उदु देखो उउ ।
उदुंबर देखो उंबर ।
उदुरुह सक [उद् + रुह्] ऊपर चढना ।
उदूखल देखो उऊखल ।
उदूग पुन [दे] पृथिवी-शिला ।
उदूलिय वि [दे] अवनत ।
उदूहल देखो उऊहल ।
उद्द न [दे] जल-मानुप । वैल के कधे का कूवड़ । मत्स्य-विशेष । उसके चर्म का वना हुआ वस्त्र ।
उद्द वि [आर्द्र] गीला ।
उद्दअ वि [मद्यत] उद्यम-युक्त ।
उद्दंड, उद्दंडग } वि [उद्दण्ड] प्रचण्ड, उद्धत । पु. हाथ में दण्ड को ऊँचा रखकर

चलनेवाले तापसो की एक जाति ।

उद्दंतुर वि. जिसका दाँत वाहर आया हो वह । ऊँचा ।

उद्दंभ पु. छन्द का एक भेद ।

उद्दंस पुं मधुमक्षिका, मत्कुण आदि छोटा कीट ।

उद्दड्ढ पु [उद्दग्ध] रत्नप्रभा नरक-पृथिवी का एक नरकावास । °मज्झिम पु [°मध्यम] रत्नप्रभा पृथिवी का एक नरकावास । °ावत्त पु [°ावर्त्त] देखो पूर्वोक्त अर्थ । °ावसिट्ठ पु [°ावशिष्ट] देखो पूर्वोक्त अर्थ ।

उद्दद्दर न [दे. ऊर्ध्वदर] सुभिक्ष, सुकाल ।

उद्दम पुन देखो उज्जम = उद्यम ।

उद्दरिअ वि [दे] उखाडा हुआ । स्फुटित, विकसित ।

उद्दरिअ वि [उद् + दृप्त] गर्वित, उद्धत ।

उद्दलण न [उद्दलन] विदारण ।

उद्दव सक [उद्, उप + द्रु] उपद्रव करना, पीड़ा करना । मारना, विनाश करना, हिंसा करना ।

उद्दवअ पुं [उद्द्रव, उपद्रव] उपद्रव । हरकत । पीडा । विनाश, हिंसा ।

उद्दवइत्तु वि [उद्द्रोतृ उपद्रोतृ] उपद्रव करनेवाला । हिंसक, विनाशक ।

उद्दवण न [अपद्रावण] मृत्यु को छोडकर सव प्रकार का दुःख ।

उद्दवाइअ देखो उड्डुवाइय ।

उद्दवेत्तु देखो उद्दवइत्तु ।

उद्दा सक [उद् + दा] वनाना, निर्माण करना ।

उद्दा अक [अव + द्रा] मरना ।

उद्दाइआ स्त्री [उद्द्रोत्री, उपद्रोत्री] उपद्रव करनेवाली स्त्री ।

उद्दाइ देखो उद्दाय ।

उद्दाण स्त्री [दे] चूल्हा ।

उद्दाण वि [अवद्रात] मृत ।

उद्दाम वि. स्वच्छन्द । प्रचण्ड, प्रखर । अव्यवस्थित ।

उद्दाम पुं [दे] मंघात । स्थपुट, विपमोन्नत प्रदेश ।

उद्दामिय वि [उद्दामित] लटकता हुआ, प्रलम्बित ।

उद्दाय अक [शुभ्] शोभित होना, अच्छा मालूम देना ।

उद्दार देखो उराल = उदार ।

उद्दरिअ वि [दे] युद्ध से पलायित । उत्खात, उन्मूलित ।

उद्दाल सक [आ + छिद्] खीच लेना, हाथ से छीन लेना ।

उद्दाल पु [अवदाल] दवाव, अवदलन । वृक्ष-विशेष । अवसर्पिणी काल का प्रथम आरा— समय-विशेष ।

उद्दालिय वि [आच्छिन्न] छीना हुआ, खीच लिया गया ।

उद्दावणया स्त्री [उपद्रावणा] उपद्रव, हैरानी ।

उद्दाह पुं. प्रखर-दाह । आग ।

उद्दाहग वि [उद्दाहक] आग लगानेवाला ।

उद्दिट्ठ वि [उद्दिष्ट] कथित, प्रतिपादित । निर्दिष्ट । दान के लिए संकल्पित (अन्न, पानादि) । लक्षित । न उद्देश्य । °कड वि [°कृत] साधु के उद्देश्य से वनाया हुआ, साधु के निमित्त किया हुआ (भोजनादि) ।

उद्दिट्ठा स्त्री [दे उद्दिष्टा] अमावस्या ।

उद्दित्त वि [उदीप्त] प्रज्ज्वलित ।

उद्दिस सक [उद् + दिश्] आज्ञा करना ।

उद्दिस सक [उद् + दिश्] नाम-निर्देश-पूर्वक वस्तु का निरूपण करना । देखना । सकल्प करना । लक्ष्य करना । अंगीकार करना । सम्मति लेना । ममाप्त करना । उपदेश देना ।

उद्दिसिअ देखो उद्दिट्ठ ।

उद्दिसिअ वि [दे] उत्प्रेक्षित, वितर्कित ।
उद्दीरणा देखो उदीरणा ।
उद्दीवण न [उद्दीपन] उत्तेजन । वि. उत्तेजक । उद्दीपक ।
उद्दीविअ वि [उद्दीपित]प्रदीपित,प्रज्ज्वालित ।
उद्दुय वि [उद्द्रुत] पलायित ।
उद्दुय वि [उपद्रुत] हैरान किया हुआ ।
उद्देस देखो उद्दिस ।
उद्देस पु [उद्देश] पठन-विषयक गुर्वाज्ञा । नाम उच्चारण । वाचन, सूत्र-प्रदान, सूत्रों के मूल पाठ का अध्यापन ।
उद्देस पुं [उद्देश] नाम-निर्देशपूर्वक वस्तु-निरूपण । शिक्षा, उपदेश । व्यपदेश, व्यवहार । लक्ष्य । अभिप्राय, मतलब । ग्रन्थ का एक अंश । प्रदेश । गुरुप्रतिज्ञा, गुरु-वचन । जगह, स्थान ।
उद्देस वि [औद्देश] देखो उद्देसिय = औद्देशिक ।
उद्देसण न [उद्देशन] पाठन, वाचना, अध्यापन । अधिकारिता, योग्यता ।
उद्देसणकाल पु [उद्देशनकाल] मूलसूत्र के अध्यापन का समय ।
उद्देसिय न [औद्देशिक] भिक्षा का एक दोष, साधु के लिए भोजन-निर्माण । वि. साधु निमित्त बनाया हुआ (भोजन) ।
उद्देसिय वि [औद्देशिक] उद्देश-सम्बन्धी उद्देश से किया हुआ । विवाह आदि के उपलक्ष्य में किये गये जीमन में निमन्त्रितों के भोजन की समाप्ति के अनन्तर बचे हुए वे खाद्य द्रव्य जिनको सर्वजातीय भिक्षुओं को देने का संकल्प किया गया हो ।
उद्देह पु. भगवान् महावीर का एक गण—साधु समुदाय ।
उद्देहलिया स्त्री [उद्देहलिका]वनस्पति-विशेष।
उद्देहिया } स्त्री [दे] दीमक, त्रीन्द्रिय जन्तु-
उद्देही } विशेष ।

उद्द्रोहग वि [उद्द्रोहक] घातक ।
उद्ध देखो उड्ढ ।
उद्धअ वि [उद्धत] उन्मत्त । अभिमानी । उत्पाटित । अतिप्रबल ।
उद्धअ देखो उद्धरिअ = उद्धृत ।
उद्धअ वि [दे] शान्त, ठण्ढा ।
उद्धंस सक [उत् + धृष्] मारना । आक्रोश करना, गाली देना । वध करना ।
उद्धंस सक [उद् + ध्वस्] विनाश करना ।
उद्धच्छवि वि [दे] विसम्वादित, अप्रमाणित ।
उद्धच्छविअ वि [दे] सज्जित ।
उद्धच्छिअ वि [दे] निषिद्ध ।
उद्धड वि [उद्धृत] उठा कर रखा हुआ ।
उद्धण वि [दे] अविनीत ।
उद्धत्थ वि [दे] वञ्चित ।
उद्धदेहिय न [और्ध्वदेहिक] अग्नि-संस्कार आदि अन्त्येष्टि क्रिया ।
उद्धम सक [उद् + हन्] शङ्ख वगैरह फूंकना, वायु भरना । ऊँचा फेंकना, उडाना ।
उद्धर सक [उद् + हृ] फँसे हुए को निकालना। उन्मूलन करना । दूर करना । खीचना । जीर्ण मन्दिर वगैरह का परिष्कार-संस्कार करना । किसी ग्रन्थ या लेख के अंश-विशेष को दूसरी पुस्तक या लेख मे अविकल नकल करना ।
उद्धर (अप) देखो उद्धुर ।
उद्धरण वि [दे] उच्छिष्ट ।
उद्धरिअ वि [उद्धृत] उत्पाटित, उत्क्षिप्त। किसी ग्रन्थ या लेख के अंश-विशेष को दूसरे पुस्तक या लेख मे अविकल नकल कर देना । आकृष्ट । निष्कासित । जीर्ण वस्तु का परिष्कार करना ।
उद्धरिअ वि [दे] अर्दित, विनाशित ।
उद्धल पु [दे] दोनो तरफ की अप्रवृत्ति ।
उद्धव पु. ऊधो, श्रीकृष्ण का चाचा, मित्र और भक्त ।

उद्धवअ वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ ।
उद्धविअ वि [दे] अर्घित, पूजित ।
उद्धा } सक [उद्+धाव्] दौड़ना । वेग
उद्धाअ } से जाना । ऊँचे जाना । फैलना ।
उद्धाअ अक [ऊर्ध्वाय्] ऊँचा होना ।
उद्धाअ पु [दे] विषमोन्नत-प्रदेश । समूह । वि. थका हुआ ।
उद्धार पु. रक्षण । ऋण देना, उधार देना । अपहरण । अपवाद । धारणा, पढ़े हुए पाठ को नहीं भूलना । °पलिओवम न[°पल्योपम] समय का परिमाण । °समय पुं. समय-विशेष । °सागरोवम न [°सागरोपम] समय का एक दीर्घ परिमाण ।
उद्धरय वि [उद्धारक] उद्धार-कारक ।
उद्धाव देखो उद्धा ।
उद्धवण न [उद्धावन] नीचे देखो ।
उद्धावणा स्त्री [उद्धावना] प्रबल-प्रवृत्ति । दूर-गमन । कार्य की शीघ्र सिद्धि ।
°उद्धि देखो वुद्धि ।
उद्धि स्त्री [दे] गाड़ी का एक अवयव ।
उद्धिअ देखो उद्धरिअ = उद्धृत ।
उद्धीमुह वि [ऊर्ध्वीमुख] मुंह ऊँचा किया हुआ ।
उद्धुधलिय वि [दे] धुंधलाया हुआ ।
उद्धुणिय देखो उद्धुय ।
उद्धुम सक [पृ] पूर्ण करना ।
उद्धुमा सक [उद्+ध्मा] आवाज करना । जोर से धमनी को चलाना ।
उद्धुमाइअ वि [उद्ध्मापित] ठण्ढा किया हुआ, निर्वापित ।
उद्धुमाय वि [दे] परिपूर्ण । उन्मत्त ।
उद्धुय वि [उद्धूत] पवन से उड़ा हुआ । प्रसूत, फैला हुआ । प्रकम्पित । उत्कट, प्रबल । प्रकट ।
उद्धुर वि [उद्धुर] ऊँचा । प्रबल ।
उद्धुसिय वि [उद्धुषित] रोमाञ्च । रोमाञ्चित ।
उद्धू सक [उद्+धू] कँपाना, चलाना । पंखा करना ।
उद्धूणिय देखो उद्धुय ।
उद्धूद (शौ) देखो उद्धुय ।
उद्धूल सक [उद्+धूलय्] व्याप्त करना । धूलि लगाना ।
उद्धूवणिया स्त्री [उद्धूपनिका] धूप देना ।
उद्धूविअ वि [उद्धूपित] जिसको धूप किया गया हो वह ।
उद्धोस पु [उद्धर्ष] उल्लास, ऊँचा होना ।
उन्न न [ऊर्ण] ऊन । °मय वि [°मय] ऊन का बना हुआ ।
उन्न (अप) वि [विषण्ण] विषाद-प्राप्त ।
उन्नइय वि [उन्नीत] ऊँचा लिया हुआ ।
उन्नंद सक [मद्+नन्द्] अभिनन्दन करना ।
उन्ना देखो उण्णा । °मय वि [°मय] ऊन का बना हुआ ।
उन्नाडिय न [उन्नाटित] हर्ष-द्योतक आवाज ।
उन्नाह पु. ऊँचाई ।
उन्निक्ख सक [उन्नि+खन्] उन्मूलन करना ।
उन्निक्खमण न [उन्निष्क्रमण] दीक्षा छोड़ कर फिर गृहस्थ होना ।
उन्हाल (अप) पुं [उष्णकाल] ग्रीष्म ऋतु ।
उपक्खर न [उपस्कर] घर का उपकरण ।
उपंत न [उपान्त] पीछे का भाग । वि. समीपस्थ ।
उपरिं } देखो उवरि ।
उपरि }
उपरिल्ल देखो उवरिल्ल ।
उपवाय देखो उववाय = उप + वादय् ।
उपसप्प देखो उवसप्प ।
उपाणहिय पुंस्त्री [उपानह्] जूता ।
उप्प देखो ओप्प = अर्पय् ।
उप्पइअ वि [उत्पतित] ऊँचा गया हुआ, उड़ा हुआ। उन्नत, उत्पन्न । न. उत्पतन, उड़ना ।

उप्पइअ वि [उत्पाटित] उत्थापित। उठाया हुआ।

उप्पंक वि [दे] अत्यन्त। पु कीचड। उन्नति। समूह।

उप्पंग पु [दे] समूह।

उप्पज्ज अक [उत् + पद्] उत्पन्न होना।

उप्पड सक [उत् + पत्] उड़ना, ऊँचा जाना, कूदना।

उप्पड पुं [उत्पट] क्षुद्र कीट-विशेष।

उप्पडिअ देखो उप्पइअ।

उप्पण सक [उत् + पू] धान्य वगैरह को सूप आदि से साफ-सुथरा करना।

उप्पण्ण वि [उत्पन्न] उत्पन्न।

उप्पत्त वि [दे] गलित। विरक्त।

उप्पत्ति वि [उत्पत्ति] उत्पत्ति।

उप्पत्तिया स्त्री [औत्पत्तिकी] वुद्धि-विशेष, विना शास्त्राभ्यासादि के ही होनेवाली वुद्धि।

उप्पय सक [उत् + पत्] उडना, कूदना।

उप्पय देखो उप्पव।

उप्पय पुं [उत्पात] ऊँचे जाना, कूदना, उड्डयन। उत्पत्ति। °निवय पुं [°निपात] ऊँचा-नीचा होना। नाट्य-विधि का एक प्रकार।

उप्पयण न [उत्प्लवन] तैरना।

उप्पयणी स्त्री [उत्पतनी] विद्या-विशेष।

उप्परिं (अप) देखो उवरिं।

उप्परिवाडि, °डी स्त्री [उत्परिपाटि, °टी] उलटा क्रम।

उप्परोप्पर अ [उपर्युपरि] ऊपर-ऊपर।

उप्पल न [उत्पल] कमल। विमान-विशेष। संख्या-विशेष। सुगन्धि-द्रव्य-विशेष। पु. परिव्राजक-विशेष। द्वीप-विशेष। समुद्र-विशेष। °वेंटग पुं [°वृन्तक] आजीविक मत का एक साधु-समाज।

उप्पलंग न [उत्पलाङ्ग] सख्या-विशेष, 'हुहुय' (समय की माप-विशेष) को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह।

उप्पला स्त्री [उत्पला] एक इन्द्राणी। इस नाम का 'ज्ञाताधर्मकथा' का एक अध्ययन। स्वनामख्यात एक श्राविका। एक पुष्करिणी।

उप्पलिणी स्त्री [उत्पलिनी] कमलिनी।

उप्पल्ल वि [दे] अध्यासित, आरूढ।

उप्पव सक [उत् + प्लु] लाँघना, तैरना। ऊँचा जाना, उडना।

उप्पवइय वि [उत्प्रव्रजित] जिसने दीक्षा छोड दी हो वह।

उप्पह पुं [उत्पथ] उन्मार्ग, कुमार्ग। °जाइ वि [°यायिन्] उलटे रास्ते जानेवाला।

उप्पा स्त्री देखो उप्पाय = उत्पाद।

उप्पाइत्तु वि [उत्पादयितृ] उत्पादक।

उप्पाइय न [औत्पातिक] भूकम्प आदि उत्पातो का सूचक शास्त्र। अस्वाभाविक। आकस्मिक। उत्पात।

उप्पाड सक [उत् + पाटय्] ऊपर उठाना। उन्मूलन करना। उत्खनन करना। उत्थापन करना।

उप्पाड सक [उत् + पादय्] उत्पन्न करना।

उप्पादअ वि [उत्पादक] उत्पन्नकर्त्ता।

उप्पाय सक [उत् + पादय्] उत्पन्न करना, वनाना। उपार्जन करना।

उप्पाय पुंन [उत्पात] उत्पतन, ऊर्ध्व-गमन। आकस्मिक उपद्रव। निमित्त-शास्त्र-विशेष। °निवाय पुं [°निपात] चढना और उतरना।

उप्पाय पु [उत्पाद] उत्पत्ति। °पव्वय पुं [पर्वत] एक प्रकार के पर्वत जहाँ आकर कई व्यन्तर-जातीय देव-देवियाँ क्रीडा के लिए विचित्र प्रकार के शरीर वनाते हैं। °पुव्व न [°पूर्व] प्रथमपूर्व, वारहवे जैन अङ्ग-ग्रन्थ का एक भाग।

उप्पायग वि [उत्पादक] उत्पन्न करने-वाला। कीट-विशेष।

उप्पायण न [उत्पादन] उत्पादन, उपार्जन।

उप्पायणया, उप्पायणा } स्त्री [उत्पादना] उपार्जन, उत्पन्न करना। जैन साधु की

भिक्षा का एक दोष।
उप्पाल सक [कथ्] कहना, बोलना।
उप्पाव सक [उत्+प्लावय्] ऊँचाना, तैराना। कुदाना, उड़ाना।
उप्पास सक [उत्प्र+अस्] हँसी करना।
उप्पाहल न [दे] उत्कण्ठा।
उप्पि सक [अर्पय्] देना।
उप्पिं अ [उपरि] ऊपर।
उप्पिगलिआ स्त्री [दे] हाथ का मध्य भाग, करोत्संग।
उप्पिजल न [दे] सुरत, सम्भोग। रज। अपयश।
उप्पिजल अक [उत्पिञ्जलय्] आकुल की तरह आचरण करना।
उप्पिच्छ [दे] देखो उप्पित्थ।
उप्पिण देखो उप्पण।
उप्पित्थ वि [दे] त्रस्त, भीत। क्रुद्ध। विधुर, आकुल।
उप्पित्थ वि [दे] श्वास-युक्त।
उप्पिय सक [उत्+पा] आस्वादन करना। फिर-फिर श्वास लेना।
उप्पियण न [उत्पान] फिर-फिर श्वास लेना।
उप्पिलण न [उत्प्लावन] लाँघना।
उप्पिलाव देखो उप्पाव।
उप्पीड देखो उप्पील।
उप्पील सक [उत्+पीडय्] कस कर बाँधना, उठवाना, दबाना। पीड़ा करना, उपद्रव करना।
उप्पील पु [दे]समूह, राशि। स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश।
उप्पुअ वि [उत्प्लुत] उच्छलित, कूदा हुआ।
उप्पुंसिअ देखो उप्पुसिअ।
उप्पुणिअ वि [उत्पूत] सूप से साफ-सुथरा किया हुआ।
उप्पुण्ण वि [उत्पूर्ण] पूर्ण, व्याप्त।
उप्पुलइअ वि [उत्पुलकित] रोमाञ्चित।
उप्पुसिअ वि [उत्प्रोञ्छित] लुप्त, प्रोञ्छित।
उप्पूर पुं [उत्पूर] प्राचुर्य। प्रकृष्ट-प्रवाह।
उप्पेक्ख (अप) देखो उविक्ख।
उप्पेक्ख सक [उत्प्र+ईक्ष] सम्भावना करना।
उप्पेक्खा स्त्री [उत्प्रेक्षा] अलङ्कार-विशेष। सम्भावना।
उप्पेय न [दे] अभ्यङ्ग, तैलादि की मालिश।
उप्पेल सक [उद्+नमय्] ऊँचा करना।
उप्पेल्ल पुं [उन्नमन] ऊँचा करना।
उप्पेस पुं [उत्पेष] त्रास, भय।
उप्पेहड वि [दे] उद्भट, आडम्बरवाला।
°उप्फ देखो पुप्फ।
उप्फण सक [उत्+फण्] छाँटना, पवन में धान्य आदि का छिलका दूर करना।
उप्फंदोल वि [दे] चल, अस्थिर।
उप्फाल पुं [दे] दुर्जन।
उप्फाल सक [उत्+पाटय्] उठाना। उखाड़ना।
उप्फाल सक [कथ्] कहना, बोलना।
उप्फाल वि [कथक] कहनेवाला, सूचक।
उप्फिड अक [उत्+स्फिट्] कुण्ठित होना, असमर्थ होना।
उप्फिड अक [उत्+स्फिट्] मण्डूक की तरह कूदना, उड़ना।
उप्फिडण न [उत्स्फेटन] कुण्ठित होना।
उप्फिडिय वि [उत्स्फटित] कुण्ठित। बाहर निकला हुआ।
उप्फुकिआ स्त्री [दे] धोबिन।
उप्फुंडिअ वि [दे] बिछाया हुआ।
उप्फुण्ण वि [दे] आपूर्ण। व्याप्त।
उप्फुन्न वि [दे] स्पृष्ट।
उप्फुल्ल वि [उत्फुल्ल] विकसित।
उप्फुल्लिआ स्त्री [उत्फुल्लिका] क्रीडा-विशेष। पाँव पर बैठ कर बारम्बार ऊँचा-नीचा होना।
उप्फुस सक [उत्+स्पृश्] सिंचना, छिड़कना।

उप्फेणउप्फेणिय क्रिवि [दे] क्रोध-युक्त प्रबल वचन से।
उप्फेस पुं [दे] त्रास, भय। मुकुट, पगडी, शिरोवेष्टन।
उप्फोअ पुं [दे] उद्गम, उदय।
उबुस सक [मृज्] शुद्धि करना, साफ करना।
उब्बंध सक [उद्+बन्ध्] फाँसी लगाना। वेष्टन करना।
उब्बण वि [उल्बण] उत्कट।
उब्बद्ध वि [उद्बद्ध] जिसने फाँसी लगाई हो वह। वेष्टित। शिक्षक के साथ शर्त्तो से बँधा हुआ।
उब्बिब वि [दे] खिन्न। शून्य। क्रान्त। प्रकट वेष वाला। डरा हुआ। उद्भट।
उब्बिबल वि [दे] कलुष जलवाला। न. मैला पानी।
उब्बुक्क सक [उद्+बुक्क] बोलना, कहना।
उब्बुक्क न [दे] प्रलपित, प्रलाप। सङ्कट। बलात्कार।
उब्बुड अक [उद्+ब्रुड्] तैरना।
उब्बुड, उब्बुड्ड पुं [उद्ब्रुड] तैरना। °निबुड, °निब्बुड्डण न [निब्रुड, °ण] उभचुभ करना।
उब्बुड्ड वि [उद्ब्रुडित] उन्मग्न, तीर्ण।
उब्बुड्डण न [उद्ब्रुडन] उन्मज्जन।
उब्बुह अक [उत्+क्षुभ्] सक्षुब्ध होना।
उब्बूर वि [दे] अधिक। पुं. समूह। स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश।
उब्भ सक [ऊर्ध्वय्] ऊँचा करना, खडा करना।
उब्भ देखो उड्ढ।
उब्भंड पुं [उद्भाण्ड] उत्कट भाँड, बहुरुपा, निर्लज्ज हंडा, उग्र विदूषक। न. गाली।
उब्भत वि [दे] ग्लान, बीमार।
उब्भंत वि [उद्भ्रान्त] आकुल, खिन्न। मूर्च्छित। भ्रान्तियुक्त, भौचक्का, चकित।
उब्भंत पुं [उद्भ्रान्त] प्रथम नरक-पृथिवी का चौथा नरकेन्द्रक।
उब्भग्ग वि [दे] गुण्ठित, व्याप्त।
उब्भज्जि स्त्री [दे] कोद्रव-समूह।
उब्भड वि [उद्भट] प्रबल, प्रचण्ड। भयंकर। उद्धत, आडम्बरी।
उब्भम पुं [उद्भ्रम] उद्वेग। परिभ्रमण।
उब्भव अक [उद्+भू] उत्पन्न होना।
उब्भव अक [ऊर्ध्वय्] ऊँचा करना, खड़ा करना।
उब्भाअ वि [दे] शान्त, ठण्ढा।
उब्भाम सक [उद्+भ्रामय्] घुमाना।
उब्भाम पुं [उद्भ्राम] परिभ्रमण। वि. परिभ्रमण करनेवाला।
उब्भामइल्ला स्त्री [उद्भ्रामिणी] स्वैरिणी, कुलटा स्त्री।
उब्भामय पु [उद्भ्रामक] जार, उपपति।
उब्भामग पु [उद्भ्रामक] पारदारिक, पर-स्त्री-लम्पट। वायु-विशेष। वि परिभ्रमण करनेवाला।
उब्भामिगा, उब्भामिया स्त्री [उद्भ्रामिका] कुलटा स्त्री, स्वैरिणी।
उब्भालण न [दे] सूप आदि से साफ-सुथरा करना, उत्पवन। वि. अपूर्व, अद्वितीय।
उब्भालिअ वि [दे] सूप आदि से साफ किया हुआ।
उब्भाव अक [रम्] क्रीडा करना, खेलना।
उब्भावणया, उब्भावणा स्त्री [उद्भावना] प्रभावना, गौरव, उन्नति। उत्प्रेक्षा, वितर्कणा। प्रकाशन।
उब्भाविअ न [रमण] सुरत, क्रीडा, सम्भोग।
उब्भास सक [उद्+भासय्] प्रकाशित करना।
उब्भासुअ वि [दे] शोभाहीन।
उब्भि देखो उब्भिय = उद्भिद्।
उब्भिउडि वि [उद्भ्रुकुटि] भौंह चढाया हुआ।
उब्भिज्जा स्त्री [उद्भेद्या] एक तरह का शाक।

निकालना।

उम्हाल वि [ऊष्मवत्] गरम, परितप्त। वाष्प-युक्त।

उम्हाविअ न [दे] सुरत, सम्भोग।

उयचिय वि [दे] देखो उविअ = परिकर्मित।

उयट्ट देखो उव्वट्ट = उद् + वृत्। उद्वृत्त।

उयत्त अक [अप + वृत्] हटना।

उयर वि [उदार] श्रेष्ठ।

उयरिया स्त्री [अपवरिका] छोटा कमरा।

उयविय देखो उविअ = (दे)।

उयाइय न [उपयाचित] मनौती।

उयाय वि [उपयात] उपगत।

उयारण न [अवतारण] निछावर, उतारा, हर्षदान।

उयाहु देखो उदाहु।

उय्यकिअ वि [दे] इकट्ठा किया हुआ।

उय्यल वि [दे] अध्यासित, आरूढ।

उर पुंन [उरस्] छाती। °अ, °ग पुंस्त्री [°ग] सर्प। °तव पु [°तपस्] तप-विशेष। °त्थ न [°ास्त्र] अस्त्र-विशेष, जिसके फेंकने से शत्रु सर्पों से वेष्टित होता है। °परिसप्प पुस्त्री [°परिसर्प] पेट से चलनेवाला प्राणी। °सुत्तिया स्त्री [°सूत्रिका] मोतियों की हार।

उर न [दे] आरम्भ।

उरनरेण अ [दे] साक्षात्।

उरत्त वि [दे] खण्डित।

उरत्थ वि [उरःस्थ] छाती में स्थित। छाती मे पहनने का आभूपण।

उरत्थय न [दे] वर्म, बख्तर, कवच।

उरब्भ पुस्त्री [उरभ्र] मेष, भेड।

उरब्भिअ वि [औरभ्रिक] भेड चरानेवाला।

उरब्भिज्ज } वि [उरभ्रीय] मेष-सम्बन्धी।
उरब्भिय } उत्तराध्ययन सूत्र का एक अध्ययन।

उरय पु [उरज] वनस्पति-विशेष।

उरर पु [दे] पशु, बकरा।

उरल देखो उराल।

उरविय वि [दे] आरोपित। खण्डित, छिन्न।

उरसिज पुं [उरसिज] स्तन।

उरस्स वि [उरस्य] सन्तान। हार्दिक आभ्यन्तर।

उराल वि [उदार] प्रबल। मुख्य। सुन्दर, श्रेष्ठ। अद्भुत। विशाल, विस्तीर्ण। न. शरीर-विशेष, मनुष्य और तिर्यञ्च (पशु-पक्षी) इन दोनों का शरीर।

उराल वि [उदार] स्थूल, मोटा।

उराल वि [दे] भयंकर।

उरालिय न [औदारिक] शरीर-विशेष।

उरिआ स्त्री [उड्रिका] लिपि-विशेष।

उरितिय न [दे. उरसि-त्रिक] तीन सरवाला हार।

°उरिस देखो पुरिस।

उरु वि [उरु] विशाल, विस्तीर्ण।

उरुपुल्ल पु [दे] अपूप, पूआ। खिचड़ी।

उरुमल्ल }
उरुमिल्ल } वि [दे] प्रेरित।
उरुसोल्ल }

उरोरुह पु. स्तन। न. जैन साध्वियों का उपकरण-विशेष।

°उल देखो कुल।

उलय } पुन [उलप] तृण-विशेष।
उलव }

उलवी स्त्री [उलपी] तृण-विशेष।

उलिअ वि [दे] असङ्कुचित नजरवाला।

उलित्त न [दे] ऊँचा कुँआ।

°उलीण देखो कुलीण।

उलुउडिअ वि [दे] प्रलुठित, विरेचित।

उलुओसिअ वि [दे] रोमाञ्चित।

उलुकसिअ वि [दे] ऊपर देखो।

उलुखंड पु [दे] उल्मुक, अलात, लूका।

उलुग पु [उलूक] उल्लू, पेचक। देश-विशेष।

उलुगी स्त्री [औलूकी] विद्या-विशेष।

उलुग्ग वि [अवरुग्ण] बीमार ।
उलुग्ग वि [दे] देखो ओलुग्ग ।
उलुफुंटिअ वि [दे] विनिपातित, विनाशित । प्रशान्त ।
उलुय देखो उलूअ ।
उलुहंत पुं [दे] कौआ ।
उलुहलिअ वि [दे] अतृप्त।
उलुहुलअ वि [दे] तृप्तिरहित ।
उलूअ पु [उलूक] उल्लू, पेचक । वैशेषिक मत का प्रवर्तक कणाद मुनि ।
उलूखल देखो उऊखल ।
उलूलु पु [उलूलु] मङ्गल-ध्वनि ।
उलूहल देखो उऊखल ।
उल्ल सक [आर्द्रय्] गीला करना, आर्द्र करना । अक. आर्द्र होना । °गच्छ पु [°गच्छ] जैन मुनियों का गण-विशेष ।
उल्ल न [दे] ऋण ।
उल्लअण न [उल्लयन] अर्पण, समर्पण ।
उल्लंक पु [उल्लङ्क] काष्ठ-मय वारक ।
उल्लंघ सक [उत् + लङ्घ्] उल्लङ्घन करना ।
उल्लंघण न [उल्लङ्घन] अतिक्रमण, उत्प्लवन । वि. अतिक्रमण करनेवाला ।
उल्लंठ वि [उल्लण्ठ] उद्धत ।
उल्लंडग पुं [उल्लण्डक] छोटा मृदङ्ग ।
उल्लंडिअ वि [दे] बहिष्कृत ।
उल्लंबण न [उल्लम्बन] उद्बन्धन, फाँसी लगाकर लटकना ।
उल्लक्क वि [दे] भग्न । स्तब्ध ।
°उल्लट्ट देखो उव्वट्ट=उद्-वृत् ।
उल्लट्ट वि [दे] उल्लुण्ठित, खाली किया हुआ ।
उल्लण वि [उल्वण] उत्कट ।
उल्लण न [दे] खाद्य वस्तु-विशेष, ओसामन ।
उल्लणिया स्त्री [आर्द्रयणिका] जल पोछने का गमछा, टोपिया ।
उल्लट्टिय वि [दे] भाराक्रान्त, जिसपर बोझा लादा गया हो वह ।
उल्लरय न [दे] कौड़ियों का आभूषण ।
उल्लल अक [उत् + लल्] चञ्चल होना । ऊँचा चलना । उत्पन्न होना ।
उल्ललिअ वि [दे] शिथिल ।
उल्लव सक [उत् + लप्] कहना । बकवाद करना, खराब शब्द बोलना ।
उल्लव सक [उद् + लू] उन्मूलन करना ।
उल्लविय वि [उल्लपित] कथित, उक्त । न. उक्ति-वचन ।
उल्लस अक [उत् + लस्] विकसित होना । खुश होना ।
उल्लस देखो उल्लास ।
उल्लसिअ वि [दे. उल्लसित] पुलकित, रोमाञ्चित ।
उल्लाय वि [दे] लात मारना ।
उल्लाय वि [उल्लाप] वक्र-वचन । कथन ।
उल्लाल सक [उत् + नमय्] ऊँचा करना । ऊपर फेंकना ।
उल्लाल सक [उत् + लालय्] ताडन करना, बजाना ।
उल्लाल पुन [उल्लाल] छन्द-विशेष ।
उल्लाव सक [उत् + लप्, लापय्] कहना, बोलना । बकवाद करना । बुलवाना । बक-वाद कराना ।
उल्लाव पु [उल्लाप] शब्द, आवाज । उत्तर । बकवाद, विकृत-वचन । उक्ति, कथन । सम्भाषण ।
उल्लासग वि [उल्लासक] विकसित होने-वाला । आनन्दजनक ।
उल्लासण न [उल्लासन] विकास ।
उल्लाह सक [उत् + लाघय्] कम करना, हीन करना ।
उल्लिअ वि [दे] उपसर्पित, उपागत ।
उल्लिअ वि [दे] चीरा हुआ, फाड़ा हुआ । उपालब्ध, उलाहना दिया हुआ ।
उल्लिच सक [उद् + रिच्] खाली करना ।

उल्लिक्क न [दे] खराब चेष्टा।

उल्लिगण वि [उल्लिङ्गन] उपदर्शक।

उल्लिपण न [उपलेपन] उपलेप।

उल्लिया स्त्री [दे] राधा-वेध का निशाना।

उल्लिर वि [आर्द्र] गीला।

उल्लिह सक [उद्+लिह्] चाटना। भक्षण करना।

उल्लिह सक [उद् + लिख्] रेखा करना। लिखना। घिसना। छिलना।

उल्ली स्त्री [दे] चूल्हा। दाँत का मैल।

उल्लीण वि [उपलीन] प्रच्छन्न, गुप्त।

उल्लुअ वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ। रंगा हुआ।

उल्लुअ वि [दे. उद्गत] उदय-प्राप्त।

उल्लुअ वि [उल्लून] उन्मूलित। न. उन्मूलन।

उल्लुंचिअ वि [उल्लुञ्चित] उखाड़ा हुआ, उन्मूलित।

उल्लुटिअ वि [दे] संचूर्णित, टुकड़ा-टुकड़ा किया हुआ।

उल्लुंठ वि [उल्लुण्ठ] उल्लण्ठ, उद्धत।

उल्लुंड अक [वि + रेचय्] झरना, बाहर निकलना।

उल्लुक्क वि [दे] टूटा हुआ।

उल्लुक्क सक [तुड्] तोड़ना।

उल्लुग° } स्त्री [उल्लुका] नदी-विशेष।
उल्लुगा } उल्लुका नदी के किनारे का प्रदेश। °तीर न. उल्लुका नदी के किनारे बसा हुआ एक नगर।

उल्लुज्झण न [दे] पुनरुत्थान, कटे हुए हाथ पाँव की फिर से उत्पत्ति।

उल्लुट्ट अक [उत् + लुट्] नष्ट होना।

उल्लुट्ट वि [दे] मिथ्या, असत्य।

उल्लुण्ह पुं [दे] छोटा शङ्ख।

उल्लुलिअ वि [उल्लुलित] चलित।

उल्लुव देखो उल्लव = उद् + लू।

उल्लुह अक [निस् + सृ] निकलना।

उल्लुहुंडिअ वि [दे] उन्नत, उच्छ्रित।

उल्लूढ वि [दे] आरूढ। अङ्कुरित।

उल्लूढ सक [आ + रुह्] चढ़ना।

उल्लूर सक [तुड्] तोड़ना। नाश करना।

उल्लूरण न [तोडन] छेदन, खण्डन।

उल्लूह वि [दे] शुष्क।

उल्लेव पु [दे] हास्य।

उल्लेहड वि [दे] लम्पट, लुब्ध।

उल्लोट्टय न [दे] पोतना। वि. पोता हुआ।

उल्लोक वि [दे] त्रुटित, छिन्न।

उल्लोच पुं [दे. उल्लोच] चांदनी।

उल्लोढ सक [उल्लोध्रय्] लोध्र आदि से घिसना।

उल्लोय पुं [उल्लोक] अगासी, छत। चोटी ढेर।

उल्लोय देखो उल्लोच।

उल्लोल अक [उत् + लुट्] लुटना, लेटना। पुं. शोकाकुल-स्त्री-रुदन-शब्द।

उल्लोल सक [उद् + लोलय्] पोंछना।

उल्लोल पु [दे] शत्रु। कोलाहल।

उल्लोल पु. प्रबन्ध। वि. उद्भट, उद्धत। वि. उत्सुक।

उल्लोव (अप) देखो उल्लोच।

उल्हव सक [वि + ध्मापय्] ठण्ढा करना, आग को बुझाना। शान्त करना।

उल्हसिअ वि [दे] उद्भट, उद्धत।

उल्हा अक [वि + ध्मा] बुझ जाना।

उव अ [उप] इन अर्थों का सूचक अव्यय—समीपता। सदृशता। समस्तपन। एकदार। भीतर।

उव न [उद] पानी।

उवअंठ वि [उपकण्ठ] समीप का।

उवइट्ठ वि [उपदिष्ट] कथित, प्रतिपादित, शिक्षित।

उवइण्ण वि [उपचीर्ण] सेवित।

उवइय वि [उपचित] मांसल। उन्नत।

उवइय पुस्त्री [दे] त्रीन्द्रिय जीव-विशेष, देखो ओवइय।

उवइस सक [उप+दिश्] उपदेश देना, सिखाना। प्रतिपादन करना

उवउंज सक [उप+युज्] उपयोग करना।

उवउज्ज पु [दे] उपकार। वि. उपकारक।

उवउत्त वि [उपयुक्त] न्याय्य। अप्रमत्त।

उवऊढ वि [उपगूढ] आलिङ्गित।

उवऊह सक [उप+गूह्] आलिङ्गन करना।

उवएइआ स्त्री [दे] शराव परोसने का पात्र।

उवएस पुं [उपदेश] बोध। कथन, प्रतिपादन। शास्त्र, सिद्धान्त। उपदेश्य।

उवएसग वि [उपदेशक] उपदेश देने वाला।

उवओग पु [उपयोग] ज्ञान, चैतन्य। ध्यान, सावधानी। प्रयोजन, आवश्यकता।

उवओगि वि [उपयोगिन्] उपयुक्त, योग्य, प्रयोजनीय।

उवंग पुंन [उपाङ्ग] छोटा अवयव, क्षुद्र भाग। मूल-ग्रन्थ के अंश-विशेष को लेकर उसका विस्तार से वर्णन करनेवाला ग्रन्थ, टीका। 'औपपातिक' सूत्र वगैरह वारह जैन ग्रन्थ।

उवंजण न [उपाञ्जन] मालिश।

उवकंठ देखो उवअंठ।

उवकंठ न [उपकण्ठ] समीप।

उवकदुअ (शौ) अ [उपकृत्य] उपकार करके।

उवकप्प सक [उप+क्लृ] उपस्थित करना। करना।

उवकप्प पु [उपकल्प] साधु को दी जाने-वाली भिक्षा, अन्नपान वगैरह।

उवकय वि [उपकृत] अनुगृहीत।

उवकय वि [दे] सज्जित, प्रगुण, तैयार।

उवकर देखो उवयर = उप+कृ।

उवकर सक [अव+कॄ] व्याप्त करना।

उवकरण देखो उवगरण।

उवकस सक [उप+कष्] प्राप्त होना।

उवकसिअ वि [दे] सन्निहित। परिसेवित। सर्जित, उत्पादित।

उवकार देखो उवगार।

उवकारिया देखो उवगारिया।

उवकिइ, उवकिदि } स्त्री [उपकृति] उपकार।

उवकुल न [उपकुल] नक्षत्र-विशेष, श्रवण आदि बारह।

उवकुल पुन [उपकुल] कुल नक्षत्र के पास का नक्षत्र।

उवकोसा स्त्री [उपकोशा] एक गणिका, कोशा वेश्या की छोटी बहन।

उवक्कंत वि [उपक्रान्त] समीप में आनीत। प्रारब्ध, प्रस्तावित।

उवक्कम सक [उप+क्रम्] शुरू करना। प्राप्त करना। जानना। समीप मे लाना। संस्कार करना। अनुसरण करना।

उवक्कम पुं [उपक्रम] आरम्भ। प्राप्ति का प्रयत्न। कर्मो के फल का अनुभव। कर्मो की परिणति का कारण-भूत जीव का प्रयत्न-विशेष। मरण, विनाश। दूरस्थित को समीप में लाना। आयुष्य-विघातक वस्तु। शस्त्र। उपचार। ज्ञान, निश्चय। अनुवर्त्तन, अनुकूल-प्रवृत्ति। संस्कार, परिकर्म।

उवक्कम पु [उपक्रम] अनुदित कर्मो को उदय मे लाना।

उवक्कमिय वि [औपक्रमिक] उपक्रम से सम्बन्ध रखनेवाला।

उवक्काम सक [उप+क्रम्] दीर्घकाल में भोगने योग्य कर्मो को अल्प समय में ही भोगना।

उवक्कामण न [उपक्रमण] उपक्रम कराना।

उवक्केस पुं [उपक्लेश] बाधा। शोक।

उवक्खड सक [उप+स्कृ] पकाना, रसोई करना। पाक को मसाले से संस्कारित करना।

उवक्खड, उवक्खडिय } वि [उपस्कृत] पकाया हुआ। मसाला वगैरह से संस्कार-युक्त

पकाया हुआ। पुंन. रसोई, पाक। °म वि [°म] पकाने पर भी जो कच्चा रह जाता है वह, मूंग वगैरह अन्न-विशेष।

उवक्खर पुं [उपस्कर] संस्कार। जिससे संस्कार किया जाय वह।

उवक्खर पुं [उपस्कर] घर का उपकरण। साधन।

उवक्खरण न [उपस्करण] ऊपर देखो। °साला स्त्री [°शाला] रसोई-घर।

उवक्खा सक [उपा + ख्या] कहना।

उवक्खा स्त्री [उपाख्या] उपनाम।

उवक्खाइत्तु वि [उपख्यापयितृ] प्रसिद्धि करानेवाला।

उवक्खाइया स्त्री [उपाख्यायिका] उपकथा।

उवक्खाण न [उपाख्यान] कथा।

उवक्खित्त वि [उपक्षिप्त] प्रारब्ध, शुरू किया हुआ।

उवक्खिव सक [उप + क्षिप्] स्थापन करना। प्रयत्न करना। प्रारम्भ करना।

उवक्खीण वि [उपक्षीण] क्षय-प्राप्त।

उवक्खेअ पुं [उपक्षेप] प्रयत्न। उपाय।

उवक्खेव पुं [दे. उपक्षेप] मुण्डन।

उवग वि [उपग] अनुसरण करनेवाला। समीप में जानेवाला।

उवगच्छ सक [उप + गम्] समीप में आना। प्राप्त करना। जानना। स्वीकार करना।

उवगणिय वि [उपगणित] गिना हुआ।

उवगप्पिय वि [उपकल्पित] विरचित।

उवगम देखो उवगच्छ।

उवगय वि [उपगत] पास आया हुआ। ज्ञात। युक्त। प्राप्त। प्रकर्ष-प्राप्त। स्वीकृत। अन्तर्भूत।

उवगय वि [उपकृत] जिसपर उपकार किया गया हो वह।

उवगर सक [उप + कृ] हित करना।

उवगरण न [उपकरण] साधन, साधक वस्तु। बाह्य इन्द्रियविशेष।

उवगस सक [उप + कस्] समीप आना।

उवगा सक [उप + गै] वर्णन करना। गुणगान करना।

उवगार देखो उवयार = उपकार।

उवगारग वि [उपकारक] उपकार करनेवाला।

उवगारिया स्त्री [उपकारिका] प्रासाद आदि की पीठिका।

उवगिअ न [उपकृत] उपकार। वि. जिसपर उपकार किया गया हो वह।

उवगिण्ह सक [उप + ग्रह्] उपकार करना। पुष्टि करना। ग्रहण करना।

उवगीय वि [उपगीत] वर्णित, श्लाघित। न. संगीत, गीत।

उवगूढ वि [उपगूढ] आलिङ्गित। न. आलिङ्गन।

उवगूह सक [उप + गुह्] आलिङ्गन करना। गुप्त रीति से रक्षण करना। रचना करना।

उवग्ग न [उपाग्र] अग्र के समीप। आषाढ मास।

उवग्गह पु [उपग्रह] पुष्टि। उपकार। ग्रहण, उत्पादन। उपधि, उपकरण।

उवग्गह पुं [उपग्रह] सामीप्य-सम्बन्ध।

उवग्गहिअ न [उपगृहीत] उपकार।

उवग्गहिअ वि [उपगृहित] उपस्थापित। आलिंगनादि चेष्टा। उपकृत। उपष्टम्भित।

उवग्गहिअ देखो ओवग्गहिअ।

उवग्गाहि वि [उपग्राहिन्] सम्बन्धी, सम्बन्ध रखनेवाला।

उवग्घाय पुं [उपोद्घात] ग्रन्थ के आरम्भ का वक्तव्य।

उवघाइ वि [उपघातिन्] उपघात करनेवाला।

उवघाइय वि [उपघातिक] उपघातकारक। हिंसा से सम्बन्ध रखनेवाला।

उवघाय पुं [उपघात] विराधना, आघात। अशुद्धता। विनाश। उपद्रव। दूसरे का अशुभ चिन्तन। °नाम न [°नामन्] कर्म-विशेष।

उवघायग वि [उपघातक] विनाशक।
उवचय पुं [उपचय] वृद्धि। समूह। शरीर। इन्द्रिय-पर्याप्ति। पुष्टि।
उवचर सक [उप + चर्] सेवा करना। समीप मे घूमना-फिरना। आरोप करना। समीप मे खाना। उपद्रव करना। उपासना करना, उपचार करना।
उवचर सक [उप + चर्] व्यवहार करना।
उवचरय वि [उपचरक] सेवा के बहाने से दूसरे का अहित करने का मौका देखनेवाला। पु. जासूस।
उवचरिय वि [उपचरित] कल्पित।
उवचि सक [उप + चि] इकट्ठा करना। पुष्ट करना।
उवचिट्ठ सक [उप + स्था] उपस्थित होना, समीप आना।
उवचिणिय } उवचिय } वि [उपचित] पुष्ट, पीन। स्थापित, निवेशित। उन्नति। व्याप्त। बढा हुआ।
उवच्चया स्त्री [उपत्यका] पर्वत के पास की नीची जमीन।
उवच्छंदिद (शौ) वि [उपच्छन्दित] अभ्यर्थित।
उवजंगल वि [दे] दीर्घ।
उवजा अक [उप + जन्] उत्पन्न होना।
उवजाइ स्त्री [उपजाति] छन्द-विशेष।
उवजाइय देखो उवयाइय।
उवजाय वि [उपजात] उत्पन्न।
उवजीव सक [उप + जीव्] आश्रय लेना।
उवजीवग वि [उपजीवक] आश्रित।
उवजीवि वि [उपजीविन्] आश्रय लेनेवाला। उपकारक।
उवजोइय वि [उपज्योतिष्क] अग्नि के समीप मे रहनेवाला। पाक-स्थान मे स्थित।
उवज्ज अक [उत् + पद्] उत्पन्न होना।
उवज्जण न [उपार्जन] कमाना।
उवज्जिण सक [उप+अर्ज्] उपार्जन करना।
उवज्झय } उवज्झाय } पु [उपाध्याय] अध्यापक। सूत्राध्यापक जैन मुनि को दी जाती एक पदवी।
उवज्झिय वि [दे] आकारित, बुलाया हुआ।
उवझाय देखो उवज्झाय।
उवट्टण देखो उव्वट्टण।
उवट्टणा देखो उव्वट्टणा।
उवट्ठ वि [उपस्थ] एक स्थान मे सतत अवस्थित। °काल पु. आने की वेला।
उवट्ठंभ पु [उपष्टम्भ] अवस्थान। अनुकम्पा।
उवट्ठप्प वि [उपस्थाप्य] उपस्थित करने योग्य। व्रत—दीक्षा के योग्य।
उवट्ठव सक [उप + स्थापय्] युक्ति से संस्थापित करना। उपस्थित करना। व्रतो का आरोपण करना, दीक्षा देना।
उवट्ठवणा स्त्री [उपस्थापना] चारित्र-विशेष, एक प्रकार की जैन दीक्षा। शिष्य मे व्रत की स्थापना।
उवट्ठवणीय वि [उपस्थापनीय] देखो उवट्ठप्प।
उवट्ठा सक [उप+स्था] उपस्थित होना।
उवट्ठाण न [उपस्थान] बैठना, व्रत-स्थापन। एक ही स्थान मे विशेष काल तक रहना, अनुष्ठान, आचार। °दोस पु [°दोष] नित्यवास दोष। °साला स्त्री [°शाला] सभा-स्थान।
उवट्ठाणा स्त्री [उपस्थाना] जिसमे जैन साधु-लोग एक बार ठहर कर फिर भी शास्त्र-निषिद्ध-अवधि के पहले ही आकर ठहरे वह स्थान।
उवट्ठाव देखो उवट्ठव।
उवट्ठावणा देखो उवट्ठवणा।
उवट्ठिय वि [उपस्थित] प्राप्त। समीप-स्थित तैयार। आश्रित। मुमुक्षु।
उवठावणा देखो उवट्ठवणा।

उवडहित्तु वि [उपदहितृ] जलानेवाला ।
उवडिअ वि [दे] अवनत ।
उवणगर न [उपनगर] शाखा-नगर ।
उवणच्च सक [उप + नर्त्तय्] नचाना ।
उवणद्ध वि [उपनद्ध] घटित ।
उवणम सक [उप+नम्] उपस्थित करना, ला रखना, प्राप्त करना ।
उवणय वि [उपनत] उपस्थित ।
उवणय पु [उपनय] उपसंहार, दृष्टान्त के अर्थ को प्रकृत में जोडना, हेतु का पक्ष में उपसंहार । स्तुति, श्लाघा । अवान्तर नय । यज्ञोपवीत संस्कार, उपहार, भेंट ।
उवणयण न [उपनयन] उपवीत-संस्कार, यज्ञ-सूत्र-धारण-संस्कार ।
उवणिअ देखो उवणीय ।
उवणिक्खित्त वि [उपनिक्षिप्त] व्यवस्थापित ।
उवणिक्खेव पु [उपनिक्षेप] धरोहर, रक्षा के लिए दूसरे के पास रखा धन ।
उवणिग्गम पुं [उपनिर्गम] द्वार । उपवन ।
उवणिग्गय वि [उपनिर्गत] समीप में निकला हुआ ।
उवणिमंत सक [उपनि + मन्त्रय्] निमन्त्रण देना ।
उवणिवाय पु [उपनिपात] सम्बन्ध ।
उवणिविट्ठ वि [उपनिविष्ट] समीप-स्थित ।
उवणिसआ स्त्री [उपनिषत्] वेदान्त-शास्त्र ।
उवणिहा स्त्री [उपनिधा] मार्गण, मार्गणा ।
उवणिहि पुंस्त्री [उपनिधि] समीप में आनीत । विरचना । उपस्थापन, अमानत ।
उवणिहिअ वि [औपनिधिक] उपनिधि-सम्बन्धी । °आ स्त्री [°की] क्रम-विशेष ।
उवणिहिय वि [उपनिहित] समीप में स्थापित । आसन्न-स्थित । °य पुं [°क] नियम-विशेष को धारण करनेवाला भिक्षु ।
उवणी सक [उप + नी] समीप में लाना । अर्पण करना । इकट्ठा करना ।
उवणीअ न [उपनीत] उपनयन । °वयण न [°वचन] प्रशंसा-वचन ।
उवणीय वि [उपनीत] समीप में लाया हुआ । अर्पित, उपढौकित । उपनययुक्त, उपसंहृत । प्रशस्त, श्लाघित । °चरय पुं [°चरक] अभिग्रह-विशेष को धारण करनेवाला साधु ।
उवण्णत्थ वि [उपन्यस्त] उपन्यस्त, उपढौकित ।
उवण्णास पु [उपन्यास] वाक्योपक्रम, प्रस्तावना । दृष्टान्त-विशेष । रचना । छल-प्रयोग ।
उवतल न [उतपल] हस्त-तल की चारो ओर का पार्श्वभाग ।
उवताव पुं [उपताप] सन्ताप, गरमी ।
उवत्त वि [उपात्त] गृहीत ।
उवत्थड वि [उपस्तृत] ऊपर-ऊपर आच्छादित ।
उवत्थाण देखो उवट्ठाण ।
उवत्थाणा देखो उवट्ठाणा ।
उवत्थिय देखो उवट्ठिय ।
उवत्थु सक [उप + स्तु] स्तुति करना, श्लाघा करना ।
उवदंस सक [उप + दर्शय्] दिखलाना ।
उवदंस पुं [उपदंश] रोग-विशेष, गर्मी, सुजाक । चाटना ।
उवदंसण न [उपदर्शन] दिखलाना । °कूड पुं [°कूट] नीलवन्त नामक पर्वत का एक शिखर ।
उवदंसेत्तु वि [उपदर्शयितृ] दिखलानेवाला ।
उवदव पु [उपद्रव] ऊधम, उपसर्ग ।
उवदा स्त्री [उपदा] भेंट ।
उवदाई स्त्री [उदकदायिका] पानी देनेवाली ।
उवदिस सक [उप + दिश्] उपदेश देना ।
उवदीव न [दे] द्वीपान्तर ।
उवदेसग वि [उपदेशक] व्याख्याता ।

उवदेसि वि [उपदेशिन्] उपदेशक ।
उवदेही स्त्री [उपदेहिका] क्षुद्र जन्तु-विशेष, दीमक ।
उवद्दव सक [उप + द्रु] पीडित करना । उपद्रव करना, ऊधम मचाना ।
उवद्दव देखो उवदव ।
उवद्दुअ वि [उपद्रुत] हैरान किया हुआ ।
उवधाउ पुं [उपधातु] निकृष्ट धातु ।
उवधारणया स्त्री [उपधारणा] अवग्रह-ज्ञान । धारण करना ।
उवधारिय वि [उपधारित] धारण किया हुआ ।
उवनंद पुं [उपनन्द] स्वनाम-ख्यात एक जैन मुनि ।
उवनंद सक [उप + नन्द्] अभिनन्दन करना ।
उवनिक्खेव सक [उपनि + क्षेपय्] धरोहर रखना । स्थापन करना ।
उवनिबंधण न [उपनिबन्धन] सम्बन्ध । वि. सम्बन्ध-हेतु ।
उवनिविट्ठ वि [उपनिविष्ट] समीपस्थित ।
उवनिहिय वि [औपनिधिक] देखो उवणिहिय ।
उवन्नत्थ वि [उपन्यस्त] स्थापित ।
उवन्नास पुं [उपन्यास] निवेदन ।
उवप्पदाण } न [उपप्रदान] नीति-विशेष,
उवप्पयाण } दान-नीति, अभिमत अर्थ का दान ।
उवप्पुय वि [उपप्लुत] उपद्रुत, भय से व्याप्त ।
उवभुज सक [उप + भुज्] उपभोग करना, काम में लाना ।
उवभुत्त वि [उपभुक्त] जिसका उपभोग किया हो वह । अधिकृत ।
उवभोअ } पुं [उपभोग] भोजनातिरिक्त
उवभोग } भोग, जिसका फिर-फिर भोग किया जाय जैसे—वस्त्र, गृहादि । जिसका एक बार भोग किया जाय वह—अशन, पान वगैरह । एक बार भोग, आसेवन । अन्तरङ्ग भोग । धारण करना ।
उवभोग्ग } वि [उपभोग्य] उपभोग-योग्य ।
उवभोज्ज }
उवमा स्त्री [उपमा] सादृश्य, दृष्टान्त । सत्य । खाद्य-पदार्थ-विशेष । 'प्रश्नव्याकरण' सूत्र का एक लुप्त अध्ययन । अलङ्कार-विशेष । प्रमाण-विशेष, उपमान-प्रमाण ।
उवमाण न [उपमान] दृष्टान्त, सादृश्य । जिस पदार्थ से उपमा दी जाय वह । प्रमाण-विशेष ।
उवमालिय वि [उपमालित] विभूषित ।
उवमिय वि [उपमित] जिसको उपमा दी गई हो वह । न. उपमा, सादृश्य ।
उवमेअ वि [उपमेय] उपमा के योग्य ।
उवय पु [दे] हाथी को पकड़ने का गड्ढा ।
उवय देखो ओवय ।
उवय (अप) देखो उदय ।
उवयर सक [उव + कृ] उपकार करना ।
उवयर सक [उप + चर्] आरोप करना । भक्ति करना । कल्पना करना । चिकित्सा करना ।
उवयरण न [उपकरण] साधन । उपकार ।
उवयरिया स्त्री [उपचारिका] दासी ।
उवया सक [उप + या] समीप में जाना ।
उवयाइय वि [उपयाचित] प्रार्थित । मनौती ।
उवयार पुं [उपकार] भलाई ।
उवयार पुं [उपचार] पूजा, आदर । चिकित्सा । शब्द-शक्ति-विशेष, अध्यारोप । व्यवहार । कल्पना । आदेश ।
उवयारग वि [उपचारक] सेवा-शुश्रूषा करने वाला ।
उवयारण न [उपकारण] अन्य-द्वारा उपकार करना ।
उवयारय वि [उपकारक] उपकार करने वाला ।
उवयारिअ वि [औपचारिक] उपचार से

सम्बन्ध रखनेवाला ।
उवयालि पु [उपजालि] एक अन्तकृद् मुनि, जो वसुदेव का पुत्र था और जिसने भगवान् श्रीनेमिनाथजी के पास दीक्षा लेकर शत्रुञ्जय पर मुक्ति पाई थी । राजा श्रेणिक का इस नाम का एक पुत्र, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर-विमान में देव-गति प्राप्त की थी ।
उवरइ स्त्री [उपरति] विराम ।
उवरंज सक [उप + रञ्ज्] ग्रस्त करना ।
उवरग देखो ओअरय ।
उवरत्त वि [उपरक्त] अनुरक्त । राहु से ग्रसित । म्लान ।
उवरम अक [उप + रम्] निवृत्त होना, विरत होना । नाश होना ।
उवरय वि [उपरत] विरत, निवृत्त । मृत ।
उवरय देखो उवरग ।
उवरल (अप) देखो उव्वरिय [दे] ।
उवराग, उवराय पु [उपराग] सूर्य या चन्द्र का ग्रहण, राहु-ग्रहण ।
उवराय पुं [उपरात्र] दिन ।
उवरि अ [उपरि] ऊपर । °भासा स्त्री [°भाषा] गुरु के बोलने के अनन्तर ही विशेष बोलना । °म, °मग, °मय, ल्ल वि [°तन] ऊपर का । °हुत्त वि [°अभिमुख] ऊपर की तरफ ।
उवरिं ऊपर देखो ।
उवरितण देखो उवरि—म ।
उवरुध सक [उप + रुध्] अडचन डालना । रोकना ।
उवरुद्द पु [उपरुद्र] नरक के जीवो को दुःख देनेवाले परमाधार्मिक देवो की एक जाति ।
उवरुद्ध वि [उपरुद्ध] रक्षित । प्रतिरुद्ध ।
उवरोह सक [उप + रोधय्] अडचन डालना ।
उवरोह पु [उपरोध] बाधा । प्रतिबन्ध । नगर आदि का सैन्य द्वारा वेष्टन । निर्बन्ध, आग्रह ।
उवल पु [उपल] पत्थर । टाँकी वगैरह को संस्कृत करनेवाला पाषाण-विशेष ।
उवलम्बण पु [उपलम्बन] साँकल वाला एक प्रकार का दीपक ।
उवलंभ सक [उप + लभ्] प्राप्त करना । जानना । उलाहना देना ।
उवलंभ पु [उपलम्भ] लाभ । ज्ञान । उलाहना ।
उवलंभ देखो उवालंभ = उपालम्भ ।
उवलक्ख सक [उप + लक्षय्] जानना, पहिचानना ।
उपलक्खण न [उपलक्षण] पहिचान । अन्यार्थ-बोधक सङ्केत ।
उवलग्ग वि [उपलग्न] लगा हुआ ।
उवलद्ध वि [उपलब्ध] प्राप्त । विज्ञात । उपालब्ध ।
उवलद्धि स्त्री [उपलब्धि] प्राप्ति, लाभ । ज्ञान ।
उवलद्धु वि [उपलब्धृ] ग्रहण करनेवाला, जाननेवाला ।
उवलभ देखो उवलंभ = उप + लभ् ।
उवलभत्ता, उवलयभग्गा स्त्री [दे] कङ्कन ।
उवलल अक [उप + लल्] क्रीडा करना, विलास करना ।
उवललय न [दे] सुरत, मैथुन ।
उवलह देखो उवलंभ = उप + लभ् ।
उवला सक [उप + ला] ग्रहण करना । आश्रय करना ।
उवलि देखो उवल्लि ।
उवलिप सक [उप + लिप्] लीपना, पोतना । चुम्बन करना ।
उवलित्त वि [उपलिप्त] लीपा हुआ, पोता हुआ ।
उवलीण देखो उवल्लीण ।

उवलुअ वि [दे] लज्जा-युक्त ।
उवलेव पुं [उपलेप] लेपना । कर्मबन्ध । संश्लेप । आश्लेष ।
उवलोभ सक [उप + लोभय्] लालच देना ।
उवलोहिय वि [उपलोभित] जिसको लालच दी गई हो वह ।
उवल्लि सक [उप + ली] रहना । आश्रय करना ।
उवल्लीण वि [उपलीन] स्थित । प्रच्छन्न-स्थित ।
उववइ पुं [उपपति] जार ।
उववज्ज अक [उप + पद्] उत्पन्न होना । सङ्गत होना ।
उववज्जण न [उपवर्जन] त्याग ।
उववज्झ वि [उपवाह्य]राजा आदि का वल्लभ—प्रधान, सेनापति आदि ।
उववज्झ वि [औपवाह्य] प्रधान आदि का, प्रधान आदि को बैठने योग्य ।
उववट्ट अक [उप + वृत्] च्युत होना, मरना, एक गति से दूसरी गति मे जाना ।
उववण न [उपवन] बगीचा ।
उववण्ण वि [उपपन्न] उत्पन्न । सङ्गत, युक्त । प्रेरित । न. उत्पत्ति ।
उववत्ति स्त्री [उपपत्ति] उत्पत्ति, जन्म । युक्ति, न्याय । विषय । सम्भव ।
उववत्तु वि [उपपत्तृ] उत्पन्न होनेवाला ।
उववयण न [उपपतन] देखो उववाय = उपपात ।
उववसण न [उपवसन] उपवास ।
उववाइय वि [औपपादिक, औपपातिक] उत्पन्न होनेवाला । देवरूप या नारक रूप से उत्पन्न होनेवाला ।
उववाय सक [उप + पादय्] सम्पादन करना, सिद्ध करना ।
उववाय पुं [उप + वादय्] वाद्य बजाना ।
उववाय पुं [उपपात] देव या नारक जीव की उत्पत्ति । सेवा, आदर । विनय । आज्ञा । प्रादुर्भाव । उपसम्पादन, सम्प्राप्ति । °कप्प पुं [°कल्प] साध्वाचार-विशेष, पार्श्वस्थों के साथ रहकर संविग्न-विहार की सम्प्राप्ति । °य वि [°ज] देव या नारक गति मे उत्पन्न जीव ।
उववास पुन [उपवास] अनाहार ।
उवविअ देखो उववीअ ।
उवविट्ठ वि [उपविष्ट] बैठा हुआ ।
उवविणिग्गय वि [उपविनिर्गत] सतत निर्गत ।
उवविस अक [उप + विश्] बैठना ।
उववीअ न [उपवीत] यज्ञसूत्र । वि. सहित ।
उववीड अ [उपपीड] उपमर्दन ।
उववूह सक [उप + बृंह्] पुष्ट करना । वृद्धि करना । प्रशंसा करना ।
उववूहणिय वि [उपबृंहणीय] पुष्टि-कर्त्ता । स्त्री. पट्ट-विशेष, राजा वगैरह के भोजन-समय में उपभोग मे आनेवाला पट्टा ।
उववेय वि [उपेत] युक्त ।
उवसंकम सक [उपसं + क्रम्] समीप आना ।
उवसंखड सक [उपसं + कृ] राँधना ।
उवसंखा स्त्री [उपसंख्या] यथावस्थित पदार्थ-ज्ञान ।
उवसंगह सक [उपसं + ग्रह्] उपकार करना ।
उवसंघर सक [उपसं + हृ] उपसंहार करना ।
उवसंघिय वि [उपसंहृत] जिसका उपसंहार किया गया हो वह, समापित ।
उवसंचि सक [उपसं + चि] सञ्चय करना ।
उवसंठिय वि [उपसंस्थित] समीप मे स्थित । उपस्थित ।
उवसंत वि [उपशान्त] क्रोधादि विकाररहित । नष्ट, अपगत । पुं ऐरवत क्षेत्र के स्वनाम-धन्य एक तीर्थङ्कर-देव । °मोह पु. ग्यारहवाँ गुण-स्थानक ।
उवसंति स्त्री [उपशान्ति] उपशम ।
उवसंधारिय वि [उपसंधारित] सङ्कल्पित ।

उवसंपज्ज [उपसं+पद्] समीप में जाना। स्वीकार करना। प्राप्त करना।
उवसंपण्ण वि [उपसंपन्न] प्राप्त। समीप-गत।
उवसंपया स्त्री [उपसंपद्] ज्ञान वगैरह की प्राप्ति के लिए दूसरे गुर्वादि के पास जाना। अन्य गुरु आदि की सत्ता का स्वीकार करना। लाभ।
उवसंहर सक [उपसं+हृ] हटाना। सङ्कोलना। समेटना।
उवसंहार पुं [उपसंहार] सङ्कोचन, समेट। समाप्ति। उपनय।
उवसंहार पुं. उपसंहार।
उवसग्ग पुं [उपसर्ग] उपद्रव, बाधा। अव्यय-विशेष, जो धातु के पूर्व में जोड़े जाने से उस धातु के अर्थ की विशेषता करता है।
उवसग्ग वि [दे] मन्द, आलसी।
उवसज्ज अक [उप+सृज्] आश्रय करना।
उवसज्जण न [उपसर्जन] गौण। सम्बन्ध।
उवसत्त वि [उपसक्त] विशेष आसक्तिवाला।
उवसद्द पुं [उपशब्द] सुरत-समय का शब्द। प्रच्छन्न शब्द। समीप का शब्द।
उवसप्प सक [उप+सृप्] समीप जाना।
उवसम पुं [उप+शम्] क्रोध-रहित होना। शान्त होना। ठण्ढा होना। नष्ट होना।
उवसम पुं [उपशम] क्रोध का अभाव, क्षमा। इन्द्रिय-निग्रह। पन्द्रहवाँ दिवस। मुहूर्त्तविशेष। °सम्म न [°सम्यक्त्व] सम्यक्त्व-विशेष।
उवसमणा स्त्री [उपशमना] आत्मिक प्रयत्न-विशेष, जिससे कर्म-पुद्गल उदय-उदीरणादि के अयोग्य बनाए जाँय वह।
उवसमिअ पुं [औपशमिक] कर्मो का उपशम।
उवसमिय वि [औपशमिक] उपशम से होनेवाला। उपशम से सम्बन्ध रखनेवाला।
उवसाम सक [उप+शमय्] शान्त करना। रहित करना।
उवसाम पु [उपशम] उपशान्ति।
उवसाम देखो उवसम।
उवसामग वि [उपशमक] क्रोधादि को उपशान्त करनेवाला। उपशम से सम्बन्ध रखनेवाला।
उवसामय देखो उवसामग।
उवसामिय वि [औपशमिक] उपशम-सम्बन्धी। पु. भाव-विशेष। न. सम्यक्त्व-विशेष।
उवसाह सक [उप+कथ्] कहना।
उवसाहण वि [उपसाधन] निष्पादक।
उवसाहिय वि [उपसाधित] तैयार किया हुआ।
उवसित्त वि [उपसिक्त] छिड़का हुआ।
उवसिलोअ सक [उपश्लोकय्] वर्णन करना, प्रशंसा करना।
उवसुत्त वि [उपसुप्त] सोया हुआ।
उवसुद्ध वि [उपशुद्ध] निर्दोष।
उवसूइय वि [उपसूचित] संसूचित।
उवसेर वि [दे] रति-योग्य।
उवसेवण न [उपसेवन] सेवा, परिचय।
उपसेवय वि [उपसेवक] सेवा करनेवाला, भक्त।
उवसोभ अक [उप+शुभ्] शोभना।
उवसोहा स्त्री [उपशोभा] शोभा।
उवसोहिय वि [उपशोधित] निर्मल किया हुआ।
उवस्सग्ग देखो उवसग्ग।
उवस्सय पु [उपाश्रय] जैन साधुओं के निवास करने का स्थान।
उवस्सा स्त्री [उपश्रा] द्वेष।
उवस्सिय वि [उपाश्रित] द्वेषी। अङ्गीकृत। समीप में स्थित। न. द्वेष।
उवस्सुदि स्त्री [उपश्रुति] प्रश्न-फल को जानने के लिए ज्योतिषी को कहा जाता प्रथम वाक्य।
उवह स [उभय] दोनो, युगल।

उवह अ [दे] 'देखो' अर्थ को बतलानेवाला अव्यय ।

उवहट्ट सक [समा + रभ्] शुरू करना ।

उवहड वि [उपहृत] उपढौकित, उपस्थापित । भोजन-स्थान मे अर्पित भोजन ।

उवहण सक [उप + हन्] विनाश करना । आघात पहुँचाना ।

उवहत्थ सक [समा + रच्] रचना, उत्तेजित करना ।

उवहम्म° देखो उवहण ।

उवहय वि [उपहत] विनाशित । दूषित ।

उवहर सक [उप + हृ] पूजा करना । उपस्थित करना । अर्पण करना ।

उवहस सक [उप + हस्] उपहास करना ।

उवहा स्त्री [उपधा] माया, कपट ।

उवहाण न [उपधान] तकिया । तपश्चर्या । उपाधि ।

उवहार पुं [उपहार] भेंट । विस्तार ।

उवहारणया देखो उवधारणया ।

उवहारिअ वि [उपधारित] अवधारित । निश्चित ।

उवहारिआ } स्त्री [दे] दोहनेवाली स्त्री ।
उवहारी }

उवहारुल्ल वि [उपहारवत्] उपहारवाला ।

उवहास पुं [उपहास] हँसी ।

उवहास वि [उपहास्य] हँसी के योग्य ।

उवहासणिज्ज वि [उपहसनीय] हास्यास्पद ।

उवहि पुं [उदधि] समुद्र ।

उवहि पुंस्त्री [उपाधि] माया, कपट । कर्म । उपकरण ।

उवहिंड सक [उप + हिण्ड्] पर्यटन करना ।

उवहिय वि [उपहित] उपढौकित, अर्पित । स्थापित । न. उपढौकन, अर्पण ।

उवहिय वि [औपाधिक] माया से प्रच्छन्न विचरनेवाला ।

उवहुंज सक [उप + भुज्] उपभोग करना, कार्य मे लाना ।

उवहुत्त देखो उवभुत्त ।

उवाइकम सक [उपाति + क्रम्] उल्लंघन करना ।

उवाइण सक [उपाति + नी] गुजारना ।

उवाइण सक [उप + याच्] मनौती करना ।

उवाइण सक [उपा + दा] ग्रहण करना । प्रवेश करना ।

उवाइणाव सक [अति + क्रम्] उल्लंघन करना । गुजारना ।

उवाइय देखो उवयाइय ।

उवाई स्त्री [उलावकी] पोताकी-नामक विद्या की प्रतिपक्षभूत एक विद्या ।

उवाएज्ज } वि [उपादेय] ग्राह्य ।
उवाएय }

उवागच्छ } सक [उपा + गम्] समीप में आना ।
उवागम }

उवागमण न [उपागमन] समीप में आगमन । स्थान, स्थिति ।

उवागय वि [उपागत] समीप मे आया हुआ । प्राप्त ।

उवाडिय वि [उत्पाटित] उखाड़ा हुआ ।

उवाणया } स्त्री [उपानह्] जूता ।
उवाणहा }

उवादा सक [उपा + दा] ग्रहण करना ।

उवादाण न [उपादान] ग्रहण । कार्यरूप में परिणत होनेवाला कारण । ग्राह्य ।

उवादिय वि [उपजग्ध] उपभुक्त ।

उवाय पुं [उपाय] हेतु, साधन । दृष्टान्त । प्रतीकार ।

उवाय सक [उप + याच्] मनौती करना ।

उवायण न [उपायन] भेंट ।

उवायणाव देखो उवाइणाव ।

उवायाण देखो उवादाण ।

उवायाय वि [उपायात] समीप मे आया हुआ ।

उवारूढ वि [उपारूढ] आरूढ ।

उवालंभ सक [उपा + लभ्] उलाहना देना ।

उवालद्ध वि [उपालब्ध] जिसको उलाहना दिया गया हो वह ।

उवालह सक [उपा + लभ्] उलाहना देना ।

उवावत्त पु [उपावृत्त] वह अश्व जो लेटने से श्रम-मुक्त हुआ हो ।

उवावत्तिद (शौ) वि [उपावृत्तित] उपर्युक्त अश्व से युक्त ।

उवास सक [उप + आस्] उपासना करना ।

उवास पुं [अवकाश] खाली जगह, आकाश ।

उवासग वि [उपासक] उपासना करने-वाला, सेवक । पुं. श्रावक, जैन या बौद्ध गृहस्थ । °दसा स्त्री [°दशा] सातवाँ जैन अग ग्रन्थ । °पडिमा स्त्री [°प्रतिमा] श्रावको को करने योग्य नियम-विशेष ।

उवासणा स्त्री [उपासना] क्षौर-कर्म, हजामत वगैरह सफाई । सेवा ।

उवासय देखो उवासग ।

उवासय पु [उपाश्रय] जैन मुनियो का निवास-स्थान ।

उवाहण सक [उपा + हन्] विनाश करना, मारना ।

उवाहणा देखो उवाणहा ।

उवाहि पुस्त्री [उपाधि] कर्म-जनित विशेषण । सामीप्य, अस्वाभाविक धर्म ।

उवि सक [उप + इ] समीप आना । स्वीकार करना । प्राप्त करना ।

उविअ देखो अविअ = अपि च ।

उविअ वि [उपेत] युक्त ।

उविअ न [दे] शीघ्र । वि. परिकर्मित ।

उविंद पु [उपेन्द्र] कृष्ण, एक देवविमान । °वज्जा स्त्री [°वज्रा] ग्यारह अक्षरो के पाद-वाला एक छन्द ।

उविक्ख सक [उप + ईक्ष्] उपेक्षा करना । अनादर करना ।

उविक्खेव पुं [उद्विक्षेप] हजामत, मुण्डन ।

उवियग्ग वि [उद्विग्न] खिन्न ।

उवीव अक [उद् + विच्] उद्वेग करना ।

उवे देखो उवि ।

उवेक्ख देखो उविक्ख ।

उवेय वि [उपेत] समीप-गत । युक्त ।

उवेय वि [उपेय] उपाय-साध्य ।

उवेल्ल अक [प्र + सृ] फैलना ।

उवेस अक [उप + विश्] बैठना ।

उवेह सक [उप + ईक्ष्] उपेक्षा करना, उदासीन रहना ।

उवेह सक [उत्प्र + ईक्ष्] जानना । निश्चय करना । कल्पना करना ।

°उव्व देखो पुव्व ।

उव्वंत वि [उद्वान्त] वमन किया हुआ । निष्क्रान्त ।

उव्वक्क सक [उद् + वम्] बाहर निकालना । वमन करना ।

उव्वग्ग देखो ओवग्ग ।

उव्वट्ट उभ [उद् + वृत्, वर्त्तय्] चलना-फिरना । मरना, एक गति से दूसरी गति में जन्म लेना । पद से भ्रष्ट करना । पिष्टिका आदि से शरीर के मल को दूर करना । कर्म-परमाणुओ की लघु स्थिति को हटाकर लम्बी स्थिति करना । पार्श्व को चलाना फिराना । उत्पन्न होना, उदित होना ।

उव्वट्ट देखो उव्वट्टिय ।

उव्वट्ट वि [दे] राग-रहित । गलित ।

उव्वट्टण न [उद्वर्त्तन] शरीर पर से मल वगैरह को दूर करना । शरीर को निर्मल करनेवाला द्रव्य—सुगन्धित वस्तु । दूसरे जन्म मे जाना, मरण । पार्श्व का परिवर्तन । कर्म-परमाणुओ की ह्रस्व स्थिति को दीर्घ करना ।

उव्वट्टण न [उद्वर्त्तन] तुले से उसके बीज को अलग करना ।
उव्वट्टण न [अपवर्तन] देखो उव्वट्टणा = अपवर्त्तना ।
उव्वट्टणा स्त्री [अपवर्त्तना] जीव का एक प्रयत्न जिससे कर्मो की दीर्घ स्थिति का ह्रास होता है ।
उव्वट्टिअ वि [उद्वर्तित] साफ किया हुआ ।
उव्वड्ढ वि [उद्वृद्ध] वृद्धि-प्राप्त ।
उव्वण वि [उल्वण] प्रचण्ड, उद्भट ।
उव्वत्त देखो उव्वट्ट = उद् + वृत् ।
उव्वत्त देखो उव्वट्ट ।
उव्वत्त सक [उद् + वर्तय्] खड़ा करना । उलटा करना ।
उव्वत्त वि [उद्वर्त्त] खडा करनेवाला ।
उव्वत्त वि [उद्वृत्त] उत्तान, चित्त । उल्लसित । जिसने पार्श्व को घुमाया हो वह । ऊर्ध्व-स्थित । घुमाया हुआ ।
उव्वत्त वि [अपवृत्त] उलटा रहा हुआ, विपरीत स्थित ।
उव्वत्तण न [उद्वर्त्तन] पार्श्व का परिवर्त्तन । ऊँचा रहना, ऊर्ध्व-वर्त्तन ।
उव्वत्तिय वि [उद्वर्त्तित] परिवर्तित, चक्राकार घुमा हुआ ।
उव्वद्ध देखो उव्वड्ढ ।
उव्वम सक [उद् + वम्] उलटी करना ।
उव्वर अक [उद् + वृ] शेष रहना ।
उव्वर पुं [दे] घर्म, ताप ।
उव्वरिअ वि [दे] अधिक, बचा हुआ । अनीप्सित । निश्चित । अगणित । न. गरमी । वि. अतिक्रान्त ।
उव्वरिअ न [अपवरिका] छोटा घर ।
उव्वल सक [उद् + वल्] मालिश करना । उपलेपन करना । पीछे लौटना ।
उव्वल सक [उद् + वलय्] उन्मूलन करना ।
उव्वलणा स्त्री [उद्वलना] उन्मूलन । उद्वलनयोग्य कर्म-प्रकृति ।
उव्वस वि [उद्वस] वसति-रहित ।
उव्वसी स्त्री [उर्वशी] एक अप्सरा । रावण की एक स्वनाम-ख्यात पत्नी ।
उव्वह सक [उद् + वह्] धारण करना । उठाना ।
उव्वहण न [दे] महान् आवेग ।
उव्वा स्त्री [दे] घर्म, ताप ।
उव्वा, उव्वाअ } अक [उद् + वा] सूखना ।
उव्वाअ, उव्वाइअ } वि [दे] खिन्न, परिश्रान्त ।
उव्वाउल न [दे] गीत । उपवन ।
उव्वाडुल न [दे] विपरीत सुरत । मर्यादारहित मैथुन ।
उव्वाढ वि [दे] विस्तीर्ण । दुःखरहित ।
उव्वाण देखो उव्वाअ = उद्वात ।
उव्वाय देखो उवाय = उपाय ।
उव्वार (अप) सक [उद् + वर्तय्] त्याग करना ।
उव्वाल सक [कथ्] कहना ।
उव्वास सक [उद्+वासय्] दूर करना । देशनिकाला करना । उजाड करना ।
उव्वाह पुं [दे] घर्म, ताप ।
उव्वाह पुं [उद्वाह] विवाह ।
उव्वाह सक [उद् + बाधय्] विशेष प्रकार से पीडित करना ।
उव्वाहिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ ।
उव्वाहुल न [दे] उत्सुकता, उत्कण्ठा । वि. द्वेष्य, अप्रीतिकर ।
उव्विआइअ वि [उद्वेदित] उत्पीडित ।
उव्विक्क न [दे] प्रलपित, प्रलाप ।
उव्विग्ग वि [उद्विग्न] खिन्न । भीत ।
उव्विग्गिर वि [उद्वेगशील] उद्वेग करनेवाला ।
उव्विज्ज देखो उव्विय ।

उव्विड वि [दे] चकित भीत। क्लान्त। क्लेश-युक्त।
उव्विडिम वि [दे] अधिक प्रमाण वाला। मर्यादा-रहित, निर्लज्ज।
उव्विण्ण देखो उव्विग्ग।
उव्विद्ध वि [उद्विद्ध] ऊँचा गया हुआ। जिसकी ऊँचाई का माप किया गया हो वह। गम्भीर, गहरा, विद्ध।
उव्विन्न देखो उव्विग्ग।
उव्विय अक [उद्+विज्] उद्वेग करना, उदासीन होना।
उव्वियणिज्ज वि [उद्वेजनीय] उद्वेग-प्रद।
उव्विरेयण न [उद्विरेचन] खाली करना।
उव्विल्ल अक [उद्+वेल्] चलना, काँपना। सक. वेष्टन करना। तडफडाना।
उव्विल्ल अक [प्र+सृ] फैलना।
उव्विल्ल वि [उद्वेल] चञ्चल।
उव्विव अक [उद्+विज्] उद्वेग करना, खिन्न होना।
उव्विव्व, उव्वेअ देखो उव्विव।
उव्विव्व वि [दे] क्रुद्ध। उद्भट वेश वाला।
उव्विह सक [उत्+व्यध्] ऊँचा फेंकना। ऊँचा जाना, उडना।
उव्विह पुं [उद्विह] स्वनाम-ख्यात एक आजीविक मत का उपासक।
उव्वी पुं [उर्वी] पृथिवी। °स पुं [°श] राजा।
उव्वीढ देखो उव्वूढ।
उव्वीढ वि [दे] खोदा हुआ।
उव्वीढ वि [उद्विद्ध] उत्क्षिप्त।
उव्वील सक [अव+पीडय्] पीडा पहुँचाना, मार-पीट करना।
उव्वीलय वि [अपव्रीडक] लज्जा-रहित करनेवाला, शिष्य को प्रायश्चित्त लेने में शरम को दूर करने का उपदेश देनेवाला।
उव्वुण्ण वि [दे] उद्विग्न। उत्सिक्त। शून्य। उद्भट, उल्बण।
उव्वूढ वि [उद्व्यूढ] धारण किया हुआ। परिणीत।
उव्वेअणीअ वि [उद्वेजनीय] उद्वेग-कारक।
उव्वेग पु [उद्वेग] शोक, दिलगीरी। व्याकुलता।
उव्वेढ सक [उद्+वेष्ट्] बाँधना। परिवेष्टित करना। पृथक् करना, बन्धन-मुक्त करना।
उव्वेत्ताल न [दे] निरन्तर रोदन।
उव्वेय देखो उव्वेग।
उव्वेयग वि [उद्वेजक] उद्वेग-कारक।
उव्वेयणग, उव्वेयणय वि [उद्वेजनक] उद्वेग-जनक।
उव्वेयणय पुंन [उद्वेजनक] एक नरक-स्थान।
उव्वेल अक [प्र+सृ] फैलना।
उव्वेल वि [उद्वेल] उच्छलित।
उव्वेल्ल देखो उव्वेढ।
उव्वेल्ल सक [उद्+वेल्ल्] सत्वर जाना। त्याग करना। ऊँचा उड़ना, ऊँचा जाना। अक. फैलना।
उव्वेल्ल वि [उद्वेल] उच्छलित, उछला हुआ। प्रसृत, फैला हुआ। उद्भिन्न।
उव्वेल्लिअ वि [उद्वेल्लित] कम्पित। उत्सारित। प्रसारित।
उव्वेव देखो उव्विव।
उव्वेव देखो उव्वेग।
उव्वेवग वि [उद्वेजक] उद्वेग-कारक।
उव्वेवणय वि [उद्वेजनक] उद्वेग-जनक।
उव्वेवय देखो उव्वेवग।
उव्वेसर पुं [उव्वेश्वर] इस नाम का एक राजा।
उव्वेह पुं [उद्वेध] ऊँचाई। गहराई। जमीन का अवगाह।
उव्वेहलिया स्त्री [उद्वेघलिका] वनस्पति-विशेष।
उसड्ड वि [दे] ऊँचा।
उसढ देखो ऊसढ।

उसण पु [उशनस्] ग्रह-विशेष, शुक्र ।
उसणसेण पुं [दे] बलभद्र ।
उसत्त वि [उत्सक्त] ऊपर बँधा हुआ ।
उसन्न पुं [उत्सन्न] भ्रष्ट यति-विशेष की एक जाति ।
उसप्पिणी देखो उस्सप्पिणी ।
उसभ पुंन [वृषभ] एक देव-विमान ।
उसभ पुं [ऋषभ, वृषभ] स्वनामख्यात प्रथम जिनदेव । बैल । वेष्टन-पट्ट । देव-विशेष । ब्राह्मण-विशेष । °कंठ पु [°कण्ठ] बैल का गला । रत्न-विशेष । °कूड पुं [°कूट] पर्वत-विशेष । °णाराय न [°नाराच] संहनन-विशेष, शरीर-बन्ध-विशेष । °दत्त पुं. ब्राह्मण-कुण्ड ग्राम का रहनेवाला एक ब्राह्मण, जिसके घर भगवान् महावीर अवतरे थे । °पुर न. नगर-विशेष । °पुरी स्त्री. एक राज-धानी । °सेण पुं [°सेन] भगवान् ऋषभदेव के प्रथम गणधर ।
उसर (पै) पुंस्त्री [उष्ट्र] ऊँट ।
उसलिअ वि [दे] रोमाञ्चित ।
उसह देखो उसभ ।
उसहसेण पुं [वृषभसेन] तीर्थङ्कर-विशेष । जिनदेव की एक शाश्वती प्रतिमा ।
उसा अ [उषस्] प्रभात-काल ।
उसिण वि [उष्ण] गरम । पुन. गरम स्पर्श । गरमी ।
उसिय वि [उत्सृत] व्याप्त ।
उसिय वि [उषित] निवसित ।
उसिर } न [उशीर] सुगन्धि तृण-विशेष ।
उसीर }
उसीर न [दे] कमल-दण्ड ।
उसु पु [इषु] बाण । धनुराकार क्षेत्र का बाणस्थानीय क्षेत्र-परिमाण । °कार, °गार, °यार पुं. पर्वत-विशेष । इस नाम का एक राजा । स्वनाम-ख्यात एक पुरोहित । वि. बाण बनानेवाला । स्वनाम-ख्यात एक नगर ।
उसुअ पुं [दे] दोष, दूषण ।
उसुअ न [इषुक] बाण के आकार का एक आभूषण । तिलक ।
उसुअ वि [उत्सुक] उत्कण्ठित ।
उसुयाल न [दे] उदूखल ।
उसूलग पुं [दे] परिखा, शत्रु-सैन्य का नाश करने के लिए ऊपर से आच्छादित गर्त्त-विशेष ।
उस्स पुं [दे] हिम, ओस ।
उस्संकलिअ वि [उत्संकलित] निसृष्ट, परित्यक्त ।
उस्संखलअ वि [उच्छृङ्खलक] निरङ्कुश ।
उस्संग पुं [उत्सङ्ग] क्रोड, कोला ।
उस्संघट्ट वि [उत्संघट्ट] शरीर-स्पर्श से रहित ।
उस्सक्क अक [उत् + ष्वष्क्] उत्कण्ठित होना । पीछे हटना । सक स्थगित करना ।
उस्सक्क सक [उत् + ष्वष्क्] प्रदीप्त करना, उत्तेजित करना ।
उस्सक्कण न [उत्ष्वष्कण] उत्सर्पण ।
उस्सग्ग पुं [उत्सर्ग] त्याग । सामान्य विधि ।
उस्सग्गि वि [उत्सर्गिन्] उत्सर्ग—सामान्य नियम—का जानकार ।
उस्सण्ण वि [अवसन्न] निमग्न ।
उस्सण्ण अ [दे] प्राय. ।
उस्सण्हसण्हिआ स्त्री [उत्श्लक्ष्णश्लक्ष्णिका] परिमाण-विशेष, ऊर्ध्व-रेणु का ६४वाँ हिस्सा ।
उस्सन्न देखो उस्सण्ण = दे । °भाव पुं. बाहुल्यभाव ।
उस्सन्न वि [उत्सन्न] निज धर्म मे आलसी साधु ।
उस्सप्पण न [उत्सर्पण] उन्नति, पोषण । वि. उन्नत करनेवाला ।
उस्सप्पणा स्त्री [उत्सर्पणा] उन्नति, प्रभावना ।
उस्सप्पणा स्त्री [उत्सर्पणा] विख्यात करना ।

उस्सप्पिणी स्त्री [उत्सर्पिणी] उन्नत काल विशेष, दश कोटाकोटि-सागरोपम-परिमित काल-विशेष, जिसमे सव पदार्थों की क्रमश. उन्नति होती है ।
उस्सय पु [उच्छ्रय]उन्नति, उच्चता । अहिंसा । शरीर ।
उस्सयण न [उच्छ्रयण] अभिमान ।
उस्सर अक [उत्+सृ] दूर जाना ।
उस्सव सक [उत्+श्रि] ऊँचा करना । खडा करना ।
उस्सव पु [उत्सव] उत्सव ।
उस्सवणया स्त्री [उच्छ्रयणता] ऊँचा ढेर करना ।
उस्सस अक [उत्+श्वस्] उच्छ्वास लेना, श्वास लेना । उल्लसित होना ।
उस्सा स्त्री [उस्रा] गैया, गौ ।
उस्सा [दे] देखो ओसा । °चारण पु. ओस के अवलम्वन से गति करने का सामर्थ्यवाला मुनि ।
उस्सार सक [उत्+सारय्] दूर करना । वहुत दिन मे पठनीय ग्रन्थ को एक ही दिन मे पढाना । °कप्प पु [°कल्प] पाठन-सम्वन्धी आचार-विशेष ।
उस्सारग वि [उत्सारक] दूर करनेवाला । उत्सार कल्प के योग्य ।
उस्सास पु [उच्छ्वास] ऊँचा श्वास । प्रवल श्वास । °नाम् न [°नामन्] उसाँस-हेतुक कर्म-विशेष ।
उस्सासय वि [उच्छ्वासक] उसाँस लेनेवाला ।
उस्साह देखो उच्छाह ।
उस्सिखल वि [उच्छृङ्खल] स्वेच्छाचारी ।
उस्सिघिय वि [दे] सूंघा हुआ ।
उस्सिच सक [उत्+सिच्] सिंचना, सेक करना । ऊपर सिंचना । आक्षेप करना । खाली करना ।
उस्सिंचण न [उत्सेचन] सिञ्चन । कूपादि से जल वगैरह को वाहर को खीचना । सिंचन के उपकरण ।
उस्सिक्क देखो उस्सक्क ।
उस्सिक्क सक [मुच्] त्याग करना ।
उस्सिक्क सक [उत्+क्षिप्] ऊँचा फेकना ।
उस्सिक्खिअ वि [उत्क्षिप्त] ऊँचा फेंका हुआ । ऊपर रखा हुआ ।
उस्सिन्न वि [उत्स्विन्न] विकारान्त को प्राप्त, अचित्त किया हुआ ।
उस्सिय वि [उच्छ्रित] उन्नत । ऊँचा किया हुआ ।
उस्सिय वि [उत्सृत] व्याप्त । ऊँचा किया किया हुआ । अहंकारी ।
उस्सीस न [उच्छीर्ष] तकिया ।
उस्सुआव सक [उत्सुकय्] उत्कण्ठित करना ।
उस्सुक, उस्सुक्क वि [उच्छुल्क] शुल्क-रहित, कर-रहित ।
उस्सुक्क वि [उत्सुक] उत्कण्ठित ।
उस्सुक्क, उस्सुग न [औत्सुक्य] उत्सुकता ।
उस्सुक्काव वि [उत्सुकय्] उत्कण्ठित करना ।
उस्सुग वि [उत्सूत्र] सूत्र-विरुद्ध, सिद्धान्त-विपरीत ।
उस्सुय देखो उस्सुग ।
उस्सुय न [औत्सुक्य] उत्कण्ठा । °कर वि. उत्कण्ठा-जनक ।
उस्सूण वि [उच्छून] सूजा हुआ ।
उस्सूर न [उत्सूर] सन्ध्या ।
उस्सेअ पु [उत्सेक] सिंचन । उन्नति । गर्व ।
उस्सेइम वि [उत्स्वेदिम] आटा से मिश्रित पानी ।
उस्सेह पु [उत्सेध] ऊँचाई । शिखर । अभ्युदय ।
उस्सेहंगुल न [उत्सेधाङ्गुल] एक प्रकार का परिमाण ।
उह स [उभ] दोनो, युग्म, युगल ।

उहट्ट अक [अप+घट्ट्] नष्ट होना ।
उहट्टु = उव्वट्ट का संकृ ।
उहय स [उभय] दोनो ।
उहर न [उपगृह] छोटा घर ।
उहस सक [उप+हस्] उपहास करना ।
उहार पुं. मत्स्य-विशेष ।
उहिजल पुं [दे] चतुरिन्द्रिय जन्तु-विशेष ।
उहिजलिआ स्त्री [दे] ऊपर देखो ।
उहु (अप) देखो अहो = अहो ।
उहुर वि [दे] अवाङ्मुख, अधोमुख ।

ऊ

ऊ पुं. प्राकृत वर्णमाला का षष्ठ स्वरवर्ण ।
ऊ अ [दे] इन अर्थो का सूचक अव्यय—निन्दा । आक्षेप । प्रस्तुत वाक्य के विपरीत अर्थ की आशका से उसे उलटाना । विस्मय । सूचना ।
ऊअट्ठ वि [अववृष्ट] वृष्टि से नष्ट ।
ऊआ स्त्री [दे] यूका, जूँ ।
ऊआस पु [उपवास] भोजनाभाव ।
ऊगिय वि [दे] अलंकृत ।
ऊज्झाअ देखो उवज्झाय ।
°ऊड देखो कूड ।
ऊढ वि. वहन किया हुआ, धारण किया हुआ । परिणीत ।
ऊढिअय वि [दे] प्रावृत, आच्छादित । न. आच्छादन, प्रावरण ।
ऊण वि [ऊन] न्यून, हीन । °वीसइम वि [°विंशतितम] उन्नीसवाँ ।
ऊण न [ऋण] ऋण ।
ऊणंदिअ वि [दे] आनन्दित ।
ऊणिमा स्त्री [पूर्णिमा] पूर्णिमा ।
ऊणिय वि [ऊनित] कम किया हुआ ।
ऊणिय पु [ऊणिक] सेवक-विशेष ।
ऊणोयरिआ स्त्री [ऊनोदरिता] कम आहार करना, तप-विशेष ।
ऊतालीस, ऊयाल } स्त्री न [एकोनचत्वारिंशत्] उनचालीस ।
ऊमिणण न [दे] प्रोखणक, चुमना ।
ऊमिणिय वि [दे] जिसने स्नान के बाद शरीर पोछा हो वह ।
ऊमित्तिअ न [दे] दोनो पार्श्वो मे आघात करना ।
°ऊर पुं [दे] ग्राम । संघ ।
°ऊर देखो तूर ।
°ऊर देखो पूर ।
ऊरण पुं. मेष ।
ऊरणी स्त्री [दे] मेष, भेड ।
ऊरणीअ वि [औरणिक] भेडी चरानेवाला ।
°ऊरय वि [पूरक] पूर्त्ति करनेवाला ।
ऊरस वि [औरस] स्व-पुत्र ।
ऊरिसंकिअ वि [दे] रोका हुआ ।
ऊरी अ. अङ्गीकार । विस्तार । °कय वि [°कृत] अंगीकृत ।
ऊरु पुं जाँघ । °जाल न. जांघ तक लटकने-वाला एक आभूषण ।
ऊरुदग्घ वि [ऊरुदघ्न] जघा-प्रमाण ।
ऊरुद्दअस वि [ऊरुद्वयस] ऊपर देखो ।
ऊरुमेत्त वि [ऊरुमात्र] ऊपर देखो ।
ऊल पुं [दे] गति-भङ्ग ।
°ऊल देखो कूल ।
ऊस पुं [उस्र] किरण । °मालि पुं [°मालिन्] सूर्य ।
ऊस पुं [ऊष] क्षार-भूमि की मिट्टी ।
ऊसअ न [दे] तकिया ।
ऊसढ वि [उत्सृष्ट] परित्यक्त । न उत्सर्जन । मलादि का त्याग ।
ऊसढ वि [दे. उच्छ्रित] उच्च, श्रेष्ठ । ताजा ।
ऊसण न [दे] गति-भङ्ग ।
ऊसण्हसण्हिया देखो उस्सण्हसण्हिया ।
ऊसत्त देखो उसत्त ।
ऊसत्थ पु [दे] जम्भाई । वि. आकुल ।

ऊसर अक [उत् + सृ] खिसकना । दूर होना । सक. त्यागना ।
ऊसर न [ऊषर] क्षार-भूमि ।
ऊसरण न [उत्सरण] आरोहण ।
ऊसय पुं [उच्छ्रय] उत्सेध, ऊँचाई । उत्सेधांगुल ।
ऊसल अक [उत् + लस्] उल्लसित होना । प्रादुर्भूत होना ।
ऊसल वि [दे] पीन, पुष्ट ।
ऊसलिअ वि [दे] रोमाञ्चित ।
ऊसव देखो उस्सव = उत्सव ।
ऊसव देखो उस्सव = उत् + श्रि ।
ऊसविअ वि [दे] उद्भ्रान्त । ऊँचा किया हुआ ।
ऊसस सक [उत् + श्वस्] ऊँचा साँस लेना । विकसित होना । पुलकित होना ।
ऊससण न [उच्छ्वसन] उसाँस । °लद्धि स्त्री [°लब्धि] श्वासोच्छ्वास की शक्ति ।
ऊसाअंत वि [दे] खेद होने पर शिथिल ।
ऊसाइअ वि [दे] विक्षिप्त । उत्क्षिप्त ।
ऊसार सक [उत् + सारय्] दूर करना, त्यागना ।
ऊसार पु [दे] गर्त्त-विशेष ।
ऊसार पु [आसार] वेग वाली वृष्टि ।
ऊसारि वि [आसारिन्] वेग से बरसनेवाला ।
ऊसास पुं [उच्छ्वास] ऊँचा श्वास । मरण । °णाम न [°नामन्] कर्म-विशेष ।
ऊसासय वि [उच्छ्वासक] उसाँस लेनेवाला ।
ऊसासिअ वि [उच्छ्वासित] बाधा-रहित किया हुआ ।
ऊसाह पु [उत्साह] उत्साह, उछाह ।
ऊसि सक [उत् + श्रि] ऊँचा करना, उन्नत करना ।
ऊसिक्क सक [उत् + ष्वष्क्] ऊँचा करना ।
ऊसिक्किअ वि [दे] प्रदीप्त, शोभायमान ।
ऊसित्त वि [उत्सिक्त] गर्वित । उद्धत । बढ़ा हुआ । अतिशायित ।
ऊसित्त वि [अवसिक्त] उपलिप्त ।
ऊसिय देखो उस्सिय = उच्छ्रित ।
ऊसीस
ऊसीसग } न [उच्छीर्ष, °क] उसीसा ।
ऊसीसय
ऊसुअ वि [उत्सुक] उत्कण्ठित ।
ऊसुअ वि [उच्छुक] जहाँ से शुक उद्गत हुआ हो वह ।
ऊसुंभ अक [उत् + लस्] उल्लसित होना ।
ऊसुंभिअ न [दे] गला बैठ जाय ऐसा रुदन ।
ऊसुक्किअ वि [दे] विमुक्त ।
ऊसुग देखो ऊसुअ = उत्सुक ।
ऊसुग न [दे] मध्य भाग ।
ऊसुम्भिअ वि [दे] उसीसा किया हुआ ।
ऊसुर न [दे] ताम्बूल ।
ऊसुरुसुंभिअ [दे] देखो ऊसुभिअ ।
ऊह सक [ऊह्] तर्क करना । विचारना ।
ऊह न [ऊधस्] स्तन ।
ऊह पु. विचार, विवेक-बुद्धि । तर्क । सख्या-विशेष । ओघ-संज्ञा, अव्यक्त ज्ञान ।
ऊहंग न [ऊहाङ्ग] सख्या-विशेष ।
ऊहट्ठ वि [दे] उपहसित ।
ऊहसिय वि [उपहसित] जिसका उपहास किया गया हो वह ।
ऊहापोह पु. सोच-विचार ।
ऊहिअ वि [ऊहित] अनुमान से ज्ञात ।

ए

ए पु स्वर वर्ण-विशेष ।
ए अ [ए, ऐ] इन अर्थो का सूचक अव्यय— आमन्त्रण, सम्बोधन । वाक्यालंकार । स्मरण । असूया । अनुकम्पा । आह्वान ।

एअ सक [आ+इ] आगमन करना ।

एअ वि [एत] आया हुआ ।

एअ स [एतत्] यह । °ारिस वि [°ादृश] ऐसा । °ारूव वि [°रूप] इस प्रकार का ।

एअ देखो एग । °आइ वि [°ाकिन्] अकेला । °ारह त्रि. ब. [°ादशन्] ग्यारह की सख्या । °ारहम वि [°ादश] ग्यारहवाँ ।

एअ देखो एव = एव ।

एअ, एअं देखो एवं ।

एअंत देखो एक्कंत ।

एआईस (अप) पु. ब. [एकविंशति] एक्कीस ।

एयारिच्छ वि [एतादृश] ऐसा ।

एइय वि [एजित] कम्पित ।

एइस देखो एईस ।

एईस वि [एतादृश]ऐसा ।

एउंजि (अप) अ [एवमेव] इसी तरह । यही ।

एऊण देखो एगूण ।

एक देखो एक्क तथा एग । °इआ अ [°दा] एक समय मे । °ल (अप) वि [°क] एकाकी । °लिय वि [°ाकिन्] एकाकी । °ाणउइ स्त्री [°नवति] एकानवे ।

एकूण देखो अउण = एकोन ।

एक्क देखो एक तथा एग । °वए देखो एगपए । °सणिय वि [°ाशनिक] एक ही बार भोजन करनेवाला । °सत्तरि स्त्री [°सप्तति] एकहत्तर । °सरग, °सरय वि [°सरक, °सर्ग] एक समान । °सि अ [°शस्] एक वार । °सि अ [°त्र] एक (किसी एक) मे । °सि, °सिअं अ [°दा] कोई एक समय मे । °सिं अ [°शस्] एक वार । °ाइ वि [°ाकिन्] अकेला । °ाइ पु [°ादि] स्वनाम-ख्यात एक माण्डलिक । °ाणउय वि [°नवत] ९१ वाँ । °ारसम वि [°ादश] ग्यारहवाँ । °ारह त्रि. ब. [°ादशन्] ग्यारह । °ासीइ स्त्री [°ाशीति] एकासी । °ासीइविह वि [°ाशीतिविध] एकासी तरह का °ासीय वि [°ाशीत] एकासीवाँ °ोत्तरसय वि [°ोत्तरशततम] एक सौ एक वाँ । °ोयर पु [°ोदर] सगा भाई । °ोयरा स्त्री [°ोदरा] सगी वहिन ।

एक्क वि [एकक] अकेला ।

एक्क वि [दे] प्रेम-तत्पर ।

एक्कई (अप) वि [एकाकिन्] एकाकी ।

एक्कंग न [दे] चन्दन ।

एक्कंत पुं [एकान्त] सर्वथा । तत्त्व, प्रमेय । जरूर । असाधारणता । निर्जन, निराला । देखो एगंत ।

एक्कक्क वि [एकैक] प्रत्येक ।

एक्कक्कम [दे] देखो एक्केक्कम ।

एक्कगसित्थ न [एकसिक्थ] तपो-विशेष ।

एक्कग्ग देखो एग-ग्ग = एक-क ।

एक्कघरिल्ल पु [दे] देवर ।

एक्कणड पुं [दे] कथा कहनेवाला ।

एक्कमुह वि [दे] धर्म-रहित । दरिद्र । प्रिय ।

एक्कमेक्क वि [एकैक] प्रत्येक ।

एक्कल्ल वि [दे] प्रवल ।

एक्कल्लपुंडिग न [दे] अल्प बिन्दुवाली वारिश ।

एक्कसरिअं अ [दे] शीघ्र । सम्प्रति, आजकल ।

एक्कसिरिआ अ [दे] शीघ्र ।

एक्कसाहिल्ल वि [दे] एक स्थान मे रहने-वाला ।

एक्कसिवली स्त्री [दे] शालमली-पुष्पो से नूतन फलवाली ।

एक्कसेस देखो एग-सेस ।

एक्कह देखो एग ।

एक्कार देखो एक्कारह ।

एक्कार पु [अयस्कार] लोहार ।

एक्कूण देखो अउण ।

एक्केक्कम वि [दे] परस्पर।

एक्केल्ल
एक्कोल्ल } देखो एग।

एग स [एक] एक, प्रथम-संख्या। एकाकी। अद्वितीय। असहाय। अन्य। समान। °इय देखो एग। °इय वि[°क]अकेला। °क्खरिय वि [°ाक्षरिक] एक अक्षरवाला। °खंधी स्त्री [°स्कन्ध] एक स्कन्धवाला (वृक्ष वगैरह)। °खुर वि. एक खुरवाला (गौ वगैरह पशु)। °ग वि [°क] एकाकी। °ग्ग वि [°ाग्र] तल्लीन, तत्पर। °चक्खु वि [°चक्षुष्क] एक आँखवाला। °चत्ताल वि [°चत्वारिंश] एकतालीसवाँ। °चर वि. एकाकी विहरने-वाला। °चरिया स्त्री [°चर्या] एकाकी विहरना। °चारि वि [°चारिन्] अकेल-विहारी। °चूड पुं. विद्याधर वंश का एक राजा। °च्छत्त वि [°च्छत्र] पूर्ण प्रभुत्व-वाला। अद्वितीय। °जडि वि [°जटिन्] महाग्रह-विशेष। °जाय वि [°जात] अकेला, निस्सहाय। °ट्ठ वि [°स्थ] इकट्ठा। °ट्ठ वि [°ार्थ] एक अर्थवाला, पर्याय-शब्द। °ट्ठ, °ट्ठं अ [°त्र] एक स्थान में। °ट्ठिय वि [°ार्थिक] एक ही अर्थवाला, पर्याय-शब्द। °ट्ठिय वि [°ास्थिक] जिसके फल मे एक ही बीज होता है ऐसा आम वगैरह का पेड़। °णासा स्त्री [°नासा] एक दिक्कुमारी। °त्त न [°त्र] एक ही स्थान मे। °त्थ देखो °ट्ठ। °पए अ [°पदे] युगपत्। °पक्ख वि [°पक्ष] असहाय। ऐकान्तिक, अविरुद्ध। °पन्नास स्त्रीन [°पञ्चाशत्] एकावन। °पन्नासइम वि [°पञ्चाशत्तम] एकावनवाँ। °पाइअ वि [°पादिक] एक पाँव ऊँचा रखनेवाला। °पासग वि [°पार्श्वक] एक ही पार्श्व की भूमि से सम्बन्ध रखनेवाला। °पासिय वि [°पार्श्विक] देखो पूर्वोक्त अर्थ। °भत्त न [°भक्त] एकासन व्रत। °भूय वि [°भूत] एकीभूत। समान। °मण वि [°मनस्] एकाग्रचित्त। °मेग वि [°एक] प्रत्येक। °य वि [°क] एकाकी। °य वि [°ग] अकेला जानेवाला। °यर वि [°तर] दो मे से कोई भी एक। °या अ [°दा] एक समय मे। °राइय वि [°रात्रिक] एक-रात्रि-सम्बन्धी। °राय न [°रात्र] एक रात्र। °ल्ल वि [एक] एकाकी। °विह वि [°विध] एक प्रकार का। °विहारि वि [°विहारिन्] एकल-विहारी। °वीसइम वि [°विंशतितम] एक्कीसवाँ। °वीसा स्त्री [°विंशति] एक्कीस। °सट्ठ वि [°षष्ट] एकसठवाँ। °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] एकसठ। °सत्तर वि [°सप्तत] एकहत्तरवाँ। °समइय वि [°सामयिक] एक समय मे होनेवाला। °सरिया स्त्री [°सरिका] एकावली, हार-विशेष। °साडिय वि [°शाटिक] एक वस्त्र-वाला। °सिअं अ [°दा] एक समय में। °सेल पुं [°शैल] पर्वत-विशेष। °सेलकूड पुंन [°शैलकूट] एक शैल पर्वत का शिखर-विशेष। °सेस पुं [°शेष] व्याकरण-प्रसिद्ध समास-विशेष। °हा अ [°धा] एक प्रकार का। °हुत्त अ [°सकृत्] एक वार। °ाणिअ वि [°ाकिन्] अकेला। °ादस त्रि. व. [°ादशन्] ग्यारह। °ादसुत्तरसय वि [°ादशोत्तरशततम] एक सौ ग्यारहवाँ। °ाभोग पु [°ाभोग] एकत्र-बन्धन। °ामोस वि [°ामर्श] प्रत्युपेक्षणा का एक दोष, वस्त्र को मध्य मे ग्रहण कर दोनो आँचलों को हाथ से घसीट कर उठाना। °ायय वि [°ायत] एकत्र सम्बद्ध। °ारस देखो [°ादस]। °ारसी स्त्री [°ादशी] एकादशी। °ावण्ण स्त्रीन [°पञ्चाशत्] एकावन। °ावलि, °ली स्त्री [°ावलि,°ली] विविध प्रकार की मणियो से ग्रथित हार। °ावलीपविभत्ति न [°ावलीप्रविभक्ति] नाटक-विशेष। °ावाइ

पुं [°वादिन्] एक ही आत्मा वगैरह पदार्थ को माननेवाला दर्शन, वेदान्त-दर्शन। °वीस स्त्रीन [°विंशति] एक्कीस। °सण न [°शन, °सन] एकाशन। °ह पुंन [°ह] एक दिन। °हच्च वि [°हत्य] एक ही प्रहार से नष्ट हो जानेवाला। °हिय वि [°हिक] एक दिन का उत्पन्न। पु. एकान्तर ज्वर। °हिय वि [°धिक] एक से ज्यादा। देखो एअ, एक और एक्क।

एगंत देखो एक्कंत। °दिट्ठि स्त्री [°दृष्टि] जैनेतर दर्शन। वि. जैनेतर दर्शन को माननेवाला। स्त्री. निश्चित सम्यक्त्व, निश्चल सत्य-श्रद्धा। °दूसमा स्त्री [°दुष्षमा] अवसर्पिणी-काल का छठवाँ और उत्सर्पिणी-काल का पहला आरा। °पंडिय पु [°पण्डित] साधु, संयत। °बाल पुं. जैनेतर दर्शन को माननेवाला। असंयत जीव। °वाइ वि [°वादिन्] जैनेतर दर्शन का अनुयायी। °वाय पु [°वाद] जैनेतर दर्शन। °सुसमा स्त्री [°सुषमा] अवसर्पिणी काल का प्रथम और उत्सर्पिणी काल का छठवाँ आरा।

एगंतिय वि [ऐकान्तिक] अवश्यम्भावी। अद्वितीय। न. मिथ्यात्व का एक भेद—वस्तु को सर्वथा क्षणिक आदि एक ही दृष्टि से देखना। जैनेतर दर्शन।

एगट्ठि देखो एग्ग-सट्ठि।

एगट्ठिया स्त्री [दे] नौका।

एगठाण न [एकस्थान] एक प्रकार का तप।

एगिंदिय वि [एकेन्द्रिय] केवल स्पर्शेन्द्रियवाला।

एगीभूत वि [एकीभूत] मिला हुआ।

एगूण देखो अउण। °चत्ताल वि [°चत्वारिंश] उनचालीसवाँ। °चत्तालीस स्त्रीन [°चत्वारिंशत्] उनचालीस। °चत्तालीसइम वि [°चत्वारिंशत्तम] उनचालीसवाँ। °णउइ स्त्री [°नवति] नवासी। °तीस स्त्रीन [°त्रिंशत्] उनतीस। °तीसइम वि [°त्रिंशत्तम] उनतीसवाँ। °नउइ देखो °णउइ। °नउय वि [°नवत] नवासीवाँ। °पन्न, °पन्नास स्त्रीन [पञ्चाशत्] उनचास। °पन्नास वि [°पञ्चाश] उनपचासवाँ। °पन्नासइम वि [पञ्चाशत्तम] उनपचासवाँ। °वीस स्त्रीन [°विंशति] उन्नीस। °वीसइ स्त्री [°विंशति] उन्नीस। °वीसइम, °वीसईम, °वीसम वि [°विंशतितम] उन्नीसवाँ। °सट्ठ वि [°षष्ट] उनसठवाँ। °सत्तर वि [°सप्तत] उनसत्तरवाँ। °सी, °सीइ स्त्री [°शीति] उन्नासी। °सीय वि [°शीत] उन्नासीवाँ। देखो अउण।

एगूरुय पु [एकोरुक] इस नाम का एक अन्तर्द्वीप। वि. उसका निवासी।

एग्ग (अप) देखो एग।

एज पु वायु।

एजणया स्त्री [एजना] कम्प, काँपना।

एज्ज देखो एय = एज्।

एज्जण न [आयन] आगमन।

एड सक [एड्] त्याग करना।

एड सक [एडय्] दूर करना।

एडक्क पु [एडक] मेष, भेड।

एडया स्त्री [एडका] भेडी।

एण पुं. कृष्ण मृग। °णाहि स्त्री [°नाभि] कस्तूरी।

एणंक पुं [एणाङ्क] चन्द्र।

एणिज्ज वि [एणेय] हरिण-सम्बन्धी।

एणिज्जय पु [एणेयक] स्वनाम-ख्यात एक राजा, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी।

एणिस पुं. वृक्ष-विशेष।

एणी स्त्री [एणी] हरिणी। °यार पुं [°चार] हरिणी को चरानेवाला।

एणुवासिय पुं [दे] भेक, मेंढक।

एणेज्ज देखो एणिज्ज।

एण्हं } अ [इदानीम्] अधुना ।
एण्हि }
एताव देखो एत्तिअ = एतावत् ।
एत्तअ वि [इयत्, एतावत्] इतना ।
एत्तहि (अप) अ [इतस्] यहाँ से ।
एत्तहे देखो इत्तहे ।
एत्ताहे देखो इत्ताहे ।
एत्तिअ } वि [इयत्, एतावत्] इतना ।
एत्तिल } °मत्त, °मेत्त वि [°मात्र] इतना ही ।
एत्तिक (शौ) देखो एत्तिअ = एतावत् ।
एत्तुल (अप) ऊपर देखो ।
एत्तूण अ [दे] अधुना ।
एत्तो देखो इओ ।
एत्तोअ अ [दे] यहाँ से लेकर ।
एत्थ अ [अत्र] यहाँ, यहाँ पर ।
एत्थी देखो इत्थी ।
एत्थु (अप) देखो एत्थ ।
एदंपज्ज न [ऐदंपर्य] तात्पर्य ।
एदिहासिअ (शौ) वि [ऐतिहासिक] इतिहास-सम्बन्धी ।
एद्दह देखो एत्तिअ ।
एम (अप) अ [एव] इस तरह ।
एमइ (अप) अ [एवमेव] ऐसा ही ।
एमाइ } वि [एवमादि] इत्यादि ।
एमाइय }
एमाण वि [दे] प्रवेश करता हुआ ।
एमिणिआ स्त्री [दे] वह स्त्री, जिसके शरीर को किसी देश के रिवाज के अनुसार सूत के धागे से माप कर उस धागे को फेंक दिया जाता है ।
एमेअ } अ [एवमेव] इसी प्रकार ।
एमेव }
एम्व (अप) अ [एवम्] इस तरह ।
एम्वइ (अप) अ [एवमेव] इसी तरह ।
एम्वहिं (अप) अ [इदानीम्] इस समय ।
एय अक [एज्] काँपना, हिलना । चलना ।
एय पुं [एज] गति ।
एयंत देखो एक्कंत ।
एयाणि देखो इयाणि ।
एयावत वि [एतावत्] इतना ।
एरंड पुं [एरण्ड] एरण्ड का पेड । तृण-विशेष । °मिंजिया स्त्री [°मिञ्जिका] एरण्ड-फल ।
एरंड वि [ऐरण्ड] एरण्ड-वृक्ष-सम्बन्धी ।
एरंडइय } पुं [दे] पागल कुत्ता ।
एरंडय }
एरण्णवय न [ऐरण्यवत] क्षेत्र-विशेष । वि. उस क्षेत्र में रहनेवाला ।
एरवई स्त्री [ऐरावती, अजिरवती] नदी-विशेष ।
एरवय न [ऐरवत] क्षेत्र-विशेष । पु. पर्वत-विशेष । °कूड न [°कूट] पर्वत-विशेष का शिखर-विशेष ।
एराणी स्त्री [दे] इन्द्राणी व्रत का सेवन करने वाली स्त्री ।
एरावई स्त्री [ऐरावती] नदी-विशेष ।
एरावण पु [ऐरावण] इन्द्र का हाथी । °वाहण पु [°वाहन] इन्द्रवाहन ।
एरावय पु [ऐरावत] ह्रद-विशेष । ह्रद-विशेष का अधिष्ठाता देव । छन्दः-शास्त्र-प्रसिद्ध पञ्च-कला-प्रस्तार में आदि के ह्रस्व और अन्त के दो गुरु अक्षरों का संकेत । लकुच वृक्ष । सरल और लम्बा इन्द्र-धनुष । इरावती नदी का समीपवर्त्ती देश । इन्द्र का हाथी ।
एरिस वि [ईदृश] इस तरह का ।
एरिसिअ (अप) ऊपर देखो ।
एल वि [दे] निपुण ।
एल } पुं [एड, एल] मृगों की एक
एलग } जाति । मेष, भेड । °मूअ, °मूग वि [°मूक] भेड़ की तरह अव्यक्त बोलनेवाला ।
एलगच्छ न [एलकाक्ष] स्वनाम-ख्यात नगर-

विशेष ।

एलय देखो एल ।

एलविल वि [दे] धनाढ्य । पुं. वृषभ ।

एला स्त्री [एला] इलायची का पेड । इलायची-फल । °रस पुं. इलायची का रस ।

एलालुय पुंन [एलालुक] आलू की एक जाति ।

एलावच्च न [एलापत्य] माण्डव्य गोत्र का एक शाखा-गोत्र ।

एलावच्च वि [ऐलापत्य] एलापत्य-गोत्र का ।

एलावच्चा स्त्री [एलापत्या] पक्ष की तीसरी रात ।

एलिक्ख वि [ईदृक्ष] ऐसा ।

एलिंध पुं [एलिङ्ग] धान्य-विशेष ।

एलिया स्त्री [एडिका, एलिका] एक जाति की मृगी । भेड़िया ।

एलिस देखो एरिस ।

एलु पुं. वृक्ष-विशेष ।

एलुग } पुन [एलुक] द्वार के नीचे की
एलुय } लकडी ।

एल्ल वि [दे] दरिद्र ।

एव अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—अवधारण । सादृश्य । चार-नियोग । निग्रह । परिभव । अल्प ।

एव देखो एवं ।

एवइ वि [इयत्, एतावत्] इतना । °खुत्तो अ [°कृत्वस्] इतनी वार ।

एवं अ [एवम्] इस तरह । °भूअ पु [°भूत] व्युत्पत्ति के अनुसार उस क्रिया से विशिष्ट अर्थ को ही शब्द का अभिधेय माननेवाला पक्ष । वि. इस तरह का । °विह वि [°विध] इस प्रकार का ।

एवंहास पु. इतिहास ।

एवड (अप) वि [इयत्] इतना ।

एवमाइ देखो एमाइ ।

एवमेव } देखो एमेव ।
एवामेव }

एव्वं देखो एवं ।

एव्व देखो एव = एव ।

एव्वहि (अप) अ [इदानीम्] इस समय ।

एव्वारु पु [इर्वारु] ककडी ।

एस सक [इष्] इच्छा करना । खोजना । प्रकाशित करना ।

एस सक [आ + इष्] करना । खोजना, शुद्ध भिक्षा की खोज करना । निर्दोष भिक्षा का ग्रहण करना ।

एस वि [एष्य] भावी पदार्थ । पु. भविष्य काल ।

°एस देखो देस ।

एसग वि [एषक] अन्वेषक ।

एसज्ज न [ऐश्वर्य] वैभव, प्रभुत्व ।

एसणा स्त्री [एषणा] अन्वेषण । प्राप्ति । प्रार्थना । निर्दोष आहार की खोज करना । निर्दोष भिक्षा । इच्छा । भिक्षा का ग्रहण । °समिइ स्त्री [°समिति] निर्दोष भिक्षा का ग्रहण करना । °समिय वि [°समित] निर्दोष भिक्षा को ग्रहण करनेवाला ।

एसणिज्ज वि [एषणीय] ग्रहण-योग्य ।

एसिय वि [एषिक] खोज करनेवाला । पु. व्याध । पाखण्डि-विशेष । मनुष्यों की एक नीच जाति ।

एसिय वि [एषित] भिक्षा-चर्या की विधि से प्राप्त ।

एस्सरिय देखो एसज्ज ।

एह अक [एध्] बढना । उन्नत होना ।

एह (अप) वि [ईदृक्] इसके जैसा ।

एहत्तरि (अप) स्त्री [एकसप्तति] संख्या-विशेष, ७१ ।

एहा स्त्री [एधस्] समिध ।

एहिअ वि [ऐहिक] इस जन्म-सम्बन्धी ।

ओगूहिय वि [अवगूहित] आलिङ्गित ।
ओग्गर पु [ओगर] व्रीहिविशेष ।
ओग्गह देखो उग्गह ।
ओग्गह सक [प्रति + इष्] ग्रहण करना ।
ओग्गहण देखो ओगिण्हण । °पट्टग पुंन [°पट्टक] जैन साध्वियो के पहनने का एक गुह्याच्छादक वस्त्र ।
ओग्गहिय वि [अवगृहीत] अवग्रह का विषय । अनुज्ञा से गृहीत । बद्ध । देने के लिए उठाया हुआ ।
ओग्गारण न [उद्गारण] उद्गार ।
ओग्गाल पुं [दे] छोटा प्रवाह ।
ओग्गाल सक [रोमन्थाय्] चबाई हुई वस्तु को पुन चबाना ।
ओग्गाह देखो उग्गाह = उद् + ग्राहय् ।
ओग्गिअ वि [दे] अभिभूत ।
ओग्गीअ पु [दे] हिम ।
ओग्घ देखो उग्घड ।
ओग्घसिय वि [अवघर्षित] प्रमार्जित ।
ओघ पु. समूह । संसार । अविच्छेद । सामान्य । °सण्णा स्त्री [°संज्ञा] सामान्य ज्ञान । °ादेस पुं [°ादेश] सामान्य विवक्षा । देखो ओह = ओघ ।
ओघट्टिद (शौ) वि [अवघट्टित] आहत ।
ओघसर पुं [दे] घर का जल-प्रवाह । अनर्थ । खराबी, नुकसान ।
ओघसिय देखो ओग्घसिय ।
ओघाययण न [ओघायतन] परम्परा से पूजा जानेवाला स्थान । तलाव मे पानी जाने का साधारण रास्ता ।
ओघेत्तव्व ओगिण्ह का कृ. ।
ओचार पुं [दे अपचार] धान्य रखने की बडी कोठी । मिट्टी का पात्र-विशेष ।
ओचिदी (शौ) स्त्री [औचिती] उचितता ।
ओचुंब सक [अव = चुम्ब्] चुम्बन करना ।
ओचुल्ल न [दे] चूल्हा का एक भाग ।
ओचूल, ओचूलग } देखो ओऊल । मुख से हटा शिथिल (वस्त्र) ।
ओच्चय देखो अवचय ।
ओच्चिया स्त्री [अवचायिका] तोड कर (फूलो को) इकट्ठा करनेवाली ।
ओच्चेल्लर न [दे] ऊपर-भूमि । जघन के रोम ।
ओच्छअ, ओच्छइय } वि [अवस्तृत] आच्छादित । निरुद्ध ।
ओच्छदिअ वि [दे] अपहृत । व्यथित ।
ओच्छण्ण वि [अवच्छन्न] आच्छादित । अवष्टब्ध, आक्रान्त । देखो ओच्छन्न ।
ओच्छत्त न [दे] दन्त धावन, दतवन ।
ओच्छर (शौ) सक [अव + स्तृ] बिछाना । आच्छादित करना ।
ओच्छविय, ओच्छाइय } वि [अवच्छादित] आच्छादित ।
ओच्छाय सक [अव + छादय्] आच्छादन करना ।
ओच्छाहिय देखो उच्छाहिय ।
ओच्छिअ न [दे] केश-विवरण ।
ओच्छिण्ण वि [अवच्छिन्न] आच्छादित ।
ओच्छुंद सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना । गमन करना ।
ओच्छुण्ण वि [आक्रान्त] दबाया हुआ । उल्लंघित ।
ओच्छोअअ न [दे] घर की छत के प्रान्त भाग से गिरता पानी ।
ओजिम्ह अक [घ्रा] तृप्त होना ।
ओज्जर वि [दे] भीरु ।
ओज्जल देखो उज्जल ।
ओज्जल्ल वि [दे] बलवान् ।
ओज्जाअ पुं [दे] गर्जित । गर्जारव ।
ओज्झ वि [दे] मैला ।
ओज्झमण न [दे] पलायन ।
ओज्झर पु [निर्झर] झरना ।
ओज्झरिअ [दे] देखो उज्झरिअ ।

ओज्झरी स्त्री [दे] आँत का आवरण ।
ओज्झा सक [अप+ध्या] खराब चिन्तन करना ।
ओज्झा देखो अउज्झा ।
ओज्झाय देखो उवज्झाय ।
ओज्झाय वि [दे] दूसरे को प्रेरणा कर हाथ से लिया हुआ ।
ओज्झावग देखो उवज्झाय ।
ओट्ठ पुं [ओष्ठ] अधर ।
ओट्ठिय वि [औष्ट्रिक] उष्ट्र-सम्बन्धी, उष्ट्र के बालो से बना हुआ ।
ओडड्ढ वि [दे] रागी ।
ओड्ड पुं [ओड्र] उत्कल देश । वि. उत्कल देश का निवासी ।
ओड्डिअ वि [ओड्रीय] उत्कलदेशीय ।
ओड्ढण न [दे] ओढन, उत्तरीय ।
ओड्ढिगा स्त्री [दे] ओढनी ।
ओढण न [दे] अवगुण्ठन ।
ओण देखो ऊण = ऊन ।
ओणंद सक [अव+नन्द्] अभिनन्दन करना ।
ओणम अक [अव+नम्] नीचे नमना ।
ओणय वि [अवनत]नमा हुआ । न.नमस्कार ।
ओणल्ल अक [अव+लम्ब्] लटकना ।
ओणविय वि [अवनमित] नमाया हुआ ।
ओणाम सक [अव+नमय्] नीचे नमाना ।
ओणामणी स्त्री [अवनामनी] एक विद्या, जिसके प्रभाव से वृक्ष वगैरह स्वयं फलादि देने के लिए अवनत होते हैं ।
ओणिअत्त अक [अपनि+वृत्] पीछे हटना । वापिस आना ।
ओणिमिल्ल वि [अवनिमीलित] मुद्रित । मूंदा हुआ ।
ओणियट्ट देखो ओणिअत्त ।
ओणियव्व पु [दे] वल्मीक, चीटियो का खुदा हुआ मिट्टी का ढेर ।
ओणीवी स्त्री [दे] नीवी, कटि-सूत्र ।
ओणुणअ वि [दे] अभिभूत ।
ओण्णिद्द न [औन्निद्रय] निद्रा का अभाव ।
ओण्णिय वि [और्णिक] ऊन का बना हुआ ।
ओणेज्ज वि [उपनेय] साँचे मे ढाल कर बना हुआ फूल आदि, साँचे से बनता मोम का पुतला ।
ओत्तलहअ पुं [दे] विटप ।
ओत्ताण देखो उत्ताण ।
ओत्थ सक [स्थग्] ढकना ।
ओत्थअ वि [अवस्तृत] फैला हुआ । आच्छादित ।
ओत्थअ वि [दे] अवसन्न, खिन्न ।
ओत्थइअ देखो ओच्छइय ।
ओत्थर देखो ओच्छर ।
ओत्थर पु [दे] उत्साह ।
ओत्थरिअ वि [दे] आक्रान्त । जो आक्रमण करता हो वह ।
ओत्थल्ल देखो उत्थल्ल=उत्+स्तृ ।
ओत्थल्लपत्थल्ला देखो उत्थल्लपत्थल्ला ।
ओत्थाडिय वि [अवस्तृत] बिछाया हुआ ।
ओत्थार सक [अव+स्तारय्] आच्छादित करना ।
ओदइग } ओदइय } पुन [औदयिक] उदय, कर्म-विपाक । वि. उदय निष्पन्न । पु कर्मोदय रूप भाव । वि. उदय होने पर होनेवाला ।
ओदत्त न [औदात्य] उदात्तता । श्रेष्ठता ।
ओदज्ज न [औदार्य] उदारता ।
ओदण न [ओदन] भात ।
ओदरिय वि [औदरिक] पेट भरा, पेट भरने के लिए ही जो साधु हुआ हो वह ।
ओदहण न [अवदहन] तप्त किये हुये लोहे के कोश वगैरह से दागना ।
ओदारिय न [औदार्य] उदारता ।
ओद्द वि [आर्द्र] गीला ।
ओद्दंपिअ वि [दे] आक्रान्त । नष्ट ।

ओद्धंस सक [अव + ध्वंस्] गिराना । हटाना । हराना ।
ओधाव सक [अव + धाव्] पीछे दौड़ना ।
ओधुण देखो अवधुण ।
ओधूअ वि [अवधूत] कम्पित ।
ओधूसरिअ वि [अवधूसरित] धूसर रंग वाला, हलका पीला रंगवाला ।
ओनडिय वि [अवनटित]अवगणित तिरस्कृत ।
ओपल्ल वि [दे] अपदीर्ण, कुण्ठित ।
ओप्प वि [दे] मृष्ट, ओप दिया हुआ ।
ओप्प सक [अर्पय्] अर्पण करना ।
ओप्पा स्त्री [दे] शाण आदि पर मणि वगैरह का घर्षण करना ।
ओप्पाइय वि [औत्पातिक] उत्पात-सम्बन्धी ।
ओप्पिअ वि [दे] शाण पर घिसा हुआ ।
ओप्पील पु [दे] समूह ।
ओप्पुंसिअ, ओप्पुसिअ देखो उप्पुसिअ ।
ओवद्ध वि [अववद्ध] बँधा हुआ । अवसन्न ।
ओवुज्झ सक [अव + वुध्] जानना ।
ओब्भालण देखो उब्भालण ।
ओभग्ग वि [अवभग्न] भग्न, नष्ट ।
ओभावणा स्त्री [अपभ्राजना] लोक-निन्दा ।
ओभास अक [अव + भास्] प्रकाशना ।
ओभास सक [अव + भाष्] याचना करना ।
ओभास पु [अवभास] प्रकाश । महाग्रह-विशेष ।
ओभासण न [अवभासन] प्रकाशन, उद्योतन । आविर्भाव । प्राप्ति ।
ओभुग्ग वि [अवभुग्न] वक्र ।
ओभेडिय वि [अवमुक्त] छुडाया हुआ । रहित किया हुआ ।
ओम वि [अवम] असार ।
ओम वि [अवम] कम । लघु । न. दुर्भिक्ष । °कोट्ठ वि [°कोष्ठ] जिसने कम खाया हो वह । °चेलग, °चेलय वि [°चेलक] जीर्ण और मलिन वस्त्र धारण करनेवाला । °रत्त पु [°रात्र] ज्योतिष की गिनती के अनुसार जिस तिथि का क्षय होता है वह । अहोरात्र ।
ओमइल्ल वि [अवमलिन] मलिन ।
ओमंथ [दे] देखो ओमत्थ ।
ओमंथिय वि [अवमस्तिक]शीर्षासन में स्थित ।
ओमंस वि [दे] अपसृत, अपगत ।
ओमज्जण न [अवमज्जन] स्नान-क्रिया ।
ओमज्जायण पुं [अवमज्जायन] ऋषि-विशेष ।
ओमज्जिअ वि [अवमार्जित] स्पर्शित ।
ओमट्ठ वि [अवमृष्ट] स्पृष्ट ।
ओमत्थ वि [दे] नत, अधोमुख ।
ओमल्ल न [निर्माल्य] निर्माल्य, देवोच्छिष्ट द्रव्य ।
ओमल्ल वि [दे] घनीभूत । कठिन, जमा हुआ ।
ओमाण पुं [अपमान] अपमान, तिरस्कार ।
ओमाण न [अवमान] जिससे क्षेत्र वगैरह का माप किया जाता है वह, हस्त, दण्ड वगैरह मान । जिसका माप किया जाता है वह क्षेत्रादि ।
ओमाय वि [अवमित] परिमित, मापा हुआ ।
ओमाल देखो ओमल्ल = निर्माल्य ।
ओमाल अक [उप + माल्] शोभना । सक. सेवा करना । पूजा करना ।
ओमालिअ देखो ओमल्ल = निर्माल्य ।
ओमालिआ स्त्री [अवमालिका] चिमड़ी या मुरझाई हुई माला ।
ओमास पुं [अवमर्श] स्पर्श ।
ओमिण सक [अव + मा] मापना । मान करना ।
ओमिणण न [दे] प्रोखनक । वर के लिए सासू की ओर से किया हुआ न्योछावर ।
ओमिय वि [अवमित] परिच्छिन्न, परिमित ।
ओमील अक [अव + मील्] मुद्रित होना, बन्द होना ।
ओमीस वि [अवमिश्र] मिश्रित । समीपस्थ ।

न. सामीप्य ।
ओमुक्क वि [अवमुक्त] परित्यक्त ।
ओमुग्ग देखो उम्मुग्ग ।
ओमुच्छिअ वि [अवमूर्च्छित] महा-मूर्च्छा को प्राप्त ।
ओमुद्धग वि [अवमूर्धक] अधोमुख ।
ओमुय सक [अव + मुच्] पहनना ।
ओमोय पु [ओमोक] आभरण ।
ओमोयर वि [अवमोदर] भूख की अपेक्षा न्यून भोजन करनेवाला ।
ओमोयरिय न [अवमोदरिक] न्यून भोजनत्व । दुर्भिक्ष, अकाल ।
ओम्माय पु [उन्माद] उन्मत्तता ।
ओय न [ओजस्] विषम सख्या—जैसे एक, तीन, पॉच आदि । आहार-विशेष, अपनी उत्पत्ति के समय जीव प्रथम जो आहार लेता है वह। बल ।प्रकाश । उत्पत्ति-स्थान मे आहृत पुद्गलो का समूह । आर्तव, ऋतु-धर्म ।
ओय वि [ओकस्] गृह ।
ओय वि [ओज] एक, असहाय । मध्यस्थ, उदासीन । पु विषम राशि ।
ओयसि वि [ओजस्विन्] बलवान् । तेजस्वी ।
ओयट्टण न [अपवर्त्तन] पीछे हटना ।
ओयड्ढ सक [अप + कृप्] खीचना ।
ओयड्ढिया } स्त्री [दे] ओढनी । चादर,
ओयड्ढी } दुपट्टा ।
ओयण देखो ओदण ।
ओयत्त वि [अववृत्त] अवनत, अधोमुख ।
ओयत्त सक [अप + वर्तय्] खाली करने के लिए नमाना ।
ओयत्तण न [अपवर्तन] खिसकाना ।
ओयविय वि [दे] परिकर्मित ।
ओया स्त्री [ओजस्] शक्ति । प्रकाश । माता का शुक्र-शोणित ।
ओयाइअ देखो उवयाइय ।
ओयाय वि [उपयात] समीप पहुँचा हुआ ।
ओयार सक [अव + तारय्] नीचे उतारना ।
ओयार पु [अवतार] घाट, तीर्थ ।
ओयारग वि [अवतारक] उतारनेवाला । प्रवृत्ति करनेवाला ।
ओयारण देखो उयारण ।
ओयावइत्ता अ [ओजयित्वा] बल दिखा कर । चमत्कार दिखा कर । विद्या आदि का सामर्थ्य दिखा कर ।
ओर वि [दे] सुन्दर । समीप ।
ओरंपिअ वि [दे] आक्रान्त । नष्ट । पतला किया हुआ, छिला हुआ ।
ओरत्त वि [दे] गर्विष्ठ । कुसुम्भ से रक्त । विदारित ।
ओरद्ध देखो अवरद्ध = अपराद्ध ।
ओरम अक [उप + रम्] निवृत्त होना ।
ओरल्ली स्त्री [दे] लम्बी और मधुर आवाज ।
ओरस सक [अव + तृ] नीचे उतरना ।
ओरस वि [उपरस] स्नेह-युक्त ।
ओरस वि [औरस] स्व-पुत्र । हृदयोत्पन्न ।
ओरस्स वि [औरस्य] हृदयोत्पन्न, आभ्यन्तरिक ।
ओराल देखो उराल ।
ओराल न [औदार] नीचे देखो ।
ओरालिय न [औदारिक] शरीर-विशेष, मनुष्य और पशुओ का शरीर । वि. शोभायमान । औदारिक शरीरवाला । °णाम न [°नामन्] औदारिक शरीर का हेतुभूत कर्म ।
ओरालिय वि [दे] व्याप्त । उपलिप्त । पोछा हुआ । प्रसारित ।
ओराली देखो ओरल्ली ।
ओरिकिय न [अवरिङ्कित] महिष की आवाज ।
ओरिल्ल पु [दे] दीर्घ काल ।
ओरी [दे] समीप ।
ओरुंज न [दे] क्रीडा-विशेष ।
ओरुंभिय वि [उपरुद्ध] आवृत्त ।

ओरुण्ण वि [अवरुदित] रोया हुआ ।
ओरुद्ध वि [अवरुद्ध] रुका हुआ, बन्द किया हुआ ।
ओरुभ सक [अव + रुह्] उतरना । उतारना ।
ओरुम्मा अक [उद् + वा] सूखना ।
ओरुह देखो ओरुभ ।
ओरोध देखो ओरोह = अवरोध ।
ओरोह देखो ओरुभ ।
ओरोह पुं [अवरोध] अन्तःपुर की स्त्री । नगर के दरवाजा का अवान्तर द्वार । संघात ।
ओलअ पुं [दे] बाज पक्षी । अपलाप, निह्नव ।
ओलअणी स्त्री [दे] नवोढा ।
ओलइअ वि [दे. अवलगित] शरीर में सटा हुआ, परिहित । लगा हुआ ।
ओलइणी स्त्री [दे] प्रिया, स्त्री ।
ओलंड सक [उत् + लङ्घ्] उल्लंघन करना ।
ओलंब पुं [अवलम्ब] नीचे लटकना । सहारा ।
ओलंबण न [अवलम्बन] सहारा । °दीव पुं [°दीप] शृङ्खला-बद्ध दीपक ।
ओलंबिय वि [उल्लंबित] लटकाया हुआ ।
ओलंभ पुं [उपालम्भ] उलाहना ।
ओलक्खिअ वि [उपलक्षित] पहिचाना हुआ ।
ओलगि (अप) देखो ओलग्गि ।
ओलग्ग सक [अव + लग्] पीछे लगना । सेवा करना ।
ओलग्ग वि [अवरुग्ण] ग्लान, बीमार । दुर्बल ।
ओलग्ग वि [अवलग्न] पीछे लगा हुआ ।
ओलग्ग [दे] देखो ओलुग्ग ।
ओलावअ पुं [दे] बाज पक्षी ।
ओलि देखो ओली = आली ।
ओलिंदअ पुं [अलिन्दक] बाहर के दरवाजे का प्रकोष्ठ ।
ओलिप सक [दे] पोलना । [?लिप्] ।
ओलिप सक [अव + लिप्] लीपना ।
ओलिभा स्त्री [दे] उपदेहिका, दीमक ।
ओलित्त वि [अवलिप्त, उपलिप्त] लीपा हुआ ।
ओलित्ती स्त्री [दे] खड्ग आदि का एक दोष ।
ओलिप्प न [दे] हास, हँसी ।
ओलिप्पंती स्त्री [दे] खड्ग आदि का एक दोष ।
ओलिह सक [अव + लिह्] आस्वादन करना ।
ओली सक [अव + ली] आगमन करना । नीचे आना । पीछे आना ।
ओली स्त्री [आली] श्रेणी ।
ओली स्त्री [दे] कुलाचार ।
ओलुकी स्त्री [दे] बालकों की एक प्रकार की क्रीडा ।
ओलुंड सक [वि + रेचय्] झरना, टपकना, बाहर निकलना ।
ओलुंप पु [अवलोप] मसलना ।
ओलुंपअ पु [दे] तवा का हाथा ।
ओलुग्ग वि [अवरुग्ण] रोगी । भग्न, नष्ट ।
ओलुग्ग वि [दे] सेवक । बल-हीन । निस्तेज ।
ओलुग्गाविय वि [दे] बीमार । विरह, पीडित ।
ओलुट्ट वि [दे] असंघटमान । मिथ्या ।
ओलेहड वि [दे] अन्यासक्त । तृष्णा-पर । प्रवृद्ध ।
ओलोअ देखो अवलोअ ।
ओलोट्ट सक [अप + लुठ्] पीछे लौटना ।
ओलोयण न [अवलोकन] देखना । गवाक्ष । खोज, दृष्टि ।
ओल्ल पुं [दे] पति । स्वामी । दण्डप्रतिनिधि पुरुष, राजपुरुष-विशेष ।
ओल्ल देखो उल्ल = आर्द्र । आर्द्रय् ।
ओल्लट्टण पुं [अवलटन] एक नरक-स्थान ।

ओल्लणी स्त्री [दे] मार्जिता, इलायची, दालचीनी आदि मसाला से संस्कृत दधि ।

ओल्लरण न [दे] स्वाप, सोना ।

ओल्लरिअ वि [दे] सुप्त ।

ओल्लविद (शौ) नीचे देखो ।

ओल्लिअ वि [आर्द्रित] आर्द्र किया हुआ ।

ओल्ली स्त्री [दे] पनक, काई ।

ओल्हव सक [वि + ध्यापय्] बुझाना । ठण्ढा करना ।

ओव न [दे] हाथी वगैरह को बाँधने के लिए किया हुआ गर्त्त ।

ओवअण न [अवपतन] नीचे गिरना ।

ओवइणी स्त्री [अवपातिनी] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से स्वय नीचे आता है या दूसरे को नीचे उतारता है ।

ओवइय वि [अवपतित] नीचे आया हुआ । आ पड़ा हुआ, आ डटा हुआ । न. पतन ।

ओवइय पुंस्त्री [दे] तीन इन्द्रियवाला एक क्षुद्र जन्तु ।

ओवइय वि [औपचयिक] उपचित, परिपुष्ट ।

ओवगारिय वि [औपकारिक] उपकार करनेवाला उपकारार्थक ।

ओवग्ग सक [अप + क्रम्] व्याप्त करना । ढकना ।

ओवग्ग सक [उप + वल्ग्, आ + क्रम्] आक्रमण करना । पराभव करना ।

ओवग्गहिय वि [औपग्रहिक] जैन साधुओ का एक प्रकार का उपकरण, जो कारण-विशेष से थोडे समय के लिए लिया जाता है ।

ओवग्गिअ वि [दे. उपवल्गित] अभिभूत । आक्रान्त ।

ओवघाइय वि [औपघातिक] उपघात करनेवाला, पीडा उत्पन्न करनेवाला ।

ओवच्च सक [उप + व्रज्] पास जाना ।

ओवट्ट अक [अप + वृत्] पीछे हटना । कम होना, ह्रास-प्राप्त होना ।

ओवट्ट पुं [अपवर्त्त] ह्रास, हानि । भागाकार।

ओवट्टिअ न [दे] चाटु, खुशामद ।

ओवट्ठ वि [अनवृष्ट] जिसने वृष्टि की हो वह ।

ओवट्ठ पुं [दे. अववर्ष] वृष्टि ।

ओवट्ठिइअ वि [औपस्थितिक] उपस्थिति के योग्य, नौकर ।

ओवड अक [अव + पत्] गिरना ।

ओवडण न [अवपतन]अध पात । झम्पापात ।

ओवड्ढ वि [उपार्धं] आधे के करीब । °ोमोयरिया स्त्री [°वमोदरिका] बारह कवल का ही आहार करना, तप-विशेष ।

ओवड्ढि वि [अपवृद्धि] ह्रास ।

ओवड्ढा स्त्री [दे] ओढ़नी का एक भाग ।

ओवण न [उपवन] बगीचा, आराम ।

ओवणिहिय पु [औपनिहित, औपनिधिक] समीपस्थ भिक्षा को लेनेवाला साधु ।

ओवणिहिया स्त्री [औपनिधिकी] आनुपूर्वी-विशेष ।

ओवत्त सक [अप + वर्त्तय्] उलटा करना । फिराना । फेकना ।

ओवत्त वि [अपवृत्त] फिराया हुआ ।

ओवत्थाणिय वि [औपस्थानिक] सभा का कार्य करनेवाला नौकर ।

ओवम देखो ओवम्म ।

ओवमिय वि [औपमिक] उपमा-सम्बन्धी ।

ओवमिय } न [औपम्य] उपमा । उपमान,
ओवम्म } प्रमाण ।

ओवय सक [अव + पत्] नीचे उतरना । आ पडना ।

ओवयण न [दे. अवपदन] प्रोह्वणक, चुमना ।

ओवयाइयय वि [औपयाचितक] मनौती से प्राप्त किया हुआ ।

ओवयारिय वि [औपचारिक] उपचार-सम्बन्धी ।

ओवर पु [दे] समूह ।

ओववाइय वि [औपपातिक] एक जन्म से दूसरे जन्म में जाने वाला। जिसकी उत्पत्ति होती हो वह। पु. संसारी, प्राणी। देव या नारक जीव का शरीर। जैन आगम-ग्रन्थ विशेष, औपपातिक सूत्र।

ओवसग्गिय वि [औपसर्गिक] उपसर्ग से सम्बन्ध रखने वाला, उपद्रव—समर्थ रोगादि। शब्द-विशेष, प्र, परा आदि अव्यय रूप शब्द।

ओवसमिअ पुन [औपशमिक] उपशम। वि. उपशम से उत्पन्न।

ओवसेर न [दे] चन्दन। वि. रति-योग्य।

ओवस्सय देखो उवस्सय।

ओवह सक[अव + वह्]बह जाना। डूबना।

ओवहारिअ वि [औपहारिक] उपहार-सम्बन्धी।

ओवहिय वि [औपधिक] माया से गुप्त विचरनेवाला।

ओवाअअ पुं [दे] जल-समूह की गरमी।

ओवाइय देखो ओववाइय।

ओवाइय देखो उवयाइय।

ओवाइय वि [आवपातिक] सेवा करनेवाला।

ओवाडण न [अवपाटन] विदारण। नाश।

ओवाडिय वि [अवपाटित] विदारित।

ओवाय सक [उप + याच्] मनौती करना।

ओवाय पु [अवपात] सेवा। भक्ति। गर्त्त, गड्ढा। नीचे गिरना।

ओवाय वि [औपाय] उपाय-जन्य। उपाय-सम्बन्धी।

ओवार सक [अप + वारय्] ढकना।

ओवारि न [दे] धान्य भरने का एक प्रकार का लम्बा कोठा, गोदाम।

ओवारिअ वि [दे] राशिकृत।

ओवास अक [अव + काश्] शोभना। जगह मिलना।

ओवास पु [अवकाश] अवकाश, खाली जगह।

ओवास पु [उपवास] उपवास।

ओवासंतर पुन [अवकाशान्तर] आकाश।

ओवाह सक [अव + गाह्] अवगाहना।

ओवाहिअ वि [अपवाहित] नीचे गिराया हुआ। घुमाकर नीचे डाला हुआ।

ओविअ वि [दे] आरोपित। मुक्त। छोना हुआ। न. खुशामद। रोदन। वि. परिकर्मित। रचित, व्याप्त। उज्ज्वालित, शृङ्गारित। देखो उविय।

ओविद्ध वि [अपविद्ध] प्रेरित, आहत। नीचे गिराया हुआ।

ओवील सक [अव + पीडय्] पीड़ा पहुँचाना, मार-पीट करना।

ओवीलय देखो उव्वीलय।

ओवुब्भमाण देखो ओवह का कवकृ.।

ओवेहा स्त्री [उपेक्षा] उपदर्शन। अवधीरण।

°ओव्वण देखो जोव्वण।

ओव्वत्त अक [अप + वृत्] पीछे फिरना। लौटना। अवनत होना।

ओव्वत्त वि [अपवृत्त] पीछे फिरा हुआ। नमा हुआ।

ओव्वेव्व देखो उव्वेव।

ओस देखो ऊस = ऊष।

ओस पु [दे] देखो ओसा। °चारण पु. हिम के अवलम्बन से जानेवाला साधु।

ओसक्क सक [अव + ष्वष्क्] कम करना। पीछे हटना, अपसरण करना। पलायन करना। उदीरण करना, उत्तेजित करना। नियत काल से पहले करना।

ओसक्क वि [दे अवष्वष्कित] अपसृत, पीछे हटा हुआ।

ओसट्ट अक [वि + सृप्] फैलना।

ओसट्ट वि [दे] विकसित, प्रफुल्लित।

ओसडिअ वि [दे] आकीर्ण, व्याप्त।

ओसढ न [औषध] दवा, इलाज।

ओसढिअ वि [औषधिक] वैद्य, चिकित्सक।

ओसण न [दे] उद्वेग, खेद ।
ओसण्ण वि [अवसन्न] खिन्न । शिथिल, ढीला । निमग्न । न. एकान्त ।
ओसण्ण वि [दे] त्रुटित, खण्डित ।
ओसण्णं अ [दे] प्रायः ।
ओसत्त वि [अवसक्त] सम्बद्ध, संयुक्त ।
ओसधि देखो ओसहि ।
ओसद्ध वि [दे] गिराया हुआ ।
ओसप्पिणी स्त्री [अवसर्पिणी] दश कोटा-कोटि सागरोपमपरिमित काल-विशेष, जिसमे सर्व पदार्थो के गुणो की क्रमशः हानि होती जाती है ।
ओसम सक [उप + शमय्] उपशान्त करना ।
ओसर अक [अव + तॄ] नीचे आना । अव-तरना ।
ओसर अक [अप + सृ] अपसरण करना, पीछे हटना । सरकना, खिसकना, फिसलना ।
ओसर सक [अव + सृ] आना, तीर्थंकर आदि महापुरुष का पधारना ।
ओसर पुं [अवसर] अवसर, समय । अन्तर ।
ओसरण न [अवसरण] जिन-देव का उपदेश स्थान । साधुओ का एकत्रित होना ।
ओसरण न [अपसरण] हटना, दूर होना । वि दूर करनेवाला ।
ओसरिअ वि [दे] आकीर्ण, व्याप्त । आँख के इशारे से संकेतित या इंगित । अधोमुख । न. आँख का इशारा ।
ओसरिअ वि [उपसृत] सम्मुखागत ।
ओसरिआ स्त्री [दे] अलिन्दक, बाहर के दर-वाजे का प्रकोष्ठ ।
ओसव पुं [उत्सव] उत्सव, आनन्द-क्षण ।
ओसव देखो ओसम ।
ओसविय वि [उच्छ्रयित] ऊँचा किया हुआ ।
ओसव्विअ वि[दे]शोभा-रहित । न. अवसाद ।
ओसह न [औषध] दवाई, भैषज ।
ओसहि°, ही स्त्री [ओषधि] वनस्पति । नगरी-विशेष । °महिहर पुं [°महिधर] पर्वत-विशेष ।
ओसहिअ वि [आवसथिक] चन्द्रार्घ-दानादि व्रत को करनेवाला ।
ओसा स्त्री [दे] ओस । हिम ।
ओसाअ पुं [दे] प्रहार की पीडा ।
ओसाअ पुं [अवश्याय] हिम, ओस ।
ओसाअंत वि [दे] जँभाई खाता हुआ आलसी । बैठता । वेदना-युक्त ।
ओसाअण वि [दे] जमीन का मालिक । आपोशान ।
ओसाण न [अवसान] अन्त । समीपता । गुरु के समीप स्थान, गुरु के पास निवास ।
ओसाणिहाण वि [दे] विधि-पूर्वक अनुष्ठित ।
ओसाय पुं [अवश्याय] ओस ।
ओसायण न [अवसादन] परिशाटन, नाश ।
ओसार सक [अप + सारय्] दूर करना ।
ओसार पुं [दे] गो-वाट, गो-बाड़ा ।
ओसार देखो ऊसार = उत्सार ।
ओसार पुं [अवसार] कवच, बख्तर ।
ओसारिअ वि [अवसारित] अवलम्बित, लटकाया हुआ ।
ओसास (अप) देखो ओवास = अवकाश ।
ओसिअ वि [दे] अबल । अपूर्व ।
ओसिअ वि [उषित] बसा हुआ, रहा हुआ । व्यवस्थित ।
ओसिअंत वकृ [अवसीदत्]पीडा पाता हुआ ।
ओसिंघिअ वि [दे] सूँघा हुआ ।
ओसिंचित्तु वि [अपसेचयितृ] अपसेक करने-वाला ।
ओसिक्खिअ न [दे] गति-व्याघात । अरति-निहित ।
ओसित्त वि [अवसिक्त] भिगाया हुआ, सिक्त।
ओसित्त वि [दे] उपलिप्त ।
ओसिय वि [अवसित] पर्यवसित । उपशान्त । जीत, पराभूत ।

ओसिरण न [दे] व्युत्सर्जन, परित्याग।
ओसीअ वि [दे] अधो-मुख।
ओसीर देखो उसीर।
ओसीस अक [अप+वृत्] पीछे हटना। घूमना, फिरना।
ओसीस वि [अप+वृत्त] अपवृत्त।
ओसुअ वि [उत्सुक] उत्कण्ठित।
ओसुंखिअ वि [दे] उत्प्रेक्षित, कल्पित।
ओसुभ सक [अव+पातय्] गिरा देना। नष्ट करना।
ओसुक्क सक [तिज्] तीक्ष्ण करना, तेज करना।
ओसुक्क वि [अवशुष्क] सूखा हुआ।
ओसुक्ख अक [अव+शुष्] सूखना।
ओसुद्ध वि [दे] विनिपतित। विनाशित।
ओसुय न [औत्सुक्य] उत्सुकता।
ओसोयणी, ओसोवणिया, ओसोवणी स्त्री [अवस्वापनी] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से दूसरे को गाढ निद्राधीन किया जा सकता है।
ओस्सक्क पु [अवष्वष्क] अपसर्पण, पीछे हटना।
ओस्सा [दे] देखो ओसा।
ओस्साड पु [अवशाट] नाश।
ओह देखो ओघ।
ओह सक [अव+तॄ] नीचे उतरना।
ओह पुंन [ओघ] उत्सर्ग, सामान्य नियम। सामान्य। प्रवाह। सलिल-प्रवेश। आस्रव-द्वार। ससार। °सूय न [°श्रुत] शास्त्र-विशेष।
ओहंक पुं [दे] हास, हँसी।
ओहंजलिया स्त्री [दे] क्षुद्र जन्तु-विशेष, चतुरिन्द्रिय जीव-विशेष।
ओहंतर वि [ओघतर] संसार पार करने-वाला।
ओहंस पुं [दे] चन्दन। जिसपर चन्दन घिसा जाता है वह शिला।
ओहट्ट अक [अप+घट्ट्] कम होना, ह्रास पाना। पीछे हटना। सक. हटाना, निवृत्त करना। निषेध करना।
ओहट्ट पुं [दे] अवगुण्ठन। नीवी, कटि-वस्त्र। वि. अपसृत, पीछे हटा हुआ।
ओहट्ट, ओहट्टय वि [अपघट्टक] निवारक, हटाने-वाला, निषेधक।
ओहट्टिअ वि [दे] दूसरे को दबाकर हाथ से गृहीत।
ओहट्ठ पुं [दे] ह्रास, हँसी।
ओहट्ठ वि [अवघृष्ट] घिसा हुआ।
ओहड वि [अपहृत] नीचे लाया हुआ।
ओहडणी स्त्री [दे] अर्गला।
ओहत्त वि [दे] अवनत।
ओहत्थिअ वि [अपहस्तित] परित्यक्त, दूर किया हुआ।
ओहय वि [उपहत] उपघात-प्राप्त।
ओहय वि [अवहत] विनाशित।
ओहर सक [अप+हृ] अपहरण करना।
ओहर अक [अव+हृ] टेढा होना, वक्र होना। सक. उलटा करना। फिराना।
ओहर न [उपगृह] छोटा गृह। कोठरी।
ओहरण न [दे] विनाशन, हिंसा। असम्भव अर्थ की सम्भावना। अस्त्र। वि. आघ्रात।
ओहरिअ वि [दे. अपहृत] फेंका हुआ। नीचे गिराया हुआ। उतारा हुआ। अपनीत।
ओहरिस वि [दे] आघ्रात। पुं. चन्दन घिसने की शिला।
ओहल देखो उऊखल।
ओहल सक [अव+खल्] घिसना।
ओहली स्त्री [दे] ओघ, समूह।
ओहस सक [उप+हस्] उपहास करना।
ओहसिअ न [दे] वस्त्र। वि धूत, कम्पित।
ओहाइअ वि [दे] अधो-मुख।
ओहाइअ वि [अवधावित] चरित्र से भ्रष्ट।

ओहाडण न [अवघाटन] प्रायश्चित्त-विशेष। ढकना, पिधान।

ओहाडणी स्त्री [दे. अवघाटनी] पिधानी। एक प्रकार की ओढ़नी।

ओहाडिय वि [अवघाटित] पिहित। स्थगित।

ओहाण न [उपधान] स्थगन, ढकना।

ओहाण न [अवधान] उपयोग, ख्याल।

ओहाण न [अवधावन] अवक्रमण, पीछे हटना।

ओहाम सक [तुलय्] तौलना, तुलना करना।

ओहामिय वि [दे] अभिभूत। तिरस्कृत। बन्द किया हुआ, स्थगित।

ओहार सक [अव + धारय्] निश्चय करना। °व वि [°वत्] निश्चयवाला। नियम करना।

ओहार पु [दे] कच्छप। नदी वगैरह के बीच की शुष्क जगह, द्वीप। अंश, विभाग। जल-चर-जन्तु-विशेष।

ओहारइत्तु वि [अवहारयितृ] निश्चय करने-वाला।

ओहरइत्तु वि [अवहारयितृ] दूसरे पर मिथ्या-भियोग लगानेवाला।

ओहारणी स्त्री [अवधारणी] निश्चयात्मक भाषा।

ओहारिणी स्त्री [अवधारिणी] ऊपर देखो।

ओहाव सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना।

ओहाव अक [अव + धाव्] पीछे हटना। दीक्षा को छोड देना।

ओहावण न [अवभावन] अपमान, अपकीर्ति।

ओहावणा स्त्री [अपहापना] लाघव।

ओहावणा स्त्री [अपभावना] तिरस्कार।

ओहाविअ वि [अपभावित] तिरस्कृत। ग्लान।

ओहास पुं [अवहास, उपहास] हँसी।

ओहासण न [अवभाषण] याचना। विशिष्ट भिक्षा।

ओहासिय वि [अवभाषित] याचित।

ओहि पुंस्त्री [अवधि] मर्यादा, सीमा। रूपी-पदार्थ का अतीन्द्रिय ज्ञान-विशेष। °जिण पुं [°जिन] अवधिज्ञानवाला साधु। °णाण न [°ज्ञान] अवधिज्ञान। °णाणावरण न [°ज्ञानावरण] अवधिज्ञान का प्रतिबन्धक कर्म। °दंसण न [°दर्शन] रूपी वस्तु का अतीन्द्रिय सामान्य ज्ञान। °दंसणावरण न [°दर्शनावरण] अवधिदर्शन का आवारक कर्म। °मरण न. मरण-विशेष।

ओहिअ वि [अवतीर्ण] उतरा हुआ।

ओहिअ वि [औधिक] औत्सर्गिक, सामान्य रूप से उक्त।

ओहिण्ण वि [अपभिन्न] रोका हुआ।

ओहित्थ न [दे] विषाद। रभस, वेग। वि. विचारित।

ओहिर देखो ओहीर।

ओहिर देखो ओहर = अप + हृ।

ओहीअंत वि [अवहीयमान] क्रमशः कम होता हुआ।

ओहीण वि [अवहीन] पीछे रहा हुआ। गुजरा हुआ।

ओहीर अक [नि + द्रा] निद्रा लेना।

ओहीर अक [सद्] खिन्न होना।

ओहीरिअ वि [अवधीरित] तिरस्कृत, परिभूत।

ओहीरिअ वि [दे] उद्गीत। अवसन्न, खिन्न।

ओहुअ वि [दे] अभिभूत।

ओहुज देखो उवहुज।

ओहुड वि [दे] विफल।

ओहुप्पंत वि [आक्रम्यमाण] जिसपर आक्रमण किया जाता हो वह।

ओहुर वि [दे] अवनत, अवाङ्मुख। खिन्न। स्रस्त, ध्वस्त।

ओहुल्ल वि [दे] खिन्न। अवनत।

ओहूणण न [अवधूनन] कम्प। उल्लङ्घन। अपूर्व करण से भिन्न ग्रन्थि का भेद करना।

ओहूय वि [अवधूत] उल्लङ्घित।

क

क पुं [क]प्राकृत वर्ण-माला का प्रथम व्यञ्जनाक्षर, जिसका उच्चारण-स्थान कण्ठ है। ब्रह्मा। किये हुये पाप का स्वीकार। न. पानी। सुख। देखो °अ = क।

क देखो कि।

कअवंत देखो कय-व = कृतवत्।

कइ वि. व. [कति] कितना। °अ वि [°क] कतिपय। °अव वि [°पय] कतिपय। °इ अ [°चित्] कईएक। °त्थ वि [°थ] कौन संख्या का ?। °वइय,°वय,°वाह वि[°पय] कईएक। °वि अ [°अपि] कईएक। °विह वि [°विध] कितने प्रकार का।

कइ वि [कृतिन्] विद्वान्। पुण्यवान्।

कइ अ [क्वचित्] कही, किसी जगह मे।

कइ अ [कदा] कब, किस समय ?

कइ पुं [कपि] बन्दर। °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष, वानर-द्वीप। °द्धय, °धय पुं [°ध्वज] वानर-द्वीप के एक राजा का नाम। अर्जुन। °हसिअ न [°हसित] स्वच्छ आकाश मे अचानक विजली का दर्शन। वानर के समान विकृत मुँह का हँसना।

°कइ देखो कवि = कवि। °अर (अप) पुं [कवि] श्रेष्ठ कवि। °मा स्त्री [°त्व]कवित्व। °राय पुं [°राज] श्रेष्ठ कवि। 'गउडवहो' नामक प्राकृत काव्य के कर्त्ता वाक्पतिराज-नामक कवि।

कइअ वि [क्रयिक] खरीदने वाला।

कइअंक, कइअंकसइ } पुं [दे] निकर।

कइअव न [कैतव] कपट, दम्भ।

कइआ अ [कदा] कब, किस समय ?

कइउल्ल वि [दे] थोडा।

कइंद पुं [कवीन्द्र] श्रेष्ठ कवि।

कइकच्छु स्त्री [कपिकच्छु] वृक्ष-विशेष, केवाँच, कौंछ, कवाछ।

कइगई स्त्री [कैकयी] राजा दशरथ की एक रानी।

कइत्थ पुं[कपित्थ]कैंथ का पेड़। फल-विशेष।

कइम वि [कतम] बहुत में से कौन सा ?

कइयव्व देखो कइअव।

कइयहा (अप) अ [कदा] कब, किस समय ?

कइयाइ अ [कदाचित्] किसी समय में।

कइर देखो कयर = कतर।

कइर पुं [कदर] वृक्ष-विशेष।

कइरव न [कैरव] कमल। कुमुद।

कइरविणी स्त्री [कैरविणी] कुमुदिनी, कमलिनी।

कइलास पुं [कैलास, °श] स्वनाम-ख्यात पर्वत-विशेष। मेरु पर्वत। देव-विशेष, एक नाग-राज। °सय पुं [°शय] महादेव। देखो केलास।

कइलासा स्त्री [कैलासा, °शा] देव-विशेष की एक राजधानी।

कइल्लवइल्ल पुं [दे] स्वच्छन्द-चारी बैल।

कइविया स्त्री [दे] बरतन-विशेष, पीकदान।

कइस (अप) वि [कीदृश] कैसा।

कईया (अप) देखो कइआ।

कईवय देखो कइवय।

कईस पुं [कवीश] श्रेष्ठ कवि।

कईसर पुं [कवीश्वर] उत्तम कवि।

कउ पुं [क्रतु] यज्ञ।

कउ (अप) अ [कुतः] कहाँ से।

कउअ वि [दे] मुख्य। पुन. चिह्न।

कउच्छेअय पुं [कौक्षेयक] पेट पर बँधी हुई तलवार।

कउड न [दे. ककुद] देखो कउह = ककुद।

कउरअ, कउरव } पु [कौरव] कुरु देश का राजा। पुस्त्री. कुरु वंश मे उत्पन्न। वि,

कुरु (देश या वंश) से सम्बन्ध रखनेवाला। कुरु देश मे उत्पन्न।

कउल न [दे] करीष, गोइँठा का चूर्ण।

कउल न [कौल] तान्त्रिक मत का प्रवर्त्तक ग्रन्थ, कौलोपनिषद् वगैरह। वि. शक्ति का उपासक। तान्त्रिक मत को जाननेवाला। तान्त्रिक मत का अनुयायी। देवता-विशेष।

कउलव देखो कउरव।

कउसल पुन [कौशल] चतुराई। कुशलता, दक्षता।

कउह न [दे] नित्य।

कउह पुन [ककुद] बैल के कन्धे का कुब्बड़। सफेद छत्र वगैरह राज-चिह्न। पर्वत का अग्रभाग, टोच। वि. प्रधान, मुख्य।

कउहा स्त्री [ककुभ्] दिशा। शोभा, कान्ति। चम्पा के पुष्पो की माला। इस नाम की एक रागिणी। शास्त्र। विकीर्ण केश।

कउहि वि [ककुदिन्] वृषभ।

कए
कएणं } अ [कृते] निमित्त, लिए।
कएण

कएल्ल वि [कृत] किया हुआ।

कओ अ [कुतः] कहाँ से ?। °हुत्त क्रिवि [दे] किस तरफ।

कओ अ [क्व] कहाँ, किस स्थान मे।

कओण्ह वि [कदुष्ण] थोड़ा गरम।

कओल देखो कवोल।

कं अ [कम्] उदक।

कंइ अ [दे] किससे।

कंक पुं [कङ्क] पक्षि-विशेष। एक प्रकार का मजबूत और तीक्ष्ण लोहा। वृक्ष-विशेष। °पत्त न [°पत्र] एक प्रकार का वाण, जो उड़ता है।°लोह पुन. एक प्रकार का लोहा। °वत्त देखो °पत्त।

कंकइ पु [कङ्कति] वृक्ष-विशेष, नागवला-नामक ओषधि।

कंकड पु [कङ्कट] वर्म, कवच।

कंकडुअ
कंकडुग } पु [काङ्कटुक] दुर्भेद्य माष, उरद की एक जाति, जो कभी पकती ही नही।

कंकण न [कङ्कण] कँगन।

कंकण पु [दे] चतुरिन्द्रिय जन्तु की एक जाति।

कंकणी स्त्री [कङ्कण] हाथ का आभरण-विशेष।

कंकति पु [कङ्कति] ग्राम-विशेष।

कंकतिज्ज पुस्त्री [काङ्कतीय] माघराज वंश मे उत्पन्न।

कंकय पु [कङ्कत] नागवला-नामक ओषधि। सर्प की एक जाति। पुस्त्री कघा।

कंकलास पु [कृकलास] कर्कोट, साँप की एक जाति।

कंकसी स्त्री [दे] कघी।

कंकाल न [कङ्काल] चमडी और मास रहित अस्थि-पञ्जर।

कंकावस पु [कङ्कावंश] वनस्पति-विशेष।

कंकिल्लि देखो कंकेल्लि।

कंकुण देखो कंकण = दे।

कंकेलि पु [कङ्केलि] अशोक वृक्ष।

कंकेल्लि पु [दे. कङ्केल्लि] अशोक वृक्ष।

कंकोड न [दे. कर्कोट] ककरैल, एक प्रकार की सब्जी। पु एक नागराज। साँप की एक जाति।

कंकोल पु [कङ्कोल] शीतल-चीनी के वृक्ष का एक भेद। न. उस वृक्ष का फल। देखो कक्कोल।

कंख सक [काङ्क्ष्] वाञ्छना।

कंखा स्त्री [काङ्क्षा] अभिलाष। आसक्ति। अन्य धर्म की चाह अथवा उसमें आसक्ति रूप सम्यक्त्व का एक अतिचार। °मोहणिज्ज न [°मोहनीय] कर्म-विशेष।

कंगणी स्त्री [दे] वल्ली-विशेष, कागनी।

कंगु स्त्रीन [कङ्गु] धान्य-विशेष, काँगन। वल्ली-विशेष।

कंगुलिया स्त्री [दे. कङ्गुलिका] जिन-मन्दिर की एक बडी आशातना, जिन-मन्दिर में या उसके नजदीक लघु या वृद्ध नीति का करना।

कंचण पुन[काञ्चन]एक देव-विमान। वि.सुवर्ण का। °पह न [°प्रभ] रत्न-विशेष। वि. रत्न-विशेष का बना हुआ। °पायव पु [°पादप] वृक्ष-विशेष।

कंचण पुं [काञ्चन] वृक्ष-विशेष। स्वनाम-ख्यात एक श्रेष्ठी। न. सुवर्ण। °उर न[°पुर] कलिंग देश का एक मुख्य नगर। °कूड न [°कूट] सौमनस-नामक वक्षस्कार पर्वत का एक शिखर। देवविमान-विशेष। रुचक पर्वत का एक शिखर। °केअई स्त्री [°केतकी] लता-विशेष। °तिलय न [°तिलक] इस नाम का विद्याधरों का एक नगर। °त्थल न [°स्थल] स्वनामख्यात एक नगर। °वला-णग न [°वलानक] चौरासी तीर्थों में एक तीर्थ का नाम। °सेल पु [°शैल] मेरुपर्वत।

कंचणग पु [काञ्चनक] पर्वत-विशेष। काञ्च-नक पर्वत का निवासी देव।

कंचणा स्त्री [कञ्चना] स्वनामख्यात एक स्त्री।

कंचणार पु [कञ्चनार] वृक्ष-विशेष।

कंचणिया स्त्री [काञ्चनिका] रुद्राक्ष-माला।

कंचा (पै) देखो कण्णा।

कंचि } कंची } स्त्री [काञ्चि, °ञ्ची] स्वनाम-ख्यात एक देश। कटि-मेखला। स्वनाम-ख्यात एक नगर।

कंची स्त्री [दे] मुशल के मुँह में रक्खी जाती लोहे की एक वलयाकार चीज।

कंचीरय न [दे] पुष्प-विशेष।

कंचीरय न [काञ्चीरत] सुरत-विशेष।

कंचु } कंचुअ } पु [कञ्चुक] स्त्री का स्तनाच्छादक वस्त्र। साँप की केंचुली। वर्म, कवच। वृक्ष-विशेष। वस्त्र।

कंचुइ पुं [कञ्चुकिन्] अन्तःपुर का प्रतीहार। साँप। जव। चना। जुआर, जोन्हरी। वि. जिसने कवच धारण किया हो वह।

कंचुइअ वि [कञ्चुकित] कञ्चुकवाला।

कंचुइज्ज पु [कञ्चुकीय] अन्तःपुर का प्रतीहार।

कंचुइज्जंत वि [कञ्चुकायमान] कञ्चुक की तरह आचरण करता।

कंचुग देखो कंचुअ।

कंचुगि देखो °कंचुइ।

कंचुलिआ स्त्री [कञ्चुलिका] चोली।

कंछुल्ली स्त्री [दे] कण्ठाभरण।

कंजिअ न [काञ्जिक] काञ्जिक।

कंट देखो कंटग।

कंटअंत वि [कण्टकायमान] कण्टक जैसा। पुलकित होता।

कंटइअ वि [कण्टकित] कण्टकवाला। रोमा-ञ्चित, पुलकित।

कंटइज्जंत देखो कंटअंत।

कंटइल पुं [कण्टकिल] एक जाति का बाँस। वि कण्टकों से व्याप्त।

कंटउच्चिंच वि [दे] कण्ट प्रोत।

कंटकिल्ल देखो कंटइअ।

कंटग } कंटय } पुं [कण्टक] काटा। रोमाञ्च। शत्रु। वृश्चिक की पूंछ। शल्य। दुःखोत्पादक वस्तु। ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध एक कुयोग। °बोंदिया स्त्री [°दे] कण्टक-शाखा।

कंटाली स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष, कण्टकारिका, भटकटैया।

कंटिय वि [कण्टिक] कण्टकवाला। वृक्ष-विशेष।

कंटिया स्त्री [कण्टिका] वनस्पति-विशेष।

कंटी स्त्री [दे] कण्ठिका, पर्वत के नजदीक की भूमि।

कंटुल्ल } [दे] देखो कंकोड = (दे)।
कंटोल }

कंठ पुं [दे] सूकर। मर्यादा।

कंठ पुं [°कण्ठ] गला, घाँटी। समीप। अञ्चल। °दरखलिअ वि [°दरस्खलित] गद्गद्। °मुरय न [°मुरज] आभरण-विशेष। °मुरवी स्त्री. गले का एक आभरण। मुही° स्त्री [°मुखी] गले का एक आभूपण। °सुत्त न [°सूत्र] सुरत-बन्ध-विशेष। गले का एक आभूपण।

कंठ वि [कण्ठ्य] कण्ठ से उत्पन्न। सरल।

कंठकुची स्त्री [दे] वस्त्र वगैरह के अञ्चल में बँधी हुई गाँठ। गले मे लटकती हुई लम्बी नाडी-ग्रन्थि।

कंठदीणार पु [दे] छिद्र। विवर।

कठमल्ल न [दे] ठठरी, मृत-शिविका। यान-पात्र, वाहन।

कंठमाल पुंस्त्री [कण्ठमाल] रोग-विशेष।

कंठय पुं [कण्ठक] स्वनाम-ख्यात एक चौर-नायक।

कंठाकंठि अ [कण्ठाकण्ठि] गले-गले मे ग्रहण कर।

कंठाल वि [कण्ठवत्] बडा गलावाला।

कंठिअ पुं [दे] चपरासी, प्रतीहार।

कंठिआ स्त्री[कण्ठिका]गले का एक आभूपण।

कठीरअ } पुं [कण्ठीरव] सिंह। शार्दूल।
कंठीरव }

कड सक [कण्ड्] व्रीहि वगैरह का छिलका अलग करना। खीचना। खुजवाना। साफ-सुथरा करना।

कंड न [काण्ड] अंगुल का असख्यातवाँ भाग।

कंड पुन [काण्ड] लाठी। निन्दित समुदाय। पानी। पर्व। वृक्ष का स्कन्ध। वृक्ष की शाखा। वृक्ष का वह एक भाग, जहाँ से शाखाएँ निकलती है। ग्रन्थ का एक भाग। गुच्छ। अश्व। प्रेत, पितृ और देवता के यज्ञ का एक हिस्सा। रीढ, पृष्ठ भाग की लम्बी हड्डी। खुशामद। प्रशंसा। गुप्तता। एकान्त। तृण-विशेष। निर्जन पृथ्वी। अवसर, प्रस्ताव। समूह। बाण। देव विमान-विशेष। पर्वत वगैरह का एक भाग। खण्ड। अवयव। °च्छारिय पुं [°छारिक] इस नाम का एक ग्राम। एक ग्रामनायक। देखो कंडग, कंडय।

कंड पु [दे] फेन, फीन। वि दुर्वल। विपन्न।

कंडइअ देखो कंटइअ।

कंडइज्जत देखो कंटइज्जंत।

कडग न [कण्डक] संख्यातीत सयम-स्थान-समुदाय। विभाग, पर्वत आदि का एक भाग।

कंडग पुंन [काण्डक] देखो कंड = काण्ड। संयम श्रेणि-विशेष। इस नाम का एक ग्राम। देखो कंडय।

कंडण न[कण्डन]व्रीहि वगैरह को साफ करना।

कडपंडवा स्त्री [दे] परदा।

कंडय पुन [काण्डक] देखो कंड = काण्ड तथा कंडग। राक्षसो का चत्य वृक्ष। तावीज, गण्डा, यन्त्र।

कंडरीय पुं [कण्डरीक] महापद्म राजा का एक पुत्र, पुण्डरीक का छोटा भाई, जिसने वर्षो तक जैनी दीक्षा का पालन कर अन्त मे उसका त्याग कर दिया था।

कंडरीय वि [कण्डरीक] अशोभन। अप्रधान।

कंडलि } स्त्री [कन्दरिका] गुफा।
कंडलिआ }

कंडवा स्त्री [कण्डवा] वाद्य-विशेष।

कंडार सक [उत् + कृ] खुदना, छील-छाल कर ठीक करना।

कंडावेल्ली स्त्री [काण्डवल्ली] वनस्पति-विशेष।

कंडियायण न [कण्डिकायन] वैशाली (बिहार) का एक चैत्य।

कंदल न [दे] कपाल ।

कंदलग पुं [कन्दलक] एक खुरवाला जानवर-विशेष ।

कंदलिअ, कंदलिल्ल } वि [कन्दलित] अंकुरित ।

कंदली स्त्री [कन्दली] लता-विशेष । अंकुर ।

कंदली स्त्री [कन्दली] कन्द-विशेष ।

कंदविय पुं [कान्दविक] हलवाई ।

कंदिंद पुं [क्रन्देन्द्र क्रन्दितेन्द्र] क्रन्दित-नामक देव-निकाय का इन्द्र ।

कंदिय पुं [क्रन्दित] वाणव्यन्तर देवों की एक जाति । न रोदन, आक्रन्द ।

कंदी स्त्री [दे] मूला ।

कंदु पुस्त्री [कन्दु] एक प्रकार का वरतन, जिसमे माण्ड वगैरह पकाया जाता है, हाँडा ।

कंदुअ पुं [कन्दुक] गेद । वनस्पति-विशेष ।

कंदुइअ पुं [कान्दविक] हलवाई ।

कंदुक देखो कंदुअ ।

कंदुग देखो कंदुअ ।

कंदुट्ट न [दे] देखो कंदोट्ट ।

कदुव्वय पुंन [दे] कन्द-विशेष ।

कंदुय देखो कंदुइअ ।

कंदोइय देखो कंदुइअ ।

कंदोट्ट न [दे] नील कमल ।

कंध देखो खंध = स्कन्ध ।

कंधरा स्त्री [कन्दरा] ग्रीवा ।

कंधार पुं [दे] ग्रीवा का पिछला भाग ।

कंप अक [कम्प्] काँपना ।

कंप पुं [कम्प] अस्थैर्य, चलन, हिलन ।

कंपड पुं [दे] पथिक ।

कंपण न [कम्पन] कम्प, हिलन । रोग-विशेष । °वाइअ वि [°वातिक] कम्प वायु नामक रोगवाला ।

कंपिल्ल वि [कम्पवत्] काँपनेवाला, अस्थिर ।

कंपिल्लि पु [काम्पिल्य] यदुवंशीय राजा अन्धकवृष्णि के एक पुत्र का नाम । न. पजाव देश का एक नगर । °पुर न. नगर-विशेष ।

कंब वि [कम्र] कामुक । सुन्दर ।

कंब° देखो कंबा ।

कंबर पुं [दे] विज्ञान ।

कंबल पुन [कम्बल] कामरी । पु. स्वनाम-ख्यात एक वलीवर्द । गौ के गले का चमडा, सास्ना, गलकम्बल, लहर ।

कंबा स्त्री [कम्बा] यष्टि, लकडी ।

कंबि, कंबी } स्त्री [कम्बि, °म्बी] दर्वी, कडछी । लीला-यष्टि, छड़ी ।

कंबिया स्त्री [कम्बिका] पुस्तक का पुट्ठा ।

कंबु पु [कम्बु] शङ्ख । इस नाम का एक द्वीप । पर्वत-विशेष । न. एक देव-विमान । °गीव न [°ग्रीव] एक देव-विमान ।

कंबोय पु [कम्बोज] देश-विशेष ।

कंबोय वि [काम्बोज] कम्बोज देश मे उत्पन्न ।

कंभार पु. व. [कश्मीर] इस नाम का एक प्रसिद्ध देश । °जम्म न [जन्मन्] कुंकुम, केसर । देखो कम्हार ।

कंभूर (अप) ऊपर देखो ।

कंस पु. राजा उग्रसेन का एक पुत्र, श्रीकृष्ण का मातुल । महाग्रह-विशेष । काँसा । °णाभ पु [°नाभ] ग्रह-विशेष । °वण्ण पु [°वर्ण] ग्रह-विशेष । °वण्णाभ पु [°वर्णाभ] ग्रह-विशेष । °संहारण पु. कृष्ण, विष्णु ।

कंस न [कास्य] कासा । वाद्य-विशेष । परिमाण-विशेष । प्याला । °ताल न. वाद्य-विशेष । °पत्ती, °पाई स्त्री [°पात्री] कांसा का वना हुआ पात्र-विशेष । °पाय न [°पात्र] कांसा का वना हुआ पात्र ।

कंसार पु [दे] कसार, एक प्रकार की मिठाई ।

कंसारी स्त्री [दे] त्रीन्द्रिय क्षुद्र जन्तु की एक जाति ।

कंसाल पु [कांस्याल] वाद्य-विशेष ।

कंसाला स्त्री [कंसताला, कास्यताला] वाद्य का एक प्रकार का निर्घोष ।

कंसालिया स्त्री [कांस्यतालिका] एक प्रकार का वाद्य।

कंसिअ पु [कांस्यिक] कसेरा, कँसारी, कांस्य-कार। वाद्य-विशेष।

कंसिआ स्त्री [कंसिका] ताल। वाद्य-विशेष।

ककाणि पुस्त्री [दे] मर्म स्थान।

ककुध } देखो कउह = ककुद।
ककुभ }

ककुह देखो कउह = ककुद। हरिवंश का एक राजा।

ककुहा देखो कउहा।

कक्क पु [कल्क] उद्वर्तन-द्रव्य। न. पाप। माया, कपट। °गरुग न [°गुरुक] माया, कपट।

कक्क पुन [कल्क] चन्दन आदि उद्वर्तन द्रव्य। प्रसूति-रोग आदि में किया जाता क्षार-पातन। लोध्र आदि से उद्वर्तन। °कुरुया स्त्री [°कुरुका] माया, कपट।

कक्क पु [कर्क] चक्रवर्ती का एक देव-कृत प्रासाद। कर्क राशि।

कक्कंध पु [कर्कन्ध] ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष।

कक्कंधु स्त्री [कर्कन्धु] बैर का वृक्ष।

कक्कड पुं [कर्कट] कर्कराशि। न. जलजन्तु-विशेष, कुलीर। ककडी। हृदय की एक प्रकार की वायु।

कक्कडच्छ पु [कर्कटाक्ष] ककड़ी, खीरा।

कक्कडिया } स्त्री [कर्कटिका, °टी] ककडी
कक्कडी } (खीरा) का गाछ।

कक्कणा स्त्री [कल्कना] पाप। माया।

कक्कब पुं [दे] गुड बनाते समय की इक्षु-रस की एक अवस्था।

कक्कर पुं [कर्कर] कंकर, पत्थर। वि. कठिन। कर्कर आवाजवाला।

कक्करणया स्त्री [कर्करणता] दोषोद्भावन, दोषोद्भावनगर्भित प्रलाप।

कक्कराइय न [कर्करायित] कर्कर की तरह आचरित। दोषोच्चारण।

कक्कस वि [कर्कश] कठोर। प्रखर, चण्ड। तीव्र, प्रगाढ। अनिष्ट। निष्ठुर। चबा-चबा कर कहा हुआ वचन।

कक्कब } पु [दे] दध्योदन, करम्ब।
कक्कसार }

कक्कसेण पु [कर्कसेन] अतीत उत्सर्पिणीकाल में उत्पन्न एक स्वनामख्यात कुलकर पुरुष।

कक्कारुआ स्त्री [कर्कारुका] कूष्माण्डवल्ली, कोंहड़ा का गाछ।

कक्किंड पुं [दे] कृकलास, गिरगिट।

कक्कि पुं [कल्किन्] भविष्य में होनेवाला पाटलिपुत्र का एक राजा।

कक्किय न [कल्किक] पाप।

कक्केअण पुन [कर्केतन] रत्न की एक जाति।

कक्केरअ पुं [कर्केरक] मणि-विशेष की एक जाति।

कक्कोड न [कर्कोट] ककरैल, ककोड़ा। देखो कक्कोडय।

कक्कोडई स्त्री [कर्कोटकी] ककोड़े का वृक्ष, ककरैल का गाछ।

कक्कोडय न [कर्कोटक] देखो कक्कोड। पुं अनुवेलन्धर-नामक एक नाग-राज। उसका आवास पर्वत।

कक्कोल पुं [कक्कोल] शीतल-चीनी के वृक्ष का एक भेद। न. फल-विशेष, जो सुगन्धित होता है। देखो कंकोल।

कक्कोली स्त्री [कक्कोली] वृक्ष-विशेष।

कक्ख देखो कच्छ = कक्ष।

कक्खग वि [कक्षाग] कक्षा-प्राप्त। पु. कक्षा का केश।

कक्खड देखो कक्कस।

कक्खड वि [दे] पीन, पुष्ट।

कक्खडगी स्त्री [दे] सखी।

कक्खल [दे] देखो कक्कस।

कक्खा देखो कच्छा = कक्षा ।
कग्घाड पुं [दे] अपामार्ग, चिरचिरा, लटजीरा । किलाट, दूध की मलाई ।
कग्घायल पुं [दे] किलाट, दूध का विकार, दूध की मलाई ।
कच्च न [दे. कृत्य] कार्य ।
कच्च (पै) देखो कज्ज ।
कच्च न [काच] काँच, शीशा ।
कच्चंत वि [कृत्यमान] पीड़ित किया जाता ।
कच्चरा स्त्री [दे] कचरा, कच्चा खरबूजा । कचरा को सूखाकर, तलकर और मसाला डालकर वनाया हुआ खाद्य-विशेप ।
कच्चवार पुं [दे] कतवार, कूडा ।
कच्चाइणी स्त्री [कात्यायनी] देवी-विशेप, चण्डी ।
कच्चायण पुं [कात्यायन] स्वनाम-ख्यात ऋपि-विशेप । न. कौशिक गोत्र की शाखा-रूप एक गोत्र। पुंस्त्री. उस गोत्र मे उत्पन्न ।
कच्चायणी स्त्री [कात्यायनी] पार्वती ।
कच्चि अ [कच्चित्] इन अर्थो का सूचक अव्यय—प्रश्न । मण्डल । अभिलाप । हर्प ।
कच्चु (अप) ऊपर देखो ।
कच्चूर पुं [कर्चूर] वनस्पति-विशेप, कचूर, काली हलदी ।
कच्चोल, कच्चोलय पुंन [कच्चोलक] पात्र-विशेप, प्याला ।
कच्छ पुं [कक्ष] काँख, कखरी । वन । तृण । शुष्क तृण । वल्ली । शुष्क काष्ठों वाला जंगल । राजा वगैरह का जनानखाना । हाथी को वाँधने की डोर । पार्श्व, वाजू । ग्रह-भ्रमण । कक्षा । द्वार । गूगल । विभीतक वृक्ष । घर की भीत । स्पर्धा का स्थान । जल-प्राय देश ।
कच्छ पुं व.स्वनाम-ख्यातदेश । जलप्राय देश । कच्छा, लँगोट । इक्षु वगैरह की वाटिका । महाविदेह वर्प मे स्थित एक विजय-प्रदेश । तट । नदी के जल से वेष्टित वन । भगवान् ऋपभदेव का एक पुत्र । कच्छ-विजय का एक राजा । कच्छ-विजय का अधिष्ठायक देव । पार्श्ववर्ती प्रदेश । राजा वगैरह के उद्यान के समीप का प्रदेश । दोधक छंद का एक भेद । °कूड न [°कूट] माल्यवन्त नामक वक्षस्कार पर्वत का एक शिखर । कच्छ-विजय के विभाजक वैताढय पर्वत के दक्षिणोत्तर पार्श्व-वर्त्ती दो शिखर । चित्रकूट पर्वत का एक शिखर । °ाहिव पुं [°ाधिप] कच्छ देश का राजा । °ाहिवइ पु [°ाधिपति] कच्छ देश का राजा ।
कच्छ पुंन. नदी के पास की नीची जमीन । मूला आदि की वाडी ।
कच्छकर पुं [दे] काछिआ, सब्जी वेचनेवाला ।
कच्छगावई स्त्री [कच्छकावती] महाविदेह वर्प का एक विजय-प्रदेश ।
कच्छट्टी स्त्री [दे] कछौटी, लँगोटी ।
कच्छभ पु [कच्छप] कूर्म । राहु । °रिंगिय न [°रिङ्गित] गुरु-वन्दन का एक दोष, कछुए की तरह चलते हुए वन्दन करना ।
कच्छभाणिया स्त्री [दे] जल मे होनेवाली वनस्पति-विशेष ।
कच्छभी स्त्री [कच्छपी] कूर्मी । वाद्य-विशेष । नारद की वीणा । पुस्तक-विशेप ।
कच्छर पुं [दे] पङ्क ।
कच्छरी स्त्री [कच्छरी] गुच्छ-विशेप ।
कच्छव (अप) पु [कच्छ] स्वनाम-प्रसिद्ध देश-विशेप ।
कच्छव देखो कच्छभ ।
कच्छवी देखो कच्छभी ।
कच्छह देखो कच्छभ ।
कच्छा स्त्री [कक्षा] विभाग । उरो-वन्धन, हाथी के पेट पर वाँधने की रज्जु । काँख । श्रेणी । कमर पर वाँधने का वस्त्र । जनान-

खाना। संशय-कोटि। स्पर्धा-स्थान। घर की भीत। प्रकोष्ठ।

कच्छा स्त्री कटि-मेखला। °वई स्त्री [°वती] देखो कच्छगावई। °वईकूड न [°वतीकूट] महाविदेह वर्ष में स्थित ब्रह्मकूट पर्वत का एक शिखर।

कच्छादब्भ पुं [दे. कक्षादर्भ] रोग-विशेष।

कच्छु स्त्री [कच्छू] खुजली, खाज। खाज को उत्पन्न करनेवाली औषधि, कपिकच्छु। °ल, °ल्ल वि [°मत्] खाज रोगवाला।

कच्छुट्टिया स्त्री [दे. कच्छपटिका] कछौटी। लँगोटी।

कच्छुरिअ वि [दे] ईर्षित। न. ईर्ष्या।

कच्छुरिअ वि [कच्छुरित] व्याप्त, खचित।

कच्छुरी स्त्री [दे] कपिकच्छु, केवाँच।

कच्छुल पुं गुल्म-विशेष।

कच्छुल्ल पुं. स्वनामख्यात एक नारद-मुनि।

कच्छू देखो कच्छु।

कच्छोटी स्त्री [दे] कछौटी, लँगोटी।

कज्ज वि [कार्य] जो किया जाय वह। करने-योग्य। न. प्रयोजन। कारण। काम। °जाण वि [°ज्ञ] कार्य को जाननेवाला। °सेण पुं [°सेन] अतीत उत्सर्पिणीकाल में उत्पन्न स्वनामख्यात एक कुलकर पुरुष।

कज्जआ (शौ) स्त्री [कन्यका] कन्या।

कज्जउड पुं [दे] अनर्थ।

कज्जमाण वि [क्रियमाण] जो किया जाता हो वह।

कज्जल न. काजल। सुरमा। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] सुदर्शना-नामक जम्बू-वृक्ष की उत्तर दिशा में स्थित एक पुष्करिणी।

कज्जलइअ वि [कज्जलित] काजलवाला। श्याम।

कज्जलंगी स्त्री [कज्जलाङ्गी] कज्जल-गृह, दीप के ऊपर रखा जाता पात्र, जिसमें काजल इकट्ठा होता है।

कज्जला स्त्री. इस नाम की एक पुष्करिणी।

कज्जलाव अक [त्रुट्] टूटना।

कज्जलिअ देखो कज्जलइअ।

कज्जव } पु [दे] विष्ठा, मैला। तृण वगैरह
कज्जवय } का समूह, कूड़ा।

कज्जिय वि [कार्यिक] कार्यार्थी, प्रयोजनार्थी।

कज्जोवग पुं [कार्योपग] अठासी महाग्रहों में एक ग्रह का नाम।

कज्झाल न [दे] सेवाल।

चन्द्र के तुल्य कान्तिवाला । पुं. आठवे जिन-देव का नाम । चन्द्रकान्त मणि । एक जैन मुनि । न देवविमान-विशेष । चन्द्र का सिहासन । °प्पभा स्त्री[°प्रभा]चन्द्र की एक अग्र-महिषी । मदिरा-विशेष । इस नाम की एक राज-कन्या । इस नाम की एक शिविका जिसमे बैठकर भगवान् शीतलनाथ और महा-वीर स्वामी दीक्षा के लिए बाहर निकले थे । °प्पह देखो °प्पभ । °भागा स्त्री. एकनदी । °मंडल पुन [°मण्डल] चन्द्र का मण्डल, चन्द्र का विमान । चन्द्र का बिम्ब । °मग्ग पुं [°मार्ग] चन्द का मण्डल-गति से परि-भ्रमण । चन्द्र का मण्डल । °मणि पुं. मणि-विशेष । °माला स्त्री. चन्द्राकार हार, चन्द्र-हार । छन्द-विशेष।°मालियास्त्री[°मालिका] वही पूर्वोक्त अर्थ ।°मुही स्त्री [°मुखी] चन्द्र के समान आह्लादक मुखवाली स्त्री । सीता-पुत्र कुश की पत्नी । °रह पु [°रथ] विद्या-धर वंश का एक राजा । °रिसि पु [°ऋषि] एक जैन ग्रन्थकार मुनि । °लेस न [°लेश्य] देवविमान-विशेष । °लेहा स्त्री [°लेखा] चन्द्रकला । एक राज-पत्नी । °वडिसग न [°ावतंसक] चन्द्र के विमान का नाम । देखो चंडवर्डिसग । °वण्ण न [°वर्ण] एक देवविमान । °वयण वि [°वदन] चन्द्र के तुल्य आह्लादजनक मुँहवाला । पुं. राक्षस-वश का एक राजा । °विकंप पुन [°विकम्प] चन्द्र का विकम्प-क्षेत्र । °विमाण न [°विमान] चन्द्र का विमान । °विलासि वि [°विलासिन्] चन्द्र के तुल्य मनोहर । °वेग पुं. एक विद्यावर-नरेश । °संवच्छर पु [°सवत्सर] चान्द्र मासो से निष्पन्न सवत्सर । °साला स्त्री [°शाला] अटारी । °सालिया स्त्री [°शालिका] अट्टालिका । °सिंग न [°श्रृङ्ग] देव-विमान-विशेप । °सिट्ठ न [°शिष्ट] एक देवविमान । °सिरी स्त्री [°श्री] द्वितीय कुलकर पुरुप की माँ का नाम । °सिहर पुं [°शिखर] विद्याधर वंश का एक राजा । °सूरदंसावणिया, °सूरपा-सणिया स्त्री [°सूरदर्शनिका] बालक का जन्म होने पर तीसरे दिन उसको कराया जाता चन्द्र और सूर्य का दर्शन और उसके उपलक्ष्य मे किया जाता उत्सव । °सूरि पु. स्वनामविख्यात एक जैन आचार्य । °सेण पु [°सेन] भगवान् आदिनाथ का एक पुत्र । एक विद्याधर राज-कुमार । °सेहर पु [°शेखर] भूप-विशेप । महादेव । °हास पु. खड्ग-विशेप ।

चंद पुं [चन्द्र] जिसमे अधिक मास न हो वह वर्प । °उडु पु [ऋतु] कुछ अधिक उनसठ दिनों की एक ऋतु । °परिवेस पु [°परिवेष] चन्द्र-परिधि । °प्पहा स्त्री [°प्रभा] देखो चंदप्पभा । °ावदी स्त्री [°ावती] एक नगरी ।

चंद वि[चान्द्र] चन्द्र-सम्बन्धी । °कुल न. जैन मुनियो का एक कुल ।

चंदअ देखो चंद = चन्द्र ।

चंदइल्ल पु [दे] मोर ।

चंदंक पुं [चन्द्राङ्क] विद्याधर वंश का एक स्वनाम-प्रसिद्ध राजा ।

चंदग [चन्द्रक] देखो चंद । °विज्झ, °वेज्झ न [°वेध्य] राधावेध ।

चंदट्ठिआ स्त्री [दे] भुज, शिखर, कन्धा । गुच्छा ।

चंदण पु [चन्दन] एक देवविमान । रत्न की एक जाति । पु. द्वीन्द्रिय जीव-विशेष, अक्ष का जीव ।

चंदण पुन [चन्दन] चन्दन का पेड । न. चन्दन की लकडी । घिसा हुआ चन्दन । छन्द-विशेप । रुचक पर्वत का एक शिखर । °कलस पुं [°कलश] चन्दन-चर्चित कुम्भ, माङ्गलिक घट । °घड पुं [°घट] मंगल-

कारक घडा । °वाला स्त्री. एक साध्वी स्त्री, भगवान् महावीर की प्रथम शिष्या । °वइ पुं. [°पति] स्वनाम-ख्यात एक राजा ।

चंदणग पुन [चन्दनक] ऊपर देखो । पुं. द्वीन्द्रिय जन्तु-विशेष, जिसके कलेवर को जैन साधु लोग स्थापनाचार्य में रखते हैं ।

चंदणा स्त्री [चन्दना] भगवान् महावीर की प्रथम शिष्या, चन्दनबाला ।

चंदणि स्त्री [दे] आचमन, कुल्ला । °उयय न [°उदक] कुल्ला फेंकने की जगह ।

चंदणी स्त्री [दे] चन्द्र की पत्नी, रोहिणी ।

चंदम पुं [चन्द्रमस्] चाँद ।

चंदरुद्द देखो चंड-रुद्द ।

चंदवडाया स्त्री [दे] जिसका आधा शरीर ढका और आधा नंगा हो ऐसी स्त्री ।

चंदा स्त्री [चन्द्रा] चन्द्र द्वीप की राजधानी ।

चंदाअव पु [चन्द्रातप] चाँदनी । देखो चंदायय ।

चंदाणण पु [चन्द्रानन] ऐरवत क्षेत्र के प्रथम जिनदेव ।

चंदाणणा स्त्री [चन्द्रानना] चन्द्र के तुल्य आह्लाद उत्पन्न करनेवाली, चन्द्रमुखी । शाश्वती जिन-प्रतिमा-विशेष ।

चंदाभ वि [चन्द्राभ] चन्द्र के तुल्य आह्लाद-जनक । पुं. आठवाँ जिनदेव, चन्द्रप्रभ स्वामी । इस नाम का एक राज-कुमार । न. एक देव-विमान ।

चंदायण न [चान्द्रायण] तप-विशेष, जिसमें चन्द्रमा के घटने-बढने के अनुसार भोजन के कौर घटाने-बढाने पड़ते हैं ।

चंदायण न [चन्द्रायण] चन्द्र का छः-छः मास पर दक्षिण और उत्तर दिशा में गमन ।

चंदायय देखो चंदाअव । आच्छादन-विशेष, वितान, चँदवा ।

चंदालग न [दे] ताम्र का भाजन-विशेष ।

चंदावत्त न [चन्द्रावर्त्त] एक देवविमान ।

चंदाविज्झय देखो चंदग-विज्झ ।

चंदिआ स्त्री [चन्द्रिका] चन्द्र की प्रभा ।

चंदिकोज्जलीय वि [दे. चन्द्रिकोज्ज्वलित] चन्द्रकान्ति से उज्ज्वल बना हुआ ।

चंदिण न [दे] चन्द्रप्रभा ।

चंदिम देखो चंदम एक जैन मुनि ।

चंदिमा स्त्री [चन्द्रिका] ज्योत्स्ना ।

चंदिमाइय न [चान्द्रिक] 'ज्ञाताधर्मकथा' सूत्र का एक अध्ययन ।

चंदिल पुं [चन्दिल] नापित ।

चंदुत्तरवडिंसग न [चन्द्रोत्तरावतंसक] एक देवविमान ।

चंदेरी स्त्री [दे] नगरी-विशेष ।

चंदोज्ज / चंदोज्जय } न [दे] कुमुद, चन्द्र-विकासी कमल ।

चंदोत्तरण न [चन्द्रोत्तरण] कौशाम्बी नगरी का एक उद्यान ।

चंदोयर पुं [चन्द्रोदर] एक राज-कुमार ।

चंदोवग न [चन्द्रोपक] संन्यासी का एक उपकरण ।

चंदोवराग पुं [चन्द्रोपराग] चन्द्र-ग्रहण ।

चंद्र देखो चंद ।

चंप सक [दे] चाँपना, दबाना ।

चंप सक [चर्च्] चर्चा करना ।

चंप सक [आ + रुह्] चढना ।

चंप देखो चंपय ।

चंपग पुंन [चम्पक] एक देवविमान ।

चंपग देखो चंपय ।

चंपडण न [दे] प्रहार, आघात ।

चंपय पुं [चंपक] चम्पा का पेड़ । देव-विशेष । न. चम्पा का फूल । °माला स्त्री. छन्द-विशेष । चम्पा के फूलों का हार । °लया स्त्री [°लता] लताकार चम्पक वृक्ष । चम्पक वृक्ष की शाखा । °वण न [°वन] चम्पक वृक्षों की प्रधानतावाला वन ।

चंपयवडिंसय पु [चम्पकावतंसक] सौधर्म

देवलोक में स्थित एक विमान।

चंपा स्त्री [चम्पा] अंग देश की राजधानी, नगरी-विशेष। °पुरी स्त्री. वही अर्थ।

चंपा स्त्री. देखो चंपय। °कुसुम न. चम्पा का फूल। °वण्ण वि [°वर्ण] चम्पा के फूल के तुल्य रंगवाला, सुवर्ण-वर्ण।

चंपारण (अप) पुं [चम्पारण्य] देश-विशेष, चपारन, तिरहुत कमिश्नरी (विहार) का एक जिला। चंपारन का निवासी।

चंपिअ न [दे] आक्रमण, दबाव।

चंपिज्जिया स्त्री [चम्पीया] जैन मुनिगण की एक शाखा।

चंभ पुं [दे] हल से विदारित भूमि-रेखा।

चकप्पा स्त्री [दे] त्वचा।

चकिद देखो चइद।

चकोर पुस्त्री चकोर पक्षी।

चक्क पु [चक्र] चक्रवाक पक्षी, न. गाड़ी का पहिया। समूह। अस्त्र-विशेष। चक्राकार आभूषण, मस्तक का आभरण-विशेष। व्यूह-विशेष, सैन्य की चक्राकार रचना-विशेष। न. एक देवविमान। °कंत पुं [°कान्त] स्वयं-भूरमण समुद्र का अधिष्ठाता देव। °जोहि पुं [°योधिन्] चक्र से लड़नेवाला योद्धा। वासुदेव, तीन खण्ड पृथिवी का राजा। °ज्झय पुं [°ध्वज] चक्र के निशानवाली ध्वजा। °पहु पुं [°प्रभु] चक्रवर्ती राजा। °पाणि पुं. चक्रवर्ती राजा, सम्राट्। वासुदेव, अर्ध-चक्रवर्ती राजा। °पुरा, °पुरी स्त्री [°पुरी] विदेह वर्ष की एक नगरी। °प्पहु देखो °पहु। °यर पुं [°चर] भिक्षुक। °रयण न [°रत्न] चक्रवर्ती राजा का मुख्य आयुध। °वइ पुं [°पति] सम्राट्। °वइ, °वट्टि पुं [°वर्तिन्] छः खण्ड भूमि का अधिपति राजा, सम्राट्। °वट्टित्त न [°वर्तित्व] सम्राट्पन, साम्राज्य। °वत्ति देखो °वट्टि। °विजय पुं. चक्रवर्ती राजा से जीतने-योग्य क्षेत्र-विशेष। °साला स्त्री [°शाला] तैलिक गृह। °सुह पुं [°शुभ, °सुख] मानुषोत्तर पर्वत का अधिपति देव। °सेण पु [°सेन] स्वनाम-ख्यात एक राजा। °हर पुं [°धर] चक्रवर्ती राजा, सम्राट्। वासुदेव, अर्ध-चक्री राजा।

चक्कआअ देखो चक्कवाय।

चक्कंग पु [चक्राङ्ग] पक्षि-विशेष।

चक्कणभय न [दे] नारंगी का फल।

चक्कणाहय न [दे] तरङ्ग, कल्लोल।

चक्कम } अक [भ्रम्] घूमना, भटकना।
चक्कम्म }

चक्कम्मविअ वि [भ्रमित] घुमाया हुआ, फिराया हुआ।

चक्कय देखो चक्क।

चक्कल न [दे] कुण्डल। हिंडोला का पटिया। वि. वर्त्तुल, गोलाकार पदार्थ। विशाल, विस्तीर्ण।

चक्कलिअ वि [दे] चक्राकार किया हुआ। °भिण्ण वि [°भिन्न] गोलाकार खण्ड, गोल टुकडा।

चक्कवाई स्त्री [चक्रवाकी] चकवी।

चक्कवाग } पुं [चक्रवाक] चकवा।
चक्कवाय }

चक्कवाल न [चक्रवाल] चक्राकार भ्रमण। मण्डल, चक्राकार पदार्थ, गोल वस्तु। गोल जलाशय। गोल जल-समूह, जल-राशि। आवश्यक कार्य, नित्य-कर्म। समूह, राशि, ढेर। पु पर्वत-विशेष। °विक्खंभ पुं [°विष्कम्भ] चक्राकार घेरा, गोल परिधि। °सामायारी स्त्री [°सामाचारी] नित्य-कर्म-विशेष।

चक्कवाला स्त्री [चक्रवाला] गोल पंक्ति, चक्राकार श्रेणी।

चक्काअ देखो चक्कवाय।

चक्काग न [चक्रक] चक्राकार वस्तु।

चक्कार पुं [चक्कार] राक्षस वंश का एक

राजा, एक लंकापति । °वट्ट न. शकट ।

चक्कावाय पुंन. देखो चक्कवाय ।

चक्काह पुं [चक्राभ] सोलहवे जिन-देव का प्रथम शिष्य ।

चक्काहिव पुं [चक्राधिप] चक्रवर्त्ती राजा, सम्राट् ।

चक्काहिवइ पुं [चक्राधिपति] ऊपर देखो ।

चक्कि } वि [चक्रिन्, चक्रिक] चक्रवाला,
चक्किय } चक्र-विशिष्ट । पुं. चक्रवर्ती राजा, सम्राट् । तेली । कुम्भार । °साला स्त्री [°शाली] तेल बेचने की दूकान ।

चक्किय वि [चकित] भयभीत ।

चक्किय पुं [चाक्रिक] चक्र से लडनेवाला योद्धा । भिक्षुक की एक जाति ।

चक्किया क्रि [शक्नुयात्] कर सके, समर्थ हो सके ।

चक्की स्त्री [चक्रा] छन्द-विशेष ।

चक्कुलंडा स्त्री [दे] सर्प की एक जाति ।

चक्केसर पुं [चक्रेश्वर] चक्रवर्त्ती राजा । विक्रम की तेरहवी शताब्दी का एक जैन ग्रन्थकार मुनि ।

चक्केसरी स्त्री [चक्रेश्वरी] भगवान् आदिनाथ की शासनदेवी । एक विद्या-देवी ।

चक्कोडा स्त्री [दे] अग्नि-भेद, अग्नि-विशेष ।

चक्ख (अप) सक [आ+चक्ष्] कहना ।

चक्ख सक [आ+स्वादय्] चखना ।

चक्खडिअ न [दे] जीवितव्य, जीवन ।

चक्खिंदिय न [चक्षुरिन्द्रिय] आँख ।

चक्खु पुंन [चक्षुष्] नेत्र । पुं. इस नाम का एक कुलकर पुरुष । न. देखो नीचे °दंसण ज्ञान, बोध । दर्शन, अवलोकन । °कंत पुं [°कान्त] कुण्डलोद समुद्र का अधिष्ठाता देव । °कंता स्त्री [°कान्ता] एक कुलकर पुरुष की पत्नी । °दंसण न [°दर्शन] चक्षु से वस्तु का सामान्य ज्ञान । °दंसणवडिया स्त्री [°दर्शनप्रतिज्ञा] आँख से देखने का नियम, नयनेन्द्रिय का संयम । °दय वि. ज्ञानदाता ।°पडिलेहा स्त्री [°प्रतिलेखा] आँख से देखना । °परिन्नाण न [°परिज्ञान] रूप-विषयक ज्ञान । °पह पुं [°पथ] नेत्र-मार्ग, नयनगोचर । °फास पुं [°स्पर्श] दर्शन, अवलोकन । °भीय वि [°भीत] अवलोकन मात्र से ही डरा हुआ । °म, °मंत वि [°मत्] लोचन-युक्त, आँखवाला । पुं एक कुलकर पुरुष का नाम । °लोल वि. देखने का शौकीन, जिसकी नयनेन्द्रिय संयत न हो वह । °लोलुय वि [°लोलुप] वही पूर्वोक्त अर्थ । °ल्लोयणलेस्स वि [°लोकनलेश्य] सुरूप । °वित्तिहय वि [°वृत्तिहत] दृष्टि से अपरिचित । °स्सव पुं [°श्रवस्] साँप ।

चक्खुड्डुण न [दे] तमाशा ।

चक्खुय देखो चक्खुस ।

चक्खुरक्खणी स्त्री [दे] लज्जा ।

चक्खुस वि [चाक्षुष] आँख से देखने-योग्य वस्तु, नयन-ग्राह्य ।

चक्खुहर वि [चक्षुर्हर] दर्शनीय ।

चगोर देखो चुओर ।

चच्च सक [चर्च्] चन्दन आदि का विलेपन करना ।

चच्च पुं [चर्च] हेमाचार्य के पिता का नाम । समालम्भन, चन्दन वगैरह का शरीर में उपलेप ।

चच्चर न [चत्वर] चौरास्ता, चौराहा, चौक ।

चच्चरिअ पुं [दे. चञ्चरीक] भौंरा ।

चच्चरिया स्त्री [चर्चरिका] नृत्य-विशेष । देखो चच्चरी ।

चच्चरी स्त्री [चर्चरी] गीत-विशेष, एक प्रकार का गान । गानेवाली टोली । छन्द-विशेष । हाथ की ताली की आवाज ।

चच्चसा स्त्री [दे] वाद्य-विशेष ।

चच्चा स्त्री [दे] शरीर पर सुगन्धि पदार्थ का लगाना, विलेपन । तल-प्रहार, हाथ की

ताली ।

चच्चार सक [उपा+लभ्] उपालम्भ देना, उलाहना देना ।

चच्चिक्क वि [दे] मण्डित, विभूषित । पुंन. विलेपन, चन्दनादि सुगन्धि वस्तु का शरीर पर मसलना ।

चच्चुप्प सक [अर्पय्] अर्पण करना, देना ।

चच्छ सक [तक्ष्] छिलना, काटना ।

चज्ज सक [दृश्] देखना, अवलोकन करना ।

चज्जा स्त्री [चर्या] आचरण, वर्तन । चलन, गमन । परिभाषा, संकेत ।

चटुअ देखो चट्टुअ ।

चट्ट सक [दे] चाटना ।

चट्ट पुंन [दे] भूख । पुं. विद्यार्थी । °साला स्त्री [°शाला] चटशाला, चटसार, छोटे बालकों की पाठशाला ।

चट्टु, चट्टुअ, चट्टुल पुं [दे] दारु-हस्त, काठ की कलछी, परोसने का पात्र-विशेष ।

चड सक [आ+रुह्] चढना, ऊपर बैठना ।

चड पुं [दे] शिखा ।

चडक्क पुंन [दे] चटका । शस्त्र-विशेष ।

चडक्कारि वि [चटत्कारिन्] 'चटत्' शब्द करनेवाला (पवन आदि) ।

चडग देखो चडय ।

चडगर पुं [दे] समूह, जत्था । आडम्बर ।

चडचड पुं. 'चड-चड' आवाज ।

चडचडचड अक [चडचडाय्] 'चड-चड' आवाज करना ।

चडड पुं [चटट] बिजली के गिरने की आवाज ।

चडपड अक [दे] चटपटाना, छटपटाना, क्लेश पाना ।

चडय पुंस्त्री [चटक] गौरैया पक्षी ।

चडवेला स्त्री. देखो चवेडा ।

चडावण न [आरोहण] चढ़ना ।

चडाविय वि [आरोहित] चढाया हुआ, ऊपर स्थापित ।

चडाविय वि [दे] प्रेषित ।

चडिआर पुं. [दे] आडम्बर ।

चडु पुं [चटु] प्रिय वचन । व्रती का एक आसन । उदर । पुंन. खुशामद । °आर वि [°कार] खुशामद करनेवाला, खुशामदी । °आरअ वि [°कारक] खुशामदी ।

चडुकारि वि [चटुकारिन्] खुशामदी ।

चडुत्तरिया स्त्री [दे] उतरचढ़ । वाद-विवाद ।

चडुयारि देखो चडुकारि ।

चडुल वि [चटुल] चंचल, चपल । कंपवाला, हिलता हुआ ।

चडुलग वि [दे. चटुलक] खण्ड-खण्ड किया हुआ ।

चडुला स्त्री [दे] रत्न-तिलक, सोने की मेखला में लटकता हुआ रत्न-निर्मित तिलक ।

चडुलातिलय न [दे] ऊपर देखो ।

चडुलिया स्त्री [दे] अन्त भाग मे जला हुआ घास का पूला, घास की आँटी ।

चड्डु सक [मृद्] मर्दन करना, मसलना ।

चड्डु सक [पिष्] पीसना ।

चड्डु सक [भुज्] भोजन करना ।

चड्डु न [दे] तैल-पात्र, जिसमे दीपक किया जाता है ।

चड्डुण न [भोजन] भोजन । खाने की वस्तु ।

चड्डावल्ली स्त्री इस नाम की एक नगरी ।

चढ देखो चड = आ+रुह् ।

चढ देखो चड ।

चण, चणअ पु [चणक] चना ।

चणइया स्त्री [चणकिका] मसूर ।

चणग देखो चणअ । °गाम पु [°ग्राम] गौड़ देश का एक ग्राम । °पुर न. नगर-विशेष, राजगृह-नगर का असली नाम ।

चणयग्गाम देखो चणग-गाम ।

चणोट्टिया स्त्री [दे] गुञ्जा। देखो कोणेट्टिया।

चत्त पुंन [दे] तकली।

चत्त वि [त्यक्त] छोड़ा हुआ। सूत की आँटी।

चत्तर देखो चच्चर।

चत्ता देखो चत्तालीसा।

चत्ता स्त्री [चर्चा] शरीर पर सुगन्धी वस्तु का विलेपन। विचार, चर्चा।

चत्ताल वि [चत्वारिंश] चालीसवाँ।

चत्तालीस न [चत्वारिंशत्] चालीस। वि. चालीस वर्ष की उम्रवाली।

चत्तालीसा स्त्री [चत्वारिंशत्] चालीस।

चत्थरि पुस्त्री [दे. चस्तरि] हास्य।

चपेटा स्त्री [दे. चपेटा] तमाचा।

चप्प सक [आ+क्रम्] आक्रमण करना, दबाना।

चप्प सक [चर्च्] अध्ययन करना। कहना। भर्त्सना करना। चन्दन आदि से विलेपन करना।

चप्पडग न [दे] काष्ठ-यन्त्र-विशेष।

चप्परण न [दे] तिरस्कार, निरास।

चप्पलअ वि [दे] असत्य। बहुत झूठ बोलने वाला।

चप्पुडिया, चप्पुडी } स्त्री [चप्पुटिका] चपटी, चुटकी, अगुष्ठ के साथ अंगुली की ताली।

चप्फल न [दे] शेखर-विशेष, एक तरह का शिरोभूषण। वि. असत्य, मिथ्याभाषी।

चमक्क पु [चमत्कार] विस्मय, आश्चर्य।

चमक्क, चमक्कर } सक [चमत्+कृ] विस्मित करना, आश्चर्यान्वित करना।

चमक्कार पु [चमत्कार] आश्चर्य, विस्मय।

चमड, चमढ } सक [भुज्] भोजन करना, खाना।

चमढ सक [दे] मर्दन करना, मसलना। प्रहार करना। पीडना। निन्दा करना। आक्रमण करना। उद्विग्न करना।

चमर पुं. पशु-विशेष, जिसके बालों का चामर या चँवर बनता है। पुं. पाँचवें जिनदेव का प्रथम शिष्य। दक्षिण दिशा के असुरकुमारों का इन्द्र। °चंच पुं [°चञ्च] चमरेन्द्र का आवास-पर्वत। °चंचा स्त्री [°चञ्चा] चमरेन्द्र की राजधानी, स्वर्गपुरी-विशेष। °पुर न. विद्याधरों का नगर-विशेष।

चमर पुंन [चामर] चँवर, बालव्यजन। °धारी, °हारी स्त्री [°धारिणी] चामर बीजने या डोलानेवाली स्त्री।

चमरी स्त्री. चमर-पशु की मादा, सुरही गाय।

चमस पुंन. चमचा, कलछी, दर्वी।

चमुक्कार पु [चमत्कार] आश्चर्य, विस्मय। बिजली का प्रकाश।

चमू स्त्री. सैन्य। सेना-विशेष, जिसमें ७२९ हाथी, ७२९ रथ, २१८७ घोड़े और ३६४५ पैदल हों ऐसा लश्कर।

चम्म न [चर्मन्] छाल, त्वक्, चमड़ा। °किड वि [°किट] चमड़े से सीआ हुआ। °कोस, °कोसय पुं [°कोश, °क] चमड़े का बना हुआ थैला। एक तरह का चमड़े का जूता। °कोसिया स्त्री [°कोशिका] चमड़े की बनी हुई थैली। °खडिय वि [°खण्डिक] चमड़े का परिधानवाला। सब उपकरण चमड़े का ही रखनेवाला। °ग वि [°क] चमड़े का बना हुआ चर्ममय। °पक्खि पुं [°पक्षिन्] चमड़े की पाँखवाला पक्षी। °पट्ट पुं. चमड़े का पट्टा, वर्ध्र। °पाय न [°पात्र] चमड़े का पात्र। °यर पुं [°कर] मोची। °रयण न [°रत्न] चक्रवर्ती का रत्न-विशेष, जिससे सुबह में बोये हुए शालि वगैरह उसी दिन पक कर खाने-योग्य हो जाते हैं। °रुक्ख पुं [°वृक्ष] वृक्ष-विशेष।

चम्मट्ठि स्त्री [चर्मयष्टि] चर्मदण्ड, चमड़ा लगी हुई छडी।

चम्मट्ठिअ अक [चर्मयष्टीय्] चर्म-यष्टि की

तरह आचरण करना।
चम्मट्ठिल पुं [चर्मास्थिल] पक्षि-विशेष।
चम्मार पु [चर्मकार] चमार।
चम्मिय वि [चर्मित] चर्म मे बँधा हुआ।
चम्मेट्ठ पु [चर्मेष्ट] चमड़े से वेष्टित पाषाण-वाला आयुध।
चम्मेट्ठग पुंस्त्री [चर्मेष्टक] शस्त्र-विशेष।
चय सक [त्यज्] त्याग करना।
चय सक [शक्] सकना, समर्थ होना।
चय अक [च्यु] मरना, एक जन्म से दूसरे जन्म मे जाना।
चय पुं [चय] देह। समूह। इकट्ठा होना। वृद्धि। ईंटो की रचना-विशेष।
चय पुं [च्यव] जन्मान्तर-गमन।
चयण न[चयन]इकट्ठाकरना। ग्रहण, उपादान।
चयण न [त्यजन] परित्याग।
चयण न [च्यवन] मरण, जन्मान्तर-गमन। पतन, गिर जाना। °कप्प पुं [°कल्प] चारित्र वगैरह से गिरने का प्रकार। शिथिल साधुओ का विहार।
चयण न [च्यवन] च्युति, भ्रंश, क्षय।
चर सक [चर्] चलना, जाना। भक्षण करना। सेवना। जानना।
चर पुं. गमन, गति। वर्तन। जङ्गम प्राणी। °चर वि चलनेवाला।
चरंती स्त्री. जिस दिशा मे भगवान् जिनदेव वगैरह ज्ञानी पुरुष विचरते हो वह।
चरग पुं [चरक] देखो चर = चर। यूथवन्ध घूमने वाले त्रिदण्डियो की एक जाति। दंश-मशकादि जन्तु।
चरचरा स्त्री. 'चर-चर' आवाज।
चरड पुं [चरट] लुटेरे की एक जाति।
चरण पुन. संयम, चारित्र। आचरण। न. व्रत, नियम। चरना, पशुओ का तृणादि-भक्षण। पद्य का चौथा हिस्सा। गमन, विहार। सेवन, आदर। पाद, पाँव। °करण न. सयम का मूल और उत्तर गुण। °करणाणुओग पु [°करणानुयोग] संयम के मूल और उत्तर गुणों की व्याख्या। °कुसील पुं [°कुशील] शिथिलाचारी साधु। °णय [°नय] क्रिया को मुख्य माननेवाला मत। °मोह पु न. चारित्र का आवारक कर्म-विशेष।
चरम वि. अन्तिम, अन्त का, पर्यन्तवर्त्ती। जिसका विद्यमान भव अन्तिम हो वह। °काल पु. मरणसमय। °जलहि पु [°जलधि] अन्तिम समुद्र, स्वयंभूरमण समुद्र।
चरमंत पुं [चरमान्त] सब से अन्तिम, सब से प्रान्त-वर्त्ती।
चरय देखो चरग।
चरि पुंस्त्री. पशुओ के चरने की जगह। चारा।
चरिगा देखो चरिया = चरिका।
चरित्त न [चरित्र] चरित, आचरण। व्यवहार। स्वभाव, प्रकृति।
चरित्त न [चरित्र] जीवन-कथा, कहानी।
चरित्त न [चारित्र] सयम, विरति, व्रत, नियम। °कप्प पु [°कल्प] सयमानुष्ठान का प्रतिपादक ग्रन्थ। °मोह पुंन. सयम का आवारक कर्म। °मोहणिज्ज न [°मोहनीय] वही पूर्वोक्त अर्थ। °चरित्त न [°चारित्र] आंशिक सयम, श्रावक-धर्म। °यार पुं [°चार] संयम का अनुष्ठान। °रिय पु [°आर्य] चारित्र से आर्य, विशुद्ध चारित्रवाला, साधु, मुनि।
चरिम देखो चरम।
चरिय पुं [चरक] जासूस, दूत।
चरिय न [चरित] चेष्टित, आचरण। जीवन-चरित। चरित्र-ग्रन्थ। सेवित, आश्रित।
चरिया स्त्री [चरिका] परिव्राजिका, सन्या-सिनी। किला और नगर के बीच का मार्ग।
चरिया स्त्री [चर्या] आचरण, अनुष्ठान।

गमन, गति, विहार । गाडी ।
चरीया देखो चरिया = चर्या ।
चरु पुं. स्थाली-विशेष । पात्र-विशेष ।
चरुगिणय देखो चारुइणय ।
चरुल्लेव न [दे] नाम, आख्या ।
चल सक [चल्] चलना, गमन करना । अक. कांपना, हिलना ।
चल वि. चंचल । पुं. रावण का एक सुभट ।
चलचल वि. अस्थिर । पुं. घी मे तली जाती हुई चीज का पहला तीन घान ।
चलण पुं [चरण] पांव, पाद । °मालिया स्त्री [°मालिका] पैर का आभूषण-विशेष । °वंदण न [°वन्दन] पैर पर सिर झुका कर प्रणाम ।
चलण न [चलन] चलना, गति, चाल, प्रथा, रिवाज ।
चलणाउह पुं [चरणायुध] कुक्कुट ।
चलणाओह पुं [दे. चरणायुध] ऊपर देखो ।
चलणिया, चलणी स्त्री [चलनिका, °नी] जैन साध्वियों को पहनने का कटि-वस्त्र ।
चलणी स्त्री [चलनी] साध्वियों का एक उपकरण । पैर तक का कीच ।
चलवलण न [दे] चटपटाई, चंचलता ।
चलाचल वि. चंचल, अस्थिर ।
चलिंदिय वि [चलेन्द्रिय] इन्द्रिय-निग्रह करने में असमर्थ, जिसकी इन्द्रियां काबू मे न हो वह ।
चलिअ न [चलित] विकलता, अस्थैर्य, चचलता । वि. चला हुआ, कम्पित । प्रवृत्त । विनष्ट ।
चल्ल देखो चल = चल् ।
चल्लणग न [दे] कटि-वस्त्र ।
चल्लि स्त्री [दे] नाचते समय की एक प्रकार की गति ।
चल्लि स्त्री [दे] मदन-वेदना ।
चव सक [कथय्] कहना, बोलना ।
चव अक [च्यु] मरना, जन्मान्तर में जाना । गिर जाना, पतन होना ।
चव पुं [च्यव] मौत ।
चवचव पुं. 'चव-चव' आवाज ।
चवल वि [चपल] चंचल, अस्थिर । आकुल, व्याकुल । पु. रावण का एक सुभट ।
चवल पुं [दे] अन्न-विशेष, बोडा ।
चवलय पु [दे] धान्य-विशेष ।
चवला स्त्री [चपला] बिजली ।
चविआ स्त्री [चविका] वनस्पति-विशेष ।
चविडा, चविला, चवेला स्त्री [चपेटा] तमाचा, थप्पड़ ।
चवेडी स्त्री [दे] श्लिष्ट कर-संपुट । संपुट, समुद्, डिब्बा ।
चवेण न [दे] वचनीय, लोकापवाद ।
चवेला देखो चविडा ।
चव्व सक [चर्व्] चबाना ।
चव्व (शौ) देखो चच्च = चर्च् ।
चव्वक्किअ वि [दे] धवलित, चूने से पोता हुआ ।
चव्वाइ देखो चव्वागि ।
चव्वाक, चव्वाग पु [चार्वाक] नास्तिक, बृहस्पति का शिष्य, लोकायतिक ।
चव्वागि वि [चार्वाकिन्] चबानेवाला । दुर्व्यवहारी ।
चस सक [चष्] चखना ।
चसग, चसय पुं [चषक] दारू पीने का प्याला । प्याला । पक्षि-विशेष ।
चहुतिया स्त्री [दे] चुटकी, चुटकीभर ।
चहुट्ट अक [दे] चिपकना, चिपटना, लगना ।
चहुट्ट वि [दे] निमग्न, लीन । चिपका हुआ ।
चहोड पुं [दे] एक मनुष्य-जाति ।
चाइ वि [त्यागिन्] त्याग करनेवाला । दानी, उदार । निःसंग, निरीह, सयमी ।

चाइय वि [त्याजित] छोडवाया हुआ ।
चाइय वि [शकित] जो समर्थ हुआ हो ।
चाउअंगी स्त्री [चार्वङ्गी] सुन्दर अंगवाली स्त्री ।
चाउंड पुं [चामुण्ड] राक्षस-वंश का एक राजा, एक लङ्का-पति ।
चाउकाल न [चतुष्काल] चार समय ।
चाउक्कोण वि [चतुष्कोण] चार कोनावाला, चतुरस्र ।
चाउग्घंट } वि [चतुर्घण्ट] चार घटा
चाउघट } वाला, चार घण्टाओ से युक्त ।
चाउज्जाम न [चातुर्याम] चार महाव्रत, साधु-धर्म—अहिंसा, सत्य, अस्तेय और अपरिग्रह ये चार साधु-व्रत ।
चाउज्जाय न [चातुर्जात] दालचीनी, तमालपत्र, इलायची और नागकेसर ।
चाउत्थिग } पु [चातुर्थिक] रोग-विशेष,
चाउत्थिय } चौथे-चौथे दिन पर होनेवाला ज्वर ।
चाउद्दसिया स्त्री [चतुर्दशिका] चौदस ।
चाउद्दसी स्त्री [चतुर्दशी] ऊपर देखो ।
चाउद्दाह (अप) त्रि. ब. [चतुर्दशन्] चौदह।
चाउद्दिसि देखो चउ-द्दिसि ।
चाउप्पाय न [चतुष्पाद] चतुर्विध ।
चाउमास } पुन [चातुर्मास] चौमासा ।
चाउम्मास } आषाढ, कार्तिक और फाल्गुन मास की शुक्ल चतुर्दशी ।
चाउम्मासिअ वि [चातुर्मासिक] चार मास सम्बन्धी, जैसे आषाढ से लेकर कार्तिक तक के चार महीने से सम्बन्ध रखनेवाला । न. आषाढ, कार्तिक और फाल्गुन मास की शुक्ल चतुर्दशी तिथि, पर्व-विशेष ।
चाउम्मासी स्त्री [चातुर्मासी] चार मास, चौमासा, आषाढ़ से कार्तिक, कार्तिक से फाल्गुन और फाल्गुन से आषाढ तक के चार महीने ।
चाउम्मासी स्त्री [चातुर्मासी] देखो चाउम्मासिअ ।
चाउरंग देखो चउरग ।
चाउरंगिज्ज वि [चतुरङ्गीय] चार अंगो से सम्बन्ध रखनेवाला । न. 'उत्तराध्ययन' सूत्र का एक अध्ययन ।
चाउरंत देखो चउरंत ।
चाउरंत पुं [चातुरन्त] चक्रवर्त्ती राजा, सम्राट् । न. लग्न-मण्डप, चौरी ।
चाउरंत न [चातुरन्त] भारतवर्ष ।
चाउरंत न [चतुरन्त] चक्र, पहिया ।
चाउरक्क वि [चातुरक्य] चार बार परिणत । °गोखीर न [°गोक्षीर] चार बार परिणत किया हुआ गो-दुग्ध, जैसे कतिपय गौओ का दूध दूसरी गौओ को पिलाया जाय, फिर उनका अन्य गौओ को, इस तरह चार बार परिणत किया हुआ गो-दुग्ध ।
चाउल वि [दे] चावल का । पुं. तण्डुल ।
चाउल्लग न [दे] पुरुष का पुतला—कृत्रिम पुरुष ।
चाउवण्ण } वि [चातुर्वर्ण्य] चार वर्णवाला,
चाउव्वण्ण } चार प्रकार वाला । पुं. साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका का समुदाय । न. ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार मनुष्य-जाति ।
चाउव्विज्ज } न [चातुर्वैद्य] चार प्रकार
चाउव्वेज्ज } की विद्या—न्याय, व्याकरण, साहित्य और धर्म-शास्त्र । पुं. चौबे, ब्राह्मणो का एक अल्ल-उपगोत्र या वर्ग ।
चाउस्साला स्त्री [चतुश्शाला] चारो तरफ के कमरों से युक्त घर ।
चाॅउंडा स्त्री [चामुण्डा] स्वनाम-ख्यात देवी । °काउअ पुं [°कामुक] महादेव ।
चाग देखो चाय = त्याग ।
चाड वि [दे] मायावी, कपटी ।
चाडु पुन [चाटु] प्रियवाक्य । खुशामद ।

°यार वि [°कार] खुशामदी ।
चाणक्क पुं [चाणक्य] राजा चन्द्रगुप्त का स्वनाम-प्रसिद्ध मन्त्री । एक मनुष्य-जाति ।
चाणक्की स्त्री [चाणक्यी] लिपि-विशेष ।
चाणिक्क देखो चाणक्क ।
चाणूर पुं. मल्ल-विशेष ।
चामर पुंन. बाल-व्यजन । छन्द-विशेष । °गाहि वि [°ग्राहिन्] चामर बीजनेवाला नौकर । °छायण न [°च्छायन] स्वाति नक्षत्र का गोत्र । °ज्झय पुं [°ध्वज] चामर-युक्त पताका । °धार वि [°धार] चामर बीजनेवाला ।
चामरच्छ न [चामरथ्य] गोत्र-विशेष ।
चामीअर न [चामीकर] सुवर्ण ।
चामुंडराय पुं [चामुण्डराज] गुजरात का चालुक्य वंश का एक राजा ।
चामुंडा देखो चाँउंडा ।
चाय देखो चय = शक् ।
चाय देखो चाव ।
चाय पुं [त्याग] छोडना, परित्याग । दान ।
चायग } चायव } पु [चातक] चातकपक्षी ।
चार सक [चारय्] चराना, खिलाना ।
चार पुं. गति, गमन, भ्रमण, परिभ्रमण । जामून । कारागार । संचार, संचरण । अनुष्ठान, आचरण । ज्योतिष-क्षेत्र, आकाश ।
चार पुं [दे] पियाल वृक्ष, चिरौंजी का पेड । बन्धन स्थान । इच्छा, अभिलाष । न. फल विशेष, मेवा-विशेष । °वकय पुं [°क्रय] बेचनेवाले की इच्छानुसार दाम देकर खरीदना ।
चारग दे [चारक] देखो चार । [°पाल] पुं. [°पाल] जेलखाना का अध्यक्ष । °पालग पुं [°पालक] जेलर । °भंड न [°भाण्ड] कैदी को शिक्षा करने का उपकरण । °हिव पु [°धिप] कैदखाना का अध्यक्ष ।
चारण पुं [दे] ग्रन्थि-च्छेदक, पाकेटमार ।
चारण पुं. आकाश में गमन करने की शक्ति रखनेवाले जैन मुनियों की एक जाति । स्तुति करनेवाली भाट जाति । एक जैन मुनि-गण ।
चारणिआ स्त्री [चारणिका] गणित-विशेष ।
चारभड पुं [चारभट] शूर पुरुष, लड़वैया ।
चारभड पुं [चारभट] लुटेरा ।
चारय देखो चारग ।
चारवाय पुं [दे] ग्रीष्म-ऋतु का पवन ।
चारहड देखो चारभड ।
चारहडी स्त्री [चारभटी] शौर्यवृत्ति, सैनिक-वृत्ति ।
चारागार न. कैदखाना ।
चारि स्त्री. चारा ।
चारि वि [चारिन्] प्रवृत्ति करनेवाला । चलनेवाला, गमन-शील ।
चारिअ वि [चारित] जिसको खिलाया गया हो वह । विज्ञापित, जताया हुआ ।
चारिअ पुं [चारिक] चर-पुरुष । पंचायत का मुखिया पुरुष, समुदाय का अगुआ ।
चारित्त देखो चरित्त = चारित्र ।
चारित्ति देखो चरित्ति ।
चारिया स्त्री [चर्या] आचरण, इधर-उधर गमन, जीविका । चेष्टा ।
चारी स्त्री. देखो चारि = चारि ।
चारु वि. सुन्दर, प्रवर । पु. तीसरे जिनदेव का प्रथम शिष्य । न. शस्त्र-विशेष ।
चारुइणय पुं [चारुकिनक] देश-विशेष । वि. उस देश का निवासी ।
चारुणय पुं [चारुनक] ऊपर देखो ।
चारुवच्छि पु. ब. [चारुवत्सि] देश-विशेष ।
चारुसेणी स्त्री [चारुसेनी] छन्द-विशेष ।
चाल सक [चालय्] चलाना, हिलाना, कँपाना । विनाश करना ।
चालण न [चालन] चलाना, हिलाना । विचार । शंका, प्रश्न, पूर्वपक्ष ।

चालणा स्त्री [चालना] शंका, पूर्वपक्ष, आक्षेप।
चालणिया } स्त्री [चालनिका]।
चालणी } स्त्री [चालनी] आखा, छानने का पात्र चलनी या छलनी।
चालवास पुं [दे] सिर का भूषण-विशेष।
चालिर वि [चालयितृ] चलानेवाला। चलनेवाला।
चाली स्त्री [चत्वारिंशत्] चालीस।
चालीस स्त्रीन [चत्वारिंशत्] चालीस।
चालुक्क पुंस्त्री [चौलुक्य] चालुक्य वंश मे उत्पन्न। पुं. गुजरात का प्रसिद्ध राजा कुमारपाल।
चाव सक [चर्व्] चबाना।
चाव पुं [चाप] धनुष।
चावल न [चापल] चंचलता।
चावल्ल न [चापल्य] ऊपर देखो।
चावाली स्त्री. ग्राम-विशेष।
चाविय वि [च्यावित] मरवाया हुआ।
चावेडी स्त्री [चापेटी] विद्या-विशेष, जिससे दूसरे को तमाचा मारने पर बीमार आदमी का रोग चला जाता है।
चावोण्णय न [चापोन्नत] विमान-विशेष, एक देव-विमान।
चास पु [चाष] स्वर्ण-चातक, पपीहा, लहटोरवा।
चास पुं [दे] हल-विदारित भूमि-रेखा, खेती।
चाह सक [वाञ्छ्] चाहना। अपेक्षा करना। याचना।
चाहिणी स्त्री [चाहिनी] हेमाचार्य की माता का नाम।
चाहुआण पु [चाहुयान] चौहान-वंश। पुंस्त्री. चौहान वश में उत्पन्न।
चि देखो चिण।
चिअ अ [एव] निश्चय को बतलानेवाला अव्यय।
चिअ अ [इव] उपमा और उत्प्रेक्षा का सूचक अव्यय।
चिअ वि [चित] इकट्ठा किया हुआ। व्याप्त। पुष्ट, मासल।
चिअ न [चित] ईंट आदि का ढेर।
चिअ देखो चित्त = चित्त।
चिआ स्त्री [त्विष्] कान्ति, तेज।
चिआ देखो चियगा।
चिइ स्त्री [चिति] उपचय, पुष्टि, वृद्धि। इकट्ठा करना। वृद्धि। भीत वगैरह बनाना। चिता। °कम्म न [°कर्मन्] वन्दन, प्रणाम-विशेष।
चिइ देखो चेइअ।
चिइगा देखो चियगा।
चिइच्छ सक [चिकित्स्] दवा करना, इलाज करना। संशय करना।
चिइच्छअ वि [चिकित्सक] दवा करनेवाला, इलाज करनेवाला। पुं वैद्य।
चिइय चित का भू. कृ.।
चिउर पुं [चिकुर] केश। पीत रंग का गन्ध-द्रव्य-विशेष।
चिंच } सक [मण्डय्] विभूषित करना।
चिंचअ }
चिंचइअ वि [दे] चलित, चला हुआ।
चिंचणिआ }
चिंचणिगा } स्त्री [दे] देखो चिंचिणी।
चिंचणी }
चिंचणी स्त्री [दे] अन्न पीसने की चक्की।
चिंचा स्त्री [चञ्चा] तृण की बनाई हुई चटाई वगैरह। °पुरिस पु [°पुरुष] तृण का मनुष्य, जो पशु, पक्षी आदि को डराने के लिए खेतो मे गाडा जाता है।
चिंचा स्त्री [दे चिञ्चा] इमली का पेड।
चिंचिणिआ }
चिंचिणिंचिंचा } स्त्री [दे] इमली का पेड़।
चिंचिणी }

चिंचिल्ल सक [मण्डय्] अलंकृत करना ।
चिंत सक [चिन्तय्] चिन्ता करना, विचार करना । याद करना । ध्यान करना । अफसोस करना ।
चिंत वि [चिन्त्य] चिन्तनीय, विचारणीय ।
चिंतग वि [चिन्तक] चिन्ता करनेवाला, विचारक ।
चिंतण न [चिन्तन] विचार, पर्यालोचन । स्मरण, स्मृति ।
चिंतणिया स्त्री [चिन्तनिका] याद करना, चिन्तन करना ।
चिंतय वि [चिन्तक] चिन्ता करनेवाला ।
चिंतव देखो चिंत = चिंतय् ।
चिंता स्त्री. विचार, पर्यालोचन । अफसोस, शोक। ध्यान । स्मृति । इष्ट-प्राप्ति का सन्देह । °उर वि[°तुर] शोक से व्याकुल । °दिट्ठ वि [दृष्ट] विचार-पूर्वक देखा हुआ । °मइअ वि [°मय] चिन्ता-युक्त ।°मणि पुं. मनोवाञ्छित अर्थ को देनेवाला रत्न-विशेष, दिव्यमणि । वीतशोक नगरी का एक राजा । °वर वि [°पर] चिन्ता-मग्न ।
चिंतायग } वि [चिन्तक] चिन्ता करनेवाला ।
चिंतावग
चिंध न [चिह्न] लाञ्छन, निशानी । ध्वजा । °पट्ट पुं. निशानी रूप वस्त्र खण्ड । °पुरिस पुं [°पुरुष] दाढी-मूँछ वगैरह पुरुष की निशानी वाला नपुसक, हिजडा । पुरुष का वेष धारण करनेवाली स्त्री वगैरह ।
चिंधाल वि [चिह्नवत्] चिह्न-युक्त ।
चिंधाल वि [दे] सुन्दर । मुख्य, प्रवर ।
चिंफुल्लणी स्त्री [दे] लहँगा ।
चिकिच्छ देखो चिइच्छ ।
चिकुर देखो चिउर ।
चिक्क वि [दे] अल्प । न. छीक ।
चिक्कण वि [चिक्कण] चिकना, स्निग्ध । निविड । दुर्भेद्य, दुःख से छूटने-योग्य ।
चिक्का स्त्री [दे] थोड़ी चीज । सूक्ष्म छींटा ।
चिक्कार पुं [चीत्कार] चिल्लाहट, चिंघाड ।
चिक्किण देखो चिक्कण ।
चिक्खअण वि [दे] सहिष्णु ।
चिक्खल्ल पु [दे] कीच ।
चिक्खल्लय न [चिक्खल्लक] काठियावाड का एक नगर ।
चिक्खिल्ल }
चिखल्ल } [दे] देखो चिक्खल्ल ।
चिखिल्ल }
चिगिचिगाय अक [चिकचिकाय्] चकचकाट करना, चमकना ।
चिगिच्छग देखो चिइच्छअ ।
चिगिच्छण न [चिकित्सन]चिकित्सा, इलाज।
चिगिच्छय देखो चिइच्छअ ।
चिगिच्छा स्त्री [चिकित्सा] दवा, प्रतीकार, इलाज । °संहिया स्त्री [°संहिता] वैद्यकशास्त्र ।
चिच्च वि [दे] चिपटी नासिकावाला । न. सम्भोग ।
चिच्च वि [त्याज्य] छोडने-योग्य ।
चिच्चर वि [दे] चिपटी नासिकावाला ।
चिच्चा देखो चय = त्यज् ।
चिच्चि पुं.चीत्कार, चिल्लाहट, भयंकर आवाज।
चिच्चि पु [दे] अग्नि ।
चिट्ठं अ [दे] अत्यन्त ।
चिट्ठ अक [स्था] बैठना, स्थिति करना ।
चिट्ठ देखो चेट्ठ ।
चिट्ठइत्तु वि[स्थातृ]बैठनेवाला, ठहरनेवाला ।
चिट्ठण न [स्थान] खडा रहना ।
चिट्ठण न [चेष्टन] चेष्टा, प्रयत्न ।
चिट्ठणा स्त्री[स्थान]स्थिति, बैठना, अवस्थान ।
चिट्ठा देखो चेट्ठा ।
चिट्ठिय वि [चेष्टित] जिसने चेष्टा की हो वह । न. चेष्टा, प्रयत्न ।
चिट्ठिय वि [स्थित] अवस्थित, रहा हुआ ।

न. अवस्थान, स्थिति।

चिडिग पुं [चिटिक] पक्षि-विशेष।

चिण सक [चि] इकट्ठा करना।

चिण देखो चण।

चिण देखो चित्त।

चिणोट्ठी स्त्री [दे] गुञ्जा।

चिण्ण वि [चीर्ण] आचरित, अनुष्ठित। अंगीकृत, आदृत। विहित।

चिण्ह न [चिह्न] निशानी।

चित्त सक [चित्रय्] चित्र बनाना, तसवीर खीचना।

चित्त न. मन, अन्तःकरण, हृदय। ज्ञान, चेतना। बुद्धि। अभिप्राय, आशय। उपयोग, ख्याल। °ण्णु वि [°ज्ञ] दिल का जानकार। °निवाइ वि [°निपातिन्] अभिप्राय के अनुसार बरतनेवाला। °मंत वि [°वत्] सजीव वस्तु।

चित्त देखो चइत्त = चैत्र।

चित्त न [चित्र] आलेख्य, तसवीर। आश्चर्य। काष्ठ-विशेष। वि. विलक्षण, विचित्र। नानाविध। अद्भुत। चितकबरा। पुं. एक लोकपाल। पर्वत-विशेष। चित्रक, चीता, श्वापद विशेष। चित्रा नक्षत्र। °उत्त पुं [°गुप्त] भरत क्षेत्र के एक भावी जिनदेव। °कणगा स्त्री [°कनका] एक विद्युत्कुमारी देवी। °कम्म न [°कर्मन्] आलेख्य, छवि। °कर देखो °गर। °कह वि [°कथ] नाना प्रकार की कथाएँ कहनेवाला। °कूड पुं[°कूट] सीतानदी के उत्तर किनारे पर स्थित एक वक्षस्कार-पर्वत। पर्वत-विशेष। न. नगर-विशेप। शिखर-विशेष। °क्खरा स्त्री[°अक्षरा] छन्द-विशेष। °गर पु[°कर] चित्रकार। °गुत्ता स्त्री[°गुप्ता] देवी-विशेष, सोमनामक लोकपाल की एक अग्र-महिषी। दक्षिण रुचक पर्वत पर वसनेवाली एक दिक्कुमारी, देवी-विशेष। °पक्ख पुं [°पक्ष] वेणु-देव नामक इन्द्र का एक लोकपाल, देव-विशेप। क्षुद्र जन्तु-विशेष, चतुरिन्द्रिय कीट-विशेप। °फल, °फलग, °फलय न [°फलक] तसवीरवाला तख्ता। °भित्ति स्त्री. चित्रवाली भीत। स्त्री की तसवीर। °यर देखो °गर। °रस पुं. भोजन देनेवाली कल्पवृक्षो की एक जाति। °लेहा स्त्री [°लेखा] छन्द-विशेष। °संभूइय न [°संभूतीय] 'उत्तराध्ययन' सूत्र का एक अध्ययन। °सभा स्त्री. तसवीरवाला गृह। °साला स्त्री [°शाला] चित्र-गृह।

चित्तंग पुं [चित्राङ्ग] पुष्प देनेवाले कल्पवृक्षो की एक जाति।

चित्तग देखो चित्त = चित्र।

चित्तजाणुअ देखो चित्त-ण्णु।

चित्तठिअ वि [दे] परितोषित, खुश किया हुआ।

चित्तण न [चित्रण] चित्र-कर्म।

चित्तदाउ पुं [दे] मधपुडा।

चित्तपत्तय पुं [चित्रपत्रक] चतुरिन्द्रिय जीव की एक जाति।

चित्तपरिच्छेय वि [दे] लघु, छोटा।

चित्तय देखो चित्त = चित्र।

चित्तयलया स्त्री [चित्रकलता] वल्ली-विशेष।

चित्तल वि [दे] विभूपित। रमणीय।

चित्तल वि [चित्रल] कबरा। पु. जगली पशु-विशेष।

चित्तलि पुस्त्री [चित्रलिन्] साँप की एक जाति।

चित्तलिअ वि [चित्रलित, चित्रित] चित्र-युक्त किया हुआ।

चित्तविअअ वि [दे] परितोपित।

चित्तवीणा स्त्री [चित्रवीणा] वाद्य-विशेप।

चित्ता स्त्री [चित्रा] नक्षत्र-विशेष। एक विद्युत्कुमारी देवी। शक्रेन्द्र के एक लोकपाल की स्त्री, देवी-विशेप। औपधि-विशेप।

चित्ताचिल्लडय } पु [दे] जंगली पशु-विशेष ।
चित्ताचेल्लरय }

चित्तावडी स्त्री [चित्रपटी] वस्त्र-विशेष, छीट (बूटीदार) आदि कपड़ा ।

चित्तिया स्त्री [चित्रिका] स्त्री-चीता, श्वापद-विशेष की मादा ।

चित्ती देखो चेत्ती ।

चित्ती स्त्री [चैत्री] चैत्र मास की पूर्णिमा ।

चिट्टविअ } वि [दे] निर्णाशित, विनाशित ।
चिद्दाविअ }

चिप्प सक [दे] कूटना । दबाना ।

चिप्पग पुन [दे] कूटी हुई छाल ।

चिप्पड देखो चिविड ।

चिप्पय देखो चिप्पग ।

चिप्पिअ पुं [दे] नपुंसक-विशेष, जन्म के समय मे अगूठे से मर्दन कर जिसका अंडकोश दबा दिया गया हो वह ।

चिप्पिडय पुं [दे] अन्न-विशेष ।

चिवुअ न [चिवुक] होठ के नीचे का अवयव, ठोढी ।

चिब्भड न [चिर्भिट] खीरा, ककड़ी का फल ।

चिब्भडिया स्त्री [चिर्भिटिका] ककडी का गाछ । मत्स्य की एक जाति ।

चिब्भिड देखो चिब्भड ।

चिमिट्ठ } वि [चिपिट] चिपटा, बैठा हुआ, दबा हुआ (नाक) ।
चिमिढ }

चिमिण वि [दे] रोमाञ्चित, गद्गद ।

चिय देखो चेइअ = चैत्य ।

चियका } स्त्री [चिता] मुर्दे को फूंकने के लिए चुनी हुई लकडियो का ढ़ेर ।
चियगा }

चियत्त देखो चत्त ।

चियत्त वि [दे] सम्मत । प्रीतिकर । प्रीति, रुचि ।

चियया देखो चियगा ।

चियाग } देखो चाय = त्याग ।
चियाय }

चिरं अ [चिरम्] दीर्घ काल तक । °तण वि [°तन] पुराना ।

चिर न. दीर्घ काल । विलम्ब । वि. दीर्घ काल तक रहनेवाला । °आरअ वि [°कारक] विलम्ब करनेवाला । °जीवि वि [°जीविन्] दीर्घ काल तक जीनेवाला । °जीविअ वि [°जीवित] वृद्ध । °ट्ठिइ °ट्ठिइय, °ट्ठिईय वि [°स्थितिक] लम्बा आयुष्यवाला, दीर्घ काल तक रहनेवाला । °राअ पुं [°रात्र] बहु काल, दीर्घ काल ।

चिर अक [चिरय्] विलम्ब करना । आलस करना ।

चिरञ्चिय वि [चिरचित] चिरकाल से उपचित—इकट्ठा किया हुआ या बढा हुआ ।

चिरडी स्त्री [दे] वर्ण-माला ।

चिरड्डिहिल्ल [दे] देखो चिरिड्डिहिल्ल ।

चिरमाल सक [प्रति + पालय्] परिपालन करना ।

चिरया स्त्री [दे] कुटी-झोपड़ी ।

चिरस्स अ [चिरस्य] बहुत काल तक ।

चिराअ देखो चिर = चिरय् ।

चिराइय वि [चिरादिक] पुराना ।

चिराईय वि [चिरातीत] प्राचीन ।

चिराणय (अप) वि [चिरन्तन] पुरातन ।

चिरादण वि [चिरन्तन] ऊपर देखो ।

चिराव अक [चिरय्] विलम्ब करना । आलस करना । सक. विलम्ब कराना, रोक रखना ।

चिरिंचिरा स्त्री [दे] जलधारा, वृष्टि ।

चिरिक्का स्त्री [दे] मशक । अल्प वृष्टि । प्रातः काल ।

चिरिंचिरा [दे] देखो चिरिंचिरा ।

चिरिडी देखो चिरडी ।

चिरिड्डिहिल्ल न [दे] दही ।

चिरिहिट्टी स्त्री [दे] गुञ्जा, घुघची, लालरत्ती ।

चिलाअ पुं [किरात] अनार्य देश-विशेष । किरात देश मे रहनेवाली म्लेच्छ-जाति,

भिल्ल, पुलिंद। धन सार्थवाह का एक दास—नौकर।
चिलाइया स्त्री [किरातिका] किरात देश की रहनेवाली स्त्री।
चिलाई स्त्री [किराती] ऊपर देखो। °पुत्त पु [°पुत्र] एक दासी-पुत्र और जैन-महर्षि।
चिलाद देखो चिलाअ।
चिलिचिलिआ स्त्री [दे] धारा, वृष्टि।
चिलिचिलिय वि [दे] भीजा या भीगा हुआ।
चिलिच्चिल, चिलिच्चिल, चिलिच्चील वि [दे] आर्द्र, गीला।
चिलिण [दे] देखो चिलीण।
चिलिमिणी, चिलिमिलिगा, चिलिमिलिया, चिलिमिली स्त्री [दे] परदा, आच्छादन-पट।
चिलीण न [दे] अशुचि, मैला, मल-मूत्र।
चिल्ल पुं [दे] बाल, लड़का। शिष्य।
चिल्ल पुं वृक्ष-विशेष। न. पुष्प-विशेष।
चिल्ल न [दे] सूर्प, छाज।
चिल्लअ न [दे] देदीप्यमान।
चिल्लग [दे] देखो चिल्लिय।
चिल्लड [दे] देखो चिल्लल।
चिल्लणा स्त्री [चिल्लणा] एक सती स्त्री, राजा श्रेणिक की पत्नी।
चिल्लय न [दे] खराब आँख।
चिल्लल पु [चिल्वल] अनार्य देश-विशेष। उस देश का निवासी।
चिल्लल पुस्त्री [दे] चीता। स्त्री. °लिया। न. काँदोवाला जलाशय, छोटा तालाव आदि। चमकवा।
चिल्ला स्त्री [दे] चील, पक्षि-विशेष, शकुनिका।
चिल्लिय वि [दे]लीन, आसक्त। देदीप्यमान।
चिल्लिरि पु [दे] मशक, मच्छर।
चिल्लूर न [दे] मुसल। जिससे चावल आदि अन्न कूटे जाते हैं।
चिल्हय पुं [दे] चक्र-मार्ग।
चिविट्ठ, चिविड वि [चिपिट] चिपटा, बैठा या धँसा हुआ (नाक)।
चिविडा स्त्री [चिपिटा] गन्ध-द्रव्य-विशेष।
चिविढ देखो चिविड।
चिहुर पुं [चिकुर] केश।
ची, चीअ देखो चेइअ।
चीअ न [चिता] मुर्दे को फूंकने के लिए चुनी हुई लकड़ियों का ढेर।
चीइ देखो चेइअ।
चीड वि [दे] काले काँच की मणिवाला।
चीण वि [चीन] लघु। पुं. चीन देश। चीन देश का निवासी। व्रीहि का भेद। °पट्ट पुं. चीन देश में होनेवाला वस्त्र-विशेष। °पिट्ठ न [°पिष्ट] सिन्दूर-विशेष।
चीणंसु, चीणंसुय पु [चीनांशु, °क] कीट-विशेष, जिसके तन्तुओं से वस्त्र बनता है। चीन देश का वस्त्र-विशेष।
चीया स्त्री. देखो चीअ = चिता।
चीर न. कपड़े का टुकड़ा। °कंडूसगपट्ट पुं [°कण्डूसकपट्ट] जैन साधुओं का एक उपकरण, रजोहरण का बन्धन-विशेष।
चीरग पुं [चीरक] नीचे देखो।
चीरिय पुं [चीरिक] रास्ते में पड़े हुए चीथड़ों को पहननेवाला भिक्षुक। फटा-टूटा कपड़ा पहननेवाली एक साधु-जाति।
चीरिया, चीरी स्त्री वस्त्र-खण्ड। क्षुद्र कीट-विशेष, झींगुर।
चीवट्टी स्त्री [दे] भल्ली, भाला।
चीवर न. संन्यासियों या भिक्षुओं के पहनने का कपड़ा।
चीहाडी स्त्री [दे] चीत्कार, पुकार, हाथी की गर्जना।

चीही स्त्री [दे] मुस्ता का तृण-विशेष ।

चु अक [च्यु] मरना, जन्मान्तर मे जाना । विनाश पाना । गिरना । भ्रष्ट होना ।

चुअ अक [श्चुत्] झरना, टपकना ।

चुअ सक [त्यज्] त्याग करना, परिहार करना ।

चुइ स्त्री [च्युति] च्यवन, मरण ।

चुक्कारपुर न. एक नगर ।

चुचुअ पु [दे] शेखर, अवतंस, मस्तक का भूषण ।

चुचुअ पु [चुञ्चुक] म्लेच्छ देश-विशेष । उस देश मे रहनेवाली मनुष्य जाति ।

चुचुण पुं [चुञ्चुन] एक धनी वैश्य-जाति ।

चुचुणिअ वि [दे] चलित, गत । च्युत, नष्ट ।

चुचुणिआ स्त्री [दे] गोष्ठी की प्रतिध्वनि । सम्भोग । इमली का पेड । मुष्टि-द्यूत । यूका, खटमल, क्षुद्र कीट-विशेष ।

चुचुमालि वि [दे] अलस, दीर्घसूत्री ।

चुचुलि पु [दे] चोच । चुलुक, पसर, एक हाथ का सम्पुटाकार ।

चुचुलिअ वि [दे] अवधारित । न. तृष्णा ।

चुचुलिपूर पुं [दे] चुलुक, पसर ।

चुट सक [चि] फूल वगैरह को तोड़कर इकट्ठा करना ।

चुढी स्त्री [दे] थोडा पानीवाला अखात जलाशय ।

चुपालय [दे] देखो चुप्पालय ।

चुब सक [चुम्ब्] चुम्बन करना ।

चुभल पु [दे] शेखर, अवतस, शिरो-भूषण ।

चुक्क अक [भ्रश्] चूकना, भूल करना । भ्रष्ट होना, रहित होना, वञ्चित होना । सक. नष्ट करना, खण्डन करना । अनवधित होना, बे-ख्याल होना ।

चुक्क पुं [दे] मुट्ठी ।

चुक्कार पु [दे] आवाज, शब्द ।

चुक्कुड पुं [दे] बकरा ।

चुक्ख [दे] देखो चोक्ख ।

चुचुय, चुच्चुय, चुचूय न [चूचुक] [चुचूक] स्तन का अग्र भाग । स्तनो की गोलाई, चूँची ।

चुच्छ वि [तुच्छ] थोडा, हलका । जघन्य, नगण्य ।

चुज्ज न [दे] आश्चर्य ।

चुडण न [दे] जीर्णता, सड जाना ।

चुडलिअ न [दे] गुरु-वन्दन का एक दोष, रजोहरण को अलात(मशाल) की तरह खडा रखकर वन्दन करना ।

चुडली [दे] देखो चुडुली ।

चुडिली देखो चुडुली ।

चुडुप्प न [दे] खाल उतारना । घाव । चमड़ी, त्वचा ।

चुडुप्पा स्त्री [दे] त्वचा, चमडी, खाल ।

चुडुली स्त्री [दे] उल्का, अलात, जलती हुई लकड़ी, उल्मुक ।

चुण सक [चि] चुगना, पक्षियो का खाना ।

चुणअ पुं [दे] चाण्डाल । बच्चा । इच्छा । अरुचि, भोजन की अप्रीति । व्यतिकर, सम्बन्ध । वि. अल्प । मुक्त, त्यक्त । सूंघा हुआ ।

चुणिअ वि [दे] विधारित, धारण किया हुआ ।

चुण्ण सक [चूर्णय्] चूरना, टुकड़ा-टुकडा करना ।

चुण्ण पुंन [चूर्ण] चूर, बुकनी, बारीक खण्ड । आटा । रज । गन्ध द्रव्य का रज । चूना । वशीकरणादि के लिए किया जाता द्रव्य-मिलान । °कोसय न [°कोशक] भक्ष्य-विशेष ।

चुण्ण न[चौर्ण]गम्भीरार्थक पद, महार्थक शब्द ।

चुण्णइअ वि [दे] चूरन से आहत—जिस प्रकार चूर्ण फेका गया हो वह ।

चुण्णग पु [चूर्णक] वृक्ष-विशेष ।

चुण्णा स्त्री [चूर्णा] छन्द-विशेष ।

चुण्णाआ स्त्री [दे] कला, विज्ञान।
चुण्णासी स्त्री [दे] नौकरानी।
चुण्णि स्त्री [चूर्णि] ग्रन्थ की टीका-विशेष।
चुण्णिअ वि [चूर्णित] चूर-चूर किया हुआ। धूली से व्याप्त।
चुण्णिआ स्त्री [चूर्णिका] भेद-विशेष, एक तरह का पृथग्भाव, जैसे पिसान का अवयव अलग-अलग होता है।
चुण्णिय वि [चूर्णिक] गणित-प्रसिद्ध सर्वावशिष्ट अंश।
चुद्दस देखो चउ-द्दस।
चुप्प वि [दे] सस्नेह, स्निग्ध।
चुप्पल पु [दे] शेखर, अवतस।
चुप्पलिअ न [दे] नया रँगा हुआ कपडा।
चुप्पालय पु [दे] झरोखा, गवाक्ष, जंगला।
चुरिम न [दे] खाद्य-विशेष।
चुलचुल अक [चुलचुलाय्] उत्कण्ठित होना, उत्सुक होना।
चुलणी स्त्री [चुलनी] द्रुपद राजा की स्त्री। ब्रह्मदत्त चक्रवर्त्ती की माता। °पिय पु [°पितृ] भगवान् महावीर का एक मुख्य उपासक।
चुलसी स्त्री [चतुरशोति] चौरासी की संख्या।
चुलसीइ देखो चुलसी।
चुलिआला स्त्री [चुलियाला] छन्द-विशेष।
चुलुअ पुन [चुलुक] चुल्लू।
चुलुक्क देखो चालुक्क।
चुलुचुल अक [स्पन्द्] फड़कना, फरकना, थोडा हिलना, स्पन्दित होना।
चुलुप्प पुं[दे] अज।
चुल्ल पु [दे] बालक। दास। वि. छोटा, लघु। °ताय पुं [°तात] चाचा। °पिउ पुं [°पितृ] चाचा।°माउया स्त्री[°मातृ] छोटी माँ, सौतेली माँ। चाची। °सगय, °सयय पुं. [शतक] भगवान् महावीर के दस मुख्य उपासको मे से एक। °हिमवंत पुं [हिमवत्] छोटा हिमवान् पर्वत। °हिमवंतकूड न [°हिमवत्कूट] क्षुद्र हिमवान्-पर्वत का शिखर-विशेष। पुं उसका अधिपति देव-विशेष। °हिमवंतगिरिकुमार पुं [°हिमवद्गिरिकुमार] देव-विशेष।
चुल्लग न [दे] सन्दूक।
चुल्लग [दे] देखो चोल्लक।
चुल्लि } स्त्री. चूल्हा।
चुल्ली }
चुल्ली स्त्री [दे] शिला, पाषाण-खण्ड।
चुल्लुच्छल अक [दे] छलकना, उछलना।
चूल्लोडय पु [दे] बडा भाई।
चूअ पुं [दे] थन का अग्र भाग, चूची।
चूअ पुं [चूत] आम का गाछ। देव-विशेष। °वडिसग न [°ावतंसक] सौधर्म विमान-विशेष। °वडिसा स्त्री [°ावतंसा] शक्रेन्द्र की एक अग्र-महिषी।
चूआ स्त्री [चूता] शक्रेन्द्र की एक अग्रमहिषी।
चूचुअ पुंन [चूचुक] स्तन का अग्र-भाग।
चूड पु [दे] बाहु-भूषण, वलयावली।
चूडा देखो चूला।
चूडुल्लअ (अप) देखो चूड।
चूर सक [चूरय्, चूर्णय्] खण्ड करना, तोडना, टुकडा-टुकडा करना।
चूर (अप) पुंन [चूर्ण] चूर, भुरभुर।
चूरिम पुंन [दे] चूर्मा लड्डू।
चूल° देखो चूला। °मणि न. विद्याधरो का एक नगर।
चूलअ [दे] देखो चूड।
चूला स्त्री [चूडा] सिर के बीच की केश-शिखा। शिखर। मयूरशिखा। कुक्कुट-शिखा। शेर की केसरा। कुन्त वगैरह का अग्र भाग। विभूषण, अलंकार। अधिक मास। अधिक वर्ष। ग्रन्थ का परिशिष्ट। °कम्म न [°कर्मन्] संस्कार-विशेष, मुण्डन। °मणि

पुंस्त्री. सिर का सर्वोत्तम आभूषण-विशेष, मुकुट-रत्न, शिरो-मणि। सर्वोत्तम।

चूलिय पुं [चूलिक] अनार्य देश-विशेष। उस देश का निवासी। स्त्रीन. संख्या-विशेष, चूलिकाग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह।

चूलियंग न [चूलिकाङ्ग] संख्या-विशेष, प्रयुत को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह।

चूलिया देखो चूला।

चूव (अप) देखो चूअ।

चूह सक [क्षिप्] फेंकना, डालना, प्रेरणा।

चे अ [चेत्] यदि, जो, अगर।

चे देखो चय = त्यज्।

चे } देखो चि।
चेअ }

चेअ अक [चित्] सावधान होना, ख्याल रखना। सुध आना, स्मरण करना। सक. जानना। अनुभव करना।

चेअ सक [चेतय्] ऊपर देखो। देना, अर्पण करना, वितरण करना। करना, बनाना।

चेअ अ [एव] अवधारण-सूचक अव्यय, निश्चय बतानेवाला अव्यय।

चेअ न [चेतस्] चेतना, ज्ञान। मन, चित्त।

चेइ पुं [चेदि] देश-विशेष। °वइ पुं [°पति] चेदि देश का राजा।

चेइ° } पुंन [चैत्य] चिता पर बनाया
चेइअ } हुआ स्मारक, स्तूप, कबर या कब्र वगैरह स्मृतिचिह्न। व्यन्तर का स्थान। जिन-मन्दिर। इष्ट देव की मूर्ति, जिन-देव की मूर्त्ति। उद्यान। सभा वृक्ष। चबूतरावाला वृक्ष। देवों का चिह्न-भूत वृक्ष। वह वृक्ष जहाँ जिनदेव को केवल ज्ञान उत्पन्न होता है। पेड़। यज्ञ-स्थान। मनुष्यों का विश्राम-स्थान। °खंभ पु [°स्तम्भ] स्तूप। °घर न [°गृह] जिन-मन्दिर। °जत्ता स्त्री [°यात्रा] जिन-प्रतिमा-सम्बन्धी महोत्सव-विशेष। °थूभ पुं [°स्तूप] जिन-मन्दिर के समीप का स्तूप। °दव्व न [°द्रव्य] देव-द्रव्य, जिन-मन्दिर-सम्बन्धी स्थावर या जंगम मिल्कत। °परिवाडी स्त्री [°परिपाटी] क्रम से जिन-मन्दिरों की यात्रा। °मह पुं. चैत्य-सम्बन्धी उत्सव। °रुक्ख पुं [°वृक्ष] चबूतरा वाला वृक्ष। जिन-देव को जिसके नीचे केवल ज्ञान उत्पन्न होता है वह वृक्ष। देवताओं का चिह्नभूत वृक्ष। देव-सभा के पास का वृक्ष। °वन्दण न [°वन्दन] जिन-प्रतिमा की मन, वचन और काया से स्तुति। °वास पु. जिन-मन्दिर में यतियों का निवास। °हर देखो °घर।

चेइअ वि [चेतित] कृत, विहित।

चेंध देखो चिंध।

चेच्चा चे = त्यज् का सं. कृ.।

चेट्ठ अक [चेष्ट्] प्रयत्न करना, आचरण करना।

चेट्ठ देखो चिट्ठ = स्था।

चेट्ठण न [स्थान] स्थिति, अवस्थान।

चेट्ठण देखो चिट्ठण = चेष्टन।

चेट्ठा स्त्री [चेष्टा] प्रयत्न, आचरण।

चेड पुं [दे] बाल, कुमार।

चेड } पुं [चेट, °क] नौकर नृप-विशेष,
चेडग } मैला देवता, देव की एक जघन्य
चेडय } जाति।

चेडिआ स्त्री [चेटिका] दासी।

चेडी स्त्री [चेटी] ऊपर देखो।

चेडी स्त्री [दे] कुमारी, बाला।

चेत्त न [चैत्य] चैत्य-विशेष।

चेत्त पुं [चैत्र] चैत मास। जैन मुनियों का एक गच्छ।

चेत्ती स्त्री [चैत्री] चैत मास की पूर्णिमा या अमावस।

चेदि देखो चेइ।

चेदीस पुं [चेदीश] चेदि देश का राजा ।
चेयग वि [चेतक] दाता ।
चेयण पुं [चेतन] आत्मा, जीव, प्राणी । वि. चेतनावाला, ज्ञानवाला ।
चेयणा स्त्री [चेतना] ज्ञान, चैतन्य, सुख ।
चेयण्ण न [चैतन्य] ऊपर देखो ।
चेयस देखो चेअ = चेतस् ।
चेया देखो चेयणा ।
चेल } चेलय } न [चेल] वस्त्र । °कण्ण न [°कर्ण] एक तरह का पंखा । °गोल न. वस्त्र का गेंद । °हरन[°गृह] तम्बू, पट-मण्डप ।
चेलय न [दे] तुला-पात्र ।
चेलुंप न [दे] मुसल, मूषल ।
चेल्ल } चेल्लअ } [दे] देखो चिल्ल ।
चेल्लग } चेल्लय } [दे] देखो चिल्लग ।
चेव अ [एव, चैव] अवधारण-सूचक अव्यय, निश्चयदर्शक शब्द । पाद-पूरक अव्यय ।
चेव अ [इव] सादृश्य-द्योतक अव्यय ।
चो देखो चउ । आला स्त्री [°चत्वारिंशत्] चौवालीस । वट्ठि स्त्री [°षष्टि] चौसठ । °वत्तरि स्त्री [°सप्तति] चौहत्तर ।
चोअ सक [चोदय्] प्रेरणा करना । कहना ।
चोअअ वि [चोदक] प्रेरक, प्रश्नकर्ता, पूर्वपक्षी ।
चोअण न [चोदन] प्रेरणा ।
चोइअ वि [चोदित] प्रेरित ।
चोए सक [चोदय्] प्रश्न करना । सीखना, शिक्षण देना ।
चोक्क [दे] देखो चुक्क ।
चोक्ख वि [दे] चोखा, शुद्ध, पवित्र ।
चोक्खलि वि [दे] चोखाई करनेवाला, शुद्धता वाला ।
चोक्खा स्त्री [चोक्षा] इस नाम की एक संन्यासिनी ।
चोज्ज न [दे] आश्चर्य ।
चोज्ज न [चौर्य] चौर-कर्म ।
चोज्ज न [चोद्य] प्रश्न, पृच्छा । आश्चर्य, अद्भुत । वि. प्रेरणा-योग्य ।
चोट्टी स्त्री [दे] चोटी, शिखा ।
चोड्डु न [दे] वृन्त, फल और पत्ती का वन्धन ।
चोढ पु [दे] बेल का पेड ।
चोण्ण न [दे] झगड़ा । काष्ठानयन आदि जघन्य कर्म ।
चोत्त } चोत्तअ } पुन [दे] प्राजन-दण्ड, चाबुक ।
चोद [दे] देखो चोय ।
चोदग देखो चोअअ ।
चोदणा स्त्री [चोदना] प्रेरणा, किसी प्रभावशाली व्यक्ति की ओर से कुछ कहने या करने के लिए होनेवाला संकेत ।
चोप्पड सक [म्रक्ष्] स्निग्ध करना, घी तेल वगैरह लगाना ।
चोप्पड न [म्रक्षण] घी, तैल वगैरह स्निग्ध वस्तु ।
चोप्पाल पु [चतुष्पाल] सूर्याभ देव की आयुध-शाला ।
चोप्पाल न [दे] मत्तवारण, वरण्डा ।
चोफुच्च वि [दे] स्निग्ध, प्रेम-युक्त ।
चोय } चोयग } न [दे] त्वचा, छाल । आम वगैरह का रुंछा । गन्ध द्रव्य-विशेष ।
चोयग देखो चोअअ ।
चोयणा स्त्री [चोदना] प्रेरणा ।
चोयय पुं [दे] फल-विशेष ।
चोयालीस स्त्रीन [चतुश्चत्वारिंशत्] चौवालीस ।
चोर पुं. तस्कर । °कीड पुं [°कीट] विष्ठा में उत्पन्न होता कीट ।

चोरंकार पुं [चौर्यंकार] चोर ।

चोरग वि [चोरक] चुरानेवाला । पुन. वनस्पति-विशेष ।

चोरण न. चुराना । वि. चोर ।

चोरली स्त्री [दे] श्रावण मास की कृष्ण चतुर्दशी ।

चोराग पुं [चोराक] सन्निवेश-विशेष ।

चोराव सक [चोरय्] चोरी करना ।

चोरासी, चोरासीइ देखो चउरासी ।

चोरिअ न [चौर्य] चोरी, अपहरण ।

चोरिअ वि [चौरिक] चोरी करनेवाला । पुं. जासूस ।

चोरिआ स्त्री [चौर्य, चौरिका] चोरी, अपहरण ।

चोरिक्क न [चौरिक्य] ऊपर देखो ।

चोरी स्त्री [चौरी] चोरी, अपहरण ।

चोल वि [दे] वामन, कुब्ज । पुं. पुरुष-चिह्न । न गन्ध-द्रव्य-विशेष, मंजिष्ठा । °पट्ट पुं. जैन मुनि का कटि-वस्त्र । °य पुं [°ज] मजीठ का रंग ।

चोल पु. देश-विशेष ।

चोलअ न [दे] कवच ।

चोलअ, चोलग न [चौल, °क] संस्कार-विशेष, मुण्डन ।

चोलुक्क देखो चालुक्क ।

चोलोयणग, चोलोवणय, चोलोवणयण न [चूलापनयन] चूलोपनयन संस्कार । चूडा-धारण ।

चोल्लक [दे] देखो चोलग ।

चोल्लक, चोल्लग पुंन [दे] भोजन । वि. क्षुद्रक, छोटा ।

चोल्लय पुंन [दे] थैला, बोरा ।

चोवत्तरि स्त्री [चतुःसप्तति] चौहत्तर ।

चोवालय पुंन [चतुर्द्वार] चोवारा, ऊपर का शयन-गृह ।

चोव्वड देखो चोप्पड = म्रक्ष् ।

च्च अ [एव] अवधारण-सूचक अव्यय ।

च्चिअ देखो चिअ = एव ।

च्चेअ, च्चेव देखो चेव = एव ।

छ

छ पुं. तालु-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष । आच्छादन ।

छ त्रि. ब. [षष्] छः । °उत्तरसय वि [°उत्तरशततम] एक सौ और छठवाँ । °क्कम्म न [°कर्मन्] छः प्रकार के कर्म जो ब्राह्मणो के कर्त्तव्य हैं, यथा—यजन, याजन, अध्ययन, अध्यापन, दान और प्रतिग्रह । °क्काय न [°काय] छः प्रकार के जीव, पृथिवी, अग्नि, पानी, वायु, वनस्पति और त्रस जीव । °गुण, °ग्गुण वि [°गुण] छगुना । °च्चरण पुं [°चरण] भ्रमर । °ज्जीवनिकाय पं [°जीवनिकाय] देखो °क्काय । °ण्णउइ, °ण्णवइ [°णवति] छानबे । °त्तीस स्त्रीन [°त्रिंशत्] छत्तीस । °त्तीसइम वि [°त्रिंशत्तम] छत्तीसवाँ । °द्दस त्रि. ब. [षोडशन्] सोलह । °द्दसहा अ [षोडशधा] सोलह प्रकार का । °द्दिसि न [°दिश्] छ दिशाएँ—पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, ऊर्ध्व और अधोदिशा । °द्धा अ [°धा] छः प्रकार का । °नवइ, °नुवइ देखो °ण्णउइ । °न्नउय वि [°णवत] छानबेवाँ । °प्पण्ण स्त्रीन [°पञ्चाशत्] छप्पन । °प्पन्न वि [°पञ्चाश] छप्पनवाँ । °ब्भाय पु [°भाग] छठवाँ हिस्सा । °ब्भासा स्त्री [भाषा]

प्राकृत, संस्कृत, मागधी, शौरसेनी, पैशाचिका और अपभ्रंश ये छ भाषाएँ। °मासिय, °म्मासिय वि [षाण्मासिक] छ. मास में होनेवाला, छः मास सम्बन्धी। °वरिस वि [°वार्षिक] छः वर्ष की उम्रवाला। °वीस देखो °व्वीस। °व्विह वि [°विध] छ. प्रकार का। °व्वीस स्त्रीन [°विंशति] छब्बीस। °व्वीसइम वि [°विंशतितम] छव्वीसवाँ। लगातार बारह दिनो का उपवास। °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] छियासठ। °स्सयरि स्त्री [°सप्तति] छिहत्तर। °हा देखो °द्धा।

छइ देखो छवि = छवि।

छइअ वि [स्थगित] आच्छादित, तिरोहित।

छइल्ल, छइल्ल } वि [दे] विदग्ध, चतुर।

छउअ वि [दे] कृश।

छउम पुंन [छद्मन्] कपट, माया। बहाना। आच्छादन। न. ज्ञानावरणीय आदि चार घाती कर्म।

छउमत्थ वि [छद्मस्थ] असर्वज्ञ, सम्पूर्ण ज्ञान से वञ्चित। राग-सहित।

छउलूअ देखो छलूअ।

छकुई स्त्री [दे] कपिकच्छू, वृक्ष-विशेष, केवाँच, कवाछ।

छंट पुं [दे] जल का छीटा, जलच्छटा। वि. शीघ्र, जल्दी करनेवाला।

छंट सक [सिच्] सींचना।

छंड देखो छड्ड = मुच्।

छंडिअ वि [दे] छन्न, गुप्त।

छंद सक [छन्द्] चाहना, अनुज्ञा देना, सम्मति देना। निमन्त्रण देना।

छंद पुन [छन्द] इच्छा, अभिलाषा। अभिप्राय, आशय। वशता, अधीनता। °चारि वि [°चारिन्] स्वच्छन्दी। °इत्त वि [°वत्] स्वैरी। °णुवत्तण न [°ानुवर्त्तन] मरजी के अनुसार बरतना। °णुवत्तय वि [°ानुवर्त्तक] मरजी का अनुसरण करनेवाला।

छंद पुंन [छन्दस्] स्वच्छन्दता। अभिलाष। आशय, अभिप्राय। छन्द-शास्त्र। वृत्त। °ण्णुय वि [°ज्ञ] छन्द का जानकार।

छंदण पुन [छादन] ढकना, ढक्कन।

छंदण न [छन्दन] निमन्त्रण, प्रार्थना।

छंदण न [वन्दन] प्रणाम।

छंदा स्त्री दीक्षा का एक भेद, अपने या दूसरे के अभिप्राय-विशेष से लिया हुआ सन्यास।

छंदो° देखो छंद = छन्दस्।

छक्क वि [षट्क] छक्का, छ. का समूह।

छग देखो छ = षष्।

छग न [दे] पुरीष, विष्ठा।

छग देखो छक्क।

छगण न [स्थगन] पिधान, ढकना।

छगण न [दे] गोबर।

छगणिया स्त्री [दे] गोइठा, कण्डा।

छगल पुस्त्री. बकरा। °पुर न. नगर-विशेष।

छग्ग देखो छक्क।

छग्गुरु पु [षड्गुरु] एक सौ और अस्सी दिनों का उपवास। तीन दिनो का उपवास।

छच्छुंदर पुन [दे] मूसे या चूहे की एक जाति।

छज्ज अक [राज्] शोभना, चमकना।

छज्जिआ स्त्री [दे] पुष्प-पात्र, चंगेरी।

छट्टा [दे] देखो छंटा।

छट्ठ वि [षष्ठ] छठवाँ। न. लगातार दो दिनो का उपवास। °क्खमण न[°क्षमण, °क्षपण] लगातार दो दिनो का उपवास। °क्खमय पु [°क्षमक, °क्षपक]दो-दो दिनो का बराबर उपवास करनेवाला तपस्वी। °भत्त न [°भक्त] लगातार दो दिनो का उपवास। °भत्तिय वि [°भक्तिक] लगातार दो दिनों का उपवास करनेवाला।

छट्ठी स्त्री [षष्ठी] तिथि-विशेष। सम्बन्ध-विभक्ति। जन्म के बाद किया जाता उत्सव-

विशेष ।

छड सक [आ + रुह्] आरूढ होना, चढ़ना ।

छडक्खर पुं [दे] कार्त्तिकेय ।

छडछडा स्त्री [छटच्छटा] सूर्प (सूप) वगैरह से अन्न को झाडते समय होती एक प्रकार की अव्यक्त आवाज ।

छडा स्त्री [दे] विद्युत् ।

छडा स्त्री [छटा] समूह, परम्परा । छींटा, पानी की बूंद ।

छडाल वि [छटावत्] छटावाला ।

छडिय वि [छटित] सूप आदि से छँटा या फटका हुआ ।

छड्ड सक [छर्दय्, मुच्] वमन करना । छोड़ना, त्याग करना । डालना, गिराना ।

छड्डय वि [छर्दक] छोडनेवाला । पुं एक सेठ का नाम ।

छड्डवण न [छर्दन, मोचन] छुड़वाना, मुक्त करवाना । वमन कराना । वि. वमन करानेवाला । छुडानेवाला ।

छड्डवय वि [छर्दक, मोचक] त्याग करानेवाला ।

छड्डावण देखो छड्डवण ।

छड्डाविय वि [छर्दित, मोचित] वमन कराया हुआ । छुड़वाया हुआ ।

छड्डि स्त्री [छर्दि] वमन का रोग ।

छड्डि स्त्री [छर्दिस्] छिद्र, दूषण ।

छण सक [क्षण्] हिंसा करना, छेदन करना ।

छण पु [क्षण] उत्सव । हिंसा । °चंद पु [°चन्द्र] शरद् ऋतु की पूर्णिमा का चन्द्रमा । °ससि पु [°शशिन्] वही पूर्वोक्त अर्थ ।

छणिंदु पुं [क्षणेन्दु] शरद् ऋतु की पूर्णिमा का चन्द्र ।

छण्ण वि [छन्न] गुप्त, छिपाया हुआ । आच्छादित । न. माया, कपट । निर्जन, रहस् ।

छण्णालय न [दे. षण्णालक] त्रिकाष्ठिक, तिपाई, सन्यासियों का एक उपकरण ।

छत्त न [छत्र] छाता, आतपत्र । लगातार तैंतीस दिनों का उपवास । पुंन. एक देव-विमान । पुं. ज्योतिष प्रसिद्ध एक योग जिसमे चन्द्र आदि ग्रह छत्र के आकार से रहते हैं । °इल्ल वि [°वत्] छातावाला । °कार वि. छाता बनानेवाला शिल्पी । °ग पुंन [°क] वनस्पति-विशेष । °धार पुं. छाता धारण करनेवाला नौकर । °पडागा स्त्री [°पताका] छत्रयुक्त ध्वज । छत्र के ऊपर की पताका । °पलासय न [°पलाशक] कृतमंगला नगरी का एक चैत्य । °भंग पुं [°भङ्ग] राज-नाश, नृपमरण । °हार देखो °धार । °इच्छत्त न [°ातिच्छत्र] छत्र के ऊपर का छाता । पु. ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध योग-विशेष ।

छत्त पुं [छात्र] विद्यार्थी, अभ्यासी ।

छत्तंतिया स्त्री [छत्रान्तिका] परिषद्-विशेष, सभा-विशेष ।

छत्तच्छय (अप) पुं [सप्तच्छद] सतौना का पक्ष ।

छत्तधन्न न [दे] घास ।

छत्तवण्ण देखो छत्तिवण्ण ।

छत्ता स्त्री [छत्रा] नगरी-विशेष ।

छत्तार पु [छत्रकार] छाता बनानेवाला कारीगर ।

छत्ताह पुं [छत्राभ] वृक्ष-विशेष ।

छत्तिवण्ण पुं [सप्तपर्ण] छतिवन ।

छत्तोय पु [छत्रौक] वनस्पति-विशेष, वृक्ष-विशेष ।

छत्तोव पु [छत्रोप] वृक्ष-विशेष ।

छत्तोह पु [छत्रौघ] वृक्ष-विशेष ।

छदमत्थ देखो छउमत्थ ।

छद्दवण देखो छड्डवण ।

छद्दसम वि [षड्दश] छः या दश ।

छद्दी स्त्री [दे] बिछौना ।

छन्न वि [क्षण] हिंसा-प्रधान, हिंसा-जनक ।

छप्पइगिल्ल वि [षट्पदिकावत्] यूका-युक्त ।

छप्पइया स्त्री [षट्पदिका] जूँ ।

छप्पंती स्त्री [दे] नियम-विशेष, जिसमे पद्य

लिखा जाता है।

छप्पण } वि [दे. षट्प्रज्ञक] विदग्ध,
छप्पणय } चतुर।

छप्पत्तिआ स्त्री [दे] थप्पड़। रोटी।

छप्पय पुं [षट्पद] भौंरा। वि. छः स्थान-वाला। छ. प्रकार का। छन्द-विशेष।

छब्ब } पुं न [दे] पात्र-विशेष।
छब्बग }

छब्बय न [दे] वंश-पिटक, घी वगैरह को छानने का उपकरण-विशेष।

छब्भामरी स्त्री [षट्भ्रामरी] एक प्रकार की वीणा।

छमच्छम अक [छमच्छमाय्] गरम चीज पर दी जाती पानी की आवाज।

छम° देखो क्षमा। °रुह पु. पेड़, दरख्त।

छमलय पु [दे] सप्तच्छद का वृक्ष।

छमा स्त्री [क्षमा, क्ष्मा] पृथिवी, भूमि। °हर पुं [°धर] पर्वत, देखो छम°।

छमी स्त्री [शमी] अग्नि-गर्भ वृक्ष।

छम्म देखो छउम।

छम्मुह पु [षण्मुख] कार्तिकेय। भगवान् विमलनाथ का अधिष्ठायक देव।

छय न [छद] पर्ण, पत्र, आवरण, आच्छादन।

छय न [क्षत] घाव। पीड़ित, व्रणित।

छयल्ल [दे] देखो छइल्ल।

छरु पुं [त्सरु] खड्ग-मुष्टि, तलवार का हाथा। °प्पवाय न [°प्रवाद] खड्ग-शिक्षा-शास्त्र।

छल° देखो छ = षष्।

छल सक [छलय्] ठगना, वञ्चना।

छल न. कपट, माया। बहाना। अर्थविघात, वचन-विघात, एक तरह का वचन-युद्ध। °ायणन [°ायतन] छल।

छलंस वि [षडस्र] षट्कोण।

छलंसिअ वि [षडस्रिक] छः कोणवाला।

छलण न [छलन] फेकना।

छलत्थ वि [षडर्थ] छः अर्थवाला।

छलसीअ स्त्रीन [षडशीति] छियासी।

छलसीइ स्त्री. ऊपर देखो।

छलिअ वि [छलित] विप्रतारित, ठगा हुआ। शृङ्गार-काव्य। तस्कर-संज्ञा।

छलिअ वि [दे] विदग्ध, चतुर।

छलिअ न [छलिक] नाट्य-विशेष।

दह पुं [द्रह] ह्रद, सरोवर । °फुल्लिया स्त्री [°फुल्लिका] वल्ली-विशेष । °वई, °ावई स्त्री [°वती] नदी-विशेष ।

दह देखो दस ।

दहण न [दहन] दाह, भस्मीकरण । पुं अग्नि ।

दहणी स्त्री [दहनी] विद्या-विशेष ।

दहवोल्ली स्त्री [दे] स्थाली, थलिया ।

दहावण वि [दाहक] जलानेवाला ।

दहि न [दधि] दही । °घण पुं [°घन] अतिशय जमा हुआ दही । °मुह पु [°मुख] द्वीप-विशेष । एक नगर । पर्वत-विशेष । °वण्ण पु [°पर्ण] एक राजा । वृक्ष-विशेष । °वासुया स्त्री [°वासुका] वनस्पति-विशेष । °वाहण पु [°वाहन] नृप-विशेष । °सर पु. खाद्य-द्रव्य-विशेष, मलाई ।

दहि त्रि [दधि] दही । तेला, लगातार तीन दिन का उपवास ।

दहिउप्फ न [दे] मक्खन ।

दहिट्ठ पुं [दे] कपित्थ ।

दहिण देखो दाहिण ।

दहित्थर, दहित्थार } पुं [दे] दही पर की मलाई, खाद्य-विशेष ।

दहिमुह पु [दे] वानर ।

दहिय पुं [दे] पक्षि-विशेष ।

दा सक. देना, उत्सर्ग करना ।

दा देखो ता = तावत् ।

दा° देखो दग । °थालग न [°स्थालक] जल से गीला थाल । कलस पुं [°कलश] पानी का छोटा घड़ा । °कुंभ [°कुम्भ] जल का घड़ा । °वरग पु [°वरक] जल का पात्र-विशेष ।

दाअ देखो दाव = दर्शय् ।

दाअ पुं [दे] प्रतिभू, जामिनदार ।

दाअ पु [दाय] दान, उत्सर्ग ।

दाइ वि [दायिन्] दाता ।

दाइअ वि [दर्शित] दिखलाया हुआ ।

दाइअ पु [दायिक] पैतृक सम्पत्ति का हिस्से-दार । समान-गोत्रीय ।

दाइज्जय न [देयक] पाणिग्रहण के समय वर-वधू को दिया जाता द्रव्य ।

दाउ वि [दातृ] दाता ।

दाओयरिय वि [दाकोदरिक] जलोदर रोग-वाला ।

दाक्खव (अप) देखो दक्खव ।

दाघ देखो दाह ।

दाडिम न. अनार का फल ।

दाडिमी स्त्री. अनार का पेड़ ।

दाढगालि देखो दढगालि ।

दाढा स्त्री [दंष्ट्रा] बड़ा दाँत, दन्त-विशेष, चौभड, चहू, दाढ ।

दाढि वि [दंष्ट्रिन्] दाढवाला । पुं हिंसक पशु । सूअर, वराह ।

दाढिआ स्त्री [दे] दाढी, मुख के नीचे का भाग, श्मश्रु ।

दाढिआलि, दाढिगालि } स्त्री [दंष्ट्रिकावलि] दाढा की पंक्ति । वस्त्र-विशेष ।

दाण पुंन [दान] दान, उत्सर्ग, त्याग। हाथी का मद। जो दिया जाय वह। °विरय पुं [°विरत]एक राजा।°साला स्त्री [°शाला] सत्रागार।

दाणंतराय न [दानान्तराय] कर्म-विशेष जिसके उदय से दान देने की इच्छा नही होती है।

दाणपारमिया स्त्री [दानपारमिता] दान, उत्सर्ग समर्पण।

दाणव पुं [दानव] असुर।

दाणविंद पु [दानवेन्द्र] असुरो का स्वामी।

दाणि स्त्री [दे] चुंगी।

दाणि | दाणिं | दाणी अ [इदानीम्] इस समय, अभी।

दाथ वि [द्वाःस्थ] द्वार पर स्थित। पुं. प्रतीहार, द्वारपाल, चपरासी।

दादलिआ स्त्री [दे] अंगुली।

दापण न [दापन] दिलाना।

दाम न [दामन्] माला। रस्सी। पुं. वेलन्धर नागराज का एक आवास-पर्वत। °वंत वि [°वत्] मालावाला।

दामड्ढि पुं [दामस्थि] सौधर्म देवलोक के इन्द्र के वृषभ-सैन्य का अधिपति देव।

दामड्ढि पु [दामर्द्धि] ऊपर देखो।

दामण न [दामन] बन्धन, पशुओ का रस्सी से नियन्त्रण।

दामण स्त्रीन [दामनी] पशु को बाँधने की डोरी—रस्सी, पगहा।

दामणा स्त्री [दे] प्रसूति। आँख।

दामणी स्त्री [दामनी] पशुओ को बाँधने की रस्सी। भगवान् कुन्थुनाथ की मुख्य शिष्या। स्त्री और पुरुष का रज्जु के आकारवाला एक शुभ-लक्षण।

दामिय वि [दामित] संयमित, नियन्त्रित।

दामिली स्त्री [द्राविडी] द्रविड देश की लिपि मे निबद्ध एक मन्त्र-विद्या।

दामी स्त्री. लिपि-विशेष।

दामोअर पुं [दामोदर] श्रीकृष्ण वासुदेव। अतीत उत्सर्पिणी काल मे भरत-क्षेत्र मे उत्पन्न नववाँ जिनदेव।

दायग वि [दायक] दाता।

दायण न [दान] देना।

दायणा स्त्री [दापना] पृष्ट अर्थ की व्याख्या।

दायय देखो दायग।

दायाद पुं [दायाद] पैतृक सम्पत्ति का भागीदार, पुत्र, सपिंड कुटुम्बी।

दायार वि [दायार] याचक, प्रार्थी।

दार सक [दारय्] विदारना, तोडना, चूर्ण करना।

दार पुं [दे] कटी-सूत्र, काँची।

दार पुंन. महिला।

दार न [द्वार] दरवाजा, निकलने का मार्ग। °ग्गला स्त्री [°र्गला] दरवाजे का आगल। °ट्ठ, °त्थ वि [°स्थ] द्वार पर स्थित। पुं. दरवान। °पाल, °वाल पुं [°पाल] द्वार-रक्षक। °वालय, °वालिय पु [°पालक, °पालिक] प्रतीहार।

दार | दारग पुं [दारक] बच्चा। देखो दारय।

दारद्धंता स्त्री [दे] पेटी।

दारय वि [दारक] करनेवाला, विध्वंसक। देखो दारग।

दारिअ वि [दारित] विदारित, फाड़ा हुआ।

दारिआ स्त्री [दारिका] लडकी।

दारिआ स्त्री [दे] वेश्या।

दारिद्द न [दारिद्र्य] निर्धनता। दीनता। आलस्य।

दारु न. काष्ठ। °ग्गाम पुं [°ग्राम] ग्राम-विशेष। °दंडय पुंन [दण्डक] काष्ठ-दण्ड, साधुओ का एक उपकरण। °पव्वय पुं [°पर्वत] पर्वत-विशेष। °पाय न [°पात्र]

काष्ठ का बना हुआ भाजन। °पुत्तय पुं [°पुत्रक] कठपुतला। °मड पुं. भरत-क्षेत्र के एक भावी जिन-देव के पूर्वजन्म का नाम। °संकम पुं [°संक्रम] काष्ठ का बना हुआ पुल सेतु।

दारुअ पुं [दारुक] श्रीकृष्ण वासुदेव का एक पुत्र जिसने भगवान् नेमिनाथ के पास दीक्षा लेकर उत्तम गति प्राप्त की थी। श्रीकृष्ण का एक सारथि। न. लकड़ी।

दारुइज्ज वि [दारुकीय] काष्ठ-निर्मित, लकड़ी का बना हुआ। °पव्वय पुं [पर्वत] काष्ठ का बना हुआ मालूम पड़ता पर्वत।

दारुण वि. विषम, भयंकर, भीषण। क्रोध-युक्त, रौद्र। न. कष्ट, दुःख। दुर्भिक्ष।

दारुणी स्त्री विद्यादेवी-विशेष।

दालण न [दारण] विदारण, खण्डन।

दालि स्त्री [दे दालि] दाल, दला हुआ चना, अरहर, मूंग आदि अन्न। राजि, रेखा, लकीर।

दालिअ न [दे] नेत्र।

दालिद्द देखो दारिद्द।

दालिद्दिय देखो दारिद्दिय।

दालिम देखो दाडिम।

दालियंब न [दालिकाम्ल] दाल का बना हुआ खाद्य-विशेष।

दालिया स्त्री [दालिका] देखो दालि।

दाली देखो दालि।

दाव सक [दर्शय्] दिखलाना, बतलाना।

दाव सक [दापय्] दिलाना, दान करवाना।

दाव देखो ताव = तावत्।

दाव पुं जंगल। दव। जंगल की अग्नि। °ग्गि पुं [°ग्नि] जंगल की आग। °णल पुं [°नल] जंगल की आग।

दावण न [दामन] छान, पशुओं के पैर में बाँधने की रस्सी।

दावण न [दापन] दिलाना।

दावणया स्त्री [दापना] दिलाना।

दावद्दव पुं [दावद्रव] वृक्ष-विशेष।

दावर पुं [द्वापर] तीसरा युग। न. द्विक, दो। °जुम्म पुं [°युग्म] राशि-विशेष।

दावाव सक [दापय्] दिलाना।

दाविअ वि [द्रावित] झराया हुआ, टपकाया हुआ। नरम किया हुआ।

दास पुं. [दर्श] दर्शन, अवलोकन।

दास पुं. नौकर। धीवर। °चेड, °चेटग पुं [°चेट] छोटी उम्र का नौकर। नौकर का लड़का। °सच्च पुं [°सत्य] श्रीकृष्ण।

दासरहि पुं [दाशरथि] राजा दशरथ का पुत्र, रामचन्द्र।

दासीखव्वडिया स्त्री [दासीकर्वटिका] जैन मुनियों की एक शाखा।

दाह पुं. ताप, जलन। दहन, भस्मीकरण। रोग-विशेष। °ज्जर पुं [°ज्वर] ज्वर-विशेष। °वक्कंतिय वि [°व्युत्क्रान्तिक] जिसको दाह उत्पन्न हुआ हो वह।

दाहग वि [दाहक] जलानेवाला।

दाहण न [दाहन] जलाना, भस्म कराना।

दाहविय वि [दाहित] जलवाया हुआ। आग लगवाया हुआ।

दाहिण देखो दक्खिण। °दारिय वि [°द्वारिक] दक्षिण दिशा में जिसका द्वार हो वह। न अश्विनी-प्रमुख सात नक्षत्र। °पच्चत्थिम वि [°पश्चिमीय] दक्षिण और पश्चिम दिशा के बीच का भाग, नैर्ऋत कोण। °पह पुं [°पथ] दक्षिण देश की ओर का रास्ता। दक्षिण देश। °पुरत्थिम वि [°पूर्वीय] दक्षिण और पूर्व दिशा के बीच का भाग, अग्नि-कोण। °वत्त वि [°वर्त] दक्षिण में आवर्तवाला (शंख आदि)।

दाहिणी स्त्री [दक्षिणा] दक्षिण-दिशा।

दि वि. [द्वि] दो, दो की संख्यावाला।

दि° देखो दिसा। °क्करि पुं [°करिन्] दिग्-

हस्ती । °ग्गइंद पुं [°गजेन्द्र] दिग्-हस्ती । °ग्गय पु [°गज] दिग्-हस्ती । °चक्कसार न [°चक्रसार] विद्याधरों का एक नगर । °म्मोह पुं [°मोह] दिशा-भ्रम । देखो दिसा ।

दिअ पुंन [दे] दिवस, दिन ।

दिअ पुं [द्विज] ब्राह्मण । दाँत । ब्राह्मण आदि तीन वर्ण—ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य । अण्डज । पक्षी । टिंवरू का पेड़ । °राय पुं [°राज] उत्तम द्विज । चन्द्रमा ।

दिअ पुं [द्विक] कौआ ।

दिअ पुं [द्विप] हाथी ।

दिअ न [दिव] स्वर्ग । °लोअ, °लोग पुं [°लोक] देवलोक ।

दिअ वि [दित] छिन्न, काटा हुआ ।

दिअं वि [दृत] हृत, मार डाला हुआ ।

दिअंत पुं [दिगन्त] दिशा का प्रान्त भाग ।

दिअंवर वि [दिगम्बर] वस्त्र-रहित । पुं. एक जैन सम्प्रदाय ।

दिअज्झ पुं [दे] सुवर्णकार ।

दिअधुत्त पुं [दे] काक ।

दिअर पु [देवर] पति का छोटा भाई ।

दिअलिअ वि [दे] मूर्ख, अज्ञानी ।

दिअली स्त्री [दे] स्थूणा, खम्भा, खूंटी ।

दिअस पुन [दिवस] दिन । °कर पुं. सूर्य । °नाह पु [°नाथ] सूरज । °यर देखो °कर । देखो दिवस ।

दिअसिअ न [दे] सदा-भोजन । प्रतिदिन ।

दिअह देखो दिअस ।

दिअहुत्त न [दे] पूर्वाह्ण का भोजन, दुपहर का भोजन ।

दिआ अ [दिवा] दिवस । °णिस न [°निश] दिन-रात । °राअ न [°रात्र] सर्वदा । देखो दिवा ।

दिआइ देखो दुआइ ।

दिआहम पुं [दे] भास पक्षी ।

दिइ स्त्री [दृति] मशक, चमडे का जल-पात्र ।

दिउण वि [द्विगुण] दूना, दुगुना ।

दिक्काण पु [द्रेष्काण] मेष आदि लग्नो का दसवाँ हिस्सा ।

दिक्ख सक [दीक्ष्] दीक्षा देना, प्रव्रज्या देना, संन्यास देना, शिष्य करना ।

दिक्ख देखो देक्ख ।

दिक्खा स्त्री [दीक्षा] प्रवज्या देना, दीक्षण । प्रव्रज्या, संन्यास ।

दिक्खिअ वि [दीक्षित] जिसको प्रव्रज्या दी गई हो वह, जो साधु बनाया गया हो वह ।

दिगंछा देखो दिगिंछा ।

दिगंवर देखो दिअंवर ।

दिगिंछा स्त्री [जिघत्सा] भूख ।

दिगिच्छ सक [जिघत्स्] खाने को चाहना ।

दिगु पुं [द्विगु] व्याकरण-प्रसिद्ध एक समास ।

दिग्गु देखो दिगु ।

दिग्घ देखो दीह । °णंगूल, °लंगूल वि [°लाङ्गूल] लम्बी पूँछवाला । पु. वानर ।

दिग्घिआ स्त्री [दीर्घिका] वापी, सीढीवाला कूप-विशेप ।

दिच्छा स्त्री [दित्सा] देने इच्छा ।

दिज देखो दिअ = द्विज ।

दिज्ज वि [देय] देने-योग्य । जो दिया जा सके । पुन. कर-विशेष ।

दिट्ठ वि [दिष्ट] कथित, प्रतिपादित ।

दिट्ठ वि [दृष्ट] विलोकित । अभिमत । ज्ञात, प्रमाण से जाना हुआ । न. दर्शन, विलोकन । °पाढि वि [°पाठिन्] चरक-सुश्रुतादि का जानकार । °लाभिय पु [°लाभिक] दृष्ट वस्तु को ही ग्रहण करनेवाला जैन साधु ।

दिट्ठ न [दृष्ट] प्रत्यक्ष या अनुमान प्रमाण से जानने-योग्य वस्तु ।°साहम्मव न[°साधर्म्यवत्] अनुमान का एक भेद ।

दिट्ठंत पु [दृष्टान्त] उदाहरण ।

दिट्ठंतिअ वि [द्राष्टान्तिक] जिस पर उदा-

हरण दिया गया हो वह। न. अभिनय-विशेष।

दिट्ठि स्त्री [दृष्टि] आँख, नजर। दर्शन, मत। दर्शन, अवलोकन, निरीक्षण। बुद्धि, मति। विवेक, विचार। °कीव पुं [°क्लीव] नपुंसक-विशेष। °जुद्ध न [°युद्ध] युद्ध-विशेष, आँख की स्थिरता की लड़ाई। °बंध पुं [°बन्ध] नजर बाँधना। °म, °मंत वि [°मत्] प्रशस्त दृष्टिवाला, सम्यग्-दर्शी। °राय पुं [°राग] दर्शन-राग, अपने धर्म पर अनुराग। चाक्षुष-स्नेह। °ल्ल वि [°मत्] प्रशस्त दृष्टिवाला। °वाय पुं [°पात] नजर डालना। बारहवाँ जैन अंग-ग्रन्थ। °वाय पुं [°वाद] बारहवाँ जैन अंग-ग्रन्थ। °विपरिआसिआ स्त्री [°विपर्यासिका, °सिता] मति-भ्रम। °विस पुं [°विष] जिसकी दृष्टि में विष हो ऐसा सर्प। °सूल न [°शूल] नेत्र का रोग-विशेष।

दिट्ठि स्त्री [दृष्टि] तारा, मित्रा आदि योग-दृष्टि।

दिट्ठिआ अ [दिष्ट्या] इन अर्थों का सूचक अव्यय—मंगल। हर्ष। भाग्य से।

दिट्ठिआ स्त्री [दृष्टिका, °जा] क्रिया-विशेष—दर्शन के लिए गमन। दर्शन से कर्म का उदय होना।

दिट्ठीआ स्त्री [दृष्टीया] ऊपर देखो।

दिट्ठीवाओवएसिआ स्त्री [दृष्टिवादोपदेशिकी] संज्ञा-विशेष।

दिट्ठेल्लय वि [दृष्ट] देखा हुआ, निरीक्षित।

दिड्ढ, दिढ } देखो दढ।

दिण पुंन [दिन] दिवस। °इंद पुं [°इन्द्र] सूर्य। °कय पुं [°कृत्] रवि। °कर पु. सूरज। °नाह पु [°नाथ] सूर्य। °बंधु पुं [°बन्धु] रवि। °मणि पुं. सूर्य। °मुह न [°मुख] प्रातःकाल। °यर देखो °कर। °रयणिकरि स्त्री [°रजनिकरी] विद्या-विशेष। °वइ पु [°पति] सूर्य।

दिणिंद पुं [दिनेन्द्र] रवि।

दिणेस पुं [दिनेश] सूरज। बारह की संख्या।

दिण्ण वि [दत्त] दिया हुआ, वितीर्ण। निवेशित, स्थापित। पुं. भगवान् पार्श्वनाथ के प्रथम गणधर। भगवान् श्रेयांसनाथ का पूर्वजन्मीय नाम। भगवान् चन्द्रप्रभ का प्रथम गणधर। भगवान् नमिनाथ को प्रथम भिक्षा देनेवाला एक गृहस्थ। देखो दिन्न।

दिण्ण देखो दइन्न।

दिण्णेल्लय वि [दत्त] दिया हुआ।

दित्त वि [दीप्त] ज्वलित, प्रकाशित। कान्ति-युक्त। तीक्ष्णभूत, निशित। उज्ज्वल, चमकीला। पुष्ट, परिवृद्ध। प्रसिद्ध। मारनेवाला। °चित्त वि. हर्ष के अतिरेक से जिसको चित्त-भ्रम हो गया हो वह।

दित्त वि [दृप्त] गर्वित। मारनेवाला। हानि-कारक। °इत्त वि [°चित्त] जिसके मन में गर्व हो। हर्ष के अतिरेक से जो पागल हो वह।

दित्ति स्त्री [दीप्ति] कान्ति, तेज, प्रकाश। °म वि [°मत्] कान्ति-युक्त।

दित्ति स्त्री [दीप्ति] उद्दीपन। °ल्ल वि [°मत्] प्रकाशवाला।

दिदिक्खा, दिदिच्छा } स्त्री [दिदृक्षा] देखने की इच्छा।

दिद्ध वि [दिग्ध] लिप्त।

दिन्न देखो दिण्ण। श्री गौतम स्वामी के पास पाँच सौ तापसो के साथ जैन-दीक्षा लेनेवाला एक तापस। एक जैन आचार्य।

दिन्नय पु [दत्तक] गोद लिया हुआ पुत्र।

दिप्प अक [दीप्] चमकना। तेज होना। जलना।

दिप्प अक [तृप्] तृप्त होना, सन्तुष्ट होना।

दिप्प वि [दीप्र] चमकनेवाला, तेजस्वी।

दिप्प (अप) पुं [दीप] दीपक । छन्द-विशेष ।
दिप्पंत पु [दे] अनर्थ ।
दिप्पिर देखो दिप्प = दीप्त ।
दियाव सक [दा] देना ।
दिरय पुं [द्विरद] हस्ती ।
दिलदिलिअ [दे] देखो दिल्लिदिलिअ ।
दिलिदिल अक [दिलदिलाय्] 'दिल् दिल्' आवाज करना ।
दिलिवेढय पुं [दिलिवेष्टक] एक प्रकार का ग्राह, जल-जन्तु की एक जाति ।
दिल्लिदिलिअ पुं [दे] बालक, लड़का ।
दिव उभ [दिव्] क्रीड़ा करना । जीतने की इच्छा करना । लेन-देन करना । चाहना, वाछना । आज्ञा करना ।
दिव न [दिव्] स्वर्ग ।
दिवड्ढ वि [द्व्यपार्ध] डेढ ।
दिवस } देखो दिअस । °पुहुत्त न [°पृथक-
दिवह } त्व] दो से लेकर नव दिन तक का समय ।
दिवा देखो दिआ । °इत्ति पुं [°कीर्त्ति] चाण्डाल, भगी । °कर पुं सूर्य । °कित्ति पुं [°कीर्त्ति] हजाम । °गर देखो °कर । °मुह न [°मुख] प्रभात । °यर देखो °कर । °यरत्थ न [°करास्त्र] प्रकाश-कारक अस्त्र-विशेष ।
दिवायर पुं [दिवाकर]सिद्धसेन नामक विख्यात जैन कवि और तार्किक । पूर्वधर मुनि ।
दिवि देखो देव ।
दिविअ पुं [द्विविद] वानर-विशेष ।
दिविज वि [दिविज] स्वर्ग मे उत्पन्न । पुं. देवता ।
दिविट्ठ देखो दुविट्ठ ।
दिवे (अप) देखो दिवा ।
दिव्व वि [दिव्य] स्वर्ग-सम्बन्धी, स्वर्गीय । उत्तम, सुन्दर, मनोहर । मुख्य । देव-सम्बन्धी । न. शपथ-विशेष, आरोप की शुद्धि के लिए किया जाता अग्नि-प्रवेश आदि । प्राचीन काल मे अपुत्रक राजा की मृत्यु हो जाने पर जिस चमत्कार-जनक घटना से राज-गद्दी के लिए किसी मनुष्य का निर्वाचन होता था वह हस्ति-गर्जन, अश्व-हेषा आदि अलौकिक प्रमाण । °माणुस न [°मानुष] देव और मनुष्य सम्बन्धी हकीकतों का जिसमें वर्णन हो ऐसी कथा-वस्तु ।
दिव्व न [दिव्य] तेला, तीन दिन का लगातार उपवास । वि देव-सम्बन्धी ।
दिव्व देखो दइव ।
दिव्व देखो देव ।
दिव्वाग पु [दिव्याक] सर्प की एक जाति ।
दिव्वासा स्त्री [दे] चामुण्डा देवी ।
दिस सक [दिश्] कहना । प्रतिपादन करना ।
दिस पु [दिश] एक देव-विमान ।
दिस वि [दिश्य] दिशा मे उत्पन्न ।
दिसआ स्त्री [दृषद्] पत्थर ।
दिसा } स्त्री [दिश्] दिशा, पूर्व आदि दस
दिसि } दिशाएँ । प्रौढा स्त्री । °अक्क
दिसी° } न [°चक्र] दिशाओ का समूह । °कुमरी स्त्री [°कुमारी] देवी-विशेष । °कुमार पु. भवनपति देवो की एक जाति । °कुमारी देखो °कुमरी । °गअ पु [°गज] दिग्-हस्ती । °गइंद पु [°गजेन्द्र] दिग्-हस्ती । °चक्क देखो °अक्क । °चक्कवाल न [°चक्रवाल]दिशाओ का शमूह । तप-विशेष । °चर पु. देशाटन करनेवाला भक्त । °जत्ता देखो °यत्ता । °जत्तिय देखो °यत्तिय । °डाह पु [°दाह] दिशाओ मे होनेवाला एक तरह का प्रकाश जिसमे नीचे अन्धकार और ऊपर प्रकाश दीखता है यह भावी उपद्रवो का सूचक है । °णुवाय पु [°अनुपात] दिशा का अनुसरण । °दंति पु [°दन्तिन्] दिग्-हस्ती । °दाह देखो °डाह । °दि पुं [°आदि] मेरु-पर्वत । °देवया स्त्री [°देवता]

दिशा की अधिष्ठात्री देवी। °पोक्खि पुं [°प्रोक्षिन्] एक प्रकार का वानप्रस्थ। °भाअ पुं [°भाग] दिग्भाग। °मत्त न [°मात्र] अत्यल्प, संक्षिप्त। °मोह पु. दिशा का भ्रम। °यत्ता स्त्री [°यात्रा] देशाटन, मुसाफिरी। °यत्तिय वि [°यात्रिक] दिशाओ मे फिरने वाला। °लोय पु [°आलोक] दिशा का प्रकाश। °वह पु [°पथ] दिशा-रूप मार्ग। °वाल पुं [°पाल] दिक्पाल, दिशा का अधिपति। °वेरमण न [°विर-मण] जैन गृहस्थ को पालने का एक नियम—दिशा मे जाने-आने का परिमाण करना। °व्वय न [°व्रत] देखो °वेरमण। °सोत्थिय पुं [°स्वस्तिक] स्वस्तिक-विशेष। °सोवत्थिय पु [°सौवस्तिक] स्वस्तिक-विशेष, दक्षिणावर्त्त स्वस्तिक। न. एक देव-विमान। रुचक पर्वत का एक शिखर। °हत्थि पुं [°हस्तिन्] दिग्गज, दिशाओ मे स्थित ऐरवत आदि आठ हस्ती। °हत्थिकूड पुंन [°हस्तिकूट] दिशा मे स्थित हस्ती के आकारवाला शिखर-विशेष, वे आठ हैं—पद्मोत्तर, नीलवन्त, सुहस्ती, अञ्जनगिरि, कुमुद, पलाश, अवतंस और रोचनगिरि।

दिसाइ देखो दिसा-दि।

दिसेभ पुं [दिगिभ] दिग्गज।

दिस्स वि [दृश्य] देखने-योग्य, प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय।

दिस्सा देखो दक्ख = दृश्।

दिहा अ [द्विधा] दो प्रकार।

दिहि स्त्री [धृति] धैर्य। °म वि [°मत्] धीर।

दीअ देखो दीव = दीप।

दीअअ देखो दीवय।

दीण वि [दीन] गरीब। दुःखित। हीन, न्यून। शोकातुर।

दीणार पुं [दीनार] सोने का एक सिक्का।

दीपक } (अप) पुंन [दीपक] छन्द-विशेष।
दीपक्क }

दीव देखो दिव = दिव्।

दीव सक [दीपय्] दीपाना, शोभाना। जलाना। तेज करना। प्रकट करना। निवेदन करना।

दीव पुं [दीप] प्रदीप, आलोक। कल्पवृक्ष की एक जाति, प्रदीप का कार्य करनेवाला कल्पवृक्ष। °चंपय न [°चम्पक] दिया का ढकना, दीप-पिधान। °ाली स्त्री. दीप-पंक्ति। दीवाली, पर्व-विशेष, कार्तिक वदी अमावस। °ावली स्त्री. पूर्वोक्त ही अर्थ।

दीव पुं [द्वीप] जिसके चारो ओर जल भरा हो ऐसा भूमि-भाग। भवनपति देवो की एक जाति, द्वीपकुमार देव। व्याघ्र। °कुमार पुं. एक देव-जाति। °ण्णु वि [°ज्ञ] द्वीप के मार्ग का जानकार। °सागरपन्नत्ति स्त्री [°सागरप्रज्ञप्ति] जैन ग्रन्थ-विशेष, जिसमे द्वीपो और समुद्रो का वर्णन है।

दीव पुं [द्वीप] सौराष्ट्र का एक नगर।

दीवअ पु [दे] कृकलास, गिरगिट।

दीवअ पुं [दीपक] प्रदीप। आलोक। वि. प्रकाशक, शोभा-कारक। न. छन्द-विशेष।

दीवंग पुं [दीपाङ्ग] प्रदीप का काम देनेवाले कल्पवृक्ष की एक जाति।

दीवग देखो दीवअ = दीपक।

दीवड पुं [दे] जलजन्तु-विशेष।

दीवणिज्ज वि [दीपनीय] जठराग्नि को बढानेवाला। शोभायमान, देदीप्यमान।

दीवायण पु [द्वीपायन, द्वैपायन] एक प्राचीन ऋषि।

दीवि } पुं [द्वीपिन्] व्याघ्र की एक जाति, चीता।
दीविअ }

दीविअंग पुं [दीपिकाङ्ग] कल्प-वृक्ष की एक जाति जो अन्धकार को दूर करता है।

दीविआ स्त्री [दे] उपदेहिका, क्षुद्र कीट-

विशेष। व्याध की हरिणी जो दूसरे हरिणों के आकर्षण करने के लिए रखी जाती है। व्याध-सम्बन्धी पिंजडे मे रखा हुआ तितिर पक्षी।

दीविआ स्त्री [दीपिका] लघु प्रदीप।

दीविच्चग वि [द्वैप्य] द्वीप मे पैदा हुआ।

दीवी (अप) देखो देवी।

दीवी स्त्री [दीपिका] छोटा दिया।

दीवूसव पुं [दीपोत्सव] कार्तिक वदी अमावस, दीपावली।

दीह वि [दीर्घ] लम्बा। पुं. दो मात्रावाला स्वर। कोशल देश का एक राजा। °काय अग्निकाय। °कालिगी स्त्री [°कालिकी] संज्ञा-विशेष, बुद्धि-विशेष जिससे सुदीर्घ भूत-काल की बातों का स्मरण और सुदीर्घ भविष्य का विचार किया जा सकता है। °कालिय वि [°कालिक]दीर्घकाल से उत्पन्न, चिरन्तन। दीर्घकाल-सम्बन्धी। °जत्ता स्त्री [°यात्रा] लम्बा सफर। मौत। °डक्क वि [°दष्ट] जिसको साँप ने काटा हो वह। °णिद्दा स्त्री [°निद्रा] मरण। °दंत पु [°दन्त] भारत वर्ष का एक भावी चक्रवर्त्ती राजा। एक जैनमुनि। °दसि वि [°दर्शिन्] दूरदर्शी, दूरन्देशी। °दसा स्त्री. ब. [°दशा] जैन ग्रन्थ-विशेष। °दिट्ठि वि [दृष्टि] दूरदर्शी, दूरन्देशी। स्त्री. दीर्घ-दर्शिता। °पट्ठ पुं [°पृष्ठ] साँप। यवराज का एक मन्त्री। °पास पुं [°पार्श्व] ऐरवत क्षेत्र के सोलहवे भावी जिनदेव। °पेहि वि [°प्रेक्षिन्] दूर-दर्शी। °बाहु पु. भरत-क्षेत्र मे होनेवाला तीसरा वासुदेव। भगवान् चन्द्रप्रभ का पूर्व जन्मीय नाम। °भद्द पुं [°भद्र] एक जैन मुनि। °मद्ध वि [ाध्व] लम्बा रास्तावाला। °मद्ध वि [°ाद्ध] दीर्घकाल से गम्य। °माउ न [°ायुष्] लम्बा आयुष्य। °रत्त, °राय पुंन [°रात्र] लम्बी रात। बहु रात्रिवाला, चिर-काल। °राय पुं [°राज] एक राजा। °लोग पुं [°लोक] वनस्पति का जीव। °लोगसत्थ न [°लोकशस्त्र] अग्नि। °वेयड्ढ पु [°वैताढ्य] स्वनाम-ख्यात पर्वत। °सुत्त न [सूत्र] बड़ा सूता। आलस्य। °सेण पुं [°सेन] अनुत्तर-देवलोक-गामी मुनि-विशेष। इस अवसर्पिणी काल मे उत्पन्न ऐरवत क्षेत्र के आठवे जिन-देव। °ाउ, °ाउय वि [°ायुष्, °ायुष्क] लम्बी उम्रवाला, चिरंजीवी। °ासण न [°ासन] शय्या।

दीह देखो दिअह।

दीहंध वि [दिवसान्ध] दिन को देखने मे असमर्थ।

दीहजीह पुं [दे] शंख।

दीहपिट्ठ देखो दीह-पट्ठ।

दीहर देखो दीह = दीर्घ। °च्छ वि [°ाक्ष] लम्बी आँखवाला।

दीहरिय वि [दीर्घित] लम्बा किया हुआ।

दीहिया स्त्री [दीर्घिका] वापी, जलाशय-विशेष।

दीहीकर सक [दीर्घी + कृ] लम्बा करना।

दु देखो तु।

दु देखो दव = द्रु।

दु वि. ब. [द्वि] दो, संख्या-विशेषवाला।

दु पुं [द्रु] वृक्ष। सत्ता, सामान्य।

दु अ [द्विस्] दो दफा।

दु अ [दुर्] इन अर्थों का सूचक अव्यय—अभाव। दुष्टता, खराबी। मुश्किल। निन्दा।

दुअ न [द्रुत] अभिनय-विशेष। वि. पीडित, हैरान किया हुआ। वेग-युक्त। °विलंबिअ न [विलम्बित] छन्द-विशेष। अभिनय-विशेष।

दुअ न [द्विक] युग्म।

दुअक्खर पु [दे] नपुसक।

दुअक्खर वि [द्वयक्षर] अज्ञान, मूर्ख, अल्पज्ञ। पुस्त्री. दास, नौकर।

दुअणुअ पु [द्व्यणुक] दो परमाणुओ का स्कन्ध ।
दुअर वि [दुष्कर] मुश्किल ।
दुअल्ल न [दुकूल] वस्त्र । सूक्ष्मवस्त्र । देखो दुकूल ।
दुआइ पु [द्विजाति] ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य —ये तीन वर्ण ।
दुआइक्ख वि [दुराख्येय] दुःख से कहने-योग्य ।
दुआर न [द्वार] दरवाजा, प्रवेश-मार्ग ।
दुआराह वि [दुराराध] जिसका आराधन कठिनाई से हो सके वह ।
दुआरिआ स्त्री [द्वारिका] छोटा द्वारा । गुप्त द्वार, अपद्वार ।
दुआवत्त न [द्व्यावर्त] दृष्टिवाद का एक सूत्र ।
दुइअ, दुइज्ज, दुईअ } वि [द्वितीय] दूसरा ।
दुइल्ल (अप) वि [द्विचतुर] दो चार, दो या चार
दुउंछ, दुउच्छ } सक [जुगुप्स्] निन्दा करना, घृणा करना ।
दुउण वि [द्विगुण] दुगुना । °अर वि [°तर] दूने से भी विशेष, अत्यन्त ।
दुऊल देखो दुअल्ल ।
दुडुह, दुदुभ } पुं [दुन्दुभ] सर्प की एक जाति । ज्योतिष्क-विशेष, एक महाग्रह ।
दुदुभि देखो दुदुहि ।
दुदुमिअ न [दे] गले की आवाज ।
दुदुमिणी स्त्री [दे] रूपवाली स्त्री ।
दुदुहि पुस्त्री [दुन्दुभि] वाद्य-विशेष ।
दुबवती स्त्री [दे] नदी ।
दुकड देखो दुक्कड ।
दुकप्प देखो दुक्कप्प ।
दुकम्म न [दुष्कर्मन्] पाप, निन्दित काज या काम ।
दुकाल पुं [दुष्काल] दुर्भिक्ष ।
दुकिय देखो दुक्कय ।
दुकूल पुं. वृक्ष-विशेष । वि. दुकूल वृक्ष की छाल से बना हुआ वस्त्र आदि ।
दुक्कंदिर वि [दुष्क्रन्दिन्] अत्यन्त आक्रन्द करनेवाला ।
दुक्कड न [दुष्कृत] पाप कर्म, निन्द्य आचरण ।
दुक्कप्प पुं [दुष्कल्प] शिथिल साधु का आचरण, पतित साधु का आचार ।
दुक्कम्म न [दुष्कर्मन्] दुष्ट कर्म, असदाचरण ।
दुक्कय न [दुष्कृत] पाप-कर्म ।
दुक्कर वि [दुष्कर] कष्ट-साध्य । °आरअ वि [°कारक] मुश्किल कार्य को करनेवाला । °करण न. कठिन कार्य को करना । °कारि वि [°कारिन्] देखो °आरअ ।
दुक्कर न [दे] माघ मास मे रात्रि के चारो प्रहर मे किया जाता स्नान ।
दुक्करकरण न [दुष्करकरण] पाँच दिन का लगातार उपवास ।
दुक्कह वि [दे] अरुचिवाला ।
दुक्काल पुं [दुष्काल] अकाल ।
दुक्किय देखो दुक्कय ।
दुक्कुक्कणिआ स्त्री [दे] पीकदानी ।
दुक्कुल न [दुष्कुल] निन्दित कुल ।
दुक्कुह वि [दे] असहिष्णु, चिडचिड़ा । रुचि-रहित ।
दुक्ख पुन [दुःख] असुख, कष्ट, पीड़ा, क्लेश, मन का क्षोभ । वि दुःखयुक्त । कर° वि. दुःख-जनक । °त्त वि [°आर्त्त] दुःख से पीडित । °त्तगवेसण न [°आर्त्तगवेषण] आर्त्त शुश्रूषा । °मज्जिय वि [अर्जितदुःख] जिसने दुःख उपार्जन किया हो वह । °राह वि [°राध्य] दुःख से आराधन-योग्य । °विह वि दुःख-प्रद । °सिया स्त्री [°सिका] वेदना, पीड़ा । देखो दुह = दुःख ।
दुक्ख न [दे] जघन, स्त्री के कमर के पीछे का

भाग चूतड।

दुक्ख अक [दुःखाय्] दुखना, दर्द होना। सक. दुःखी करना।

दुक्खड देखो दुक्कर।

दुक्खम वि [दुःक्षम] असमर्थ। अशक्य।

दुक्खर देखो दुक्कर।

दुक्खरिय पुं [दुष्करिक] नौकर।

दुक्खरिया स्त्री [दुष्करिका] दासी। वाराङ्गना।

दुक्खल्लिय (अप) वि [दुःखित] दुःख-युक्त।

दुक्खविअ वि [दुःखित] दुःखी किया हुआ।

दुक्खाव सक [दुःखय्] दुःख उपजाना। दुःखी करना।

दुक्खिअ वि [दुःखित] दुःख-युक्त, दुखिया।

दुक्खुत्तर वि [दुःखोत्तार] जिसको पार करने में कठिनाई हो।

दुक्खुत्तो अ [द्विस्] दो वार।

दुक्खुर देखो दुखुर।

दुक्खुल देखो दुक्कुल।

दुक्खोह पुं [दुःखौघ] दुःख-राशि।

दुक्खोह वि [दुःक्षोभ] कष्ट-क्षोभ्य सुस्थिर।

दुखंड वि [द्विखण्ड] दो टुकडेवाला।

दुखुत्तो देखो दुक्खुत्तो।

दुखुर पु [द्विखुर] दो खुरवाला प्राणी, गौ, भैंस आदि।

दुग न [द्विक] युग्म, युगल, जोड़ा।

दुगंछ देखो दुगुछ।

दुगछा स्त्री [जुगुप्सा] घृणा, निन्दा। देखो दुगुछा।

दुगध देखो दुग्गंध।

दुगच्छ, दुगुंछ सक [जुगुप्स्] घृणा करना, नफरत करना। निन्दा करना।

दुगसंपुण्ण न [द्विगसंपूर्ण] लगातार वीस दिन का उपवास।

दुगुंछग वि [जुगुप्सक] घृणा करनेवाला।

दुगुछा देखो दुगंछा। °कम्म न [°कर्मन्] देखो पीछे का अर्थ। °मोहणीय न [°मोहनीय] कर्म-विशेष जिसके उदय से जीव को अशुभ वस्तु पर घृणा होती है।

दुगुंदुग पुं [दौगुन्दुक] एक समृद्धिशाली देव।

दुगुच्छ देखो दुगुंछ।

दुगुण देखो दुउण।

दुगुण सक [द्विगुणय्] दुगुना करना।

दुगुणिअ देखो दुउणिअ।

दुगुल्ल, दुगूल देखो दुअल्ल।

दुगोत्ता स्त्री [द्विगोत्रा] वल्ली-विशेष।

दुग्ग न [दे] दुःख। कमर।

दुग्ग वि [दुर्ग] जहाँ दुःख से प्रवेश किया जा सके वह, दुर्गम स्थान। जो दुःख से जाना जा सके। पुन. किला, गढ, कोट। °नायग पुं [°नायक] किले का मालिक।

दुग्गइ स्त्री [दुर्गति] कुगति, नरक आदि कुत्सित योनि। विपत्ति, दुःख। दुर्दशा, बुरी अवस्था। दरिद्रता।

दुग्गठि स्त्री [दुर्ग्रन्थि] दुष्टग्रन्थि, गिरह, कठिन गाँठ।

दुग्गंध पु [दुर्गन्ध] खराब गन्ध। वि. दुर्गन्धि।

दुग्गम वि [दुर्गम] जो कठिनाई से जाना जा सके वह।

दुग्गम, दुग्गम्म वि [दुर्गम] जहाँ दुःख से प्रवेश किया जा सके वह। न. कठिनाई, मुश्किल।

दुग्गय वि [दुर्गत] धन-हीन। दुःखी, विपत्ति-ग्रस्त।

दुग्गय न [दुर्गत] दरिद्रता। दुःख।

दुग्गह वि [दुर्ग्रह] जिनका ग्रहण दुःख से हो सके वह।

दुग्गा स्त्री [दुर्गा] पार्वती। देवी-विशेष। पक्षि-विशेष।

दुग्गाई, दुग्गाएवी स्त्री [दुर्गादेवी] शिव-पत्नी।

दुग्गादेई } देवी-विशेष। °रमण पुं. महादेव।
दुग्गावी }

दुग्गास न [दुर्ग्रास] अकाल।

दुग्गिज्झ वि [दुर्ग्राह्य, दुर्ग्रह] जिसका ग्रहण दुःख से हो सके वह।

दुग्गूढ वि [दुर्गूढ] अत्यन्त गुप्त।

दुग्गेज्झ देखो दुग्गिज्झ।

दुग्घट्ट वि [दुर्घट्ट] जिसका आच्छादन दुःख से हो सके वह।

दुग्घट्ट } पुं [दे] हाथी।
दुग्घोट्ट }

दुग्घड वि [दुर्घट] कष्ट-साध्य।

दुग्घड वि [दुर्घट] असंगत।

दुग्घडिअ वि [दुर्घटित] दुःख से सयुक्त। खराब रीति से बना हुआ।

दुग्घर न [दुर्गृह] दुष्ट घर।

दुग्घास पुं [दुर्ग्रास] दुर्भिक्ष।

दुघण पुं. एक प्रकार का मुद्गर, मोगरी।

दुचक्क न [द्विचक्र] शकट। °वइ पुं [°पति] गाडी का अधिपति या मालिक।

दुचिण्ण देखो दुच्चिण्ण।

दुच्च न [दौत्य] दूत-कर्म।

दुच्च देखो दोच्च = द्वितीय, द्विस्।

दुच्चंडिअ वि [दे] दुर्ललित। दुर्विदग्ध, दुःशिक्षित।

दुच्चंबाल वि [दे] झगड़ाखोर। दुश्चरित। परुष-भाषी।

दुच्चज्ज } वि [दुस्त्यज] दुःख से त्यागने-
दुच्चय } योग्य।

दुच्चर } वि [दुश्चर] जिसमें दुःख से जाया
दुच्चरिअ } जाय वह। दुःख से जो किया जाय वह। °लाढ पुं ऐसा ग्राम या देश जिसमे दुःख से जाया जा सके।

दुच्चरिअ न [दुश्चरित] खराब आचरण, दुष्ट वर्तन। वि. दुराचारी।

दुच्चार वि [दुश्चार] दुराचारी।

दुच्चिंतिय वि [दुश्चिन्तित] दुष्ट चिन्तित। न. खराब चिन्तन।

दुच्चिगिच्छ वि [दुश्चिकित्स] जिसका प्रतीकार मुश्किल से हो वह।

दुच्चिण्ण न [दुश्चीर्ण] दुष्ट आचरण, दुश्चरित। दुष्ट कर्म—हिंसा आदि। वि. दुष्ट सचित, एकत्रित की हुई दुष्ट वस्तु।

दुच्चेट्ठिय न [दुश्चेष्टित] खराब चेष्टा, शारीरिक दुष्ट आचरण।

दुच्छक्क वि [द्विषट्क] बारह प्रकार का।

दुच्छड्डु वि [दुश्छर्द] दुस्त्यज।

दुच्छेज्ज वि [दुश्छेद] जिसका छेदन दुःख से हो सके वह।

दुछक्क देखो दुच्छक्क।

दुजडि पुं [द्विजटिन्] ज्योतिष्क देव-विशेष, एक महाग्रह।

दुजय देखो दुज्जय।

दुजीह पुं [द्विजिह्व] सांप। खल पुरुष।

दुज्जंत देखो दुज्जित।

दुज्जण पुं [दुर्जन] खल, दुष्ट मनुष्य।

दुज्जय वि [दुर्जय] जो कष्ट से जीता जा सके।

दुज्जाय न [दे] व्यसन, कष्ट, दुःख, उपद्रव।

दुज्जाय वि [दुर्जात] दुःख से निकलने-योग्य।

दुज्जाय न [दुर्यात] दुष्ट गमन, कुत्सित गति।

दुज्जित पुं [दुर्यन्त] एक प्राचीन जैनमुनि।

दुज्जीव न [दुर्जीव] आजीविका का भय।

दुज्जीह देखो दुजीह।

दुज्जेअ वि [दुजय] दुःख से जीतने योग्य।

दुज्जोहण पु [दुर्योधन] धृतराष्ट्र का पहला पुत्र।

दुज्झ वि [दोह्य] दोहने-योग्य।

दुज्झाण न [दुर्ध्यान] दुष्ट चिन्तन।

दुज्झाय वि [दुर्ध्यात] जिसके विषय मे दुष्ट चिन्तन किया गया हो वह।

दुज्झोसय वि [दुर्जोष] जिसकी सेवा कष्ट से

हो सके ऐसा।
दुज्झोसय वि [दुःक्षप] जिसका नाश कष्ट-साध्य हो वह।
दुज्झोसिअ वि [दुर्जोषित] दुःख से सेवित।
दुज्झोसिअ वि [दुःक्षपित] कष्ट से नाशित।
दुट्ठ वि [दुष्ट] दोष-युक्त, दूषित। °प्प पुं [°त्मन्] दुष्ट जीव, पापी प्राणी।
दुट्ठ वि [दे. द्विष्ट] द्वेष-युक्त।
दुट्ठाण न [दुःस्थान] दुष्ट जगह।
दुट्ठु अ [दुष्टु] असुन्दर।
दुण्णाम न [दुर्नामन्] अपकीर्ति। दुष्ट नाम। एक प्रकार का गर्व।
दुण्णिअ वि [दून] पीडित, दुःखित।
दुण्णिअत्थ न [दे] जघन पर स्थित वस्त्र। जघन।
दुण्णिक्क वि [दे] दुराचारी।
दुण्णिक्कम वि [दुर्निष्क्रम] जहाँ से निकलना कष्ट-साध्य हो वह।
दुण्णिक्खित्त वि [दे] दुराचारी। कष्ट से जो देखा जा सके।
दुण्णिक्खेव वि [दुर्निक्षेप] दुःख से स्थापन करने-योग्य।
दुण्णिमिअ वि [दुर्नियोजित] दुःख से जोड़ा हुआ।
दुण्णिमित्त न [दुर्निमित्त] अपशकुन।
दुण्णिविट्ठ वि [दुर्निविष्ट] दुराग्रही।
दुण्णिसीहिया स्त्री [दुर्निषद्या] कष्ट-जनक स्वाध्याय-स्थान।
दुण्णेय वि [दुर्ज्ञेय] जिसका ज्ञान कष्ट-साध्य हो वह।
दुतितिक्ख वि [दुस्तितिक्ष] दुस्सह।
दुत्तडी स्त्री [दुस्तटी] नदी। खराब किनारा वाली नदी।
दुत्तर वि [दुस्तर] दुस्तरणीय।
दुत्तव वि [दुस्तप] कष्ट से तपने-योग्य, दुःख से करने-योग्य (तप)।

दुत्तार वि [दुस्तार] दुःख से पार करने-योग्य।
दुत्ति अ [दे] शीघ्र।
दुत्तिइक्ख } देखो दुतितिक्ख।
दुत्तितिक्ख }
दुत्तुंड पुं [दुस्तुण्ड] दुर्मुख, दुर्जन।
दुत्तोस वि [दुस्तोष] जिसको सन्तुष्ट करना कठिन हो वह।
दुत्थ न [दे] जघन।
दुत्थ वि [दुःस्थ] दुर्गत, दुःस्थित।
दुत्थ न [दौःस्थ्य] दुर्गति।
दुत्थिअ वि [दुःस्थित] विपत्ति-ग्रस्त। निर्धन।
दुत्थुरुहुंड पुंस्त्री [दे] कलह-शील।
दुत्थोअ पुं [दे] अभागा।
दुद्दंत वि [दुर्दान्त] उद्धत, दुर्दम।
दुद्दंस वि [दुर्दर्श] जो कठिनाई से देखा जा सके।
दुद्दंसण वि [दुर्दर्शन] जिसका दर्शन दुर्लभ हो वह।
दुद्दम वि [दुर्दम] दुर्जय, दुर्निवार। पुं. राजा अश्वग्रीव का एक दूत।
दुद्दम पुं [दे] देवर।
दुद्दिट्ठ वि [दुर्दृष्ट] बुरी तरह से देखा हुआ। वि. दुष्ट दर्शनवाला।
दुद्दिण न [दुर्दिन] बादलों से व्याप्त दिवस।
दुद्देय वि [दुर्देय] दुःख से देने-योग्य।
दुद्दोलना स्त्री [दे] गौ।
दुद्दोली स्त्री [दे] वृक्ष-पंक्ति।
दुद्ध न [दुग्ध] दूध। °जाइ स्त्री [°जाति] मदिरा-विशेष जिसका स्वाद दूध के जैसा होता है। °समुद्द पुं [°समुद्र] क्षीर-समुद्र।
दुद्धंस वि [दुर्ध्वंस] जिसका नाश मुश्किल से हो।
दुद्धगंधिअमुह पुं [दे] शिशु, छोटा लडका।
दुद्धट्टी } स्त्री [दे] प्रसूति के बाद तीन दिन
दुद्धट्ठी } तक का गो-दुग्ध। खट्टी छाछ से

मिश्रित दूध ।

दुद्धर वि [दुर्धर] जिसका निर्वाह मुश्किल से हो सके वह । गहन, विषम । दुर्जय । पुं. रावण का एक सुभट ।

दुद्धरिस वि [दुर्धर्ष] जिसका सामना कठिनता से हो सके, जीतने को अशक्य ।

दुद्धवलेही स्त्री [दे] चावल का आटा डालकर पकाया जाता दूध ।

दुद्धसाडी स्त्री [दे] द्राक्षा मिलाकर पकाया जाता दूध ।

दुद्धिअ न [दे] कद्दू ।

दुद्धिणिआ, दुद्धिणी } स्त्री [दे] तैल आदि रखने का भाजन । तुम्बी ।

दुद्धोअहि, दुद्धोदहि } पुं [दुग्धोदधि] क्षीरसमुद्र ।

दुद्धोलणी स्त्री [दे] कामधेनु ।

दुधा देखो दुहा ।

दुन्नय पुं [दुर्नय] कुनीति । अनेक धर्मवाली वस्तु में किसी एक ही धर्म को मानकर अन्य धर्म का प्रतिवाद करनेवाला पक्ष । वि. दुष्टनीति, अन्यायकारी । °कारि वि [°कारिन्] अन्याय करनेवाला ।

दुन्निकम देखो दोन्निक्कम ।

दुन्निग्गह वि [दुर्निग्रह] अनिवार्य ।

दुन्निवोह वि [दुर्निवोध] दुःख से जानने-योग्य । दुर्लभ ।

दुन्निय न [दुर्नीत] दुष्ट कर्म ।

दुन्नियत्थ वि [दे] विट का भेषवाला, निन्द-नीय वेष को धारण करनेवाला, केवल जघन पर ही वस्त्र-पहिना हुआ ।

दुन्निरिक्ख वि [दुर्निरीक्ष्य] जो कठिनाई से देखा जा सके वह ।

दुन्निवार वि[दुर्निवार]रोकने के लिए अशक्य, जिसका निवारण मुश्किल से हो सके वह ।

दुन्निवारणीअ वि [दुर्निवारणीय, दुर्निवार] ऊपर देखो ।

दुन्निसण्ण वि [दुर्निषण्ण] खराब रीति से बैठा हुआ ।

दुप देखो दिअ = द्विप ।

दुपएस वि [द्विप्रदेश] दो अवयववाला, पुं. द्व्यणुक ।

दुपएसिय वि [द्विप्रदेशिक] दो प्रदेशवाला ।

दुपक्ख पुं [दुष्पक्ष] दुष्ट पक्ष ।

दुपक्ख न. [द्विपक्ष] दो पक्ष । वि. दो पक्ष-वाला ।

दुपडिग्गह न [द्विप्रतिग्रह] दृष्टिवाद का एक सूत्र ।

दुपडोआर वि [द्विपदावतार] दो स्थानों में जिसका समावेश हो सके वह ।

दुपडोआर वि [द्विप्रत्यवतार] ऊपर देखो ।

दुपमज्जिय देखो दुप्पमज्जिय ।

दुपय वि [द्विपद] दो पैरवाला । पुं. मनुष्य । न गाडी ।

दुपय पुं [द्रुपद] कांपिल्यपुर का एक राजा ।

दुपरिच्चय वि [दुष्परित्यज] दुस्त्यज ।

दुपरिच्चयणीय वि [दुष्परित्यजनीय, दुष्परित्यज] ऊपर देखो ।

दुपस्स देखो दुप्पस्स ।

दुपुत्त पुं [दुष्पुत्र] कुपुत्र ।

दुपेच्छ वि [दुष्प्रेक्ष] दुर्दर्श, अदर्शनीय ।

दुप्पइ पु [दुष्पति] दुष्ट स्वामी ।

दुप्पउत्त वि [दुष्प्रयुक्त] दुरुपयोग करनेवाला । जिसका दुरुपयोग किया गया हो वह ।

दुप्पउलिय, दुप्पउल्ल } वि [दुष्प्रज्वलित] अधपका ।

दुप्पओग पुं [दुष्प्रयोग] दुरुपयोग ।

दुप्पक्क वि [दुष्पक्व] देखो दुप्पउल्ल ।

दुप्पक्खाल वि [दुष्प्रक्षाल] जिसका प्रक्षालन कष्टसाध्य हो वह ।

दुप्पच्चुप्पेक्खिय वि [दुष्प्रत्युत्प्रेक्षित] ठीक-ठीक नही देखा हुआ ।

दुप्पजीवि वि [दुष्प्रजीविन्] दुःख से जीने-

वाला ।

दुप्पडिक्कंत वि [दुष्प्रतिक्रान्त] जिसका प्रायश्चित्त ठीक-ठीक न किया गया हो वह ।

दुप्पडिगर वि [दुष्प्रतिकर] जिसका प्रतीकार दुःख से किया जा सके ।

दुप्पडिपूर वि [दुष्प्रतिपूर] पूरने के लिए अशक्य ।

दुप्पडियाणंद वि [दुष्प्रत्यानन्द] जो किसी तरह सन्तुष्ट न किया जा सके । अति कष्ट से तोषणीय ।

दुप्पडियार वि [दुष्प्रतिकार] जिसका प्रतीकार दुःख से हो सके वह ।

दुप्पडिलेह वि [दुष्प्रतिलेख] जो ठीक-ठीक न देखा जा सके वह ।

दुप्पडिवूह वि [दुष्प्रतिवृंह] वढाने को अशक्य । पालने को अशक्य ।

दुप्पणिहाण न [दुष्प्रणिधान] अशुभ प्रयोग, दुरुपयोग ।

दुप्पणिहिय वि [दुष्प्रणिहित] दुष्प्रयुक्त ।

दुप्पणीहाण देखो दुप्पणिहाण ।

दुप्पणोल्लिय वि [दुष्प्रणोद्य] दुस्त्यज ।

दुप्पण्णवणिज्ज वि [दुष्प्रज्ञापनीय] कष्ट से प्रवोधनीय ।

दुप्पतर वि [दुष्प्रतर] दुस्तर ।

दुप्पधंस वि [दुष्प्रधर्ष] दुर्घर्ष, दुर्जय ।

दुप्पमज्जण न [दुष्प्रमार्जन] ठीक-ठीक साफ नही करना ।

दुप्पमज्जिय वि [दुष्प्रमार्जित] अच्छी तरह से साफ नही किया हुआ ।

दुप्पय देखो दुपय = द्विपद ।

दुप्पयार वि [दुष्प्रचार] जिसका प्रचार दुष्ट माना जाता है वह, अन्याय-युक्त ।

दुप्परक्कंत वि [दुष्पराक्रान्त] वुरी तरह से आक्रान्त ।

दुप्परिअल्ल वि [दे] अशक्य । दुगुना । अनभ्यस्त ।

दुप्परिइअ वि [दुष्परिचित] अपरिचित ।

दुप्परिच्चय देखो दुपरिच्चय ।

दुप्परिणाम वि [दुष्परिणाम] जिसका परिणाम खराब हो, दुर्विपाक ।

दुप्परिमास वि [दुष्परिमर्ष] कष्ट-साध्य स्पर्शवाला ।

दुप्परियत्तण देखो दुप्परिवत्तण ।

दुप्परिल्ल वि [दे] दुराकर्ष ।

दुप्परिवत्तण वि [दुष्परिवर्त्तन] जिसका परिवर्तन दुःख से हो सके वह । न. दुःख से पीछे लौटना ।

दुप्पवंच पुं [दुष्प्रपञ्च] दुष्ट प्रपञ्च ।

दुप्पवण पुं [दुष्पवन] दुष्ट वायु ।

दुप्पवेस वि [दुष्प्रवेश] जहाँ कष्ट से प्रवेश हो सके वह । °तर वि. प्रवेश करने को अशक्य ।

दुप्पसह पु [दुष्प्रसह] पंचम आरे के अन्त में होनेवाला एक जैन आचार्य, एक भावी जैन सूरि ।

दुप्पस्स वि [दुर्दर्श] जो मुश्किल से दिखलाया जा सके वह ।

दुप्पह वि [दुष्प्रभ] जो दुःख से सूझ सके वह, दुर्गम ।

दुप्पहंस वि [दुष्प्रध्वंस्य] जिसका नाश कठिनाई से हो सके वह ।

दुप्पहस वि [दुष्प्रधृष्य] अजेय, दुर्जय ।

दुप्पाय न [दुष्प्राप] आयंविल तप ।

दुप्पिउ पुं [दुष्पितृ] दुष्ट पिता ।

दुप्पिच्छ देखो दुपेच्छ ।

दुप्पिय वि [दुष्प्रिय] अप्रिय । °भासि वि [°भाषिन्] अप्रिय-वक्ता ।

दुप्पुत्त देखो दुपुत्त ।

दुप्पूर वि [दुष्पूर] जो कठिनाई से पूरा किया जा सके ।

दुप्पेक्ख देखो दुपेच्छ ।

दुप्पेक्खणिज्ज वि [दुष्प्रेक्षणीय] कष्ट से दर्शनीय ।

दुप्पेच्छ देखो दुपेच्छ ।
दुप्पोलिय देखो दुप्पउलिअ ।
दुप्फड वि [दुष्फट्] मुश्किल से फटने-योग्य ।
दुप्फरिस, दुप्फास, दुफास वि [दुःस्पर्श] जिसका स्पर्श खराब हो वह ।
दुफास वि [द्विस्पर्श] स्निग्ध और शीत आदि अविरुद्ध दो स्पर्शों से युक्त ।
दुब्बद्ध वि [दुर्बद्ध] खराब रीति से बँधा हुआ ।
दुब्बल वि [दुर्बल] निर्बल । °पच्चवमित्त पुन [°प्रत्यवमित्र] दुर्बल की मदद करनेवाला ।
दुब्बलिय वि [दुर्बलिक] निर्बल । °पूसमित्त पु [°पुष्यमित्र] एक जैन आचार्य ।
दुब्बलिय न [दौर्बल्य] श्रम, थाक ।
दुब्बुद्धि वि [दुर्बुद्धि] दुष्ट बुद्धिवाला, खराब नियतवाला । स्त्री. खराब बुद्धि, दुष्ट नियत ।
दुब्बोल्ल पुं [दे] उपालम्भ ।
दुब्भ वि [दुग्ध] दोहा हुआ । न. दोहन ।
दुब्भ° देखो दुह = दुह् का कर्म ।
दुब्भग वि [दुर्भग] कमनसीब । अप्रिय, अनिष्ट । °णाम न [°नामन्] कर्म-विशेष जिसके उदय से उपकार करनेवाला भी लोगो को अप्रिय होता है । °करा स्त्री. दुर्भग बनानेवाली विद्या-विशेष ।
दुब्भग्ग न [दौर्भाग्य] दुर्भगता, लोक मे अप्रियता ।
दुब्भरणि स्त्री [दुर्भरणि] दुःख से निर्वाह ।
दुब्भाव पु [दुर्भाव] हेय पदार्थ । असद्-भाव, खराब-असर ।
दुब्भाव पुं [द्विभाव] विभाग, जुदाई ।
दुब्भाव पु [द्विर्भाव] द्वित्व, दुगुनापन ।
दुब्भासिय न [दुर्भाषित] खराब वचन ।
दुब्भि पुंन [दुरभि] खराब गन्ध । वि. अशुभ, असुन्दर । वि. दुर्गन्धि । °गंध [°गन्ध] पूर्वोक्त अर्थ । °सद्द पुंन [°शब्द] खराब शब्द ।
दब्भिक्ख पुंन [दुर्भिक्ष] अकाल । भिक्षा का अभाव । वि. जहाँ पर भिक्षा न मिल सके वह देश आदि ।
दुब्भिज्ज देखो दुब्भेज्ज ।
दुब्भूइ स्त्री [दुर्भूति] अमंगल ।
दुब्भूय पुंन [दुर्भूत] नुकसान करनेवाला जन्तु—टिड्डी वगैरह । न. अशिव ।
दुब्भूय वि [दुर्भूत] दुराचारी ।
दुब्भेज्ज वि [दुर्भेद्य] तोड़ने को अशक्य ।
दुब्भेय वि [दुर्भेद] ऊपर देखो ।
दुभग देखो दुब्भग ।
दुभव न [द्विभव] वर्तमान और आगामी जन्म ।
दुभाग पु [द्विभाग] आधा ।
दुम सक [धवलय्] सफेद करना । चूना आदि मे पोतना ।
दुम पु [द्रुम] वृक्ष । चमरेन्द्र के पदातिसैन्य का एक अधिपति । राजा श्रेणिक का एक पुत्र । न. एक देव-विमान । °कंत न[°कान्त] एक विद्याधरनगर । °पत्त न [°पत्र] वृक्ष का पत्ता । 'उत्तराध्ययन' सूत्र का एक अध्ययन । °पुप्फिया स्त्री [°पुष्पिका] 'दशवैकालिक' सूत्र का पहला अध्ययन । °राय पु [°राज] उत्तम वृक्ष । °सेण पुं [सेन] राजा श्रेणिक का एक पुत्र । नववे बलदेव और वासुदेव के पूर्व-जन्म के धर्म-गुरु ।
दुमतय पुं [दे] केश-बन्ध, धम्मिल्ल—बँधी चोटी, जूडा ।
दुमण न [धवलन] चूना आदि से लेपन, सफेद करना ।
दुमणी स्त्री [दे] सुधा । चूना ।
दुमत्त वि [द्विमात्र] दो मात्रावाला स्वरवर्ण ।
दुमासिय वि [द्वैमासिक] दो मास का, दो मास-सम्बन्धी ।
दुमिल देखो दुम्मिल ।

दुमुह पु [द्विमुख] एक राजर्षि ।
दुमुह देखो दुम्मुह = दुर्मुख ।
दुमुहुत्त पुन [दुर्मुहूर्त] खराब मुहूर्त ।
दुमोक्ख वि [दुर्मोक्ष] जो दुःख से छोड़ा जा सके ।
दुम्म देखो दूम = दावय् ।
दुम्मइ वि [दुर्मति] दुष्ट बुद्धिवाला ।
दुम्मइणी स्त्री [दे] झगड़ाखोर स्त्री ।
दुम्मण वि [दुर्मनस्] खिन्नमनस्क, उद्विग्न-चित्त, उदास । दीनतायुक्त । द्वेष-युक्त ।
दुम्मण अक [दुर्मनाय्] उद्विग्न होना, उदास होना ।
दुम्मणिअ न [दौर्मनस्य] उदासी, उद्वेग, चिन्ता, बेचैनी ।
दुम्मणिअ न [दौर्मनस्य] दुष्ट मनो-भाव, मन का दुष्ट विकार, दुर्जनता ।
दुम्मय पु [द्रमक] भिखारी ।
दुम्महिला स्त्री [दुर्महिला] दुष्ट स्त्री ।
दुम्माण पुं [दुर्मान] झूठा अभिमान, निन्दित गर्व ।
दुम्मार पु [दुर्मार] भयंकर ताड़न ।
दुम्मारि स्त्री [दुर्मारि] उत्कट मारी-रोग ।
दुम्मारुय पु [दुर्मारुत] दुष्ट पवन ।
दुम्मिअ वि [दून] उपतापित, पीड़ित ।
दुम्मिल स्त्रीन [दुर्मिल] छन्द-विशेष ।
दुम्मुह देखो [दुमुह] = द्विमुख ।
दुम्मुह पुं [दुर्मुख] बलदेव का धारणी-देवी से उत्पन्न एक पुत्र ।
दुम्मुह पुं [दे] वानर ।
दुम्मेह वि [दुर्मेधस्] दुर्बुद्धि ।
दुम्मोअ वि [दुर्मोक] दुःख से छोडाने-योग्य ।
दुयणु देखो दुअणुअ ।
दुरइक्कम वि [दुरतिक्रम] दुर्लंघ्य ।
दुरइक्कमणिज्ज वि [दुरतिक्रमणीय] ऊपर देखो ।
दुरंत वि [दुरन्त] जिसका परिणाम—विपाक खराब हो वह । जिसका विनाश कष्ट-साध्य हो वह ।
दुरंदर वि [दे] दुःख से उत्तीर्ण ।
दुरक्ख वि [दुरक्ष] जिसकी रक्षा करना कठिन हो वह ।
दुरक्खर वि [दुरक्षर] परुष, कठोर, कड़ा (वचन) ।
दुरग्गह पुं [दुराग्रह] कदाग्रह ।
दुरज्झवसिय न [दुरध्यवसित] दुष्ट चिन्तन ।
दुरणुचर वि [दुरनुचर] दुष्कर ।
दुरणुपाल वि [दुरनुपाल] जिसका पालन कष्ट-साध्य हो ।
दुरप्प पुं [दुरात्मन्] दुर्जन ।
दुरब्भास पु [दुरभ्यास] खराब आदत ।
दुरभि देखो दुब्भि ।
दुरभिगम वि. कष्ट-गम्य । दुर्बोध ।
दुरमच्च पु [दुरमात्य] दुष्ट मन्त्री ।
दुरवगम वि दुर्बोध ।
दुरवगम्म देखो दुरवगम ।
दुरवगाह वि. जहाँ प्रवेश करना कठिन हो वह ।
दुरस वि [दूरस] खराब स्वादवाला ।
दुरसण पु [द्विरसन] सर्प । दुर्जन ।
दुरहि देखो दुरभि ।
दुरहिगम देखो दुरभिगम ।
दुरहिगम्म वि [दुरभिगम्य] दुर्बोध ।
दुरहियास वि [दुरध्यास, दुरधिसह] दुस्सह ।
दुराणण पुं [दुरानन] विद्याधर वंश का एक राजा ।
दुराणुवत्त वि [दुरनुवर्त] जिसका अनुवर्तन कष्ट-साध्य हो वह ।
दुराय न [द्विरात्र] दो रात ।
दुरायार वि [दुराचार] दुराचारी । पु. दुष्ट आचरण ।
दुराराह वि [दुराराध] दुःख से आराध्य ।
दुरारोह वि. जिस पर दुःख से चढा जा सके वह, दुरध्यास ।

दुरालोअ पु [दे] अन्धकार।

दुरालोअ वि [दुरालोक] जो दुःख से देखा जा सके, देखने को अशक्य।

दुरालोयण वि [दुरालोकन] ऊपर देखो।

दुरावह वि दुर्धर, दुर्वह।

दुरास वि [दुराश] दुष्ट आशावाला। खराब इच्छावाला।

दुरासय वि [दुराशय] दुष्ट आशयवाला।

दुरासय वि [दुराश्रय] दुःख से जिसका आश्रय किया जा सके वह आश्रय करने को अशक्य।

दुरासय वि [दुरासद] दुर्लभ। दुर्जय। दुःसह।

दुरिअ न [दुरित] पाप।

दुरिअ न [दे] शीघ्र।

दुरिआरि स्त्री [दुरितारि]भगवान् सम्भवनाथ की शासनदेवी।

दुरिक्ख वि [दुरीक्ष] देखने को अशक्य।

दुरिट्ठ न [दुरिष्ट] खराब नक्षत्र। खराब यजन—याग।

दुरुक्क वि [दे] थोडा पीसा हुआ, ठीक-ठीक नही पीसा हुआ।

दुरुढुल्ल सक [भ्रम्] भ्रमण करना, घूमना। गँवाई हुई चीज की खोज मे घूमना।

दुरुत्त न [दुरुक्त] दुष्ट वचन।

दुरुत्त वि [द्विरुक्त] पुनरुक्त। दो बार कहने-योग्य।

दुरुत्तर वि. दुस्तर, दुर्लंघ्य। न. दुष्ट उत्तर, अयोग्य जवाब।

दुरुत्तर वि [द्वि-उत्तर] दो से अधिक। °सय वि [°शततम] एक सौ दो वाँ।

दुरुत्तार वि. दुःख से पार करने-योग्य।

दुरुद्धर वि. जिसका उद्धार कठिनाई से हो वह।

दुरुवणीय वि [दुरुपनीत] जिसका उपनय दूषित हो ऐसा (उदाहरण)।

दुरुवयार वि [दुरुपचार] जिसका उपचार कष्ट-साध्य हो वह।

दुरुव्वा स्त्री [दूर्वा] तृण-विशेष, दूब।

दुरुह सक [आ+रुह्] आरूढ होना, चढना।

दुरुढ वि [आरूढ] अधिरूढ।

दुरुव वि [दूरूप] कुरूप। मलमूत्र का कर्दम। अशुचि आदि खराब वस्तु।

दुरूह देखो दुरुह।

दुरेह पुं [द्विरेफ] भौंरा।

दुरोअर न [दुरोदर] द्यूत।

दुरोदर देखो दुरोअर।

दुलंघ देखो दुल्लंघ।

दुलंभ देखो दुल्लंभ।

दुलह वि [दुर्लभ] जिसकी प्राप्ति दुःख से हो सके वह। पु. एक वणिक्-पुत्र। देखा दुल्लह।

दुलि पुस्त्री [दे] कच्छप।

दुल्ल न [दे] वस्त्र।

दुल्लंघ वि [दुर्लङ्घ] जिसका उल्लंघन कठिनाई से हो सके वह, अलंघनीय।

दुल्लंभ वि [दुर्लभ] दुष्प्राप्य।

दुल्लक्ख वि [दुर्लक्ष] दुर्विज्ञेय, अलक्ष्य। जो कठिनाई से देखा जा सके।

दुल्लग्ग वि [दे] अघटमान, अयुक्त।

दुल्लग्ग न [दुर्लग्न] दुष्ट लग्न, दुष्ट मुहूर्त।

दुल्लब्भ } देखो दुल्लह।
दुल्लभ }

दुल्ललिअ वि [दुर्ललित] दुष्ट आदतवाला। दुष्ट इच्छावाला। व्यसनी, आदतवाला। दुर्विदग्ध, दुःशिक्षित। न. दुराशा, दुर्लभ वस्तु की अभिलाषा।

दुल्लसिआ स्त्री [दे] दासी, नौकरानी।

दुल्लह वि [दुर्लभ] दुराप, जिसकी प्राप्ति कठिनाई से हो वह। गुजरात का एक प्रसिद्ध राजा। °राय पु [°राज] वही अर्थ। °लभ वि [°लम्भ] जिसकी प्राप्ति दुःख से हो सके वह।

दुवई स्त्री [द्रुपदी] छन्द-विशेष।
दुवण न [दावन] उपताप, पीड़न।
दुवण्ण वि [दुर्वर्ण] खराब रूपवाला।
दुवय पु [द्रुपद] एक राजा, द्रौपदी का पिता। °सुया स्त्री [°सुता] पाण्डव-पत्नी द्रौपदी।
दुवयंगया, दुवयंगरुहा } स्त्री [द्रुपदाङ्गजा] द्रौपदी।
दुवयण न [दुर्वचन] खराब वचन, दुष्ट उक्ति।
दुवयण न [द्विवचन] दो का बोधक व्याकरण-प्रसिद्ध प्रत्यय, दो संख्या की वाचक विभक्ति।
दुवार, दुवाराय } देखो दुआर। °पाल पुं. दरवान। °वाहा स्त्री [°वाहा] द्वार-भाग।
दुवारि वि [द्वारिन्] द्वारवाला। पुं. प्रतीहार।
दुवारिअ वि [द्वारिक] दरवाजावाला।
दुवारिअ पुं [दौवारिक] द्वारपाल।
दुवालस त्रि.ब. [द्वादशन्] बारह। °मुहुत्तअ वि [°मौहूर्तिक] बारह मुहूर्तों का परिमाण-वाला। °विह वि [°विध] बारह प्रकार का। °हा अ [°धा] बारह प्रकार। °वित्त न [°ावर्त] बारह आवर्तवाला वन्दन, प्रणाम-विशेष।
दुवालसंग स्त्रीन [द्वादशाङ्गी] 'आचारांग' आदि बारह जैन आगम सूत्र ग्रन्थ।
दुवालसंगि वि [द्वादशाङ्गिन्] बारह अंगग्रन्थो का जानकार।
दुवालसम वि [द्वादश] बारहवाँ। न. लगातार पाँच दिनों का उपवास।
दुविट्ठ, दुविट्ठु } पुं [द्विपृष्ठ, द्विविष्टप] भरत-क्षेत्र का द्वितीय अर्ध-चक्री राजा। भरत-क्षेत्र में उत्पन्न होनेवाला आठवाँ अर्ध-चक्री राजा, एक वासुदेव।
दुविभज्ज वि [दुर्विभाज्य] जिसका विभाग करना कठिन हो वह—परमाणु।
दुविभव्व देखो दुव्विभव्व।
दुवियड्ढ वि [दुर्विदग्ध] दुश्शिक्षित, जानकारी का झूठा अभिमान करनेवाला।
दुवियप्प पुं [दुर्विकल्प] दुष्ट वितर्क।
दुविलय पुं [दुविलक] एक अनार्य देश।
दुविह वि [द्विविध] दो प्रकार का।
दुवीस स्त्रीन [द्वाविंशति] बाईस।
दुव्वण्ण देखो दुवण्ण।
दुव्वय न [दुर्व्रत] दुष्ट नियम। वि. दुष्ट व्रत करनेवाला। व्रत-रहित।
दुव्वयण न [दुर्वचन] खराब वचन।
दुव्वल देखो दुब्बल।
दुव्वसण न [दुर्व्यसन] बुरी आदत।
दुव्वसु वि [दुर्वसु] अभव्य, खराब द्रव्य। °मुणि पुं [°मुनि] मुक्ति के लिए अयोग्य साधु।
दुव्वह वि [दुर्वह] दुर्धर।
दुव्वा देखो दुरुव्वा।
दुव्वाइ वि [दुर्वादिन्] अप्रियवक्ता।
दुव्वाय पुं [दुर्वाक्] दुर्वचन, दुष्ट उक्ति।
दुव्वाय पुं [दुर्वात] दुष्ट पवन।
दुव्वार वि [दुर्वार] दुःख से रोकने-योग्य, अवार्य।
दुव्वारिअ देखो दुवारिअ = दौवारिक।
दुव्वाली स्त्री [दे] वृक्ष-पंक्ति।
दुव्वास पुं [दुर्वासस्] एक ऋषि।
दुव्विअड वि [दुर्विवृत] नग्न।
दुव्विअड्ढ, दुव्विअद्ध } वि [दुर्विदग्ध] ज्ञान का झूठा अभिमान करनेवाला, दुश्शिक्षित।
दुव्विजाणय वि [दुर्विज्ञेय] दुःख से जानने-योग्य, जानने को अशक्य।
दुव्विढप्प वि [दुरर्ज] कठिनाई से कमाने-योग्य।
दुव्विणीअ वि [दुर्विनीत] उद्धत।
दुव्विण्णाय वि [दुर्विज्ञात] असत्य रीति से जाना हुआ।

दुव्विभज देखो दुविभज्ज ।
दुव्विभव्व वि [दुर्विभाव्य] दुर्लक्ष्य, दु.ख से जिसकी आलोचना हो सके वह ।
दुव्विभाव वि [दुर्विभाव] ऊपर देखो ।
दुव्विलसिय न [दुर्विलसित] स्वच्छन्दी विलास । जघन्य काम ।
दुव्विसह वि [दुर्विसह्य] असह्य ।
दुव्विसोज्झ वि [दुर्विशोध्य] शुद्ध करने को अशक्य ।
दुव्विहिअ न [दुर्विहित] दुष्ट अनुष्ठान । वि; खराब रीति से किया हुआ । असुविहित, अयशस्वी ।
दुव्वोज्झ वि [दुर्वाह्य] दुर्वह, दुःख से ढोने-योग्य ।
दुव्वोज्झ वि [दे] दुःख से मारने-योग्य ।
दुसंकड न [दुस्सकट] विषम विपत्ति ।
दुसंचर देखो दुस्संचर ।
दुसथ वि [द्विसंस्थ] दो बार सुनने से ही उसे अच्छी तरह याद कर लेने की शक्तिवाला ।
दुसन्नप्प वि [दुस्संज्ञाप्य] दुर्बोध्य ।
दुसमदुसमा देखो दुस्समदुस्समा ।
दुसमसुसमा देखो दुस्समसुसमा ।
दुसमा देखो दुस्समा ।
दुसह देखो दुस्सह ।
दुसाह वि [दुस्साध] कष्ट-साध्य ।
दुसिक्खअ वि [दुश्शिक्षित] दुर्विदग्ध ।
दुसुमिण देखो दुस्सुमिण ।
दुसुरुल्लय न [दे] गले का आभूषण-विशेष ।
दुस्स सक [द्विष्] द्वेष करना ।
दुस्सउण न [दुश्शकुन] अपशकुन ।
दुस्संचर वि [दुस्संचर] जहाँ दु.ख से जाया जा सके, दुर्गम ।
दुस्संचार वि [दुस्संचार] ऊपर देखो ।
दुस्संत पुं [दुष्यन्त] चन्द्रवंशीय एक राजा, शकुन्तला का पति ।
दुस्संबोह वि [दुस्संबोध] दुर्बोध्य ।
दुस्सज्झ वि [दुस्साध्य] दुष्कर ।
दुस्सण्णप्प देखो दुसन्नप्प ।
दुस्सत्त वि [दुस्सत्त्व] दुरात्मा, दुष्ट जीव ।
दुस्समदुस्समा स्त्री [दुष्षमदुष्षमा] काल-विशेष, सर्वाधम काल, अवसर्पिणी काल का छठवाँ और उत्सर्पिणी काल का पहला आरा, इसमे सब पदार्थो के गुणों की सर्वोत्कृष्ट हानि होती है, इसका परिणाम एक्कीस हजार वर्षों का है ।
दुस्समसुसमा स्त्री [दुष्षमसुषमा] बेयालीस हजार कम एक कोटाकोटि सागरोपम का परिमाणवाला काल-विशेष, अवसर्पिणी काल का चतुर्थ और उत्सर्पिणी काल का तीसरा आरा ।
दुस्समा स्त्री [दुष्षमा] दुष्ट काल । एक्कीस हजार वर्षो के परिमाणवाला काल-विशेष, अवसर्पिणी-काल का पाँचवाँ और उत्सर्पिणी काल का दूसरा आरा ।
दुस्सर पुं [दुःस्वर] खराब आवाज, कुत्सित कण्ठ । कर्म-विशेष जिसके उदय से स्वर कर्ण-कटु होता है । °णाम न [°नामन्] दु.स्वर का कारण-भूत कर्म ।
दुस्सल वि [दुश्शल] अविनीत ।
दुस्सह वि. असह्य ।
दुस्सहिय वि [दुस्सोढ़] दुःख से सहन किया हुआ ।
दुस्सासण पु [दुश्शासन] दुर्योधन का एक छोटा भाई, कौरव-विशेष ।
दुस्साहड वि [दुस्संहृत] दुःख से एकत्रित किया हुआ ।
दुस्साहिअ वि [दौस्साधिक] दुस्साध्य कार्य को करनेवाला ।
दुस्सिक्ख वि [दुश्शिक्ष] दुष्ट शिक्षावाला, दुर्विदग्ध ।
दुस्सिक्खिअ वि [दुश्शिक्षित] ऊपर देखो ।
दुस्सिज्जा स्त्री [दुश्शय्या] खराब शय्या ।

दुस्सिलिट्ठ वि [दुश्श्लिष्ट] कुत्सित श्लेषवाला।

दुस्सील वि [दुश्शील] दुष्ट स्वभाववाला। व्यभिचारी।

दुस्सुमिण पुंन [दुस्स्वप्न] खराब स्वप्न।

दुस्सुय न [दुःश्रुत] दुष्ट शास्त्र। वि. श्रुति-कटु।

दुस्सेज्जा देखो दुस्सिज्जा।

दुह सक [दुह्] दूहना, दूध निकालना।

दुह सक [द्रुह्] द्रोह करना, द्वेष करना, वैर करना।

दुह देखो दोह = दोह।

दुह देखो दुक्ख = दुःख। °अ वि [°द] दुःख-जनक। °ट्ट वि [°र्त] दुःख से पीडित। °ट्टिय वि [°र्तित] दुःख से पीड़ित। °ट्ठ पुं [°र्थ] नरक-स्थान। °त्त देखो °ट्ट। °फास पुं [°स्पर्श] दुःख-जनक स्पर्श। °भागि वि [°भागिन्] दुःख में भागीदार। °मच्चु पुं [°मृत्यु] अपमृत्यु, अकाल मौत। °विवाग पुं [°विपाक] दुःखरूप कर्म-फल। °सिज्जा, °सेज्जा स्त्री [°शय्या] दुःख-जनक शय्या। °ावह वि दुःख-जनक।

दुह° देखो दुहा।

दुहअ वि [दे] चूर-चूर किया हुआ।

दुहअ वि [दुर्हत] खराब रीति से मारा हुआ।

दुहअ वि [द्विहत] दो से मारा हुआ।

दुहअ देखो दुब्भग।

दुहओ अ [द्विधातस] दोनो तरफ से, उभय प्रकार से।

दुहंड वि [द्विखण्ड] दो टुकडेवाला।

दुहग देखो दुब्भग।

दुहट्ट वि [दुर्घट्ट] दुर्वार।

दुहण देखो दुघण।

दुहण पु [द्रुहण] प्रहरण-विशेष।

दुहण न [दोहन] दोहना।

दुहदुहग पुं [दुहदुहक] 'दुह-दुह' आवाज।

दुहव देखो दूहव।

दुहा अ [द्विधा] दो तरफ, उभयथा। °इअ वि [°कृत] जिसको दो खण्ड किये गये हों वह।

दुहाकर सक [द्विधा + कृ] दो खण्ड करना।

दुहाव सक [छिद्] छेदना, खण्डित करना।

दुहाव सक [दुःखय्] दुःखी करना, दुभाना, दुखाना।

दुहावण वि [दुःखन] दुःखी करनेवाला।

दुहि वि [दुःखिन्] दुःखी, व्यथित, पीड़ित।

दुहिअ वि [दुःखित] पीड़ित, दुःखयुक्त।

दुहिअ वि [दुग्ध] जिसका दोहन किया गया हो वह। °दुज्झ वि [°दोह्य] फिर-फिर दोहने-योग्य।

दुहिआ [दुहितृ] पुत्री। °दइअ पुं [°दयित] जामाता।

दुहिण पु [द्रुहिण] ब्रह्मा, चतुर्मुख।

दुहित्त पुं [दौहित्र] लडकी का लड़का, नाती।

दुहित्तिया स्त्री [दौहित्रिका] लडकी की लड़की, नतिनी।

दुहित्ती स्त्री [दौहित्री] लड़की की लडकी, नतिनी या नातिन।

दुहिदिआ (शौ) स्त्री [दुहितृ] कन्या।

दुहिल वि [द्रुहिल] द्रोही।

दू सक उपताप करना। काटना।

दूअ पु [दूत] सन्देश-हारक।

दूआ देखो धूआ।

दूइ° देखो दूई। °पलासय न [°पलाशक] एक चैत्य।

दूइज्ज सक [द्रु] गमन करना, विहरना, जाना।

दूइत्त न [दूतीत्व] दूती का कार्य, दूतीपन।

दूई स्त्री [दूती] दूत के काम में नियुक्त की हुई स्त्री, कुटनी। जैन साधुओं के लिये भिक्षा का एक दोष। °पिंड पु [°पिण्ड] समाचार पहुँचाने से मिली हुई भिक्षा। देखो दूइ°।

दूण वि [दून] हैरान किया हुआ।

दूण पु [दे] हाथी।

दूण (अप) देखो दुउण।

दूणावेढ वि [दे] अगाध्य। तालाब।

दूभ अक [दुःखय्] दूभना, दुःखित होना ।
दूभग देखो दुब्भग ।
दूभग्ग न [दौर्भाग्य] दुष्ट भाग्य ।
दूम सक [दू, दावय्] परिताप करना, सन्ताप करना ।
दूम देखो दुम = धवलय् ।
दूमक } वि [दावक] पीडा-जनक ।
दूमग }
दूमण वि [दावक] उपताप करनेवाला ।
दूमण न [दवन, दावन] परिताप, पीडन ।
दूमण देखो दुम्मण = दुर्मनस् ।
दूमणाइअ वि [दुर्मनायित] उद्विग्न-मनस्क ।
दूयाकार न [दे] कला-विशेष ।
दूर न. असमीप । अतिशय, अत्यन्त । वि. दूरस्थित । व्यवहित, अन्तरित । °ग वि. दूरवर्ती । °गइ, °गइअ वि [°गतिक] दूर जानेवाला । सौधर्म आदि देवलोक मे उत्पन्न होनेवाला । °तराग वि [°तर] अत्यन्त दूर । °त्थ वि [°स्थ] दूरस्थित, दूरवर्ती । °भविय पुं [°भव्य] दीर्घ काल में मुक्ति को प्राप्त करने की योग्यतावाला जीव । °य देखो °ग । °वत्ति.वि [°वर्तिन्] दूर मे रहनेवाला । °लइय वि [°लयिक] मुक्ति-गामी । °लय पुं. दूर-स्थित आश्रय । मोक्ष । मुक्ति का मार्ग ।
दूरंगइअ देखो दूर-गइअ ।
दूरंतरिअ वि [दूरान्तरित] अत्यन्त-व्यवहित ।
दूरचर वि. दूर रहनेवाला ।
दूराय सक [दूराय्] दूर स्थित की तरह मालूम होना, दूरवर्ती मालूम पडना ।
दूरीकय वि [दूरीकृत] दूर किया हुआ ।
दूरीहूअ वि [दूरीभूत] जो दूर हुआ हो ।
दूरुल्ल वि [दूरवत्] दूरस्थित, दूरवर्ती ।
दूलह देखो दुल्लह ।
दूस अक [दुष्] दूषित होना, विकृत होना ।
दूस सक [दूषय्] दोपित करना ।
दूस न [दूष्य] वस्त्र । तम्बू । °गणि पुं [°गणिन्] एक जैन आचार्य । °मित्त पुं [°मित्र] मौर्यवंश के नाश होने पर पाटलीपुत्र में अभिषिक्त एक राजा । °हर न [°गृह] पट-कुटी ।
दूसअ वि [दूपक] दोप प्रकट करनेवाला ।
दूसग वि [दूषक] दूषित करनेवाला । दोप देखनेवाला ।
दूसण न [दूषण] दोप, अपराध । कलंक, दाग । पुं. रावण की मौसी का लड़का । वि. दूषित करनेवाला ।
दूसम वि [दुष्षम] खराब, दुष्ट । पुं काल-विशेष, पाँचवाँ आरा । °दूसमा देखो दुस्समदुस्समा । °सुसमा देखो दुस्समसुसमा ।
दूसमा देखो दुस्समा ।
दूसर देखो दुस्सर ।
दूसल वि [दे] अभागा ।
दूसह देखो दुस्सह ।
दूसहणीअ वि [दुस्सहनीय] दुस्सह, असह्य ।
दूसासण देखो दुस्सासण ।
दूसाहिअ वि [दौस्साधिक] दुसाध जाति मे उत्पन्न, अस्पृश्य जाति का ।
दूसि पु [दूषिन्] नपुंसक का एक भेद ।
दूसिअ वि [दूपित] दूपण-युक्त, कलङ्कयुक्त । पुं. एक प्रकार का नपुंसक ।
दूसिआ स्त्री [दूषिका] आँख का मैल ।
दूसुमिण देखो दुस्सुमिण ।
दूहअ वि [दुःखक] दुःख-जनक ।
दूहट्ट वि [दे] लज्जा से उद्विग्न ।
दूहय देखो दोधअ ।
दूहल वि [दे] मन्दभाग्य ।
दूहव देखो दुब्भग ।
दूहव सक [दुःखय्] दुभाना, दुःखी करना ।
दूहिअ वि [दुःखित] दुःख-युक्त ।
दे अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—सम्मुख-

करण। सखी को आमन्त्रण।
दे अ. पाद-पूरक अव्यय।
देअ देखो देव।
देअर देखो दिअर।
देअराणी स्त्री [देवरपत्नी] देवरानी।
देई देखो देवी।
देउल न [देवकुल] देव-मन्दिर। °णाह पु [°नाथ] मन्दिर का स्वामी। °वाडय पुन [°पाटक] मेवाड़ का एक गाँव।
देउलिअ वि [देवकुलिक] देव-स्थान का परिपालक।
देउलिया स्त्री [देवकुलिका] छोटा देव-स्थान।
देक्ख सक [दृश्] देखना, अवलोकन करना।
देक्खालिअ वि [दर्शित] दिखाया हुआ, बतलाया हुआ।
देख (अप) देखो देक्ख।
देट्ठ देखो दिट्ठ = दृष्ट।
देण्ण देखो दइण्ण।
देपाल पु [देवपाल] एक मन्त्री का नाम।
देप्प देखो दिप्प = दीप्।
देर देखो दार = द्वार।
देव उभ [दिव्] जीतने की इच्छा करना। पण करना। व्यवहार करना। चाहना। आज्ञा करना। अव्यक्त शब्द करना। हिंसा करना।
देव पुंन.अमर, देवता। मेघ। आकाश। राजा। पुं. परमेश्वर, देवाधिदेव। साधु, मुनि, ऋषि। द्वीप-विशेष। समुद्र-विशेष। स्वामी, नायक। पूज्य। °उत्त वि [°उप्त] देव से बोया हुआ। देव-कृत। °उत्त वि [°गुप्त] देव से रक्षित। ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिनदेव। °उत्त पु [°पुत्र] देव-पुत्र। °उल न [°कुल] देव-मन्दिर। °उलिया स्त्री [°कुलिका] छोटा देव-मन्दिर। °कन्ना स्त्री [°कन्या] देव-पुत्री। °कहकहय पुं [°कहकहक] देवताओ का कोलाहल। °किब्बिस पु [°किल्बिष] चाण्डाल-स्थानीय देव-जाति। °किब्बिसिय पुं [°किल्बिषिक] एक अधम देव-जाति। °किब्बिसीया स्त्री [°किल्बिषीया] देखो देवकिब्बिसिया। °कुरा स्त्री. क्षेत्र-विशेष, वर्ष-विशेष। °कुरु पुं वही अर्थ। °कुल देखो °उल। °कुलिय पुं [°कुलिक] पुजारी। °कुलिया देखो °उलिआ। °गइ स्त्री [°गति] देवयोनि। °गणिया स्त्री [°गणिका] देव-वेश्या, अप्सरा। °गिह न [°गृह] देव-मन्दिर। °गुत्त पुं [°गुप्त] एक परिव्राजक का नाम। एक भावी जिनदेव। °चद पु [°चन्द्र] एक जैन उपासक का नाम। सुप्रसिद्ध श्री हेमचन्द्राचार्य के गुरू का नाम। °च्चय वि [°र्चक] देव की पूजा करनेवाला। पुं. मन्दिर का पुजारी। °च्छदग न [°च्छन्दक] जिनदेव का आसन। °जस पु [°यशस्] एक जैन मुनि। °जाण न [°यान] देव का वाहन। °जिण पुं [°जिन] एक भावी जिनदेव का नाम। °ड्ढि देखो देविड्ढि। °णाअअ पु [°नायक] नीचे देखो। °णाह पुं [°नाथ] इन्द्र। परमेश्वर, परमात्मा। °तम न [°तमस्] एक प्रकार का अन्धकार। °त्थुइ, °थुइ स्त्री [°स्तुति] देव का गुणानुवाद। °दत्त पु. व्यक्तिवाचक नाम। °दत्ता स्त्री. व्यक्ति-वाचक नाम। °दव्व न [°द्रव्य] देव-सम्बन्धी द्रव्य। °दार न [°द्वार] देव-गृह-विशेष का पूर्वीय द्वार, सिद्धायतन का एक द्वार। °दारु पु. देवदार का पेड़। °दाली स्त्री. वनस्पति-विशेष, रोहिणी। °दिण्ण पुं [°दत्त] व्यक्ति-वाचक नाम, एक सार्थवाह-पुत्र। °दीव पु [°द्वीप] द्वीप-विशेष। °दूस न [°दूष्य] देवता का वस्त्र, दिव्य वस्त्र। °देव पु. परमेश्वर, परमात्मा। इन्द्र, देवो का स्वामी। °नट्टिया स्त्री [°नर्तिका] नाचनेवाली देवी, देव-नटी। °नयरी स्त्री [°नगरी] अमरावती, स्वर्ग-पुरी। °पडिक्खोभ पु [°प्रतिक्षोभ] तमस्काय। °पलिक्खोभ पु [°परिक्षोभ]

पंचालिआ स्त्री [पञ्चालिका] पुतली, काष्ठादि-निर्मित छोटी प्रतिमा।

पंचालिआ स्त्री [पाञ्चालिका] द्रौपदी। गान का एक भेद।

पंचावण्ण स्त्रीन [दे. पञ्चपञ्चाशत्] पचपन। जिनकी संख्या पचपन हो वे।

पचावन्न वि [दे. पञ्चपञ्चाश] पचपनवाँ।

पंचिदिय } वि [पञ्चेन्द्रिय] वह जीव
पंचिद्रिय } जिसको त्वचा, जीभ, नाक, आँख और कान—ये पाँचों इन्द्रियाँ हो। न. त्वचा आदि पाँच इन्द्रियाँ।

पंचिया स्त्री [पञ्चिका] पाँच की संख्या-वाला। पाँच दिन का।

पंचुबर स्त्रीन [पञ्चोदुम्बर] वट, पीपल, उदुम्बर, प्लक्ष और काकोदुम्बरी का फल।

पंचुत्तरसय वि [पञ्चोत्तरशततम] एक सौ पाँचवाँ।

पचेडिय वि [दे] विनाशित।

पचेसु पुं [पञ्चेषु] कामदेव।

पछि पु [पक्षिन्] पक्षी, चिड़िया।

पजर पुन [पञ्जर] आचार्य, उपाध्याय, प्रवर्त्तक आदि मुनि-गण। उन्मार्ग-गमन-निषेध, सन्मार्ग-प्रवर्त्तन। स्वच्छन्दता-प्रतिषेध। न. पिंजरा।

पंजरिअ पुं [दे] जहाज का कर्मचारी-विशेष।

पंजल वि [प्राञ्जल] सीधा, ऋजु।

पंजलि पुंस्त्री [प्राञ्जलि] प्रणाम करने के लिए जोडा हुआ कर-सम्पुट, संयुक्त कर-द्वय। °उड पुं [°पुट] अञ्जलि-पुट। °उड, °कड वि [कृतप्राञ्जलि] जिसने प्रणाम के लिए हाथ जोडा हो वह।

पंजिअ न [दे] मुँह-माँगा दान।

पंड वि [पाण्ड्य] देश-विशेष में उत्पन्न।

पंड, पंडग, पंडय } पुं [पण्ड, °क] नपुंसक। न. मेरु पर्वत का एक वन।

पंडय देखो पंडव।

पंडर पुं [पाण्डर] क्षीरवर नामक द्वीप का अधिष्ठाता देव। सफेद रंग। वि. श्वेतवर्ण-वाला। °भिक्खु पुं [°भिक्षु] श्वेताम्बर जैन सम्प्रदाय का मुनि।

पंडर देखो पंडुर।

पंडरंग पुं [दे] महादेव।

पंडरंगु पुं [दे] गाँव का अधिपति।

पंडरिय देखो पंडुरिअ।

पंडव पुं [पाण्डव] राजा पाण्डु के पुत्र—युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, सहदेव और नकुल।

पंडव पुं [दे] अश्व-रक्षक (?)।

पंडविअ वि [दे] जलार्द्र।

पंडिअ वि [पण्डित] शास्त्रों के मर्म को जाननेवाला, बुद्धिमान्, तत्वज्ञ। संयत, साधु। °मरण न. साधु का मरण, शुभमरण-विशेष। °माण वि [°म्मन्य] विद्याभिमानी, निज को पण्डित माननेवाला, दुर्विदग्ध, अधपका, मूर्ख। °माणि वि [°मानिन्] देखो पूर्वोक्त अर्थ। °वीरिअ न [°वीर्य] संयत का आत्म-बल।

पंडिच्च, पंडित्त } न [पाण्डित्य] पण्डिताई, विद्वत्ता।

पंडिच्चमाणि वि [पाण्डित्यमानिन्] विद्वत्ता का घमण्ड।

पंडी देखो पंड = पाण्ड्य।

पंडीअ (अप) देखो पंडिअ।

पंडु पुं [पाण्डु] नृप-विशेष, पाण्डवों का पिता। पाण्डु-रोग। शुक्ल और पीत वर्ण। श्वेत वर्ण। वि. शुक्ल और पीत वर्णवाला। सफेद। पाण्डुकम्बला नामक शिला। °कंबल-सिला स्त्री [°कम्बलशिला] मेरु पर्वत के पाण्डक वन के दक्षिण छोर पर स्थित एक शिला जिस पर जिन-देवों का जन्माभिषेक किया जाता है। °कंबला स्त्री [°कम्बला] वही पूर्वोक्त अर्थ। °तणय पुं [°तनय] पाण्डव। °भद्द पुं [°भद्र] एक जैन मुनि जो आर्य सम्भूति-विजय के शिष्य थे। °मट्टिया, °मत्तिया स्त्री [°मृत्तिका] एक प्रकार की सफेद मिट्टी। °महुरा स्त्री [°मथुरा] दक्षिण तरफ की एक नगरी। °राय पुं [°राज] राजा पाण्डु। °सुय पुं [°सुत] पाण्डव। °सेण पुं [°सेन] पाण्डवों का द्रौपदी से उत्पन्न एक पुत्र।

पंडुइय वि [पाण्डुकित] श्वेत रंग का किया हुआ।

पंडुग, पंडुय } पुं [पाण्डक] चक्रवर्ती का धान्यों की पूर्ति करनेवाला एक निधि। सर्प की एक जाति। न. मेरु पर्वत पर स्थित एक वन, पाण्डक वन।

पंडुर पु [पाण्डुर] सफेद रंग। पीत-मिश्रित श्वेत वर्ण। वि. सफेद वर्णवाला। श्वेत-मिश्रित पीत वर्णवाला। °ज्जा स्त्री [°ार्या] एक जैन साध्वी का नाम। °त्थिय [°ास्थिक] एक गाँव का नाम।

पंडुरंग पु [पाण्डुराङ्ग] संन्यासी की एक जाति, भस्म लगानेवाला संन्यासी।

पंडुरग, पंडुरय } पुं [पाण्डुरक] शिव-भक्त संन्यासियों की एक जाति। देखो पंडुर।

पडुरिअ, पंडुल्लइय } वि [पाण्डुरित] पाण्डुर वर्ण-वाला बना हुआ।

पंडुल पु. [पाण्डुर] देखो पंडुर।

पंत वि [प्रान्त] अन्तवर्ती, अन्तिम। अशोभन।

इन्द्रिय-प्रतिकूल। असभ्य, अशिष्ट। अपसद, नीच, दुष्ट। दरिद्र। जीर्ण, फटा-टूटा। विनष्ट। नीरस, सूखा। भुक्तावशिष्ट। पर्युषित, वासी। °कुल न. नीच कुल। °चर वि. नीरस आहार की खोज करनेवाला तपस्वी। °जीवि वि [°जीविन्] नीरस आहार से शरीर-निर्वाह करनेवाला। °हार वि. रूखा-सूखा आहार करनेवाला।
पंताव सक [दे] मारना।
पंति स्त्री [पङ्क्ति] कतार। जिसमे एक हाथी, एक रथ, तीन घोड़े और पाँच पदाती हो—ऐसी सेना।
पंति स्त्री [दे] केश-रचना।
पंतिय स्त्रीन [पङ्क्ति] श्रेणी।
पंथ पुं [पन्थ, पथिन्] मार्ग।
पंथ पु [पान्थ] मुसाफिर। °कुट्टण न [°कुट्टन] मार-पीटकर मुसाफिरो को लूटना। °कोट्ट पु [°कुट्ट] वही अर्थ। °कोट्टि स्त्री [°कुट्टि] वही अर्थ।
पंथग पु [पान्थक] एक जैन मुनि।
पंथाण देखो पंथ = पन्थ, पथिन्।
पंथिअ पुं [पन्थिक, पथिक] मुसाफिर।
पंथुच्छुहणी स्त्री [दे] श्वशुर-गृह से पहली वार आनीत स्त्री।
पपुअ वि [दे] दीर्घ, लम्बा।
पफुल्ल वि [प्रफुल्ल] विकसित।
पंफुल्लिअ वि [दे] गवेषित।
पंस सक [पांसय्] मलिन करना।
पंसण वि [पासन] कलंकित करनेवाला, दूषण लगानेवाला।
पंसु पु [पांसु, पांशु] धूली, रज। °कीलिय, °क्कीलिय वि [°क्रीडित] वचपन का दोस्त। °पिसाय पुस्त्री [°पिशाच] जो रेणु-लिप्त होने के कारण पिशाच के तुल्य मालूम पड़ता हो वह। °मूलिय पु [°मूलिक] विद्याधर, मनुष्य-विशेष।
पंसु पुं [पर्शु] कुठार, फरसा।
पंसु देखो पसु।
पंसुखार पु [पांशुक्षार] ऊषर लवण।
पंसुल पुं [दे] कोयल। जार। वि. रुद्ध।
पंसुल पुं [पांसुल] परस्त्री-लम्पट। वि. धूलियुक्त।
पंसुला स्त्री [पांसुला] व्यभिचारिणी स्त्री।
पंसुलिआ स्त्री [दे. पांशुलिका] पार्श्व की हड्डी।
पंसुली स्त्री [पांसुली] कुलटा।
पकंथ देखो पगंथ।
पकंथग पुं [प्रकन्थक] अश्व-विशेष।
पकंप पु [प्रकम्प] काँपना।
पकड वि [प्रकृत] प्रस्तुत, प्रक्रान्त, उपस्थित, असली, सच्चा। निर्मित।
पकड देखो पगड = प्रकट।
पकड्ढ देखो पगड्ढ।
पकड्ढ वि [प्रकृष्ट] प्रकर्ष-युक्त। खीचा हुआ।
पकड्ढण न [प्रकर्षण] आकर्षण, खीचाव।
पकत्थ सक [प्र + कत्थ्] प्रशंसा करना।
पकप्प अक [प्र + क्लृप्] उपयोग मे आना। काटना, छेदना।
पकप्प सक [प्र + कल्पय्] करना, बनाना। संकल्प करना।
पकप्प पु [प्रकल्प] उत्तम आचरण। बाधक नियम। 'आचाराग' सूत्र का एक अध्ययन। व्यवस्थापन। कल्पना। प्ररूपणा। विच्छेद, प्रकृष्ट छेदन। जैन साधुओ का एक प्रकार का आचार, स्थविरकल्प। एक महाग्रह, ज्योतिष देव-विशेष। °गंथ पु [°ग्रन्थ] एक प्राचीन जैन ग्रन्थ, 'निशीथ' सूत्र। °जइ पु [°यति] 'निशीथ' अध्ययन का जानकार साधु। °धर वि. 'निशीथ' अध्ययन का जानकार। देखो पगप्प = प्रकल्प।
पकप्पणा स्त्री [प्रकल्पना] प्ररूपणा, व्याख्या। कल्पना।

पकप्पधारि वि [प्रकल्पधारिन्] 'निशीथ' सूत्र का जानकार ।
पकप्पि वि [प्रकल्पिन्] ऊपर देखो ।
पकप्पिअ वि [प्रकल्पित] संकल्पित । निर्मित । न. पूर्वोपार्जित द्रव्य । काटा हुआ ।
पकय वि [प्रकृत] कार्य मे लगा हुआ ।
पकर सक [प्र+कृ] करने का प्रारम्भ करना । प्रकर्ष से करना । करना ।
पकर देखो पयर = प्रकर ।
पकरणया स्त्री [प्रकरणता] करण, कृति ।
पकहिअ वि [प्रकथित] जिसने कहने का प्रारम्भ किया हो वह ।
पकाम न [प्रकाम]अत्यर्थ, अत्यन्त । पु. प्रकृष्ट अभिलाष ।
पकाव (अप) सक [पच्] पकाना ।
पकास देखो पयास = प्रकाश ।
पकिट्ठ देखो पगिट्ठ ।
पकिण्ण वि [प्रकीर्ण] उप्त, बोया हुआ । दत्त । पइण्ण = प्रकीर्ण ।
पकित्तिअ वि [प्रकीर्त्तित] वर्णित, कथित ।
पकिदि देखो पगइ = प्रकृति ।
पकिदि (शौ) देखो पइइ = प्रकृति ।
पकिरण न [प्रकिरण] देने के लिए फेकना ।
पकुण देखो पकर = प्र+कृ ।
पकुप्प अक [प्र+कुप्] गुस्सा करना ।
पकुप्पित (चूपै) वि [प्रकुपित] क्रुद्ध, कुपित ।
पकुविअ ऊपर देखो ।
पकुव्व सक [प्र+कृ, प्र+कुर्व्] करने का प्रारम्भ करना । प्रकर्ष से करना । करना ।
पकुव्वि वि [प्रकारिन्, प्रकुर्विन्] करनेवाला, कर्ता । पु. प्रायश्चित्त देकर शुद्धि कराने मे समर्थ गुरु ।
पकूविअ वि [प्रकूजित] ऊँचे स्वर से चिल्लाया हुआ ।
पकोट्ठ देखो पओट्ठ ।
पकोव पु [प्रकोप] गुस्सा ।
पक्क वि [पक्व] पका हुआ ।
पक्क वि [दे] तृप्त, गर्वित । समर्थ, पक्का, पहुँचा हुआ ।
पक्कंत वि [प्रक्रान्त] प्रस्तुत ।
पक्कग्गाह पुं [दे] मगरमच्छ । पानी मे बसनेवाला सिंहाकार जल-जन्तु ।
पक्कण वि [दे] असहिष्णु । समर्थ । पुं चाण्डाल । एक अनार्य देश । पुंस्त्री. अनार्य देश-विशेष मे रहनेवाली एक मनुष्य-जाति । पु. एक नीच जाति का घर, शबर-गृह । °उल न [°कुल] चाण्डाल का घर । एक गर्हित कुल ।
पक्कणि वि [दे] अतिशय शोभमान । भग्न, भाँगा हुआ । प्रियभाषी ।
पक्कणिय पुस्त्री. [दे] एक अनार्य देश मे रहनेवाली मनुष्य जाति ।
पक्कन्न न [पक्वान्न] केवल घी मे बनी हुई वस्तु, मिठाई आदि ।
पक्कम सक [प्र+कम्] प्रकर्ष से समर्थ होना ।
पक्कम सक [प्र+क्रम्] प्रकर्ष से जाना, चला जाना । अक. प्रयत्न होना । प्रवृत्ति होना ।
पक्कम पु [प्रक्रम] प्रस्ताव, प्रसग ।
पक्कमणी स्त्री [प्रक्रमणी] विद्या-विशेष ।
पक्कल वि [दे] शक्त । दर्प-युक्त, गर्वित । प्रौढ ।
पक्कस देखो वक्कस ।
पक्कसावअ पुं [दे] शरभ । व्याघ्र ।
पक्काइय वि [पक्वीकृत] पकाया हुआ ।
पक्किर सक [प्र+कृ] फेकना ।
पक्कीलिय वि [प्रक्रीडित] जिसने क्रीड़ा का प्रारम्भ किया हो वह ।
पक्ख पुं [पक्ष] वेदिका का एक भाग । पखवारा । शुक्ल और कृष्ण पक्ष । पार्श्व, पाँजर, कन्धा के नीचे का भाग । पक्षियो का अवयव-विशेष, पंख । तर्कशास्त्र-प्रसिद्ध अनुमान-

प्रमाण का एक अवयव, साध्यवाली वस्तु । तरफ, ओर । जत्था, दल, टोली । मित्र । शरीर का आधा भाग । तरफदार । तीर का पंख । तरफदारी । °ग वि. पक्ष-गामी, पक्ष-पर्यन्त स्थायी । °पिंड पुंन [°पिण्ड] आसन-विशेष—जानु और जाँघपर वस्त्र बाँध कर बैठना । °य पुं [°क] पंख, तालवृन्त । °वत वि [°वत्] तरफदारीवाला । °वाइल्ल वि [°पातिन्] पक्षपात करनेवाला, तरफदारी करनेवाला । °वाद पुं [°पात] तरफदारी । °वादि (शौ) देखो °वाइल्ल । °वाय देखो °वाद । °वाय पु [°वाद] पक्ष-सम्बन्धी विवाद । °वाह पुं. वेदिका का एक देश-विशेष । °ावडिअ वि [°ापतित] पक्षपाती । °ावाइया स्त्री [°ावापिका] होम-विशेष ।

पक्खंत न [पक्षान्त] अन्यतर इन्द्रिय-जात ।

पक्खतर न [पक्षान्तर] दूसरा पक्ष ।

पक्खंद सक [प्र + स्कन्द्] आक्रमण करना । दौड़कर गिरना । अध्यवसाय करना ।

पक्खंदोलग पुं [पक्ष्यन्दोलक] पक्षी का हिंडोला ।

पक्खज्जमाण वि [प्रखाद्यमान] जो खाया जाता हो वह ।

पक्खडिअ वि [दे] प्रस्फुरित, विजृम्भित, समुत्पन्न ।

पक्खर सक [सं + नाहय्] सन्नद्ध करना, अश्व को कवच से सज्जित करना ।

पक्खर पुं [प्रक्षर] क्षरण, टपकना ।

पक्खर पुं [दे] जहाज की रक्षा का एक उप-करण, सामग्री । पाखर, घोडे का कवच ।

पक्खरा स्त्री [दे] अश्व-संनाह ।

पक्खल अक [प्र + स्खल्] गिरना, पडना, स्खलित होना ।

पक्खाउज्ज न [पक्षातोद्य] पखावज, एक प्रकार का वाजा, मृदंग ।

पक्खाय वि [प्रख्यात] प्रसिद्ध, विश्रुत ।

पक्खारिण पुं [प्रक्षारिण] अनार्य देश-विशेष । पुंस्त्री. उस देश का निवासी मनुष्य ।

पक्खाल सक [प्र + क्षालय्] शुद्ध करना, धोना ।

पक्खासण न [पक्ष्यासन] जिसके नीचे अनेक प्रकार के पक्षियो का चित्र हो ऐसा आसन ।

पक्खि पुंस्त्री [पक्षिन्] पक्षी । °विराल पुंस्त्री. पक्षि-विशेष । °राय पुं [°राज] गरुड । नीचे देखो ।

पक्खिअ पुंस्त्री [पक्षिक] ऊपर देखो । वि. पक्षपाती, तरफदारी करनेवाला ।

पक्खिअ वि [पाक्षिक] स्वजन, ज्ञाति का । पाख में होनेवाला । अर्धमास-सम्बन्धी । न. पर्व-विशेष, चतुर्दशी । °ापक्खिअ पुं [°ापक्षिक] जिसको एक पाख में तीव्र विषया-भिलाष होता हो और एक पक्ष मे अल्प—ऐसा नपुंसक ।

पक्खिकायण न [पाक्षिकायन] गोत्र-विशेष जो कौशिक गोत्र की एक शाखा है ।

पक्खिण देखो पक्खि ।

पक्खित्त वि [प्रक्षिप्त] फेंका हुआ ।

पक्खिनाह पुं [पक्षिनाथ] गरुड पक्षी ।

पक्खिव वि [प्र + क्षिप्] फेंक देना । त्यागना । डालना ।

पक्खीण वि [प्रक्षीण] अत्यन्त क्षीण ।

पक्खुडिअ वि [प्रखण्डित] खण्डित, असम्पूर्ण ।

पक्खुब्भ अक [प्र + क्षुभ्] क्षोभ पाना । वृद्ध होना, वढ़ना ।

पक्खेव पु [प्रक्षेप] शास्त्र मे पीछे से किसी के द्वारा डाला या मिलाया हुआ वाक्य । °ाहार पु. कवलाहार ।

पक्खेव } पु [प्रक्षेप, °क] क्षेपण, फेंकना ।
पक्खेवग } पूर्ति करनेवाला द्रव्य, पूर्ति के लिए पीछे से डाली जाती वस्तु ।

पक्खोड सक [वि + कोशय्] खोलना । फैलाना ।

पक्खोड सक [शद्] कँपाना। झाड़कर गिराना।
पक्खोड सक [प्र+छादय्] ढकना, आच्छादन करना।
पक्खोड सक [प्र+स्फोटय] खूब झाडना। बारम्बार झाड़ना। कँपाना।
पक्खोड पुं [प्रस्फोट] प्रमार्जन, प्रतिलेखन की क्रिया-विशेष।
पक्खोभ सक [प्र+क्षोभय्] क्षुब्ध करना, क्षोभ उत्पन्न कर हिला देना।
पक्खोलण न [शदन] स्खलित होनेवाला। वि. रुष्ट होनेवाला।
पखल वि [प्रखर] प्रचण्ड, तीव्र, तेज।
पखोड देखो पक्खोड = प्रस्फोट।
पगइ स्त्री [प्रकृति] स्वभाव। प्रस्तुत अर्थ। साधारण जन-समूह। कुम्भकार आदि अठारह मनुष्य-जातियाँ। कर्मो का भेद। सत्व, रज और तम की साम्यावस्था। बलदेव के एक पुत्र का नाम। °बध पु [°वन्ध] कर्म-पुद्गलो मे भिन्न-शक्तियो का पैदा होना। देखो पगडि।
पगंठ पुं [प्रकण्ठ] पीठ-विशेष। अन्त का अवनत प्रदेश।
पगंथ सक [प्र+कथय्] निन्दा करना।
पगड वि [प्रकट] व्यक्त, खुला, स्पष्ट, प्रत्यक्ष।
पगड वि [प्रकृत] विनिर्मित।
पगड पुं [प्रगर्त्त] बड़ा गड्ढा या गड़हा।
पगडण न [प्रकटन] प्रकाश करना, खुला करना।
पगडि स्त्री [प्रकृति] भेद, प्रकार। देखो पगइ।
पगडीकय वि [प्रकटीकृत] व्यक्त किया हुआ, स्पष्ट किया हुआ।
पगड्ढ सक [प्र+कृष्] खीचना।
पगप्प देखो पकप्प = प्र + कल्पय्।
पगप्प देखो पकप्प = प्र + क्लृप्।
पगप्प वि. [प्रकल्प] उत्पन्न होनेवाला। देखो पकप्प = प्रकल्प।
पगप्पिअ वि [प्रकल्पित] प्ररूपित, कथित।
पगप्पित्तु वि [प्रकल्पयितृ, प्रकर्तयितृ] काटनेवाला।
पगब्भ अक [प्र+गल्भ्] धृष्टता करना। समर्थ होना।
पगब्भ वि [प्रगल्भ] धृष्ट, ढीठ। समर्थ।
पगब्भ न [प्रागल्भ्य] धृष्टता, ढीठाई।
पगब्भणा स्त्री [प्रगल्भना] प्रगल्भता, धृष्टता।
पगब्भा स्त्री [प्रगल्भा] भगवान् पार्श्वनाथ की एक शिष्या।
पगब्भिअ वि [प्रगल्भित] धृष्टता-युक्त।
पगब्भित्तु वि [प्रगल्भितृ] काटनेवाला।
पगय न [प्रकृत] प्रस्ताव, प्रसंग। पुं. गाँव का अधिकारी।
पगय वि [प्रकृत] प्रस्तुत।
पगय वि [प्रगत] प्राप्त। जिसने गमन करने का प्रारम्भ किया हो वह, संगत। न. प्रस्ताव, अधिकार।
पगय न [दे] पाँव।
पगर पुं [प्रकर] समूह।
पगरण न [प्रकरण] अधिकार, प्रस्ताव। ग्रन्थ-खण्ड-विशेष। किसी एक विषय को लेकर बनाया हुआ छोटा ग्रन्थ।
पगरिअ वि [प्रगलित] कुष्ठ-विशेष की बीमारी-वाला।
पगरिस पुं [प्रकर्ष] उत्कर्ष, श्रेष्ठता। आधिक्य, अतिशय।
पगल अक [प्र+गल्] झरना, टपकना।
पगहिय वि [प्रगृहीत] ग्रहण किया हुआ।
पगाइय वि [प्रगीत] जिसने गाने का प्रारम्भ किया हो वह।
पगाढ वि [प्रगाढ] अत्यन्त गाढ।
पगाम देखो पकाम।
पगामसो अ [प्रकामम्] अतिशय।
पगार पुं [प्रकार] भेद। रीति। वगैरह।

पगास देखो पयास = प्र + काशय् ।
पगास पु [प्रकाश] प्रभा, चमक । ख्याति । आविर्भाव, प्रादुर्भाव । उद्द्योत, आतप । क्रोध । वि. प्रकट, व्यक्त ।
पगासग देखो पगासय ।
पगासण देखो पयासण ।
पगासणया स्त्री [प्रकाशनता] आलोक ।
पगासणा स्त्री [प्रकाशना] प्रकटीकरण ।
पगासय वि [प्रकाशक] प्रकाश करनेवाला ।
पगिइ देखो पगइ ।
पगिज्झ अक [प्र + गृध्] आसक्ति का प्रारम्भ होना ।
पगिज्झिय देखो पगिण्ह ।
पगिट्ठ वि [प्रकृष्ट] मुख्य । उत्तम ।
पगिण्ह सक [प्र + ग्रह्]ग्रहण करना । उठाना । धारण करना । करना ।
पगीअ वि [प्रगीत] गाया हुआ । जिसकी गीत गाई गई हो वह ।
पगीय वि [प्रगीत] जिसने गाने का प्रारम्भ किया हो वह ।
पगुण देखो पउण ।
पगुणीकर सक [प्रगुणी + कृ] प्रगुण करना । सज्ज करना ।
पगे अ [प्रगे] सुबह ।
पग्ग सक [ग्रह्] ग्रहण करना ।
पग्गल वि [दे] पागल, उन्मत्त ।
पग्गह पुं [प्रग्रह] खाने के लिए उठाया हुआ भाजन-पान । उपधि, उपकरण । लगाम । पशुओ को नाक मे लगाई जाती डोरी, नाथ । पशुओ को वाँधने की डोरी, रस्सी । मुखिया । ग्रहण, उपादान । योजन, जोडना ।
पग्गहिअ वि [प्रगृहीत] अभ्युपगत, सम्यक् स्वीकृत । प्रकर्ष से गृहीत । उठाया हुआ ।
पग्गहिय वि [प्रग्रहिक] ऊपर देखो ।
पग्गिम, पग्गिम्व (अप) अ [प्रायस्] वहुधा ।
पग्गेज्ज पुं [दे] समूह ।
पघंस सक [प्र + घृष्] फिर-फिर घिसना ।
पघोल अक [प्र + घूर्णय्] मिलना, संगत होना ।
पघोस पुं [प्रघोष] उद्घोषणा ।
पच सक [पच्] पकाना ।
पच (अप) देखो पंच । °आलीस, °तालीस स्त्रीन [°चत्वारिंशत्] पैंतालीस । पैंतालिस सख्या जिनकी हो वे ।
पचंकमणग न [प्रचङ्क्रमण, °क] पाँव से चलना ।
पचंकमावण न [प्रचङ्क्रमण]पाँव से संचारण, पाँव से चलाना ।
पचंड देखो पयंड ।
पचलिय देखो पयलिय = प्रचलित ।
पचार सक [प्र + चारय्] चलाना ।
पचार पु [प्रचार] विस्तार, फैलाव । देखो पयार = प्रचार ।
पचाल सक [प्र + चालय्] खूब चलाना ।
पचिय वि [प्रचित] समृद्ध ।
पचीस (अप) स्त्रीन [पञ्चविंशति] पचीस की सख्या । जिसकी सख्या पचीस हो वे ।
पचुन्निय वि [प्रचूर्णित] चूर-चूर किया हुआ ।
पचेलिम वि [पचेलिम] पक्व, पका हुआ ।
पचोइअ वि [प्रचोदित] प्रेरित ।
पच्चइग देखो पच्चइय = प्रत्ययिक ।
पच्चइय वि [प्रत्ययिक] विश्वासी । ज्ञानवाला, प्रत्ययवाला । न. श्रुत-ज्ञान, आगम-ज्ञान ।
पच्चइय वि [प्रत्ययित] विश्वस्त ।
पच्चइय वि [प्रात्ययिक] प्रत्यय से उत्पन्न, प्रतीति से संजात ।
पच्चंग न [प्रत्यङ्ग] हर एक अवयव ।
पच्चंगिरा स्त्री [प्रत्यङ्गिरा] विद्यादेवी-विशेष ।
पच्चंत पुं [प्रत्यन्त] अनार्यदेश । वि. समीपस्थ देश । भाग ।
पच्चंतिग देखो पच्चंतिय = प्रत्यन्तिक ।

पच्चंतिय वि [प्रत्यन्तिक] समीप-देश में स्थित।

पच्चंतिय वि [प्रात्यन्तिक] प्रत्यन्त देश मे आया हुआ।

पच्चक्ख न [प्रत्यक्ष] इन्द्रिय आदि की सहायता के विना ही उत्पन्न होनेवाला ज्ञान। इन्द्रियो से उत्पन्न होनेवाला ज्ञान। वि. प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय।

पच्चक्ख } सक [प्रत्या+ख्या] त्याग करना,
पच्चक्खा } त्याग करने का नियम करना।

पच्चक्खाण न [प्रत्याख्यान] परित्याग करने की प्रतिज्ञा। जैन ग्रन्थांश-विशेष, नववाँ पूर्व-ग्रन्थ। निंद्य कर्मों से निवृत्ति। °ावरण पुं. सावद्य-विरति का प्रतिबन्धक क्रोध-आदि कषाय।

पच्चक्खाणी स्त्री [प्रत्यख्यानी] भाषा-विशेष, प्रतिषेधवचन।

पच्चक्खाय वि [प्रत्याख्यात] त्यक्त।

पच्चक्खायय वि [प्रत्याख्यायक] त्याग करनेवाला।

पच्चक्खाव सक [प्रत्या+ख्यापय्] त्याग कराना, किसी विषय का त्याग करने की प्रतिज्ञा कराना।

पच्चक्खि वि [प्रत्यक्षिन्] प्रत्यक्ष ज्ञानवाला।

पच्चक्खिय देखो पच्चक्खाय।

पच्चक्खीकर सक [प्रत्यक्षी+कृ] प्रत्यक्ष करना, साक्षात् करना।

पच्चक्खीकिद (शौ) वि [प्रत्यक्षीकृत] प्रत्यक्ष किया हुआ, साक्षात् जाना हुआ।

पच्चक्खीभू अक [प्रत्यक्षी+भू] प्रत्यक्ष होना, साक्षात् होना।

पच्चक्खेय देखो पच्चक्खा का कृ.।

पच्चग्ग वि [प्रत्यग्र] प्रधान, मुख्य। श्रेष्ठ, सुन्दर। नया।

पच्चच्छिम देखो पच्चत्थिम।

पच्चच्छिमा देखो पच्चत्थिमा।

पच्चच्छिमिल्ल वि [पाश्चात्य] पश्चिम दिशा में उत्पन्न, पश्चिम दिशा-सम्बन्धी।

पच्चच्छिमुत्तरा देखो पच्चत्थिमुत्तरा।

पच्चड अक [क्षर्] झरना, टपकना।

पच्चड्ड सक [गम्] जाना, गमन करना।

पच्चड्डिया स्त्री [दे. प्रत्यड्डिका] मल्लों का एक प्रकार का करण।

पच्चणीय वि [प्रत्यनीक] विरोधी, दुश्मन।

पच्चणुभव सक [प्रत्यनु+भू] अनुभव करना।

पच्चणुहो देखो पच्चणुभव।

पच्चत्त वि [प्रत्यक्त] जिसका त्याग करने का प्रारम्भ किया गया हो वह।

पच्चत्तर न [दे] खुशामद।

पच्चत्थरण न [प्रत्यास्तरण] बिछौना। देखो पल्हत्थरण।

पच्चत्थि वि [प्रत्यर्थिन्] प्रतिपक्षी, दुश्मन।

पच्चत्थिम वि [पाश्चात्य, पश्चिम] पश्चिम दिशा तरफ का, पश्चिम का। न. पश्चिम दिशा।

पच्चत्थिमा स्त्री [पश्चिमा] पश्चिम दिशा।

पच्चत्थिमिल्ल वि [पाश्चात्य] पश्चिम दिशा का।

पच्चत्थिमुत्तरा स्त्री [पश्चिमोत्तरा] पश्चिमोत्तर दिशा, वायव्य कोण।

पच्चत्थुय वि [प्रत्यास्तृत] आच्छादित। बिछाया हुआ।

पच्चद्ध न [पश्चार्ध] उत्तरार्ध।

पच्चद्धचक्कवट्टि पुं [प्रत्यर्धचक्रवर्तिन्] वासुदेव का प्रतिपक्षी राजा, प्रतिवासुदेव।

पच्चप्पण न [प्रत्यर्पण] लौटा देना।

पच्चप्पिण सक [प्रति+अर्पय्] वापस देना। सौंपे हुए कार्य को करके निवेदन करना।

पच्चवलोक्क वि [दे] आसक्त-चित्त, तल्लीन-मनस्क।

पच्चब्भास पुं [प्रत्याभास] निगमन, प्रत्युच्चारण ।

पच्चभिआण देखो पच्चभिजाण ।

पच्चभिजाण सक [प्रत्यभि+ज्ञा] पहिचानना, पहिचान लेना ।

पच्चभिजाणिअ वि [प्रत्यभिज्ञात] पहिचाना हुआ ।

पच्चभिणाण न [प्रत्यभिज्ञान] पहिचान ।

पच्चभिन्नाय देखो पच्चभिजाणिअ ।

पच्चय पुं [प्रत्यय] प्रतीति, ज्ञान । निर्णय, निश्चय । हेतु । शपथ, विश्वास उत्पन्न करने के लिए किया या कराया जाता तप्त-माप आदि का चर्वण वगैरह । ज्ञान का कारण । ज्ञान का विषय, ज्ञेय पदार्थ । प्रत्यय-जनक । विश्वास, श्रद्धा । शब्द, आवाज । छिद्र । आधार, आश्रय । व्याकरण-प्रसिद्ध प्रकृति मे लगता शब्द-विशेष ।

पच्चल वि [दे] पक्का, समर्थ, पहुँचा हुआ । असहिष्णु ।

पच्चलिउ, पच्चल्लिउ (अप) अ [प्रत्युत] वैपरीत्य, वरञ्च, वरन् ।

पच्चवणद (शौ) वि [प्रत्यवनत] नमा हुआ ।

पच्चवत्थय वि [प्रत्यवस्तृत] बिछाया हुआ । आच्छादित ।

पच्चवत्थाण न [प्रत्यवस्थान] शङ्कापरिहार, समाधान । प्रतिवचन, खण्डन ।

पच्चवर न [दे] मुसल ।

पच्चवाय पुं [प्रत्यवाय] विघ्न, व्याघात । दोष, दूषण । पाप । दुःख, पीड़ा । नाश का कारण । अनर्थ ।

पच्चवेक्खिद (शौ) वि [प्रत्यवेक्षित] निरीक्षित ।

पच्चह न [प्रत्यह] हररोज ।

पच्चहिजाण, पच्चहियाण देखो पच्चभिजाण ।

पच्चा स्त्री [दे] तृण-विशेष, वल्वज । °पिच्चियय न [दे] वल्वज तृण की कूटी हुई छाल का बना हुआ रजोहरण—जैन साधु का एक उपकरण ।

पच्चा देखो पच्छा ।

पच्चाअच्छ सक [प्रत्या+गम्] वापस आना ।

पच्चाअद (शौ) देखो पच्चागय ।

पच्चाइक्ख देखो पच्चक्ख = प्रत्या + ख्या ।

पच्चाउट्टणया स्त्री [प्रत्यावर्त्तनता] अवाय—संशय-रहित निश्चयात्मक मति-ज्ञान ।

पच्चाएस पुंन [प्रत्यादेश] दृष्टान्त । देखो पच्चादेस ।

पच्चागय वि [प्रत्यागत] वापस आया हुआ । न. प्रत्यागमन ।

पच्चाचक्ख सक [प्रत्या+चक्ष्] परित्याग करना ।

पच्चाणयण न [प्रत्यानयन] वापस ले आना ।

पच्चाणि°, पच्चाणी सक [प्रत्या+णी] वापस ले आना ।

पच्चाणीद (शौ) वि [प्रत्यानीत] वापस लाया हुआ ।

पच्चाथरण न [प्रत्यास्तरण] सामने होकर लडना ।

पच्चादिट्ठ वि [प्रत्यादिष्ट] निरस्त, निराकृत ।

पच्चादेस पुं [प्रत्यादेश] निराकरण । देखो पच्चाएस ।

पच्चापड अक [प्रत्या+पत्] लौटकर आ पडना ।

पच्चामित्त पुंन [प्रत्यमित्र] दुश्मन । मित्र-शत्रु ।

पच्चाय सक [ति+आयय्] प्रतीति कराना । विश्वास कराना । ज्ञान कराना ।

पच्चाय° देखो पच्चाया ।

पच्चायय वि [प्रत्यायक] निर्णय-जनक । विश्वास-जनक ।

पच्चाया अक [प्रत्या+जन्] उत्पन्न होना,

जन्म लेना।

पच्चाया अक [प्रत्या + या] ऊपर देखो।

पच्चायाइ स्त्री [प्रत्याजाति, प्रत्यायाति] उत्पत्ति, जन्म-ग्रहण।

पच्चायाय वि [प्रत्यायात] उत्पन्न।

पच्चार सक [उपा + लम्भ्] उलाहना देना।

पच्चारण न [उपालम्भन] प्रतिभेद।

पच्चारिअ वि [प्रचारित] चलाया हुआ।

पच्चालिय वि [दे. प्रत्यार्दित] आर्द्र किया हुआ।

पच्चालीढ न [प्रत्यालीढ] वाम पाद को पीछे हटा कर और दक्षिण पाँव को आगे रखकर खडे रहनेवाले धानुष्क की स्थिति, धनुपधारियो का पैंतरा।

पच्चावड पुं [प्रत्यावर्त्त] आवर्त्त के सामने का आवर्त्त, पानी का भँवर।

पच्चावरण्ह पुं [प्रत्यापराह्ण] तीसरा पहर।

पच्चासण्ण वि [प्रत्यासन्न] समीप मे स्थित, सन्निकट।

पच्चासत्ति स्त्री [प्रत्यासत्ति] सामीप्य।

पच्चासा स्त्री [प्रत्याशा] अभिलाषा। निराशा के वाद की आशा। लोभ, लालच।

पच्चासि वि [प्रत्याशिन्] वान्त या कय किया हुआ वस्तु का भक्षण करनेवाला।

पच्चाह सक [प्रति + ब्रू] उत्तर देना।

पच्चाहर सक [प्रत्या + हृ] उपदेश देना।

पच्चाहुत्त क्रिवि [पश्चान्मुख] पीछे, पीछे की तरफ।

पच्चिम देखो पच्छिम।

पच्चुअ (दे) देखो पच्चुहिअ।

पच्चुआर देखो पच्चुवयार।

पच्चुग्गच्छणया स्त्री [प्रत्युद्गमनता] अभिमुख गमन।

पच्चुच्चार पु [प्रत्युच्चार] अनुवाद, अनुभाषण।

पच्चुच्छुहणी स्त्री [दे] ताजी दारू।

पच्चुज्जीविअ वि [प्रत्युज्जीवित] पुनर्जीवित।

पच्चुट्ठिअ वि [प्रत्युत्थित] जो सामने खडा हुआ हो वह।

पच्चुण्णम अक [प्रत्युद् + नम्] थोडा ऊँचा होना।

पच्चुत्त वि [प्रत्युप्त] फिर से वोया हुआ।

पच्चुत्तर सक [प्रत्यव + तॄ] नीचे आना।

पच्चुत्तर न [प्रत्युत्तर] जवाव।

पच्चुत्थ वि [दे] फिर से वोया हुआ।

पच्चुत्थय } वि [प्रत्यवस्तृत] आच्छादित।
पच्चुत्थुय }

पच्चुद्धरिअ वि [दे] सम्मुखागत।

पच्चुद्धार पुं [दे] सम्मुख आगमन।

पच्चुप्पण्ण वि [प्रत्युत्पन्न] वर्त्तमान काल-सम्वन्धी। पुं. वर्त्तमान काल। °नय पु वर्त्तमान वस्तु को ही सत्य माननेवाला पक्ष, निश्चय नय।

पच्चुप्फलिअ वि [प्रत्युत्फलित] वापस आया हुआ।

पच्चुब्भड वि [प्रत्युद्भट] अतिशय प्रवल।

पच्चुरस न [प्रत्युरस] हृदय के सामने।

पच्चुल्लं अ [दे. प्रत्युत] उलटा।

पच्चुवकार देखो पच्चुवयार।

पच्चुवगच्छ सक [प्रत्युप + गम्] सामने जाना।

पच्चुवगार } पु [प्रत्युपकार] उपकार के
पच्चुवयार } वदले उपकार।

पच्चुवेक्ख सक [प्रत्युप + ईक्ष्] निरीक्षण करना। अवलोकन करना।

पच्चुहिअ वि [दे] प्रस्तुत, प्रक्षरित, अच्छी तरह चूने या टपकनेवाला।

पच्चूढ न [दे] भोजन करने का पात्र, बड़ी थाली।

पच्चूस [दे] देखो पच्चूह = (दे)।

पच्चूस } पुं [प्रत्यूष] प्रभात काल।
पच्चूह }

पच्चूह पुन [प्रत्यूह] विघ्न।
पच्चूह पु [दे] सूर्य।
पच्चेअ न [प्रत्येक] हर एक।
पच्चेड न [दे] मुसल।
पच्चेल्लिउ (अप) देखो पच्चल्लिउ।
पच्चोगिल सक [प्रत्यव+गिल्] आस्वादन करना।
पच्चोणामिणी स्त्री [प्रत्यवनामिनी] विद्या-विशेष जिसके प्रभाव से वृक्ष आदि फल देने के लिए स्वयं नीचे नमते हैं।
पच्चोणियत्त वि [प्रत्यवनिवृत्त] ऊँचा उछल कर नीचे गिरा हुआ।
पच्चोणिवय अक [प्रत्यवनि+पत्] उछल कर नीचे गिरना।
पच्चोणी [दे] देखो पच्चोवणी।
पच्चोयड न [दे] तट के समीप का ऊँचा प्रदेश। वि. आच्छादित।
पच्चोयर सक [प्रत्यव+तॄ] नीचे उतरना।
पच्चोरुभ } सक [प्रत्यव+रुह्] नीचे
पच्चोरुह } उतरना।
पच्चोवणिअ वि [दे] सम्मुख आया हुआ।
पच्चोवणी स्त्री [दे] सम्मुख आगमन।
पच्चोसक्क अक [प्रत्यव+ष्वष्क्] नीचे उतरना। पीछे हटना।
पच्छ सक [प्र+अर्थय्] प्रार्थना करना।
पच्छ वि [पथ्य] रोगी का हितकारी आहार। हितकारक।
पच्छ न [पश्चात्] चरम, शेष। पीछे, पृष्ठ भाग। पश्चिम दिशा। °ओ अ [°तस्] पीछे, पीठ की ओर। °कम्म न [°कर्मन्] वाद की क्रिया। यतियों की भिक्षा का एक दोष, दातृ-कर्तृक दान देने के वाद की पात्र को साफ करना आदि क्रिया। °त्ताअ पु [°ताप] अनुताप। °द्ध न [°अर्ध] उत्तरार्ध। °वत्थुक्क न [°वास्तुक] घर का पिछला हिस्सा। °याव पु [°ताप] पश्चात्ताप। देखो पच्छा = पश्चात्।
पच्छइ } (अप) अ [पश्चात्] ऊपर देखो।
पच्छए } °ताव पु [°ताप] अनुताप।
पच्छंद सक [गम्] जाना, गमन करना।
पच्छंभाग पु [पश्चाद्भाग] दिवस का पिछला भाग। पुंन. चन्द्र पृष्ठ देकर जिसका भोग करता है वह नक्षत्र।
पच्छण स्त्रीन [प्रतक्षण] त्वक् का वारीक विदारण, चाकू आदि से पतली छाल निकालना।
पच्छण्ण वि [प्रच्छन्न] गुप्त, अप्रकट। °पइ पु [°पति] जार।
पच्छद देखो पच्छय।
पच्छदण न [प्रच्छदन] आस्तरण, चादर—शय्या के ऊपर का आच्छादन वस्त्र।
पच्छय पुं [प्रच्छद] दुपट्टा, पिछौरी।
पच्छयण देखो पत्थयण।
पच्छलिउ (अप) देखो पच्चलिउ।
पच्छा अ [पश्चात्] अनन्तर। परलोक। पर-जन्म। पिछला भाग, पृष्ठ। चरम, शेष। पश्चिम दिशा। °उत्त वि [°आयुक्त] जिसका आयोजन पीछे से किया गया हो वह। °कड पु [°कृत] साधुपन को छोडकर फिर गृहस्थ वना हुआ। °कम्म देखो °पच्छकम्म। °णुताव पु [°अनुताप] पश्चात्ताप। °णुपुव्वी स्त्री [°आनुपूर्वी] उलटा क्रम। °ताव पु [°ताप] अनुताप। °ताविय वि [°तापिक] पश्चात्तापवाला। °निवाइ वि [निपातिन्] पीछे से गिर जानेवाला। चारित्र ग्रहण कर वाद में उससे च्युत होनेवाला। °भाग पु पिछला भाग। °मुह वि [°मुख] पराङ्मुख, जिसने मुँह पीछे की तरफ फेर लिया हो वह। °यव, °याव देखो °ताव। °यावि वि [°तापिन्] पश्चात्ताप करनेवाला। °वाय पु [°वात] पश्चिम दिशा का पवन। पीछे का पवन। °संखडि स्त्री [दे. संस्कृति]

पिछला संस्कार। मरण के उपलक्ष्य में ज्ञाति—कुटुम्बी वगैरह प्रभूत मनुष्यों के लिए पकायी जाती रसोई। °संथव पुं [°संस्तव] पिछला सम्बन्ध, स्त्री, पुत्री वगैरह का सम्बन्ध। जैन मुनियों के लिए भिक्षा का एक दोष, श्वशुर आदि पक्ष में अच्छी भिक्षा मिलने की लालच से पहले भिक्षार्थ जाना। °संथुय वि [°संस्तुत] पिछले सम्बन्ध से परिचित। °हुत्त वि [°दे] पीछे की तरफ का।

पच्छा स्त्री [पथ्या] हरीतकी।

पच्छाअ सक [प्र+छदय्] ढकना। छिपाना।

पच्छाअ वि [प्रच्छाय] प्रचुर छायावाला।

पच्छाग पु [प्रच्छादक] पात्र बाँधने का कपड़ा।

पच्छाडिद (शौ) वि [प्रक्षालित] धोया हुआ।

पच्छाणिअ [दे] देखो पच्चोवणिअ।

पच्छाणुताविअ वि [पश्चादनुतापिक] पश्चात्ताप-युक्त, पछतावा करनेवाला।

पच्छायण न [पथ्यदन] पाथेय, रास्ते मे खाने का भोजन।

पच्छायण न [प्रच्छादन] आच्छादन, ढकना। वि. आच्छादन करनेवाला। °या स्त्री [°ता] आच्छादन।

पच्छाल देखो पक्खाल।

पच्छि स्त्री [दे] पिटिका, पिटारी, वेत्रादि-रचित भाजन-विशेष। °पिडय न [°पिटक] 'पच्छी' रूप पिटारी।

पच्छि (अप) देखो पच्छइ।

पच्छित्त न [प्रायश्चित] पाप की शुद्धि करनेवाला कर्म। मन को शुद्ध करनेवाला कर्म।

पच्छित्ति वि [प्रायश्चित्तिन्] प्रायश्चित्त का भागी, दोषी।

पच्छिम न [पश्चिम] पश्चिम दिशा। वि. पश्चिम दिशा का, पाश्चात्य। पिछला, बाद का। अन्तिम। °द्ध न [°ार्ध] उत्तरार्ध। °सेल पुं [°शैल] अस्ताचल पर्वत।

पच्छिमा स्त्री [पश्चिमा] पश्चिम दिशा।

पच्छियापिडय देखो पच्छि-पिडय।

पच्छिल (अप) देखो पच्छिम।

पच्छुत्ताव पुं [पश्चादुत्ताप] पछतावा।

पच्छुत्ताविअ (अप)वि [पश्चात्तापित] जिसको पश्चात्ताप हुआ हो वह।

पच्छेकम्म देखो पच्छ-कम्म।

पच्छेणय न [दे] पाथेय, रास्ते में निर्वाह करने की भोजन-सामग्री, कलेवा।

पच्छोववण्णग } वि [पश्चादुपपन्न] पीछे से उत्पन्न।
पच्छोववन्नक }

पजंप सक [प्र+जल्प्] बोलना।

पजंपावण न [प्रजल्पन] बोलाना, कथन कराना।

पजणण वि [प्रजनन] उत्पादक। न. लिंग, पुरुष-चिह्न।

पजल अक [प्र+ज्वल्] अतिशय दग्ध होना। चमकना।

पजह सक [प्र+हा] त्याग करना।

पजाला स्त्री [प्रज्वाला] अग्नि-शिखा।

पजीवण न [प्रजीवन] आजीविका।

पजुत्त देखो पउत्त=प्रयुक्त।

पजूहिअ वि [प्रयूथिक] यूथ या समूह को दिया हुआ, याचक-गण को अर्पित।

पजेमण न [प्रजेमन] भोजन लेना।

पज्ज सक [पायय्] पिलाना, पान कराना।

पज्ज न [पद्य] छन्दो-बद्ध वाक्य।

पज्ज न [पाद्य] पाद-प्रक्षालन जल।

पज्ज देखो पज्जत्त।

पज्जंत पु [पर्यन्त] सीमा, प्रान्त भाग।

पज्जण न [दे] पान, पीना।

पज्जणुओग } पुं [पर्यनुयोग] प्रश्न।
पज्जणुजोग }

पज्जणण देखो पजणण।

पज्जण्ण पुं [पर्जन्य] बादल ।

पज्जत्त वि [पर्याप्त] 'पर्याप्ति' वाला । समर्थ । लब्ध । यथेष्ट, उतना जितने से काम चल जाय । न. तृप्ति । सामर्थ्य । निवारण । योग्यता । जिसके उदय से जीव अपनी अपनी 'पर्याप्तियो' से युक्त होता है वह कर्म । °णाम न [°नामन्] अनन्तर उक्त कर्म-विशेष ।

पज्जतर वि [दे] दलित, विदारित ।

पज्जत्त न [पर्याप्त] लगातार चौतीस दिन का उपवास ।

पज्जत्तर [दे] देखो पज्जतर ।

पज्जत्ति स्त्री [पर्याप्ति] सामर्थ्य । जीव की वह शक्ति जिनके द्वारा पुद्‌गलो को ग्रहण करने तथा उनको आहार, शरीर आदि के रूप में बदल देने का काम होता हैं, जीव की पुद्‌गलो को ग्रहण करने तथा परिणमाने या पचाने की शक्ति । पूर्ण प्राप्ति । तृप्ति । पूर्त्ति, पूर्णता । अन्त, अवसान ।

पज्जन्न पु [पर्जन्य] मेघ-विशेष जिसके एक वार बरसने से भूमि मे एक हजार वर्ष तक चिकनाहट रहती हैं ।

पज्जय पुं [दे. प्रार्यक] प्रपितामह ।

पज्जय पु [पर्यय] उत्पत्ति के प्रथम समय मे सूक्ष्म-निगोद के लब्धिअपर्याप्त जीव को जो कुश्रुत का अंश होता हैं उससे दूसरे समय में ज्ञान का जितना अश बढ़ता है वह श्रुतज्ञान । देखो पज्जाय । °समास पु. श्रुतज्ञान का एक भेद, अनन्तर उक्त पर्यय-श्रुत का समुदाय ।

पज्जयण न [पर्ययन] निश्चय, अवधारण ।

पज्जर सक [कथय्] कहना, बोलना ।

पज्जरय पु [प्रजरक] रत्नप्रभा-नामक नरक-पृथिवी का एक नरकावास । °मज्झ पु [°मध्य] एक नरकावास । °वट्ट पु [°ावर्त्त] नरकावास-विशेष । °ासिट्ठ पुं [°ावशिष्ट] नरक-स्थान-विशेष ।

पज्जल देखो पजल ।

पज्जलण वि [प्रज्ज्वलन] जलानेवाला ।

पज्जलिअ पुं [प्रज्ज्वलित] तीसरी नरक-भूमि का एक नरक-स्थान ।

पज्जलिय वि [प्रज्ज्वलित] जलाया हुआ । देदीप्यमान ।

पज्जलीढ वि [प्रर्यवलीढ] भक्षित ।

पज्जव पुं [पर्यव] परिच्छेद, निर्णय । देखो पज्जाय । °कसिण न [°कृत्स्न] चतुर्दश पूर्व-ग्रन्थ तक का ज्ञान, श्रुतज्ञान-विशेष । °जाय वि [°जात] भिन्न अवस्था को प्राप्त । ज्ञान आदि गुणोंवाला । न. विषयोपभोग का अनुष्ठान । °जाय वि [°यात] ज्ञान-प्राप्त । °ट्ठिय पुं [स्थित, °र्थिक, °ास्तिक] नय-विशेष, द्रव्य को छोड़कर केवल पर्यायो को ही मुख्य माननेवाला पक्ष । °णय, पुं [°नय] वही अनन्तर उक्त अर्थ ।

पज्जवत्थाव सक [पर्यव+स्थापय्] अच्छी अवस्था में रखना । विरोध करना । प्रतिपक्ष के साथ वाद करना ।

पज्जवसाण न [पर्यवसान] अन्त, अवसान ।

पज्जवसिअ न [पर्यवसित] अवसान, अन्त ।

पज्जा देखो पण्णा ।

पज्जा स्त्री [पद्या] रास्ता ।

पज्जा स्त्री [दे] सीढी ।

पज्जा स्त्री [पर्याय] अधिकार, प्रबन्ध-भेद ।

पज्जा देखो पया ।

पज्जाअर पुं [प्रजागर] जागरण, निद्रा का अभाव ।

पज्जाउल वि [पर्याकुल] व्याकुल ।

पज्जाभाय सक [पर्या+भाजय्] भाग करना ।

पज्जाय पु [पर्याय] समान अर्थ का वाचक शब्द । पूर्ण प्राप्ति । पदार्थ-धर्म, वस्तु-गुण । पदार्थ का सूक्ष्म या स्थूल रूपान्तर । क्रम । प्रकार, भेद । अवसर । निर्माण । तात्पर्य, भावार्थ, रहस्य । देखो पज्जय तथा

पज्जव ।

पज्जाल सक [प्र+ज्वालय्] जलाना । सुलगाना ।

पज्जिआ स्त्री [दे. प्रार्यिका] परनानी । परदादी ।

पज्जुच्छुअ वि [पर्युत्सुक] अति उत्सुक ।

पज्जुट्ठ वि [पर्युष्ट] फड़फड़ाया हुआ ।

पज्जुणसर न [दे] ऊख के तुल्य एक प्रकार का तृण ।

पज्जुण्ण पु [प्रद्युम्न] श्रीकृष्ण के एक पुत्र का नाम । कामदेव । वैष्णव शास्त्र में प्रतिपादित चतुर्व्यूह रूप विष्णु का एक अंश । एक जैनमुनि । वि. श्रीमत ।

पज्जुत्त वि [प्रयुक्त] जटित, खचित । देखो पज्झुत्त ।

पज्जुदास पु [पर्युदास] निषेध ।

पज्जुवट्ठा सक [पर्युप+स्था] उपस्थित होना ।

पज्जुवट्ठिय वि [पर्युपस्थित] मौजूद, हाजिर, तत्पर ।

पज्जुवास सक [पर्युप+आस्] सेवा करना । उपासना करना, भक्ति करना ।

पज्जुवासय वि [पर्युपासक] सेवा करनेवाला ।

पज्जुसण, पज्जुसवण, पज्जुस्सवण, पज्जूसण } न. देखो पज्जुसणा ।

पज्जुसणा स्त्री [पर्युषणा] देखो पज्जोसवणा ।

पज्जुस्सुअ, पज्जूसुअ } वि [पर्युत्सुक] अति उत्सुक ।

पज्जोअ पु [प्रद्योत] प्रकाश, उद्द्योत । उज्जयिनी नगरी का एक राजा । °गर वि [°कर] प्रकाश-कर्त्ता ।

पज्जोय सक [प्र+द्योतय्] प्रकाशित करना ।

पज्जोयणपु [प्रद्योतन] एक जैन आचार्य ।

पज्जोसव अक [परि+वस्] वास करना, रहना । जैनागम-प्रोक्त पर्युषणा-पर्व मनाना ।

पज्जोसवण न. देखो पज्जोसवणा ।

पज्जोसवणा स्त्री [पर्युषणा] एक ही स्थान में वर्षा-काल व्यतीत करना । वर्षा-काल । पर्व-विशेष, भाद्रपद के आठ दिनों का एक प्रसिद्ध जैन पर्व । °कप्प पुं [°कल्प] पर्युषणा में करने-योग्य शास्त्र-विहित आचार, वर्षा-कल्प ।

पज्जोसवणा स्त्री [पर्यासवना, पर्युपशमना] ऊपर देखो ।

पज्जोसविय वि [पर्युषित] स्थित, रहा हुआ ।

पज्झझ अक [प्र+झञ्झ्] आवाज करना ।

पज्झट्टिआ स्त्री [पज्झट्टिका] छन्द-विशेष ।

पज्झर अक [क्षर्, प्र+क्षर्] झरना, टपकना ।

पज्झर पुं [प्रक्षर] प्रवाह-विशेष ।

पज्झल देखो पज्झर = क्षर् ।

पज्झलिआ देखो पज्झट्टिआ ।

पज्झाय न [प्रध्यात] अतिशय चिन्तन । वि. चिन्तित, सोचा हुआ ।

पज्झुत्त वि[दे]खचित, जड़ित । देखोपज्जुत्त ।

पझुझ देखो पज्झुझ ।

पटउडी स्त्री [पटकुटी] तम्बू, वस्त्र-गृह ।

पटल देखो पडल = पटल ।

पटह देखो पडह ।

पटिमा (पै. चूपै) देखो पडिमा ।

पटोला स्त्री. कोशातकी, क्षारवल्ली ।

पट्ट सक [पा] पीना, पान करना ।

पट्ट पुं. पहनने का कपडा । रथ्या, मुहल्ला । पाषाण आदि का तख्ता, फलक । ललाट पर से बाँधी जाती एक प्रकार की पगड़ी । पट्टा, किसी प्रकार का अधिकार-पत्र । रेशम । पाट, सन । रेशमी कपडा । सन का कपडा । सिंहासन, गद्दी, पाट । कलाबत्तू । पट्टी, फोड़ा आदि पर बाँधा जाता लम्बा वस्त्रांश, शाक-विशेष । °इल्ल पु[°वत्]पटेल, गाँव का मुखिया । °उडी स्त्री[°कुटी] तम्बू,

वस्त्र-गृह । °करि पुं [°करिन्] प्रधान हस्ती । °कार पुं. तन्तुवाय, जुलाहा । °वासिआ स्त्री [°वासिता] एक शिरो-भूषण । °साला स्त्री [°शाला] उपाश्रय । °सुत्त न [°सूत्र] रेशमी सूता । °हत्थि पुं [°हस्तिन्] प्रधान हाथी ।

पट्टइल पुं [दे] पटेल, गाँव का मुखिया ।

पट्टंसुअ न [पट्टांशुक] रेशमी वस्त्र । सन का वस्त्र ।

पट्टग देखो पट्ट ।

पट्टण न [पत्तन] नगर, शहर ।

पट्टदेवी स्त्री [पट्टदेवी] पटरानी ।

पट्टय देखो पट्ट ।

पट्टसुत्त न [पट्टसूत्र] रेशमी वस्त्र ।

पट्टाढा स्त्री [दे] पट्टा, घोडे की पेटी, कसन ।

पट्टिय वि [पट्टिक] पट्टे पर दिया जाता गाँव वगैरह ।

पट्टिया स्त्री [पट्टिका] छोटा तख्ता, पाटी । देखो पट्टी ।

पट्टिस पुं [दे. पट्टिश] एक प्रकार का हथियार ।

पट्टी स्त्री. धनुर्यष्टि । हाथ पर की पट्टी ।

पट्टुअ पुंन देखो पट्टुया ।

पट्टुया स्त्री [दे] पाद-प्रहार । देखो पड्डुआ ।

पट्टुहिअ न [दे] कलुषित जल ।

पट्ठ वि [प्रष्ठ] अग्रगामी । कुशल, निपुण । प्रधान, मुखिया ।

पट्ठ वि[स्पृष्ट]जिसका स्पर्श किया गया हो वह ।

पट्ठ न [पृष्ठ] पीठ, शरीर के पीछे का भाग । तल, ऊपर का भाग । °चर वि अनुयायी, अनुगामी ।

पट्ठ वि [पृष्ट] जिसको पूछा गया हो वह । न. प्रश्न ।

पट्ठव सक [प्र+स्थापय्] प्रस्थान कराना, भेजना । प्रवृत्ति कराना । प्रारम्भ करना । प्रकर्ष से स्थापना करना । प्रायश्चित्त देना । स्थिर करना । व्यवस्था करना ।

पट्ठवग देखो पट्ठवय ।

पट्ठवय वि [प्रस्थापक] प्रवर्त्तक । प्रारम्भ करनेवाला ।

पट्ठविइया } स्त्री [प्रस्थापिता] प्रायश्चित-
पट्ठविया } विशेष, अनेक प्रायश्चित्तों मे जिसका पहले प्रारम्भ किया जाय वह ।

पट्ठाअ देखो पट्ठाव ।

पट्ठाण न [प्रस्थान] प्रयाण ।

पट्ठाव देखो पट्ठव ।

पट्ठि स्त्री. देखो पट्ठ = पृष्ठ। °मंस न [°मांस] पीठ का मास ।

पट्ठिअ वि [प्रस्थित] जिसने प्रस्थान किया हो वह, प्रयात ।

पट्ठिअ वि [दे] विभूषित ।

पट्ठिउकाम वि [प्रस्थातुकाम] प्रयाण का इच्छुक ।

पट्ठिसंग न [दे] ककुद, डिल्ला ।

पट्ठी देखो पट्ठि ।

पट्ठीवंस पुं [पृष्ठवंश] घर के मूल दो खम्भों पर तिरछा रखा जाता वडा खम्भा ।

पठ देखो पढ ।

पठग देखो पाढग ।

पड अक [पत्] पडना, गिरना ।

पड पुं [पट] वस्त्र । °कार देखो °गार । °कुडी स्त्री [°कुटी]तम्बू । °गार पुं [°कार] तन्तुवाय । °वुद्धि वि. प्रभूत सूत्रार्थों को ग्रहण करने में समर्थ बुद्धिवाला । °मंडव पुं [°मण्डप] तम्बू, वस्त्र-मण्डप । °मा वि [°वत्] पटवाला, वस्त्रवाला । °वास पुं. वस्त्र में डाला जाता कुकुम-चूर्ण आदि सुगन्धित पदार्थ । °साडय पु [°शाटक] कपड़ा । धोती, पहनने का लम्वा वस्त्र । धोती और दुपट्टा ।

पडंचा स्त्री [दे. प्रत्यञ्चा] धनुष की डोरी ।

पडंसुअ देखो पडिसुद ।

पडंसुआ स्त्री [प्रतिश्रुत्] प्रतिध्वनि । प्रतिज्ञा ।

पडसुआ स्त्री [दे] धनुष की डोरी ।

पडंसुत्त देखो पडिसुद ।
पडच्चर पुं [दे] साला जैसा विदूषक आदि ।
पडच्चर पु [पटच्चर] चोर ।
पडज्झमाण देखो पडह = प्र+दह् का कवकृ. ।
पडण न [पतन] पात, गिरना ।
पडणीअ वि [प्रत्यनीक] प्रतिपक्षी ।
पडपुत्तिया स्त्री [पटपुत्रिका] छोटा वस्त्र, रुमाल ।
पडम देखो पढम ।
पडल न [पटल] समूह । जैन साधुओं का एक उपकरण, भिक्षा के समय पात्र पर ढका जाता वस्त्र-खण्ड ।
पडल न [दे] नीव्र, नरिया, मिट्टी का बना हुआ एक प्रकार का खपडा जिससे मकान छाए जाते हैं ।
पडलग }
पडलय } स्त्रीन [दे. पटलक] गठरी ।
पडवा स्त्री [दे] पट-कुटी, पट-मण्डप, तम्बू ।
पडह सक [प्र + दह्] जलाना ।
पडह पुं [पटह] नगाडा, ढोल ।
पडहत्थ वि [दे] पूर्ण भरा हुआ ।
पडहिय पुं [पाटहिक] ढोली ।
पडहिया स्त्री [पटहिका] छोटा ढोल ।
पडाअ देखो पलाय = परा + अय् ।
पडाइअ वि [पलायित] भागा हुआ ।
पडाइया स्त्री [पताकिका] छोटी पताका, अन्तर-पताका ।
पडाग पुं [पटाक, पताक] ध्वजा ।
पडागा }
पडाया } स्त्री [पताका] ध्वज । °इपडाग पुं [°ातिपताक] मत्स्य की एक जाति । पताका के ऊपर की पताका । °हरण न. विजय-प्राप्ति ।
पडागार न. नौका मे लगनेवाला वस्त्र ।
पडायाण देखो पल्लाण ।
पडायाणिय वि [पर्याणित] जिस पर पर्याण बाँधा गया हो वह ।
पडाली स्त्री [दे] पंक्ति, श्रेणी । घर के ऊपर की चटाई आदि की कच्ची छत ।
पडास देखो पलास ।
पडि वि [पटिन्] वस्त्रवाला ।
पडि अ [प्रति] इन अर्थों का सूचक अव्यय— प्रकर्ष । सम्पूर्णता । विरोध । विशेष, विशिष्टता । वीप्सा, व्याप्ति । वापस, पीछे । सम्मुखता । प्रतिदान, बदला । फिर से । प्रतिनिधिपन । निषेध । प्रतिकूलता, विपरीतता । स्वभाव । सामीप्य । आधिक्य, अतिशय । सादृश्य । लघुता, छोटाई । श्लाघा । साम्प्रतिकता, वर्तमानता । निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है ।
पडि देखो परि ।
पडिअ वि [दे] विघटित, वियुक्त ।
पडिअ वि [पतित] गिरा हुआ । जिसने चलने को प्रारम्भ किया हो वह ।
पडिअंकिअ वि [प्रत्यङ्कित] विभूषित । उपलिप्त ।
पडिअंतअ पुं [दे] नौकर ।
पडिअग्ग सक [अनु + व्रज्] अनुसरण करना, पीछे जाना ।
पडिअग्ग सक [प्रति + जागृ] सम्हालना । भक्ति करना । शुश्रूषा करना ।
पडिअग्गिअ वि [दे] परिभुक्त । जिसको वधाई दी गयी हो वह । पालित, रक्षित ।
पडिअज्झअ पु [दे] उपाध्याय, विद्या-दाता गुरु ।
पडिअट्टलिअ वि [दे] घिसा हुआ ।
पडिअत्त देखो परि + वत्त = परि + वृत् ।
पडिअत्तण न [परिवर्त्तन] फेरफार, हेरफेर ।
पडिअमित्त पु [प्रत्यमित्र] मित्र-शत्रु, मित्र होकर पीछे से जो शत्रु हुआ हो वह ।
पडिअम्मिय वि [प्रतिकर्मित] विभूषित ।
पडिअर सक [प्रति + चर्] बीमार की सेवा करना । आदर करना । निरीक्षण करना ।

परिहार करना ।

पडिअर सक [प्रति + कृ] बदला चुकाना । इलाज करना । स्वीकार करना ।

पडिअर पुं [दे] चुल्हे का मूल भाग ।

पडिअर पुं [परिकर] परिवार ।

पडिअरग वि [प्रतिचारक] सेवा -शुश्रूषा करनेवाला ।

पडिअरणा स्त्री[प्रतिचरणा] बीमार की सेवा-शुश्रूषा । भक्ति, आदर, सत्कार । आलोचना, निरीक्षण । प्रतिक्रमण, पाप-कर्म से निवृत्ति । सत्-कार्य मे प्रवृत्ति ।

पडिअलि वि [दे] त्वरित, वेग-युक्त ।

पडिआइय सक [प्रत्या + पा] फिर से पान करना ।

पडिआइय सक [प्रत्या + दा] फिर से ग्रहण करना ।

पडिआगय वि [प्रत्यागत] वापस आया हुआ, लौटा हुआ । न. प्रत्यागमन, वापस आना ।

पडिआयण न [प्रत्यापन] फिर से पान ।

पडिआयण न [प्रत्यादान] फिर से ग्रहण ।

पडिआर पुं [प्रतिकार] चिकित्सा । बदला, शोध पूर्वाचरित कर्म का अनुभव ।

पडिआर पुं [प्रत्याकार] तलवार की म्यान ।

पडिआर पुं [प्रतिचार] सेवा-शुश्रूषा ।

पडिआरय वि [प्रतिचारक] सेवा-शुश्रूषा करनेवाला ।

पडिइ सक [प्रति + इ] पीछे लौटना, वापस आना ।

पडिइ स्त्री [पतिति] पतन, पात ।

पडिइंद पु [प्रतीन्द्र] देव-राज इन्द्र । इन्द्र के तुल्य वैभववाला देव । वानर-वंश के एक राजा का नाम ।

पडिइंधण न [प्रतीन्धन] इन्धनास्त्र का प्रतिपक्षी अस्त्र ।

पडिइक्क देखो पडिक्क ।

पडिउंचण न [दे] अपकार का बदला ।

पडिउंबण न [परिचुम्बन] संगम, संयोग ।

पडिउच्चार सक [प्रत्युत् + चारय्] उच्चारण करना, बोलना ।

पडिउज्जम अक [प्रत्युद् + यम्] सम्पूर्ण प्रयत्न करना ।

पडिउट्ठिअ वि [प्रत्युत्थित] जो फिर से खड़ा हुआ हो वह ।

पडिउण्ण देखो परिपुण्ण ।

पडिउत्तर न [प्रत्युत्तर] जवाब ।

पडिउत्तरण न [प्रत्युत्तरण] पार उतरना ।

पडिउत्ति स्त्री [दे] खबर, समाचार ।

पडिउत्थ वि [पर्युषित] सम्पूर्ण रूप से अवस्थित ।

पडिउद्ध वि [प्रतिबुद्ध] जागृत । प्रकाश-युक्त ।

पडिउवयार पुं [प्रत्युपकार] उपकार का बदला, प्रतिफल ।

पडिउस्सस अक [प्रत्युत् + श्वस्] पुनर्जीवित होना ।

पडिऊल देखो पडिकूल ।

पडिएत्तए देखो पडिइ का हेकृ. ।

पडिएल्लिअ वि [दे] कृतार्थ ।

पडिओसह न [प्रत्यौषध] एक औषध का प्रतिपक्षी औषध ।

पडिंसुआ देखो पडंसुआ = प्रतिश्रुत् ।

पडिंसुद वि [प्रतिश्रुत] स्वीकृत ।

पडिकंटय वि [प्रतिकण्टक] प्रतिस्पर्धी ।

पडिकंत देखो पडिक्कंत ।

पडिकत्तु वि [प्रतिकर्तृ] इलाज करनेवाला ।

पडिकप्प सक [प्रति + क्लृप्] सजावट करना ।

पडिकम देखो पडिक्कम ।

पडिकमय न. देखो पडिक्कमय ।

पडिक्कम न [प्रतिकर्मन्, परिकर्मन्] देखो परिकम्म ।

पडिकय वि [प्रतिकृत] जिसका बदला चुकाया गया हो वह । न. प्रतीकार, बदला ।

पडिकाउं } पडिअर = प्रति + कृ के
पडिकाऊण } कृदन्त ।

पडिकामणा देखो पडिक्कामणा ।

पडिकाय पुं [प्रतिकाय] प्रतिबिम्ब, प्रतिमा ।

पडिकिदि स्त्री [प्रतिकृति] इलाज । बदला । प्रतिबिम्ब, मूर्ति ।

पडिकिय न [प्रतिकृत] ऊपर देखो ।

पडिकिरिया स्त्री [प्रतिक्रिया] प्रतीकार, बदला ।

पडिकुट्ठ } वि [प्रतिक्रुष्ट] निषिद्ध ।
पडिकुट्ठिल्लग } प्रतिकूल ।

पडिकुट्ठेल्लग देखो पडिकुट्ठिल्लग ।

पडिकूड देखो पडिकूल = प्रतिकूल ।

पडिकूल सक [प्रतिकूलय्] प्रतिकूल आचरण करना ।

पडिकूल वि [प्रतिकूल] विपरीत । अनभिमत । विपक्ष ।

पडिकूवग पुं [प्रतिकूपक] कूप के समीप का छोटा कूप ।

पडिकेसव पुं [प्रतिकेशव] वासुदेव का प्रतिपक्षी राजा, प्रतिवासुदेव ।

पडिकोस सक [प्रति + क्रुश्] आक्रोश करना, कोसना, शाप या गाली देना ।

पडिकोह पुं [प्रतिक्रोध] गुस्सा ।

पडिक्क न [प्रत्येक] हर एक ।

पडिक्कंत वि [प्रतिक्रान्त] पीछे हटा हुआ । निवृत्त ।

पडिक्कम अक [प्रति + क्रम्] निवृत्त होना, पीछे हटना ।

पडिक्कम पु [प्रतिक्रम] देखो पडिक्कमण ।

पडिक्कमण न [प्रतिक्रमण] निवृत्ति, व्यावर्त्तन । प्रमाद-वश शुभ योग से गिर कर अशुभ योग को प्राप्त करने के बाद फिर से शुभ योग को प्राप्त करना । अशुभ व्यापार से निवृत्त होकर उत्तरोत्तर शुद्ध योग मे वर्तन । मिथ्या-दुष्कृत-प्रदान किए हुए पाप का पश्चात्ताप । जैन साधु और गृहस्थों का सुबह और शाम को करने का एक आवश्यक अनुष्ठान ।

पडिक्कमय वि [प्रतिक्रामक] प्रतिक्रमण करनेवाला ।

पडिक्कमिउं देखो पडिक्कम । °काम वि. प्रतिक्रमण करने की इच्छावाला ।

पडिक्कय पुं [दे] प्रतिक्रिया, प्रतीकार ।

पडिक्कामणा स्त्री [प्रतिक्रमणा] देखो पडिक्कमण ।

पडिक्कूल देखो पडिकूल ।

पडिक्ख सक [प्रति + ईक्ष्] प्रतीक्षा करना । अक. स्थिति करना ।

पडिक्खअ वि [प्रतीक्षक] बाट जोहनेवाला ।

पडिक्खंभ पुं [प्रतिस्तम्भ] आगल ।

पडिक्खण न [प्रतीक्षण] प्रतीक्षा ।

पडिक्खर वि [दे] क्रूर । प्रतिकूल ।

पडिक्खल अक [प्रति + स्खल्] हटना । गिरना । रुकना । सक. रोकना ।

पडिक्खलण न [प्रतिस्खलन] पतन । अवरोध ।

पडिक्खलिअ वि [प्रतिस्खलित] परावृत्त, पीछे हटा हुआ । रुका हुआ । देखो पडिखलिअ ।

पडिक्खाविअ वि [प्रतीक्षित] स्थापित ।

पडिक्खित्त वि [परिक्षिप्त] विस्तारित ।

पडिखंध न [दे] जल-वहन, जल भरने का दृति आदि पात्र ।

पडिखंधी स्त्री [दे] ऊपर देखो ।

पडिखद्ध वि [दे] हत, मारा हुआ ।

पडिखल देखो पडिक्खल ।

पडिखिज्ज अक [परि + खिद्] खिन्न होना, क्लान्त होना ।

पडिगमण न [प्रतिगमन] व्यावर्तन, पीछे लौटना ।

पडिगय पुं [प्रतिगज] प्रतिपक्षी हाथी।
पडिगय पुं [प्रतिगत] पीछे लौटा हुआ।
पडिगह देखो पडिग्गह।
पडिगाह सक [प्रति + ग्रह्] ग्रहण करना, स्वीकार करना।
पडिगाहग वि [प्रतिग्राहक] ग्रहण करनेवाला।
पडिग्गह पु [पतद्ग्रह, प्रतिग्रह] पात्र, भाजन। वह प्रकृति जिसमे दूसरी प्रकृति का कर्म-दल परिणत होता है। °धारि वि [°धारिन्] पात्र रखनेवाला।
पडिग्गहिअ वि [प्रतिग्रहिन्, पतद्ग्रहिन्] पात्रवाला।
पडिग्गहिद (शौ) वि [प्रतिगृहित, परिगृहीत] स्वीकृत।
पडिग्गाह देखो पडिगाह।
पडिग्गाह सक [प्रति + ग्राहय्] ग्रहण कराना।
पडिग्गाहय वि [प्रतिग्राहक] वापस लेनेवाला।
पडिग्घाय पुं [प्रतिघात] निरोध, अटकाव। विनाश।
पडिघाय पुं [प्रतिघात] नाश, विनाश। निराकरण, निरसन।
पडिघायग वि [प्रतिघातक] प्रतिघात करनेवाला।
पडिघोलिर वि [प्रतिघूर्णितृ] डोलनेवाला, हिलनेवाला।
पडिचंत पुं [प्रतिचन्द्र] द्वितीय चन्द्र जो उत्पात आदि का सूचक है।
पडिचक्क न [प्रतिचक्र] अनुरूप चक्र-समुदाय। देखो पडियक्क = प्रतिचक्र।
पडिचर देखो पडिअर = प्रति = चर्।
पडिचर सक [प्रति + चर्] परिभ्रमण करना।
पडिचरग पु [प्रतिचरक] जासूस।
पडिचरणा देखो पडिअरणा।
पडिचार पुं [प्रतिचार] कला-विशेष। ग्रह आदि की गति का परिज्ञान। रोगी की सेवा-शुश्रूषा का ज्ञान।
पडिचारय पुंस्त्री [प्रतिचारक] नौकर।
पडिचोइय वि [प्रतिचोदित] प्रेरित। प्रतिभणित, जिसको उत्तर दिया गया हो वह।
पडिचोएत्तु वि [प्रतिचोदयितृ] प्रेरक।
प्रतिचोय सक [प्रति + चोदय्] प्रेरणा करना।
पडिचोयणा स्त्री [प्रतिचोदना] प्रेरणा। निर्भर्त्सना, निष्ठुरता से प्रेरणा।
पडिच्चारग देखो पडिचारय।
पडिच्छ देखो पडिक्ख।
पडिच्छ सक [प्रति + इष्] ग्रहण करना।
पडिच्छंद पुन [प्रतिच्छन्द] मूर्त्ति, प्रतिविम्ब। तुल्य, समान। °किय वि [°कृत] समान किया हुआ।
पडिच्छंद पु [दे] मुख।
पडिच्छग वि [प्रत्येषक] ग्रहण करनेवाला।
पडिच्छण न [प्रतीक्षण] प्रतीक्षा, बाट।
पडिच्छण न [प्रत्येषण] आदान। उत्सारण, विनिवारण।
पडिच्छण्ण वि [प्रतिच्छन्न] आच्छादित, ढका हुआ।
पडिच्छय पुं [दे] समय, काल।
पडिच्छय देखो पडिच्छग।
पडिच्छयण न [प्रतिच्छदन] देखो पडिच्छायण।
पडिच्छा स्त्री [प्रतीच्छा] ग्रहण, अंगीकार।
पडिच्छायण न [प्रतिच्छादन] आच्छादन-वस्त्र। आच्छादन, आवरण।
पडिच्छाया स्त्री [प्रतिच्छाया] परछाई।
पडिच्छिअ वि [प्रतीष्ट, प्रतीप्सित] गृहीत, स्वीकृत। विशेष रूप से वाञ्छित।
पडिच्छिआ स्त्री [दे] प्रतिहारी। चिरकाल से

ब्यायी हुई भैंस।

पडिच्छिर वि [प्रतीक्षितृ] बाट देखनेवाला।

पडिच्छिय वि [प्रातीच्छिक] अपने दीक्षा-गुरु की आज्ञा लेकर दूसरे गच्छ के आचार्य के पास उनकी अनुमति से शास्त्र पढनेवाला मुनि।

पडिच्छिर वि [दे] सदृश।

पडिछंद देखो पडिच्छंद।

पडिछा स्त्री [प्रतीक्षा] प्रतीक्षण, बाट।

पडिछाया देखो पडिच्छाया।

पडिजंप सक [प्रति + जल्प्] उत्तर देना।

पडिजग्ग देखो पडिजागर = प्रति + जागृ।

पडिजग्गय वि [प्रतिजागरक] सेवा-शुश्रूषा करनेवाला।

पडिजग्गिय वि [प्रतिजागृत] जिसकी सेवा-शुश्रूषा की गई हो वह।

पडिजागर सक [प्रति + जागृ] सेवा-शुश्रूषा करना, निर्वाह करना, निभाना। गवेषणा करना। चिकित्सा करना।

पडिजागर पु [प्रतिजागर] सेवा-शुश्रूषा। चिकित्सा।

पडिजायणा स्त्री [प्रतियातना] प्रतिबिम्ब, प्रतिमा।

पडिजुवइ स्त्री [प्रतियुवति] स्व-समान अन्य युवति।

पडिजोग पुं [प्रतियोग] कार्मण आदि योग का प्रतिघातक योग, चूर्ण-विशेष।

पडिट्ठ वि [पटिष्ठ] अत्यन्त निपुण।

पडिट्ठविअ वि [परिस्थापित] संस्थापित।

पडिट्ठविअ वि [प्रतिष्ठापित] जिसकी प्रतिष्ठा की गई हो वह।

पडिट्ठा देखो पइट्ठा।

पडिट्ठाव सक [प्रति + स्थापय्] प्रतिष्ठित करना।

पडिट्ठावअ देखो पइट्ठावय।

पडिट्ठाविद (शौ) देखो पइट्ठाविय।

पडिट्ठिअ देखो पइट्ठिय।

पडिठाण न [प्रतिस्थान] हर जगह।

पडिण देखो पडीण।

पडिणव वि [प्रतिनव] नया, नूतन।

पडिणिअंसण न [दे] रात में पहनने का वस्त्र।

पडिणिअत्त अक [प्रतिनि+वृत्] पीछे लौटना।

पडिणिअत्त, पडिणिउत्त } वि [प्रतिनिवृत्त] पीछे लौटा हुआ।

पडिणिकास वि [प्रतिनिकाश] तुल्य।

पडिणिक्खम अक [प्रतिनिर् + क्रम्] बाहर निकलना।

पडिणिग्गच्छ अक [प्रतिनिर् + गम्] बाहर निकलना।

पडिणिज्जाय सक [प्रतिनिर् + यापय्] अर्पण करना।

पडिणिभ वि [प्रतिनिभ] सदृश, बराबर। वादी की प्रतिज्ञा का खण्डन करने के लिये प्रतिवादी की तरफ से प्रयुक्त समान हेतु—युक्ति।

पडिणिवत्त देखो पडिणिअत्त = प्रतिनि + वृत्।

पडिणिवत्त देखो पडिणिअत्त = प्रतिनिवृत्त।

पडिणिविट्ठ वि [प्रतिनिविष्ट] द्विष्ट, द्वेष-युक्त।

पडिणिवुत्त देखो पडिणिअत्त = प्रतिनि + वृत्।

पडिणिवुत्त देखो पडिणिअत्त = प्रतिनिवृत्त।

पडिणिव्वत्त देखो पडिणिअत्त = प्रतिनि + वृत्।

पडिणिसत वि [प्रतिनिश्रान्त] विश्रान्त। निलीन।

पडिणीय न [प्रत्यनीक] प्रतिपक्ष की सेना। वि. प्रतिकूल, विपक्षी, विपरीत आचरण करनेवाला।

पडिण्णत्त वि [प्रतिज्ञप्त] उक्त, कथित।

पडिण्णा देखो पइण्णा।

पडिण्णाद देखो पइण्णाद।

पडितंतवि[प्रतितन्त्र]स्व-शास्त्र मे प्रसिद्ध अर्थ ।
पडितणु स्त्री [प्रतितनु] प्रतिमा, प्रतिबिम्ब ।
पडितप्प सक [प्रतितर्पय्] भोजनादि से तृप्त करना ।
पडितप्प अक [प्रति + तप्] चिन्ता करना । खबर रखना ।
पडितुट्ठ देखो परितुट्ठ ।
पडितुल्ल वि [प्रतितुल्य] समान ।
पडित्त देखो पलित्त = प्रदीप्त ।
पडित्ताण देखो परित्ताण ।
पडित्थिर वि [दे] सदृश ।
पडित्थिर वि [परिस्थिर] स्थिर ।
पडिथद्ध वि [प्रतिस्तब्ध] गर्वित ।
पडिदंड पु [प्रतिदण्ड] मुख्य दण्ड के समान दूसरा दण्ड ।
पडिदंस सक [प्रति + दर्शय्] दिखलाना ।
पडिदा सक [प्रति + दा] पीछे देना, दान का बदला देना ।
पडिदासिया स्त्री [प्रतिदासिका] दासी ।
पडिदिसा } स्त्री [प्रतिदिश्] विदिशा,
पडिदिसि } विदिक् ।
पडिदुगछि वि [प्रतिजुगुप्सिन्] निन्दा करनेवाला । परिहार करनेवाला ।
पडिदुवार न [प्रतिद्वार] हर एक द्वार । छोटा द्वार ।
पडिधि देखो परिहि ।
पडिनमुक्कार पुं [प्रतिनमस्कार] नमस्कार के बदले मे नमस्कार—प्रणाम ।
पडिनिक्खंत वि [प्रतिनिष्क्रान्त] बाहर निकला हुआ ।
पडिनियत्ति स्त्री [प्रतिनिवृत्ति] वापस लौटना, प्रत्यावर्त्तन ।
पडिनिवेस पु [प्रतिनिवेश] आग्रह, कदाग्रह । गाढ़ अनुशय, पश्चात्ताप ।
पडिनिसिद्ध वि [प्रतिनिषिद्ध] निवारित, हटाया हुआ ।
पडिन्नव सक [प्रति + ज्ञपय्] कहना ।
पडिन्नव सक [प्रति + ज्ञापय्] प्रतिज्ञा कराना । नियम दिलाना ।
पडिपंथपुं[प्रतिपथ]विपरीत मार्ग । प्रतिकूलता ।
पडिपंथि वि [प्रतिपन्थिन्]प्रतिकूल, विरोधी ।
पडिपक्ख देखो पडिवक्ख ।
पडिपडिय वि[प्रतिपतित]फिर से गिरा हुआ ।
पडिपत्ति } देखो पडिवत्ति ।
पडिपद्दि }
पडिपह पु [प्रतिपथ] उन्मार्ग, विपरीत रास्ता । न. अभिमुख, सम्मुख ।
पडिपाअ सक [प्रति + पादय्] प्रतिपादन करना, कथन करना ।
पडिपाय पु [प्रतिपाद] मुख्य पाद को सहायता पहुँचानेवाला पाद ।
पडिपाहुड न [प्रतिप्राभृत] बदले की भेंट ।
पडिपिडिअ वि [दे] बढ़ा हुआ ।
पडिपिल्ल सक [प्रति + क्षिप,प्रतिप्र + ईरय्] प्रेरणा करना ।
पडिपिल्लण न [प्रतिप्रेरण] प्रेरणा । ढक्कन, पिधान । वि. प्रेरणा करनेवाला ।
पडिपिहा देखो पडिपेहा ।
पडिपीलण न [प्रतिपीडन] विशेष पीडन, अधिक दबाव ।
पडिपुच्छ सक [प्रति + प्रच्छ्] पृच्छा करना । फिर से पूछना । प्रश्न का जवाब देना ।
पडिपुच्छण न [प्रतिप्रच्छन] नीचे देखो ।
पडिपुच्छिअ वि [प्रतिपृष्ट] जिससे प्रश्न किया गया हो वह ।
पडिपुज्जिय वि [प्रतिपूजित] पूजित, अर्चित ।
पडिपुत्त पु. [प्रतिपुत्र] पोता । देखो पडिपोत्तय ।
पडिपुन्न वि [प्रतिपूर्ण] परिपूर्ण, सम्पूर्ण ।
पडिपूइय देखो पडिपुज्जिय ।
पडिपूयग } वि [प्रतिपूजक] पूजा करने-
पडिपूयय } वाला ।
पडिपूयय वि [प्रतिपूजक] प्रत्युपकार-कर्ता ।

पडिपूरिय वि [प्रतिपूरित] पूर्ण किया हुआ।
पडिपेल्लण देखो पडिपिल्लण।
पडिपेल्लण न [परिप्रेरण] देखो पडिपिल्लण।
पडिपेल्लिय वि [प्रतिप्रेरित] जिसको प्रेरणा की गई हो वह।
पडिपेहा सक [प्रतिपि+धा] ढकना, आच्छादन करना।
पडिपोत्तय पु [प्रतिपुत्रक] नप्ता, नाती। देखो पडिपुत्तय।
पडिप्पह देखो पडिपह।
पडिप्फद्धि वि [प्रतिस्पर्धिन्] स्पर्धा करनेवाला।
पडिप्फलणा स्त्री [प्रतिफलना] स्खलना। सक्रमण।
पडिप्फलिअ, पडिफलिअ वि [प्रतिफलित] प्रतिबिम्बित, संक्रान्त।
पडिबंध सक [प्रति+बन्ध्] रोकना, अटकाना। वेष्टन करना। सेकना।
पडिबंध पुं [प्रतिबन्ध] व्याप्ति, नियम। रुकावट। विघ्न, अन्तराय। बहुमान। स्नेह, प्रीति। आसक्ति। वेष्टन।
पडिबधअ, पडिबंधग वि [प्रतिबन्धक] रोकनेवाला।
पडिबद्ध वि [प्रतिबद्ध] संरुद्ध। उपजनित, उत्पादित। संसक्त, संबद्ध, संलग्न, आसक्त। सामने बँधा हुआ। व्यवस्थित। वेष्टित। समीप में स्थित। नियत, व्याप्त।
पडिबाह सक [प्रति+बाध्] रोकना।
पडिबाहिर न [प्रतिबाह्य] अनधिकारी, अयोग्य।
पडिबिंब न [प्रतिबिम्ब] परछाँही। प्रतिमा, प्रतिमूर्ति।
पडिबुज्झ अक [प्रति+बुध्] बोध पाना। जागृत होना।
पडिबुद्ध वि [प्रतिबुद्ध] बोध-प्राप्त। जागृत। न. प्रतिबोध। पु एक राजा का नाम।
पडिबूहणया स्त्री [प्रतिबृंहणा] उपचय, पुष्टि।
पडिबोध देखो पडिबोह = प्रतिबोध।
पडिबोह सक [प्रति+बोधय्] जगाना। बोध देना, समझाना, ज्ञान प्राप्त कराना।
पडिबोहग वि [प्रतिबोधक] बोध देनेवाला। जगानेवाला।
पडिभंग पुं [प्रतिभंग] भंग, विनाश।
पडिभंज अक [प्रति+भञ्ज्] भाँगना, टूटना।
पडिभंड न [प्रतिभाण्ड] एक वस्तु को बेचकर उसके बदले खरीदी जाती चीज।
पडिभस सक [प्रति+भ्रंशय्] भ्रष्ट करना। च्युत करना।
पडिभग्ग वि [प्रतिभग्न] पलायित।
पडिभड पुं [प्रतिभट] प्रतिपक्षी योद्धा।
पडिभण सक [प्रति+भण्] उत्तर देना।
पडिभणिय वि [प्रतिभणित] निराकृत। न. प्रत्युत्तर, निराकरण।
पडिभम सक [प्रति, परि+भ्रम्] घूमना, पर्यटन करना।
पडिभय न [प्रतिभय] भय, डर।
पडिभा अक [प्रतिभा] मालूम होना।
पडिभाग पुं [प्रतिभाग] अंश, भाग। प्रतिबिम्ब।
पडिभास अक [प्रति+भास्] मालूम होना।
पडिभास सक [प्रति+भाष्] उत्तर देना। बोलना, कहना।
पडिभिण्ण वि [प्रतिभिन्न] सम्बद्ध, सलग्न।
पडिभिन्न वि [प्रतिभिन्न] भेद-प्राप्त।
पडिभुअग पुं [प्रतिभुजङ्ग] प्रतिपक्षी भुजग—वेश्या लम्पट।
पडिभू पु [प्रतिभू] जामिनदार।
पडिभेअ पु [दे. प्रतिभेद] उपालम्भ, निन्दा।
पडिभोइ वि [प्रतिभोगिन्] परिभोग करनेवाला।
पडिम वि [प्रतिम] समान, तुल्य।

पडिम° देखो पडिमा । °ट्ठाइ वि [°स्थायिन्] कायोत्सर्ग मे रहनेवाला । नियम-विशेष मे स्थित ।
पडिमंत सक [प्रति + मन्त्रय्] उत्तर देना ।
पडिमल्ल पुं [प्रतिमल्ल] प्रतिपक्षी मल्ल ।
पडिमा स्त्री [प्रतिमा] मूर्ति, प्रतिबिम्ब । कायोत्सर्ग । जैन-शास्त्रोक्त नियम-विशेष । °गिह न [°गृह] मन्दिर । देखो पडिम° ।
पडिमाण न [प्रतिमान] जिससे सुवर्ण आदि का तौल किया जाता है वह रत्ती, मासा आदि परिमाण ।
पडिमाण न [प्रतिमान] प्रतिमा, प्रतिबिम्ब ।
पडिमि, पडिमिण } सक [प्रति + मा] तौल करना, माप करना । गिनती करना ।
पडिमुंच सक [प्रति + मुच्] छोडना ।
पडिमुंडणा स्त्री [प्रतिमुण्डना] निषेध, निवारण ।
पडिमुक्क वि [प्रतिमुक्त] छोडा हुआ ।
पडिमोअणा स्त्री [प्रतिमोचना] छुटकारा ।
पडिमोक्खण न [प्रतिमोचन] छुटकारा ।
पडिमोयग वि [प्रतिमोचक] छुटकारा करनेवाला ।
पडिमोयण देखो पडिमोक्खण ।
पडियक्क देखो पडिक्क ।
पडियक्क न [प्रतिचक्र] युद्धकला-विशेष ।
पडियग्गण न [प्रतिजागरण] सम्हाल, खबर ।
पडियच्च देखो पत्तिअ = प्रति + इ ।
पडियरण न [प्रतिकरण] प्रतीकार, इलाज ।
पडियरिअ वि [प्रतिचरित] सेवित, सेवा किया हुआ ।
पडिया स्त्री [प्रतिज्ञा] उद्देश्य । अभिप्राय ।
पडिया स्त्री [पटिका] वस्त्र-विशेष ।
पडियाइक्ख सक [प्रत्या + ख्या] त्याग करना ।
पडियाणंद पु [प्रत्यानन्द] बहुत आनन्द ।
पडियाणय न [दे. पर्याणक] पर्याण के नीचे दिया जाता चर्म आदि का एक उपकरण ।
पडियाणय न [दे. पटतानक, पर्याणक] पर्याण के नीचे रखा जाता वस्त्र आदि का एक घुडसवारी का उपकरण ।
पडियारणा स्त्री [प्रतिवारणा] निषेध ।
पडियासूर अक [दे] चिडना, गुस्सा होना ।
पडिरअ देखो पडिरव ।
पडिरंजिअ वि [दे] भग्न, टूटा हुआ ।
पडिरक्खिय वि [प्रतिरक्षित] जिसकी रक्षा की गयी हो वह ।
पडिरव पुं [प्रतिरव] प्रतिध्वनि, प्रतिशब्द ।
पडिराय पुं [प्रतिराग] रक्तपन ।
पडिरिग्गअ [दे] देखो पडिरंजिअ ।
पडिरु अक [प्रति + रु] प्रतिध्वनि करना ।
पडिरुंध, पडिरुंभ } सक [प्रति + रुध्] रोकना । व्याप्त करना ।
पडिरुद्ध वि [प्रतिरुद्ध] अटकाया हुआ ।
पडिरूअ, पडिरूव } वि [प्रतिरूप] मनोहर । प्रशस्त रूपवाला, श्रेष्ठ आकृतिवाला । नूतन रूपवाला । योग्य । सदृश, समान । समान रूपवाला । न. प्रतिबिम्ब, प्रतिमूर्ति । समान आकृति । पुं. भूत-निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र । विनय का एक भेद ।
पडिरूवसि वि [प्रतिरूपिन्] रमणीय ।
पडिरूवग पुन [प्रतिरूपक] प्रतिबिम्ब, प्रतिमा ।
पडिरूवणया स्त्री [प्रतिरूपणता] सादृश्य । समान वेष-धारण ।
पडिरूवा स्त्री [प्रतिरूपा] एक कुलकर पुरुष की पत्नी का नाम ।
पडिरोव पु [प्रतिरोप] पुनरारोपण ।
पडिरोह पुं [प्रतिरोध] रुकावट, रोकना ।
पडिलंभ सक [प्रति + लभ्] प्राप्त करना, लाभ होना ।
पडिलग्ग वि [प्रतिलग्न] लगा हुआ, सम्बद्ध ।
पडिलग्गल न [दे] वल्मीक ।
पडिलभ सक [प्रति + लभ्] प्राप्त करना ।
पडिलाभ, पडिलाह } सक [प्रति + लाभय्, लम्भय्] साधु आदि को दान देना ।
पडिलिहिअ वि [प्रतिलिखित] लिखा हुआ ।

पडिलीण वि [प्रतिलीन] अत्यन्त लीन।
पडिलेह सक [प्रति+लेखय्] निरीक्षण करना, देखना। विचार करना। निरूपण करना। अवलोकन करना।
पडिलेहग देखो पडिलेहय।
पडिलेहणी स्त्री [तिलेखनी] साधु का एक उपकरण।
पडिलेहय वि [प्रतिलेखक] निरीक्षक, देखनेवाला।
पडिलोम वि [प्रतिलोम] प्रतिकूल। विपरीत। न. पश्चादानुपूर्वी, उलटा-क्रम। उदाहरण का एक दोष। अपवाद।
पडिलोमइत्ता अ [प्रतिलोमयित्वा] वाद-विशेष, वादसभा के सदस्य या प्रतिवादी को प्रतिकूल बनाकर किया जाता वाद—शास्त्रार्थ।
पडिल्ली स्त्री [दे] वृति, वाड। यवनिका।
पडिव देखो पलीव = प्र = दीपय्।
पडिवइर न [प्रतिवैर] वैर का वदला।
पडिवई देखो पडिवया।
पडिवंचण न [प्रतिवञ्चन] वदला।
पडिवंथ देखो पडिपंथ।
पडिवंध देखो पडिबंध।
पडिवंस पुं [प्रतिवंश] छोटा बाँस।
पडिवक्क सक [प्रति+वच्] प्रत्युत्तर देना।
पडिवक्ख पुं [प्रतिपक्ष] दुश्मन; विरोधी। छन्द-विशेष। विपर्यय, वैपरीत्य।
पडिवक्खिय वि [प्रतिपक्षिक] विरुद्ध-पक्षवाला, विरोधी।
पडिवच्च सक [प्रति+व्रज्] वापस जाना।
पडिवच्छ देखो पडिवक्ख।
पडिवज्ज सक [प्रति + पद्] स्वीकार करना। प्रतिपादन करना।
पडिवज्जण न [प्रतिपादन] स्वीकार करवाना।
पडिवज्जय वि [प्रतिपादक] स्वीकार करनेवाला।
पडिवज्जावण न[प्रतिपादन]स्वीकार कराना।
पडिवट्टअ न [प्रतिपट्टक] एक प्रकार का रेशमी कपडा।
पडिवड्ढावअ वि [प्रतिवर्धापक] बधाई देने पर उसे स्वीकार कर धन्यवाद देनेवाला। बधाई के बदले मे बधाई देनेवाला।
पडिवण्ण वि [प्रतिपन्न] प्राप्त। अंगीकृत। आश्रित। जिसने स्वीकार किया हो वह।
पडिवत्त पुं [परिवर्त्त] परिवर्त्तन।
पडिवत्तण देखो पडिअत्तण।
पडिवत्ति स्त्री [प्रतिपत्ति] परिच्छित्ति। प्रकृति, प्रकार। प्रवृत्ति, खवर। ज्ञान। आदर, गौरव। स्वीकार। प्राप्ति। मतान्तर। अभिग्रह-विशेष। भक्ति, सेवा। परिपाटी, क्रम। श्रुत-विशेष, गति, इन्द्रिय आदि द्वारों में से किसी एक द्वार के जरिये समस्त संसार के जीवो को जानना। °समास पुं. श्रुत-ज्ञान-विशेष—गति आदि दो चार द्वारो के जरिये जीवों का ज्ञान।
पडिवत्तु पडिवज्ज का हेकृ.।
पडिवद्दि देखो पडिवत्ति।
पडिवद्धावअ देखो पडिवड्ढावअ।
पडिवन्निय (अप) देखो पडिवण्ण।
पडिवय अक [प्रति+पत्] ऊँचे जाकर गिरना।
पडिवय सक [प्रति + वच्] उत्तर देना।
पडिवयण न [प्रतिवचन] प्रत्युत्तर, जवाव। आदेश, आज्ञा। पुं. हरिवंश के एक राजा का नाम।
पडिवया स्त्री[प्रतिपत्] पक्ष की पहली तिथि।
पडिववियं वि [प्रत्युप्त] फिर से वोया हुआ।
पडिवस अक [प्रति+वस्] निवास करना।
पडिवसभ पुं [प्रतिवृषभ] मूल स्थान से दो कोस की दूरी पर स्थित गाँव।
पडिवह सक [प्रति+वह्] वहन करना,

ढोना ।

पडिवह् देखो पडिपह ।

पडिवह पु [प्रतिवध, परिवध] वध, हत्या ।

पडिवा देखो पडिवया ।

पडिवाइ वि [प्रतिवादिन्] प्रतिवाद करनेवाला, वादी का विपक्षी ।

पडिवाइ वि [प्रतिपादिन्] प्रतिपादन करनेवाला ।

पडिवाइ वि [प्रतिपातिन्] विनश्वर । फूंक से दीपक के प्रकाश के समान एकाएक नष्ट होनेवाला अवधिज्ञान ।

पडिवाइय देखो पडिवाइ = प्रतिपातिन् ।

पडिवाडि देखो परिवाडि ।

पडिवाद (शौ) सक [प्रति + पादय्] प्रतिपादन करना, निरूपण करना ।

पडिवादय वि [प्रतिपादक] प्रतिपादन करनेवाला ।

पडिवाय सक [प्रति + वाचय्] लिखने के बाद उसे पढ लेना । फिर से पढ लेना ।

पडिवाय सक [प्रति + पादय्] प्रतिपादन करना, निरूपण करना ।

पडिवाय पु. [प्रतिपात] पुनः-पतन, फिर से गिरना । नाश ।

पडिवाय पु [प्रतिवाद] विरोध ।

पडिवाय पु [प्रतिवात] प्रतिकूल पवन ।

पडिवारय देखो परिवार ।

पडिवाल सक [प्रति + पालय्] प्रतीक्षा करना । रक्षण करना ।

पडिवास पु [प्रतिवास] औषध आदि को विशेष उत्कृष्ट बनानेवाला चूर्ण आदि ।

पडिवासर न [प्रतिवासर] हर रोज ।

पडिवासुदेव पु [प्रतिवासुदेव] वासुदेव का प्रतिपक्षी राजा ।

पडिविक्किण सक [प्रतिवि + क्री] बेचना ।

पडिविज्जा स्त्री [प्रतिविद्या] विरोधी विद्या ।

पडिवित्थर पुं [प्रतिविस्तर] परिकर, विस्तार ।

पडिविद्धंसण न [प्रतिविध्वंसन] विनाश ।

पडिविप्पिय न [प्रतिविप्रिय] अपकार का बदला, बदले के रूप में किया जाता अनिष्ट ।

पडिविरइ स्त्री [प्रतिविरति] निवृत्ति ।

पडिविरय वि [प्रतिविरत]निवृत्त ।

पडिविसज्ज सक [प्रतिवि + सर्जय्] विसर्जन करना, विदा करना ।

पडिविहाण न [प्रतिविधान] प्रतीकार ।

पडिवुज्झमाण पडिवह् = प्रति + वह् का कवकृ. ।

पडिवुत्त वि [प्रत्युक्त] न. प्रत्युत्तर ।

पडिवुद (शौ) वि [परिवृत्त] परिकरित ।

पडिवूद पुं [प्रतिव्यूह] व्यूह का प्रतिपक्षी व्यूह, सैन्य-रचना-विशेष ।

पडिवूहण वि [प्रतिवृंहण] बढनेवाला । न. वृद्धि, पुष्टि ।

पडिवेस पुं [दे] विक्षेप, फेंकना ।

पडिवेसिअ वि [प्रतिवेश्मिक] पडोसी ।

पडिवोह देखो पडिवोह ।

पडिसंका स्त्री [प्रतिशङ्का] भय, शका ।

पडिसंखा सक [प्रतिस + ख्या] व्यवहार करना, व्यपदेश करना ।

पडिसखिव सक [प्रतिसं + क्षिप्] संक्षेप करना ।

पडिसंखेव सक [प्रतिसं + क्षेपय्] सकेलना, समेटना ।

पडिसच्चिक्ख सक [प्रतिसम् + ईक्ष्] चिन्तन करना ।

पडिसंजल सक [प्रतिसं + ज्वालय्] उद्दीपित करना ।

पडिसंत वि [परिशान्त] शान्त, उपशान्त ।

पडिसंत वि [प्रतिश्रान्त] विश्रान्त ।

पडिसंत वि [दे] प्रतिकूल । अस्तमित ।

पडिसंध } पडिसंधया } सक [प्रतिस + धा] फिर से साँधना । उत्तर देना । अनुकूल करना ।

पडिसंध } सक [प्रतिसं+धा] आदर
पडिसंधा } करना। स्वीकार करना।
पडिसंमुह न [प्रतिसम्मुख] सम्मुख।
पडिसंलाव पुं [प्रतिसंलाप] प्रत्युत्तर, जवाब।
पडिसंलीण वि [प्रतिसंलीन] सम्यक् लीन, अच्छी तरह लीन। निरोध करनेवाला संयत।
°पडिया स्त्री [°प्रतिमा] क्रोध आदि का निरोध करने की प्रतिज्ञा।
पडिसंविक्ख सक [प्रतिसंवि+ईक्ष्] विचार करना।
पडिसंवेद } सक [प्रतिसं+वेदय्] अनुभव
पडिसंवेय } करना।
पडिसंसाहणया स्त्री [प्रतिसंसाधना] अनुगमन।
पडिसंहर सक [प्रतिसं+हृ] निवृत्त करना। निरोध करना।
पडिसक्क देखो परिसक्क।
पडिसडण न [प्रतिशदन,परिशदन] सड़ जाना। विनाश।
पडिसडिय वि [परिशटित] जो सड गया हो, जो विशेष जीर्ण हुआ हो वह।
पडिसत्तु पुं [प्रतिशत्रु] प्रतिपक्षी, दुश्मन।
पडिसत्थ पुं [प्रतिसार्थ] प्रतिकूल यूथ।
पडिसद्द पु [प्रतिशब्द] प्रतिध्वनि। प्रत्युत्तर।
पडिसद्दिय वि [प्रतिशब्दित] प्रतिध्वनियुक्त।
पडिसम अक [प्रति+शम्] विरत होना।
पडिसमाहर सक[प्रतिसमा+हृ] पीछे खींच लेना।
पडिसय पु [प्रतिश्रय] उपाश्रय, साधु का निवास-स्थान।
पडिसर पुं [प्रतिसर] सैन्य का पश्चाद्भाग। हस्त-सूत्र, वह धागा जो विवाह से पहले वर-वधू के हाथ मे रक्षार्थ बाँधते है, कंकण।
पडिसरीर न [प्रतिशरीर] प्रतिमूर्ति।
पडिसलागा स्त्री [प्रतिशलाका] पल्य विशेष।
पडिसव सक [प्रति+शप्] शाप के बदले में शाप देना।
पडिसव सक [प्रति+श्रु] प्रतिज्ञा करना। स्वीकार करना। आदर करना।
पडिसवत्त वि [प्रतिसपत्न] विरोधी शत्रु।
पडिसा अक [शम्] शान्त होना।
पडिसा अक [नश्] भागना, पलायन होना।
पडिसाइल्ल वि [दे] जिसका गला बैठ गया हो, घर्घर कण्ठवाला।
पडिसाड सक [प्रति+शादय्, परिशाटय्] सड़ाना। पलटाना। नाश करना।
पडिसाडणा स्त्री [परिशाटना] च्युत करना, भ्रष्ट करना।
पडिसाम अक [शम्] शान्त होना।
पडिसाय वि [शान्त] शम-प्राप्त।
पडिसाय पुं [दे] घर्घर कण्ठ।
पडिसार सक [प्रतिस्मारय्] याद दिलाना।
पडिसार सक [प्रति+सारय्] सजाना।
पडिसार सक [प्रति+सारय्] खिसकाना, हटाना, अन्य स्थान मे ले जाना।
पडिसार पु [दे] पटुता। वि. निपुण, चतुर।
पडिसार पु [प्रतिसार] सजावट। अपसरण। विनाश। पराङ्मुखता। अपसारण।
पडिसारी स्त्री [दे] परदा।
पडिसाह सक [प्रति+कथय्] उत्तर देना।
पडिसाहर सक [प्रतिसं+हृ] निवृत्त करना। विनाश करना। सकेलना, समेटना। वापस ले लेना। ऊँचे ले जाना।
पडिसिद्ध वि [दे] डरा हुआ। भग्न, त्रुटित।
पडिसिद्ध वि [प्रतिषिद्ध] निषिद्ध, निवारित।
पडिसिद्धि स्त्री [दे] प्रतिस्पर्धा।
पडिसिद्धि स्त्री [प्रतिसिद्धि] अनुरूप सिद्धि। प्रतिकूल सिद्धि।
पडिसिद्धि देखो पडिप्फद्धि।
पडिसिलोग पु [प्रतिश्लोक] श्लोक के उत्तर मे कहा गया श्लोक।

पडिसिविणअ पुं [प्रतिस्वप्नक] स्वप्न का प्रतिकूल स्वप्न ।

पडिसीसअ } न [प्रतिशीर्षक] शिरोवेष्टन ।
पडिसीसक } सिर के प्रतिरूप सिर, पिसान (आटा) आदि का बनाया हुआ सिर ।

पडिसुइ पुं [प्रतिश्रुति] ऐरवत वर्ष के एक भावी कुलकर । भरतक्षेत्र मे उत्पन्न एक कुलकर पुरुष का नाम ।

पडिसुण सक [प्रति+श्रु] प्रतिज्ञा करना । स्वीकार करना ।

पडिसुणण स्त्रीन [प्रतिश्रवण] सुनाना, सुनकर उसका जवाब देना, प्रत्युत्तर । श्रवण ।

पडिसुणणा स्त्री [प्रतिश्रवण] अगीकार, स्वीकार । मुनि-भिक्षा का एक दोष, आधाकर्म-दोषवाली भिक्षा लाने पर उसका स्वीकार और अनुमोदन ।

पडिसुण्ण वि [प्रतिशून्य] खाली ।

पडिसुत्ति वि [दे] प्रतिकूल ।

पडिसुद्ध वि [परिशुद्ध] अत्यन्त शुद्ध ।

पडिसुय वि[प्रतिश्रुत]अगीकृत । न. स्वीकार । देखो पडिस्सुय ।

पडिसुया देखो पडसुआ = प्रतिश्रुत ।

पडिसुया स्त्री [प्रतिश्रुता] प्रवज्या-विशेष, एक प्रकार की दीक्षा ।

पडिसुहड पु [प्रतिसुभट] प्रतिपक्षी योद्धा ।

पडिसूयग पु [प्रतिसूचक] नगर-द्वार पर रहनेवाला जासूस ।

पडिसूर वि [दे] प्रतिकूल ।

पडिसूर पु [प्रतिसूर्य] सूर्य के सामने देखा जाता उत्पातादि-सूचक द्वितीय सूर्य । इन्द्र-धनुष ।

पडिसेग पु [प्रतिषेक] नख के नीचे का भाग ।

पडिसेज्जा स्त्री [प्रतिशय्या] उत्तर-शय्या ।

पडिसेव सक [प्रति+सेव्] प्रतिकूल सेवा करना, निषिद्ध वस्तु की सेवा करना । सहन करना । सेवा करना ।

पडिसेवग देखो पडिसेवय ।

पडिसेवय वि [प्रतिषेवक] प्रतिकूल सेवा करनेवाला, निषिद्ध वस्तु का सेवन करनेवाला ।

पडिसेवि वि [प्रतिषेविन्] शास्त्र-प्रतिषिद्ध वस्तु का सेवन करनेवाला ।

पडिसेवेत्तु वि [प्रतिषेवितृ] प्रतिषिद्ध वस्तु की सेवा करनेवाला ।

पडिसेह सक [प्रति+सिध्] निषेध करना, निवारण करना ।

पडिसेह पु [प्रतिषेध] निषेध, निवारण ।

पडिसेहग वि [प्रतिषेधक] निषेध-कर्ता ।

पडिसोअ } पु [प्रतिस्रोतस्] उलटा प्रवाह ।
पडिसोत्त }

पडिसोत्त वि [दे] प्रतिकूल ।

पडिस्संत देखो परिस्संत ।

पडिस्संति स्त्री [परिश्रान्ति] परिश्रम ।

पडिस्सय पु [प्रतिश्रय] जैन साधुओ को रहने का स्थान, उपाश्रय ।

पडिस्सर देखो पडिसर ।

पडिस्साव सक [प्रति+श्रावय्] प्रतिज्ञा कराना । स्वीकार कराना ।

पडिस्सावि वि [प्रतिस्राविन्] झरनेवाला, टपकनेवाला ।

पडिस्सुण सक [प्रति+श्रु] सुनना । अंगीकार करना ।

पडिस्सुय वि [प्रतिश्रुत] प्रतिज्ञात । स्वीकृत । देखो पडिसुय ।

पडिस्सुया देखो पडंसुआ ।

पडिस्सुया देखो पडिसुया = प्रतिश्रुता ।

पडिहच्छ वि [दे] पूर्ण । देखो पडिहत्थ ।

पडिहट्टु अ [प्रतिहृत्य] अर्पण करके ।

पडिहड पु [प्रतिभट] प्रतिपक्षी योद्धा ।

पडिहण सक [प्रति+हन्] प्रतिघात करना, प्रतिहिंसा करना ।

पडिहणिय देखो पडिभणिय ।

पडिहत्थ वि [दे] पूर्ण, भरा हुआ । प्रतिक्रिया,

प्रतिकार,बदला। वचन, वाणी। अतिप्रभूत। अपूर्व, अद्वितीय।
पडिहत्थ सक [दे] प्रत्युपकार करना।
पडिहत्थ वि [प्रतिहस्त] तिरस्कृत।
पडिहत्थी स्त्री [दे] वृद्धि।
पडिहम्म देखो पडिहण।
पडिहय वि [प्रतिहत] प्रतिघात-प्राप्त।
पडिहर सक [प्रति+हृ] फिर से पूर्ण करना।
पडिहा अक [प्रति+भा] मालूम होना, लगना।
पडिहा स्त्री [प्रतिभा] नूतन-नूतन उल्लेख करने में समर्थ बुद्धि।
पडिहा देखो पडिहाय = प्रतिघात।
पडिहाण देखो पणिहाण।
पडिहाण न [प्रतिभान] प्रतिभा, बुद्धि-विशेष। °व वि [°वत्] प्रतिभावाला।
पडिहाय देखो पडिहा = प्रति + भा।
पडिहाय पुं [प्रतिघात] घात का बदला। निरोध।
पडिहार पुं [प्रतिहार] इन्द्र-नियुक्त देव। पुंस्त्री. दरवान।
पडिहारिय देखो पाडिहारिय।
पडिहारिय वि [प्रतिहारित] अवरुद्ध।
पडिहास अक [प्रति+भास्] मालूम होना, लगना।
पडिहास पुं [प्रतिभास] प्रतिभास, प्रतिभान।
पडिहुअ, पडिहू पुं [प्रतिभू] जामीन, जामीनदार।
पडिहू अक [परि+भू] पराभव करना।
पडी स्त्री [पटी] वस्त्र।
पडीआर पु [प्रतीकार] देखो पडिआर।
पडीकर सक [प्रति+कृ] प्रतिकार करना।
पडीकार देखो पडिआर।
पडीछ देखो पडिच्छ = प्रति = इष्।
पडीण वि [प्रतीचीन] पश्चिम दिशा से सम्बन्ध रखनेवाला। °वाय पुं [°वात] पश्चिम की वायु।
पडीणा स्त्री [प्रतीची] पश्चिम दिशा।
पडीर पुं [दे] चोर-समूह।
पडीव वि [प्रतीप] प्रतिकूल, प्रतिपक्षी।
पडु वि [पटु] निपुण, कुशल।
पडु (अप) देखो पडिअ = पतित।
पडुआलिअ वि [दे] निपुण बनाया हुआ। ताडित, पिटा हुआ। धारित।
पडुक्खेव पुं [प्रत्युत्क्षेप]वाद्य-ध्वनि। उत्थापन, उठान।
पडुक्खेव पुं [प्रत्युत्थेप, प्रतिक्षेप] वाद्य-ध्वनि। क्षेपण, फेंकना।
पडुच्च, पडुच्चा अ [प्रतीत्य] आश्रय करके। अपेक्षा करके। अधिकार करके। °करण न. किसी की अपेक्षा से जो कुछ करना, आपेक्षिक कृति। °भाव पु. सप्रतियोगिक पदार्थ, आपेक्षिक वस्तु। °वयण न [°वचन] आपेक्षिक वचन। °सच्चा स्त्री [°सत्या] सत्य भाषा का एक भेद, अपेक्षा-कृत सत्य वचन।
पडुजुवइ स्त्री [दे] युवति।
पडुत्तिया स्त्री [प्रत्युक्ति] प्रत्युत्तर, जवाब।
पडुप्पण्ण पु [प्रत्युत्पन्न] वर्त्तमान काल। वि. वर्त्तमान काल में विद्यमान। प्राप्त। उत्पन्न।
पडुल्ल न [दे] छोटी थाली। वि. चिरप्रसूत।
पडुवइअ वि [दे] तीक्ष्ण, तेज।
पडुवत्ती स्त्री [दे] जवनिका।
पडुह देखो पड्डुह।
पडोअ वि [दे] बाल, लघु, छोटा।
पडोच्छन्न वि [प्रत्यवच्छन्न] आच्छादित।
पडोयार सक [प्रत्युप+चारय्] प्रतिकूल उपचार करना।
पडोयार पु [दे] उपकरण।
पडोयार पुं [प्रत्युपचार] प्रतिकूल उपचार।
पडोयार पुं [प्रत्यवतार] अवतरण। आविर्भाव।
पडोयार पुं [पदावतार] किसी वस्तु का पदो में विचार के लिए अवतरण।

पडोयार पुं [प्रत्युपकार] उपकार का उपकार ।

पडोयार पु [दे] सामग्री । परिकर ।

पडोल पुस्त्री [पटोल] लता-विशेष, परवल का गाछ ।

पडोहर न [दे] घर का पीछला आँगन ।

पड्ड वि [दे] धवल, सफेद ।

पड्डस पुं [दे] पहाड की गुफा ।

पड्डच्छी स्त्री [दे] भैंस ।

पड्डत्थी स्त्री [दे] बहुत दूधवाली । दोहनेवाली ।

पड्डय पु [दे] भैंसा, पाड़ा ।

पड्डला स्त्री [दे] पाद-प्रहार ।

पड्डस वि [दे] सुसंयमित ।

पड्डाविअ वि [दे] समापित ।

पड्डिया स्त्री [दे] छोटी भैंस, पाडी । छोटी गौ, वछिया । प्रथमप्रसूता गौ । नव-प्रसूता महिषी । पड्डी स्त्री [दे] प्रथम-प्रसूता ।

पड्डुआ स्त्री [दे] चरण-घात ।

पड्डुह अक [क्षुभ्] क्षुब्ध होना ।

पढ सक [पठ्] पढना, अभ्यास करना । बोलना, कहना ।

पढ पु. भारतीय देश-विशेष ।

पढग वि [पाठक] पढनेवाला ।

पढम वि [प्रथम] पहला, आद्य । नूतन । प्रधान, मुख्य । °करण न. आत्मा का परिणाम-विशेष । °कसाय पु [°कषाय] अनन्तानुबन्धी कषाय । °ट्ठाणि, °ठाणि वि [°स्थानिन्] अव्युत्पन्न-बुद्धि, अनिष्णात । °पाउस पु [°प्रावृष्] आपाढ़ मास । °समोसरण न [°समवसरण] वर्षा-काल । °सरय पुं [°शरत्] मार्गशीर्ष मास । °सुरा स्त्री. नयी दारू, शराव ।

पढमा स्त्री [प्रथमा] प्रतिपदा तिथि, पड़वा । व्याकरण-प्रसिद्ध पहली विभक्ति ।

पढमालिआ स्त्री [दे. प्रथमालिका] प्रथम भाजन ।

पढाइद [शौ] नीचे देखो ।

पढाव सक [पाठय्] पढाना ।

पढावअ वि [पाठक] अध्यापक ।

पढाविअवंत वि [पाठितवत्] जिसने पढाया हो वह ।

पढाविउ वि [पाठयितृ] अध्यापक ।

पढुक्क वि [प्रढौकित] भेट के लिए उपस्थापित ।

पढुम देखो पढम ।

पढे देखो पढाव ।

पण देखो पंच । °णउइ स्त्री [°नवति] पचानवे । °तीस स्त्रीन [°त्रिंशत्] पैंतीस । °नुवइ देखो °णउइ । °रस त्रि. व. [°दशन्] पनरह । °वन्निय वि [°वर्णिक] पाँच रग का । °वीस स्त्रीन [°विंशति] पचीस । °वीसइ स्त्री [विंशति] वही अर्थ । °सट्ठि स्त्री [°पष्टि] पैसठ । °सय न [°शत] पाँच सौ । °सीइ स्त्री [°शीति] पचासी । °सुन्न न [°सून] पाँच हिंसा-स्थान ।

पण पुं. शर्त, होड़ । प्रतिज्ञा । घन । विक्रेय वस्तु ।

पण पुं [प्रण] प्रतिज्ञा ।

पण, पणग } न [पञ्चक] पाँच का समूह । नीवी तप ।

पणअत्तिअ वि [दे] प्रकटित, व्यक्त किया हुआ ।

पणअन्न देखो पणपन्न ।

पणइ स्त्री [प्रणति] प्रणाम ।

पणइ वि [प्रणयिन्] प्रणयवाला, स्नेही, प्रेमी । पु. पति । याचक, प्रार्थी । भृत्य, दास ।

पणइणी स्त्री [प्रणयिनी] पत्नी, प्रिया ।

पणइय वि [प्रणयिक, प्रणयिन्] देखो पणइ = प्रणयिन् ।

पणंगणा स्त्री [पणाङ्गना] वेश्या, वारागना ।

पणग न [पञ्चक] पाँच का समूह ।

पणग पुं [दे. पनक] शैवाल । काई, वर्षा-काल मे भूमि, काष्ठ आदि मे उत्पन्न होनेवाला

एक प्रकार का जल-मैल। सूक्ष्म पंक। देखो पणय (दे)। °मट्टिया, °मत्तिया स्त्री [°मृत्तिका] नदी आदि के पूर के खतम होने पर रह जाती कोमल चिकनी मिट्टी।

पणच्च अक [प्र + नृत्] नृत्य करना।

पणच्चिअ वि [प्रनृत्तित] नाचा हुआ, जिसका नाच हुआ हो वह।

पणच्चिअ वि [प्रनर्त्तित] नचाया हुआ।

पणट्ठ वि [प्रनष्ट] प्रकर्ष से नाश को प्राप्त।

पणद्ध वि [प्रणद्ध] परिगत।

पणपन्न स्त्रीन [दे. पञ्चपञ्चाशत्] पचपन।

पणपन्नइम वि [दे. पञ्चपञ्चाश] पचपनवाँ।

पणपन्निय देखो पणवन्निय।

पणपन्निय पु [पचप्रज्ञप्तिक] व्यन्तर देवो की एक जाति।

पणम सक [प्र + नम्] प्रणाम करना, नमन करना।

पणमिअ वि [प्रणत] नमा हुआ। जिसने नमने का प्रारम्भ किया हो वह। जिसको नमन किया गया हो वह। [प्रणमित] नमाया हुआ।

पणय सक [प्र + णी] स्नेह करना, प्रेम करना। प्रार्थना करना।

पणय वि [प्रणत] जिसको प्रणाम किया गया हो वह। जिसने नमस्कार किया हो वह। प्राप्त। निम्न, नीचा।

पणय पु [प्रणय] स्नेह, प्रेम। प्रार्थना। °वत वि [°वत्] स्नेहवाला, प्रेमी।

पणय पु [दे] पंक।

पणय पुं [दे. पनक] सेवार, तृण-विशेष। काई, जल-मैल। सूक्ष्म कर्दम।

पणयाल वि [दे. पञ्चचत्वारिश] पैतालीसवाँ।

पणयाल, पणयालीस स्त्रीन [दे. पञ्चचत्वारिंशत्] पैतालीस।

पणव देखो पणम।

पणव पु [प्रणव] ओकार।

पणव पु. पटह, ढोल, वाद्य-विशेष।

पणवणिय देखो पणवन्निय।

पणवण्ण देखो पणपन्न।

पणवन्निय पुं [पणपन्निक] व्यन्तर देवों की एक जाति।

पणविय देखो पणमिअ = प्रणत।

पणवीसी स्त्री [पञ्चविंशतिका] पचीस का समूह।

पणस पुं [पनस] वृक्ष-विशेष, कटहल या कटहर।

पणसुदरी स्त्री [पणसुन्दरी] वेश्या।

पणाम सक [अर्पय्] अर्पण करना, देने के लिए उपस्थित करना।

पणाम सक [प्र+नमय्] नमाना।

पणाम सक [उप+नी] उपस्थित करना।

पणाम पु [प्रणाम] नमस्कार।

पणामणिआ स्त्री [दे] स्त्री विषयक प्रणय।

पणामय वि [अर्पक] देनेवाला।

पणामय वि [प्रणामक] नमानेवाला। शब्द आदि विषय।

पणायक, पणायग वि [प्रणायक] ले जानेवाला।

पणाल पुं [प्रणाल] मोरी।

पणालिआ स्त्री [प्रणालिका] परम्परा। पानी जाने का रास्ता।

पणाली स्त्री [प्रणाली] पानी जाने का रास्ता।

पणाली स्त्री [प्रनाली] शरीर-प्रमाण लम्बी लाठी।

पणास सक [प्र+नाशय्] विनाश करना।

पणासण वि [प्रणाशन] विनाशकारक।

पणिअ वि [दे] प्रकट, व्यक्त।

पणिअ वि [प्रणीत] रचित।

पणिअ न [पणित] बेचने-योग्य वस्तु। व्यवहार। क्रय-विक्रय। शर्त, एक तरह का जुआ। °भूमि, °भूमी स्त्री अनार्य देश-विशेष। विक्रेय वस्तु रखने का स्थान। °साला स्त्री [°शाला] हाट।

पणिअ न [पण्य] विक्रेय वस्तु। °गिह,

°घर न [°गृह] दूकान। °साला स्त्री [°शाला] °हाट। °ावण पुं [°ापण] दूकान।
पणिअ वि [प्रणीत] सुन्दर। °भूमि स्त्री. मनोज्ञ भूमि।
पणिअट्ठ वि [पणितार्थ] चोर।
पणिअसाला स्त्री [पण्यशाला] गोदाम।
पणिआ स्त्री [दे] करोटिका। खोपडी।
पणिंदि, पणिंदिय वि [पञ्चेन्द्रिय] त्वक्, जीभ, नाक, आँख और कान—इन पाँचो इन्द्रियो वाला प्राणी।
पणिद्ध वि [प्रस्निग्ध] विशेष स्निग्ध।
पणिधाण देखो पडिहाण।
पणिधि पुंस्त्री [प्रणिधि] माया, छल। देखो पणिहि।
पणियत्थ वि [प्रणिवसित] पहना हुआ।
पणिलिअ वि [दे] हृत, मारा हुआ।
पणिवइअ वि [प्रणिपतित] नत, नमा हुआ। जिसको नमस्कार किया गया हो वह।
पणिवय सक [प्रण+पत्] नमन करना, वन्दन करना।
पणिवाय पुं [प्रणिपात] वन्दन, नमस्कार।
पणिहा सक [प्रणि+धा] एकाग्र चिन्तन करना ध्यान करना। अपेक्षा करना। अवधान करना। अभिलाषा करना। चेष्टा करना, प्रयत्न करना। प्रयोग करना।
पणिहि पुंस्त्री [प्रणिधि] एकाग्रता, अवधान। कामना। पुं. चरपुरुष, दूत। चेष्टा, व्यापार। माया, कपट। व्यवस्थापन। बडा निधि।
पणिहिय वि [प्रणिहित] प्रयुक्त व्यापृत। व्यवस्थित।
पणीय वि [प्रणीत] निर्मित, कृत। स्निग्ध, घृत आदि स्नेह की प्रचुरतावाला। निरूपित, प्ररूपित, आख्यात। सुन्दर। सम्यग् आचरित।
पणीहाण देखो पणिहाण।
पणुल्ल देखो पणोल्ल।
पणुवीस स्त्रीन [पञ्चविंशति] पचीस की संख्या। जिनकी संख्या पचीस हो वे।
पणुवीसइम वि [पञ्चविंशतितम] पच्चीसवाँ।
पणोल्ल सक [प्र+णुद्] प्रेरणा करना। फेंकना। नाश करना।
पणोल्लय वि [प्रणोदक] प्रेरक।
पणोल्लि वि [प्रणोदिन्] प्रेरणा करनेवाला। पु प्राजन दण्ड, बैल इत्यादि हाँकने की लकडी।
पण्ण वि [प्रज्ञ] जानकार, दक्ष, निपुण।
पण्ण वि [प्राज्ञ] प्रज्ञावाला, बुद्धिमान्, दक्ष। वि. प्राज्ञ-सम्बन्धी।
पण्ण न [पर्ण] पत्ता, पत्ती।
पण्ण देखो पणिअ = पण्य।
पण्ण स्त्रीन [दे] पचास।
पण्ण देखो पंच, पण °र। °रस त्रि. ब. [°दशन्] पनरह। °रसम वि [°दश] पनरहवाँ। °रसी स्त्री [°दशी] पनरहवी। तिथि-विशेष। °रह देखो °रस। °रह वि [°दश] पनरहवाँ। देखो पन्न = पंच।
पण्ण वि [पार्ण] पर्ण-सम्बन्धी, पत्ते का।
पण्ण° देखो पण्णा°। °व वि [°वत्] प्रज्ञा-वाला।
पण्णई [पन्नगा] भगवान् धर्मनाथ की शासन-देवी।
पण्णग पुं [पन्नग] सर्प। °सन पुं [°ाशन] गरुड़ पक्षी। °रिउ पुं [°रिपु] गरुड पक्षी।
पण्णग वि [दे. पन्नक] दुर्गन्धी। °तिल पुं. दुर्गन्धी तिल।
पण्णट्ठि स्त्री [पञ्चषष्टि] पैसठ।
पण्णत्त वि [प्रज्ञप्त] निरूपित, उपदिष्ट, कथित। प्रणीत, रचित। आसेवित।
पण्णत्ति स्त्री [प्रज्ञप्ति] विद्यादेवी-विशेष। प्रकृष्ट ज्ञान। जिससे प्ररूपण किया जाय वह।

पाँचवाँ अंग-ग्रन्थ, भगवती सूत्र। सूर्य-प्रज्ञप्ति आदि उपाग ग्रन्थ। विद्या-विशेष। प्ररूपण, प्रतिपादन। °खेवणी स्त्री [°क्षेपणी] कथा का एक भेद। °पक्खेवणी स्त्री [°प्रक्षेपणी] कथा का एक भेद।

पण्णपण्णिय पु [पण्णपर्णि] व्यन्तर देवों की एक जाति।

पण्णय देखो पण्णग।

पण्णव सक [प्र+ज्ञापय्] प्ररूपण करना, उपदेश करना, प्रतिपादन करना।

पण्णवग वि [प्रज्ञापक] प्ररूपक, प्रतिपादक।

पण्णवण न [प्रज्ञापन] प्ररूपण, प्रतिपादन। शास्त्र, सिद्धान्त। वि. ज्ञापक, निरूपक।

पण्णवणा स्त्री [प्रज्ञापना] प्ररूपणा, प्रतिपादन। एक जैन आगम ग्रन्थ 'प्रज्ञापना' सूत्र।

पण्णवणी स्त्री [प्रज्ञापनी] अर्थबोधक भाषा।

पण्णवण्ण स्त्रीन [दे. पञ्चपञ्चाशत्] पचपन।

पण्णवय देखो पण्णवग।

पण्णवेत्तु वि [प्रज्ञापयितृ] प्रतिपादक, प्ररूपण करनेवाला।

पण्णा सक [प्र+ज्ञा] प्रकर्ष से जानना। अच्छी तरह जानना।

पण्णा स्त्री [प्रज्ञा] मनुष्य की दस अवस्थाओ में पाँचवी अवस्था। बुद्धि। ज्ञान। °परिसह, °परीसह पु[°परिषह, °परीषह] बुद्धि का गर्व न करना। बुद्धि के अभाव में खेद न करना। °मय पुं [°मद] बुद्धि का अभिमान। °वंत वि [°वत्] ज्ञानवान्।

पण्णाग वि [प्रज्ञ] विद्वान्।

पण्णाण न [प्रज्ञान] प्रकृष्ट ज्ञान। सम्यग् ज्ञान। आगम। °व वि [°वत्] ज्ञानवान्। शास्त्रज्ञ।

पण्णाराह (अप) त्रि. ब. [पञ्चदशन्] पनरह।

पण्णावीसा स्त्री [पञ्चविंशति] पचीस।

पण्णास स्त्रीन [दे. पञ्चाशत्] पचास।

पण्णासग वि [पञ्चाशक] पचास वर्ष को उम्र का।

पण्णुवीस देखो पणुवीस।

पण्ह पुंस्त्री [प्रश्न] पृच्छा। °वाहण न [°वाहन] जैन मुनि-गण का एक कुल। °वागरण न [°व्याकरण] ग्यारहवाँ जैन अंग-ग्रन्थ। देखो पसिण।

पण्हअ अक [प्र+स्नु] झरना, टपकना।

पण्हअ } पुं [दे. प्रस्नव] स्तन से दूध का झरना। झरना, टपकना।
पण्हव }

पण्हव पुं [पह्लव] अनार्य देश-विशेष। वि. उस देश का निवासी।

पण्हविअ देखो पण्हुअ।

पण्हि पुंस्त्री [पार्ष्णि] फीली का अधोभाग, गुल्फ का नीचला हिस्सा, एड़ी।

पण्हिया स्त्री [प्रश्निका] एडी, गुल्फ का अधोभाग।

पण्हुअ वि [प्रस्नुत] क्षरित, झरा हुआ। जिसने झरने का प्रारम्भ किया हो वह।

पण्हुइर वि [प्रश्नोतृ] झरनेवाला।

पण्होत्तर न [प्रश्नोत्तर] सवाल-जवाब।

पतणु देखो पयणु।

पतार सक [प्र+तारय्] ठगना।

पतारग वि [प्रतारक] वञ्चक।

पतिण्ण वि [प्रतीर्ण] पार पहुँचा हुआ, निस्तीर्ण।

पतुण्ण न [प्रतुन्न] वल्कल का बना हुआ वस्त्र।

पतेरस } वि [प्रत्रयोदश] प्रकृष्ट तेरहवाँ। °वास न [°वर्ष] प्रकृत तेरहवाँ वर्ष। प्रकृत तेरहवाँ वर्ष। प्रस्थित तेरहवाँ वर्ष।
पतेलस }

पत्त वि [प्राप्त] मिला हुआ, पाया हुआ। °काल, °याल न [°काल] चैत्य-विशेष। वि. अवसरोचित।

पत्त न [पत्र] पत्ती, पत्ता, दल। पाँख।

कागज। °च्छेज्ज न [°च्छेद्य] कला-विशेष। °मंत वि [°वत्] पत्रवाला। °रह पुं [°रथ] पक्षी। °लेहा स्त्री [°लेखा] चन्दनादि से पत्र के आकृतिवाली रचना-विशेष, भूषा का एक प्रकार। °वल्ली स्त्री पत्रवाली लता। मुँह पर चन्दन आदि से की जाती पत्र-श्रेणी-तुल्य रचना। °विंट न [°वृन्त] पत्र का वन्धन। °विंटिय वि [°वृन्तक, °वृन्तीय] पत्र वृन्त में उत्पन्न होता एक प्रकार का त्रीन्द्रिय जन्तु। °विच्छुय पुं [वृश्चिक] एक तरह का वृश्चिक, चतुरिन्द्रिय जीवो की एक जाति। °वेंट देखो °विंट। °सगडिआ स्त्री [°शकटिका] पत्तो से भरी हुई गाडी। °समिद्ध वि [°समृद्ध] प्रभूत पत्तेवाला। °हार पुं त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष। °हार पुं. पत्ती पर निर्वाह करनेवाला वानप्रस्थ।

पत्त न [पात्र] भाजन। आधार, आश्रय, स्थान। दान देने योग्य गुणी लोक। लगातार वत्तीस उपवास। °वंध पुं [°वन्ध] पात्रो को बाँधने का कपडा। देखो पाय = पात्र।

पत्त वि [प्रात्त] प्रसारित।

पत्तइअ वि [प्रत्ययित] विश्वस्त।

पत्तइअ वि [पत्रकित] अल्प पत्रवाला। कुत्सित पत्रवाला।

पत्तउर पुं [दे] वनस्पति-विशेष, एक प्रकार का गाछ।

पत्तच्छेज्ज न [पत्रच्छेद्य] वाण से पत्ती वेधने की कला। नक्काशी का काम, खोदने का काम।

पत्तट्ठ वि [दे. प्राप्तार्थ] वहु-शिक्षित, विद्वान्, अति कुशल।

पत्तट्ठ वि [दे] मनोहर।

पत्तण देखो पट्टण।

पत्तण न [दे. पत्त्रण] वाण का फलक। पुख, वाण का मूल भाग।

पत्तणा स्त्री [दे. पत्त्रणा] ऊपर देखो। पुख मे की जाती रचना-विशेष।

पत्तणा स्त्री [प्रापणा] प्राप्ति।

पत्तपसाइआ स्त्री [दे] पत्तियों की एक तरह की पगडी, जिसे भील लोग पहनते है।

पत्तपिसालस न [दे] ऊपर देखो।

पत्तय न [पत्रक] एक प्रकार का गेय।

पत्तरक न [दे. प्रतरक] आभूषण-विशेष।

पत्तल वि [दे] तीक्ष्ण, तेज। पतला।

पत्तल वि [पत्रल] बहुत पत्तीवाला। पक्ष्मवाला।

पत्तल न [पत्र] पर्ण।

पत्तली स्त्री [दे] एक प्रकार का राज-देय।

पत्तहारय वि [पत्रहारक] पत्तो को वेचने का काम करनेवाला।

पत्ताण सक [दे] पताना, मिटाना।

पत्तामोड पुंन [आमोटपत्र] तोडा हुआ पत्र।

पत्ति स्त्री [प्राप्ति] लाभ।

पत्ति पु. सेना-विशेष, जिसमें एक रथ, एक हाथी, तीन घोडे और पाँच पैदल हो। पैदल चलनेवाली सेना।

पत्ति, पत्तिअ } सक [प्रति + इ] जानना। विश्वास करना। आश्रय करना।

पत्तिअ वि [पत्रित] जिसमे पत्र उत्पन्न हुए हो वह।

पत्तिअ वि [प्रतीति, प्रत्ययित] प्रतीतिवाला, विश्वस्त।

पत्तिअ न [प्रीतिक] प्रीति, स्नेह।

पत्तिअ पुंन [प्रत्यय] विश्वास।

पत्तिअ न [पत्रिक] मरकत-पत्र।

पत्तिआ स्त्री [पत्रिका] पर्ण।

पत्तिआअ देखो पत्तिअ = प्रति + इ।

पत्तिआव सक [प्रति + आयय्] विश्वास कराना, प्रतीति कराना।

पत्तिग देखो पत्तिअ = प्रीतिक।

पत्तिज्ज देखो पत्तिअ = प्रति + इ।

पत्तिज्जाव देखो पत्तिआव।

पत्तिसमिद्ध वि [दे] तीक्ष्ण।

पत्ती स्त्री [दे] देखो पत्तपसाइआ ।

पत्ती स्त्री [पत्नी] भार्या ।

पत्ती स्त्री [पात्री] भाजन ।

पत्तु पाव = प्र + आप् का हेकृ. ।

पत्तुवगद (शौ) वि [प्रत्युपगत] सामने गया हुआ । वापस गया हुआ ।

पत्तेअ } न [प्रत्येक] हर एक । एक के
पत्तेग } सामने । न कर्म-विशेष, जिसके उदय से एक जीव का एक अलग शरीर होता है । पृथक्-पृथक् । पुं. वह जीव जिसका शरीर अलग हो । °णाम न [°नामन्] देखो ऊपर का तीसरा अर्थ । °निगोयय पुं [°निगोदक] जीव-विशेष । °वुद्ध पुं. अनित्यतादि भावना के कारणभूत किसी एक वस्तु से परमार्थ का ज्ञान जिसको उत्पन्न हुआ हो ऐसा जैन मुनि । °वुद्धसिद्ध पुं. प्रत्येकबुद्ध होकर मुक्ति को प्राप्त जीव । °रस वि. विभिन्न रसवाला । °सरीर वि [°शरीर] विभिन्न शरीरवाला । न. कर्म-विशेष, जिसके उदय से एक जीव का एक विभिन्न शरीर होता है । °सरीरनाम न [°शरीरनामन्] वही पूर्वोक्त अर्थ ।

पत्तेय वि [प्रत्येक] बाह्य कारण ।

पत्थ सक [प्र + अर्थय्] प्रार्थना करना । अभिलाषा करना । रोकना ।

पत्थ पुं [पार्थ] मध्यम पाण्डव अर्जुन । पाञ्चाल देश के एक राजा का नाम । भद्दिलपुर नगर का एक राजा ।

पत्थ पुं [प्रार्थ] प्रार्थन, प्रार्थना । दो दिनो का उपवास ।

पत्थ देखो पच्छ = पथ्य ।

पत्थ पु [प्रस्थ] कुडव का एक परिमाण । सेतिका, एक कुडव का परिमाण ।

पत्थग देखो पत्थय ।

पत्थड पुं [प्रस्तर] रचना-विशेषवाला समूह । भवनो के बीच का अन्तराल भाग ।

पत्थड वि [प्रस्तृत]बिछाया हुआ, फैला हुआ ।

पत्थणया } स्त्री [प्रार्थना] वाञ्छा ।
पत्थणा } याचना । विज्ञप्ति, निवेदन ।

पत्थय वि [प्रार्थक] अभिलाषा करनेवाला ।

पत्थयण न[पथ्यदन] शम्बल, पाथेय, कलेवा ।

पत्थर सक [प्र + स्तृ] बिछाना । फैलाना ।

पत्थर पु [प्रस्तर] पत्थर ।

पत्थर न [दे] पाद-ताडन, लात ।

पत्थर देखो पत्थार ।

पत्थरण न [प्रस्तरण] बिछौना ।

पत्थरभल्लिअ न [दे] कोलाहल करना ।

पत्थरा स्त्री [दे] चरण-घात, लात ।

पत्थरिअ पु [दे] पल्लव, कोपल ।

पत्थव देखो पत्थाव ।

पत्था अक [प्र + स्था] प्रस्थान करना, प्रवास करना ।

पत्थार पुं [प्रस्तार] विस्तार । तृणवन । पल्लवादि-निर्मित शय्या । पिंगल-प्रसिद्ध प्रक्रिया-विशेष । प्रायश्चित्त की रचना-विशेष । विनाश ।

पत्थारी स्त्री [दे] समूह । शय्या ।

पत्थाव सक [प्र + स्तावय्] प्रारम्भ करना ।

पत्थाव पुं [प्रस्ताव] अवसर । प्रसंग, प्रकरण ।

पत्थिअ वि [प्रस्थित] जिसने प्रयाण किया हो वह । न प्रस्थान, गति, चाल ।

पत्थिअ वि [प्रार्थित] जिसके पास प्रार्थना की गई हो वह । जिस चीज की प्रार्थना की गई हो वह ।

पत्थिअ वि [दे] शीघ्र, जल्दी करनेवाला ।

पत्थिअ वि [प्राथिक] प्रार्थी ।

पत्थिअ वि [प्रास्थित] प्रकृष्ट श्रद्धावाला ।

पत्थिअ° } स्त्री [दे] बाँस का बना हुआ
पत्थिआ } भाजन-विशेष । °पिडग, °पिडय न [°पिटक] वही अर्थ ।

पत्थिद देखो पत्थिअ = प्रस्थित, प्रार्थित ।

पत्थिव पुं [पार्थिव] राजा। वि. पृथिवी का विकार।

पत्थी स्त्री [दे. पात्री] पात्र, भाजन।

पत्थीण न [दे] मोटा कपडा। वि. स्थूल।

पत्थुय वि [प्रस्तुत] प्रकरण-प्राप्त, प्राकरणिक। प्राप्त, लब्ध।

पत्थुर देखो पत्थर = प्र + स्तृ।

पत्थे = देखो पत्थ = प्र+अर्थय्।

पत्थोउ वि [प्रस्तोतृ] प्रस्ताव करनेवाला। प्रवर्त्तक।

पथम (पै) देखो पढम।

पदअ सक [गम्] जाना, गमन करना।

पदंसिअ वि [प्रदर्शित] दिखलाया हुआ।

पदक्खिण वि [प्रदक्षिण] जिसने दक्षिण की तरफ से लेकर मण्डलाकार भ्रमण किया हो वह। न दक्षिणावर्त्त भ्रमण।

पदक्खिण सक [प्रदक्षिणय्] प्रदक्षिणा करना।

पदण न [पदन] प्रतीति कराना।

पदण (शौ) न [पतन] गिरना।

पदम (शौ) देखो पउम।

पदय देखो पयय = पतंग।

पदरिसिय देखो पदसिअ।

पदहण न [प्रदहन] संताप, गरमी।

पदाइ वि [प्रदायिन्] देनेवाला।

पदाण न [प्रदान] दान, वितरण।

पदादि (शौ) पु [पदाति] पैदल सैनिक।

पदायग वि [प्रदायक] देनेवाला।

पदाव देखो पयाव।

पदाहिण वि [प्रदक्षिण] प्रकृष्ट दक्षिण, प्रकर्ष से दक्षिण दिशा मे स्थित।

पदिकिदि (शौ) देखो पडिकिदि।

पदित्त देखो पलित्त।

पदिस° स्त्री [प्रदिश्] विदिशा, ईशान आदि।

पदिस्सा देखो पदेक्ख।

पदीव सक [प्र + दीपय्] जलाना। प्रकाश करना।

पदीव देखो पईव + प्रदीप।

पदीविआ स्त्री [प्रदीपिका] छोटा दिया।

पदुग्ग पुंन [प्रदुर्ग] कोट, किला।

पदुट्ठ वि [प्रद्विष्ट, प्रदुष्ट] विशेष द्वेष को प्राप्त।

पदुब्भेइय न [पदोद्भेदक] पद-विभाग और शब्दार्थ मात्र का पारायण।

पदूमिय वि [प्रदावित, प्रदून] अत्यन्त पीडित।

पदूस सक [प्र + द्विष्] द्वेष करना।

पदूसणया स्त्री [प्रद्वेषणा, प्रदूषणा] द्वेष, मात्सर्य।

पदेक्ख सक [प्र + दृश्] प्रकर्ष से देखना।

पदेस देखो पएस = प्रदेश।

पदेस पु [प्रद्वेष] द्वेष।

पदेसिअ वि [प्रदेशित] प्ररूपित, प्रतिपादित।

पदोस देखो पओस = दे, प्रद्वेष।

पदोस देखो पओस = प्रदोष।

पद्द न [दे] ग्राम-स्थान। छोटा गाँव।

पद्द न [पद्य] श्लोक, वृत्त, काव्य।

पद्देस देखो पदेस = प्रद्वेष।

पद्धइ स्त्री [पद्धति] रास्ता। पंक्ति, श्रेणी। परिपाटी। प्रक्रिया, प्रकरण।

पद्धंस पुं [प्रध्वंस] ध्वंस, नाश। °भाव पुं. अभाव-विशेष, वस्तु के नाश होने पर उसका जो अभाव होता है वह।

पद्धर वि [दे] ऋजु, सीधा। शीघ्र।

पद्धल वि [दे] दोनो पार्श्वो मे अप्रवृत्त।

पद्धार वि [दे] जिसका पूंछ कट गया हो वह।

पधाइय देखो पधाविय।

पधाण देखो पहाण।

पधार देखो पहार = प्र + धारय्।

पधाव सक [प्र + धाव्] दौड़ना, अधिक वेग

से जाना।
पधावण न [प्रधावन] दौड, वेग से गमन। कार्य की शीघ्र सिद्धि। प्रक्षालन।
पधूवण न [प्रधूपन] धूप देना। एक प्रकार का आलेपन द्रव्य।
पधूविय वि [प्रधूपित] जिसको धूप दिया गया हो वह।
पधोअ सक [प्र + धाव्] धोना।
पधोअ वि [प्रधौत] धोया हुआ।
पधोव सक [प्र + धाव्] धोना।
पन देखो पंच। °र, °रस त्रि. ब. [°दशन्] पनरह।
पन्नंगणा स्त्री [पण्याङ्गना] वेश्या।
पन्नत्तरि स्त्री [पञ्चसप्तति] पचहत्तर।
पन्नत्तु वि [प्रज्ञापयितृ] आख्याता, प्रतिपादक।
पन्नपत्तिया स्त्री [प्रज्ञप्रत्यया] देखो पुन्न-पत्तिया।
पन्नपन्नइम देखो पणपन्नइ ।
पन्नया स्त्री [पन्नगा] भगवान् धर्मनाथजी की शासन-देवी।
पन्नवग वि [प्रज्ञापक] प्रतिपादक, प्ररूपक।
पन्नाड सक [मृद्] मर्दन करना।
पन्नारस (अप) त्रि. ब. [पञ्चदशन्] पनरह।
पन्नास देखो पण्णास। °इम वि [°तम] पचासवाँ।
पन्हु (अप) देखो पण्हअ = दे. प्रस्नव।
पपंच देखो पवंच।
पपलीण वि [प्रपलायित] भागा हुआ।
पपिआमह पुं [प्रपितामह] ब्रह्मा, विधाता। परदादा।
पपुत्त पुं [प्रपुत्र] पौत्र।
पपुत्त, पपोत्त पु [प्रपौत्र] पौत्र का पुत्र।
पप्प सक [प्र + आप्] प्राप्त करना।
पप्पग न [दे. पर्पक] वनस्पति-विशेष।
पप्पड, पप्पडग पुंस्त्री [पर्पट] पापड। पापड के आकारवाला शुष्क मृत्खण्ड। °पायय पुं [°पाचक] नरकावास-विशेष। °मोदय पुं [°मोदक] एक प्रकार की मिष्ट वस्तु।
पप्पडिया स्त्री [पर्पटिका] तिल आदि की बनी हुई एक प्रकार की खाद्य वस्तु।
पप्पल देखो पप्पड।
पप्पीअ पु [दे] चातक पक्षी, पपीहा।
पप्पुअ वि [प्रप्लुत] जलार्द्र। व्याप्त। न. कूदना, लाँघना।
पप्फंदण न [प्रस्पन्दन] प्रचलन, फरकना।
पप्फाड पु [दे] अग्नि-विशेष।
पप्फिडिअ वि [दे] प्रतिफलित।
पप्फुअ वि [दे] दीर्घ। उडता।
पप्फुट्ट अक [प्र + स्फुट्] खिलना। फूटना।
पप्फुडिअ पु [प्रस्फुटित] नरकावास-विशेष।
पप्फुय देखो पप्पुअ।
पप्फुर अक [प्र + स्फुर्] फरकना, हिलना। काँपना।
पप्फुल्ल अक [प्र + फुल्ल्] विकसना।
पप्फुल्ल वि [प्रफुल्ल] विकसित, खिला हुआ।
पप्फुल्लिआ स्त्री [प्रफुल्लिका] देखो उप्फुल्लिआ।
पप्फुसिय न [प्रस्पृष्ट] उत्तम स्पर्श।
पप्फोड देखो पप्फुट्ट।
पप्फोड सक [प्र + स्फोटय्] झाड़ना। झाड-कर गिराना। आस्फालन करना। प्रक्षेपण करना। प्रकृष्ट धूनन करना। तोड़ना।
पफुल्ल देखो पप्फुल्ल।
पबंध सक [प्र + बन्ध्] प्रबन्ध रूप से कहना। विस्तार से कहना।
पबंध पु [प्रबन्ध] सन्दर्भ, ग्रन्थ, परस्पर अन्वित वाक्य-समूह। निरन्तरता।
पबंधण न [प्रबन्धन] प्रबन्ध, सन्दर्भ, अन्वित वाक्य-समूह की रचना।

पबल वि [प्रबल] बलिष्ठ, प्रचण्ड, प्रखर।
पबाहा स्त्री [प्रबाधा] विशेष पीडा।
पबुद्ध वि [प्रबुद्ध] प्रवीण, निपुण। जागा हुआ। जिसने अच्छी तरह जानकारी प्राप्त की हो वह।
पबोध सक [प्र+बोधय्] जागृत करना। ज्ञान कराना।
पबोहय देखो पबोध।
पबोहय वि [प्रबोधक] प्रबोध-कर्त्ता।
पब्बल देखो पबल।
पब्बाल देखो पव्वाल = छादय्।
पब्बाल देखो पव्वाल = प्लावय्।
पब्बुद्ध देखो पबुद्ध।
पब्भ वि [प्रह्व] नम्र।
पब्भट्ठ, पब्भसिअ वि [प्रभ्रष्ट] परिभ्रष्ट, प्रस्खलित, चूका हुआ। विस्मृत। पुं. नरकावास-विशेष।
पब्भार पु [दे. प्राग्भार] संघात, समूह।
पब्भार पु [दे] पर्वत-कन्दरा।
पब्भार पु [प्राग्भार] प्रकृष्ट भार। ऊपर का भाग। थोडा नमा हुआ पर्वत का भाग। एक देश, एक भाग। उत्कर्ष, परभाग। पुन. पर्वत के ऊपर का भाग। वि. थोड़ा नमा हुआ।
पब्भारा स्त्री [प्राग्भारा] दशा-विशेष, पुरुष की सत्तर से अस्सी वर्ष तक की अवस्था।
पब्भूअ वि [प्रभूत] उत्पन्न।
पब्भोअ पु [दे. प्रभोग] भोग, विलास।
पभ पु [प्रभ] हरिकान्त नामक इन्द्र का एक लोकपाल। द्वीप-विशेष और समुद्र-विशेष का अधिपति देव।
°पभ वि [प्रभ] सदृश, तुल्य।
°पभइ देखो °पभिइ।
पभंकर पु [प्रभङ्कर] ग्रह-विशेष, ज्योतिष-देव-विशेष। पुंन. देव-विमान।
पभंकर वि [प्रभाकर] प्रकाशक।
पभंकरा स्त्री [प्रभङ्करा] विदेह-वर्ष की एक नगरी का नाम। चन्द्र की एक अग्रमहिषी का नाम। सूर्य की एक अग्रमहिषी का नाम।
पभंकरावई स्त्री [प्रभङ्करावती] विदेह वर्ष की एक नगरी।
पभंगुर वि [प्रभङ्गुर] अति विनश्वर।
पभंजण पु [प्रभञ्जन] वायुकुमार-निकाय के उत्तर दिशा का इन्द्र। लवण-समुद्र के एक पाताल-कलश का अधिष्ठायक देव। मानुषोत्तर पर्वत के एक शिखर का अधिपति देव। °तणअ पु [°तनय] हनूमान्।
पभंसण न [प्रभ्रंशन] स्खलना।
पभकंत पु [प्रभकान्त] विद्युत्कुमार देवो के हरिकान्त और हरिस्सह नामक दोनो इन्द्रो के लोकपालो के नाम।
पभण सक [प्र+भण्] कहना, बोलना।
पभम सक [प्र+भ्रम्] भ्रमण करना, भटकना।
पभव अक [प्र+भू] समर्थ होना, पहुँचना। होना, उत्पन्न होना।
पभव पु [प्रभव] उत्पत्ति, जन्म, प्रसूति, प्रसव। प्रथम उत्पत्ति का कारण। एक जैन-मुनि, जम्बु-स्वामी का शिष्य।
पभवा स्त्री [प्रभवा] तृतीय वासुदेव की पटरानी।
पभा स्त्री [प्रभा] कान्ति, तेज। प्रभाव।
पभाइअ, पभाय पुंन [प्रभात] सुबह। वि. प्रकाशित। °तणय वि [°संबन्धिन्] प्रभात-सम्बन्धी।
पभार पु [प्रभार] प्रकृष्ट भार।
पभाव देखो पहाव = प्र+भावय्।
पभावई स्त्री [प्रभावती] उन्नीसवें जिनदेव की माता का नाम। रावण की एक पत्नी का नाम। उदायन राजर्षि की पटरानी और चेड़ा नरेश की पुत्री का नाम। बलदेव के पुत्र निषध की भार्या। राजा बल की पत्नी।
पभावग वि [प्रभावक] प्रभाव बढानेवाला,

शोभा की वृद्धि करनेवाला। उन्नति-कारक। गौरव जनक।

पभावय वि [प्रभावक] गौरव बढानेवाला।

पभावाल पु [प्रभावाल] वृक्ष-विशेष।

पभास सक [प्र+भाष्] बोलना, भाषण करना।

पभास अक [प्र+भास्] प्रकाशित होना।

पभास सक [प्र+भासय्] प्रकाशित करना।

पभास पु [प्रभास] भगवान् महावीर के एक गणधर का नाम। एक विकटापाती पर्वत का अधिष्ठाता देव। एक जैन मुनि का नाम। एक चित्रकार का नाम। न. तीर्थ-विशेष। देव-विमान-विशेष। °तित्थ न [°तीर्थ] तीर्थ-विशेष, भारतवर्ष की पश्चिम दशा मे स्थित एक तीर्थ।

पभासा स्त्री [प्रभासा] अहिंसा, दया।

पभिइ देखो पभिइ।

°पभिइ वि व [°प्रभृति] इत्यादि, वगैरह।

पभिइ
पभिई
पभीइ
पभीइ } अ [प्रभृति] प्रारम्भ कर, (वहाँ से) शुरू कर लेकर।

पभीय वि [प्रभीत] अत्यन्त डरा हुआ।

पभु पुं [प्रभु] इक्ष्वाकुवंश के एक राजा का नाम। स्वामी, मालिक। राजा। वि. समर्थ। योग्य, लायक।

पभुज सक [प्र+भुज्] भोग करना।

पभुति (पै) देखो पभिइं।

पभुत्त वि [प्रभुक्त] जिसने खाने का प्रारम्भ किया हो वह। जिसने भोजन किया हो वह।

पभूइ
पभूइं } देखो पभिइं।

पभूय वि [प्रभूत] प्रचुर, बहुत।

पभोय (अप) देखो उवभोग।

पमइल वि [प्रमलिन] अति मलिन।

पमक्खण न [प्रम्रक्षण] अभ्यञ्जन, विलेपन। विवाह के समय किया जाता एक तरह का उवटन।

पमक्खिअ वि [प्रम्रक्षित] विलिप्त। विवाह के समय जिसको उवटन किया गया हो वह।

पमज्ज सक [प्र+मृज्, मार्ज्] मार्जन करना, साफ-सुथरा करना, झाडू आदि से धूलि वगैरह को दूर करना।

पमज्जणिया
पमज्जणी } स्त्री [प्रमार्जनी] झाडू।

पमज्जय वि [प्रमार्जक] प्रमार्जन करनेवाला।

पमत्त वि [प्रमत्त] असावधान, प्रमादी। न. छठवाँ गुण-स्थानक। प्रमाद। °जोग पु [°योग] प्रमाद-युक्त चेष्टा। °संजय पुं [°सयत] प्रमादी साधु।

पमद देखो पमय।

पमदा देखो पमया।

पमद्द सक [प्र+मृद्] मर्दन करना। विनाश करना। कम करना। चूर्ण करना। रुई की पूणी—पूनी बनाना।

पमद्द प [प्रमर्द] ज्योतिष शास्त्र मे प्रसिद्ध एक योग। सघर्ष, समर्द। वि. मर्दन करने-वाला। विनाशक।

पमद्दय वि [प्रमर्दक] प्रमर्दन-कर्त्ता।

पमय पु [प्रमद] आनन्द। न धतूरे का फल। 'च्छी स्त्री ['ाक्षी] महिला। °वण न [°वन] राजा का अन्त.पुर-स्थित वह वन जहाँ राजा रानियो के साथ क्रीड़ा करे।

पमया स्त्री [प्रमदा] उत्तम स्त्री।

पमह पुं [प्रमथ] शिव का अनुचर। °णाह पुं [°नाथ] महादेव। °ाहिव पुं [°ाधिप] शिव।

पमा सक [प्र+मा] सत्य-सत्य ज्ञान करना।

पमा स्त्री [प्रमा] प्रमाण, परिमाण, न्याय।

पमा° देखो पमाय = प्रमाद।

पमाइ वि [प्रमादिन्] प्रमादी, बेदरकार।

पमाण सक [प्र+मानय्] विशेष रीति से

मानना, आदर करना ।
पमाण न [प्रमाण] यथार्थ ज्ञान । सत्य ज्ञान का साधन । जिससे नाप किया जाय वह । परिमाण । संख्या । न्याय-शास्त्र । पुंन सत्य रूप से जिसका स्वीकार किया जाय वह । माननीय, आदरणीय । सच्चा, ठीक-ठीक । °वाय पुं [°वाद] न्याय-शास्त्र, तर्क-शास्त्र । °संवच्छर पुं [°संवत्सर] वर्ष-विशेष ।
पमाण सक [प्रमाणय्] प्रमाण रूप से स्वीकार करना ।
पमाणिआ, पमाणी स्त्री [प्रमाणिका, प्रमाणी] छन्द-विशेष ।
पमाणीकर अक [प्रमाणी+कृ] प्रमाण करना, सत्य रूप से स्वीकार करना ।
पमाद देखो पमाय = प्र+मद् ।
पमाद देखो पमाय = प्रमाद ।
पमाय अक [प्र + मद्] प्रमाद करना ।
पमार पु [प्रमार] मरण का प्रारम्भ । बुरी तरह मारना ।
पमिय वि [प्रमित] परिमित, नापा हुआ ।
पमिलाण वि [प्रम्लान] अतिशय मुरझाया हुआ ।
पमिलाय अक [प्र + म्लै] मुरझाना ।
पमिल्ल अक [प्र + मील्] विशेष संकोच करना , सकुचना ।
पमीय° देखो पमा = प्र + मा का कर्म. ।
पमील देखो पमिल्ल ।
पमुइअ वि [प्रमुदित] हर्ष-प्राप्त ।
पमुंच सक [प्र + मुच्] परित्याग करना ।
पमुक्क वि [प्रमुक्त] परित्यक्त।
°पमुक्ख देखो °पमुह ।
पमुच्छिय पुं [प्रमूच्छित] नरकावास ।
पमुत्त देखो पमुक्क ।
पमुदिय देखो पमुइअ ।
पमुद्ध वि [प्रमुग्ध] अत्यन्त मुग्ध ।
पमुह वि [प्रमुख] तल्लीन दृष्टिवाला । पु. ग्रह-विशेष, ज्योतिष्क देव-विशेष । न. प्रकृष्ट आरम्भ, आदि, आपात ।
°पमुह वि. व. [°प्रमुख] वगैरह, आदि । प्रधान, श्रेष्ठ मुख्य ।
पमुहर वि [प्रमुखर] वाचाल ।
पमेइल वि [प्रमेदस्विन्] जिसके शरीर में चर्वी बहुत हो वह ।
पमेय वि [प्रमेय] प्रमाण-विषय, सत्य-पदार्थ ।
पमेह पुं [प्रमेह] मेह रोग, मूत्र-दोष, बहु-मूत्रता ।
पमोअ पुं [प्रमोद] आनन्द । राक्षस-वंश के एक राजा का नाम, एक लंका-पति ।
पमोक्ख° देखो पमुच ।
पमोक्ख पुंन [प्रमोक्ष] मुक्ति, निर्वाण । प्रत्युत्तर ।
पम्मलाअ अक [प्र+म्लै] अधिक म्लान होना ।
पम्माअ, पम्माइअ वि [प्रम्लान] विशेष म्लान, अत्यन्त मुरझाया हुआ । शुष्क ।
पम्माण वि [प्रम्लान] निस्तेज, मुरझाया हुआ । न. फीकापन, मुरझाना ।
पम्मि पुं [दे] हाथ ।
पम्मुक्क देखो पमुक्क ।
पम्मुह वि [प्राङ्मुख] पूर्व की ओर जिसका मुँह हो वह ।
पम्ह पुंन [पक्ष्मन्] आँख के बाल । पद्म आदि का केसर । सूत्र आदि का अत्यल्प भाग । पाँख । केश का अग्र-भाग । अग्र-भाग । महाविदेह वर्ष का एक विजय—प्रदेश । न. एक देव-विमान । °कंत न [°कान्त] एक देव-विमान का नाम । °कूड पु [°कूट] पर्वत-विशेष । न. ब्रह्मलोक नामक देवलोक का एक देव-विमान । पर्वत-विशेष का एक शिखर । °ज्झय न [°ध्वज] देव-विमान-विशेष । °प्पभ न [°प्रभ] ब्रह्मलोक का एक

देवविमान। °लेस, °लेस्स न [°लेश्य] ब्रह्मलोक-स्थित एक देव-विमान। °वण्ण न [°वर्ण] वही पूर्वोक्त अर्थ। °सिंग न [°शृङ्ग] वही अर्थ। °सिट्ठ न [°सृष्ट] वही पूर्वोक्त अर्थ। °ावत्त न [°ावर्त्त] वही अर्थ।

पम्ह देखो पउम। °गंध वि [°गन्ध] कमल की गन्ध। वि. कमल के समान गन्धवाला। °लेस वि [°लेश्य] पद्मा नामक लेश्या-वाला। °लेसा स्त्री [°लेश्या] पाँचवीं लेश्या, आत्मा का शुभतर परिणाम-विशेष। °लेस्स देखो °लेस।

पम्हअ सक [प्र + स्मृ] विस्मरण होना।

पम्हगावई स्त्री [पक्ष्मकावती] महाविदेह वर्ष का एक विजय, प्रदेश-विशेष।

पम्हट्ठ वि [प्रस्मृत] विस्मृत। जिसको विस्मरण हुआ हो।

पम्हट्ठ वि [दे] प्रभ्रष्ट, विलुप्त। प्रक्षिप्त।

पम्हय वि [पक्ष्मज] पक्ष्म से उत्पन्न। न. एक प्रकार का सूता।

पम्हर पु [दे] अपमृत्यु, अकाल मरण।

पम्हल वि [पक्ष्मल] सुन्दर पक्ष्म-युक्त।

पम्हल पुं [दे] किंजल्क, पद्म आदि का केसर।

पम्हलिय वि [दे. पक्ष्मलित] धवलित।

पम्हस सक [वि + स्मृ] भूल जाना।

पम्हा स्त्री [पद्मा] पद्म लेश्या, आत्मा का शुभतर परिणाम-विशेष। विजय क्षेत्र-विशेष।

पम्हार पु [दे] बेमौत मरण।

पम्हावई स्त्री [पक्ष्मावती] विजय-विशेष की एक नगरी। पर्वत-विशेष।

पम्हुट्ठ वि [दे] नाश-प्राप्त। विस्मृत।

पम्हुत्तरवडिंसग न [पक्ष्मोत्तरावतंसक] ब्रह्मलोक में स्थित एक देव-विमान।

पम्हुस सक [वि + स्मृ] भूलना।

पम्हुस सक [प्र + मृश्] स्पर्श करना।

पम्हुस सक [प्र + मुष्] चोरी करना।

पम्हुह सक [स्मृ] स्मरण करना।

पम्हुहण वि [स्मर्तृ] स्मरण करनेवाला।

पय सक [पच्] पकाना, पाक करना।

पय सक [पद्] जाना। जानना। विचारना।

पय पुंन [पयस्] दूध। जल। °हर देखो पओहर।

पय पुं [प्रज] प्राणी, जन्तु।

पय पुंन [पद] विभक्ति के साथ का शब्द। शब्द-समूह, वाक्य। पैर। पाद-चिह्न। पद्य का चौथा हिस्सा। निमित्त, कारण। स्थान। पदवी, अधिकार। शरण। प्रदेश। व्यवसाय। कूट, जाल-विशेष। °खेम न [°क्षेम] शिव, कल्याण। °त्थ पु [°स्थ] पदाति, पैदल। °पास पुं [°पाश] वागुरा, जाल आदि बन्धन। °रक्ख पुं [°रक्ष] प्यादा। °विग्गह पुं [°विग्रह] पदविच्छेद। °विभाग पुं. उत्सर्ग और अपवाद का यथा-स्थान निवेश, सामाचारी-विशेष। °वीढ देखो पायवीढ। °समास पुं. पदो का समुदाय। °ाणुसारि वि [°ानुसारिन्] एक पद से अनेक अनुक्त पदो का भी अनुसन्धान करने की शक्तिवाला। °ाणुसारिणी स्त्री [°ानुसारिणी] एक पद के श्रवण से दूसरे अश्रुत पदो का स्वयं पता लगानेवाली बुद्धि।

पय (अप) देखो पत्त = प्राप्त।

पय° देखो पया = प्रजा। °पाल वि. प्रजा का पालक। पुं. नृप-विशेष।

°पय वि [°प्रद] देनेवाला।

पयइ स्त्री [प्रकृति] संधि का अभाव।

पयइ देखो पगइ।

पयइंद पुं [पतगेन्द्र, पदकेन्द्र] वानव्यन्तर-जातीय देवो का इन्द्र।

पयई देखो पयवी।

पयंग पु [पतङ्ग] सूर्य। रग-विशेष, रञ्जन-द्रव्य-विशेष। शलभ, फतिंगा। पयय = पतग,

पदक, पदग । °वीहिया स्त्री [°वीथिका] शलभ का उड़ना । भिक्षा के लिए पतंग की तरह चलना, बीच में दो चार घरों को छोडते हुए भिक्षा लेना । °वीही स्त्री [°वीथी] वही पूर्वोक्त अर्थ ।

पयंचुल पुंन [प्रपञ्चुल] मत्स्यबन्धन-विशेष, मछली पकडने का एक प्रकार का जाल ।

पयंड वि [प्रचण्ड] अत्युग्र, तीव्र, प्रखर । भयानक, भयंकर ।

पयंड वि [प्रकाण्ड] अत्युग्र, उत्कट ।

पयंप अक [प्र + कम्प्] अतिशय काँपना ।

पयंप सक [प्र + जल्प्] कहना, बोलना । बकवाद करना ।

पयंस सक [प्र + दर्शय्] दिखलाना ।

पयक्क देखो पाइक्क ।

पयक्ख सक [प्रत्या + ख्या] प्रत्याख्यान करना, प्रतिज्ञा करना ।

पयक्खिण देखो पदक्खिण ।

पयक्खिणा देखो पदक्खिणा ।

पयग देखो पयय = पतग, पदक, पदग ।

पयच्छ सक [प्र + यम्] देना, अर्पण करना ।

पयट्ट अक [प्र + वृत्] प्रवृत्ति करना ।

पयट्ट वि [प्रवृत्त] जिसने प्रवृत्ति की हो वह । चलित ।

पयट्टय वि [प्रवर्त्तक] प्रवृत्ति करनेवाला ।

पयट्टावअ वि [प्रवर्त्तक] प्रवृत्ति करानेवाला ।

पयट्टाविअ वि [प्रवर्त्तित] प्रवृत्त किया हुआ ।

पयट्टिअ वि [दे] किसी कार्य मे लगाया हुआ ।

पयट्ठाण देखो पइट्ठाण ।

पयड सक [प्र + कटय्] प्रकट करना, व्यक्त करना । विख्यात होना ।

पयडि देखो पगइ ।

पयडि स्त्री [दे] मार्ग ।

पयडिय वि [प्रपतित] गिरा हुआ ।

पयडीकय वि [प्रकटीकृत] प्रकट किया हुआ ।

पयडीकर सक [प्रकटी + कृ] प्रकट करना ।

पयडीभूअ, पयडीहूअ वि [प्रकटीभूत] जो प्रकट हुआ हो ।

पयड्ढणी स्त्री [दे] प्रतीहारी । आकर्षण । महिषी ।

पयण देखो पवण ।

पयण देखो पडण ।

पयण, पयणग न [पचन, °क] पाक, पकाना । पकाने का पात्र । °साला स्त्री [°शाला] एक-स्थान ।

पयणु, पयणुअ वि [प्रतनु] कृश । सूक्ष्म । अल्प ।

पयण्णय देखो पइण्णग ।

पयत्त अक [प्र + यत्] प्रयत्न करना ।

पयत्त देखो पयट्ट = प्र + वृत ।

पयत्त पुं [प्रयत्न] चेष्टा, उद्यम, उद्योग ।

पयत्त वि [प्रदत्त, प्रत्त] दिया हुआ । अनुज्ञात, सम्मत ।

पयत्त देखो पयट्ट = प्रवृत्त ।

पयत्ताविअ वि [प्रवर्त्तित] प्रवृत्त किया हुआ ।

पयत्थ पुं [पदार्थ] शब्द का प्रतिपाद्य, पद का अर्थ । तत्त्व । वस्तु, चीज ।

पयन्न देखो पइण्ण = प्रकीर्ण ।

पयन्ना देखो पइण्णा ।

पयप्पण न [प्रकल्पन] कल्पना, विचार ।

पयय देखो पायय = प्राकृत ।

पयय वि [प्रयत] प्रयत्न-शील ।

पयय पु [पतग, पदक, पदग] वानव्यन्तर देवो की एक जाति । पतग देवो का दक्षिण दिशा का इन्द्र । °वइ पु [°पति] पतग देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र ।

पयय न [दे] अनिश, निरन्तर ।

पयर सक [स्मृ] स्मरण करना ।

पयर अक [प्र + चर्] प्रचार होना । फैलना व्याप्त होना, काम मे लगना ।

पयर पु [प्रकर] समूह, सार्थ, जत्था ।

पयर पुं [प्रदर] योनि का रोग-विशेष। विदारण, भंग। शर, बाण।
पयर देखो पइर = वप्।
पयर देखो पयार = प्रकार।
पयर देखो पयार = प्रचार।
पयर पुंन [प्रतर] पत्रक, पत्रा, पतरा। वृत्त पत्राकार आभूषण-विशेष। गणित-विशेष, सूची से गुणी हुई सूची। भेद-विशेष, वांस आदि की तरह पदार्थ का पृथग्भाव। °तप पुन [तपस्] तप-विशेष। °वट्ट न [°वृत्त] संस्थान-विशेष।
पयर न [प्रतर] गणित-विशेष, श्रेणी से गुनी हुई श्रेणी।
पयरण न [प्रकरण] प्रस्ताव, प्रसंग। एकार्थ-प्रतिपादक ग्रन्थ। एकार्थ-प्रतिपादक ग्रन्थांश।
पयरण न [प्रतरण] प्रथम दातव्य भिक्षा।
पयरिस देखो पयंस।
पयरिस देखो पगरिस।
पयल अक [प्र + चल्] चलना। स्खलित होना।
पयल देखो पयड = प्र + कटय्।
पयल देखो पयड = प्रकट।
पयल (अप) सक [प्र + चालय्] चलाना। गिराना।
पयल वि [प्रचल] चलायमान, चलनेवाला।
पयल पु [दे] नीड।
पयल° } स्त्री [दे. प्रचला] नीद। बैठे-बैठे
पयला } और खडे-खडे जो नीद आती है वह। जिसके उदय से बैठे-बैठे और खडे-खडे नीद आती है वह कर्म। °पयला स्त्री [दे. प्रचला] जिसके उदय से चलते-चलते निद्रा आती है वह कर्म। चलते-चलते आनेवाली नीद।
पयला अक [प्रचलाय्] निद्रा लेना।
पयलाइअ न [प्रचलायित] नीद के कारण बैठे-बैठे सिर का डोलना।
पयलाइया स्त्री [दे] हाथ से चलनेवाले जन्तु की एक जाति।
पयलाय देखो पयला = प्रचलाय्।
पयलाय पुं [दे] महादेव। साँप।
पयलायण न [प्रचलायन] देखो पयलाइअ।
पयलायभत्त पुं [दे] मोर।
पयलिअ देखो पयडिअ।
पयलिय वि [प्रदलित] तोडा हुआ।
पयल्ले सक [प्र = चालय्] चलायमान करना।
पयल्ल अक [प्र + सृ] पसरना, फैलना।
पयल्ल अक [क्रु] शिथिल करना, ढीला होना। लटकना।
पयल्ल वि [प्रसृत] फैला हुआ।
पयल्ल पुं [प्रकल्प] महाग्रह-विशेष।
पयव सक [प्र + तप्, तापय्] तपाना।
पयव सक [पा] पीना, पान करना।
पयवई स्त्री [दे] सेना, लश्कर।
पयवि स्त्री [पदवि] देखो पयवी।
पयवी स्त्री [पदवी] रास्ता। बिरुद, पदवी।
पयह सक [प्र + हा] त्याग करना, छोडना।
पयहिण देखो पदक्खिण = प्रदक्षिण।
पया सक [प्र + जनय्] प्रसव करना, जन्म देना।
पया सक [प्र + या] प्रस्थान करना।
पया स्त्री [दे] चुल्ली, चुल्हा।
पया स्त्री. व. [प्रजा] वशवर्त्ती मनुष्य, रैयत। जन-समूह। जन्तु-समूह। सन्तान वाली स्त्री। सन्तान। °णंद पुं [°नन्द] एक कुलकर पुरुष का नाम। °नाह पुं [°नाथ] राजा। °पाल पु. एक जैन मुनि जो पाँचवे बलदेव के पूर्वजन्म मे गुरु थे। °वइ पु [°पति] विधाता। प्रथम वासुदेव के पिता का नाम। रोहिणी-नक्षत्र का अधिष्ठायक देव। दक्ष, कश्यप आदि ऋषि। नरेश। रवि। अग्नि। त्वष्टा। पिता। कीट-विशेष। जामाता।

अहोरात्र का उन्नीसवाँ मुहूर्त्त ।

पयाइ पुं [पदाति] पाँव से (पैदल) चलनेवाला सैनिक ।

पयाग पुंन [प्रयाग] तीर्थ-विशेष, जहाँ गंगा और यमुना का संगम है ।

पयाण न [प्रदान] दान, वितरण ।

पयाण न [प्रतान] विस्तार ।

पयाण न [प्रयाण] प्रस्थान, गमन ।

पयाम देखो पकाम ।

पयाम न [दे] अनुपूर्व, क्रमानुसार ।

पयाय देखो पयाग ।

पयाय वि [प्रयात] जिसने प्रयाण किया हो वह ।

पयाय वि [प्रजात] उत्पन्न, संजात ।

पयाय वि [प्रजात, प्रजनित] प्रसूत, जिसने जन्म दिया हो वह ।

पयाय देखो पयाव = प्रताप ।

पयार सक [प्र + चारय्] प्रचार करना ।

पयार सक [प्र + तारय्] ठगना ।

पयार पुं [प्रकार] भेद, किस्म । ढंग, रीति, तरह ।

पयार पु [प्राकार] दुर्ग ।

पयार पु [प्रचार] सचार, सचरण । प्रसार । प्रकर्प-प्राप्ति । आचरण, आचार ।

पयाल पुं [पाताल] भगवान् अनन्तनाथजी का शासन-यक्ष ।

पयाव सक [प्र + तापय्] गरम करना ।

पयाव पुं [प्रताप] तेज, प्रखरता । प्रकृष्ट ताप, प्रखर ऊष्मा ।

पयावण न [पाचन] पकवाना, पाक करना ।

पयावण न [प्रतापन] तपाना । अग्नि ।

पयावि वि [प्रतापिन्] प्रताप-शाली । पुं. इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम ।

पयास सक [प्र + काशय्] व्यक्त करना । चमकाना । प्रसिद्ध करना ।

पयास देखो पगास = प्रकाश ।

पयास पुं [प्रयास] प्रयत्न, उद्यम ।

पयास (अप) नीचे देखो ।

पयासग वि [प्रकाशक] प्रकाश करनेवाला ।

पयासण न [प्रकाशन] प्रकाश-करण । वि प्रकाशक, प्रकाश करनेवाला ।

पयासय देखो पयासग ।

पयाहिण देखो पदक्खिण = प्रदक्षिण ।

पयाहिण देखो पदक्खिण = प्रदक्षिणय् ।

पयाहिणा देखो पदक्खिणा ।

पय्यवत्थाण (शौ) न [पर्यवस्थान] प्रकृति में अवस्थान ।

पर सक [भ्रम्] भ्रमण करना, घूमना ।

पर देखो प = प्र ।

पर वि. भिन्न, इतर । तत्पर, तल्लीन । श्रेष्ठ, प्रधान । प्रकृष्ट । उत्तरवर्त्ती । दूरवर्त्ती । अनात्मीय । पुं. शत्रु । न. फक्त । °उट्ठ वि [°पुष्ट] अन्य से पालित । पुं. कोकिल पक्षी । °उत्थिय वि [°तीर्थिक] भिन्न दर्शनवाला । °एस पुं [°देश] विदेश । °ओ अ [°तस्] बाद मे, परली—दूसरी तरफ । इतर मे । अन्य से । °गणिच्चय वि [°गणीय] भिन्न गण से सम्बन्ध रखनेवाला । °गरिहज्झाण न [°गर्हाध्यान] इतर की निन्दा का विचार । °घाय पुं [°घात] दूसरे को आघात पहुँचाना । पुन. जिसके उदय से जीव अन्य बलवानो की दृष्टि मे भी अजेय समझा जाता है वह कर्म । °चित्तण्णु वि [°चित्तज्ञ] अन्य के मन के भाव को जाननेवाला । °च्छद, °छद पु [°च्छन्द] अन्य का आशय । पराधीन । °जाणुअ वि [°ज्ञ] पर को जाननेवाला । प्रकृष्ट जानकार । °ट्ठ पु [°र्थ] परोपकार । °ट्ठा स्त्री [°र्थ] दूसरे के लिए । °णिंदज्झाण न [°निन्दाध्यान] अन्य की निन्दा का चिन्तन । °ण्णुअ देखो °जाणुअ । °तत वि [°तन्त्र] पराधीन । °तित्थिअ देखो

°उत्थिय। °तीर न. सामनेवाला किनारा। °त्त न [°त्व] पार्थक्य। वैशेषिक दर्शन में प्रसिद्ध गुण-विशेष। °त्त अ [°त्र] परलोक मे। न. जन्मान्तर। °त्थ अ [°त्र] जन्मान्तर में। °त्थ देखो °ट्ठ। °त्थी स्त्री [°स्त्री] परकीय स्त्री। °दार पुंन. परकीय स्त्री। °दारि वि [°दारिन्] परस्त्री-लम्पट। °पक्ख वि [°पक्ष] भिन्न धर्म का अनुयायी। °परिवाइय वि [°परिवादिक] पर-निन्दक। °परिवाय पु [°परिवाद] पर के गुण-दोषों का विप्रकीर्ण वचन। इतर के दोषो का परिकीर्त्तन। अन्य के सद्गुणो का अपलाप। °परिवाय पुं [°परिपात] अन्य का पातन, दोषोद्घाटन-द्वारा दूसरे को गिराना। °पुट्ठ देखो °उट्ठ। °भव पु. आगामी जन्म। °भविअ वि [°भविक] आगामी जन्म से सम्बन्ध रखनेवाला। °भाग पुं. श्रेष्ठ अंश। अन्य का हिस्सा। अत्यन्त उत्कर्ष। °महेला स्त्री. उत्तम स्त्री। परकीय स्त्री। °यत्त देखो °यत्त। °लोअ, °लोग पुं [°लोक] इतर जन, स्वजन से भिन्न। जन्मान्तर। °वस वि [°वश] परतन्त्र। °वाइ पुं [°वादिन्] इतर दार्शनिक। °वाय पुं [°वाद] इतर दर्शन, भिन्न मत। श्रेष्ठ वादी। °वाय पुं [°वाच्] सज्जन। वि. श्रेष्ठ वाणीवाला। °वाय वि [°वाज] श्रेष्ठ गतिवाला। पु. श्रेष्ठ अश्व। °वाय वि [°ावाय] जानकार, ज्ञानी। °वाय वि [°पाक] सुन्दर रसोई वनानेवाला। पुं. रसोइया। °वाय पुं [°पात] जुआडी। अशुभ समय। °वाय पु [°व्याद] ब्राह्मण। °वाय पु [°ावाय] धनाढ्य तन्तुवाय। °वाय वि [°व्रात] प्रकृष्ट समूहवाला। न. सुभिक्ष समय का धान्य। °वाय पु [°वात] ग्रीष्म समय का जलधि-तट। °वाय पुं [°व्याच] धूर्त्त। °वाय वि [°ापाय] अनीतिवाला। °वाय वि [°वाक] वेदज्ञ। °वाय वि [°पातृ] दयालु। खूब पान करनेवाला। खूब सूखनेवाला। पुं. प्रावृट् काल का यवास वृक्ष। मद्य-व्यसनी। °वाय वि [°वाद] सुस्थिर। °वाय वि [°व्यातृ] श्रेष्ठ आच्छादक। पुं. वस्त्र। °वाय वि [°वातृ] प्रकृष्ट वहन करनेवाला। पुं. उत्तम जुलाहा। महान् पवन। °वाय वि [°व्यागस्] गुरुतर अपराधी। °वाय वि [°व्याप] प्रकृष्ट विस्तारवाला। °वाय वि [°वाक] जहाँ पर प्रकृष्ट वक-समूह हो वह स्थान। न. मत्स्यपरिपूर्ण सरोवर। °वाय वि [°व्याय] श्रेष्ठ वायुवाला। जहाँ पर पक्षियो का विशेष आगमन होता हो वह। पुं. अनुकूल पवन से चलता जहाज। सुन्दर घर। वन-प्रदेश। °वाय वि [°ावाय] जहाँ पानी का प्रकृष्ट आगमन हो वह। न. समुद्र का मुँह। पुं. महासागर। °वाय वि [°व्याज] अन्य के पास-विशेष गमन करनेवाला। प्रार्थना-परायण। °वाय वि [°ापाय] अत्यन्त हीन-भाग्य। नित्य-दरिद्र। °वाय वि [°वाप] प्रकृष्ट वपनवाला। पुं. कृषक। °वाय वि [°पाप] महापापी। हत्या करनेवाला। °वाय पु [°ापाक] कुम्भकार। मुक्त जीव। पहली तीन नरक-भूमि। °वाय वि [°ापाग] वृक्ष-रहित। °वाय वि [°वाज्] शत्रु-नाशक। °वाय पुं [°पाद] महान् वृक्ष, बडा पेड़। °वाय वि [°पातृ] प्रकृष्ट पैरवाला। °वाय वि [°वाच] फलित शालि। °वाय वि [°ावाप] विशेष भाव से शत्रु की चिन्ता करनेवाला। पुं. अमात्य। योद्धा। °वाय वि [°ापात] जो प्रारम्भ मे ही सुन्दर हो वह। °वाय वि [°व्राय] श्रेष्ठ विवाहवाला। °वाय वि [°पाय] जिसकी रक्षा का उत्तम प्रबन्ध हो वह। अत्यन्त प्यासा। पुं. राजा। °वाय वि [°व्यात] इतर के पास विशेष वमन करने वाला। पुं. भिक्षुक, याचक। °वाय वि [°पायस्] दूसरे की रक्षा के लिए हथियार

रखनेवाला। पु. सुभट। °वाया स्त्री [°व्याजा] वेश्या। °वाया स्त्री [°व्यागस्] कुलटा। °वाया स्त्री [°व्यापा] अन्तिम समुद्र की स्थिति। °वाया स्त्री [°पाता] धूर्त्त-मैत्री। °वाया स्त्री[°व्राया] नृप-कन्या। °वाया स्त्री [°पागा] मरु-भूमि। °वाया स्त्री [°वाच्] कश्मीर-भूमि। °वाया स्त्री [°वाज्] नृप-स्थिति। °वाया स्त्री [°पात्] शतपदी, जन्तु-विशेष। °वाया स्त्री [°व्यावा] भेरी, वाद्य-विशेष। °विएस पुं [°विदेश] परदेश। °व्वस देखो °वस। °सतिग वि [°सत्क] परकीय। °समय पुं. इतर दर्शन का सिद्धान्त। °हुअ वि [°भृत] अन्य से पालित। पुंस्त्री. कोयल। °घाय देखो °घाय। °धीण देखो °हीण। °यत्त वि [°यत्त] पराधीन। °हीण वि [°धीन] परतन्त्र।

पर° देखो परा = अ।

परं अ [परम्] किन्तु। उपरान्त। केवल।

परं अ [परुत्] आगामी वर्ष।

परंग सक [परि + अङ्ग्] गति करना।

परंगमण न [पर्यङ्गन] पाँव से चलना।

परंगामण न [पर्यङ्गन] चलाना।

परंतम वि [परतम] अन्य का हैरान-कर्त्ता।

परंतम वि [परतमस्] अन्य पर क्रोध करनेवाला। अन्य-विषयक अज्ञानी।

परंतु अ [परन्तु] किन्तु।

परंदम वि [परन्दम] अन्यपीड़क। अन्य को शान्त करनेवाला। अश्व आदि को सिखानेवाला।

परंपर, परंपरग, परंपरय } वि [परम्पर] भिन्न-भिन्न। व्यवहित। पुंन. परम्परा, अविच्छिन्न धारा।

परंपरा स्त्री [परम्परा] अनुक्रम, परिपाटी। अविच्छिन्न धारा, प्रवाह। निरन्तरता। व्यवधान।

परंभरि वि [परम्भरि] दूसरे का पेट भरनेवाला।

परंमुह वि [पराङ्मुख] विमुख।

परकीअ, परकेर, परक्क } वि [परकीय] अन्य-सम्बन्धी।

परक्क न [दे] छोटा प्रवाह।

परक्कंत वि [पराक्रान्त] जिसने पराक्रम किया हो वह। अन्य से आक्रान्त। न. पराक्रम, बल। उद्यम, प्रयत्न।

परक्कम अक [परा + क्रम्] पराक्रम करना। सक. जाना। आसेवन करना। अक. प्रवृत्ति करना।

परक्कम पुं[पराक्रम] गर्त आदि से भिन्न मार्ग। पुंन. वीर्य, बल, सामर्थ्य। उत्साह। चेष्टा, प्रयत्न। शत्रु का नाश करने की शक्ति। पर-आक्रमण, पर-पराजय। गमन, गति। मार्ग।

परग न [दे परक] तृण-विशेष, जिससे फूल गूंथे जाते हैं। धान्य-विशेष।

परग वि [पारग] परग तृण का बना हुआ।

परगासय वि [प्रकाशक] प्रकाश करनेवाला।

परग्घ वि [परार्घ] बहुमूल्य।

परज्ज (अप) सक [परा + जि] हराना।

परज्झ वि [दे] पर-वश।

परट्ट देखो परिअट्ट = परिवर्त।

परडा स्त्री [दे] सर्प-विशेष।

परदारिअ पुं [पारदारिक] परस्त्री-लम्पट।

परद्ध वि [दे] पीड़ित, दुःखित। पतित। भीरु। व्याप्त।

परप्पर देखो परोप्पर।

परब्भवमाण देखो पराभव का वकृ.।

परभत्त वि [दे] डरपोक।

परभाअ पु [दे] मैथुन।

वेला स्त्री. समय । ज्वार, समुद्र के पानी की वृद्धि । समुद्र का किनारा । मर्यादा । वार । °उल न [°कुल] जहाजो के ठहरने का स्थान । °वासि पुं [°वासिन्] समुद्र-तट के समीप रहनेवाला वानप्रस्थ ।
वेलाइअ वि [दे] मृदु । गरीब ।
वेलाव (अप) सक [वि+लम्बय] देरी करना ।
वेलिल्ल वि [वेलावत्] वेला-युक्त ।
वेली स्त्री [दे] निद्राकरी लता । घर के चार कोणो मे रखा जाता छोटा स्तम्भ ।
वेलु देखो वेणु ।
वेलु पुं [दे] चोर । मुसल ।
वेलुंक वि [दे] विरूप, खराब, कुत्सित ।

वेलुग } पुंन [वेणुक] बेल का गाछ या
वेलुय } फल। बाँस। बाँसकरिला, वनस्पति-विशेष।

वेलुरिअ } देखो वेरुलिअ।
वेलुलिअ }

वेलूणा स्त्री [दे] लज्जा।

वेल्ल अक [वेल्ल्] काँपना। लेटना। सक. कँपाना। प्रेरना।

वेल्ल अक [रम्] क्रीड़ा करना।

वेल्ल पु [दे] केश। पल्लव। विलास। काम-पीड़ा। वि. मूर्ख। न. देखो वेल्लग।

वेल्लग न [दे] ऊपर से ढकी हुई एक तरह की गाडी। गाडी के ऊपर का तला।

वेल्लण न [वेल्लन] प्रेरणा।

वेल्लय देखो वेल्लग।

वेल्लरिअ पुं [दे] केश, बाल।

वेल्लरिआ स्त्री [दे] वल्ली, लता।

वेल्लरी स्त्री [दे] वेश्या, वारांगना।

वेल्लविअ देखो वेल्लिअ।

वेल्लविअ वि [दे] विलिप्त, पोता हुआ।

वेल्लहल } वि [दे] कोमल। विलासी।
वेल्लहल्ल } सुन्दर।

वेल्ला स्त्री [दे. वल्ली] लता, वल्ली।

वेल्लालअ वि [दे] संकुचित।

वेल्लि देखो वल्लि।

वेल्लिअ वि [वेल्लित] कँपाया हुआ। प्रेरित।

वेल्ली देखो वेल्लि।

वेव अक [वेप्] काँपना।

वेवज्झ न [वैवाह्य] शादी।

वेवण्ण न [वैवर्ण्य] फीकापन।

वेवय पुन [वेपक] रोग-विशेष, कम्प।

वेवाइअ वि [दे] उल्लास-प्राप्त।

वेवाहिअ वि [वैवाहिक] सम्बन्धी, विवाह-सम्बन्धवाला।

वेविअ वि [वेपित] कम्पित। पु. एक नरक-स्थान।

वेव्व अ [दे] आमन्त्रण-सूचक अव्यय।

वेव्व अ [दे] इन अर्थों का सूचक अव्यय—भय। वारण, रुकावट। विषाद। आमन्त्रण।

वेस पुं [वेष] शरीर पर वस्त्र आदि की सजावट।

वेस वि [द्वेष्य] विशेष रूप से वांछनीय।

वेस पु [वेष] विरोध, वैर, घृणा।

वेस वि [वेष्य] वेषोचित।

वेस वि [द्वेष्य] अप्रीतिकर। विरोधी।

वेस देखो वइस्स = वैश्य।

वेसइअ वि [वैषयिक] विषय से सम्बन्धी।

वेसपायण देखो वइसंपायण।

वेसंभ पुं [विश्रम्भ] विश्वास।

वेसंभरा स्त्री [दे] छिपकली।

वेसक्खिज्ज न [दे] द्वेष्यत्व, विराग, दुश्मनाई।

वेसण न [दे] वचनीय, लोकापवाद।

वेसण न [वेषण] जीरा आदि मसाला।

वेसण न [वेसन] चना आदि का आटा।

वेसमण पुं [वैश्रमण] यक्षराज, कुबेर। इन्द्र का उत्तर दिशा का लोकपाल। एक विद्याधर-नरेश। एक राजकुमार। एक सेठ। अहोरात्र का चौदहवाँ मुहूर्त। एक देव-विमान। क्षुद्र हिमवान् आदि पर्वतों के शिखरों का नाम। °काइय पु [°कायिक] वैश्रमण की आज्ञा में रहनेवाली एक देव-जाति। °दत्त पु. एक राजा। °देवकाइय पु [°देवकायिक] वैश्रमण के अधीनस्थ एक देव-जाति। °प्पभ पुं [°प्रभ] वैश्रमण का उत्पात-पर्वत। °भद्द पु [°भद्र] एक जैन मुनि।

वेसम्म न [वैषम्य] विषमता, असमानता।

वेसर पुस्त्री. पक्षि-विशेष। अश्वतर, खच्चर।

वेसलग पु [वृषल] शूद्र, अधम-जातीय मनुष्य।

वेसवण पु [वैश्रवण] देखो वेसमण।

वेसवाडिय पु [वेशवाटिक] एक जैन-मुनि-गण।

वेसवार पुं. धनिया आदि मसाला ।
वेसा देखो वेस्सा ।
वेसाणिय पुं [वैषाणिक] एक अन्तर्द्वीप । अन्तर्द्वीप-विशेष में रहनेवाली मनुष्य-जाति ।
वेसानर देखो वइसानर ।
वेसायण देखो वेसियायण ।
वेसालिअ वि [वैशालिक] समुद्र मे उत्पन्न । विशालाख्य जाति मे उत्पन्न । विशाल । पुं. भ० ऋषभदेव । भ० महावीर ।
वेसाली स्त्री [वैशाली] एक नगरी ।
वेसास देखो वीसास ।
वेसासिअ वि [वैश्वासिक, विश्वास्य] विश्वसनीय, विश्वास-पात्र ।
वेसाह देखो वइसाह ।
वेसाही स्त्री [वैशाखी] वैशाख मास की पूर्णिमा या अमावस ।
वेसि वि [द्वेषिन्] द्वेष करनेवाला ।
वेसिअ देखो वइसिअ ।
वेसिअ पुंस्त्री [वैशिक] वैश्य । न जैनेतर शास्त्र-विशेष, काम-शास्त्र ।
वेसिअ वि [वैषिक] वेष-सम्बन्धी ।
वेसिअ वि [व्येषित] विशेष रूप या विविध प्रकार से अभिलषित ।
वेसिट्ठ देखो वइसिट्ठ ।
वेसिणी स्त्री [दे] वेश्या, गणिका ।
वेसिया देखो वेस्सा ।
वेसियायण पुं [वैश्यायन] एक बाल तापस ।
वेसी स्त्री [वैश्या] वैश्य जाति की स्त्री ।
वेसुम पु [वेश्मन्] गृह ।
वेस्स देखो वइस्स = वैश्य ।
वेस्स देखो वेस = द्वेष्य ।
वेस्स देखो वेस = वेष्य ।
वेस्सा स्त्री [वेश्या] गणिका । ओषधि-विशेष, पाढ़ का गाछ ।
वेस्सासिअ देखो वेसासिअ ।
वेह सक [प्र + ईक्ष्] देखना ।
वेह सक [व्यध्] बीधना, छेदना ।
वेह पुं [वेध] वेधन, छेद । अनुबोध, अनुगम, मिश्रण । द्यूत-विशेष । अनुशय, अत्यन्त द्वेष ।
वेह पुं [वेधस्] विधि, विधाता ।
वेहम्म देखो वइधम्म ।
वेहल्ल पुं [विहल्ल] श्रेणिक का एक पुत्र ।
वेहव सक [वञ्च्] ठगना ।
वेहव न [वैभव] विभूति, ऐश्वर्य ।
वेहविअ पुं [दे] अनादर । वि क्रोधी ।
वेहविअ वि [वञ्चित] प्रतारित ।
वेहव्व न [वैधव्य] विधवापन ।
वेहाणस देखो वेहायस ।
वेहाणसिय वि [वैहायसिक] फाँसी आदि से लटक कर मरनेवाला ।
वेहायस वि [वैहायस] आकाश मे होनेवाला । फाँसी लगा कर मरना । पु राजा श्रेणिक का एक पुत्र ।
वेहारिय वि [वैहारिक] विहार-सम्बन्धी ।
वेहास न [विहायस्] आकाश । अन्तराल ।
वेहास देखो वेहायस ।
वेहिम वि [वैधिक, वेध्य] तोडने-योग्य, दो टुकडे करने-योग्य ।
वैउंठ देखो वेकुठ ।
वैभव देखो वेहव ।
वोअस देखो वोक्कस ।
वोइय वि [व्यपेत] वर्जित, रहित ।
वोट देखो विंट = वृन्त ।
वोकिल्ल वि [दे] गृह-शूर । झूठा-शूर ।
वोकिल्लिअ न [दे] चबी हुई चीज को पुनः चबाना ।
वोक्क सक [वि + ज्ञपय्] विज्ञप्ति करना ।
वोक्क सक [व्या + हृ, उद् + नद्] पुकारना, आह्वान करना ।
वोक्क सक [उद् + नट्] अभिनय करना ।
वोक्कंत वि [व्युत्क्रान्त] विपरीत क्रम से

स्थित। अतिक्रान्त। देखो वुक्कंत।

वोक्कस सक [व्यप+कृप्] ह्रास प्राप्त करना, कमी करना।

वोक्कस देखो वोक्कस।

वोक्कस देखो वुक्कस = व्युत्+कृप्।

वोक्का स्त्री [दे] वाद्य-विशेष। देखो वुक्का।

वोक्का स्त्री [व्याहृति] पुकार।

वोक्कार देखो वोक्कार।

वोक्ख देखो वोक्क = उद्+नद्।

वोक्खंदय पुं [अवस्कन्द] आक्रमण।

वोक्खारिय वि [दे] विज्ञपित।

वोगड वि [व्याकृत] कहा हुआ, प्रतिपादित। परिस्फुट।

वोगडा स्त्री [व्याकृता] प्रकट अर्थवाली भाषा।

वोगसिअ वि [व्युत्कर्षित] निष्कासित।

वोच / वोच्च सक [वद्] बोलना, कहना।

वोच्चत्थ वि [व्यत्यस्त] विपरीत।

वोच्चत्थ न [दे] विपरीत रत।

वोच्छ° वय = वच् का भवि. रूप।

वोच्छिंद सक [व्युत्, व्यव+छिद्] तोड़ना। खण्डित करना। विनाश करना। परित्याग करना।

वोच्छिण्ण देखो वोच्छिन्न।

वोच्छित्ति स्त्री [व्यवच्छित्ति] विनाश। °णय पुं [°नय] पर्याय-नय।

वोच्छिन्न देखो वुच्छिन्न।

वोच्छेअ / वोच्छेद पु [व्युच्छेद, व्यवच्छेद] उच्छेद। अभाव, व्यावृत्ति। प्रतिबन्ध। विभाग।

वोच्छेयण न [व्युच्छेदन] विनाश। परित्याग।

वोज्ज देखो वुज्ज।

वोज्ज सक [वीजय्] हवा करना।

वोज्जिर वि [त्रसितृ] डरनेवाला।

वोज्झ देखो वह का कवकृ. का रूप।

वोज्झ / वोज्झमल्ल पुं [दे] भार।

वोज्झर वि [दे] क्षीण। भीत, त्रस्त।

वोट्टि वि [दे] मग्न, लीन।

वोड वि [दे] दुष्ट। छिन्न-कर्ण। देखो बोड।

वोड्डी स्त्री [दे] तरुणी। कुमारी। देखो वोद्रह।

वोड्ड वि [दे] मूर्ख।

वोढ वि [ऊढ] वहन किया हुआ।

वोढ वि [दे] देखो वोड।

वोढव्व वह = वह् का कृ.।

वोढ वि [वोढ] वहन-कर्ता।

वोढुं वह = वह् का हेकृ.।

वोढूण अ [उढ्ढ्वा] वहन कर।

वोत्तव्व वय = वच् का कृ.।

वोत्तुआण अ [उक्त्वा] कह कर।

वोत्तुं वय का हेकृ।

वोत्तूण वय = वच् का संकृ.।

वोदाण न [व्यवदान] कर्मों का विनाश। शुद्धि, विशेष रूप से कर्म-विशोधन। तप। वनस्पति-विशेष।

वोद्रह वि [दे] तरुण स्त्री. °ही।

वोभीसण वि [दे] वराक। गरीब।

वोम न [व्योमन्] आकाश। °बिन्दु पुं. एक राजा का नाम।

वोमज्झ पं [दे] अनुचित वेश।

वोमिल पु [व्योमिल] एक जैन मुनि।

वोमिला स्त्री [व्योमिला] एक जैन मुनि-शाखा।

वोय पुं [वोक] एक देश का नाम।

वोरच्छ वि [दे] तरुण।

वोरमण न [व्युपरमण] हिंसा, प्राणि-वध।

वोरल्ली स्त्री [दे] श्रावण मास की शुक्ला चतुर्दशी। उसमें होनेवाला एक उत्सव।

वोरविअ वि [व्यपरोपित] जो मारा गया हो।

वोरुट्ठी स्त्री [दे] रुई से भरा हुआ वस्त्र ।
वोल अक [गम्] गति करना । गुजारना । सक. अतिक्रमण करना । अक. गुजरना । देखो वोल = व्यति + क्रम् ।
वोल देखो वोल = दे ।
वोलट्ट अक [व्युप + लुट्] छलकना ।
वोलाविअ वि [गमित] अतिक्रामित ।
वोलिअ, वोलीण वि [गत] गया हुआ । व्यतीत । अतिक्रान्त ।
वोल्ल सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना ।
वोल्लाह पु देश-विशेष । देश-विशेष मे उत्पन्न ।
वोवाल पु [दे] वृषभ ।
वोसग्ग पुं [व्युत्सर्ग] परित्याग ।
वोसग्ग, वोसट्ट अक [वि + कस] विकसना । बढ़ना ।
वोसट्ट सक [वि + कासय्] विकास करना । बढाना ।
वोसट्ट वि [विकसित] विकास-प्राप्त ।
वोसट्ट वि [दे] भर कर खाली किया हुआ ।
वोसट्ठ वि [व्युत्सृष्ट] परित्यक्त । परिष्कार-रहित । कायोत्सर्ग मे स्थित ।
वोसमिय वि [व्यवशमित] उपशमित ।
वोसर, वोसिर सक [व्युत् + सृज्] परित्याग करना ।
वोसिर वि [व्युत्सर्जन] छोड़नेवाला ।
वोसेअ वि [दे] उन्मुख-गत ।
वोहार न [दे] जल-वहन ।
वोहित्त न [वहित्र] जहाज, नौका । देखो वोहित्थ ।
व्युड पुं [दे] विट, भडुआ ।
व्रंद देखो वंद = वृन्द ।
व्रत्त (अप) वय = व्रत ।
व्राक्रोस (अप) पुं [व्याक्रोश] शाप । निन्दा । विरुद्ध चिन्तन ।
व्रागरण (अप) देखो वागरण ।
व्राडि (अप) पुं [व्याडि] संस्कृत व्याकरण और कोष का कर्ता एक मुनि ।
व्रास देखो वास = व्यास ।
व्व देखो इव ।
व्व देखो वा = अ ।
°व्वअ देखो वय = व्रत ।
व्ववसिअ देखो ववसिय = व्यवसित ।
°व्वाज देखो वाय = व्याज ।
°व्वावार देखो वावार = व्यापार ।
°व्वावुड देखो वावुड ।
°व्वाहि देखो वाहि ।
व्विव देखो इव ।
व्वे अ [दे] संबोधन सूचक अव्यय ।

श

शिआल (मा) पु [श्याल] बहू का भाई ।
श्चिट (मा) देखो चिट्ठ स्था ।

स

स पुं. व्यञ्जन वर्ण-विशेष, इसका उच्चारण-स्थान दाँत होने से यह दन्त्य कहा जाता है । °अण, °गण पुं. पिंगल-प्रसिद्ध एक गण, जिसमें प्रथम दो ह्रस्व और तीसरा गुरु अक्षर होता है । °गार° पुं [°कार] 'स' अक्षर ।

स देखो सं = सम् ।

स पुं [श्वन्] श्वान । °पाग पुं [°पाक] चाण्डाल । °मुहि पुस्त्री [°मुखि] कुत्ते की तरह आचरण । °वच पुं [°पच] चाण्डाल । °वाग, °वाय देखो °पाग ।

स अ [स्वर्] स्वर्ग ।

स वि [सत्] श्रेष्ठ । विद्यमान । °उरिस पुं [°पुरुष] श्रेष्ठ पुरुष, सज्जन । °क्कय वि [°कृत] सम्मानित । देखो °क्किअ । °क्कह वि [°कथ] सत्य-वक्ता । °क्किअ न [°कृत] सत्कार, सम्मान । देखो °क्कय । °ग्गइ स्त्री [°गति] उत्तम गति—स्वर्ग । मुक्ति । °ज्जण पुं [°ज्जन] सत्पुरुष । °त्तम वि सज्जनों में अतिश्रेष्ठ । °त्थाम न [°स्थामन्] प्रशस्त वल । °धम्मिअ वि [°धार्मिक] श्रेष्ठ-धार्मिक । °न्नाण न [°ज्ञान] उत्तम ज्ञान । °प्पभ वि [°प्रभ] सुन्दर प्रभावाला । °प्पुरिस पुं [°पुरुष] सज्जन, किंपुरुष-निकाय के दक्षिण दिशा का इन्द्र । श्रीकृष्ण । °प्फल वि [°फल] श्रेष्ठ फलवाला । °ब्भाव पु [°भाव] सम्भव, उत्पत्ति । सत्व, अस्तित्व । चित्त का अच्छा अभिप्राय । भावार्थ । विद्यमान पदार्थ । °ब्भावदायणा स्त्री [°भाव-दर्शन] प्रायश्चित्त के लिए निज दोष का गुर्वादि के समक्ष प्रकटीकरण । °ब्भाविअ वि [°भावित] सद्भाव-युक्त । °ब्भूअ वि [°भूत] सत्य, वास्तविक । विद्यमान । °याचार पुं [°आचार] प्रशस्त आचरण । °रूव वि [°रूप] प्रशस्त रूपवाला । °ल्लग पुं [°लग] प्रशस्त संवरण, इन्द्रिय-सयम । °वाय पुं [°वाद] प्रशस्त वाद । °वाया स्त्री [°वाच्] प्रशस्त वाणी ।

स पु [स्व] आत्मा, खुद । ज्ञाति । वि. आत्मीय । न धन । कर्म । °कडब्भि, °गडब्भि वि [°कृतभिद्] निज के किये हुए कर्मो का विनाशक । °जण पुं [°जन] ज्ञाति, सगा । आत्मीय लोग । °तंत वि [°तन्त्र] स्वाधीन । न. स्वकीय सिद्धान्त । °त्थ वि [°स्थ] तंदुरुस्त । सुख से अवस्थित । °पक्ख पुं [°पक्ष] सार्वमिक । तरफदार । अपना पक्ष । °पाय न [°पात्र] निज का नाम । °प्पभ वि [°प्रभ] निज से ही शोभनेवाला । °ब्भाव, °भाव पु. प्रकृति, निसर्ग । °भावन्नु वि [°भावज्ञ] स्वभाव का जानकार । °यण देखो °जण । °रूय, °रूव न [°रूप] स्वभाव । °संवेयण न [°संवेदन] स्वप्रत्यक्षज्ञान । °हाअ, °हाव देखो °भाव । °हाववाद पुं [°भाववाद] स्वभाव से ही सब कुछ होता है ऐसा माननेवाला मत । °हिअ न [°हित] निज का भला । वि. स्वहितकर ।

स° वि. सहित । समान । °अण्ह वि [°तृष्ण] उत्कण्ठित । °अर वि [°कर] कर-सहित । °अर वि [°गर] विष-युक्त । °इण्ह देखो °अण्ह । °उण वि [°गुण] गुण-युक्त । °उण्ण वि [°पुण्य] पुण्य-शाली । °ओस वि [°तोष] सन्तुष्ट । °ओस वि [°दोष] दोष-युक्त । °काम वि. मनोरथ-युक्त । °कामणिज्जरा स्त्री [°कामनिर्जरा] कर्म-निर्जरा का एक भेद । °काममरण न. पण्डित-मरण । °केय वि [°केत] गृहस्थ । प्रत्याख्यान-विशेष । °क्खर वि [°क्षर] विद्वान् । °गार वि [°गार] गृहस्थ । °गार वि [°कार] आकार-युक्त । °गुण वि. गुणी । °ग्ग वि [°ग्र] श्रेष्ठ । °ग्गह वि [°ग्रह] उपरक्त, ग्रहण-युक्त, दुष्ट ग्रह से आक्रान्त । °घिण वि [°घृण] दयालु । °चक्खु, °चक्खुअ वि [°चक्षुष, °चक्षुष्क] नेत्रवाला, देखता । °चित्त, °चेयण वि [°चेतन] चेतनावाला, सजीव । °च्चित्त देखो °चित्त । °जिय देखो °ज्जीअ । °जोइ वि [°ज्योतिष्] प्रकाश-युक्त । °जोणिय वि [°योनिक]

उत्पत्ति-स्थानवाला, संसारी। °ज्जीअ, °ज्जीव वि [°जीव] धनुष की डोरीवाला। सचेतन। न. कला-विशेष, मृत धातु वगैरह को सजीवन करने का ज्ञान। °ड्ढ वि [°ार्ध] डेढ़। °ड्ढकाल पुं [°ार्धकाल] पुरिमड्ढ तप। °णप्पय, °णप्फद, °णप्फय वि [°नखपद] नख-युक्त पैरवाला, सिंह आदि श्वापद जन्तु। °णाह वि [°नाथ] स्वामी-वाला। °त्तण्ह वि [°तृष्ण] तृष्णा-युक्त, उत्कण्ठित। °त्तर वि [°त्वर] त्वरा-युक्त, वेगवाला। न. शीघ्र। °द्ध वि [°ार्ध] डेढ़। °धवा स्त्री. सौभाग्यवती स्त्री। °नय वि. न्याययुक्त। °पक्ख वि [°पक्ष] पाँखवाला। सहायक, मित्र। समान पार्श्ववाला, दक्षिण आदि तरफ से जो समान हो वह। °पुन्न वि [°पुण्य] पुण्यशाली। °प्पभ वि [°प्रभ] प्रभायुक्त। °प्परिआव, °प्परिताव वि [°परिताप] सन्ताप से युक्त। °प्पिसल्लग वि [°पिशाचक] पिशाच-गृहीत, पागल। °प्पिवास वि [°पिपास] तृपातुर। °प्पिह वि [°स्पृह] स्पृहावाला। °प्फद वि[°स्पन्द] चलायमान। °प्फल, °फल वि. सार्थक। °ब्बल वि [°बल] बलवान्। °भल देखो °फल। °मण वि [°मनस्]। °मणक्ख वि [°मनस्क] मनवाला, विवेक-बुद्धिवाला। समान मनवाला, राग-द्वेष आदि से रहित। °मय वि [°मद] मद-युक्त। °महिड्ढिअ वि [°महर्द्धिक] महान् वैभववाला। °मिरि-ईअ, °मिरीय वि [°मरीचिक] किरण-युक्त। °मेर वि [°मर्याद] मर्यादा-युक्त। °यण्ह वि [°तृष्ण] तृष्णा-युक्त। °याण वि [°ज्ञान] सयाना, जानकार। °योगि वि [°योगिन्] व्यापार-युक्त, योगवाला। न. तेरहवाँ गुण-स्थानक। °रय वि [°रत] कामी। °रहस वि [°रभस] वेग-युक्त, उतावला। °राग वि. राग-सहित। °रागसंजत, °रागसंजय वि [°रागसंयत] वह साधु जिसका राग क्षीण न हुआ हो। °रूव वि [°रूप] समान रूपवाला। °लूण वि [°लवण] लावण्य-युक्त। °लोग वि [°लोक] समान। °लोण देखो °लूण। स्त्री. °लोणी। °वक्ख देखो °पक्ख। °वण वि [°व्रण] घाववाला। °वय वि [°वयस्] समान उम्रवाला। °वय वि [°व्रत] व्रती। °वाय वि [°पाद] सवा। °वाय वि [°वाद] वाद-सहित। °वास वि समान वासवाला, एक देश का रहनेवाला। °विज्ज वि [°विद्य] विद्यावान्। °व्वण देखो °वण। °व्ववेक्ख वि [°व्यपेक्ष] दूसरे की परवाह रखनेवाला, सापेक्ष। °व्वाव वि [°व्याप] व्याप्ति-युक्त। व्यापक। °व्विवर वि [°विवर] विवरण-युक्त, सविस्तर। °सक वि [°शङ्क]। °संकिअ वि [°शङ्कित] शंका-युक्त। °सत्ता स्त्री [°सत्त्वा] सगर्भा। °सिरिय, °सिरीय वि [°श्रीक] शोभा-युक्त। °सिह वि [°स्पृह] स्पृहावाला। °सिह वि [°शिख] शिखा-युक्त। °सूग वि [°शूक] दयालु। °सेस वि [°शेष] सावशेष। शेषनाग-सहित। °सोग, °सोगिल्ल वि [°शोक] दिलगीर, शोक-युक्त। °स्सिरिअ, °स्सिरीअ देखो °सिरिय।

सअ सक [स्वद्] प्रीति करना। चखना।

सअ न [सदस्] सभा।

सअअ न [दे] शिला। वि. घूर्णित।

सअक्खगत्त पु [दे] कितव, जुआरी।

सअज्जिअ, सअज्झिअ पुस्त्री [दे] प्रातिवेश्मिक, पडोसी। स्त्री. °आ। देखो सइज्झिअ।

सअडिआ देखो सगडिआ।

सअढ पुं [दे] लम्बा केश।

सअढ पु [शकट] दैत्य-विशेष। पुंन. गाड़ी। °ारि पु [°ारि] नरसिंह, श्रीकृष्ण। देखो

सगड।

सअर देखो स-अर = स-कर, स-गर।

सअर देखो सगर।

सआ अ [सदा] हमेशा। °चार पुं. निरन्तर गति।

सआ स्त्री [स्रज्] माला।

सइ देखो सआ = सदा।

सइ अ [सकृत्] एक बार।

सइ स्त्री [स्मृति] स्मरण, चिन्तन। °काल पुं. भिक्षा मिलने का समय।

सइ देखो स = स्व।

सइ देखो सय = शत। °कोडि स्त्री [°कोटि] एक अरब।

सइ देखो सइ = स्वयम्।

सइ° देखो सई = सती।

सइअ वि [शतिक] सौ का परिमाणवाला। देखो सइग।

सइअ वि [शयित] सुप्त।

सइएल्लय देखो स = स्व।

सइं देखो सइ = सकृत।

सइं देखो सयं = स्वयम्।

सइग वि [शतिक] सौ (रुपया आदि) की कीमत का।

सइज्झ, सइज्झिअ } पुंस्त्री [दे] पडोसी। स्त्री. °आ।

सइज्झिअ न [दे] पडोसीपन।

सइण्ण न [सैन्य] सेना।

सइत्तए सय = शी का हेकृ.।

सइदंसण, सइदिट्ठ } वि [दे. स्मृतिदर्शन] मनो-दृष्ट, विचार मे प्रतिभासित। वि [दे. स्मृतिदृष्ट] ऊपर देखो।

सइम वि [शततम] १०० वाँ।

सइर न [स्वैर] स्वेच्छा, स्वच्छन्दता। वि. मन्द, अलस। स्वैरी।

सइरवसह पुं [दे. स्वैरवृषभ] स्वच्छन्दी साँड़, धर्म के लिए छोड़ा जाता बैल।

सइरिणी स्त्री [स्वैरिणी] व्यभिचारिणी स्त्री।

सइल देखो सेल।

सइलंभ वि [दे. स्मृतिलम्भ] देखो सइ-दंसण।

सइलासअ, सइलासिअ } पुं [दे] मयूर।

सइव पु [सचिव] प्रधान, मन्त्री। सहाय। मददकर्ता। काला धतूरा।

सइसिलिंव पुं [दे] कार्तिकेय।

सइसुह वि [दे.स्मृतिसुख] देखो सइदंसण।

सई स्त्री [शची] इन्द्राणी। स° पुं [°श] इन्द्र। देखो सची।

सई स्त्री [सती] पतिव्रता स्त्री।

°सई स्त्री [°शती] सौ।

सईणा स्त्री [दे] अन्न-विशेष, तुवरी।

सउ, सउं } (अप) देखो सहु।

सउंत पु [शकुन्त] पक्षी। भास-पक्षी।

सउतला, सउंदला } स्त्री [शकुन्तला] विश्वामित्र ऋषि की पुत्री और राजा दुष्यन्त की पत्नी। (शौ)।

सउण वि [दे] रूढ, प्रसिद्ध।

सउण पुन [शकुन] शुभाशुभ-सूचक बाहु-स्पन्दन, काक-दर्शन आदि निमित्त। पुं. पक्षी। पक्षि-विशेष। °विउ वि [°विद्] सगुन का जानकार। °रुअ न [°रुत] पक्षी की आवाज। सगुन के परिज्ञान की कला।

सउण देखो स-उण = स-गुण।

सउणि पु [शकुनि] पक्षी। चील पक्षी। ज्योतिष-प्रसिद्ध एक स्थिरकरण जो कृष्ण चतुर्दशी की रात में सदा अवस्थित रहता है। नपुंसक-विशेष, चटक की तरह बारबार मैथुन-प्रसक्त क्लीब। दुर्योधन का मामा।

सउणिअ देखो साउणिअ।

सउणिआ
सउणिगा
सउणी } स्त्री [शकुनिका, °नी] पक्षी की मादा। पक्षि-विशेष की मादा।
सउण्ण देखो स-उण्ण = सपुण्य।
सउत्ती स्त्री [सपत्नी] सौत।
सउम पु. [सद्मन्] गृह। जल।
सउमार वि [सुकुमार] कोमल।
सउर पुं [सौर] शनैश्चर। यम। उदुम्बर का पेड। वि. सूर्य का उपासक। सूर्य-सम्बन्धी।
सउरि पु [शौरि] विष्णु, श्रीकृष्ण।
सउरिस देखो स-उरिस = सत्पुरुष।
सउल पु [शकुल] मत्स्य।
सउलिअ वि [दे] प्रेरित।
सउलिआ
सउली } स्त्री [दे. शकुनिका, °नी] चील पक्षी की मादा। एक महौषधि। °विहार पु. गुजरात के भरौच शहर का एक प्राचीन जैन मन्दिर।
सउह पु [सौध] राज-महल। न. चाँदी। पुं. पाषाण-विशेष। वि. सुधा-सम्बन्धी, अमृत का।
सएज्झिअ देखो सइज्झिअ।
सओस देखो स-ओस = स-तोष, सदोष।
सं अ [शम्] सुख, शर्म।
सं अ [सम्] इन अर्थों का सूचक अव्यय—प्रकर्ष। संगति। सुन्दरता, शोभनता। समुच्चय। योग्यता।
संक सक [शङ्क्] संशय करना। अक डरना।
संकंत वि [संक्रान्त] प्रतिबिम्बित। प्रविष्ट। प्राप्त। संक्रमणकर्ता। संक्रांति-युक्त। पिता आदि से दाय रूप से प्राप्त स्त्री का धन।
संकंति स्त्री [संक्रान्ति] संक्रमण, प्रवेश। सूर्य आदि का एक राशि से दूसरी राशि मे जाना।
संकंदण पुं [संक्रन्दन] इन्द्र।
संकट्टिअ वि [संकर्तित] काटा हुआ।
संकट्ठ वि [संकष्ट] व्याप्त।
संकट्ठ देखो सकिट्ठ।
संकड वि [संकट] संकीर्ण, कम चौड़ा, अल्प अवकाशवाला। विषम, गहन। न. दुःख।
संकडिल्ल वि [दे] निश्छिद्र।
संकड्ढिय वि [संकर्षित] आकर्षित।
संकप्प पु [संकल्प] अध्यवसाय, मन-परिणाम। संगत आचार, सदाचार। अभिलाप। °जोणि पु [°योनि] कामदेव।
संकम अक [सं + क्रम्] प्रवेश करना। गति करना।
संकम पुं [संक्रम] सेतु। संचार। जीव जिस कर्म-प्रकृति को बाँधता हो उसी रूप से अन्य प्रकृति के दल को प्रयत्न द्वारा परिणमाना।
संकमग वि [संक्रामक] संक्रमण-कर्ता।
संकमण न [संक्रमण] प्रवेश। संचार। चारित्र, संयम। देखो संकम का तीसरा अर्थ। प्रतिबिम्बन।
संकर पु [दे] रथ्या, मुहल्ला।
संकर पु [शङ्कर] शिव। वि. सुख करनेवाला।
संकर पुं. मिलावट। न्यायशास्त्र-प्रसिद्ध एक दोष। शुभाशुभ-रूप मिश्र भाव। अशुचि-पुंज।
संकरण न. अच्छी कृति।
संकरिसण पुं [संकर्षण] भारतवर्ष का भावी नववाँ बलदेव।
संकरी स्त्री [शङ्करी] विद्या-विशेष। देवी-विशेष। सुख करनेवाली।
संकल सक [सं + कलय्] संकलन करना, जोड़ना।
संकल पुन [शृङ्खल] सांकल, निगड। बेड़ी। सिकड़ी, आभूषण-विशेष।
संकलण न [संकलन] मिश्रता, मिलावट।
संकला स्त्री [शृङ्खल] देखो संकल =

शृङ्खल ।

संकलिअ वि [संकलित] एकत्र-किया हुआ । युक्त । योजित, जोडा हुआ । सगृहीत । न. संकलन, कुल जोड ।

संकलिआ स्त्री [सकलिका] परम्परा । संकलन । सूत्रकृताग सूत्र का पनरहवाँ अध्ययन ।

संकलिआ, संकली } स्त्री [शृङ्खलिका, °ली] साकल, सिकड़ी, जंजीर, निगड ।

संकहा स्त्री [सकथा] सभाषण, वार्तालाप ।

सका स्त्री [शङ्का] संशय । भय । °लुअ वि [°वत्] शकावाला ।

संकाम देखो संकम = सं + क्रम् ।

संकाम सक [स + क्रमय्] सक्रम करना, बँधी जाती कर्म-प्रकृति में अन्य प्रकृति के कर्म-दलो को प्रक्षिप्त कर उस रूप से परिणत करना ।

संकामण न [सक्रमण] सक्रम-करण । प्रवेश कराना । एक स्थान से दूसरे स्थान मे ले जाना ।

संकामणा स्त्री [संक्रमणा] सक्रमण, पैठ ।

संकामणी स्त्री [संक्रमणी] जिससे एक से दूसरे में प्रवेश किया जा सके वह विद्या ।

संकामिय वि [संक्रमित] एक स्थान से दूसरे स्थान मे नीत ।

संकार देखो सक्कार = संस्कार ।

संकास वि [सकाश]समान । पु एक श्रावक ।

संकासिया स्त्री [सकाशिका] एक जैन मुनि-शाखा ।

संकिट्ठ वि [संकृष्ट] विलिखित, जोता हुआ । खेती किया हुआ ।

संकिट्ठ देखो संकिलिट्ठ ।

संकिण्ण वि [संकीर्ण] सँकरा, तंग, अल्पावकाशवाला । व्याप्त । मिश्रित । पुं. हाथी की एक जाति ।

संकित्तण न [सकीर्तन] उच्चारण ।

सकिलिट्ठ वि [संक्लिष्ट] संक्लेश-युक्त ।

संकिलिस्स अक [सं + क्लिश] क्लेश पाना, दुःखी होना । मलिन होना ।

सकिलेस पुं [संक्लेश] असमाधि, दु ख, कष्ट, हैरानी । मलिनता ।

संकीलिअ वि [संकीलित] कील लगाकर जोडा हुआ ।

संकु पुं [शङ्कु] शल्य अस्त्र । कीलक । °कण्ण न [°कर्ण] एक विद्याधर-नगर ।

संकुइय वि [संकुचित] सकुचा हुआ, संकोच-प्राप्त । न. संकोच ।

संकुक पुं [शङ्कुक] वैताढ्य पर्वत की उत्तर श्रेणी का एक विद्याधर-निकाय ।

संकुका स्त्री [शङ्कुका] विद्या-विशेष ।

संकुच अक [सं + कुच्] सकुचना, संकोच करना ।

संकुड वि [सकुट] सँकरा, सकुचित ।

संकुद्ध वि [संक्रुद्ध] क्रोध-युक्त ।

संकुय देखो सकुच ।

संकुल वि. व्याप्त, पूर्ण भरा हुआ ।

सकुलि, सकुली° } देखो सक्कुलि ।

संकुसुमिअ वि [संकुसुमित] सुपुष्पित ।

सकेअ सक [सं + केतय्] इशारा करना । मसलहत करना ।

सकेअ पुं [संकेत] इशारा, इगित । प्रिय-समागम का गुप्त स्थान । वि. चिह्न-युक्त । न. प्रत्याख्यान-विशेष ।

संकेअ वि [साङ्केत] संकेत-सम्बन्धी । न. प्रत्याख्यापन-विशेष ।

संकेल्लिअ वि [दे] सकेला हुआ ।

संकेस देखो संकिलेस ।

संकोअ सक [सं + कोचय्] समेटना, संकुचित करना ।

संकोड पुं [संकोट] सकोडना, संकोच ।

संख पुंन [शङ्ख] शंख । पु. ज्योतिष्क ग्रह-

विशेष। महाविदेह वर्ष का प्रान्त-विशेष, विजय क्षेत्र-विशेष। नव निधि में एक निधि, जिसमे विविध तरह के बाजो की उत्पत्ति होती है। लवण समुद्र मे स्थित वेलन्धर-नागराज का एक आवास-पर्वत। उसका अधिष्ठाता देव। भ० मल्लिनाथ के समय काशी का राजा। भ० महावीर के पास दीक्षित एक काशी-नरेश। तीर्थंकर-नामकर्म उपार्जित करनेवाला भ० महावीर का एक श्रावक। नववे बलदेव का पूर्वजन्मीय नाम। एक राजा। एक राज-पुत्र। रावण का एक सुभट। छन्द-विशेष। एक द्वीप। एक समुद्र। शंखवर द्वीप का एक अधिष्ठायक देव। पुन. ललाट की हड्डी। नखी नाम का एक गन्ध-द्रव्य। कान के समीप की एक हड्डी। एक नाग-जाति। हाथी के दाँत का मध्य भाग। दस निखर्व की संख्यावाला। आँख के समीप का अवयव। °उर देखो °पुर। °णाभ पु [°नाभ] ज्योतिष्क महाग्रह-विशेष। °णारी स्त्री [°नारी] छन्द-विशेष। °धमग पु [°ध्मायक] वानप्रस्थ की एक जाति। °धर पुं. श्रीकृष्ण, विष्णु। °पाल देखो °वाल। °पुर न एक विद्याधर-नगर। गुजरात का सखेश्वर नगर। °पुरी स्त्री. कुरुजंगल देश की प्राचीन राजधानी, अहिच्छत्रा। °माल पुं. वृक्ष की एक जाति। °वण न [°वन] एक उद्यान। °वण्णाभ पुं [°वर्णाभ] ज्योतिष्क महाग्रह-विशेष। °वन्न पुं [°वर्ण] ज्योतिष्क महाग्रह-विशेष। °वन्नाभ देखो °वण्णाभ। °वर पुं. एक द्वीप। एक समुद्र। °वरोभास पुं [°वरावभास]एक द्वीप। एक समुद्र। °वाल पु [°पाल] नाग-कुमार-देवों के धरण और भूतानन्द नामक इन्द्रो के एक लोकपाल। °वालय पुं [°पालक] जैनेतर दर्शन का एक अनुयायी। आजीविक मत का एक उपासक। °ल्लग वि [°वत्] शंखवाला। °ावई स्त्री [°ावती] नगरी-विशेष।

संख वि [संख्य] संख्यात।

संख न [सांख्य] कपिलमुनि-प्रणीत दर्शन। वि. साख्य मत का अनुयायी।

संख पु [दे] मागध, स्तुति-पाठक।

संखइम वि [सख्येय] जिसकी संख्या हो सके वह।

संखड न [दे] कलह, झगडा।

संखडि स्त्री [दे] विवाह आदि मे नातेदार आदि को दिया जाता भोज, जेवनार।

संखडि स्त्री [सस्कृति] ओदन-पाक।

संखणग पु [शङ्खनक] छोटा शख।

संखद्रह पुं [दे] गोदावरी ह्रद।

संखबइल्ल पु [दे] कृषक के इच्छानुसार उठ कर खड़ा होनेवाला बैल।

संखम वि [संक्षम] समर्थ।

संखय पुं [संक्षय] क्षय, विनाश।

संखय वि [संस्कृत] संस्कार-युक्त।

संखलय पुं [दे]शम्बूक, शुक्ति के आकारवाला जल-जन्तु-विशेष।

संखला देखो संकला।

संखलि पुंस्त्री [दे] कर्ण-भूषण-विशेष, शंख-पत्र का बना हुआ ताडंक।

संखव सक [सं + क्षपय्] विनाश करना।

संखा सक [सं + ख्या] गिनती करना। जानना।

संखा अक [सं + स्त्यै] आवाज करना। संहत होना, सान्द्र होना, निविड बनना।

संखा स्त्री. [संख्या] प्रज्ञा। ज्ञान। निर्णय। गिनती। व्यवस्था। °ईअ वि[°तीत]असंख्य। °दत्तिय वि [°दत्तिक] उतनी ही भिक्षा लेने का व्रतवाला संयमी, जितनी कि अमुक गिने हुए प्रक्षेपो से प्राप्त हो जाय।

संखाण न [सख्यान] गिनती, संख्या। गणित-शास्त्र।

संखाय वि [संस्त्यान] सान्द्र, निविड़।

संघयण न [दे.संहनन] शरीर। अस्थि-रचना, शरीर का बाँध। अस्थिरचना का कारण-भूत कर्म।

संघयणि वि [दे.संहननिन्] संहननवाला।

संघरिस देखो संघंस।

संघस } सक [सं + घृष्] संघर्ष करना।
संघस्स }

संघाइअ } [संघातित] संघात रूप से
संघाइम } [संघातम] निष्पन्न। जोड़ा हुआ। इकट्ठा किया हुआ।

संघाड देखो संघाय = संघात।

संघाड } पु [दे.संघाट] युग्म। प्रकार।
संघाडग } ज्ञाताधर्म-कथा का दूसरा अध्ययन।

संघाडग देखो सिंघाडग।

संघाडणा स्त्री [संघटना] सवन्ध। रचना।

संघाडी स्त्री [दे. संघाटी] युग्म। उत्तरीय वस्त्र-विशेष।

संघाणय पुं [शिङ्घानक] श्लेष्मा।

संघातिम देखो संघाइम।

संघाय सक [सं+घातय्] संहत करना, इकट्ठा करना, मिलाना। हिंसा करना।

संघाय पुं [सघात] संहति, निविड़ता। समूह, जत्था। वज्रऋषभ-नाराच नामक शरीर-बन्ध। श्रुतज्ञान का एक भेद। संकोच। न. नामकर्म-विशेष, जिसके उदय से शरीरयोग्य पुद्गल पूर्व-गृहीत पुद्गलो पर व्यवस्थित रूप से स्थापित होते हैं। °समास पु. श्रुतज्ञान का एक भेद।

संघायणा स्त्री [संघातना] सहति। °करण न प्रदेशो को परस्पर संहत रूप से रखना।

संघार पुं [संहार] प्रलय। नाश। संक्षेप। विसर्जन। नरक-विशेष। भैरव-विशेष।

संघार (अप) देखो संहर = सं + हृ।

संघासय पुं [दे] स्पर्धा, वरावरी।

संघिअ देखो संधिअ = सहित।

संघिल्ल वि [संघवत्] संघ-युक्त, समुदित।

संघोडी स्त्री [दे] व्यतिकर, सम्बन्ध।

संच (अप) देखो सचिण।

संच (अप) पुं [संचय] परिचय।

संचइ } वि [संचयिन्] संचयवाला।
संचइग }

संचक्कार पुं [दे] अवकाश।

संचत्त वि [सत्यक्त] परित्यक्त।

संचय पुं. सग्रह। समूह। संकलन, जोड़। °मास पुं. प्रायश्चित-सम्बन्धी मास-विशेष।

संचर अक[सं + चर्] चलना। सम्यग् गति करना। धीरे-धीरे चलना।

संचलण न [संचलन] संचार गति।

संचलिअ वि [संचलित] चला हुआ।

संचल्ल सक [सं + चल्] चलना, गति करना।

संचल्ल (अप) देखो संचलिय।

संचाय अक [सं + शक्] समर्थ होना।

संचाय पुं [संत्याग] परित्याग।

संचार सक [सं + चारय्] संचार या गति कराना।

संचारिम वि [संचारिम] संचार-योग्य।

संचारी स्त्री. [दे] दूत-कर्म करनेवाली स्त्री।

संचाल सक [स + चालय्] चलाना।

संचिअ वि [संचित] सगृहीत।

संचिंतण न [संचिन्तन] चिन्तन, विचार।

सचिक्ख अक [सं + स्था] रहना, ठहरना, अच्छी तरह रहना, समाधि से रहना।

सचिट्ठ देखो सचिक्ख।

संचिट्ठण न [सस्थान] अवस्थान।

सचिण सक [सं + चि] सग्रह करना। उपचय करना।

संचिन्न वि [संचीर्ण] आचरित।

संचुण्ण सक [सं + चूर्णय्] चूर-चूर करना। खड-खंड करना, टुकडा-टुकड़ा करना।

संचेयणा स्त्री [संचेतना] भान।

संचोइय वि [संचोदित] प्रेरित।

संछइय } वि [संछन्न] ढका हुआ।
संछण्ण }
संछाय सक [सं + छादय्] ढकना।
संछुह सक [सं+क्षिप्] एकत्रित कर छोड़ना, इकट्ठा करना।
संछोभ पुं [संक्षेप] अच्छी तरह फेंकना।
संछोभग वि [संक्षेपक] प्रक्षेपक।
संछोभण न [संक्षेपण] परावर्तन।
सजइ पुस्त्री [संयति] उत्तम साधु।
संजई स्त्री [संयती] साध्वी।
संजणग वि [संजनक] उत्पन्न करनेवाला।
संजणण न [संजनन] उत्पत्ति। वि. उत्पन्न करनेवाला। स्त्री. °णी।
संजणय देखो संजणग।
संजणिय वि [संजनित] उत्पादित।
संजत्त सक [दे] तैयार करना।
संजत्ता स्त्री [संयात्रा] जहाज की मुसाफिरी।
संजत्ति स्त्री [दे] तैयारी। देखो संजुत्ति।
सजत्तिअ वि [दे] तैयार किया हुआ।
संजत्तिअ } वि [सांयात्रिक] जहाज से
संजत्तिग } यात्रा करनेवाला, समुद्र-मार्ग का मुसाफिर।
संजत्थ वि [दे] कुपित। पुं. क्रोध।
संजद देखो संजय = संयत।
संजम अक [सं + यम्] निवृत्त होना। प्रयत्न करना। व्रत-नियम करना। सक बाँधना। काबू मे करना।
संजम सक [दे] छिपाना।
संजम पुं [संयम] चारित्र, व्रत, विरति, हिंसादि पाप-कर्मो से निवृत्ति। शुभ अनुष्ठान। रक्षा, अहिंसा। इन्द्रिय-निग्रह। बन्धन। काबू। °ासंजम पु [°ासयम] श्रावक-व्रत।
संजय अक [सं+यत्] सम्यक् प्रयत्न करना। सक. अच्छी तरह प्रवृत्त करना।
संजय वि [सयत] साधु, व्रती। °पंता स्त्री [°प्रान्ता] साधु को उपद्रव करनेवाली देवी आदि। °भद्दिगा स्त्री [°भद्रिका] साधु के अनुकूल रहनेवाली देवी आदि। °ासंजय वि [°ासंयत] किसी अंश में व्रती और किसी अंग मे अव्रती, श्रावक।
संजय पुं. भ० महावीर के पास दीक्षित एक राजा।
संजयंत पुं [संजयन्त] एक जैन मुनि। °पुर न. नगर-विशेष।
संजर पु [संज्वर] ज्वर।
संजल अक [सं+ज्वल्] जलना। आक्रोश करना। क्रुद्ध होना।
सजलण वि [सज्वलन] प्रतिक्षण क्रोध करनेवाला। पु. कपाय-विशेष।
संजलिअ पु [संज्वलित] तीसरी नरक-भूमि का एक नरक-स्थान।
संजल्ल (अप) देखो संजल।
संजव देखो संजम = सं + यम्।
संजव देखो सजम = (दे)।
संजा देखो संणा।
संजाणय वि [संज्ञायक] विज्ञ, जानकार
सजात }
संजाद } वि [संजात] उत्पन्न।
सजाय }
संजाय अक [सं+जन्] उत्पन्न होना।
सजीवणी स्त्री [संजीवनी] मरते हुए को जीवित करनेवाली औषधि। जीवित-दात्री नरक-भूमि।
संजीवि वि [संजिविन्] जीवित करनेवाला।
संजुअ वि [संयुत] सहित, सयुक्त।
संजुअ न [संयुग] लड़ाई। नगर-विशेष।
संजुज सक [स+युज्] जोड़ना।
संजुत न [संयुत] छन्द-विशेष। संजुअ = सयुत।
संजुता स्त्री [संयुता] छन्द-विशेष।
संजुत्त वि [संयुक्त] संयोगवाला।
संजुत्ति स्त्री [दे] तैयारी। देखो संजत्ति।
संजुद्ध वि [दे] स्पन्द-युक्त, फरकनेवाला।

संजूह पुं [संयूथ] उचित समूह। सामान्य। संक्षेप, समास। ग्रन्थरचना। दृष्टिवाद के अठासी सूत्रों मे एक सूत्र।

संजोअ सक [सं+योजय्] संयुक्त करना, सम्बद्ध करना, मिश्रण करना।

संजोअ सक [सं+दृश्] निरीक्षण करना।

संजोअ पुं [संयोग] सम्बन्ध, मेल-मिलाप, मिश्रण।

संजोअण न [संयोजन] जोडना। वि. जोड़नेवाला। कषाय-विशेष, अनन्तानुबन्धि नामक क्रोधादि-चतुष्क। °धिकरणिया स्त्री [°ाधिकरणिकी] खड्ग आदि को उसकी मूठ आदि से जोड़ने की क्रिया।

संजोअणा स्त्री [संयोजना] मिलान। भिक्षा का एक दोष, स्वाद के लिए भिक्षा-प्राप्त चीजो को आपस मे मिलाना।

संजोग देखो सजोअ = सयोग।

संजोगेत्तु वि [संयोजयितृ] जोड़नेवाला।

संजोत्त (अप) देखो संजोअ = सं + योजय्।

संझ° नीचे देखो। °च्छेयावरण वि [°च्छेदावरण] सन्ध्याविभाग का आवारक। पुं. चन्द्र। °प्पभ पुन [°प्रभ] शक्र के सोम-लोकपाल का विमान।

संझा स्त्री [सन्ध्या] साँझ। दिन और रात्रि का सधि-काल। नदी-विशेष। ब्रह्मा की एक पत्नी। मध्याह्नकाल। °गय न [°गत] जिस नक्षत्र मे सूर्य अनन्तर काल में रहने-वाला हो वह नक्षत्र। सूर्य जिसमे हो उससे चौदहवाँ या पनरहवाँ नक्षत्र। जिसके उदय होने पर सूर्य उदित हो वह नक्षत्र। सूर्य के पीछे के या आगे के नक्षत्र के बाद का नक्षत्र। °छेयावरण देखो संझ-च्छेयावरण। °णुराग पु [°नुराग] साँझ के बादल का रंग। °वली स्त्री. एक विद्याधर-कन्या। °विगम पुं. रात्रि। °विराग पु साँझ का समय।

संझाअ सक [सं+ध्यै] ख्याल करना, चिन्तन करना, ध्यान करना।

संझाअ अक [संध्याय्] संध्या की तरह आचरण करना।

संटंक पुं [संटङ्क] अन्वय, सम्बन्ध।

संठ वि [शठ] धूर्त, मायावी।

संठ (चूपै) देखो संढ।

सठप्प } सक [सं+स्थापय्] रखना, सठव } स्थापना करना। आश्वासन देना। उद्वेग-रहित करना।

संठा अक [सं+स्था] रहना, अवस्थान करना। स्थिति करना।

संठाण न [संस्थान] आकृति। जिसके उदय से शरीर का शुभ या अशुभ आकार होता है वह कर्म। संनिवेश, रचना।

संठाव देखो संठव।

संठिअ वि [संस्थित] रहा हुआ, सम्यक् स्थित। न. आकार।

सठिइ स्त्री [संस्थिति] व्यवस्था। अवस्था। स्थिति।

संड पु [शण्ड, षण्ड] वृषभ। पुन. पद्म आदि का समूह, वृक्ष आदि की निविड़ता। पुं. नपुंसक।

सडास पुंन. [संदंश] यन्त्र-विशेष, सँड़सी, चिमटा। जाँघ और ऊरु के बीच का भाग। °तोंड पु [°तुण्ड] सँड़सी की तरह मुखवाला पाँखी।

संडिज्झ } न [दे] बालको का क्रीड़ा-स्थान।
सडिब्भ }

संडिल्ल पुं [शाण्डिल्य] देश-विशेष। एक जैन मुनि। एक ब्राह्मण का नाम। देखो सडेल्ल।

संडी स्त्री [दे] वल्गा, लगाम।

संडेय पुं [षाण्डेय] षंढ-पुत्र, षंढ, नपुंसक।

संडेल्ल न [शाण्डिल्य] गोत्र-विशेष। पुंस्त्री. उस गोत्र मे उत्पन्न। देखो संडिल्ल।

संडेव पुं [दे] पानी में पैर रखने के लिए रखा जाता पाषाण आदि ।
संडेवय (अप) देखो संडेय ।
संडोलिअ वि [दे] अनुगत, अनुयात ।
संढ पुं [षण्ढ] नपुंसक ।
संढो स्त्री [दे] साँढनी, ऊँटनी ।
संढोइय वि [संढौकित] उपस्थापित ।
संण वि [सज्ञ] जानकार ।
संणक्खर देखो सनक्खर ।
संणज्ज न [सांनाय्य] मन्त्र आदि से सस्कारा जाता घी वगैरह ।
संणज्झ अक [स+नह्] कवच धारण करना । अक. तैयार होना ।
संणडिअ वि [संनटित] व्याकुल किया हुआ, विडम्बित ।
संणद्ध वि [संनद्ध] संनाह-युक्त, कवचित ।
संणय देखो सनय ।
संणवणा स्त्री. [संज्ञापना] संज्ञप्ति, विज्ञापन ।
संणा स्त्री. [सज्ञा] आहार आदि का अभिलाप । मति । सकेत । आख्या, नाम । सूर्य की पत्नी । गायत्री । विष्ठा, पुरीष । सम्यग् दर्शन । सम्यग् ज्ञान । °इअ वि [°कृत] फरागत गया हुआ । °भूमि स्त्री. पुरीपोत्सर्जन की जगह ।
संणामिय वि [सनामित] अवनत-कृत ।
सणाय वि [सज्ञात] ज्ञात, नात का आदमी । स्वजन, सगा । पहिचाना हुआ ।
संणास पु [संन्यास] संसार-त्याग, चतुर्थ आश्रम ।
संणाह सक [सं+नाहय्] युद्ध-सज्ज करना ।
संणाह पुं [सनाह] युद्ध की तैयारी । कवच । °पट्ट पु. शरीर पर बाँधने का वस्त्र-विशेष ।
संणाहिय वि [सांनाहिक] युद्ध की तैयारी से सम्बन्ध रखनेवाला ।
संणि वि [संज्ञिन्] सज्ञावाला । मनवाला प्राणी । श्रावक । सम्यक्त्वी, जैन । न. वासिष्ठ गोत्र की शाखा । पुंस्त्री. उस गोत्रमें उत्पन्न ।
संणिक्खित्त देखो संनिक्खित्त ।
संणिगास देखो संणियास ।
संणिगास देखो सनिगास = संनिकर्ष ।
संणिचय देखो संनिचय ।
सणिच्चिय देखो संनिच्चिय ।
सणिज्झ देखो संनिज्झ ।
संणिणाय देखो सनिनाय ।
सणिधाइ देखो संणिहाइ ।
सणिधाण देखो संनिहाण ।
संणिपडिअ वि [संनिपतित] गिरा हुआ ।
संणिभ देखो संनिभ ।
संणिय वि [सज्ञित] जिसको इशारा किया गया हो वह ।
संणियास पु [संनिकाश] देखो संनियास ।
सणिरुद्ध वि [संनिरुद्ध] रुका हुआ । नियन्त्रित ।
संणिरोह पुं [सनिरोध] रुकावट ।
सणिवय अक [सनि+पत्] पडना ।
सणिवाय पु [सनिपात] सम्बन्ध । सयोग ।
संणिविट्ठ देखो सनिविट्ठ ।
संणिवेस देखो सनिवेस ।
सणिसिज्जा, सणिसेज्जा } देखो सनिसिज्जा ।
सणिह देखो सनिह ।
सणिहाइ वि [सनिधायिन्] समीप-स्थायी ।
सणिहाण देखो सनिहाण ।
संणिहि देखो सनिहि ।
संणिहिअ वि [सनिहित] सहायता के लिए समीप-स्थित, निकट-वर्ती । पु. अणपन्नि देवों के दक्षिण दिशा का इन्द्र ।
संणेज्झ देखो सनेज्झ ।
संत देखो स = सत् ।
संत वि [शान्त] क्रोध-रहित । पुं. रस-विशेष ।
संत वि [श्रान्त] थका हुआ ।
संतइ स्त्री [संतति] संतान, अपत्य । अवि-

च्छिन्न धारा, प्रवाह ।
संतच्छण न [संतक्षण] छिलना ।
सतच्छिअ वि [संतक्षित] छिला हुआ ।
संतट्ठ वि [संत्रस्त] डरा हुआ ।
संतति देखो संतइ ।
संतत्त वि [सतत] निरन्तर । विस्तीर्ण ।
संतत्त वि [संतप्त] सताप-युक्त ।
संतत्थ देखो सतट्ठ ।
संतप्प अक [सं+तप्] तपना । पीडित होना ।
संतप्पिअ वि [संतप्त] संताप-युक्त । न सन्ताप ।
संतमस न. अन्धेरा । अन्ध-कूप ।
संतय देखो संतत्त = संतत ।
संतर सक [सं+तॄ] तैर कर पार करना ।
संतस अक [सं + त्रस्] भय-भीत होना । उद्विग्न होना ।
संता स्त्री [शान्ता] सातवे जिन-भगवान् का शासन-देवता ।
संताण पुं [संतान] वंश । अविच्छिन्न धारा । तन्तु-जाल, मकडी आदि का जाल ।
संताण न [सत्राण] परित्राण ।
संतार वि. तारनेवाला । पु. संतरण ।
संतारिअ वि [संतारित] पार उतारा हुआ ।
संतारिम वि. तैरने-योग्य ।
संताव सक [सं + तापय्] गरम करना । हैरान करना ।
संताव पुं. मन का खेद । ताप ।
सतावय वि [संतापक] संताप-जनक ।
सतास सक [सं + त्रासय्] डराना ।
सतास पु [संत्रास] भय ।
संतासि वि [संत्रासिन्] त्रास-जनक ।
संति स्त्री [शान्ति] क्रोध आदि का उपशम । मुक्ति । अहिंसा । उपद्रव-निवारण । विषयों से मन को रोकना । चैन, आराम । स्थिरता । दाहोपशम, ठंढाई । देवी-विशेष । पुं. सोलहवे जिनदेव । °उदअ न [°उदक] शान्ति के लिए मस्तक में दिया जाता मन्त्रित पानी । °कम्म न [°कर्मन्] उपद्रव-निवारण के लिए किया जाता होम आदि कर्म । °कम्मंत न [°कर्मान्त] जहां शान्ति-कर्म किया जाता हो वह स्थान । °गिह न [°गृह] शान्ति-कर्म करने का स्थान । °जल न. देखो °उदअ । °जिण पुं [°जिन] सोलहवें जिन-देव । °मई स्त्री [°मती] एक श्राविका । °य वि [°द] शान्ति-प्रदाता । °सूरि पुं. एक जैनाचार्य और ग्रन्थकार । °सेणिय पु [°श्रेणिक] एक प्राचीन जैन मुनि । °हर न [°गृह] भगवान् शान्तिनाथजी का मन्दिर । °होम पुं. शान्ति के लिए किया जाता हवन ।
संतिअ, संतिग वि [दे. सत्क] सम्बन्धी ।
सतिज्जाघर देखो संति-गिह ।
संतिण्ण वि [संतीर्ण] पार-प्राप्त ।
सतुट्ठ वि [सतुष्ट] सन्तोष-प्राप्त ।
संतुयट्ट वि [संत्वग्वृत्त] जिसने पार्श्व घुमाया हो वह, लेटा हुआ ।
संतुलणा स्त्री [सतुलना] तुलना, तुल्यता ।
संतुस्स अक [सं + तुष्] प्रसन्न होना । तृप्त होना ।
संतेज्जाघर देखो सतिज्जाघर ।
सतो अ [अन्तर्] मध्य, बीच ।
संतोस सक [सं + तोषय्] प्रसन्न करना । तृप्त करना ।
संतोस पुं [संतोष] तृप्ति, लोभ का अभाव ।
संतोसि स्त्री [संतोषि] सन्तोष, तुष्टि, तृप्ति ।
संतोसि वि [संतोषिन्] सन्तोष-युक्त, लोभ-रहित, निर्लोभी, तृप्त ।
संतोसिअ पु [संतोषिक] संतोष, तृप्ति ।
संथ वि [संस्थ] संस्थित ।
संथड, संथडिय वि [सस्तृत] परस्पर के सश्लेष से आच्छादित । घन । व्याप्त । समर्थ । तृप्त । एकत्रित ।

संथण अक [सं + स्तन्] आक्रन्द करना ।

संथर सक [स + स्तृ] विछौना करना, विछाना । निस्तार पाना, पार जाना । निर्वाह करना । अक. समर्थ होना । तृप्त होना । होना, विद्यमान होना ।

संथर देखो संथार ।

संथव सक [सं + स्तु] स्तुति करना, श्लाघा करना । परिचय करना ।

संथव पु [संस्तव] स्तुति, श्लाघा । परिचय, ससर्ग । वि. स्तुति-कर्ता ।

सथव = देखो संठव ।

संथवय वि [संस्तावक] स्तुति-कर्ता ।

संथार, संथारग पुं [संस्तार] दर्भ—कुश आदि की शय्या, विछौना । कमरा । उपाश्रय । संस्तार-कर्ता ।

संथाव देखो संठाव ।

संथिद (शौ) देखो सठिअ ।

संथुअ वि [संस्तुत] सम्बद्ध, संगत । परिचित । जिसकी स्तुति की गई हो वह, श्लाघित ।

संथुइ स्त्री [संस्तुति] स्तुति, श्लाघा ।

संथुण सक [सं + स्तु] स्तुति या श्लाघा करना ।

संथुल वि [संस्थुल] रमणीय ।

संथुव्वंत देखो संथुण का कवकृ. ।

संद अक [स्यन्द्] झरना, टपकना ।

संद पुं [स्यन्द] झरन, प्रस्रव । रथ ।

संद वि [सान्द्र] घन, निविड़ ।

संदंस पुं [संदंश] दक्षिण हस्त ।

संदंसण न [संदर्शन] दर्शन, देखना, साक्षात्कार ।

संदट्ठ वि [संदष्ट] जो काटा गया हो वह, जिसको दंश लगा हो वह ।

संदट्ट, संदट्टय वि [दे] संलग्न, संयुक्त । सम्बद्ध । न. सघट्ट, संघर्ष ।

संदड्ढ वि [संदग्ध] अति जला हुआ ।

संदण पुं [स्यन्दन] रथ । भारतवर्ष मे अतीत उत्सर्पिणी-काल मे उत्पन्न तेइसवाँ जिनदेव । न. क्षरण, प्रस्रव । वहना । जल ।

संदब्भ पुं [संदर्भ] रचना, ग्रंथन ।

संदमाणिया, संदमाणी स्त्री [स्यन्दमानिका, °नी] एक प्रकार का वाहन, एक तरह की पालकी ।

संदाण सक [कृ] अवलम्बन करना ।

संदाणिअ, संदामिय [संदानित] वद्ध, नियन्त्रित । [संदामित]

सदाव देखो संताव = सन्ताप ।

संदाव पुं [संद्राव] समूह, समुदाय ।

सदिट्ठ वि [संदिष्ट] जिसका या जिसको सन्देशा दिया गया हो, उपदिष्ट, कथित । जिसको आज्ञा दी गई हो । छँटा हुआ, छिलका निकाला हुआ (चावल आदि) ।

संदिद्ध वि [संदिग्ध] संशय-युक्त ।

संदिन्न न [संदत्त] उनतीस दिनो का लगातार उपवास ।

संदिस सक [सं + दिश्] सन्देशा देना, समाचार पहुँचाना । आज्ञा देना । अनुज्ञा देना । दान के लिए सकल्प करना । उपदेश देना ।

संदीण पुं [संदीन] पक्ष या मास आदि मे पानी से सरावोर होता द्वीप । अल्पकाल तक रहनेवाला दीपक । श्रुतज्ञान । क्षोभणीय ।

संदीवग वि [सदीपक] उत्तेजक ।

संदीवण न [सदीपन] उत्तेजना, उद्दीपक । वि. उत्तेजन का कारण ।

संदीविय वि [सदीपित] उत्तेजित, उद्दीपित ।

संदुक्ख अक [प्र + दीप्] जलना ।

संदुट्ठ वि [संदुष्ट] अतिशय दुष्ट ।

संदुम अक [प्र + दीप्] जलना, सुलगना ।

सदेव पु [दे] सीमा, मर्यादा । नदी-मेलक, नदी-सगम ।

संदेस पु [संदेश] सदेशा ।

संदेह पु. संशय, शंका ।

संदोह पुं. समूह, जत्था ।

संध सक [सं+धा] सांधना, जोडना। अनुसन्धान करना, खोज करना। वांछना। वृद्धि करना। करना।
संध° देखो संझ°।
संधय वि. [संधक] सन्धान-कर्ता।
संधया देखो संध = सं+धा। संधयाती।
संधा स्त्री. प्रतिज्ञा, नियम।
संधाण न [संधान] दो हाड़ो का संयोग-स्थान। सन्धि। मद्य। संयोग। नीबू आदि का अचार।
संधारण न [संधारण] सान्त्वना।
संधारिअ वि [दे] योग्य।
संधारिअ वि [संधारित] रखा हुआ, स्थापित।
संधाव सक [सं+धाव्] दौड़ना।
संधि पुंस्त्री. छिद्र, विवर। संधान, उत्तरोत्तर पदार्थ-परिज्ञान। व्याकरण-प्रसिद्ध दो अक्षरो के संयोग से होनेवाला वर्ण-विकार। सेंध, चोरी के लिए भीत में किया जाता छेद। दो हाडों का संयोग-स्थान। मत। कर्म, कर्म-सन्तति। सम्यग् ज्ञान की प्राप्ति। चारित्र-मोहनीय कर्म का क्षयोपशम। अवसर, समय। मिलन। दो पदार्थो का संयोग-स्थान। सुलह। ग्रंथ का प्रकरण, अध्याय, परिच्छेद। °गिह न [°गृह] दो भीतो के बीच का प्रच्छन्न स्थान। °च्छेयग, °छेयग वि [°च्छेदक] सेंध लगा कर चोरी करनेवाला। °पाल, °वाल वि. दो राज्यो की सुलह का रक्षक।
संधिअ वि [दे] दुर्गन्धि, दुर्गन्धवाला।
संधिअ वि [संधित] प्रसारित।
संधिआ देखो संहिया।
संधिविग्गहिअ पु [सान्धिविग्रहिक] राजा की सन्धि और लड़ाई के कार्य में नियुक्त मन्त्री।
संधीर सक [सं+धीरय्] आश्वासन देना।
संधीरविय वि [संधीरित] आश्वासित।
संधुक्क अक [प्र+दीप्, सं+धुक्ष्] जलना। सक जलाना। उत्तेजित करना।
संधुक्कण न [संधुक्षण] सुलगानेवाला।
संधुच्छिद (शौ) प्रज्ज्वलित, उत्तेजित।
संधुम देखो संदुम।
संधे देखो संध = सं+धा।
संनक्खर न [संज्ञाक्षर] अकार आदि अक्षरों की आकृति।
संनण न[संज्ञान]इशारा करना, संज्ञा करना।
संनय, संनत वि [संनत] नमा हुआ। अवनत।
संनव सक [सं+ज्ञापय्] संभाषण से संतुष्ट करना।
संनह देखो संणज्झ।
संनहण न [संनहन] संनाह।
संनहिय देखो संणद्ध।
संनाहिय वि [संनाहित] तैयार किया हुआ, सजाया हुआ।
संनिकास देखो संनिगास।
संनिकिट्ठ वि [संनिकृष्ट] आसन्न।
संनिक्खित्त वि [संनिक्षिप्त] डाला हुआ, रखा हुआ।
संनिगास वि [संनिकाश] समान, तुल्य, सदृश। पुं. अपवाद। पुंन. समीप।
संनिगास पुं [सन्निकर्ष] संयोग।
संनिचय पुं. समूह। संग्रह।
संनिचिय वि [संनिचित] निविड़ किया हुआ।
संनिजुज सक [संनि+युज्] अच्छी तरह जोड़ना।
संनिज्झ न [सांनिध्य] सहायता करने के लिए समीप मे आगमन, निकटता।
संनिनाय पुं [सनिनाद] प्रतिध्वनि, प्रतिशब्द।
संनिभ देखो संनिह।

संनिमहिअ वि [संनिमहित] व्याप्त, पूर्ण, भरा हुआ। पूजित।

सनियट्ट वि [सन्निवृत्त] रुका हुआ, विरत। °यारि वि [°चारिन्] प्रतिषिद्ध का वर्जन करनेवाला।

सनिलयण न [सनिलयन] आश्रय। आधार।

सनिवाइ वि [सनिवादिन्] सगत बोलनेवाला, व्याजवी कहनेवाला।

संनिवाइय वि [सांनिपातिक] सनिपात रोग से सम्बन्ध रखनेवाला। अनेक भावो के संयोग से बना हुआ भाव। पु संनिपात, मेल, संयोग।

संनिवाइय वि [सनिपातिक] देखो सनिवाइ।

संनिवाडिय वि [संनिपातित] विध्वस्त किया हुआ।

संनिविट्ठ न [सनिविष्ट] मोहल्ला। वि. जिसने पड़ाव डाला हो वह। संहृत और स्थिर आसन से बैठा हुआ।

संनिवेस पुं [सनिवेश] नगर के बाहर का प्रदेश। गाँव, नगर आदि स्थान। यात्री आदि का डेरा, मार्ग का वास-स्थान, पडाव। ग्राम। रचना।

संनिवेसणया स्त्री [सनिवेशना] सस्थापन।

संनिवेसिल्ल वि [सनिवेशिन्] रचनावाला।

संनिसन्न वि [संनिषण्ण] बैठा हुआ, सम्यक्।

संनिसिज्जा, सनिसेज्जा स्त्री [सनिषद्या] आसन-विशेष, पीठ आदि आसन।

संनिह वि [संनिभ] समान, सदृश।

संनिहाण न [संनिधान] ज्ञानावरणीय आदि कर्म। अधिकरण कारक, आधार। सान्निध्य। °सत्थ न [°शस्त्र] सयम, त्याग। °सत्थ न [°शास्त्र] कर्म-शास्त्र।

संनिहि पुंस्त्री [संनिधि] उपभोग के लिए स्थापित वस्तु। सस्थापन। सुन्दर निधि। समीपता। संचय।

संनेज्झ देखो संनिज्झ।

संपअ, संपइ (अप) देखो संपया।

संपइ अ [संप्रति] इस समय, अधुना, अब। पु. जैन राजा, सम्राट् अशोक का पौत्र। °काल पुं. वर्तमान काल।

संपइण्ण वि [संप्रकीर्ण] व्याप्त।

संपउत्त वि [संप्रयुक्त] सम्बद्ध, जोडा हुआ।

संपओग पुं [संप्रयोग] सयोग, सम्बन्ध।

संपकर देखो संपगर।

संपक्क पुं [संपर्क] सम्बन्ध।

संपक्खाल पुं [संप्रक्षाल] तापस का एक भेद जो मिट्टी वगैरह घिस कर शरीर का प्रक्षालन करते है।

संपक्खालिय वि [संप्रक्षालित] धोया हुआ।

संपक्खित्त वि [संप्रक्षिप्त] फेका हुआ, डाला हुआ।

सपगर सक [संप्र+कृ] करना।

संपगाढ वि [संप्रगाढ] अत्यन्त आसक्त। व्याप्त। स्थित, व्यवस्थित।

संपगिद्ध वि [संप्रगृद्ध] अति आसक्त।

संपग्गहिअ वि[संप्रगृहीत] खूब प्रकर्ष से गृहीत, विशेष अभिमान-युक्त।

संपज्ज अक [सं+पद्] सम्पन्न होना। मिलना।

संपज्जलिअ पु [संप्रज्वलित] तीसरा नरक का नववाँ नरकेन्द्रक, नरकावास-विशेष।

संपट्ठिअ देखो संपत्थिअ = सप्रस्थित।

संपड अक [सं+पद्] प्राप्त होना, सिद्ध होना, निष्पन्न होना।

संपडिवूह सक [संप्रति+वृह्] प्रशंसा करना।

संपडिलेह सक [संप्रति+लेखय्] प्रति-जागरण करना, प्रत्युपेक्षण करना, अच्छी तरह निरीक्षण करना।

संपडिवज्ज सक [संप्रति+पद्] स्वीकार

करना ।
संपडिवत्ति स्त्री [संप्रतिपत्ति] स्वीकार ।
संपडिवाइअ वि [संप्रतिपादित] स्थित । स्थापित ।
संपडिवाय सक [संप्रति + पादय्] संपादन करना, प्राप्त करना ।
संपणदिय } देखो संपणाइय ।
संपणद्दिय }
संपणा देखो संपण्णा ।
संपणाइय } वि [संप्रणादित] समीचीन
संपणादिय } शब्दवाला ।
संपणाम सक [संप्र + नामय्] अर्पण करना ।
संपणिपाअ } पु [सप्रणिपात] प्रणाम,
संपणिवाय } समीचीन नमस्कार ।
संपणुण्ण वि [संप्रनुन्न] प्रेरित, उत्तेजित ।
संपणुल्ल } सक [संप्र + नुद्] प्रेरणा
संपणोल्ल } करना ।
संपण्ण देखो संपन्न ।
संपण्णा स्त्री [दे] घेवर या घीवर (मिष्टान्न-विशेष) बनाने का गेहूँ का आटा ।
संपत्त वि [सप्राप्त] सम्यक् प्राप्त । समागत ।
संपत्त पुन [सपात्र] सुपात्र ।
संपत्ति स्त्री [संपत्ति] समृद्धि । संसिद्धि । पूर्ति ।
संपत्ति स्त्री [संप्राप्ति] लाभ, प्राप्ति ।
संपत्तिआ स्त्री [दे] बाला । पिप्पली-पत्र ।
संपत्थिअ न [दे] शीघ्र ।
संपत्थिय } वि [संप्रस्थित] जिसने प्रयाण
संपत्थित } किया हो वह, प्रयात, प्रस्थित । उपस्थित ।
संपदं अ [सांप्रतम्] युक्त, उचित । अब ।
संपदत्त वि [संप्रदत्त] दिया हुआ, अर्पित ।
संपदाण देखो संपयाण ।
संपदाय पुं [संप्रदाय] गुरु-परंपरागत उपदेश, आम्नाय ।
संपदावण न [संप्रदापन, संप्रदान] कारक-विशेष ।
संपदि देखो संपइ = सम्प्रति ।
संपदि देखो संपत्ति = संपत्ति ।
संपधार देखो संपहार = संप्र+धारय् ।
संपधारणा स्त्री [संप्रधारणा] व्यवहार-विशेष, धारणा-व्यवहार ।
संपधारिय वि [संप्रधारित] निश्चित, निर्णीत ।
संपधूमिय वि [संप्रधूमित] धूप-वासित ।
संपन्न वि. सम्पत्ति-युक्त । समिद्ध ।
संपप्प देखो संपाव ।
संपबुज्झ अक [संप्र + बुध्] सत्य ज्ञान को प्राप्त करना ।
संपमज्ज सक [संप्र + मृज्] मार्जन करना ।
संपमार सक [संप्र + मारय्] मूर्च्छित करना ।
संपय वि [सांप्रत] विद्यमान वर्तमान ।
संपयं देखो संपदं ।
संपयट्ट अक [संप्र + वृत्] सम्यक् प्रवृत्ति करना ।
संपयट्ट वि [संप्रवृत्त] सम्यक् प्रवृत्त ।
संपया स्त्री [संपद्] समृद्धि, सम्पत्ति, लक्ष्मी । वाक्यों का विश्राम-स्थान । प्राप्ति । एक वणिक्-स्त्री ।
संपयाण न [संप्रदान] सम्यक् प्रदान, समर्पण । चतुर्थी-कारक, जिसको दान दिया जाय वह ।
संपयावण देखो संपदावण ।
संपराइग } वि [सांपरायिक] सम्पराय-
संपराइय } सम्बन्धी, सम्पराय में उत्पन्न ।
संपराय पुं. संसार, जगत् । क्रोध आदि कषाय । स्थूल कषाय । कषाय का उदय । युद्ध ।
संपरिकित्ति पुं [संपरिकीर्त्ति] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति ।
संपरिक्ख सक [संपरि + ईक्ष्] सम्यक् परीक्षा करना ।
संपरिक्खित्त } वि [संपरिक्षिप्त] वेष्टित ।
संपरिखित्त }

संपरिफुड वि [संपरिस्फुट] सुस्पष्ट ।
संपरिवुड वि [संपरिवृत] सम्यक् परिवृत, परिवार-युक्त । वेष्टित ।
संपरी अक [संपरी + इ] पर्यटन करना ।
संपल (अप) अक [सं + पत्] आ गिरना ।
संपलग्ग वि [संप्रलग्न] संयुक्त । जो लड़ाई के लिए भिड गया हो ।
संपलत्त वि [संप्रलपित] उक्त, प्रतिपादित ।
संपललिय वि [संप्रललित] जिसका अच्छी तरह लालन हुआ हो वह ।
संपलिअ पुं [सपलित] एक जैन महर्षि ।
संपलिअंक पु [सपर्यङ्क] पद्मासन ।
संपलित्त वि [संप्रदीप्त] प्रज्ज्वलित ।
सपलिमज्ज सक [संपरि + मृज्] प्रमार्जन करना ।
संपली अक [संपरि + इ] गति करना ।
संपवेय } अक [सप्र + वेप्] काँपना ।
संपवेव
संपवेस पु [संप्रवेश] प्रवेश, पैठ ।
संपव्वय अक [सप्र + व्रज्] गमन करना ।
सपसार पु[संप्रसार] इकट्ठा होना । विस्तार ।
सपसारग } वि [संप्रसारक] विस्तारक ।
सपसारय पर्यालोचनकर्ता ।
संपसिद्ध वि [संप्रसिद्ध] अत्यन्त प्रसिद्ध ।
संपस्स सक [सं + दृश्] अच्छी तरह देखना । विचार करना ।
सपहार सक [संप्र + धारय्] चिन्तन करना । निर्णय करना ।
सपहार पु [संप्रधार] निश्चय, निर्णय ।
सपहार पुं [सप्रहार] युद्ध ।
संपहाव अक [संप्र + धाव्] दौड़ना ।
संपहिट्ठ वि [संप्रहृष्ट] हर्षित, प्रमुदित ।
संपा स्त्री [दे] काँची, मेखला, करधनी ।
सपाइअव वि [संपादितवत्] जिसने सम्पादन किया हो वह ।
संपाइम वि [संपातिम] भ्रमर, कीट, पतंग आदि उडनेवाला जन्तु । गति-कर्ता ।
संपाइय वि [संपातित] आगत । मिलित ।
संपाइय वि [संपादित] साधित ।
संपाऊण सक [संप्र + आप्] अच्छी तरह प्राप्त करना ।
संपाओ अ [संप्रातर्] प्रातःकाल । हर प्रभात ।
संपागड वि [संप्रकट] प्रकट । खुला ।
संपाड सक [सं + पादय्] सिद्ध करना, निष्पन्न करना । प्रार्थित वस्तु देना, दान करना । प्राप्त करना । अर्पण करना ।
संपाडग वि [संपादक] कर्ता, निर्माता ।
संपाडण न [संपादन] निष्पादन । करण, निर्माण ।
संपातो देखो संपाओ ।
संपाद (शौ) देखो संपाड = सं + पादय् ।
संपादइत्तअ (शौ) वि [संपपादवितृ] संपादन-कर्ता । संपादक ।
संपादिअवद (शौ) देखो संपाइअव ।
संपाय पुं [संपात] सम्यक्पतन । सम्बन्ध, सयोग । निरर्थक असत्य-भाषण । संग । आगमन । चलन, हिलन ।
संपाय देखो संपाओ ।
संपायग वि [संपादक] सम्पादन-कर्ता ।
संपायग वि [संप्रापक] प्राप्त करनेवाला । प्राप्त करानेवाला ।
सपायण देखो संपाडण ।
संपाल सक [सं + पालय्] पालन करना ।
संपाव सक [सप्र + आप्] प्राप्त करना ।
संपाव सक [संप्र + आपय्] प्राप्त करवाना ।
सपाविअ वि [संप्रापित] जो ले जाया गया ।
संपासंग वि [दे] दीर्घ, लम्बा ।
संपिंडण न [संपिण्डन] द्रव्यो का परस्पर सयोजन । समूह ।
सपिंडिअ वि [सपिण्डित] पिण्डाकार किया हुआ, एकत्र किया हुआ ।

संपिक्ख देखो संपेह = संप्र + ईक्ष् ।
संपिट्ठ वि [संपिष्ट] पिसा हुआ ।
संपिणद्ध वि [संपिनद्ध] नियन्त्रित । बँधा हुआ ।
संपिहा सक [समपि+धा] ढकना ।
संपीड पु. संपीडन, दबाना । देखो संपील ।
संपीणिअ वि [संप्रीणित] खुश किया हुआ ।
संपील पुं [संपीड] संघात, समूह ।
संपीला स्त्री [संपीडा] पीडा, दुःखानुभव ।
संपुच्छ सक [सं+प्रच्छ्] प्रश्न करना । स्त्री. °णी ।
संपुच्छणी स्त्री [संपुच्छनी] झाडू ।
संपुज्ज वि [संपूज्य] संमाननीय, आदरणीय ।
संपुड पुं [संपुट] जुडे हुए दो समान अंश वाली वस्तु, दो समान अंशो का एक दूसरे से जुडना । संचय । °फलग पुं. [°फलक] दोनो तरफ जिल्द बँधी पुस्तक ।
संपुड सक [संपुटय्] जोड़ना, दोनों हिस्सों को मिलाना ।
संपुण्ण वि [संपूर्ण] पूर्ण । न. दस दिनों का लगातार उपवास ।
संपूअ सक [सं+पूजय्] सम्मान करना । अभ्यर्चना करना । पूजन करना ।
संपूरिय वि [संपूरित] पूर्ण किया हुआ ।
संपेल्ल पुं [संपीड] दबाव ।
संपेस सक [संप्र+इष्] भेजना ।
संपेह सक [संप्र+ईक्ष्] निरीक्षण करना ।
संपेहा स्त्री [संप्रेक्षा] पर्यालोचन ।
संफ न [दे] कुमुद, चन्द्र-कमल ।
संफाल सक [सं+पाटय्] फाड़ना ।
संफाली स्त्री [दे] पंक्ति, श्रेणि ।
संफास सक [सं+स्पृश्] स्पर्श करना ।
संफास पुं [संस्पर्श] स्पर्श ।
संफिट्ट पुं [दे] संयोग, मेलन ।
संफुल्ल वि. विकसित ।
संफुसिय वि [समृष्ट] प्रमार्जित ।

संब पु [शाम्ब] श्रीकृष्ण का एक पुत्र । राजा कुमारपाल के समय का एक सेठ ।
संब पुन [शम्ब] वज्र, इन्द्र का आयुध ।
संबंध सक [सं+बन्ध्] जोड़ना । संसर्ग करना, मेल करना । नाता करना ।
संबर पुं [शम्बर] हरिण की एक जाति ।
संबल पुंन [शम्बल] पाथेय, रास्ते में खाने का भोजन । एक नागकुमार देव ।
संबलि देखो सिंबलि = शिम्बलि ।
संबलि पुंस्त्री [शाल्मलि] सेमल का पेड ।
संबाधा देखो संबाहा ।
संबाह सक [सं+बाध्] पीडा करना । दबाना, चप्पी करना ।
संबाह पुं [संबाध] नगर-विशेष, जहाँ ब्राह्मण आदि चारो वर्णो की प्रभूत वस्ती हो । पीडा । वि. संकीर्ण, संकरा । देखो संवाह ।
संबाहणी स्त्री [संबाधनी] विद्या-विशेष ।
संबाहा स्त्री [संबाधा] पीड़ा । अंग-मर्दन ।
संबुक्क पुं [शम्बूक] शंख । रावण का भागिनेय—खरदूषण का पुत्र । एक गाँव । °वट्टा स्त्री [°वर्ता] शंख के आवर्त के समान भिक्षाचर्या । देखो संबूअ ।
संबुज्झ सक [सं+बुध्] समझना, ज्ञान पाना ।
संबुद्ध वि [संबुद्ध] ज्ञान-प्राप्त ।
संबुद्धि स्त्री [संबुद्धि] ज्ञान, बोध ।
संबूअ पु [शम्बूक] जल-शुक्ति । शुक्ति के आकार का जल जन्तु विशेष ।
संबोधि स्त्री सत्य धर्म की प्राप्ति ।
संबोह सक [सं+बोधय्] समझाना, बुझाना । आमन्त्रण करना । विज्ञप्ति करना ।
संबोह पुं [संबोध] ज्ञान, बोध, समझ ।
संबोहि देखो संबोधि ।
संभंत वि [संभ्रान्त] भीत । त्रस्त । पुंन. प्रथम नरक का पाँचवाँ नरकेन्द्रक ।
संभंति स्त्री [संभ्रान्ति] संभ्रम, उत्सुकता ।

सभंतिय वि [साभ्रान्तिक] सभ्रम-निर्मित ।
संभग्ग वि [सभग्न] चूर्णित ।
संभण सक [सं+भण्] कहना ।
संभम अक [सं+भ्रम्] अतिशय भ्रमण करना । अक. भय-भीत होना ।
संभम पुं [संभ्रम] आदर । भय, घबराहट, क्षोभ । उत्सुकता ।
संभर सक [सं+भृ] धारण करना । पोषण करना । सक्षेप या सकोच करना ।
संभर सक [सं+स्मृ] स्मरण करना ।
संभराविअ वि [संस्मारित] याद कराया हुआ ।
संभल सक [सं+स्मृ] याद करना ।
सभल सक [सं+भल्] सुनना । अक. सम्भलना । सावधान होना ।
संभली स्त्री [दे] दूती । कुट्टनी । स्त्री ।
सभव अक [सं+भू] उत्पन्न होना । संभावना होना, उत्कट सशय होना ।
संभव पु. उत्पत्ति । सभावना । वर्तमान अवसर्पिणी काल में उत्पन्न तीसरे जिनदेव । एक जैन मुनि, दूसरे वासुदेव के पूर्व-जन्म के गुरु । कला-विशेष ।
संभव पु [दे] प्रसूति-जन्य बुढापा ।
संभव (अप) देखो संभम = सभ्रम ।
संभव्व देखो संभव = स + भू ।
संभाणय न [संभाणक] गुजरात का एक प्राचीन नगर ।
सभार सक [सं+भारय्] मसाला से संस्कृत करना, वासित करना ।
सभार पुं. समूह, जत्था । शाक आदि में ऊपर डाला जाता मसाला । परिग्रह, द्रव्य-सचय । अवश्यतया कर्म का वेदन ।
सभारिअ वि [संस्मृत] याद किया हुआ ।
संभारिअ वि [संस्मारित]याद कराया हुआ ।
सभाल सक [स+भालय्] सभालना । खोज करना ।
संभाव सक [सं+भावय्] संभावना करना । प्रसन्न नजर से देखना ।
संभाव अक [लुभ्] लोभ करना, आसक्ति करना ।
संभास सक [सं+भाप्] बातचीत करना ।
संभासि वि [संभाप] संभापण ।
संभिडण न [संभेदन] आघात ।
संभिण्ण वि [संभिन्न] परिपूर्ण । किंचिद् न्यून । व्याप्त । बिलकुल भिन्न । खडित । °सोअ वि [°श्रोतस्, °श्रोतृ] शरीर के कोई भी अग से शब्द को स्पष्ट रूप से सुनने की लब्धिवाला ।
संभिन्न न [दे] आघात ।
संभिय वि [संभृत] पुष्ट । सस्कार-युक्त ।
संभु पु. [शम्भु] शिव । रावण का एक सुभट । छन्द-विशेष । °घरिणी स्त्री [°गृहिणी] गौरी ।
संभुज सक [सं+भुज्] साथ भोजन करना । एक मण्डली में बैठकर भोजन करना ।
संभुल्ल वि [दे] दुर्जन ।
संभूअ वि [संभूत] उत्पन्न । पु. एक जैन मुनि, प्रथम वासुदेव के पूर्वजन्म के गुरु । एक जैन महर्षि, स्थूलभद्र मुनि के गुरु । व्यक्ति-वाचक नाम । °विजय पुं. एक जैन महर्षि ।
संभूइ स्त्री [संभूति] उत्पत्ति । श्रेष्ठ विभूति ।
संभूस सक [सं+भूष्] अलंकृत करना ।
संभोअ पुं. देखो सभोग ।
संभोइअ वि [सांभोगिक] समान सामाचारी-क्रियानुष्ठान होने के कारण जिसके साथ खान-पान आदि का व्यवहार हो सके ऐसा साधु ।
संभोग पुं. समान सामाचारीवाले साधुओ का एकत्र भोजनादि-व्यवहार । सुन्दर भोग ।
संमइ स्त्री [समति] अनुमति । पुं वायुकाय, पवन । वायुकाय का अधिष्ठाता देव ।
संमज्ज पुं. [संमार्ज] समार्जन, साफ करना ।

संमज्जग पुं [संमज्जक] वानप्रस्थ तापसो की एक जाति ।
संमज्जणी स्त्री [संमार्जनी] झाडू ।
समट्ठ वि [संमृष्ट] प्रमार्जित । पूर्ण भरा हुआ ।
संमड्ड पुं [संमर्द] युद्ध । परस्पर संघर्ष ।
संमद्द सक [सं + मृद्] मर्दना करना ।
समद्द देखो संमड्ड ।
समद्दा स्त्री [संमर्दा] प्रत्युपेक्षणा-विशेष, वस्त्र के कोनो को मध्य भाग मे रखकर अथवा उपधि पर बैठकर जो प्रत्युपेक्षणा--निरीक्षण की जाय वह ।
समय वि [समत] अनुमत । अभीष्ट ।
समन्निय वि [समापित] नापा हुआ ।
समा अक [सं + मा] समाना, अटना ।
संमाण सक [स + मानय्] आदर करना, गौरव करना ।
समिद (शौ) वि [संमित] तुल्य । समान परिमाणवाला ।
समिल अक [सं + मिल्] मिलना ।
समिल्ल अक [सं + मील्] सकुचाना । सकोच करना ।
समिस्स वि [समिश्र] मिला हुआ, युक्त । उखड़ी हुई छालवाला ।
संमील देखो संमिल्ल ।
संमीस देखो संमिस्स ।
